Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# हिंदी–गोंडी (कांकेर) एवं संस्कृत

## कक्षा – 5

सत्र 2019–20

**DIKSHA एप कैसे डाउनलोड करें?**

विकल्प 1 : अपने मोबाइल ब्राउज़र पर diksha.gov.in/app टाइप करें।

विकल्प 2 : Google Play Store में DIKSHA NCTE ढूंढ़े एवं डाउनलोड बटन पर tap करें।

DIKSHA

मोबाइल पर QR कोड का उपयोग कर डिजिटल विषय वस्तु कैसे प्राप्त करें ?

**DIKSHA App को लॉच करे → App की समस्त अनुमति को स्वीकार करें → उपयोगकर्ता Profile का चयन करें।**



1 पाठ्यपुस्तक में QR Code को Scan करने के लिए मोबाइल में QR Code tap करें।



2 मोबाईल को QR Code पर केन्द्रित करें।




3 सफल Scan के पश्चात् QR Code से लिंक की गई सूची उपलब्ध होगी।


डेस्कटॉप पर QR Code का उपयोग कर डिजिटल विषय–वस्तु तक कैसे पहुँचे ?





1 QR Code के नीचे 6 अंक का Alpha Numeric Code दिया गया है।



2 ब्राउज़र में diksha. gov.in/cg टाईप करें।




3 सर्च बार पर 6 डिजिट का QR CODE टाईप करें।



4 प्राप्त विषय–वस्तु की सूची से चाही गई विषय–वस्तु पर क्लिक करें।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर**

नि:शुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

© राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

प्रकाशन वर्ष 2019

5Q76YX

**मार्गदर्शन**

डॉ. हृदयकांत दीवान, विद्या भवन, उदयपुर

**संयोजक**

डॉ. विद्यावती चन्द्राकर

**मुख्य समन्वयक**

श्री आर. के. वर्मा

**विषय समन्वयक**

बी. आर. साहू, विद्या डांगे

| हिंदी | गोंडी (कांकेर क्षेत्र) | संस्कृत |
|---|---|---|
| डॉ. सी.एल.मिश्र,<br>बी. आर. साहू,<br>दिनेश गौतम,<br>विनय शरण सिंह,<br>गजानन्द प्रसाद देवांगन,<br>शोभा शंकर नागदा,<br>श्रीमती प्रीति भटनागर | शेरसिंह आचला, चन्द्रकुमार ध्रुव,<br>बालाराम सिन्हा, लेखसिंह कुलदीप,<br>देवसिंह दर्रो, मनीष हिड़को,<br>सुगदू पोटाई, सोमारूराम गावड़े,<br>प्रेमसिंह कुमेटी, कु. मनोत्री उसेण्डी<br>**विशेष सहयोग**<br>श्री एस.एल. ओगरे | **विशेष सहयोग**<br>डॉ. सुरेश शर्मा,<br>बी.पी. तिवारी, (समन्वयक)<br>डॉ. कल्पना द्विवेदी,<br>ललित कुमार शर्मा,<br>डॉ. संध्यारानी शुक्ला,<br>डॉ. राजकुमार तिवारी |

**चित्रांकन**

समीर श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, अजय सक्सेना, भूपेन सैकिया, हेमंत दास

**फोटोग्राफ** (अंतिम आवरण पृष्ठ)

एस. अहमद, रायपुर

**आवरण एवं ले–आऊट**

रेखराज चौरागड़े

**प्रकाशक**

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**मुद्रक**

मुद्रित पुस्तकों की संख्या – ......................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# प्राक्कथन

6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा के संवैधानिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए यह भी नितांत आवश्यक है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान द्वारा सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए नवीन पाठ्यक्रम की रचना कर समय की आवश्यकताओं, चुनौतियों और समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्यपुस्तकों की रचनाएँ की गई हैं। कक्षा 5 के लिए रचित यह पुस्तक निरंतर दो वर्षों तक राज्य के चयनित विद्यालयों में प्रयोग के तौर पर पढ़ाई गई। अब यह राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में लागू की जा रही है। इन दो वर्षों में विद्यालयों में शिक्षकों/विद्यार्थियों से अध्ययन के समय जो प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई थी, उन सब पर विचार करके पुस्तक की पाठ्यसामग्री को अंतिम रूप दिया गया है। फिर भी जब–जब हमें शिक्षाशास्त्रियों, विषय–विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं पालकों के उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, हम उन पर विचार करके पुस्तक में संशोधन करेंगे।

कक्षा 5 के विद्यार्थी अपने आस–पास के जीवन के बारे में सोचना –समझना प्रांरभ कर देते हैं। इस समझ को और अधिक विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें उचित शब्दावली, वाक्य संरचना, व्याकरणगत नियमों का ज्ञान कराया जाए। भाषा शिक्षण का एक प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि विद्यार्थी के सोचने, समझने के तरीकों को विकसित किया जाए। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी पुस्तक के साथ अपना सतर्क पाठक का संबंध जोड़े। इसके लिए वह सामग्री पर आधारित नए प्रश्न गढ़े, पाठ्यसामग्री में प्रस्तुत विचारों पर टिप्पणी करे। इस पुस्तक में इसकी अपार संभावनाएँ हैं।

इस पुस्तक की रचना में आधारभूत प्रयत्न यह रहा है–

1. पुस्तक की विषयवस्तु बच्चों के स्तर के अनुरूप हो, साथ ही उनकी अपेक्षित दक्षताओं तथा कौशलों के विकास में सहायक सिद्ध हो।
2. विषयवस्तु की प्रस्तुति बच्चों के लिए आकर्षक, रुचिकर और सुगम हो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. विषयवस्तु के अध्ययन से बच्चों में स्वस्थ प्रवृत्तियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शाश्वत मानवीय मूल्यों का विकास हो सके।
4. हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विरासत के प्रति बच्चों में बेहतर समझ बने और वे इस पर गर्व कर सकें।

इस पुस्तक को तैयार करने के लिए निरंतर श्रृंखलाबद्ध कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा जिसमें राज्य के तथा बाहर के शिक्षकों, विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों का बहुमूल्य श्रम और सहयोग हमें मिलता रहा। पाठों के संकलन के लिए अनेक राज्यों की पाठ्यपुस्तकों, अनेक प्रकाशकों की उत्कृष्ट उपयोगी पुस्तकों की पाठ्यसामग्री को आधार रूप में रखा गया। इसके अतिरिक्त राज्य के साहित्यकारों की रचनाएँ भी इस पुस्तक में संकलित की गई।

इस पुस्तक को अंतिम स्वरूप प्रदान करने में हमें जिन शिक्षकों, शिक्षाविदों का सहयोग प्राप्त हुआ है, उन सबके प्रति हम आभार प्रदर्शित करते हैं। इस कार्य में हमें विद्या भवन उदयपुर का भरपूर सहयोग भी प्राप्त हुआ है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हम उन सभी कवियों,लेखकों तथा उनके उत्तराधिकारियों का भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनकी रचनाएँ इस पुस्तक में समाहित की गई हैं।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# शिक्षकों के लिए

कक्षा पाँचवीं के लिए भाषा संबंधी पुस्तक 'भारती' का यह संस्करण आपके हाथ में है। हम चाहेंगे कि इस संस्करण का आप भली–भाँति अध्ययन करें और इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने मूल्यवान विचार/सुझाव हमें भेजें जिससे यह पुस्तक अपना विशेष स्थान बना सके। पुस्तक की रचना करते समय हमने जिन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया है, वे निम्नलिखित हैं–

1. हमारी मान्यता है कि कक्षा चार तक विद्यार्थियों ने संयुक्ताक्षर, संयुक्त व्यंजनों के अतिरिक्त व्याकरण में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण की प्रारंभिक जानकारी अर्जित कर ली है। कक्षा पाँचवीं की इस पुस्तक में हमने वाक्य संरचना,विराम चिह्न, उपसर्ग, प्रत्यय, तद्भव, तत्सम, समानोच्चारित, पर्यायवाची शब्दों की जानकारी पर अधिक बल दिया है। यद्यपि इनकी थोड़ी–थोड़ी जानकारी कक्षा चार की पुस्तक में भी दी गई है। इस पुस्तक में व्याकरण के इन अंगों को थोड़ा विस्तार से बताया गया है। व्याकरण के सभी अंगों की जानकारी देने में हमारा यह उद्देश्य रहा है कि पहले कुछ उदाहरण दिए जाएँ, फिर उनको स्पष्ट किया जाए और फिर परिभाषा दी जाए। इससे व्याकरण के अध्ययन–अध्यापन में आने वाली शुष्कता दूर होगी।
2. प्रायः यह देखा गया है कि शिक्षक पाठ पढ़ाने के पूर्व पृष्ठभूमि का निर्माण नहीं करते। वे सीधे–सीधे बच्चों से पुस्तक पढ़वाना प्रारंभ कर देते हैं। हमने पूर्व की कक्षाओं की भाँति इस पुस्तक में भी पाठ पढ़ाने से पहले पृष्ठभूमि निर्माण करने पर बल दिया है। मनोवैज्ञानिक रूप से यह प्रक्रिया अधिक उचित है। इस प्रक्रिया से जहाँ बच्चों के पूर्व ज्ञान का पता चल जाता है, वहीं पाठ को समझने में भी उन्हें सहायता मिलती है। इस विधि को आप और आगे बढ़ा सकते हैं। पाठ पढ़ना प्रारंभ करने के पूर्व विद्यार्थियों से ऐसे प्रश्न भी किए जाएँ जिनके उत्तर वे अपने पूर्व अनुभवों से प्रकट कर सकें। इस विधि से पाठ के अध्ययन में विद्यार्थियों की सहभागिता भी ली जा सकेगी।
3. साहित्य की विविध विधाओं के अध्ययन में भिन्नता होती है। कविता का पाठ पढ़ाने की विधि, विवरण या निबंध की विधि से भिन्न है। इसी प्रकार एकांकी अध्ययन की विधि कहानी के अध्ययन की विधि से भिन्न है। कविता पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सौंदर्य बोध, रसास्वादन एवं भाव बोध कराना है। कविता को पढ़कर विद्यार्थी आनंद का अनुभव करें। कविता को हाव–भाव एवं स्वर के उतार–चढ़ाव के साथ पढ़ सकें। इसके लिए पहले आपको, कविता को इसी रूप में प्रस्तुत करना होगा तभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक अनुकरण वाचन कर सकेंगे। हर कविता का राग, रस और भाव के अनुरूप अलग–अलग होगा। कविता के पाठों में विद्यार्थियों के वाचन के लिए कुछ अतिरिक्त सामग्रियाँ भी हैं। आप भी कुछ अन्य सामग्री बाल पत्रिकाओं से दे सकते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों में कविता के प्रति रुचि जागृत की जा सकती है। आप कक्षा में अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अन्य कवियों की रचनाओं का गायन कराया जा सकता है।
4. कविता के अध्ययन में आनंद प्राप्त करने के साथ–साथ प्रकृति तथा पशु–पक्षियों के प्रति अनुराग का भाव विकसित करना भी हमारा उद्देश्य है । कविता का अध्यापन करने में पहले आप उचित स्वर, हाव–भाव के साथ पूरी कविता एक बार पढ़ें फिर एक–एक छंद को सुनाएँ जिससे विद्यार्थी कविता के अर्थ/भाव को समझते हुए उसका आनंद उठा सकें। विद्यार्थियों से भी कविता पाठ कराएँ, छोटे–छोटे प्रश्न कर उत्तर प्राप्त करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. कविता अध्यापन में जिस प्रकार पृष्ठभूमि का निर्माण किया गया था; उसी प्रकार की पृष्ठभूमि का निर्माण कहानी, विवरण, निबंध आदि के अध्यापन के समय करें। यहाँ भी प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान की जानकारी ली जा सकती है और पृष्ठभूमि तैयार की जा सकती है।

6. लिखित प्रश्न–अभ्यास के पूर्व इस पुस्तक में एक गतिविधि मौखिक प्रश्न–उत्तर की भी कराई गई है। इस गतिविधि में कक्षा को दो समूहों में विभाजित किया जाता है। एक समूह के विद्यार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न बनाकर पूछेंगे, दूसरे समूह के विद्यार्थी उस प्रश्न का उत्तर देगें। यदि कोई समूह सही उत्तर न दे पाए तो प्रश्न पूछनेवाला उसका उत्तर देगा। यही प्रक्रिया दूसरे समूह के विद्यार्थी भी करेंगे। इससे जहाँ विद्यार्थियों में विषयवस्तु की समझ विकसित होगी, वहीं वे प्रश्न बनाना भी सीखेंगे। इस गतिविधि में ध्यान रखने की बात यह है कि पाठ में दिए गए प्रश्न न पूछे जाएँ। आप विद्यार्थियों को नए–नए प्रश्न बनाने के तरीके समझाएँ। पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्नों के अतिरिक्त विषय के संबंधित कुछ ऐसे प्रश्न आप भी पूछें। उत्तर बताने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें।

7. प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों को कुछ नवीन शब्दों का ज्ञान कराना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में भी इनका उल्लेख है। अनुमान है कि प्रत्येक कक्षा में लगभग पाँच सौ नए शब्दों की जानकारी विद्यार्थियों को हो। इस प्रकार कक्षा पाँचवीं तक आते–आते बच्चों को दैनिक व्यवहार में आनेवाले शब्दों के साथ–साथ लगभग पाँच हजार शब्दों का ज्ञान होना चाहिए। शब्दों के ज्ञान से अर्थ है कि विद्यार्थी उनका अर्थ समझें, वाक्यों में प्रयोग कर सकें, सही उच्चारण कर सकें और उन्हें शुद्ध रूप में लिख सकें। ऐसे शब्दों को अच्छी तरह पहचानने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी उसे बार–बार पढ़ें। अतः ऐसे वाक्यों/शब्दों का बार–बार प्रयोग किया ही जाना चाहिए। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि आप उसे श्यामपट पर लिखें और श्रुतिलेख में लिखवाएँ। इस पुस्तक में ऐसे वाक्यों के लिए भी गतिविधि दी गई है। कक्षा के समूह में से कोई एक विद्यार्थी दूसरे समूह के विद्यार्थी से उस नए वाक्य का अर्थ पूछे और उसका वाक्य प्रयोग करके बताए। यदि विद्यार्थी अलग–अलग वाक्यों में उस शब्द का ठीक–ठीक अर्थ में प्रयोग कर सकेगा तो यह माना जाएगा कि वह उस शब्द को जानता है।

8. वर्तनीगत शुद्धियों के लिए श्रुतिलेख करवाने पर बल दिया गया है। विद्यार्थियों से श्रुतिलेख कराएँ, बाद में शिक्षक कठिन वर्तनीवाले शब्दों को श्यामपट पर लिख दें। विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं को अदल–बदलकर परीक्षण करें। विद्यार्थियों की वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ सुधारने के लिए यह एक कारगर उपाय होगा।

9. पाठ्यपुस्तकों के अध्यापन में वाचन का महत्वपूर्ण स्थान है। वाचन के अंतर्गत शिक्षक द्वारा आदर्श वाचन तथा बच्चों द्वारा सस्वर अनुकरण वाचन एवं मौन वाचन आता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि पहले आप एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें। तब विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। इससे बच्चों का उच्चारण स्पष्ट होगा। उन्हें उचित विराम चिह्नों को ध्यान में रखकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। यहाँ यह ध्यान रखना जरूरी है कि विद्यार्थी यांत्रिक ढंग से किसी पाठ का वाचन न करें। यह भी किया जा सकता है कि जब कोई अनुच्छेद एक विद्यार्थी पढ़े तो अनुच्छेद समाप्त होने पर उस अनुच्छेद पर विद्यार्थी से प्रश्न पूछ लिए जाएँ। इस प्रकार समझकर पढ़ने पर बल दें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

10. आप इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि विभिन्न गतिविधियों, वाचन आदि में प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता अवश्य ली जाए। मौन वाचन का अपना अलग महत्व है। कभी–कभी आप कक्षा में मौखिक प्रश्न पूछते हैं। उसका उत्तर खोजने के लिए विद्यार्थी पाठ के उस अंश को मन–ही–मन पढ़ते हैं। विद्यार्थियों को मौन वाचन के अवसर अवश्य दिए जाएँ।

11. इस पुस्तक में हमारा यह भी प्रयास रहा है कि भाषा की पुस्तक से अन्य विषयों का भी सह–संबंध हो। उसके लिए इस पुस्तक में विज्ञान संबंधी निबंध हैं (रोबोट), इतिहास संबंधी पाठ (महापुरुषों का बचपन–प्रेरक प्रसंग), भूगोल संबंधी पाठ (रेशम, चंदन और सोने की धरती– कर्नाटक) घी, गुड़ देने वाला वृक्ष, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों की सहभागिता (गुंडाधूर), नीति संबंधी पाठ (वृंद के दोहे), समय का महत्व आदि पाठ तो हैं ही, इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे पाठ भी हैं जिन्हें पढ़कर विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन के संबंध में कुछ संदेश मिलेंगे, वहीं उन्हें अपने राज्य की विशेषताओं को जानने के अवसर भी मिलेंगे।

12. पाठ पर आधारित प्रश्नों को चार वर्गों में विभाजित किया गया है। पहले प्रकार के प्रश्न विषयवस्तु पर आधारित हैं। ऐसे प्रश्न कई रूपों में पूछे गए हैं। कुछ केवल जानकारी से संबंधित हैं, कुछ प्रयोगात्मक हैं, कुछ प्रश्न सोच–समझकर उत्तर देने वाले हैं। दूसरे प्रकार के प्रश्न भाषा एवं व्याकरण से संबंधित हैं। तीसरे प्रकार के प्रश्न रचना के हैं। अंत में योग्यता विस्तार के लिए प्रत्येक पाठ में कुछ सुझाव दिए गए हैं। कुछ गतिविधि या क्रियाकलाप संबंधी भी प्रश्न हैं। चित्रों, नीति वाक्यों को संग्रह करना, इनसे कक्षा तथा विद्यालय भवन को सजाना, एक कविता पढ़कर उसी भाव की अन्य कविता खोजकर पढ़ना और बालसभा में सुनाना, कविता की दो पंक्तियाँ देकर दो अन्य पंक्तियाँ गढ़ना, अधूरी कहानी को पूरी करना, चित्र देखकर कहानी लिखना, वर्ग पहेलियों को बूझना आदि क्रियाएँ सम्मिलित की गई हैं। अतिरिक्त पठन के लिए भी कुछ पाठों के साथ कुछ अनुच्छेद, काव्य पंक्तियाँ दी गई हैं। विद्यार्थी इन्हें पढ़कर कुछ प्रेरणा ग्रहण करेंगे, वाचन की उनकी क्षमता में विकास होगा।

13. हमने इस पुस्तक को सभी श्रेणी के विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप श्रेष्ठ बनाने का प्रयास किया है। आपके बहुमूल्य सुझाव मिलेंगे तो पुस्तक के स्वरूप में कुछ और सुधार आएगा। हमें विश्वास है कि आप सुझावों के अनुरूप शिक्षण करेंगे तो विद्यार्थियों के स्तर में अवश्य सुधार होगा। आपसे यह भी आग्रह है कि आप पुस्तक का समुचित अध्ययन करें, अपने संपर्क में आनेवाले विद्वानों से इस पुस्तक पर चर्चा करें और सुझाव लें। आशा है, आपके बहुमूल्य सुझाव हमें अवश्य मिलेंगे।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | पाठ | विधा | रचयिता | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| | **हिन्दी** | | | |
| 1. | मैं अमर शहीदों का चारण | (कविता) | श्रीकृष्ण 'सरल' | 01–04 |
| 2. | घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष | (निबंध) | संकलित | 05–10 |
| 3. | मावा हन्नुम | (पर्व) | लेखक मंडल | 11–17 |
| 4. | मैं सड़क हूँ | (आत्मकथा) | संकलित | 18–23 |
| 5. | रोबोट | (निबंध) | लेखक मंडल | 24–29 |
| 6. | चित्रकार मोर | (कहानी) | संकलित | 30–34 |
| 7. | क्यूँ–क्यूँ छोरी | (चरित्र) | महाश्वेता देवी | 35–41 |
| 8. | हट्टोंग | (पहेलियाँ) | लेखक मंडल | 42–44 |
| 9. | श्रम के आरती | (कविता) | भगवती लाल सेन | 45–48 |
| 10. | सुनिता की पहिया कुर्सी | (कहानी) | रिमझिम से | 49–54 |
| 11. | महामानव | (कहानी) | अनवार आलम | 55–59 |
| 12. | गुंडाधूर | (जीवन–चरित) | लेखक मंडल | 60–66 |
| 13. | करियट | (कविता) | लेखक मंडल | 67–71 |
| 14. | रेशम, चंदन और सोने की धरती – कर्नाटक | (निबंध) | लेखकमंडल | 72–77 |
| 15. | एक और गुरु दक्षिणा | (कहानी) | राजे राघव | 78–84 |
| 16. | पत्र | (पत्र) | लेखक मंडल | 85–90 |
| 17. | लिंगोना कर्रसड़ | | लेखक मंडल | 91–97 |
| 18. | हार नहीं होती | (कविता) | हरिवंशराय 'बच्चन' | 98–101 |
| 19. | राष्ट्र–प्रहरी | (निबंध) | संकलित | 102–106 |
| 20. | मस्जिद या पुल | (कहानी) | सुनीति | 107–112 |
| 21. | नग्गुर ता मंडेय | | लेखक मंडल | 113–118 |
| 22. | महापुरुषों का बचपन | (प्रेरक–प्रसंग) | लेखकमंडल | 119–123 |
| 23. | गुरू और चेला | (कविता) | सोहन लाल द्विवेदी | 124–131 |
| 24. | बाबा अंबेडकर | (जीवन–चरित) | संकलित | 132–136 |
| 25. | चमत्कार | (एकांकी) | जाकिर अली 'रजनीश' | 137–143 |
| | **परिशिष्ट** | | | 144–149 |
| | **संस्कृत** | | | 150–160 |


589CIP

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


58BDHS

## पाठ–1

# मैं अमर शहीदों का चारण

– श्रीकृष्ण 'सरल'

देश की आज़ादी के लिए मर मिटनेवालों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, पर आज हम उन्हें केवल राष्ट्रीय पर्वों पर ही याद करते हैं। यदि हम पीढ़ी–दर–पीढ़ी अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञ रहें, तब भी उनका यह ऋण चुकाया नहीं जा सकेगा। इस पाठ में कवि ने अमर शहीदों के बलिदान का ओजस्वी गायन किया है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** कविता को पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, समानोच्चारित शब्द, विलोम शब्द, वर्णक्रम के अनुसार शब्द लिखना ।



मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।
यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है,
यह सच है उनकी लाशों पर
चलकर आजादी आई है।
उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



गिरता है उनका रक्त जहाँ,
वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं,
वे रक्तबीज अपने जैसों को
नई फसल दे जाते हैं।
यह धर्म, कर्म, यह मर्म सभी को, मैं समझाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण उनके यश गाया करता हूँ।।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, राम प्रसाद 'बिस्मिल', सुभाष चंद्र बोस आदि के जीवन की भिन्न–भिन्न घटनाएँ सुनाएँ और भारत की स्वतंत्रता में उनके योगदान को बताएँ। अपने राज्य के क्रांतिवीरों जैसे शहीद वीरनारायण सिंह आदि का परिचय दें। कविता का लय के साथ पाठ करें और बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ तथा छोटे–छोटे प्रश्नों की सहायता से भाव स्पष्ट करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



वे अगर न होते तो, भारत
मुर्दों का देश कहा जाता,
जीवन ऐसा बोझा होता
जो हमसे नहीं सहा जाता।
इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के, मैं भाव जगाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



पूजे न गए शहीद तो फिर
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्टी
माथे से कौन लगाएगा?
मैं चौराहे–चौराहे पर, ये प्रश्न उठाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।



## शब्दार्थ

नीचे कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उनके अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(ऋण, मुर्दों को जमीन में गाड़ने की क्रिया)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमर | – | जो न मरे | गाथा | – | कथा, कहानी |
| शहीद | – | बलिदानी | चारण | – | कीर्ति–गायक, भाट |
| यश | – | बड़ाई | कर्ज | – | ........................ |
| दफनाई | – | ........................ | मर्म | – | रहस्य |
| सर्द | – | ठंडा | | | |

### टिप्पणी

**रक्तबीज–** रक्तबीज शुंभ और निशुंभ निशाचरों का एक सेनापति था, जिसे देवी दुर्गा ने मारा था। कहते हैं रक्तबीज के शरीर से रक्त की जितनी बूँदें धरती पर गिरती थीं, उतने ही नए राक्षस पैदा हो जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं –** रायपुर में जयस्तंभ चौक, इलाहाबाद में आजाद पार्क, अमृतसर में जलियाँवाला बाग ऐसे ही तीर्थ स्थल हैं।

**वह बीज कहाँ से आएगा –** देशभक्त एवं देशहित में बलिदान देनेवाली पीढ़ी कैसे पैदा होगी?

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** यदि देशभक्तों ने अपनी कुर्बानी न दी होती तो देश पर क्या प्रभाव पड़ता?

**प्रश्न 2.** कवि किसका यशगान कर रहा है?

**प्रश्न 3.** राष्ट्र के कर्ज को कवि किस प्रकार चुकाना चाहता है?

**प्रश्न 4.** कवि के अनुसार यदि शहीदों को न पूजा गया तो उसका परिणाम क्या होगा?

**प्रश्न 5.** कवि के अनुसार जहाँ शहीदों का रक्त गिरता है, उस स्थान को क्या कहते हैं?

**प्रश्न 6. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जिनमें ये भाव आए हैं–**

(क) शहीदों को न पूजने का परिणाम बताया गया है।

(ख) शहीदों के बलिदान–स्थल को तीर्थ कहा गया है।

(ग) जीवन को बोझ माना गया है।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करो–**

(क) यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है।
यह सच है, उनकी लाशों पर
चलकर आज़ादी आई है।

(ख) पूजे न गए शहीद तो फिर,
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्‌टी,
माथे से कौन लगाएगा?

**प्रश्न 8.** ''उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ''– यह पंक्ति लिखकर कवि, पाठकों में कौन–सा भाव जागृत करना चाहता है?

**प्रश्न 9.** ''इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के मैं भाव जगाया करता हूँ'', ऐसे कौन–से भाव हैं जो कवि आज की पीढ़ी में जगाना चाहता है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

विद्यार्थियों को कविता याद करने को कहें, फिर पुस्तक बंद करवा दें। अब एक समूह कविता की कोई एक पंक्ति बोलेगा और दूसरा समूह उसके आगे की पंक्ति बोलेगा।

प्रश्न 1. धर्म, कर्म, मर्म समान उच्चारण वाले शब्द हैं। ऐसे शब्द समानोच्चारित शब्द कहे जाते हैं। निम्नलिखित शब्दों के दो–दो समानोच्चारित शब्द लिखो–
चारण, अमर, कर्ज।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो– (याद रखो, विदेशी शब्दों का विलोम विदेशी शब्द ही होगा, जैसे– 'अमीर' का विलोम 'गरीब' होगा 'निर्धन' नहीं।)
यश, जगाना, आजादी, मुर्दा, धर्म, धरती, जीवन।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखो– जैसे – अगर, ईख, कमल, चलना, हँसिया आदि।
लगाव, रसद, अमर, यश, धरती, दमन, शहद, नवल, फसल, शहीद।

### सोचो और लिखो–

प्रश्न 4. 'याद' शब्द को उल्टा लिखने पर 'दया' शब्द बनता है। इसी प्रकार के पाँच अन्य शब्द लिखो, जो उल्टा करने पर सार्थक शब्द बन जाते हों।

### रचना

- सैनिकों के बारे में तुम क्या–क्या जानते हो लिखो।
- तुम देश की सुरक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हो ?
- क्रांतिकारियों चित्र एवं जानकारियाँ एकत्रित कर स्क्रैप बुक में चिपकाओ।
- राष्ट्र प्रेम से संबंधित स्लोगन एकत्रित कर कक्षा में सुनाओ।

### गतिविधि

- चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मंगल पांडे, बहादुरशाह 'ज़फर', वीर नारायण सिंह आदि क्रांतिकारियों के चित्र एकत्र करो, उन्हें कक्षा में लगाकर, कक्षा सजाओ।

कविता की इन पंक्तियों को पढ़ो और याद करो–

**शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।**
**वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा।।**

58I8KC

- कवि श्रीकृष्ण 'सरल' ने शहीदों से संबंधित अनेक कविताएँ लिखी हैं। किसी अन्य कवि की किसी शहीद पर लिखी कविता बालसभा में सुनाओ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–2

# घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष

58K9JF

– संकलित

प्रकृति ने वृक्ष के रूप में हमें एक अमूल्य उपहार दिया है। वृक्ष चाहे कोई भी हो, उसका अपना महत्व होता है। वृक्षों के महत्व के कारण ही आज भी हम कुछ विशेष वृक्षों को पूजते हैं। कल्पवृक्ष का नाम तो सबने सुना ही होगा। कल्पवृक्ष जैसे वृक्ष आज भी मौजूद हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, वचन, उपसर्ग एवं प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाना, शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना।

आओ, तुम्हारा परिचय घी, गुड़ और शहद देनेवाले एक विचित्र वृक्ष से करवाएँ। उत्तराखण्ड के पहाड़ी इलाकों में एक ऐसा वृक्ष पाया जाता है, जो घी, गुड़ तथा शहद देता है। इसके अलावा यह वृक्ष फल, औषधि, जानवरों के लिए चारा, ईंधन और कीड़ों व चूहों को मारने के लिए कीटनाशक भी उपलब्ध कराता है। इस पेड़ के बीजों से घी की तरह का इतना तैलीय पदार्थ निकलता है कि एक अँग्रेज ने इसका नाम ही 'घी वाला वृक्ष' (इंडियन बटर ट्री) रख दिया। स्थानीय लोग इसे 'च्यूरा' कहते हैं।



यह अमूल्य वृक्ष कुमाऊँ एवं पिथौरागढ़ जनपद तथा भारत–नेपाल की सीमा पर काली नदी के किनारे 3000 फीट की ऊँचाई तक पाया जाता है। अब वहाँ उसे ज्यादा तादाद में उगाने का प्रयास किया जा रहा है। यह वृक्ष वहाँ की जलवायु में ही पनपता है। अतः वहाँ के लोगों के लिए यह कल्पवृक्ष के समान है। उन इलाकों में लोगों के लिए घी का यही एकमात्र साधन है। जिसके पास फल देने वाले 3–4 च्यूरा वृक्ष होते हैं, उसे साल भर बाजार से वनस्पति घी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। उन वृक्षों से वह गुड़ और शुद्ध शहद भी प्राप्त करता है।

यह वृक्ष छायादार और फैला हुआ होता है। इसके फलने–फूलने का समय अक्टूबर से जनवरी तक होता है। जुलाई–अगस्त में इसके फल पक जाते हैं। पके हुए फल पीले रंग लिए हुए, खाने में काफी स्वादिष्ट, मीठे तथा सुगंधित होते हैं। वातावरण में फैली इस फल की मीठी

**शिक्षण–संकेत–** वृक्षों के महत्व के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा करें। बच्चों से पूछें कि अगर पृथ्वी पर वृक्ष न होते तो क्या होता? शिक्षक एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें और विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को पढ़ने के अवसर दें एवं उनके शुद्ध उच्चारण पर विशेष ध्यान दें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



महक से ही मालूम पड़ जाता है कि च्यूरा पकने लगा है। गाँव के लोग इन फलों को बड़े चाव से खाते हैं और एक भी बीज फेंकते नहीं हैं। इस वृक्ष पर फल काफी होते हैं। पके फलों से बीजों को आसानी से इकट्ठा करने के लिए वे कभी–कभी बंदरों एवं लंगूरों को वृक्षों से फल खाने देते हैं। बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर बीजों को फेंक देते हैं जिन्हें जमीन से बीनकर इकट्ठा कर लिया जाता है। एक वृक्ष से करीब एक से डेढ़ क्विंटल तक बीज प्रतिवर्ष मिल जाते हैं।




ये बीज स्थानीय लोगों के लिए काफी उपयोगी होते हैं। इन बीजों के छिलके निकालकर अंदर के भाग को धूप में या हल्की आँच पर सुखाकर पीस लिया जाता है और पानी में उबाल लिया जाता है। कुछ देर उबालने के बाद इसे ठंडा होने के लिए रख देते हैं। ठंडा होने पर घी, मक्खन की तरह का खाद्य पदार्थ, पानी की सतह पर तैरने लगता है। इसे कपड़े से छानकर अलग कर लिया जाता है। 'च्यूरा घी' देखने में वनस्पति घी की तरह सफेद दिखता है तथा साधारण ताप पर ठोस होता है। स्थानीय लोग इसी घी में पूड़ी, हलवा एवं अन्य पकवान बनाते हैं, जो अत्यंत स्वादिष्ट और हानि रहित होते हैं। यह घी गाय–भैंस के घी से काफी मिलता–जुलता है।

मिट्टी के तेल के अभाव में यह घी जलाने के काम में भी आता है। यह बिल्कुल मोमबत्ती की तरह धुआँ रहित जलता है। यही नहीं, जाड़ों में, जब हाथ–पैर तथा होंठ ठंड से फटने लगते हैं या गठियावात हो जाता है, तब स्थानीय लोगों के लिए च्यूरा घी एक अचूक दवा का काम करता है। वे इसी घी को गर्म कर धूप में मालिश करके रोग का उपचार करते हैं।

च्यूरा घी में एक महत्वपूर्ण रसायन होता है जिसे पामेटिक अम्ल कहते हैं। यह रसायन विभिन्न औषधियों तथा सौंदर्यवर्द्धक रसायनों को बनाने में काम आता है।



अक्टूबर–नवम्बर के महीनों में जब यह वृक्ष अच्छी तरह पुष्पित हो जाता है, तब इसके सफेद फूल मधुमक्खियों के प्रमुख आकर्षण–केन्द्र होते हैं। यही कारण है कि पिथौरागढ़ और नेपाल के पास के इलाकों में, जहाँ च्यूरा के वृक्ष अधिक होते हैं, शुद्ध एवं सुस्वादु शहद हमेशा उपलब्ध होता है। यदि मधुमक्खी– पालन गृहों को इन्हीं वृक्षों के पास रखा जाए तो शहद सुगमता से मिल सकता है, परन्तु इसके लिए बाकायदा वैज्ञानिक तकनीक अपनानी पड़ेगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जब ये च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं तब स्थानीय लोग इन पर चढ़कर बड़ी सावधानी से डाली को हिलाकर फूलों का रस बर्तन में इकट्ठा कर लेते हैं और इसे छान व उबालकर 'गुड़' प्राप्त कर लेते हैं। यह गुड़ देखने–खाने में बिल्कुल गन्ने के रस से बने गुड़ जैसा ही होता है। लोग इसे औषधि के रूप में भी प्रयोग में लाते हैं। फूलों के रस से बना यह अनोखा गुड़ नेपाल और पिथौरागढ़ के उन्हीं इलाकों में मिल सकता है, जहाँ च्यूरा के वृक्ष होते हैं, क्योंकि इसका जितना उत्पादन होता है, वह सब स्थानीय स्तर पर ही खप जाता है। हाँ, तुम चाहो तो वहाँ जाकर इस अनोखे वृक्ष के घी, गुड़ और शहद का लुत्फ उठा सकते हो।

वैज्ञानिकों को इस वृक्ष की ऐसी पौध तैयार करनी चाहिए, जिससे यह अन्य क्षेत्रों में भी पर्याप्त मात्रा में उगाया जा सके और इसका बड़े पैमाने पर, भरपूर लाभ प्राप्त हो सके।



## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन्हें नीचे दिए गए कोष्ठक में से चुनकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचय | – | जानकारी या पहचान | विचित्र | – | अद्भुत |
| इलाकों | – | क्षेत्रों | औषधि | – | ............... |
| उपलब्ध | – | प्राप्त | ज्यादातर | – | अधिकतर |
| तादाद | – | संख्या या मात्रा | प्रयास | – | ............... |
| स्वादिष्ट | – | ............... | सुगंधित | – | खुशबूवाला |
| वातावरण | – | आस–पास की स्थिति | सुगमता | – | सरलता से |
| बाकायदा | – | नियम के अनुसार | तकनीक | – | युक्ति या उपाय |
| अनोखा | – | ............... | उत्पादन | – | पैदावार |
| सौंदर्यवर्द्धक | – | सुंदरता बढ़ानेवाला | तैलीय | – | तेलयुक्त |
| पुष्पित | – | खिले हुए फूल सहित | लुत्फ | – | आनंद |
| अमूल्य | – | जिसका मूल्य नहीं या अनमोल | | | |

(जायकेदार, निराला, दवाई, कोशिश)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. तुम्हारे आसपास पाए जाने वाले पेड़ों के नाम व उससे संबंधित जानकारी निम्न तालिका में भरो –

| क्र. | वृक्ष का नाम | ऊँचाई | उपयोगिता |
|---|---|---|---|
| | | | |

प्रश्न 2. पता करो कि हमारे यहाँ घी व गुड़ कैसे बनाया जाता है?

प्रश्न 3. च्यूरा वृक्ष से गाँव वालों को क्या–क्या मिलता है?

प्रश्न 4. च्यूरा वृक्ष छत्तीसगढ़ राज्य में क्यों नहीं पाया जाता है?

प्रश्न 5. च्यूरा वृक्ष के बीज स्थानीय लोागों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। यदि हाँ तो क्यों?

प्रश्न 6. हमारे राज्य में विदेशों या अन्य राज्यों से बहुत सारी चीजे आती है किन्तु च्यूरा वृक्ष से बना गुड़ नहीं आता। क्यों?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- विद्यार्थी दो समूहों में शब्दों के अर्थ और उनके प्रयोग परस्पर पूछें, बताएँ। शिक्षक पाठ का एक अनुच्छेद, श्रुतिलेख के रूप में बोलें। विद्यार्थी अपनी–अपनी अभ्यासपुस्तिकाएँ अदल–बदलकर परीक्षण करें।

### समझो

- च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं। इनके फल मीठे तथा सुगंधित होते हैं। इन वाक्यों में 'पुष्पित' एवं 'सुगंधित' शब्दों को समझो। 'पुष्प' और 'सुगंध' शब्दों में 'इत' जोड़कर 'पुष्पित' और 'सुगंधित' शब्द बने हैं।

प्रश्न 1. 'कथ', 'वर्ण' और 'लिख' के साथ 'इत' लगाकर एक–एक नया शब्द बनाओ।

- शब्द के प्रारंभ में 'सु' लगाकर नया शब्द बनाया जाता है। 'सु' का अर्थ है 'अच्छा', 'भला'। 'सुस्वादु', 'सुलेख' ऐसे ही शब्द हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 2. 'सु' जोड़कर कोई दो नए शब्द बनाओ; उनके अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।

- शब्द के अंत में 'रहित' और 'सहित' जोड़कर भी नए शब्द बनाए जाते हैं, जैसे हानिरहित, धुआँरहित, परिवारसहित, मानसहित। 'सहित' का अर्थ है 'के साथ' और 'रहित' का अर्थ है 'के बिना'।

प्रश्न 3. 'रहित' और 'सहित' जोड़कर दो–दो नए शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

- निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ो–

क. यह अनोखा वृक्ष नेपाल में पाया जाता है।

ख. वैज्ञानिकों ने इस वृक्ष को खोज निकाला।

ग. लड़कपन में हम लोग पके बेर तोड़ते थे।

पहले वाक्य में 'नेपाल' शब्द एक विशेष देश का नाम है। दूसरे वाक्य में 'वैज्ञानिक' शब्द विशेष वर्ग के लिए प्रयोग किया जाता है। तीसरे वाक्य में 'लड़कपन' शब्द है जो लड़के के स्वभाव के लिए कहा जाता है। ये तीनों शब्द संज्ञा शब्द हैं। पहला शब्द 'नेपाल' विशेष स्थान बताने के कारण व्यक्तिवाचक संज्ञा है। 'वैज्ञानिक' शब्द एक वर्ग विशेष के लिए प्रयोग किया जाता है। ऐसे संज्ञा शब्द जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं। 'लड़कपन' शब्द भाव का बोध कराता है। ऐसे शब्द भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं।

प्रश्न 4. तीन ऐसे वाक्य लिखो जिनमें अलग–अलग व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्दों का प्रयोग हुआ हो।

- इन वाक्यों को पढ़ो और रेखांकित शब्दों को समझो–

1. बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर, बीजों को फेंक देते हैं।
2. बंदर ने फल खाकर छिलका फेंक दिया।

दोनों वाक्यों में 'बंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है। पहले वाक्य में 'बंदर' बहुवचन में है। क्रिया से इसका बोध होता है। दूसरे वाक्य में बंदर एकवचन में है। क्रिया से ही इसका बोध होता है।

प्रश्न 5. किन्हीं दो शब्दों को उनके रूप न बदलते हुए, एकवचन और बहुवचन में दो–दो वाक्यों में प्रयोग करो।

प्रश्न 6. नीचे लिखी अधूरी कहानी को दो–तीन बार ध्यान से पढ़ो और प्रत्येक खाली स्थान पर उपयुक्त शब्द भरो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



एक चिड़िया को कहीं से एक मोती मिला। चिड़िया ने उसे अपनी नाक में ............... लिया। फिर वह राजा के महल .................. जा बैठी और गाना गाने लगी– .................. राजा से बड़ी, मेरी नाक में ..................।" यह सुनकर राजा को बहुत गुस्सा ..................। उसने अपने आदमियों से कहा, "चिड़िया .................. मोती छीन लाओ।" उन्होंने जाकर झट .................. चिड़िया का मोती छीन लिया। अब .................. पहलेवाला गाना छोड़कर दूसरा गाना .................. लगी,– "राजा भिखारी, मेरा मोती छीन ..................।"

यह गीत सुनकर राजा बहुत शरमाया। .................. चिड़िया का मोती लौटा दिया। मोती .................. पर चिड़िया ने एक और नया .................. शुरू किया, "राजा तो डर गया, .................. मोती दे दिया। यह गीत सुनकर .................. गुस्से से लाल हो गया। उसने ..................कहा, 'पकड़ लो इस बदमाश चिड़िया . ..................।' उसके आदमी चिड़िया को पकड़ने के .................. दौड़े मगर चिड़िया फुर्र से उड़ ..................। राजा हाथ मलते रह गया।

- शिक्षक विद्यार्थियों से इस कहानी पर और अभ्यास करवाएँ।

## योग्यता विस्तार

1. अपने विद्यालय को हरा भरा बनाने के लिए क्या करोगे ?
2. शिक्षक की सहायता से रबर के वृक्ष बारे में पता करो।
3. च्यूरा वृक्ष की तरह ही तुम्हारे घर में पैसों का पेड़ होता तो तुम क्या करते?
4. शहद कैसे बनाया जाता है? इसकी प्रक्रिया पर एक आलेख तैयार करें।
5. वृक्षों की उपयोगिता एवं संख्या पर स्लोगन बनाकर कक्षा की दीवारों पर चिपकाओ।

58S4LZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SPUXLH

पाठ –3

# ekok gUue

iMg fd;guk vkM Mxj:– कांयकेर जिल्ला जादा कोटुम कोयतोरा मंदन्ना बूम आंद। इगडोर मानेय तयहा तहे हन्नुम – तिहरिनुंग गिर्रदा ते माने मायतोर, इगडा पोल्लो वड़क्ना संग–संग एन्दना कर्रसना अन तीहारीने अलगे परोय मंता। मावा हन्नुम पाट ते कांयकेर जिल्ला तोर मूड़ियालोरंग बूमकादे माने मायनंग तयहा तंग तीहरीना मान मायनेतून वेह्ले आता, अवेह्ने इगाडोर मनवालोर कोयतोर गिजुर–गजुर अन गिर्रदा ते माने मायतोर।

bn ikVr ekV dfj;dV:– गोंडी तंग पुन्वंग टप्पिंग अन अवेह्ना अरेत्, कांयकेर तंग रंग रंगनंग तीहरीन आनीक बानीग पुंदकट्।



बस्तेर संभाग ता कांयकेर जिल्ला तेमनवालो मानेय वेडा अन कोटुम ता जिनिस ते जिल्गी कियहतोर। इगडोर मानेय ते कोयतोग वल्लोजन मन्तोर। ऐरासंग इसारजात नोर गला समाजातोर। एरलोर तयहतहे मरा–गुटा विरा द् तोर ता तीहारीनुंग सप्पोजन सैकले

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



सल्लाते अन कोयमते माने मायतोर। कांयकेर जिल्ला ते तयहतोर कोयतोरा बानी अन एन्दन्ना, कर्रसना गला अलगे परोय मंता।

## Þejdx ikygukß

मर्रकंग पोलह्ना तीहर चैत मेइना ता पून्नी ते माने मायतोर। इद तीहर तुन पूना पंड तीहर अह्नेक मर्रकांग पहाना पोरोय ते पुन्दना आयता। तीहर तुन पन्डिना राजाल मर्रका ता परोय ते तेयहातहे इर्रले आता। इगा मन्वालोर बद्दे गला काया,पन्ड, पुंगार्र तुन मुय्वय् अह्नेक पंइव पुपेनुंग तिन्नोर। इद तीहार दिया सेवाय मीले मास आपूह्ना पुरका पेन्क् अन पाट पेन्कुंन पूजा कीस तर्रीह्च् मंजल तिन्तोर। सेवाय हादले पंड तिंदला अन पूना वर्सा ता आसीद् हिययतोर।

नार्र–नार्र ते पेन नेंग मारिह्लेता पर्रेक पेकोर को–को पंडिंग एन्दयतोर। पाटा ने इदम पोल्लो वेहयतोर कि कोटुम ता सप्पो पुंगाह पन्डिंग ऐयतंग अन पंडतंग अवेन माट ओक्कोह–ओक्कोह पंडिंनुंग तिनिट,दर्रबुस्कंग केवट। तीहर ते नेटा दिया अन नाड़ वायनान्वु मरा–गुट्टा तुन पिसीह्च् बरस्ह्ना ता अकल पुटयता। विज्जा पड़ेम तुन पिसिह्च् पेनहर ते मानेमास समले जतुन कियना आंद।

### dk&dk ifMx ikVk &

मर्रका पंडिंग – को–––को––को

रेका पंडिंग – को–––को––को

कोहका पंडिंग – को–––को––को

तुमीर पंडिंग – को–––को––कोह––कोह–

## ÞfoTtk i lgukß

विज्जा पस्ह्ना नेंग बैसाक पूनी ते मुसुर वायवा ता मुन्ने माने मायहयता। इदेन विज्जाकोर्र, डेला पीसेंग गला इन्तोर। इद् तीहर दिया सप्पो नाटोर गायतन संग जिम्मिदारिन, तलुरमुत्ते–कडर्रेंगल अन राव् कनियाह नगा पूजा पाठ ते विज्जा तर्रीह्च वीत्ला आसीद् एतयतोर। पेन नेंग केवाल नार्र गायताल पुरका पेन्क् पाट पेन्कुन पोरोय पैस कुमुड़ आक, मड़्द आक् पाऊर ऑक ते, वालेर मानेयतुन उचुह–उचुह विज्जा तूस्स

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मंजल आसीद् हिययतोर। इद् नेंग ते वेहयतोर कि पाग पहर ते तोड़िय,एर्र तुन हूड़्स बन्नेता विज्जा वीताना अन बूतो कियाना। इद् नेंग ता पेर्रेक किसन मानेय वीतन्ना, विज्जा पस्ह्ना मूड़ कियय्तोर।

## vekm l

vekm l तीहर कोट्टुम अन वेडा कोडा ते वीतले अन वीतवा मोड़िय्ले बाज कुसीर अन कमय लह–लहे मालेता गिर्रदा ते किसन मानेय आसाड़ आंदर दिया दरम्ने पेन नेंगते जोरदर सल्ला ते माने मायतोर। इद तीहार तुन अमुस/अमावस/अमाउस/हरेली/ हरियाली अन बाजिंग पोल्ह्ना गला इन्तोर। तीहार दिया किसन वेड्डा–कोड़ा तह पुट्लेंग बाजिना मुक्याल जीर्रा बाज तुन तर्रहयतोर बाता कि इद जीर्रा बस्केय गला बगय गला सैयरी ते पुटय्ता। इप्पे नांगेल कुदड़ ता गला सेवा जतुन कियय्तोर।

नेल दे मन्दले बातय गला पेड़ेम पहली डोह पिर्र दे होड़–जोड़ ते नेल तंग अरलेंग–अर्वंग अन कैयमुल मोह्रंग संग मोड़िय्ले बाज मोहरा आयता, अदेनका माने माय्तोर बिना मुयवा, पोलिह्वा तिन्दान्ना केओर। आसाड़ मेहना अव्नेक सप्पो मोहरंग बर्स्ले बाज ते रैयस मन्तंग। इद् तीहार पर्रेक बस्केय गला कोड़्केला कोडिंग– कोडिंनुंग तिन्तोर। तीहर दिया हुल्किंग, तेय्नह नामेर लोह्क–लोह्क एन्दसोर सुकून पोल्लो वेहयतोर। अमाउस दिया दवंग पुन्दलेर–पुन्ओर कर्रीय्स् मंजल वेन्ज कोद्दा अन माल–मता तुन सैकले कीला हिययतोर। नाटेनंग पीलंग इद दियातह डीटोंग पन्ड्स कर्रसयतंग इवेन पोरा, बाल, सरू पहर हन्दिते बोह्रह् कीसयतोर।

### r;ug ukej ikVk&

1. तेयनह नामेर ना ना रे–––ना ना रे–2 होय...हाय।

बोनर पंडले नार्रू रा लैयोरिट –2

गायतन पंडले नार्रू रा लैयोरिट–2

2.गायतन लोनु वेहाट रा लैयोरिट –2

पोर्रो टोला लोनु रा लैयोरिट – 2

तेयनह नामेर ना ना रे..........–2..........होय.......हाय...... ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## iuux frUnUuk

पूनंग तिन्दन्ना, कोयतोर मानेय ता नामजागी तीहर आंद। तेन भादों पूनी ते माने मायतोर। इद तीहरते कमय ऐतेक पूनंग नूकानुंग तिन्दला काजे आपुना पूरका पेन्कुन तर्रीह्च बुमकालदे तिन्दला मूड़ कियतोर। अगड्ह पेर्रेक नाटे मुक्यानगा गायता जोहरनी/ठाकुर जोहरनी कीला जूहेमायतोर। ठाकुर जोहरनी ते गायतल सपजन कुन नेहना–नेहना पूनंग तितिट कि तिनवीट इंजोर पूचेमास आसीद् अन पोल्लो वेहयतोर। अप्पे पड़हे कियना, बने मन्दना, दाड़ंगो कम कियना, मरा गुटा पिस्हना, सल्ला ते अन कोयमा ते मन्दला वेहयतोर। आकरी ते सप मीलेमास नाटे हुडुलोर बर्होर मया ते कर्रसना, एन्दना कियायतोर।

### gYdh ikVk&

सीलोप रोले रोरोले रो रोलेय ––रो रोलेय।

नवु कंडु धरती रा दादय ले,

सोलह कंडु पिरती रा दादय ले ।

धरतीन राजल बोरू रा लैयोरिट,

पिरतीन राजल बोरू रा लैयोरिट ।

धरतीन राजल लिंगो रा दादय ले ,

पिरतीन राजल लिंगो रा दादय ले ।



सीलोप रोले रो रो ले––– रो रो ले ।।

## MhoM

MhoM तीहर दषरालेलेंज ता कट्मुट् आंदर ते कमय ऐलेता पहर मानेमायतोर। इद् तीहारते पूना अनाम तुन लोते ततूला पंगवियनह लोह्क अन कोड़्क्ने डियंग मासयतोर। इद् दियातुन सुरोती इन्तोर। तेय्हा तहे कड़ा–मण्डा ते मीलेमालेर गोहोड मेहवल कोपाल तोर्रमण्डा ते नेंग कीस गोहोडतुन सिकड़ी गाटो तिहयतोर। कोपाल नाचुम तंग जेटंग पंड्स मालमत्ता तुन कर्रहयतोर अन लोह्क–लोह्क ने हारिंग–सरबोनिंग बनेमायतंग। तीहार

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मारतेक पूनीते नाह्क नंग लैयह हाटुम मेंड बोच्चो डीवड़ रीलो एन्दला दायतंग। इद् एन्दना ते गिर्रदा संग बुमकाल दे मया ते मीलेमास हुड्डुलोर बरहोर मन्दला कर्रीय पुटयता। अदिया नाटे अन किल्लेकोर्र रेच्चा–परमहकोर्र गोट्टुदे गिजुर–गजुर आस मंता।

### Þyl;guk MhoM jhyk ikVkß&

री री लोय –– री री लोय ––री री लोय ––री री लोय।।
ठाकुरे लोनु बोदू री बाई रम –––2
ठाकुरे लोनु वेहट री बाई रम ––2
गोटुल डेरा वेहट री बाई रम ––2
री री लोय–––री री लोय –––री री लोय ––री री लोय ।।

### Þdki guk MhoM ikVk&

अरे–रे–रे–रेऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽऽ......................................
काकरे मन उमन–दुमन भैय्या, काकरे मन कोमलाय हो ।
आज हमर बीच गायता दादा है, सबके मनला समझाय हो ।।

### Vfl iuk vjlr &

जिनिस–गोद्दा, कोहला अन बट् कोटुम ता (बीडार)। जिल्गी–जिये मायना ।

बानी – आनित–बानित मानेय। तयहा – मुन्ने दिया ।
सल्ला – मीलेमास मंदन्ना। सैक्ले – बन्ने मंदाना।
लहलह – बन्ने कोड़सलेंग, गड़दहा बरसलेंग।
मोहरा – जहर, कट मोहरा, हायना जिनिस ।
नामजागी – पुंदले तीहर,परोय बित्ती, हरे गुरे ते धाक हंदले।
कोयमा – बिना होंगता,गिर्रदा धोका लेवा। नाचुम – जेटंग पंडना मरा,डोर मरा।
कड़ा मंडा – बुमकाल डेरा, सब मानेय उदन्ना।
गिजुर गजुर – कवना मंदना,र्रीव र्राव।, कटकैयमुल – कैयले, जहर, बिक।
आसीद् – हर्र तोहना,अकल बुद्वेहना।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| | | |
|---|---|---|
| पाट पेन्क् | – | बरहंग मानेमायनंग पेन्क्, रजवाड़ी, बरहो। |
| धरम | – | पुनेम, माने मायना, हर्रदे ताकाना। |
| पाग पहर | – | अरले बेराते, बन्ने पड़ले ते, सीजन ते, बन्ने होक। |
| बुमकाल | – | सब मानेय, मानेय मंजा, मुल्ल, दलसा, कारी मुंड। |
| कटमुट | – | अंदमुंद हीकाट, पिर्रिच्ले। |
| अनाम | – | कमय, लचमी, तिंदना–उंडना, कर्चा, हिदोर्र। |
| त्तोर्रमंडा | – | गोह्ड रोमह्ना डेरा। |

iMg fd;guk vkM Mxj:– पड़हे केवाल गुरूजी ओसय हड़क्ले वड़क्सोर–वड़क्सोर कैक् कोडंग पेहचोर पीलानुंग वेहान्नूर।

- पड़हे कियनंग पेकीह आई की पेकोर मोथा मीलेमास लेंग तेह्च् पड़हे केवीर।
- सपय हन्नुमिने बांग–बांग कियायतोर नेंग रीति तून पुन्दना।
- बद्दे उन्द नाटा हेसंग अहनेक तीहरिने हंज हूड़्स पुन्दा लागर ।

## tcku vu dfj;uk

### xkd tcku &

dh I gMkuk & गुरूजी पीलानुंग रण्ड बाटंग कीस हिक्के–होक्केडनुंग पूचे मायीर, पुन्वेक इचो गुरूजी वेहीर। हुचुक इदमनंग गला जबान पूचे माया पर्रतोर –

1. तीहरिनुंग मानेय बेस्के–बेस्के माने मायतोर ?
2. तीहरिने बुमकाल बाक्या गूडयता ?

### bo tckfuuix dkVV---------\

1- ठाकुर जोहरनी ते गायतल बाता पोल्लो वेहयतोर ?
2- पंडिना राजाल बद्द पंड आंद ?
3- बद्द तीहर तह किसन्क् वीत्ला मूड़ कियायतोर ?
4- बाजीनुंग पोलिहवाय बाक्या तिंदाना आयो ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



5- पूना अनाम् तुन् बद्द तीहारते तिंदला मूड़ कियायतोर ?

6- गायताल विज्जातुन आकीने बाक्या तूसायतोर ?

## fgDdk&gDdk Mx dVyx Vfliux ehykg dhEV %&

1- विज्जाकोर्र – मर्रकंग पोलह्ना।

2- भादों पूनी – सिकड़ी।

3- पड़ेम इर्रना – चैत महना।

4- पूना वरसा – पूनंग।

5. जीवाड़ – वीताना।

## ckd;k brkj----------\

1. बाजीना रानी जीर्रा तुन।

2. पंडिना राजाल मर्रका तुन।

## ghyx Vfliux fiLyk Mjkrk fugkV &

(गायताल, गिजुर–गजुर,जीर्रा )

1. वालेर मानेय तुन................विज्जा हियायतोर।

2. तीहारिने नाह्क.......................मंतंग।

3. रानी ना बाज.................बेस्केय गला बगय गला सैरीते पुटायता।

## vDy cIguk

1. आपुना गुरूजीनह पुन्ट–नाटोर मानेय बातंग–बातंग पेन नेंग कियायतोर ?

2. बद्देगला तीहर तुन बदम माने मातेक पड़र ?

3. तीहरिनुंग बाक्या मूड़ कीतुर होही ? सोचे कीम्ट ?

SQ4TNJ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–4

# मैं सड़क हूँ

– संकलित

इस पाठ में सड़क ने स्वयं अपनी कहानी कही है। सड़क का उपयोग पैदल यात्री भी करते हैं और वाहन–चालक भी। सड़क को अपने ऊपर इन सबका बोझ सहन करना पड़ता है। लेकिन उसके रख–रखाव की चिंता कोई नहीं करता। सड़कें सामाजिक संपत्ति हैं। इनकी सुरक्षा और रख–रखाव के प्रति हम सबका समान उत्तरदायित्व है। इसके साथ ही हमें यातायात नियमों को जानकर उनका पालन भी करना चाहिए।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों का प्रयोग, पर्यायवाची, विशेषण–विशेष्य, प्रत्यय और मौलिक लेखन।

जी हाँ! मैं सड़क हूँ। मिट्टी, पत्थर और डामर से बनी। एक बड़े अजगर की तरह मैदानों, जंगलों, पहाड़ों के बीच से गुजरती हुई। पेड़ों की छाया के नीचे से होकर मैदानों को पार करती हुई, गाँवों को शहरों से जोड़ती हूँ। मेरी उम्र कितनी है, यह मुझे भी याद नहीं। जब आदमी ने एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की बात सोची होगी, शायद तभी मेरा जन्म हुआ होगा। मैं कभी कच्ची थी तो कभी पक्की। कभी मैं घुमावदार बनी तो कभी एकदम सीधी–सपाट। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, महल, झोंपड़ी, बाग–बगीचे, हाट–बाजार और भी न जाने कहाँ–कहाँ मेरी पहुँच है। कहने का मतलब यह कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

वैसे मेरा रूप सुंदर नहीं है, एकदम काली–कलूटी और लंबी। कभी–कभी तो मुझमें छोटे–बड़े गड्ढे बन जाते हैं। तब मेरा रूप और भी बिगड़ जाता है। यह मुझे बनानेवालों की लापरवाही का ही नतीजा है। मुझे अपनी इस बदसूरती पर उतना दुख नहीं होता, जितना अपने ऊपर से चलनेवालों की गलत आदतों पर होता है। कभी–कभी तो ऐसी दुर्घटना हो जाती है कि लोगों की मौत तक हो जाती है। तब मुझे दुख होता है क्योंकि मैं उनकी कोई मदद नहीं कर पाती। कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह। यह मुझे तो अच्छा नहीं लगता, पर इससे चलनेवालों को सुविधा हो जाती है। इसी से मुझे संतोष होता है।

ओह! ये ढेर सारा कूड़ा–करकट किसने फेंका मेरे ऊपर? कितना बिगाड़ दिया मेरा रूप? अरे! अरे! मेरे ऊपर तो उस आदमी ने थूक ही दिया। देखो तो, केला खाकर छिलका भी मेरी

**शिक्षण–संकेत–** विद्यार्थियों से सड़क के संबंध में चर्चा करें। उन्हें बताएँ कि अच्छी, स्वस्थ सड़कें प्रगति का प्रतीक हैं। विद्यार्थियों को यातायात के संकेत भी समझाएँ। आत्मकथात्मक शैली के संबंध में सरल शब्दों में साधारण जानकारी दें। बच्चों को विराम–चिह्नों के साथ पढ़ने का अभ्यास कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



छाती पर फेंक दिया। तमीज नहीं है लोगों में। मनचाहे जहाँ थूक देते हैं, हर कहीं छिलके फेंक देते हैं। इसका क्या परिणाम होगा सोचते ही नहीं।

अरे! केले के छिलके पर पैर पड़ जाने से वह बच्चा तो गिर ही पड़ा। उसे बहुत चोट आई होगी। पता नहीं लोगों को कब अकल आएगी कि कूड़ा सड़क पर न फेंकें, कूड़ेदान में फेंकें; इससे सफाई भी रहेगी और दुर्घटनाएँ भी नहीं होंगी।



त्यौहारों, मेलों और शादियों में मेरी शोभा बढ़ जाती है। मेरे आसपास सफाई हो जाती है। दोनों किनारों पर रोशनी की जाती है। मेलों व उत्सवों के समय अनेक प्रकार की वस्तुओं से दुकानें सजाई जाती हैं। काफी चहल–पहल होती है। सभी लोग खुश नजर आते हैं। मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

वाह! बच्चे लाइन बनाकर कहाँ जा रहे हैं? अरे हाँ! छब्बीस जनवरी आनेवाली है ना। उन्हें परेड में भाग लेना होगा। उसी की तैयारी के लिए जा रहे होंगे। जब ये छोटे–छोटे बच्चे साफ–सुथरी पोशाक में कदम–से–कदम मिलाकर चलते हैं, तब मुझे बहुत अच्छा लगता है। ये बच्चे देश के नागरिक बनेंगे। मुझे इन्हीं से आशा है।

मेरे बाजू में खड़े इन हरे–भरे पेड़ों की छाया मुझे बहुत अच्छी लगती है। गर्मी के दिनों में पैदल चलनेवालों को भी इनकी छाया में आराम मिलता है। आम–जामुन तो अपने फलों से लोगों को आनंद देते हैं। बच्चे तो इनकी ओर दौड़े चले आते हैं। खेलते–कूदते, आपस में बाँटकर फलों का स्वाद लेते इन बच्चों को देखकर मुझे कितनी खुशी होती है, क्या बताऊँ।



गाँव के पास से होकर गुजरते समय मैं स्वयं उसकी सुंदरता का हिस्सा बन जाती हूँ। विभिन्न ऋतुओं में तरह–तरह की फसलों से हरे–भरे खेत बहुत ही सुंदर लगते हैं। गाय, भैंस और बैलों के झुंड जब मेरे ऊपर से गुजरते हैं तो मैं अपना दुख–दर्द भूल जाती हूँ। मैंने सभी तरह के लोगों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया है; कभी कुछ थके–हारे धीमे कदमों की आहट मैंने सुनी है, तो कभी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



तेजी से चलते हुए उत्साहित कदमों की धमक। चाहे जो भी मेरे ऊपर से होकर गुजरे, मैं सबके दु:ख–सुख में उनके साथ शामिल हो लेती हूँ। दुख और सुख तो जीवन में आते–जाते रहते हैं, पर तुम्हें उसकी परवाह न करते हुए चलते रहना चाहिए। चरैवेति–चरैवेति – चलते रहो, चलते रहो – यही हमारे शास्त्रों का संदेश है। अभी–अभी मेरे ऊपर से होकर एक वाहन गुजरा है। क्या तुमने भी उसमें बजता हुआ यह गीत सुना–

''रुक जाना नहीं, तू कहीं हार के,
काँटों पे चल के, मिलेंगे साये बहार के।''

मेरा भी संदेश तो यही है।



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सीधी–सपाट | – | सीधा, समतल | डामर | – | कोलतार |
| परेड | – | कवायद | अनायास | – | अपने आप, अचानक |
| मौत | – | मृत्यु | दुखदायी | – | दुख या कष्ट देनेवाली |
| मंजिल | – | लक्ष्य | शोभा | – | सुंदरता |
| दुर्घटना | – | बुरी घटना | जमाना | – | युग, काल |
| निर्दोष | – | जिसका कोई दोष न हो | | | |
| घुमावदार | – | जिसमें बार–बार मोड़ आए | | | |
| इतिहास | – | बरसों पुरानी घटनाओं का विवरण | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सड़क बनाने के लिए कौन–कौन सी सामग्री की आवश्यकता होती है?

प्रश्न 2. सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बनने से क्या होता है?

प्रश्न 3. सड़क पर स्पीड ब्रेकर क्यों बनाए जाते है?

प्रश्न 4. सड़क दुर्घटना से बचने के लिए क्या क्या उपाय करना चाहिए।

प्रश्न 5. सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्ष लगाने चाहिए। क्यों?

प्रश्न 6. क्या तुम इस बात से सहमत हो कि गाँव–गाँव में सड़कों के विकास होने से जन–जीवन आसान हो गया है। इसकी पुष्टि हेतु तर्क दीजिए।

प्रश्न 7. पगड़डी व सड़क में क्या अंतर है ?

प्रश्न 8. 'कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह।' लेखक ने गड्ढों को भरने की क्रिया को फटे हुए कपड़े में पैबंद लगाने के समान बताया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इसी प्रकार तुम इनकी तुलना में क्या लिखोगे?

क. सड़कों पर पड़े कूड़े, करकटों के ढेर के लिए।

ख. सड़क के किनारे खड़े हरे–हरे वृक्षों की पंक्तियों के लिए।

**प्रश्न 9. मान लो सड़क बोल सकती तो वह इनसे क्या कहती, लिखो–**

क. अपने ऊपर कूड़ा फेंकनेवालों से ?

ख. केले के छिलके पर पाँव पड़ने से अपने ऊपर गिरनेवाले बालक को सांत्वना देते हुए?

ग. धूप के ताप से शीतल करने वाले वृक्षों से?

**प्रश्न 10. सड़क ने स्वयं को अजगर के समान बताया है। तुम इन्हें किनके समान बताओगे–**

क. एक बहुत ही विकराल, काले–कलूटे, बड़े–बड़े बाल और बड़े दाँतों वाले आदमी को।

ख. एक बहुत ही बड़े तालाब को

ग. हरे–भरे वृक्षों, कुटियों के बीच बनी पाठशाला को

**प्रश्न 11. इनमें से अनुपयुक्त को अलग निकालो–**

| **(अ) सड़क जोड़ती है–** | **(ब) सड़क पर हमेशा–** |
|---|---|
| क. गाँव से गाँव को | क. बायीं ओर चलना चाहिए |
| ख. गाँव से शहर को | ख. वाहन तेज गति से नहीं चलाना चाहिए |
| ग. शहर से शहर को | ग. कचरा फेंक देना चाहिए |
| घ. शहर से आकाश को | घ. संकेतों को ध्यान में रखकर चलना चाहिए |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गद्यांश में विरामचिह्नों का प्रयोग करो–**

- स्कूल कॉलेज अस्पताल महल झोंपड़ी बाग बगीचे हाट बाजार और भी न जाने कहाँ कहाँ मेरी पहुँच है कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

**समझो**

'साफ–सुथरी पोशाक' में 'साफ–सुथरी' विशेषण और 'पोशाक' विशेष्य है। साफ–सुथरी एक पोशाक का गुण बताता है; इसलिए यह गुणवाचक विशेषण है। संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बतलानेवाले शब्दों को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं; जैसे –'अनेक जुलूसों' में 'अनेक' शब्द 'जुलूसों' की विशेषता बतला रहा है। यह संख्यावाचक विशेषण है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. गुणवाचक और संख्यावाचक विशेषण के दो–दो उदाहरण वाक्यों में प्रयोग करते हुए लिखो।**

- 'घुमाव' शब्द में 'दार' शब्दांश लगाने से 'घुमावदार' और 'गुनगुना' शब्द में 'आहट' शब्दांश लगाने से 'गुनगुनाहट' शब्द बनता हैं। शब्द के बाद लगने वाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं।

**प्रश्न 3. 'दार' और 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 4. नीचे लिखे समूहों में से कोई एक शब्द उस समूह का पर्यायवाची नहीं है। ऐसे शब्द को समूह से अलग कर लिखो।**

क. पेड़ – वृक्ष, तरु, तट, द्रुम

ख. वस्त्र – पट, कपड़ा, कर, चीर

ग. समुद्र – जलधि, सिन्धु, सागर, जलद

- क की बारहखड़ी इस प्रकार लिखी जाती है–

क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों को बारहखड़ी के क्रम से लिखो।**

खीर, खोलना, खिड़की, खाद, खैर, खंदक, खौलना, खरगोश, खुशी, खेल, खूब।

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों में उचित वर्ण भरकर शब्दों को पूरा करो–**

क.......ल कार....... किस....... कुशल....... .......देश .......मन

- 'गड्ढा' शब्द का उच्चारण करो। उच्चारण में ऐसा ध्वनित होता है मानों ढ में ढ मिला हो। लेकिन यह भ्रांति है।

**याद रखो –** ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ, ष, ह का द्वित्व नहीं होता अर्थात् कहीं भी ख्ख, छ्छ, ठ्ठ आदि नहीं लिखे जाते। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो और समझो।

| **गलत शब्द** | **सही शब्द** |
|---|---|
| अछ्छा | अच्छा |
| गढ्ढा | गड्ढा |
| पथ्थर | पत्थर |
| सुख्ख | सुक्ख |
| युध्ध | युद्ध |

ऐसे शब्दों में मिलनेवाले अक्षर लिखे हुए अक्षर का ठीक पहला अक्षर आधा लिखा जाता है। 'अच्छा' में 'छ' के पहले आनेवाला 'च' अक्षर आधा (च्) लिखा गया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्द विदेशी हैं। इनके स्थान पर इनके पर्यायवाची हिन्दी शब्द प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

ख. कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

## गतिविधि

1. विद्यार्थियों को दो समूहों में बाँटकर शिक्षक निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करें।

   (क) यातायात के नियम (ख) यातायात–संकेत

   (ग) सार्वजनिक सम्पत्ति (घ) सड़क और हमारा दायित्व

2. तीन विद्यार्थी 'मैं नदी हूँ', 'मैं पुल हूँ', 'मैं रेल की पटरी हूँ' पर आत्मकथा कहें।

## रचना

- इस पाठ में सड़क स्वयं अपनी कथा कहती है। इसी प्रकार 'मैं पेड़ हूँ' विषय पर पंद्रह वाक्य लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- क्या तुमने सड़क बनते देखा है? हॉ तो उसके बारे में लिखो।
- प्रधानमंत्री सड़क योजना क्या है? इसकी जानकारी शिक्षक से या अपने अभिभावकों से प्राप्त करो।
- सड़क में चलते समय कुछ चिन्हो का ध्यान रखना पड़ता है

  उनके चित्र बनाओ और उनके अर्थ लिखो।
- सड़क पर तुमने टोल टैक्स नाका देखा होगा यह क्या है ? इसके बारे में पताकर लिखो।
- पगडडी और सड़क में क्या अंतर है ?

59LSR1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

59VNSN

## पाठ–5

# रोबोट

– लेखक मंडल

विज्ञान ने आश्चर्यजनक आविष्कार किए हैं। आकाश में उड़ान भरना, विदेशों में बैठे अपने संबंधियों से घर बैठे बातें कर लेना तो कल की बात हो गई । आज रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष में जाना और वहाँ चहलकदमी करना भी वैज्ञानिकों ने सहज कर दिया है। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने यंत्र–मानव (रोबोट) का आविष्कार किया है जो आदेश पाकर काम करता है। इस यंत्र मानव की कहानी हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, कारक चिह्न, वाक्य परिवर्तन, प्रश्न निर्माण करना।

आज राहुल का जन्मदिन है। सुबह से ही वह बहुत व्यस्त एवं खुश नजर आ रहा है। सुबह वह जल्दी उठ गया। आज उसने जल्दी स्नान भी कर लिया। अपने जन्मदिन पर उसने अपने मित्रों को भी बुला रखा है। जन्मदिन की पार्टी तो शाम को होने वाली है किन्तु उसके कुछ विशेष मित्र सुबह से ही आ गए हैं। अपने उन मित्रों के साथ मिलकर राहुल अपने घर के बड़े कमरे को सजा रहा है। इसी कमरे में जन्मदिन का उत्सव मनाया जाना है।

राहुल के इस जन्मदिन पर राहुल के पिता जी ने एक अनूठा उपहार देने की बात कही है। राहुल तथा उसके मित्रों में इस अनूठे उपहार को देखने के लिए विशेष उत्सुकता, उत्साह और प्रसन्नता है।



शाम को सभी मित्रों एवं अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया और आरती उतारी। उनके मित्रों ने गुब्बारे उड़ाए, इसके साथ ही तालियों की गड़गड़ाहट हुई। सबने एक स्वर से गाया– ''तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार।'' करण ने टेप रिकार्ड चालू कर दिया। संगीत की धुन पर सभी बच्चे नाचने लगे, किन्तु संगीत शीघ्र ही बंद हो गया। सभी बच्चों का ध्यान उस उपहार की ओर था, जो आज

**शिक्षण–संकेत–** वर्तमान में हो रहे नवीन आविष्कारों पर चर्चा करें। शिक्षक ह्रस्वता, दीर्घता को ध्यान में रखकर आदर्श वाचन करें तथा बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को समूह में पढ़ने के अवसर दें तथा नए प्रश्न बनाने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




राहुल के पिता जी राहुल को देने वाले थे। सुंदर, चमकीले कागज से ढँका, रंगीन फीते से बँधा बड़ा–सा डिब्बा सबके बीच लाया गया।

राहुल के पिता जी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए राहुल से डिब्बे का फीता खोलने को कहा। डिब्बा खोला गया। उसके अंदर एक बड़ा खिलौना था। खिलौना क्या था, लोहे का बना हुआ एक आदमी था। सभी बच्चे उसे छू–छूकर देखने लगे। एक ने कहा, ''यह तो लोहे का आदमी है।'' दूसरे ने कहा, ''यह तो काफी भारी है।'' तीसरे ने पूछा, ''हम इसका क्या करेंगे?''

तभी राहुल के पिता जी ने कहा, ''बच्चो! यह खिलौना, जो मैंने राहुल को दिया है, एक 'रोबोट' है। यह अपने आप चलनेवाली एक मशीन है, जो आदमी की तरह कार्य करती है। देखो, मैं इसे चालू करता हूँ। तुम सब इसके करतब देखना।''

राहुल के पिता जी ने रिमोट का बटन दबाकर उसे चालू किया। उस रोबोट ने अपने दोनों हाथ जोड़कर सभी को नमस्कार किया। उसके बाद उसने हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया और कहा, ''राहुल भैया! तुम्हें जन्मदिन की बधाई।'' राहुल ने हाथ मिलाकर उसे धन्यवाद दिया। सभी बच्चे रोबोट का यह करतब देख खुशी से उछल पड़े। उसके बाद उस रोबोट ने व्यायाम एवं मार्चपास्ट करके भी दिखाया। बच्चे रोबोट के करतब देखकर हैरान थे, क्योंकि वह काम भी करता था, बोलता भी था।



राहुल ने अपने पिता जी से पूछा, ''पिता जी! रोबोट और क्या–क्या काम करता है?'' पिता जी ने बताया, ''बेटे! यह तो मात्र खिलौना रोबोट है, इसलिए यह कुछ मनोरंजन ही करता है। कोई कठिन काम नहीं करता। वैज्ञानिकों ने आदमी के स्थान पर काम करने के लिए जो रोबोट बनाए हैं, वे इसकी तुलना में काफी जटिल होते हैं। उनके अंदर जो मशीन होती है, वह भी काफी जटिल होती है। ऐसे रोबोट को बनाने में समय भी बहुत लगता है। इस कारण वे काफी महँगे होते हैं।'' करण ने पूछा, ''चाचा जी! जब वे बहुत महँगे होते हैं तो उन्हें क्यों बनाते हैं?''

राहुल के पिता जी ने कहा, ''बेटे! कुछ ऐसे भी देश हैं, जहाँ घर या कारखानों में काम करने के लिए आदमियों की कमी होती है, वहाँ इनसे काम लिया जाता है।''

सीमा ने पूछा, ''चाचा जी! आदमी की कमी होने पर आदमी तो कहीं से भी बुलाए जा सकते हैं, ये महँगे रोबोट क्यों बनाए जाते हैं? क्या ये आदमियों से भी अधिक काम करते हैं?''

''हाँ बेटी! ये आदमियों से कई गुना अधिक काम कर सकते हैं। ये थकते नहीं, इनसे गलतियाँ भी नहीं होतीं। ये रोबोट कुछ ऐसे भी काम करते हैं, जो आदमियों के वश के नहीं होते; जिनसे आदमियों की जान को खतरा होता है।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुकुल ने पूछा, ''चाचा जी! वे किस तरह के काम हैं?''

''जैसे कारखानों में गरम वस्तुओं को उठाना–रखना, जिन्हें मनुष्य जलने के डर से छू भी नहीं सकते। गहरे तेल के कुओं और खदानों में, जहाँ जहरीली गैसें होती हैं, वहाँ आदमियों के बदले रोबोट को भेजा जाता है। अंतरिक्ष–यात्राओं में भी रोबोट को भेजा जाता है। आजकल गहरे समुद्र में गोताखोरी का काम भी रोबोट से ही लिया जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी रोबोट मनुष्यों से अच्छा और तेज़ी से काम कर सकते हैं।''

राहुल ने पूछा,''पिता जी! ये रोबोट किस तरह से सब कार्य करते हैं? इन्हें कैसे पता होता है कि कौन–सा काम कब, कहाँ और कैसे करना है?''

''बेटे! मनुष्य के मस्तिष्क की तरह इस मशीनी मानव में एक यादगार यूनिट फिट होती है, जिसमें लाखों आदेश जमा किए जा सकते हैं। जो काम करवाने हों, उनकी सूची इस मशीन में डाल दी जाती है। इसके बाद एक के बाद एक काम स्वयं करते जाते हैं। सीधे ढंग से हम यह कह सकते हैं कि रोबोट के अंदर एक कंप्यूटर फिट होता है, जिसमें ये आदेश भरे होते हैं।''

''रोबोट में कुछ विशेष काम करने के लिए आदमियों की तरह उँगलियाँ फिट कर दी जाती हैं। इनसे वे किसी भी वस्तु को पकड़ सकते हैं, छोड़ सकते हैं, धक्का दे सकते हैं, घुमा सकते हैं, ऊपर–नीचे कर सकते हैं, दाएँ–बाएँ हिला सकते हैं।''

''रोबोट में कई प्रकार की गति करने की क्षमता होती है। ये हल्के–से–हल्का और भारी–से–भारी काम कर सकते हैं। कुछ तो ऐसे भी रोबोट बन चुके हैं, जो वातावरण में होने वाले परिवर्तन के अनुसार अपने को ढाल सकते हैं। कंप्यूटर की सहायता से वे किसी समस्या पर निर्णय भी ले सकते हैं।''

''एक रोबोट तो ऐसा भी बन चुका है, जो हवाई जहाज में पायलट का काम करता है। वह आम उड़ानों पर नियंत्रण रख सकता है।''

''रोबोट दफ्तरों में मेज साफ करते हैं, घरों में कपड़े धोते हैं, बिस्तर बिछाते हैं। अब तरह–तरह के काम करने के लिए अलग–अलग प्रकार के रोबोट बनाए जा रहे हैं। बेटे! अब समझ में आ गया होगा कि यह जो खिलौना आपको उपहार में मिला है, वास्तव में क्या चीज है।''

राहुल ने इस अनूठे उपहार के लिए अपने पिता जी को प्रणाम करते हुए धन्यवाद दिया। राहुल के सभी दोस्तों ने भी रोबोट की जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

जन्मदिन की पार्टी की मेज सजी थी। सभी बच्चों ने जल्दी–जल्दी खाना खाया। खाने के बाद सभी बहुत देर तक रोबोट के करतब देखते रहे, उसके साथ खेलते रहे। बच्चे–तो–बच्चे थे, बड़ों को भी खूब आनंद आया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

दिए गए शब्दों में से कुछ के सामने शब्दार्थ नहीं लिखे गए हैं। उन्हें नीचे बने कोष्ठक में से छाँटकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यस्त | – | काम में लगा हुआ | अनूठा | – | अनोखा, विचित्र |
| करतब | – | आश्चर्यजनक कार्य | रिमोट कंट्रोलर | – | ............................ |
| तुलना | – | ............................ | अंतरिक्ष | – | ............................ |
| विपरीत | – | उल्टा | यूनिट | – | इकाई |

(दूर से नियंत्रण करने वाला यंत्र, आकाश, दो वस्तुओं के गुण–दोष का मिलान करना)

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. जन्मदिन के दिन राहुल की दिनचर्या कैसी थी?

प्रश्न 2. रिमोट का बटन दबाने पर रोबोट ने क्या किया?

प्रश्न 3. यदि सभी कार्यालयों, कारखानों में रोबोट का उपयोग करें तो क्या होगा। रोबोट कौन–कौन से कार्य कर सकता है ?

प्रश्न 4. मशीनों के आने से हमारे जीवन में क्या फर्क पड़ा है?

प्रश्न 5. तुम अपने दैनिक जीवन में कौन कौन सी मशीनों का उपयोग करते हो?

प्रश्न 6. रोबोट व आदमी के कार्यों में क्या अंतर है?

प्रश्न 7. तुम अपना जन्मदिन कैसे मनाते हो, अपने शब्दों में लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

मस्तिष्क, कंप्यूटर, उँगलियाँ, समस्या, जन्मदिन, परिवर्तन, व्यायाम, गोताखोर, आदमियों। आदि शब्दों पर बच्चों से चर्चा करें।

### पढ़ो और समझो

क. रोबोट कठिन काम करता है।

ख. राहुल ने अनूठे उपहार के लिए पिता जी को धन्यवाद दिया।

पहले वाक्य में 'कठिन' शब्द 'काम' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'अनूठे' शब्द 'उपहार' शब्द की विशेषता बता रहा है। विशेषता बतानेवाले शब्दों को विशेषण और जिनकी विशेषता बताई जाए उन शब्दों को विशेष्य कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 1. इन वाक्यों में से विशेषण और उनके विशेष्य शब्दों को चुनकर अलग–अलग लिखो।**

क. खिलौना रोबोट कठिन काम नहीं करता;

ख. पिता जी ने अनूठा उपहार दिया।

ग. डिब्बे में लाल फीता बँधा था।

घ यह एक बड़ा खिलौना है।

**इस वाक्य को पढ़ो –**

''उसकी आवाज सुनकर मैं उठ गया।'' इस वाक्य में 'उठना' और 'जाना' क्रियाओं के सही रूप बनाकर 'उठ गया' क्रिया का प्रयोग हुआ है।

एक क्रिया के साथ जब दूसरी क्रिया मिल जाती है, तो दोनों क्रियाएँ मिलकर संयुक्त क्रिया कहलाती हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'उठना' मुख्य क्रिया 'उठ' और 'जाग' क्रिया का 'गया' मिलाकर 'उठ गया' संयुक्त क्रिया बनी है।

**प्रश्न 2. देना, जाना, पड़ना, जगना के उचित रूप बनाकर संयुक्त क्रिया के रूप में इनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो; उदाहरण देखो–**

चल देना– मेरी बात का उत्तर न देकर वह चल दिया।

**पढ़ो और समझो–**

क. हम इसका क्या करेंगे?

ख. ये रोबोट क्यों बनाए जाते हैं?

उपर्युक्त दोनों वाक्यों में प्रश्न पूछे गए हैं। इस तरह के वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

**प्रश्न 3. क्या, क्यों, कैसे, कब शब्दों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखे वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य बनाओ। एक शब्द का एक ही वाक्य में प्रयोग करो।**

क. वह जल्दी उठ गया।

ख. शाम को सभी मित्र आ गए।

ग. संगीत शीघ्र ही बंद हो गया।

घ. तुम सब इसके करतब देखोगे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**याद रखो–** प्रश्नवाचक वाक्य और आदेशात्मक वाक्य अलग–अलग हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में प्रश्न पूछे जाते हैं, आदेशात्मक वाक्य में आदेश दिए जाते हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है। आदेशात्मक वाक्य के अंत में पूर्णविराम लगाया जाता है। दोनों के उदाहरण देखो–

क. यह पाठ पढ़ो। (आदेशात्मक वाक्य)

ख. क्या तुमने पाठ पढ़ा? (प्रश्नवाचक वाक्य)

**इस वाक्य को पढ़ो–**'शाम को सभी मित्रों और अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया।' इस वाक्य में 'मित्रों' और 'अतिथियों' शब्द 'मित्र' और 'अतिथि' के बहुवचन हैं।

**प्रश्न 4. सोचकर लिखो कि बहुवचन बनाने में क्या अंतर आया है?**

## रचना

किसी मित्र सहेली को पत्र लिखो जिसमें तुम्हारे जन्मदिवस का वर्णन हो।

## योग्यता–विस्तार

- रोबोट के संदर्भ में नीचे दी गई जानकारी पढ़ो व कक्षा में इस पर चर्चा करो।

आज की मशीनी दुनिया में रोबोट इंसान के सच्चे साथी साबित हो रहे हैं। जोखिम भरे कामों को जल्दी और पूर्णता के साथ करने में रोबोट बेजोड़ हैं। 'वाकमारू' नाम के रोबोट का काम बुजुर्ग और अपंग लोगों की घर में मदद करना है। नवीनतम तकनीक से निर्मित रोबोट तो बम को निष्क्रिय करने, अंतरिक्ष में चहलकदमी करने, पानी के नीचे एवं खदानों में किए जाने वाले काम को भी आसान बना रहे हैं। हाल ही में अमेरिका में एक ऐसा रोबोट बनाया गया है जो अस्पतालों में सामानों की आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी सँभालेगा। मजे की बात यह है कि काम पूरा होने पर यह अपनी पुरानी जगह वापस आकर नया काम मिलने का इंतज़ार करेगा।

## गतिविधि

- रोबोट के संबंध में तुमने पाठ पढ़ा। अब तुम 'मैं रोबोट हूँ', 'मैं दूरदर्शन हूँ', 'मैं दूरभाष हूँ' आदि विषयों पर चर्चा करें।
- अपने किसी सहपाठी का जन्मदिन स्कूल में मनाओ।
- तुम्हारी शाला में किन–किन महापुरूषों की जयंतियाँ (जन्मदिन) कब–कब व कैसे मनायी जाती है? लिखो।

5A5JUB

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5AEFVY

पाठ–6

# चित्रकार मोर

– संकलित

संसार में बहुत–से लोग ऐसे होते हैं जो अपनी चिन्ता न करते हुए दूसरों की सहायता करके उन्हें आगे बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों को स्वतः ही सम्मान प्राप्त हो जाता है। यही आदर्श इस पाठ के चित्रकार मोर का है जो दूसरों को रंग–बिरंगा बनाने में स्वतः रंग–बिरंगा बन जाता है।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम, वचन, लिंग परिवर्तन, **'यदि तो, यदि नहीं तो'** लगाकर प्रश्न करना और उत्तर देना आदि।

बहुत पहले की बात है। तब सारे–के–सारे पक्षी सफेद रंग के होते थे। सारे संसार की रंगीनी देखकर उनका मन भी ललचाता था। वे सोचते थे काश, हम पक्षी भी फूल–पत्ती और रंगीन बादल जैसे रंग–बिरंगे हो जाएँ तो कितना अच्छा हो।

सब पक्षियों ने एक सभा बुलाई और विचार किया। सोचा, चलकर भगवान ब्रह्मा जी से रंग माँगा जाए। सारे पक्षी एकत्र होकर ब्रह्मा जी के पास पहुँचे। ब्रह्मा जी ने पक्षियों की माँग सुनी। उन्हें पक्षियों की माँग सही लगी। बेचारे सब–के–सब पक्षी सफेद हैं। उन्हें रंग मिल जाएँ तो वे भी संसार की रंगीनी में शामिल हो जाएँगे।



आए हुए सब पक्षियों को ब्रह्मा जी ने ध्यान से देखा। उनमें से उन्हें एक पक्षी चुनना था और उसको रंग–रोगन लगाने का अपना यह महत्वपूर्ण काम सौंपना था। आखिर उन्होंने वह पक्षी खोज ही लिया। लंबी पूँछ और ऊँची गरदनवाले पक्षी मोर को उन्होंने अपने इस काम के लिए सर्वथा उपयुक्त समझा।

ब्रह्मा जी ने अपने पास के सब प्रकार के रंग मोर को दे दिए और उसे पक्षियों को रँगने का काम सौंप दिया। मोर अपने भाग्य पर बहुत खुश हुआ। खुश होने के साथ–साथ वह अपने काम के प्रति अत्यंत सजग रहा।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों के समूह बना दें। अलग–अलग समूह में अलग–अलग अनुच्छेद देकर पढ़कर समझने के लिए समूह से कहें– फिर उनसे उस अनुच्छेद पर चर्चा करें। प्रत्येक समूह को उसी अनुच्छेद से प्रश्न बनाने एवं उनके उत्तर लिखने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर ने सारे जंगल में ढिंढोरा पिटवा दिया कि सब पक्षी अपनी पसंद का रंग लगवाने के लिए मेरे पास आ जाएँ।

थोड़ी ही देर में सब–के–सब पक्षी मोर के आगे कतार बाँधकर खड़े हो गए।

मोर ने रंगों की पिटारी खोल दी और एक–एक करके पक्षियों को रँगना प्रारंभ किया। जिस पक्षी को जो रंग पसंद था, मोर ने उसे वही रंग लगाया।

तोते ने पहले तो चोंच में लाल रंग लगवाया, फिर सारे शरीर को हरा रँगवा लिया। उसे कच्चे आम का रंग बहुत पसंद था।

नीलकंठ ने अपने गले को नीले रंग में रँगवाया। बतख को अपना सफेद रंग बहुत पसंद था। फिर भी उसने थोड़ा–सा नारंगी रंग अपनी चोंच और पैरों में लगवा लिया।

इसी प्रकार एक–एक करके सारे पक्षी आते–जाते रहे, मोर उनको मनचाहा रंग लगाता गया।



मोर दूसरे पक्षियों को तो रँगता जा रहा था लेकिन उनको रँगने से पहले रंग की परख करने के लिए वह अपने शरीर पर भी थोड़ा–सा रंग लगा लिया करता था।

धीरे–धीरे एक–एक करके सब पक्षी अपना शरीर रँगवाकर चले गए। किसी ने थोड़ा–सा रंग लगवाया तो किसी ने बहुत सारा। किसी ने एक रंग तो किसी ने कई रंग लगवाए। जिस पक्षी को जो रंग पसंद आया, उसने वही रंग लगवाया। कुछ पक्षी ऐसे भी थे जिन्हें अपना सफेद रंग ही प्यारा था; इसलिए उन्होंने कहीं पैर में, चोंच में या पीठ में थोड़ा–सा रंग लगवाकर ही संतोष कर लिया।

इधर मोर के पास सारे रंग समाप्त हो चुके थे। रंग समाप्त हो गए हैं, यह देखकर मोर बहुत उदास हो गया। सोचने लगा, ''मैं स्वयं क्या बिना रंग का रह जाऊँगा? दूसरों को रँगने के लिए मैंने इतनी मेहनत की, किंतु स्वयं मेरे अपने लिए कोई रंग नहीं बचा।''

इतने में शान्त, गंभीर और चतुर पक्षी, उल्लू वहाँ आया। मोर को उदास देखकर वह बोला– ''ओ चितेरे! उदास क्यों है? सब पक्षियों को रँग दिया, अब उदासी क्यों भला?''

मोर बोला –'' उल्लू भाई! मैं भी कैसा अभागा हूँ । सबको रंग बाँटता रहा, लेकिन मेरे पास अपने लिए तो कोई रंग ही नहीं बचा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर की बात सुनकर गंभीर स्वभाववाला उल्लू पहले तो खूब हँसा, फिर बोला, ''जरा अपना शरीर तो देख, अपने पंखों को देख, फिर उदास होना।''

उल्लू की बात सुनकर मोर ने अपने शरीर को देखा तो खुशी से झूम उठा। उसका शरीर तो रंग–बिरंगा, ढेर सारे रंगों की फुलवारी बन गया था।

उसे ध्यान आया – ''दूसरे पक्षियों को रँगने से पहले, परखने के लिए, मैं रंग अपने शरीर पर ही तो लगा रहा था। बस, वे सारे रंग मेरे अपने हो गए।''

वह बहुत खुश हुआ। अभी वह अपनी खुशी पूरी तरह से प्रकट भी नहीं कर पाया था कि आसमान पर काले–काले बादल छा गए। देखते–ही–देखते वर्षा होने लगी।

सारे पक्षी अपना रंग बचाने के लिए वृक्षों, लताओं, घोंसलों में जा छिपे। बेचारा मोर इतना भारी–भरकम शरीर लेकर कहाँ जाता? उसे लगा कि अब तो पानी की बूँदें उसके सारे रंग धो डालेंगी और वह पहले जैसा बेरंग और श्वेत हो जाएगा। किन्तु ब्रह्मा जी ने जो रंग दिए थे, वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के पानी से धुल जाते? वे तो पक्के हो चुके थे।

मोर ने देखा पानी की बूँदों का तो उसके शरीर पर, उसके रंगीन पंखों पर कोई असर ही नहीं हो रहा था। बस, फिर क्या था ? खुशी के मारे उसने सारे पंख फैला लिए और वह नाचने लगा।

तब से लेकर आज तक मोर जब भी बादलों को देखता है, तब अपने शरीर के सुंदर रंगों को देखकर पंख फैलाकर नाचने लगता है।

## शब्दार्थ

नीचे कोष्ठक में भी कुछ शब्दों के अर्थ लिखे हैं। इन्हें सही शब्द के सामने छाँटकर लिखो।

(बिना रंग के, सफेद या धवल, चित्रकार, ढक्कनवाली टोकरी)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एकत्र | – | इकट्ठा | अभागा | – | बुरे भाग्यवाला |
| रुआँसा | – | रोने के समान | श्वेत | – | ...................... |
| बेरंग | – | ........................ | चितेरे | – | ...................... |
| पिटारी | – | ...................... | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सारे संसार को रंगीन देखकर पक्षी क्या सोचते थे?

प्रश्न 2. पक्षियों ने रंग पाने के लिए क्या प्रयास किया?

प्रश्न 3. मोर रंग–बिरंगा कैसे हो गया?

प्रश्न 4. ब्रह्मा जी ने रंग–रोगन के लिए मोर को ही क्यों चुना?

प्रश्न 5. मोर की बात सुनकर उल्लू क्यों हँस पड़ा था?

प्रश्न 6. मोर के शरीर पर लगा रंग वर्षा के पानी से धुल जाता तो क्या होता?

प्रश्न 7. मोर अन्य पक्षियों को रंग लगाते समय अपने शरीर पर रंग लगाकर न देखता तो क्या होता?

प्रश्न 8. पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है ? इस तथ्य पर पुष्टि हेतु अपने तर्क दें।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो–**

अ. मन ललचाना   ब. ढिंढोरा पिटवाना   स. खुशी से झूम उठना

**प्रश्न 2. कुछ शब्दों का प्रयोग कभी–कभी दो बार भी होता है, जैसे– क्या–क्या, साथ–साथ, कौन–कौन, एक–एक, कब–कब, काले–काले आदि।**

इन शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

### समझो

- एक ही शब्द के एक से ज्यादा अर्थ हो सकते हैं। नीचे लिखे उदाहरण पढ़ो और समझो।

**धरा–** क. वर्षा ऋतु में धरा हरी–भरी हो जाती है।

ख. नाटक दिखाने के लिए मोहन ने अजीब रूप धरा।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार 'बेर' का दो अर्थों में प्रयोग करो।**

- कभी–कभी निषेधवाचक वाक्य को 'क्या' का प्रयोग करके भी प्रकट किया जाता है, जैसे–

वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के भय से धुल जाते?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. अब 'क्या' शब्द का ऐसे ही अर्थ में प्रयोग करो।**

- इन वाक्यों को पढ़ो–

  क. बच्चा हँस रहा है।

  ख. हँसना बच्चे के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

  पहले वाक्य में 'हँसना' क्रिया के रूप में प्रयोग हुआ है और दूसरे वाक्य में यह संज्ञा है।

**प्रश्न 5. 'खेलना' शब्द को दोनों रूपों में अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- मोर का एक बड़ा चित्र बनाकर उसमें चमकीले रंग भरो और कक्षा की दीवार पर लगाओ।
- अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी एक पक्षी के संबंध में जानकारी दो जिसमें उसके आवास, भोजन, रंग–रूप और बोली आदि का विवरण हो।

## योग्यता–विस्तार

- तुम्हारे आसपास रहने वाले पक्षियों की जानकारी प्राप्त कर निम्न तालिका में भरो –

| पक्षियों के नाम | | रंग | कहाँ रहते है |
|---|---|---|---|
| स्थानीय | वैज्ञानिक | | |
| | | | |

5ANBXL

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–7

# क्यूँ–क्यूँ छोरी

– महाश्वेता देवी

आम तौर पर लड़कियों को चुप रहने की शिक्षा दी जाती है, जो अनुचित है। उनमें भी जिज्ञासा भरी होती है। प्रश्न पूछकर वे संसार की हर बात जानना चाहती हैं। जिज्ञासा शांत होने से उनका मानसिक विकास होता है। अतः उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उन्हें अवश्य मिलने चाहिए। इस पाठ में एक आदिवासी लड़की की कहानी है जो बात–बात में प्रश्न पूछती रहती थी और लेखिका उसके प्रश्नों का उत्तर देती थी।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों पर ध्यान देकर पढ़ना, वाक्य परिवर्तन, विशेषण एवं विशेष्य की पहचान, भाववाचक संज्ञा बनाना, एकवचन से बहुवचन शब्द बनाना, क्यूँ/क्यों लगाकर प्रश्न बनाना।

छोटी–सी लड़की थी वह! क़रीब दस साल की। एक बड़े–से साँप का पीछा कर रही थी। मैं उसके पीछे भागी और उसकी चोटी पकड़कर उसे ले आई। ''ना, मोइना ना,'' मैं उस पर चिल्लाई।



''क्यूँ?'' उसने पूछा।

''वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग,'' मैंने उससे कहा।

''तो! नाग को क्यूँ न पकड़ूँ?''

''क्यों पकड़ो?'' मैंने कुछ नाराजगी के साथ पूछा।

''पता है, हम साँप खाते हैं! मुंडी काट दो, चमड़ा बेच दो, मांस पकाकर खा लो'', उसने बड़े भोलेपन से उत्तर दिया।

''नहीं, इसे नहीं'', मैंने उसे समझाते हुए कहा। तुम्हें ऐसा नहीं करना है।''

''हाँ, हाँ, करूँगी,'' उसने हठपूर्वक कहा।

''पर क्यों ऐसा करोगी?'' मैं उसे शबर सेवा समिति के दफ्तर तक ले आई। उसकी माँ

**शिक्षण–संकेत –** पाठ पढ़ाने के पूर्व आदिवासियों के जीवन, चरित्र आदि पर चर्चा करें। कहानी को विराम चिह्नों और ह्रस्व–दीर्घ को ध्यान में रखकर प्रवाहपूर्वक पढ़ने का अभ्यास कराएँ। मोइना के चरित्र पर चर्चा करते हुए प्रसंग को बालिका शिक्षा से जोड़ें। छात्राओं को मोइना की तरह जिज्ञासु, निडर एवं स्वाभिमानी बनने के लिए प्रेरित करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



'खीरी' वहाँ एक टोकरी बुन रही थी।

''चलो, थोड़ा आराम कर लो''– मैंने कहा।

''क्यूँ?'' उसने फिर कहा।

''क्यूँ नहीं? थकी नहीं हो क्या?'' मैंने पूछा।

मोइना ने नकारते हुए सिर हिलाते हुए कहा– ''बाबू की बकरियाँ कौन घर लाएगा? और लकड़ी लाना, पानी लाना, चिड़िया पकड़ने का फंदा लगाना, सब कौन करेगा?''

उसके इन प्रश्नों को सुनकर मैं कुछ सोचने लगी।

खीरी ने उससे कहा– ''बाबू ने जो चावल भेजा है, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना न भूलना।''

''क्यूँ? क्यूँ दूँ उसे धन्यवाद? उसकी गोशाला धोती हूँ, हजारों काम करती हूँ उसके लिए। कभी धन्यवाद देता है मुझे? मैं क्यूँ उसे धन्यवाद दूँ?''

मोइना अपने काम पर भाग गई। खीरी सिर हिलाती रह गई। फिर मुझसे बोली– ''ऐसी लड़की नहीं देखी कभी। बस क्यूँ! क्यूँ! की रट लगाए रहती है। गाँव के पोस्टमास्टर ने तो उसका नाम ही 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया है।''

''मोइना मुझे तो अच्छी लगती है,'' मैंने खीरी से कहा।

''इतनी जिद्दी है कि एक बात पकड़ ले तो उससे हटती नहीं,'' खीरी ने कहा। मोइना आदिवासी लड़की थी; शबर जाति की। शबर लोग गरीब और भूमिहीन थे। पर शबर कभी शिकायत करते सुनाई नहीं देते थे। सिर्फ मोइना ही थी जो सवाल–पर–सवाल करती जाती।

''क्यूँ मुझे मीलों चलना पड़ता है नदी से पानी लाने के लिए? क्यूँ रहते हैं हम पत्तों की झोंपड़ी में? हम दिन में दो बार चावल क्यूँ नहीं खा सकते?''

मोइना गाँव के संपन्न लोगों की बकरियाँ चराया करती थी। न तो वह अपने को दीन–हीन समझती थी, न ही मालिकों का अहसान मानती थी। वह अपना काम करती, काम खत्म होने पर घर आ जाती और बुदबुदाती रहती– ''क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं? मैं तो बढ़िया खाना खाऊँगी। शाम को हरे पत्तेवाली भाजी (साग) और चावल और केकड़े मिर्चीवाले। सभी घरवालों के साथ बैठकर खाऊँगी।''

वैसे शबर अपनी लड़कियों को आम तौर पर काम पर नहीं भेजते। पर मोइना की माँ, खीरी, एक पाँव से लँगड़ी थी। वह ज्यादा चल–फिर नहीं सकती थी। उसके पिता काम की तलाश में दूर, जमशेदपुर गए थे और उसका भाई, गोरो, जलाऊ लकड़ी लेने जंगल जाता था। सो मोइना को भी काम करना पड़ता था।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उस अक्टूबर में मैं 'शबर सेवा समिति' के दफ्तर में पूरा एक माह रुकी। एक सुबह मोइना ने घोषणा की कि वह समितिवाली झोंपड़ी में मेरे साथ रहेगी।

''बिल्कुल नहीं'' खीरी ने कहा।

''क्यूँ नहीं? इतनी बड़ी झोंपड़ी है। एक बुढ़िया के लिए कितनी जगह चाहिए?''

''तुम्हारे काम का क्या होगा?'' मैंने उससे पूछा।



''काम के बाद आया करूँगी'', उसने तुरंत ही अपना निर्णय सुना दिया। और वह एक जोड़ी कपड़े तथा एक नेवले के साथ आ पहुँची।

''यह बस जरा–सा खाना खाता है और बुरे साँपों को दूर भगा आता है,'' उसने कहा।

''अच्छेवाले साँपों को मैं पकड़कर माँ को दे देती हूँ। क्या बढ़िया तरीवाला साँप (साग) बनाती है माँ। तुम्हारे लिए भी थोड़ा लाऊँगी।''

समिति के विद्यालय की शिक्षिका, मालती ने मुझसे कहा– '' आप तो तंग आ जाएँगी इसकी क्यूँ–क्यूँ सुनते–सुनते।''

और वाकई, वह अक्टूबर ऐसा बीता कि पूछो मत। ''क्यूँ, मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं? उसके लड़के खुद क्यूँ नहीं चराते? मछलियाँ बोल क्यूँ नहीं पातीं? अगर कई तारे सूरज से बड़े हैं तो वे इतने छोटे क्यूँ नजर आते हैं?'' और ''हर रात को तुम सोने के पहले किताबें क्यूँ पढ़ती हो?''

'' इसलिए कि किताबों में तुम्हारी क्यूँ–क्यूँ के जवाब मिलते हैं,'' मैंने उसे उत्तर दिया।

यह सुन वह चुप रही। उसने कमरा ठीक–ठाक किया। फूलोंवाले पौधे को पानी दिया, नेवले को मछली दी। फिर उसने कहा– '' मैं पढ़ना सीखूँगी और अपने सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़ निकालूँगी।''

जो–जो वह मुझसे सीखती, वह बकरियाँ चराते समय दूसरे बच्चों को बताती। ''कई तारे तो सूरज से भी बड़े हैं, सूरज पास है इसलिए बड़ा दिखता है। मछलियाँ हमारी तरह बातें नहीं करतीं। मछलियों की अपनी भाषा है, जो सुनाई नहीं देती। तुम्हें पता है पृथ्वी गोल है?''

एक साल बाद जब मैं उस गाँव में दुबारा पहुँची, तो सबसे पहले मोइना की आवाज ही सुनाई दी।

''स्कूल क्यूँ बंद है?'' समिति के स्कूल के अंदर एक मिमियाती बकरी को अपने साथ घसीटते हुए वह मालती से ललकारने जैसी आवाज में पूछ रही थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



"क्या मतलब है तुम्हारा, क्यों बंद है कहने का?"

"तो तुम्हें रोक कौन रहा है?"

"पर कोई कक्षा ही नहीं लगी। कहाँ पढ़ूँ?"

"स्कूल का समय पूरा हो चुका है।"

"क्यूँ?" उसने फिर प्रश्न किया।

"तुम जानती हो मोइना, मैं सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक कक्षा लगाती हूँ।"

मोइना ने पाँव पटकते हुए कहा–"तुम समय बदल क्यूँ नहीं देती? मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी होती हैं सुबह; मैं तो केवल ग्यारह बजे के बाद ही आ सकती हूँ। तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से? मैं बूढ़ी माँ को बता दूँगी कि बकरी चरानेवाले या गाय चरानेवाले, हम लोगों में से कोई भी नहीं आ सकेगा, अगर स्कूल का समय नहीं बदला तो।"

तभी उसने मुझे देखा और अपनी बकरी ले नौ दो ग्यारह हो गई।

शाम को घूमते–घूमते मैं मोइना की झोंपड़ी पर गई। मोइना चौके के पास मजे–से बैठी, अपनी छोटी बहन और बड़े भाई को बता रही थी। "एक पेड़ काटो तो दो पेड़ लगाओ। खाने के पहले हाथ धोओ, जानते हो क्यूँ? पेट दर्द हो जाएगा, अगर नहीं धोओगे तो। तुम कुछ नहीं जानते। जानते हो क्यूँ? क्योंकि तुम स्कूल नहीं जाते।"

गाँव में जब प्राइमरी स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

मोइना अब बीस साल की है। वह समिति के स्कूल में पढ़ाती है। अगर तुम उसके स्कूल के पास से गुजरो तो निश्चित ही तुम्हें उसकी आवाज सुनाई देगी– "आलस मत करो। मुझसे सवाल करो। पूछो, क्यूँ मच्छरों को खत्म करना चाहिए? ध्रुवतारा हमेशा उत्तर की ओर के आकाश में ही क्यूँ रहता है? पेड़ क्यूँ नहीं काटने चाहिए?"

और दूसरे बच्चे भी अब पूछना सीख रहे हैं–"क्यूँ?"

वैसे मोइना को पता नहीं है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। अगर उसे पता चल जाए तो कहेगी, "क्यूँ? मेरे ही बारे में क्यूँ?"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हठपूर्वक | – | जिद करके | नकारना | – | मना करना |
| बुदबुदाना | – | धीरे–धीरे बोलना | दुबारा | – | ..................... |
| ललकारना | – | ..................... | दाखिल | – | .................... |
| वाकई | – | वास्तव में | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उपरोक्त शब्दार्थों में से कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(भर्ती, दूसरी बार लड़ने के लिए उकसाना)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** मोइना द्वारा पूछे गए 'क्यूँ–क्यूँ वाले' प्रश्नों को लिखो।

**प्रश्न 2.** मोइना ने स्कूल का समय बदलने के लिए क्या–क्या तर्क दिए?

**प्रश्न 3.** मोइना के भाई और पिता के बारे में पाठ में क्या बताया गया है?

**प्रश्न 4.** अगर तुम्हें किसी व्यक्ति को बताना हो कि मोइना कैसी लड़की थी, तो तुम उसके बारे में क्या बताओगे/बताओगी ?

**प्रश्न 5. नीचे लिखे वाक्यों को पाठ के घटनाक्रम अनुसार लिखो–**

क. वह साँप का पीछा कर रही थी ।

ख. गाँव में जब स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

ग. पोस्टमास्टर ने उसका नाम 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया।

घ. एक जोड़ी कपड़े और नेवले के साथ आ पहुँची।

**प्रश्न 6. नीचे मोइना के द्वारा कहे गए वाक्य उद्धृत हैं। इन वाक्यों से मोइना के चरित्र की क्या विशेषताएँ प्रकट होती हैं?**

क. "मैं पढ़ना सीखूँगी और सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़कर निकालूँगी।"

ख. "तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से?"

**प्रश्न 7. नीचे लिखे प्रश्नों के तीन–तीन उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर लिखो।**

क. मोइना पढ़ना चाहती थी, क्योंकि पढ़–लिखकर वह:–

1. नौकरी करना चाहती थी।
2. वह अपने प्रश्नों के उत्तर स्वयं खोजना चाहती थी।
3. वह आस–पड़ोस की लड़कियों को पढ़ाना चाहती थी।

ख. 'क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं?' इस सोच से मोइना के चरित्र के किस गुण का पता लगता है?

1. घमंड 2. आत्मसम्मान 3. क्रोध

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 8. नीचे लिखे कथनों में जो सही हों उनके सामने ✓ और जो गलत हों उनके सामने × का चिह्न लगाओ।**

क. मोइना आदिवासी लड़की थी। ( )

ख. मोइना का नेवला बुरे साँपों को मारता है। ( )

ग. शबर लोग आमतौर पर लड़कियों को काम पर भेजते हैं। ( )

घ. मोइना की माँ, खीरी, तरीवाली सब्जी नहीं बनाती। ( )

ङ. मोइना को पता है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। ( )

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों को क्या, किसका, कितनी, कितने, क्यों का प्रयोग करते हुए प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलो। एक शब्द का प्रयोग एक बार ही करो।**

क. उसने फिर कहा।

ख. एक बुढ़िया को जगह चाहिए।

ग. मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं।

घ. आकाश में तारे नजर आते हैं।

ङ. उसने खाना बनाया।

**इस वाक्य को पढ़ो–**

"वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग"– मैंने उससे कहा।

'धामन' तो साँप की एक जाति है, लेकिन 'वामन' का क्या अर्थ है? 'वामन' यहाँ निरर्थक शब्द है। हम प्रायः बातों में कह देते हैं– मुझे स्कूल–फिस्कूल कहीं नहीं जाना है। दाल–वाल का झंझट छोड़ो। ऐसे संयुक्त शब्दों में दूसरा शब्द निरर्थक रहता है।

**प्रश्न 2. इसी प्रकार के दो संयुक्त शब्द लिखो और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए उदाहरणों में से विशेष्य और विशेषण को अलग–अलग करके लिखो –**

क. भोली लड़की ख. काला साँप

ग. सुंदर टोकरी घ. चमकीला सूरज

- एक वस्तु को कई नामों से जाना जाता है। पानी को 'जल' और 'नीर' भी कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4 इसी प्रकार पेड़ और सूरज के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5. नीचे लिखे शब्दों के साथ दिए गए प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।**

क. अकड़ + बाज़ ख. गाड़ी + वान

ग. जान + दार घ. कलम + दान

ङ. साँप + इन

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों के तत्सम रूप लिखो–**

साँप, चमड़ा, सिर, सूरज, पत्ता, भाई।

## रचना

- शिक्षिका बनने के बाद मोईना ने गाँव के बच्चों की शिक्षा के लिए क्या–क्या कार्य किए होंगे? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- शासन द्वारा आदिवासियों के जीवन को सुधारने के बहुत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को अपने शिक्षक/अभिभावक से जानो।
- जब कक्षा में तुम्हारे मन में कुछ प्रश्न उठते है तो तुम शिक्षक से प्रश्न पूछते हो या डरते हो। हमें शिक्षक से प्रश्न क्यों पूछना चाहिए।
- यदि तुम शिक्षक होते तो इस पाठ को पढ़ाने के बाद अपने बच्चों से क्या–क्या प्रश्न पूछते? उसकी सूची बनाओ।

5B741H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SQDPQ7

पाट – 8

# gVVkx

पाबे मालेते अहनेक हुंजनहोक मुल्पे तयहा तोर मानेय ते हट्टोंग वेहन्ना रिवज मंता। इद पाट ते गोंडी बूम तंग अकल कीनह हट्टोनुंग वेहले आता।

bn ikV r dfj; dkV–पोल्लो वड़क्ला अन अकल कीस वेहला पुंदकाट।




01. अवहारी उद्स मन्ता,
मियड़हारी कन्दरे मायता ।

02. बटते मन्दना बटबड़दल,
गूडा ते मन्दना गूडंग गोप्पे ।

03. मुल्तेक लोपयता,
वियतेक उड़ियता ।

04. हेरे गूरे मट्टा हिल्ले,
तिन्ज हूड़्तेक पेड़ेम हिल्ले ।

05. लेक्ता मट्टा ओहनह आयता,
मति ! हेरेता मट्टा ओहनह आयो ।

06. चित्रल चित्रल इन्तोर, दायता वायता,
मति ! तानंग कोज्जिंग हिल्लेंग ।

07. हाह दामड़िग हांग तंग,
कुरंग पडंग पट्तंग ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



08. उद्स कूरकेना लोन हिल्ले,
बूक माड़केना तल्ला हिल्ले ।
09. उचूहनोर पेकाल–एर्र लेवय,
लोन पन्डयतोर ।
10. कारियल मट्टा ते मन्तोना ।
नत्तर्रल एर्र उन्टोना ।
11. प्योर्रो बूमता लैया वाता,
आकते मेंज तास्ता ।




iMg fd ;guk vkM Mx j &हट्टोनुंग हड़क–हड़क समजे मानह पड़हे कियाना। हट्टोना बारे ते समजह कियाना।कक्षा ते हट्टोना जबाब कंजला कोसित् कियाना। पीलानुंग बाटंग कीस केंच पड़हे कियीहचोर दूसरा वड़काडंग पीलान्नुंग वेहला इंदना अन हट्टोंग वेहला संग हियाना।

tckc %& 1. मल्ला अन पर्रस/हुकुड़ 2. मोल्लोल अन हम्मुल 3. लोन 4. आदूर 5.कप्पार 6. डोंगा 7. कुमोड,तेरिया 8.कुरवाल, एटे 9. अल्लूम 10. पोड़्क 11. नल काया।

Vfl iuk vj[r &

| | | |
|---|---|---|
| बटते | – | दिप्पते, एर्र हिलवा डेरा। |
| बटबड़दल | – | दिप्पते मंदना (जानवोर) काजेर। |
| गोप्पे | – | ओल्स मंदन्ना। |
| हेरे गूरे | – | बेके अन बेके,कुबेय लेक, कोन्डा अववाह। |
| हाह दामड़िंग | – | हाहलेंग,डोरिंग लेहका हांगलेंग। |
| पट्टतंग | – | पिट–पट हुंजलेंग,मुटलेंग। |
| नतर्रल | – | नतुर्र लेहना। |

tcku dfj ; uk

xkd tcku &

कक्षाते पीलान्नुंग रण्ड बाटंग कीस पूचे मालेनुंग वेहान्ना, वेहन्नातुन संग हियाना। गुरूजी इदे पाट तंग मन्ते पूचे मायनूर। इदानंग गला जबान किया पर्रतोर–

d- हट्टोंग पूचे मातेक बाता करिंय पुटायता ?

[k- इदानंगे हट्टोंग रण्ड बाटानोर पूचे मायी–माया आइर ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## vfM; ghyx tcfuuk tckc dkVV &

1. इद हट्टो ते बटबड़दल बद्द काजेर तुन इंतोर ?
2. वर्रोड़ पेकल जोर ना बूतो कीसोर बाता पंडयतोर ?
3. बरहोरा सेवा कियन्ना बद्द हट्टो ते वेहले आता ?
4. तिंज हूड़तेक पड़ेम हिल्ले बांगुन इंतोंर ?
5. ओरून बरोसा बद्द जीवा जियेमायता ?

## bo gVVkuk vjir gMdy ogkV&

1. मुलतेक लोपयता, वियतेक उड़ियता।
2. चितरल–चितरल इंतोर, दायता वायता, मति! तानंग कोज्जिंग हिलेंग।

## fiLy Mjk ri fugkV &

1. पोर्रो बूम तह..................वाता,
   आकते.......................तासता।
2. ............................मट्टा हिल्ले।
3. हाहदामड़िंग......................... ।
4. उद्स कूरके ना...........हिल्ले।
5. तिंज हूड़तेक................हिल्ले।

## ikYyk rk vkM Mxj

1. गोंडी वड़कना टप्पिनुंग हिन्दी ते कोटट्–
   अवहारी, मट्टा, कोज्जिंग, तल्ला, उचुहनोर।

## ghyx Vfliux fiLy Mjkr fugkV & ¼Mkxk] uydk;k] ,V½

1. ऊसा पहर डोडा वंडाना तुन........................इंतोर।
2. ..................बूकातह माड़्क्स मंता।
3. आकता मेंज.................तुन इंतोर।

**gRrye Vflix dkVV &** उचुहना, पोर्रो, हेरेता, वियतेक, लोपयता, कंदरेमायना।

**vdy cjLguk &** गोंडी वड़कन टप्पिते इंतोर –

1. सपजनले हुडुलोन इंतोर – तमुर्र।
2. कूरकवल मानेयतुन इंतोर – जुमर्राहल।
3. इदानंगे दुसरंग हट्टोंग कक्षा ते वेहाट।

SQFQPA

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5BYR6U

## पाठ–9

# श्रम के आरती

– भगवती लाल सेन

हमन मिहनत करइया मनखे अन। हमला कोनो ले डर्राय के बात नइहे। हमन ये पाय के मिहनत करथन ताकि संसार ल सुख मिलय। ये कविता म छत्तीसगढ़िया मन के इही भाव ल बताय गे हे।

**पाठ ले हम सीखबोन–** छत्तीसगढ़ी के नवा शब्द अउ हिन्दी म ओकर अरथ। छत्तीसगढ़ी हाना ओकर अर्थ अउ प्रयोग।

काबर डर्राबोन कोनो ल, जब असल पसीना गारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।
चाहे कोनों हाँसे–थूँके, रद्दा के काँटा चतवारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
कल अउ कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जांगर वाला जागत हावय।



दुनिया के सुख बर दुख सहिके, पथरा ले तेल निकारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।
सुस्ता के अमरित–कुंड आज हम, गजब जतन ले झारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।

**शिक्षण–संकेतः–** पाठ ल पढ़ाय के पहिली छत्तीसगढ़ के जन–जीवन उपर चरचा करँय। मजदूर अउ किसान मन के महिनत के महत्तम बतावत लइका मन ल पाठ ले जोड़ँय। कविता ल लय के साथ गावँय अउ लइका मन ल दुहराय बर कहँय, तेकर पाछू भाव–बोध करावँय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नइ थकिस कभू चंदा–सुरुज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।
जम्मो मनखे बर एक नीत, सुनता–मसाल हम बारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।



## कठिन शब्द मन के हिन्दी अरथ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काबर | – | क्यों | डर्राबोन | – | डरेंगे |
| कोनों | – | किसी, कोई | जम्मो | – | सब कुछ |
| चतवारत | – | साफ करना | करिया | – | काला |
| जतका | – | जितना | पोंगा | – | भोंपू |
| जागत | – | सचेत | कस | – | जैसे |
| बूता | – | काम | अस | – | ऐसे |
| नांगर | – | हल | भुइयाँ | – | जमीन |
| जतन | – | युक्ति | गजब | – | बहुत |
| झारत | – | निकालना | भरम | – | भ्रम |
| परघाए बर | – | अगवानी करने के लिए | | | |
| कल | – | मशीन, बीते/आनेवाला दिन | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कविता का भावार्थ

हम किसी से क्यों डरेंगे? हम अपने सुखद भविष्य के लिए कठोर परिश्रम कर पसीना बहा रहे हैं। चाहे कोई हमारी हँसी उड़ाए, हम रास्ते की रुकावटों–बाधाओं को दूर करने में लगे हुए हैं। कल–कारखानों से आनेवाली भोंपू की आवाज हमें जागने एवं परिश्रम करने का संदेश दे रही है। हम कठिन परिश्रम इसलिए कर रहे हैं ताकि संसार को सुख मिले। खेतों में निरंतर कार्य करने के कारण हमारा सुंदर शरीर काला पड़ गया है किन्तु हमें इसकी चिंता नहीं है। हमारी मेहनत का ही नतीजा है कि धरती पर हरियाली है और भरपूर अन्न का उत्पादन हो रहा है। आज हम अपने इसी परिश्रम के फलस्वरूप प्राप्त खुशहाली का आनंद ले रहे हैं। हम देख रहे हैं कि सूर्य और चंद्रमा बिना थके निरंतर अपने रास्ते पर चलते रहते हैं और उजियाला फैलाते रहते हैं। सचमुच संसार में अच्छे कार्य करनेवालों का ही नाम अमर होता है, इसमें किसी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है। हम छत्तीसगढ़वासी चाहते हैं कि सभी मनुष्य एक नीति के मार्ग पर चलें इसीलिए हम सलाह–मशवरा कर एकता रूपी मशाल जला रहे हैं।

## प्रश्न अउ अभ्यास

### गतिविधि

. शिक्षक लइका मन ल दू दल म बाँट के एक–दूसर ले मुँहअँखरा प्रश्न पूछय ल कहँय। प्रश्न अइसन हो सकत हें–

क. 'श्रम के आरती' कविता के कवि के नाव बतावव।

ख. हमला कोनो ले काबर नइ डरना चाही ?

ग. छत्तीसगढ़वासी मन श्रम के आरती काबर उतारत हें ?

### बोधप्रश्न

**प्रश्न 1.खाल्हे लिखाय प्रश्न मन के उत्तर लिखव–**

क. 'श्रम के आरती उतारत हन' के का अर्थ हे ?

ख. मिल के पोंगा ह हाँक पार के का कहत हे ?

ग. दुनिया ल सुखी बनाय बर छत्तीसगढ़ के मनखे मन का करत हे ?

घ. भुइयाँ कइसे हरिया जाथे ?

ङ. कवि के अनुसार काकर नाव अमर हो जाथे ?

**प्रश्न 2.ये पंक्ति मन के अरथ स्पष्ट करव–**

क. कल अउर कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जाँगर वाला जागत हावय।।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ख. सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।।

ग. नइ थकिस कभू चन्दा–सुरूज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।।

**प्रश्न 3.खाल्हे लिखाय भाव कविता के जेन पंक्ति में आय हे, ओ पंक्ति ल छाँट के लिखव–**

क. संसार के सुख के खातिर हमन दुख सहिके कड़ा महिनत करत हन।

ख. हमन अमरित कुंड ले बड़ जतन करके अमरित निकालत हन।

ग. जम्मो मनखे बर एक नीत बने, ये सोचके हमन सुनता के मसाल बारत हन।

## भाषातत्व अउ व्याकरण

**प्रश्न 1.खाल्हे लिखाय मुहावरा मन के अरथ लिखव–**

श्रम के आरती, पसीना–गारना, पथरा ले तेल निकालना, जाँगरवाला, भरम के बहिरासू, सुनता–मसाल।

**प्रश्न 2.खड़ी बोली म समान अरथ वाला शब्द लिखव–**

सुरुज, अउर, पथरा, माटी, करिया, भुइयाँ, अमरित, मनखे, जतन, गुनवान, अवगुन, नीत, नाव।

प्रश्न 3. पाठ म आय अइसन शब्द मन ल छाँट के लिखव जेकर उल्टा अर्थ वाला शब्द घलो कविता म आय हे, जइसे– सुख–दुख।

## योग्यता विस्तार

- छत्तीसगढ़ के कोनो कवि के कोई कविता या गीत खोज के लिखव अउ याद करव।

## गतिविधि

क. कक्षा म कोई छत्तीसगढ़ी लोकगीत सुनावव।

ख. शिक्षक कक्षा ल दू दल म बाँट देवँय। दूनों दल के लइका मन एक–दूसर ले "जनउला" पूछे के खेल खेलँय।

5C8M8H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# पाठ–10

# सुनीता की पहिया कुर्सी

5CHIA5



सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही। वह सोच रही थी कि आज उसे क्या–क्या काम करने हैं। उसे याद आया कि आज तो बाजार जाना है। सोचते ही उसकी आँखों में चमक आ गई। सुनीता आज पहली बार अकेले बाजार जाने वाली थी।

उसने अपनी टाँगों को हाथ से पकड़ कर खींचा और उन्हें पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई अपनी पहिया कुर्सी तक बढ़ी। सुनीता चलने–फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती है। आज वह सभी काम फुर्ती से निपटाना चाहती थी। हालाँकि कपड़े बदलना, जूते पहनना आदि उसके लिए कठिन काम हैं। पर अपने रोजाना के काम करने के लिए उसने स्वयं ही कई तरीके ढूँढ निकाले हैं।



आठ बजे तक नहा–धो कर तैयार हो गई।



माँ ने मेज पर नाश्ता लगा दिया था। ''माँ अचार की बोतल पकड़ाना'', सुनीता ने कहा।

''अल्मारी में रखी है। ले लो'', माँ ने रसोईघर से जवाब दिया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



सुनीता खुद जाकर अचार ले आई। नाश्ता करते–करते उसने पूछा, ''माँ, बाजार से क्या–क्या लाना है? ''

''एक किलो चीनी लानी है। पर क्या तुम अकेले सँभाल लोगी?''

''पक्का'', सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा ।

सुनीता ने माँ से झोला और रूपए लिए। अपनी पहिया कुर्सी पर बैठकर वह बाजार की ओर चल दी।

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता है। चूँकि आज छुट्टी है इसलिए हर जगह बच्चे खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुनीता थोड़ी देर रूक कर उन्हें रस्सी कूदते, गेंद खेलते देखती रही। वह थोड़ी उदास हो गई। वह भी उन बच्चों के साथ खेलना चाहती थी। खेल के मैदान में उसे एक लड़की दिखी, जिसकी माँ उसे वापिस लेने के लिए आई थी। दोनों एक–दूसरे को टुकुर–टुकुर देखने लगे।





फिर सुनीता को एक लड़का दिखा। उस बच्चे को बहुत सारे बच्चे''छोटे–छोटू'' बुलाकर चिढ़ा रहे थे। उस लड़के का कद बाकी बच्चों से बहुत छोटा था। सुनीता को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगा।

रास्ते में कई लोग सुनीता को देखकर मुस्कुराए, जबकि वह उन्हें जानती तक नहीं थी। पहले तो वह मन ही मन खुश हुई परंतु फिर सोचने लगी,'' ये सब लोग मेरी तरफ भला इस तरह क्यों देख रहे हैं?

खेल के मैदान वाली छोटी लड़की सुनीता को दोबारा कपड़ों की दुकान के सामने खड़ी मिली। उसकी माँ कुछ कपड़े देख रही थी।

''तुम्हारे पास यह अजीब सी चीज क्या है?'' उस लड़की ने सुनीता से पूछा।

'' यह तो बस एक ........., '' सुनीता जवाब देने लगी परंतु उस लड़की की माँ ने गुस्से में आकर लड़की को सुनीता से दूर हटा दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''इस तरह का सवाल नहीं पूछना चाहिए फरीदा। अच्छा नहीं लगता।'' माँ ने कहा ।

''मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ'' सुनीता ने दुखी होकर कहा। उसे फरीदा की माँ का व्यवहार समझ में नहीं आया।

अंत में सुनीता बाजार पहुँच गई। दुकान में घुसने के लिए उसे सीढ़ियों पर चढ़ना था। उसके लिए यह कर पाना बहुत मुश्किल था। आसपास कि सब लोग जल्दी में थे। किसी ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

अचानक जिस लड़के को ''छोटू'' कहकर चिढ़ाया या रहा था वह उसके सामने आकर खड़ा हो गया।

''मैं अमित हूँ'' उसने अपना परिचय दिया'', क्या मै तुम्हारी कुछ मदद करूँ?''

''मेरा नाम सुनीता है'', सुनीता ने राहत की साँस ली और मुस्कुराकर बोली,'' पीछे के पैडिल को पैर से जरा दबाओगे?''

''हाँ, हाँ जरूर कहते हुए अमित ने पहिया–कुर्सी को टेढ़ा करके उसके अगले पहियों को पहली सीढ़ी पर रखा। फिर उसने पिछले पहियों को भी ऊपर चढ़ाया। सुनीता ने अमित को धन्यवाद दिया और कहा,'' अब मैं दुकान तक खुद पहुँच सकती हूँ।''




दुकान में पहुँचकर सुनीता ने एक किलो चीनी माँगी। दुकानदार उसे देखकर मुस्कराया। चीनी की थैली पकड़ने के लिए उसने हाथ आगे बढ़ाया ही था कि दुकानदार ने थैली उसकी गोदी में रख दी। सुनीता ने गुस्से से कहा ,'' मैं भी दूसरों की तरह खुद अपने आप सामान ले सकती हूँ।''

उसे दुकानदार का व्यवहार बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। चीनी लेकर सुनीता और अमित बाहर निकले।

''लोग मेरे साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि मैं कोई अजीबोगरीब लड़की हूँ।'' सुनीता ने कहा ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''शायद तुम्हारी पहिया कुर्सी के कारण ही वे ऐसा व्यवहार करते हैं।'' अमित ने कहा।

''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती। इस पहिया कुर्सी के पहियों को घुमाकर ही मैं चल–फिर पाती हूँ लेकिन फिर भी मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ। मैं वे सारे काम कर सकती हूँ जो दूसरे बच्चे कर सकते हैं'' सुनीता ने कहा।

अमित ने अपना सिर ना में हिलाया और कहा,'' मैं भी वे सारे काम कर सकता हूँ जो दूसरे बच्चे कर सकते हैं। पर मैं भी दूसरे बच्चों से अलग हूँ। इसी तरह तुम भी अलग हो।''

सुनीता ने कहा, '' नहीं! हम दोनों दूसरे बच्चों जैसे ही हैं।''

अमित ने दोबारा अपना सिर ना में हिलाया और कहा, '' देखो तुम पहिया कुर्सी पर बैठकर चलती हो। मेरा कद बहुत छोटा है। हम दोनों ही बाकी लोगों से कुछ अलग है।''

सुनीता कुछ सोचने लगी। उसने अपनी पहिया कुर्सी आगे की ओर खिसकाई। अमित भी उसके साथ–साथ चलने लगा।

सड़क पार करते समय सुनीता को फरीदा फिर नजर आई। इस बार फरीदा ने कोई सवाल नहीं पूछा। अमित झट से सुनीता की पहिया कुर्सी के पीछे चढ़ गया। फिर दोनों पहिया –कुर्सी पर सवार होकर तेजी से सड़क पर आगे बढ़े। फरीदा भी उनके साथ–साथ दौड़ी। इस बार भी लोगों ने उन्हें घूरा परन्तु अब सुनीता को उनकी परवाह नहीं थी।



## कहानी से

1. सुनीता को सब लोग गौर से क्यों देख रहे थे ?
2. सुनीता को दुकानदार का व्यवहार क्यों बुरा लगा?

## मजेदार

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता हैं।

(क) तुम्हारे विचार से सुनीता को सड़क देखना अच्छा क्यों लगता होगा?

(ख) अपने घरा के आसपास की सड़क को ध्यान से देखों और बताओं –

1. तुम्हें क्या–क्या चीजें नजर आती हैं?
2. लोग क्या–क्या करते हुए नजर आते है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## मनाही

फरीदा की माँ ने कहा, '' इस तरह के सवाल नहीं पूछने चाहिए।''

फरीदा पहिया कुर्सी के बारे में जानना चाहती थी पर उसकी माँ ने उसे रोक दिया।

1. माँ ने फरीदा को क्यों रोक दिया होगा?

2. क्या फरीदा को पहिया कुर्सी के बारे में नहीं पूछना चाहिए था? तुम्हें क्या लगता है?

3. क्या तुम्हें भी कोई काम करने या कोई बात कहने से मना किया जाता है? कौन मना करता है? कब मना करता हैं?

## मै भी कुछ सकती हूँ

(क) यदि सुनीता तुम्हारी पाठशाला में आए तो उसे किन–किन कामों में परेशानी आएगी?

(ख) उसे यह परेशानी न हो इसके लिए अपनी पाठशाला में क्या तुम कुछ बदलाव कर सकते हो?

## प्यारी सुनीता

सुनीता के बारे में पढ़कर तुम्हारे मन में कई सवाल और बातें आ रही होंगी। वे बातें सुनीता को चिट्ठी लिखकर बताओ।

..................................................

..................................................

..................................................

प्रिय सुनीता,......

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

तुम्हारी

..................................................

..................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कहानी से आगे

सुनीता ने कहा, ''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती।''

(क) सुनीता अपने पैरों से चल–फिर नहीं सकती। इसी तरह तुमने कुछ ऐसे बच्चो के बारे में पढ़ा होगा जो देख नहीं सकते फिर स्कूल आते हैं किताबें पढ़ लेते हैं

- वे किस तरह की किताबें पढ़ सकते हैं?
- उस तरह की किताबों के बारे में सबसे पहले किसने सोचा?

(ख) तुम आस–पास कुछ ऐसे लोगों के बारे में भी बात की गई है जो सुन–बोल नहीं सकते हैं।

- क्या तुम ऐसे किसी बच्चे को जानते हो जो सुन–बोल नहीं सकता?
- तुम उसे किस तरह से अपनी बात समझाते हो?

## मेरा आविष्कार

सुनीता जैसे कई बच्चे हैं। इनमें से कुछ देख नहीं सकते तो कुछ बोल या सुन नहीं सकते। कुछ बच्चों के हाथों में परेशानी है, तो कुछ चल नहीं सकते।

तुम ऐसे ही किसी एक बच्चे के बारे में सोचो। उसके परेशानियों एवं चुनौतियाँ भी सोचो। उस चुनौती का सामना करने के लिए तुम क्या आविष्कार करना चाहोगे? उसके बारे में सोचकर बताओ कि

- तुम वह कैसे बनाओगे?
- उसे बनाने के लिए किन चीज़ों की ज़रूरत होगी?
- वह चीज़ क्या–क्या काम कर सकेगी?
- उस चीज़ का चित्र भी बनाओ।

5CREBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**पाठ–11**

# महामानव

— अनवार आलम

इस कहानी के द्वारा महापुरुषों की पहचान बताने का प्रयास किया गया है। महापुरुष चमत्कार या अलौकिक कार्यों के करने से ही नहीं बनते बल्कि वे अपने जीवन में आनेवाले छोटे–छोटे अवसरों पर किए गए कार्यों से अपनी महानता स्थापित करते हैं। इस पाठ में हजरत मोहम्मद की महानता का प्रसंग पढ़ो।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** क्रिया शब्द, विशेषण से संज्ञा शब्द बनाना, पुनरुक्त शब्दों का प्रयोग, उत्तर पढ़कर उन पर प्रश्न बनाना, विलोम शब्द।

आज से लगभग चौदह सौ साल पहले की बात है। अरब के नखलिस्तान में एक गरीब बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। बहुत–सी लकड़ियाँ इकट्ठी हो जाने पर उसने उनका एक गट्ठा बना लिया। गट्ठा काफी वजनी था। निरंतर प्रयत्नों के बाद भी उस गट्ठे को बुढ़िया अपने सिर पर नहीं उठा पाई। हताश होकर सहायता के लिए इधर–उधर देखने लगी किन्तु उसे दूर–दूर तक कोई नज़र नहीं आया। लंबे समय के पश्चात् सामने से एक अजनबी आता हुआ दिखाई दिया।

बुढ़िया ने उसे सहायता के लिए पुकारा, "बेटा! जरा हाथ लगाकर यह गट्ठा मेरे सिर पर रख दे। लकड़ियाँ अधिक हो गई हैं जिसके कारण मैं अकेली इसे उठा नहीं पा रही हूँ। मेरी सहायता कर। अल्लाह तेरा भला करेगा।"

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, "अम्माँ! तू तो बहुत कमजोर है; इतना बड़ा गट्ठा कैसे उठा पाएगी? मैं भी शहर की ओर जा रहा हूँ; ला, इसे मैं उठा लेता हूँ। " बुढ़िया के बार–बार मना करने पर भी राहगीर ने लकड़ियों का गट्ठा अपने कंधे पर उठा लिया और बुढ़िया के साथ–साथ चलने लगा। बुढ़िया उसे दुआएँ देने लगी, "बेटा! अल्लाह तुझे इस उपकार का फल अवश्य देगा।"

राहगीर ने विनम्रता से कहा, "अम्माँ! इसमें उपकार की क्या बात है? यह तो हमारा मानवीय कर्त्तव्य है कि हम बूढ़े, कमजोर और लाचार लोगों की सहायता करें। कर्त्तव्य को उपकार कहकर मुझे शर्मिंदा मत कर।"

**शिक्षण–संकेत–** महान् व्यक्तियों के जीवन–चरित पढ़ने, जानने पर एक बात अवश्य स्पष्ट होती है कि जो व्यक्ति जितना महान् होता है वह उतना ही सरल होता है। उसके व्यक्तित्व में उतनी ही सादगी होती है। राम, कृष्ण या ईसामसीह से लेकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी या हमारे पूर्व राष्ट्रपति कलाम। सभी के व्यक्तित्व में सादगी और व्यवहार में सरलता मिलती है। इनके व्यक्तित्व के इन गुणों की चर्चा करते हुए इस पाठ का अध्यापन करें। अन्य महापुरुषों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का भी उल्लेख करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



राहगीर की बातें सुनकर बुढ़िया गद्‌गद्‌ हो उठी। उसने ममता भरे स्वर में कहा, ''तुम बहुत भले आदमी हो। तुम्हारे विचार कितने अच्छे हैं। बेटा! तुम इस शहर के रहनेवाले नहीं लगते। क्या कहीं बाहर से आए हो?''

राहगीर ने उत्तर दिया, ''हाँ अम्मा! अभी कुछ दिन पहले ही इस शहर में आया हूँ।''

''बेटा! तुम इस शहर में नए हो, शायद तुम्हें मालूम नहीं होगा, आजकल हमारे शहर में एक जादूगर आया हुआ है, जो बड़ा खतरनाक है। लोग कहते हैं उसने यहाँ के बहुत–से लोगों को अपने कब्जे में कर लिया है। तुम बड़े भले और दयावान व्यक्ति हो, इसलिए मैं तुम्हें सचेत कर रही हूँ। उस जादूगर से बचकर रहना। कहीं वह तुम्हें भी अपना गुलाम न बना ले।''

''अम्माँ! क्या तूने उसे देखा है'', राहगीर ने विनम्रतापूर्वक उस बुढ़िया से पूछा। बुढ़िया ने कहा, ''नहीं, मैंने उसे नहीं देखा, लेकिन लोगों से उसके बारे में बहुत सुना है।'' बुढ़िया अपनी धुन में कहती चली जा रही थी। ''जानते हो उस जादूगर का नाम क्या है?'' राहगीर ने कहा, ''नहीं, मुझे नहीं मालूम।'' बुढ़िया ने बताया, ''उसका नाम मोहम्मद है। वह एक बहुत बड़ा जादूगर है; उससे जो भी मिलता है, वह उसका गुलाम बन जाता है। तुम उससे हमेशा बचकर रहना।'' राहगीर शांत मन से उसकी बातें सुनता रहा।

इस तरह बातें करते–करते वे दोनों शहर तक आ गए। शहर में चारों ओर बड़ी चहल–पहल थी। राहगीर अपने कंधे पर लकड़ी का गट्‌ठा उठाए चुपचाप उस बुढ़िया के साथ चल रहा था। रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे। चलते–चलते एक मोड़ पर बुढ़िया का घर आ गया। बुढ़िया ने कहा, ''बस वो सामनेवाला ही मेरा मकान है।'' राहगीर ने मकान के सामने लकड़ी का गट्‌ठा उतार दिया और बुढ़िया से जाने की अनुमति माँगी।

बुढ़िया ने उस सहायता करनेवाले, दयालु राहगीर को ढेर सारी दुआएँ देते हुए कहा, ''मैं भी कितनी मूर्ख हूँ। इतना लंबा रास्ता तय कर लिया, सारी बातें कर लीं, लेकिन अब तक तुम्हारा नाम नहीं पूछा। बेटा! जाते–जाते अपना नाम बताते जाओ।''

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''रहने दे अम्माँ! मेरा नाम जानकर क्या करेगी? मेरा नाम सुनकर तेरा विश्वास टूट जाएगा।'' बुढ़िया ने हठ करते हुए कहा, ''नहीं, तुम्हें अपना नाम बतलाना ही पड़ेगा।'' बुढ़िया के बहुत आग्रह करने पर राहगीर ने कहा, ''तो सुन, मेरा ही नाम मोहम्मद है। मैं वही आदमी हूँ जिसे तू जादूगर, निर्दयी और न जाने क्या–क्या समझती है।''

इतना सुनते ही बुढ़िया अवाक्‌ रह गई। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि यह सब क्या हो गया। जिसे वह क्या समझती थी, वह क्या निकला? लज्जा से उसका मस्तक झुक गया। वह राहगीर से क्षमा–याचना करने लगी।

राहगीर ने उसे सांत्वना देते हुए कहा, ''अम्माँ! अज्ञानतावश कही गई बातों पर लज्जित होने की आवश्यकता नहीं है। अल्लाह बहुत बड़ा है। उस पर विश्वास कर, वो ही क्षमा करने वाला है। वह बड़ा रहमदिल है, सबका पालनेवाला है। उस पर भरोसा रख।'' इतना कहते हुए राहगीर आगे बढ़ गया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बुढ़िया उसे श्रद्धा और स्नेह भरी निगाहों से अपलक देखती रही। उसे क्या मालूम था कि उसकी सहायता करनेवाले और कोई नहीं स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्त्तक हज़रत मोहम्मद थे। वह लज्जा और पश्चाताप की पीड़ा से तड़प उठी और अल्लाह से क्षमा–याचना करने लगी।

## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(बोल न पाना, अनजान या बिना जान पहचानवाला, बिना पलक झपकाए)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हताश | – | निराश | राहगीर | – | रास्ते पर चलनेवाला व्यक्ति |
| सांत्वना | – | दिलासा | अजनबी | – | ...................................... |
| अवाक | – | ...................... | अपलक | – | ...................................... |
| रहमदिल | – | दयालु | प्रवर्त्तक | – | आरंभ करनेवाला |

**टिप्पणीः नखलिस्तान–** मरुस्थली प्रदेश में स्थित हरा–भरा स्थल जहाँ पेड़–पौधे उगते हैं।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. नखलिस्तान में गरीब बुढ़िया क्या कर रही थी ?

प्रश्न 2. बुढ़िया की सहायता करनेवाला कौन था ?

प्रश्न 3. बुढ़िया गट्ठा सिर पर क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

प्रश्न 4. बुढ़िया राहगीर के बारे में पहले से जानती तो क्या वह उसकी सहायता लेती? यदि हाँ तो क्यों और नहीं तो क्यों ?

प्रश्न 5. राहगीर ने लकड़ी का गट्ठा क्यों उठाया ?

प्रश्न 6. बुढ़िया ने राहगीर से कहा, "बेटा! अल्लाह तुम्हें इस उपकार का फल अवश्य देगा! बुढ़िया किस उपकार की बात कह रही थी?

प्रश्न 7. बुढ़िया ने राहगीर से किससे बचकर रहने के लिए कहा और क्यों?

प्रश्न 8. लेखक ने राहगीर को किन गुणों के कारण महामानव कहा है?

प्रश्न 9. "रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे।" रास्ता चलनेवाले अचरज से उन्हें क्यों देख रहे थे?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- कक्षा को दो समूहों में बाँटकर दोनों समूहों से परस्पर शब्दों के अर्थ पूछने व उन्हें वाक्यों में प्रयोग करने की गतिविधि कराएँ।

**प्रश्न 1. 'बुढ़िया' की जगह अगर 'बूढ़ा' हो तो लिखो कि क्या बदलाव होगा? पाठ से ऐसे पाँच वाक्य चुनकर बदलो। उदाहरण देखो–**

| पाठ में क्या वाक्य था? | बदलकर क्या वाक्य बना |
|---|---|
| बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। | बूढ़ा घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रहा था। |

- इन वाक्यों को पढ़ो–

रोटी गरम है, कैसे खाऊँ?

उफ! कितनी गरमी है, जरा हवा तो कर दो।

ऊपर के पहले वाक्य में 'गरम' शब्द का प्रयोग है और दूसरे वाक्य में 'गरमी' का। 'गरम' से ही 'गरमी' शब्द बना है। पहले वाक्य में 'गरम' शब्द विशेषण है जो 'रोटी' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'गरमी' संज्ञा शब्द है।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों में 'उपयोग' संज्ञा और 'उपयोगी' विशेषण है। इसी प्रकार इन शब्दों में से संज्ञा और विशेषण छाँटकर लिखो–**

उपयोग, परिश्रमी, किसानी, किसान, उपयोगी, परिश्रम,।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार नीचे लिखे शब्दों से संज्ञा शब्द बनाओ और उन्हें अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

बहादुर, सर्द, खराब, नरम।

### समझो

- 'कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।' इस वाक्य में 'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। अब इस वाक्य को पढ़ो–

कश्मीरी सेव बहुत प्रसिद्ध हैं।

'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा से 'कश्मीरी' विशेषण बना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4.** इन व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से विशेषण बनाओ। जयपुर, बिहार, इस्लाम, छत्तीसगढ़, जगदलपुर।

**प्रश्न 5.** पाठ में आए निम्नलिखित पुनरुक्त शब्दों को समझो और उनसे एक–एक वाक्य बनाओ।

दूर–दूर, साथ–साथ, करते–करते, चलते–चलते, बार–बार, जाते–जाते।

**प्रश्न 6.** नीचे कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। इन उत्तरों के प्रश्न क्या होंगे? लिखो।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| ........................................................ | मैं घर जा रहा हूँ। |
| ........................................................ | हां मुझे भूख लगी है। |
| ........................................................ | मेरे एक भाई और एक बहिन है। |
| ........................................................ | हम बस से बस्तर जाएँगे। |
| ........................................................ | मेरे पास तुम्हारी किताब नहीं है। |
| ........................................................ | हां मैने हाथ धो लिए हैं। |

- शब्द के पहले 'अ' लगाकर शब्द का विलोम बनाया जाता है, जैसे पलक–अपलक।

**प्रश्न 7.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से वे शब्द चुनकर लिखो जिनमें 'अ' इस अर्थ में न लगा हो– असहयोग, असहाय, अलग, अर्थात्, अलौकिक, अनेक।

(ख) ऐसे ही दोनों प्रकार के दो–दो शब्द खोजो और लिखो।

## रचना

- इस पाठ में जादूगर के बारे में जो बातें बुढ़िया ने कही, वे सब अफवाहों से सुनी–सुनाई थीं। अफवाहों से प्रायः लोगों में गलत प्रचार होता है। ऐसी किसी एक अफवाह के संबंध में लिखो।

- तुम्हारे गाँव में या आस–पास ऐसा कोई व्यक्ति है जो दूसरों की भलाई के काम करता हो उसके बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।

5DA6F3

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5DJ2GQ

# पाठ–12
# गुंडाधूर

– लेखक मंडल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल नगरों तक ही सीमित नहीं था; बस्तर के अनपढ़, शोषित आदिवासियों के द्वारा अँग्रेज शासकों के विरुद्ध किया गया विद्रोह 'भूमकाल' इसका साक्षी है। गुंडाधूर इस विद्रोह के नायक थे। आदिवासियों के स्वाभिमान के प्रतीक गुंडाधूर को न केवल बस्तर बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उन्हीं क्रांतिवीर गुंडाधूर की बलिदान–गाथा हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों एवं मुहावरों के प्रयोग, सर्वनाम, उपसर्ग एवं प्रत्यय।

छत्तीसगढ़ का दक्षिणी भाग 'बस्तर' प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ की कल–कल करती नदियाँ, झर–झर बहते झरने, मनोरम पर्वत मालाएँ तथा सुमधुर स्वर में चहकते वन–पक्षियों की आवाजें आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देने के लिए पर्याप्त हैं। 'बस्तर' को अपने भोले–भाले आदिवासियों की निश्छल मुस्कान के लिए भी जाना जाता है। ये बड़े ही सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय और धैर्यवान भी होते हैं। अपनी सरलता और भोलेपन के कारण ये अक्सर शोषण का शिकार होते रहे हैं। सामान्यतः शांत रहनेवाले ये लोग कभी–कभी उकसाए जाने पर शत्रु को करारा जवाब भी देते हैं। हम तुम्हें एक प्रसंग तब का बता रहे हैं, जब बस्तर के लोगों ने तत्कालीन शासन व्यवस्था के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह कर दिया था।

1909–1910 की घटना है। उस समय 'बस्तर' में रुद्रप्रताप देव राज करते थे। यद्यपि 1903 में ही वे बालिग हो गए थे, पर ब्रिटिश शासन ने 1908 में उन्हें शासक घोषित किया और वहाँ अपना एक दीवान नियुक्त कर दिया। यह दीवान था बैजनाथ पंडा, जो अँग्रेजों का पिट्ठू था। वह अपने बेतुके आदेशों से प्रजाजन की मुश्किलें बढ़ा देता, उनका मनमाना शोषण करता और उन पर अत्याचार करता था। राज–परिवार के लोगों में से राजा के चाचा लाल कालेंद्र सिंह और राजा की सौतेली माँ, सुवर्ण कुँवर, जनता में काफी लोकप्रिय थे। वे भी अँग्रेजों के शोषण और दीवान बैजनाथ पंडा की कुटिल नीतियों से त्रस्त थे।

**शिक्षण–संकेत–**शिक्षक कथा–कथन की शैली में बच्चों को भूमकाल आंदोलन तथा गुंडाधूर के व्यक्तित्व पर जानकारी दें। 1857 की क्रांति के संबंध में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि क्रांति के बाद अँग्रेजों के विरुद्ध जो वातावरण निर्मित हुआ, उसने कई स्थानों पर विद्रोहों को जन्म दिया। अलग–अलग समय पर अलग–अलग सशस्त्र संघर्ष होते रहे। इन्हीं में से एक था, छत्तीसगढ़ के दक्षिण में वनाच्छादित आदिवासी बहुल क्षेत्र–बस्तर का 'भूमकाल' विद्रोह। बच्चों को अँग्रेजी शासन के विरुद्ध चले विभिन्न आंदोलनों का परिचय दें। छत्तीसगढ़ के वीर नारायण सिंह और गुंडाधूर जैसे आदिवासी क्रांतिकारियों के जीवन और कार्यों की जानकारी छात्रों को देते हुए इस पाठ का अध्यापन करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर ही आधारित थी। वन से प्राप्त वस्तुओं से ही वे जीवन यापन करते थे। वन पर उनका ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण वन पर उनका अधिकार सीमित हो गया। वे अपनी आवश्यकता की छोटी–छोटी वस्तुओं के लिए भी तरसने लगे। जंगल से दातौन और पत्तियाँ तक तोड़ने के लिए उन्हें सरकारी अनुमति लेनी पड़ती। इधर रियासत के अधिकारी और कर्मचारी प्रजाजन से दुर्व्यवहार करते थे और उन्हें राजा से मिलने नहीं देते थे। व्यापारी, सूदखोर और शराब ठेकेदार लोगों का बहुत शोषण करते थे। यह सब दीवान बैजनाथ पंडा की नीतियों और आदिवासियों के भोलेपन के कारण हो रहा था।

धीरे–धीरे जनता में असंतोष पनपने लगा। 1909 में जनता ने लाल कालेंद्र सिंह और रानी सुवर्ण कुँवर के साथ एक सम्मेलन किया। वे हजारों की संख्या में इंद्रावती नदी के तट पर एकत्र हुए। उनके हाथों में धनुष–बाण, भाले एवं फरसे थे। सभी ने इस सम्मेलन में यह संकल्प लिया कि वे दीवान बैजनाथ पंडा और अँग्रेजों के दमन और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करेंगे और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से एक उत्साही युवक, 'गुंडाधूर' को विद्रोह का नेता चुना गया। गुंडाधूर नेतानार गाँव का रहने वाला था। वह निडर, साहसी और सत्यवादी था। आदिवासियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए किसी से भी टकरा जाने का साहस उसमें था।



गुंडाधूर ने नेतृत्व सँभालते ही विद्रोह के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इस विद्रोह को स्थानीय बोली में 'भूमकाल' कहा गया। इस विद्रोह का संदेश आम की टहनियों में मिर्च बाँधकर गाँव–गाँव में भेजा जाता था। स्थानीय लोग इसे 'डारा–मिरी' कहते थे। गाँव–गाँव में लोग इस 'डारा–मिरी' का बड़े उत्साह से स्वागत करते। गुंडाधूर की संगठन–क्षमता अद्भुत थी। कुछ ही दिनों में हजारों बस्तरवासी इस 'भूमकाल' आंदोलन से जुड़ गए। गुंडाधूर ने अँग्रेजों, शोषक व्यापारियों, सूदखोरों, सरकार के पिट्ठू अधिकारियों, कर्मचारियों को सबक सिखाने की रूपरेखा बनाई। गुंडाधूर की योजना के अंतर्गत अँग्रेजों के संचार साधनों को नष्ट करना, सड़कों पर बाधाएँ खड़ी करना, थानों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों को लूटना और उनमें आग लगाना शामिल थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2 फरवरी 1910 को सबसे पहले बस्तर में इस ऐतिहासिक 'भूमकाल' की शुरुआत हुई। बस्तर का पुसवाल बाजार सबसे पहले लूटा गया। एक भूचाल–सा आ गया। पुलिस थाने लूटे गए, शोषकों को मारा गया और जंगल विभाग के कार्यालय नष्ट कर दिए गए। इस विद्रोह की आग देखते–ही–देखते पूरे बस्तर में फैल गई। राजा ने इस विद्रोह की सूचना अँग्रेजों को दे दी। अँग्रेज सरकार ने इस विद्रोह को कुचलने के लिए मेजर जनरल गेयर तथा डीव्रे को 500 सशस्त्र सैनिकों के साथ बस्तर भेजा। क्रांतिकारियों ने अँग्रेज सैनिकों को घेर लिया। एक तरफ धनुष–बाण, भालों और फरसों से लैस भूमकालिए थे तो दूसरी ओर अँग्रेज और उनके बंदूकधारी सैनिक। अँग्रेज सैनिकों ने गोलियाँ चलाईं जिनसे पाँच क्रांतिकारी मारे गए, पर विद्रोह अन्य स्थानों पर भी फैल गया। गुंडाधूर और उसके सहयोगी–लाल कालेंद्र सिंह, रानी सुवर्ण कुँवर, बाला प्रसाद, नरसिंह तथा दुलार सिंह–विद्रोह की आग को हवा दे रहे थे। वे क्रांतिकारियों के प्रेरणा–स्रोत थे।

डोंगरगाँव, अलनार तथा अन्य कई स्थानों पर चली इसी तरह की मुठभेड़ों में लगभग पाँच सौ क्रांतिकारी मारे गए।



एक बार स्थिति यहाँ तक पहुँची कि सैकड़ों साथियों के साथ गुंडाधूर ने मेजर गेयर को घेर लिया। वह आत्मसमर्पण के लिए भी तैयार हो गया पर सोनू माँझी नाम के एक लालची व्यक्ति ने अपने ही भाइयों के साथ विश्वासघात किया। उसने सभी क्रांतिकारियों को विश्वास में लेकर उन्हें इतनी शराब पिला दी कि वे बेसुध हो गए। 'अलनार' के मैदान में राग–रंग में डूबे इन लोगों को अँग्रेजों की सेना ने घेर लिया और गोलियाँ चलाईं। सैकड़ों लोग मारे गए। पकड़े गए लोगों को जगदलपुर के गोल बाजार में इमली के पेड़ पर फाँसी दे दी गई; पर अँग्रेज

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गुंडाधूर की छाया भी न छू सके। वीर गुंडाधूर अपने विश्वासपात्र साथी 'ढिबरीधूर' के साथ सघन वन में गायब हो गया। फिर कभी उसका पता न लग सका।

बस्तर के इतिहास का यह स्वातंत्र्य आंदोलन यद्यपि असफल हो गया, पर इस आंदोलन के जरिए गुंडाधूर ने आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागृत कर दिया। उनके भीतर अपनी मिट्टी, अपने जंगल के प्रति प्रेम भाव जागा और वे देशभक्त बने। उन्हें अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा मिली। इधर लोगों के बदले तेवर देखकर शोषकों के मन में भय उत्पन्न हुआ। शोषक, अत्याचारी अधिकारी, सूदखोर तथा आदिवासियों के भोलेपन का लाभ लेनेवाले अन्य लोग भयभीत हुए और शोषण में कमी आई। यह सब गुंडाधूर और उसके विद्रोह 'भूमकाल' के कारण हो सका। आज भी छत्तीसगढ़ में गुंडाधूर का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। गुंडाधूर को बस्तर का स्वाभिमान कहा जाता है।

## शब्दार्थ

शब्दार्थ में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(तैयार, सामूहिक विरोध, धोखा देना, कठोरता से दबाना, धीरज रखनेवाला)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्कपट | – | कपट रहित | धैर्यवान | – | ...................... |
| शोषक | – | शोषण करनेवाला | सशस्त्र | – | हथियार सहित |
| कुटिल | – | टेढ़ा | पिट्ठू | – | खुशामदी, समर्थक |
| आगंतुक | – | आनेवाला | दमन | – | ...................... |
| विद्रोह | – | ...................... | विश्वासघात | – | ...................... |
| बेसुध | – | बेहोश | राग–रंग | – | मनोरंजन |
| तत्पर | – | ...................... | | | |
| सूदखोर | – | ब्याज का व्यवसाय करनेवाला | | | |
| शोषण | – | किसी के श्रम या व्यापार से अनुचित लाभ उठाना। | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. आदिवासियों के विद्रोह का क्या नाम था?

प्रश्न 2. आदिवासियों का विद्रोह छत्तीसगढ़ के किस क्षेत्र में हुआ?

प्रश्न 3. बैजनाथ पंडा कौन था? लोग उससे असंतुष्ट क्यों थे?

प्रश्न 4. आदिवासियों के प्रेरणास्रोत कौन–कौन थे?

प्रश्न 5. 'भूमकाल आंदोलन' का क्या असर हुआ?

प्रश्न 6. अगर सोनू माँझी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 7. आदिवासियों ने यदि धनुष–बाण की जगह बंदूकों का प्रयोग किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 8. आदिवासी जंगल के आसपास रहते है, उन्हें जंगल से क्या–क्या चीजे मिलती है?

प्रश्न 9. केवल नाम लिखो।

क. बस्तर का दीवान

ख. बस्तर के राजा की सौतेली माँ

ग. आम की टहनी और मिर्च का संदेश

घ. विश्वासघाती आदिवासी।

## भाषातत्व एवं व्याकरण

### गतिविधि

श्रुतिलेख की गतिविधि कराएँ और अभ्यासपुस्तिकाओं का बच्चों से परस्पर परीक्षण कराएँ।

दोनों समूह परस्पर शब्दार्थ पूछें और वाक्य प्रयोग करें।

**प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो–**

मंत्रमुग्ध होना, करारा जवाब देना, जड़ से उखाड़ फेंकना, छाया भी न छू सकना, भूचाल आना, टकरा जाना।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम किसके लिए प्रयोग किए गए हैं?**

क. वन पर आदिवासियों का ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण उस पर उनका अधिकार सीमित हो गया।

ख. बस्तर के लोग सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय भी हैं। ये आदिवासी कभी–कभी अपने शत्रुओं को करारा जवाब भी देते हैं।

ग. हम तुम्हें उस समय का प्रसंग बता रहे हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. गांधी जी ने अँग्रेजों से सहयोग करने के स्थान पर .................... करने का निश्चय किया।

ख. रुद्रप्रताप देव 1900 तक .................... थे। बाद में 1903 में बालिग हुए।

ग. शांति के समय .................... की बात करना ठीक नहीं।

घ. आज जिस स्थिति में हैं, पता नहीं .................... क्या स्थिति बने?

- किसी शब्द के पहले जब कोई शब्दांश लगाकर नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'उपसर्ग' कहते हैं, जैसे– 'सुमधुर' शब्द में 'सु' उपसर्ग लगा है।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग छाँटकर लिखो–**

प्रगति, दुर्व्यवहार, अनुमति, बेसुध, निडर, अडिग, असफल, विद्रोह।

- किसी शब्द के अंत में जब कोई शब्दांश लगाकर कोई नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'प्रत्यय' कहते हैं। 'धैर्य' शब्द में 'वान' प्रत्यय लगाकर 'धैर्यवान' शब्द बना है।

**प्रश्न 5. (क) नीचे कोष्ठक में कुछ प्रत्यय लिखे हैं। दिए गए शब्दों के साथ इनका प्रयोग कर नए शब्द बनाएँ।**

(ता, पन, ई, वाला, दार, वान, खोर)

भाग्य, मिठाई, लालच, भोला, आवश्यक, सूद, ईमान

इन शब्दों की रचना समझो–

पिट्ठू = ि + प + ट् + ठ + ू , मुश्किल = म + ु + श् + ि + क + ल

विद्रोह = ि + व + द् + र + ो + ह

(ख) आधा 'ट' (ट्) और पूरा ठ मिलाकर बने दो शब्द खोजकर लिखो।

**प्रश्न 6. अब इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों को तोड़कर लिखो–**

विद्यालय, विरुद्ध, स्थिति, प्रयोग, संस्कृत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. इस पहेली में चार क्रांतिकारियों के नाम दिए हैं। दिए गए सूत्रों से इन्हें पहचानो और लिखो।**

**संकेत**

1. बस्तर का क्रांतिकारी
2. काकोरी कांड का क्रांतिकारी
3. झारखंड का क्रांतिकारी
4. पानी के जहाज से कूदकर आया क्रांतिकारी




## रचना

- छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की सूची बनाओ और उनके चित्र एकत्रित करो।

## योग्यता–विस्तार

- इस पुस्तक में लिखी बातों के अलावा आप गुंडाधूर के बारे में और कौन–कौन सी बाते जानते है? उन्हें लिखिए।
- बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर आधारित है। तुम्हारे क्षेत्र के लोगों की आजीविका किस पर आधारित है?

5DSXID

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाट – 13

# कर्रियाट

मरा गुट्टा जियाजन ता बूम, कुडुहले अकलता कऊर आंद,इगा पुटन्ना मरागुटा, मट्टक–डोडक मावा जिल्गी कियानंग तो आदुंगे, संग–संग मावा बेस ता मान बानी तुन पंड्स कर्रीयला हियतंग। इद गोंडीता पूना कविता ते इगा मंदले बातय जिनिस मावा जिल्गी ते बूतो कियन्ना, सहेमायना, गुलगुल्ला मंदना, मापी हियान्ना अन होरकुदे सल्लाते मंदला वेहले आता।

bn ikV rg ekV dfj!; dV%&गोंडी तंग अड़चेन टप्पिना बारे ते कर्रियकाट। सोजनंग उन्दीय सुतुर तंग लेंग ते वायनंग टप्पिंग पुंदकाट। गोंडी ता पूना कविता ता अकल वायर, आनी, बानी नंग कीस हूड़ाना, हूजड़ ते मंदन्ना तुन पुंदकाट।



माट बद्दम मंतोरोम, निम्मट गला मंटुरा ।
माट बद्दम दायतोरोम, निम्मट गला हंटुरा ।।
डोडक माकुन वेहयतंग, माट दोड़तके दायतोरोम,
दोड़तके हन्नेक–हन्नेक समुंद ते मीले मायतोरोम ।
समुंद ते मीले मानेक–मानेक जलारंग एर्र आयतोरोम ।
डोडक माकुन वेहायतंग, माट बदम मंतोरोम, निम्मट गला मंटुरा।
वेंजिंग माकुन वेहयतंग,उस्मदा नोमुर तिंतोरोम,
उस्मदा नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक नूकंग बन्ने मायतोरोम।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नूकंग बन्ने मास मंजल,जीवंग पोसे किययतोरोम,

नुकांग माकुन वेहायतंग, माट बद्दम मंतोरोम, निम्मट गला मंटुरा ।

कल्क माकुन वेहयतंग, ओरूना नोमुर तिंतोरोम,



ओरूना नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक,मुरहेन बने मायतोरोम।

मुरहेन बन्ने मास मंजल,पेन बने मायतोरोम,

कल्क माकुन वेहायतंग, बदम सहे मायतोरोम, निम्मट गला मामटुरा।

कच्चिंग माकुन वेहयतंग,माट गूरूना नोमुर तिंतोरोम,

गूरूना नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक पाड़्क कुदाह् आयतोरोम।

पाड़्क कुदह आस मंजल, दूस्रोना सेवा किययतोरोम ,


कच्चिंग माकुन वेहायतंग, माट बदम किययतोरोम, निम्मट गला कीमटूरा।

बेरा माकुन वेहयता, नन्ना रोजे नर्रकीय वायतोना ,

रोजे नर्रकीय तेद्समंजल, बूम ते वेस किययतोना।

बुमतुन वेस कीसोर–कीसोर, जियाजन तुन पिस्हयतोना,

बेरा माकुन वेहायतां, नना बद्म मन्तोना निमट गला मन्टुरा।



मट्टक माकुन वेहयतंग,माट नित्स मंतोरोम,

माट नित्स मन्नेक–मन्नेक, गूहरा तुन टेके मायतोरोम।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गूहरा तुन टेके मानेक–मानेक, पिर्रदुन माट केययतोरोम,

मट्टक माकुन वेहयतंग,माट बदम मंतोरोम,.....निम्मट गला मंटुरा।

iMg fd;guk vkMMxj & गुरूजी कविता तुन बेस ते हड़क्ले पड़हे कीस केंजहनूर। गुरूजी पाट ते वालेंग टप्पिना अरेत् तुन ओरकेडह वेहानुर। पीलंग कविता तुन केंच्च इंदनुंग अन सुरता कीस टोडते इर्रानुंग ।

### Vfliuk vjir :–

समुंद – कोन्डा अवाह एर्र।

जल्लारंग – एर्र एर्र,सप्पतके एर्र।

कच्चिंग – क्रच्च,टेंगियंग,कुदह,पंडाना।

दोड़तके – अडियबासा,एर्र पोंगानके।

नोमुर – नोयना,मारतिंदाना,सहेमायना।

पोसे – जिया पिस्ह्ना,बरस्हना।

ओरूना – दुस्रोना,बाकी मानेयता।

सहे – दमपेयाना,सहेमायना।

गूरू – पन्डवाल,वाडे,कारीगीर,बिनकर।

वेस – हीकाटतुन मायहाना, ओहनह कियाना।

मुरहेन – चेहरा,मूर्त, मुकाम।

पाड़क – नांगेदा कच्च, पाडूम।

मंटुरा – मंदाना,करियाना।

कल्क – मट्टा तंग कल्क।

पेन – लाव, मान्ती पुरका पेन्क।

बूम – बूमपोर्रो, डोड़ बूम।

कीसोर – कीनेक,पंन्डनेक,पंडसोर।

टेके – बोटाना,अवाना।

## tcku dfj;uk

dhlgMUuk:– कक्षाते पीलान्नुंग रन्ड बाटंग कीस पूचे मालेनुंग वेहाना अन संग हियाना। गुरूजी इदे पाटतंग मन ते पूचे मायीर। इदम नंग गला जाबानिंग आया पर्रतंग–

(क) इव पाटानुंग बद्द पोल्लो ते कोटतोर ?

(ख) इव पाटानह बाता–बाता कर्रीय पुटायता ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



(ग) दम पेयतेक् बाता नपा आयता ?

## 1- xksd' t cku%&

1. रच्चे केवल (बातंग) बातनह करिंयाट इंतोर ?
2. दम पैय्स काम कीतेक बाता पुटायता ?
3. वेंजिंग नोमुर तिंज बाता कियायतंग ?
4. माक् बेरा बदम मंदला वेहाय्ता ?
5. दुस्रोन सेवा कीतेक बाता पुटायता ?
6. वंजिंग, कल्क अन्न कच्चीनह बाता अकल पुटायता ?
7. माकून– मट्टक नह बाता करींय पुटायता ?

## 2- bo ikVkuk vjsr' osg'p dksVV' –

1. बेरा माकुन वेहयता, नन्ना रोजे नर्रकीय वायतोना,
   रोजे नर्रकीय तेद्स मंजल, बूम ते वेस किययतोना।
2. डोडक माकुन वेहयतंग, माट दोड़तके दायतोरोम,
   दोड़तके हन्नेक–हन्नेक,समुंद ते मीले मायतोरोम।
3. कल्क माकुन वेहयतंग, माट ओरूना नोमुर तिंतोरोम,
   ओरूना नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक, मुरहेन बने मायतोरोम।

## 3- vknksg ikVkqx fugV' –

1. उस्मदा नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक..............................................,
   ..................................................जीवंग पोसे किययतोरोम
2. ..................................................माट गूरूना नोमुर तिंतोरोम,
   गूरूना नोमुर तिन्नेक–तिन्नेक.................................................. ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## 4- jkPp dhyx ikVku vogdu dkVV] vogu &

1. सहेमायना तुन वेहले आता।
2. बेस्केय रोमवा तुन वेहले आता ।

## iYyk rk vkM Mxj

## dh l gMUuk &

- गुरूजी हुचुक पाटानुंग केंच कोटहीर,अवेन पीलंग कापिंग बदलहकीस जांच कियनुंग।
- टप्पिना अरेत् अन अवेह्‌ना काम ता काजे कियना, पीलानुंग किय्‌हीर।

1. उन्दीय सुतुर तंग हैंग टप्पिनुंग अलग कीस कोटट्, इदम लेहका–मंटुरा–हंटुरा।
2. इव टप्पिनुंग मियके बार इंतोर। पोल्लो टप्पिने मीलह कीस कोटट्–

   दोड़, जीवंग, जलारंग, मंतोरोम, वेस, सेवा, बोरा, नर्रकीय।
3. इवेह्‌नंग हतलम टप्पिंग को्टट–

   दोड़, ओरूना, माट, रोज्जे, तेदना, वेस, बूम।
4. टप्पिना ओड़दंग अदानंगे कोट्ट–

   मुरहेन, नोमुर, वेस, गूरू, मंदना, बोटन्ना।

## vdy cjLguk –

1. इदानंगे पाटंग पड़्क्स कोटट् अन कक्षा ते केंज्‌हट ।
2. यायान बाबन पूचे मास पाटंग कोट्स केंजहट ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5K6D3J

**पाठ–14**

# रेशम, चंदन और सोने की धरती – कर्नाटक

– लेखक मंडल

कर्नाटक दक्षिण भारत का एक प्रमुख राज्य है। अपने गौरवशाली इतिहास तथा विशिष्ट संस्कृति के कारण इस राज्य ने देशवासियों का और विदेशियों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। वर्तमान में आधुनिक तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाकर यह भारत का अग्रणी राज्य बन गया है। प्रस्तुत पाठ में कर्नाटक के प्रमुख स्थलों एवं यहाँ के जनजीवन की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाना, वर्तनी शुद्ध करना और पर्यटन स्थल की संक्षिप्त झाँकी प्रस्तुत करना।

दक्षिण भारत में काजू के आकार का एक राज्य है– कर्नाटक। दक्षिण भारतीय चारों राज्यों– आंध्रप्रदेश, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में इसका प्रमुख स्थान है। कर्नाटक के उत्तर में महाराष्ट्र तथा पूर्व में आंध्रप्रदेश है। इसकी दक्षिणी सीमा केरल और तमिलनाडु से जुड़ी है। कर्नाटक की पश्चिमी सीमा गोवा तथा अरब सागर का स्पर्श करती है।

कर्नाटक की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है। उद्योगों की दृष्टि से कर्नाटक भारत का अग्रणी राज्य है। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्योगों के कारण कर्नाटक की पहचान दुनिया भर में हो गई है। यहाँ दूरसंचार, बैंकिंग, इस्पात, सीमेंट, कॉफी, रेशम उद्योग आदि बड़े स्तर पर संचालित हैं। कर्नाटक में सोने की खान कोलार नामक स्थान पर है। कहते हैं कर्नाटक की संपन्नता का कारण सोने की खान, चंदन के वृक्ष और रेशम हैं।

कर्नाटक के वनों में चंदन के वृक्ष बहुत पाए जाते हैं। चंदन की लकड़ी, तेल, इत्र, अगरबत्तियाँ, सुगंधित पाउडर आदि कर्नाटक के चंदन वनों के प्रमुख उत्पाद हैं। कर्नाटक के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में 'बाँदीपुर टाइगर रिजर्व' अत्यंत प्रसिद्ध है। हाथियों के झुण्डों को मस्त–मौला अंदाज में सड़क पार करते या जलस्रोतों के पास क्रीड़ा करते सहज ही देखा जा सकता है। चीतल, बारहसिंगा, तेंदुआ, साँभर सहित कई अन्य वन्यजीव यहाँ पाए जाते हैं।

कर्नाटक के प्रमुख शहरों में बैंगलोर (बंगलुरु), मैसूर, हुबली, बेलगाम तथा मैंगलोर हैं। बैंगलोर कर्नाटक की राजधानी है। यहाँ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) नामक कारखाने में वायुयान बनाए जाते हैं। बैंगलोर में "इसरो" का उपग्रह केंद्र है जो उपग्रहों की

**शिक्षण–संकेत–** अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता है। भारत के सभी राज्यों की भाषा, पहनावा तथा खानपान अलग–अलग हैं, जो इन्हें विशिष्ट बनाते हैं। विभिन्न राज्यों की संस्कृति की चर्चा करें। बच्चों से इस पाठ का एक–एक अनुच्छेद पढ़ने के लिए कहें एवं पठित अंश पर बातचीत करें। प्रसंगानुसार छत्तीसगढ़ की विशेषताओं की भी चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और प्रबंधन करता है। बैंगलोर में उपग्रह प्रक्षेपण का नियंत्रण और परिचालन होता है। बैंगलोर को 'बागों का शहर' कहा जाता है। बैंगलोर का लालबाग बड़ा ही प्रसिद्ध है। वर्ष भर यहाँ फूलों की प्रदर्शनी आयोजित होती रहती है। बगीचे में एक मछलीघर भी है जहाँ अनेक प्रकार की सुंदर मछलियाँ रखी गई हैं। बैंगलोर का 'विधान सौध' अपनी उत्कृष्ट वास्तुकला के कारण जाना जाता है।



लक्ष्मी–विलास महल मैसूर

हुबली और मैंगलोर कर्नाटक के बंदरगाह हैं। मैसूर यहाँ का प्रसिद्ध शहर है। लक्ष्मीविलास मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल है। विशेष अवसरों पर रात में बिजली के हजारों बल्ब जलाकर जब यहाँ प्रकाश किया जाता है, तो पूरा महल अत्यंत ही सुंदर दिखता है। यहाँ का विशाल फिलोमेना गिरजाघर भी देखने योग्य है। यहाँ के चिड़ियाघर का अपना ही आकर्षण है।

मैसूर के पास ही चामुंडी हिल नामक पहाड़ी है जहाँ चामुंडेश्वरी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। पहाड़ी पर ही महिषासुर दैत्य की प्रतिमा है, जिसका यहाँ पर चामुंडेश्वरी देवी ने वध किया था। महिषासुर के नाम पर इस शहर का नाम मैसूर पड़ा। चामुंडी हिल के रास्ते में नंदी की विशाल प्रतिमा है, जिसे एक बड़ी चट्टान को तराशकर बनाया गया है।



चामुंडेश्वरी मंदिर

मैसूर से 20 कि.मी. की दूरी पर 'वृंदावन उद्यान' स्थित है। इसकी शोभा निराली है। सुंदर, रंगीन फूलों और फव्वारों से सजे इस बाग में संगीत की धुन पर नाचते रंगीन फव्वारों को देखने बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। उद्यान के एक ओर कावेरी नदी पर विशाल कृष्णराजसागर बाँध है। मैसूर के पास श्रीरंगपट्टनम एक दर्शनीय स्थल है, जो टीपू सुल्तान की राजधानी था। यहाँ का प्राचीन श्री रंगनाथ मंदिर एवं पुराना किला दर्शनीय हैं।

मैसूर से लगभग 100 कि.मी. की दूरी पर जैन तीर्थ 'श्रवण बेलगोला' में भगवान गोमतेश्वर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बाहुबली की 57 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है, जिसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। गोमतेश्वर जैनियों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली का ही नाम है। बारह वर्षों में एक बार इसका महामस्तकाभिषेक होता है। हंपी में विजयनगर साम्राज्य के अवशेष हैं। यहाँ के विट्ठल स्वामी मंदिर, विरुपाक्ष मंदिर तथा हजारा मंदिर दर्शनीय हैं। हासन में उपग्रह नियंत्रण केन्द्र है।

कर्नाटक के अन्य दर्शनीय स्थलों में जोग प्रपात है, जो भारत का सबसे बड़ा जलप्रपात है। गुलबर्गा, बीजापुर और बीदर में प्राचीन स्मारक हैं। गोकर्ण, उडुपी, धर्मस्थल, मेलुकोट तथा गंगापुर यहाँ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं।

कर्नाटक में पुरुष धोतरा (एक प्रकार की धोती) पहनते हैं और महिलाएँ साड़ी पहनती हैं। महिलाएँ अपने जूड़े में फूलों का गजरा अवश्य लगाती हैं। यहाँ के लोग खाने में चावल और नारियल का प्रयोग अधिक करते हैं। 'सांबर' तथा 'रसम' के साथ चावल खाया जाता है।

मैसूर में दशहरे का उत्सव भारत में सबसे शानदार ढंग से मनाया जाता है। इस दिन राजा की सवारी हाथी पर निकलती है। देश–विदेश से लाखों लोग इस अवसर पर यहाँ जमा होते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर विजयादशमी तक यहाँ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिनमें देश के विख्यात संगीतज्ञ अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

यक्षगान कर्नाटक का प्रसिद्ध लोकनाट्य है, जो पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है और अभिनय के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

कर्नाटक में चंदन की लकड़ी पर की गई दस्तकारी, हाथी–दाँत के खिलौने और अन्य सामग्री बहुत लोकप्रिय हैं। मैसूर के रेशम से बनी साड़ियाँ देश–विदेश में प्रसिद्ध हैं। भारत की गौरव वृद्धि में कर्नाटक का महत्वपूर्ण योगदान है।



वृंदावन उद्यान

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खान | – | खदान | सर्वाधिक | – | सबसे अधिक |
| प्रमुख | – | मुख्य | उत्पाद | – | उपज, बनाई गई वस्तु |
| उन्नति | – | प्रगति, विकास | पौराणिक | – | पुराण संबंधी |
| भव्य | – | शानदार | वास्तुकला | – | भवन निर्माण कला |
| अग्रणी | – | आगे रहने वाला | विख्यात | – | प्रसिद्ध |
| पर्यटक | – | सैलानी, घूमने–फिरने के उद्देश्य से यात्रा करनेवाला | | | |
| दस्तकारी | – | हाथ से किया गया कलात्मक कार्य, हस्तशिल्प | | | |

**टिप्पणी–**

**महामस्तकाभिषेक** – यह जैन धार्मिक प्रक्रिया है जिसमें प्रतिमा को जल, दूध, दही और शहद आदि से स्नान कराते हैं तथा उसकी पूजा कर फल–फूल, तथा बहुमूल्य वस्तुएँ भेंट की जाती हैं।

**इसरो** – भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र, जहाँ अंतरिक्ष संबंधी खोज एवं उपग्रह आदि का निर्माण होता है।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. कर्नाटक में सोने की खान कहाँ है?

प्रश्न 2. मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल कौन–सा है?

प्रश्न 3. कर्नाटक के प्रसिद्ध लोक नाट्य का नाम क्या है?

प्रश्न 4. बगीचों का शहर' किसे कहा जाता है?

प्रश्न 5. 'श्रवण बेलगोला' में किसकी विशाल प्रतिमा है?

प्रश्न 6. कर्नाटक के सीमावर्ती राज्यों के नाम लिखो।

प्रश्न 7. बैंगलोर के लाल बाग की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 8. बाँदीपुर राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले प्राणियों के नाम लिखो।

प्रश्न 9. वृंदावन उद्यान की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 10. कर्नाटक के लोगों के भोजन और पहनावे के बारे में लिखो।

प्रश्न 11. मैसूर के दशहरे का वर्णन करो।

प्रश्न 12. 'यक्षगान' क्या है?

प्रश्न 13. कर्नाटक की तीन प्रमुख वस्तुएँ क्या हैं?

प्रश्न 14. अपने क्षेत्र में दशहरा पर्व कैसे मनाया जाता है। वर्णन करो ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 15. सही जोड़ियाँ मिलाओ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | कृष्णराज सागर | – | खाद्य पदार्थ |
| ख. | गोमतेश्वर बाहुबली | – | टीपू सुल्तान |
| ग. | श्रीरंगपट्टनम | – | श्रवण बेलगोला |
| घ. | यक्षगान | – | कावेरी नदी |
| ङ. | महिषासुर | – | लोकनाट्य |
| च. | रसम | – | बैंगलोर |
| छ. | लालबाग | – | दैत्य |

सोचकर लिखो–

प्रश्न 16. कर्नाटक के इन दर्शनीय स्थलों की तरह छत्तीसगढ़ में कौन–कौन–से दर्शनीय स्थल हैं?

| क्र. | दर्शनीय स्थल | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 1. | पहाड़ी पर स्थित देवी मंदिर | चामुंडेश्वरी देवी का मंदिर | —————— |
| 2. | एक बड़ा जलप्रपात | जोग प्रपात | —————— |
| 3. | एक राष्ट्रीय उद्यान | बाँदीपुर | —————— |
| 4. | प्राचीन विष्णु मंदिर | श्री रंगपट्टनम | —————— |
| 5. | बहुमूल्य वस्तु की खान | कोलार (सोने की खान) | —————— |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1 निम्नांकित शब्दों को शुद्ध कर लिखो।**

उत्पत्ती, आर्कषण, अंतगर्त, भव्यभूमी, दशर्नीय, कनार्टक, आधारीत, नीराली, श्रद्धार्पूवक, उन्नती।

**समझो**

- निम्नलिखित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को ध्यान से पढ़ो। इनके बहुवचन बनाते समय ई (दीर्घ) की मात्रा को इ (ह्रस्व) में बदल देते हैं और अंत में याँ लगाते हैं– जैसे –

मछली – मछलियाँ

तितली – तितलियाँ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. निम्नांकित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को बहुवचन में बदलो।**

लड़की, बेटी, रोटी, पोटली, तकली, बकरी, कटोरी, तरकारी, बीमारी, खिड़की।

## रचना

- 'धान की बालियों से झालर बनाओ और अपनी कक्षा में लगाओ।

## योग्यता–विस्तार

- छत्तीसगढ़ के पर्यटन केंद्रों की एक सूची बनाओ जिसमें यह बताया गया हो कि ये पर्यटन–केंद्र क्यों प्रसिद्ध हैं।
- कर्नाटक एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की जानकारी निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

| मुख्य बिंदु | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|
| राजधानी | | |
| पड़ोसी राज्य | | |
| पर्यटन स्थल | | |
| वृक्ष | | |
| शहर | | |
| कारखाना | | |
| तीर्थस्थल | | |
| लोकनॉट्य | | |

5KF957

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5KP56U

पाठ–15

# एक और गुरु–दक्षिणा

– राजे राघव

प्राचीन काल में विद्यार्थी गुरु के आश्रम में रहकर अध्ययन करते थे। गुरु समय–समय पर अपने शिष्यों की बुद्धि की परीक्षा लेते थे। इससे शिष्य के निपुण होने का ज्ञान होता था। शिक्षा पूरी होने पर विद्यार्थी अपने गुरु को स्वेच्छा से गुरु–दक्षिणा देते थे। कभी–कभी गुरु उनकी परीक्षा लेने के लिए भी गुरु दक्षिणा माँग लेते थे। इस कथा में एक अनोखी गुरु–दक्षिणा देने का विवरण हम पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, क्रिया, सामासिक शब्दों का सामान्य ज्ञान, सारांश लिखना।

एक थे ऋषि। गंगा तट पर उनका आश्रम था; मीलों लंबा–चौड़ा। बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे। आश्रम में अनेक गाएँ थीं। हिरनों के झुंड आश्रम में चौकड़ी मारते, उछलते–कूदते फिरते थे।

ऋषि के शिष्यों में तीन प्रमुख शिष्य थे। तीनों ही अस्त्र–शस्त्र में निपुण, शास्त्र–ज्ञान में पारंगत, बोलचाल में मीठे, स्वभाव में विनम्र, धरती की तरह सहनशील, सागर की तरह गंभीर और सिंह के समान बलशाली थे।

वह पुराना जमाना था। उस समय आश्रम की गद्दी का अधिकारी होना ऐसा ही था, जैसे किसी राज–सिंहासन पर बैठ जाना। राजा स्वयं ऋषि–मुनियों के आगे सिर झुकाते थे।

ऋषि अपने तीनों शिष्यों से बहुत प्रसन्न थे। उन्हें वे प्राणों के समान प्रिय थे। मगर एक समस्या थी। ऋषि काफी बूढ़े हो गए थे। वे चाहते थे कि अपने सामने ही उन तीनों में से किसी एक को आश्रम का मुखिया बना दें। मगर बनाएँ किसे? यह समस्या भी छोटी नहीं थी। तीनों ही एक–से बढ़कर एक आज्ञाकारी थे, योग्य थे और सच्चे अर्थों में मुखिया बनने के अधिकारी थे।

ऋषि सोचते रहे, सोचते रहे। आखिर एक दिन उन्होंने तीनों को अपने पास बुलाया और कहा, "प्रियवर! तुम तीनों ही मुझे प्रिय हो। मैंने जी–जान से तुम्हें पढ़ाया–लिखाया और अस्त्र–शस्त्र चलाने की शिक्षा दी है। मुझे जो–जो विद्याएँ आती थीं, तुम्हें सब सिखा दीं। अब केवल गुरुमंत्र सिखाना बाकी है। गुरुमंत्र किसी एक को ही बताऊँगा। जिसे गुरुमंत्र बताऊँगा, वही मेरी गद्दी का अधिकारी होगा। मैं तुम तीनों की परीक्षा लेना चाहता हूँ।"


ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर झुका लिया। वे बोले,"गुरुदेव, ऐसा कौन–सा काम

**शिक्षण–संकेत–** गुरुओं का शिष्यों के प्रति तथा शिष्यों का गुरुओं के प्रति व्यवहार पर चर्चा करें। उदाहरण स्वरूप आरुणि/एकलव्य की कथा संक्षेप में बताएँ। इस प्रसंग के साथ बच्चों को पाठ से जोड़ें। बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहें, कहानी पर मौखिक प्रश्नोत्तर करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





है, जो हम आपके लिए नहीं कर सकते?''

ऋषि मुस्कराकर बोले, ''यह मैं जानता हूँ। फिर भी परीक्षा, परीक्षा है। तुम तीनों अलग–अलग दिशाओं में जाओ और अपने श्रम से कमाकर मेरे लिए कोई अद्‌भुत भेंट लाओ। जिसकी भेंट सबसे अधिक सुन्दर और मूल्यवान होगी, वही गद्‌दी का अधिकारी होगा। ध्यान रहे, एक वर्ष में वापस आना भी जरूरी है।''

ऋषि की आज्ञा पाकर तीनों शिष्य चल पड़े। वे मन–ही–मन योजनाएँ बनाते चले जा रहे थे। उनमें से एक किसी राजा के पास जा पहुँचा। दरबार में जाकर उसने नौकरी करने की इच्छा प्रकट की। राजा तो ऋषि को जानते ही थे। उनका शिष्य कितना योग्य होगा, यह जानने में भी उन्हें देर न लगी। राजा ने उसे तुरंत अपने यहाँ रख लिया।

दूसरा शिष्य समुद्र पर पहुँचा। वह मछुआरों की बस्ती में गया और उनसे गोता लगाने की विद्या सीखने लगा। कुछ ही दिनों में वह भी कुशल गोताखोर बन गया।

तीसरा शिष्य चलते–चलते एक गाँव में पहुँचा। गाँव उजाड़ था। घर थे, जानवर थे, बच्चे थे, महिलाएँ थीं, मगर पुरुष एक भी नहीं था। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। मालूम पड़ा कि यहाँ अकाल पड़ा है। कई वर्षों से पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। सभी लोग सहायता के लिए राजा के पास गए हैं।

वह सोच में पड़ गया। फिर चल पड़ा अपने रास्ते पर। मगर उसे ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ा। सामने से गाँववालों की भीड़ आ रही थी। वे उदास थे और राजा को बुरा–भला कह रहे थे।

यह जानकर ऋषि के शिष्य को हँसी आ गई। एक राहगीर को हँसता देख गाँववालों को बुरा लगा। वे बोले– ''आप हँसे क्यों?''

''हँसी तो मुझे तुम्हारी मूर्खता पर आ रही है।''

''हमारी मूर्खता पर! अकाल ने हमें तबाह कर दिया है। भूखों मरने की नौबत आ गई है। हम सहायता के लिए राजा के पास गए थे। उसने भी हमारी सहायता नहीं की। आप हमें मूर्ख बता रहे हैं!''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



"हाँ, मैं ठीक कह रहा हूँ। तुम सैकड़ों आदमी मिलकर कुछ नहीं कर सकते, तो राजा अकेला क्या कर लेगा? आदमी सहायता करने के लिए पैदा हुआ है।"

ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए। वे बोले, "भैया, तुम तो चमत्कारी लगते हो। हम क्या जानें ? चलो, तुम ही हमारे दुखों को दूर कर दो।"

"मैं ही क्यों, तुम स्वयं हाथ उठाओ। कदम बढ़ाओ। हिम्मत से क्या नहीं हो सकता? उठाओ फाल–कुदाल। कुएँ खोदो। प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।" शिष्य बोला।

"कुएँ ! कुएँ तो गाँव में हैं, मगर सारे सूख रहे हैं। उनमें पानी नहीं, तो नए कुओं में कहाँ से आएगा?" गाँववाले बोले।

"गाँववालों की बातें सुनकर ऋषि का शिष्य मुस्कराया। वह बोला, "कुओं को सूखने की स्थिति में किसने पहुँचाया? क्या तुम लोगों ने कभी जल संरक्षण के कोई उपाय किए हैं? तुम सब लेने की धुन में लगे रहे, देने की बात किसी ने नहीं सोची। उसी का फल आज भुगत रहे हो। खैर, सुबह का भूला अगर शाम को घर लौट आए तो वह भूला नहीं कहा जाता। चलो, कुओं को और गहरा करो। पानी जरूर निकलेगा। जमीन पर हरियाली फैलेगी तो बादल भी आकर्षित होंगे। वर्षा होगी तो उसका पानी रोकेंगे।"

गाँववालों की समझ में बात आ गई। दूसरे दिन से गाँववाले कुएँ खोदने में जुट गए। श्रम के मोती पसीना बनकर गिरे, तो भगवान की आँखें भी भीग गईं। कुओं से शीतल जल–धारा फूट पड़ी। सूखी धरती हरियाली की चूनर ओढ़कर फिर से मुस्कराने लगी।

एक गाँव की हालत सुधरी। फिर दूसरे की सुधरी। श्रम और साहस का काफिला आगे बढ़ा। ऋषि का शिष्य गाँव–गाँव जाता। अकाल से लोगों को लड़ना सिखाता। दूर–दूर तक उसका नाम फैल गया। सभी उसे आदमी के रूप में 'देवता' समझने लगे। राजा के कानों तक भी यह बात पहुँची।

ऋषि अपने शिष्यों का इंतजार कर रहे थे। एक दिन पहला शिष्य पहुँचा। उसके साथ हाथी–घोड़े थे। उसने सिर झुकाकर कहा, "गुरुदेव, देखिए राजा ने मेरी योग्यता से प्रसन्न होकर मुझे हाथी–घोड़े भेंट में दिए हैं।" ऋषि मुस्कराए और चुप रहे। दूसरे दिन दूसरा शिष्य आया। उसने समुद्र से बहुत सारे बहुमूल्य मोती इकट्ठे किए थे। ऋषि ने मोतियों की पोटली ले ली और एक ओर रख दी। कहा कुछ नहीं।

पूरा वर्ष बीत गया। तीसरा शिष्य नहीं लौटा। दोनों शिष्यों को लेकर ऋषि उसकी खोज में चल पड़े। राजदरबारों में गए, मगर पता नहीं चला। नगरों में ढूँढ़ा, किसी ने कुछ नहीं बताया। रास्ते में शाही पालकी जा रही थी। ऋषि को देखकर पालकी रुक गई। राजा नीचे उतरे। ऋषि को प्रणाम किया। ऋषि ने राजा से कहा, "राजन्! आपकी प्रजा बहुत सुखी है। चारों ओर लहलहाती फसल खड़ी है। आप भाग्यवान हैं।"

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





"नहीं ऋषिदेव!, यह प्रताप मेरा नहीं, देवता का है। मेरे राज्य में एक देवता ने जन्म लिया है। मैं देवता के दर्शन करने जा रहा हूँ।" देवता के पैदा होने की बात सुनकर ऋषि भी चकराए। वे भी राजा के साथ चल पड़े।

एक दिन ढूँढ़ते–ढूँढ़ते किसी गाँव में देवता मिल गए। धूल से सने, पसीने से लथपथ, गाँववालों के साथ काम में जुटे थे। राजा चकित रह गया। वह देवता कैसे हो सकता था? वह तो एक साधारण किसान जैसा था। सिर पर न मुकुट था, न गले में स्वर्ण के फूलों की माला। राजा आगे नहीं बढ़ा। चुपचाप खड़ा देखता रहा। मगर ऋषि चिल्लाए, "बेटा सुबंधु! तुम यहाँ? मैं तुम्हें ही ढूँढ़ता फिर रहा था।" कहते हुए ऋषि ने धूल–धूसरित सुबंधु को बाँहों में भर लिया। "क्या मुझे दक्षिणा देने की बात तुम भूल गए हो?" ऋषि ने कहा।

"नहीं गुरु जी! भूल कैसे जाता? मगर अभी काम अधूरा है। इन सारे लोगों के आँसुओं को पोंछना था। आप ही ने तो बताया था, "मनुष्य की सेवा से बढ़कर महान धर्म कोई नहीं है।"

राजा देखते रह गए। ऋषि की आँखें भी नम हो गईं। ऋषि ने भरे गले से कहा, "बेटा! तुमने ठीक ही कहा। तुम्हें सचमुच अब मेरे पास आने की जरूरत नहीं। तुमने इतने लोगों की भलाई करके मेरी दक्षिणा चुका दी है। जो दूसरों के आँसू लेकर उन्हें मुस्कराहट दे दे, वह सचमुच देवता है। तुम देवता से कम नहीं हो।" राजा का सिर सुबंधु के आगे झुक गया।

## शब्दार्थ



| | | |
|---|---|---|
| निपुण | – | कुशल |
| तबाह | – | नष्ट |
| राहगीर | – | रास्ता चलनेवाला |
| धूलधूसरित | – | धूल में सने हुए |
| चौकड़ी भरना | – | उछलते हुए तेज दौड़ना |
| गोताखोर | – | पानी में डुबकी लगानेवाला |
| पालकी | – | मनुष्यों द्वारा उठाई जाने वाली सवारी |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. ऋषि का आश्रम कैसा था?

प्रश्न 2. गुरु ने शिष्यों की परीक्षा क्यों ली?

प्रश्न 3. ऋषि ने अपने शिष्यों की परीक्षा कैसे ली?

प्रश्न 4. पहला शिष्य कहाँ गया? उसने ऋषि को भेंट में क्या लाकर दिया?

प्रश्न 5. दूसरे शिष्य द्वारा दी गई मोतियों की पोटली का ऋषि ने क्या किया?

प्रश्न 6. ऋषि के तीनों शिष्यों की क्या विशेषताएँ थीं?

प्रश्न 7. सुबंधु ने गाँव में जाकर क्या देखा?

प्रश्न 8. सुबंधु ने गाँववासियों की दशा कैसे सुधारी?

प्रश्न 9. गाँव के लोग सुबंधु को देवता क्यों कहते थे?

प्रश्न 10. गुरु जी ने गुरु–मंत्र पाने का अधिकारी किसे माना? और क्यों?

प्रश्न 11. पहले विद्यार्थी आश्रम में रहकर ही पढ़ाई करते थे। सोंचकर बताओ कि आज भी तुम्हे स्कूल में रहकर ही पढ़ना होता तो क्या होता?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. पाठ को पढ़कर खाली स्थानों में, कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर भरो –**

क. उन्हें वे प्राणों के समान ............... थे। (प्रिय/प्रेम)

ख. राजन्! आप ............................ हैं। (भाग्यवान/भाग्यमान)

ग. आप हमें ............... बता रहे हैं। ( बुद्धिमान/बुद्धिवान)

घ. ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर ...................। (झुका लिया/पकड़ लिया)

ङ. वह तो एक ................ किसान जैसा था। ( असाधारण/साधारण)

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. सुबंधु की भेंट मूल्यवान थी, पहले शिष्य की भेंट ............................थी।

ख. दिनेश और विनय योग्य थे, सुरेश ...........................था।

ग. यह समस्या छोटी नहीं थी, बहुत ....................थी।

घ. तीनों शिष्य परिश्रमी थे, वे ............... नहीं थे।

ङ. वह पुराना जमाना था, अब .................जमाना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## पढ़ो और समझो–

पाठ में आए निम्नांकित वाक्यों को पढ़ो–

क. बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे।

ख. रास्ते में शाही पालकी जा रही थी।

ग. राजा नीचे उतरे।

घ. राजा ने उस व्यक्ति को ध्यान से देखा।

ऊपर लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों से हमें किसी–न–किसी कार्य के होने का पता लगता है। **जिन शब्दों से हमें किसी कार्य के होने अथवा करने का पता लगता है, उन्हें 'क्रिया' कहते हैं।** ऊपर के पहले वाक्य में 'रहना', दूसरे वाक्य में 'जाना' तीसरे वाक्य में 'उतरना' और चौथे वाक्य में 'देखना' मूल क्रियाएँ हैं।

**प्रश्न 3. पाठ में से कोई पाँच क्रिया शब्द छाँटकर लिखो।**

**प्रश्न 4. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटो–**

क. सैकड़ों आदमी मिलकर भी कोई काम न कर सके।

ख. ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए।

ग. सारे कुएँ सूखे पड़े हैं।

घ. प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।

**(ख) दोनों चौकोर में से विशेषण और विशेष्य लेकर सही जोड़े बनाओ।**

| | |
|---|---|
| लहलहाती, साधारण, अधूरा,<br>महान, नम, धूल–धूसरित | आँखें, किसान, फसल,<br>काम, सुबंधु, धर्म |

**समझो**

गुरु–मंत्र = गुरु का मंत्र

ऋषि–मुनि = ऋषि और मुनि

धूल–धूसरित = धूल से धूसरित

जल–धारा = जल की धारा

**प्रश्न 6. अब नीचे लिखे शब्दों को इसी प्रकार तोड़कर लिखो–**

राज–सिंहासन, लंबा–चौड़ा, गुरु–दक्षिणा, जी–जान, बुरा–भला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## रचना

- ‘एक और गुरु–दक्षिणा’ कहानी को संक्षेप में अपने शब्दों में लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- अर्जुन के गुरु का नाम द्रोणाचार्य था। इसी प्रकार निम्नलिखित महापुरुषों के गुरुओं के नाम तलाश करो।

  राम , चंद्रगुप्त, कृष्ण, शिवाजी, कर्ण, विवेकानंद, लवकुश।
- इस कहानी को संवाद का रूप देकर अभिनयपूर्वक कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जल संरक्षण संबंधित पोस्टर बनाओ तथा स्लोगन भी लिखो।
- लोगों की भलाई के लिए किया गया कार्य जनहित कहलाता है। अतः दैनिक अखबार पढ़कर पता करो कि किन–किन जगहों पर जनहित के लिए क्या–क्या कार्य हो रहा है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–16

# पत्र

5L7HA5

– लेखक मंडल

पत्र द्वारा संदेश भेजने की प्रणाली काफी पुरानी है। यूँ आजकल दूरभाष की सुविधा हो जाने के कारण पारिवारिक पत्र–व्यवहारों में काफी कमी आ गई है, परन्तु दूरभाष पर हम उतनी जानकारी नहीं दे सकते, जितनी पत्र के द्वारा दी जा सकती है। बच्चे और युवा इसीलिए देश के कोने–कोने से तथा विदेशों से भी पत्र–मित्र के माध्यम से अपने मित्र बनाते हैं और अपने–अपने स्थान की जानकारी देते हैं। प्रस्तुत पत्र में एक बालिका ने अपनी सहेली को दिल्ली में मेट्रो रेल की वजह से आए बदलाव की जानकारी दी है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** एकवचन से बहुवचन बनाना, क्रिया का काल, पत्र–लेखन।

132, सी–1 शाहदरा
दिल्ली
20 नवम्बर 2010

प्रिय मीना,

नमस्ते।

बड़े दिन की छुट्टियाँ होने वाली हैं। तुम कुछ दिनों के लिए दिल्ली अवश्य आना। तुम्हें याद होगा कि पिछले वर्ष हमने कितनी मौज–मस्ती से छुट्टियाँ बिताई थीं। अप्पूघर, चिड़ियाघर, गुड़ियाघर की सैर करने में कितना मजा आया था। हम लाल किला और कुतुबमीनार भी देखने गए थे। याद है, नंदा तो कुतुबमीनार की ऊँचाई देखते–देखते पीछे को ही लुढ़क गई थी। इस साल भी नंदा अपने भाई के साथ आ रही है।

इस बार एक नया आकर्षण तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा है। मेट्रो रेल के बारे में तुमने सुना या पढ़ा ही होगा। अभी तक मेट्रो रेल केवल कोलकाता में ही प्रचलित थी; पर दिल्ली में भी कई क्षेत्रों में चलाई जा रही है। सचमुच मेट्रो रेल में यात्रा करने का आनंद ही कुछ और है। अब मेट्रो रेल का जाल पूरी दिल्ली में बिछाया जा रहा है। इसकी पटरियाँ सड़क से ऊपर खंभों पर (ओवर ब्रिज) बिछाई गई हैं। कहीं–कहीं ये भूमि के नीचे भी हैं। कोलकाता की तरह दिल्ली की मेट्रो रेल पूर्णरूप से भूमिगत नहीं है। साफ–सुथरी दौड़ती तेज गाड़ी में शाहदरा से सफर करते हुए कब कश्मीरी गेट आ जाता है, पता ही नहीं चलता। बसों की धक्का–मुक्की और लंबी कतारों से राहत मिल गई है।

**शिक्षण–संकेत–** पत्र लिखने की आवश्यकता पर कक्षा में चर्चा करें। पत्र का महत्व बताएँ। पत्र के विविध रूप भी बताएँ। आवागमन के नए–नए साधनों की जानकारी देते हुए शहरों में उमड़ रही भीड़ के कारण होने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा करें। पाठ का वाचन करें। कक्षा को कई समूहों में बाँटकर पाठ के अंश पढ़ने को दें और उनका सार बताने को कहें। कुछ अन्य विषयों पर भी पत्र–लेखन कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





मेट्रो रेल के डिब्बे दक्षिण कोरिया से बनकर आए हैं। इसके दरवाजे स्वचालित हैं जो गाड़ी के रुकते ही या चलते ही अपने आप खुल या बंद हो जाते हैं। जगह–जगह मेट्रो रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं जो बहुत सुंदर और सुविधापूर्ण हैं। काउंटर से टिकट या टोकन लेकर ही प्लेटफार्म पर प्रवेश किया जा सकता है और टोकन को एक मशीन में वापस डालकर ही बाहर आया जा सकता है। गाड़ी में प्रत्येक स्टेशन आने से पूर्व उसके नाम की घोषणा की जाती है जिससे यात्रियों को अपने निश्चित स्टेशन के आने का पता चल जाता है। गाड़ी के इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्ड पर स्टेशन आने के पूर्व उसका नाम अंकित हो जाता है।

तुम तो जानती ही हो कि देश की राजधानी और महानगर होने के कारण दिल्ली की आबादी कितनी तेजी से बढ़ी है। यहाँ की अधिकांश जनता को कामकाज के लिए प्रतिदिन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना–आना पड़ता है। इसी कारण दिल्ली की सड़कों पर बसों और वाहनों की संख्या भी बहुत अधिक हो गई है जिससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इन समस्याओं को हल करने में मेट्रो रेल काफी मददगार होगी। मेट्रो रेल का कार्य बड़ी तेजी से प्रगति पर है और अगले कुछ वर्षों में इसके पूरे हो जाने की संभावना है। कल्पना करो तब दिल्ली कितनी आकर्षक और सुखद हो जाएगी।

अभी तुम दिल्ली आओगी तो यहाँ का बदला रूप देखकर आश्चर्य करोगी। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगी। चाचा जी और चाची जी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारी सखी
कांता

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकर्षण | – | खिंचाव | सैर | – | घूमना |
| अधिकांश | – | अधिकतर | स्वचालित | – | अपने आप चलनेवाली |
| प्रदूषण | – | ..................... | मददगार | – | सहायता देनेवाला |
| संभावना | – | ..................... | प्रतीक्षा | – | ..................... |

ऊपर कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(दूषित होना, इंतजार, मुमकिन होना)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. कांता ने किसे पत्र लिखा है?
2. पत्र में पत्र भेजनेवाला अपना पता कहाँ लिखता है?
3. मेट्रो रेलवे स्टेशन की क्या विशेषताएँ हैं?
4. मेट्रो रेल के डिब्बे किस देश से बनकर आए हैं?
5. मेट्रो रेल के चलने से किस समस्या से छुटकारा मिल गया है?
6. दिल्ली की आबादी क्यों बढ़ती जा रही है?
7. दिल्ली की सड़कों पर वाहनों की संख्या क्यों बढ़ती जा रही है?
8. मेट्रो रेल के यात्रियों को स्टेशन आने का पता कैसे चलता है?

**प्रश्न 2. नीचे लिखी पंक्तियों के खाली स्थानों में पाठ के आधार पर उचित शब्द चुनकर भरो :–**

1. तुम कुछ दिनों के लिए ................ अवश्य आना। (दिल्ली/मुम्बई)
2. कुतुबमीनार की .......... देखते हुए नंदा पीछे लुढ़क गई थी। (लम्बाई/ऊँचाई)
3. ............ से टिकट या टोकन लेना चाहिए। (प्लेटफार्म/काउंटर)
4. मेट्रो रेल का कार्य ...................... गति से चल रहा है। (धीमी/तेज)
5. दिल्ली की आबादी तेजी से ...................... है। (घटी/बढ़ी)

**प्रश्न 3. सोचो और लिखो–**


1. हम किसी को पत्र क्यों लिखते हैं ?
2. बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखा जाता है?
3. अपने से छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखते हैं?
4. पत्र में पता लिखते समय पिन कोड क्यों लिखना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. इस टिकट को देखो और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**


शुभ यात्रा HAPPY JOURNEY

पी.एन.आर.नं. PNR NO. | गाड़ी नं. TRAIN NO. | तिथि DATE | कि.मी. K.M. | वयस्क ADULT | बच्चे CHILD | टिकट नं. TICKET NO.

250-1790119 | 2964 | 29-05-2007 | 286 | 2 | 0 | 16138326

JOURNEY CUM RESERVATION TICKET PRS-NDLS

उदयपुर सिटी कोटा जं. UDAIPUR CITY KOTA JN

COACH SEAT/BERTH SEX AGE T. AUTHORITY CONC. R.FEE SF CH VOUCH Rs. T. CASH Rs.

S4 41 LB M 40 ... 40 ... 40 ... 342

S4 44 LB M 30 ... Rs. THREE FOUR TWO ONLY

MEWAR EXPRESS / BOARDING UDAIPUR CITY 29-05-2007 SCHEDULED DEP 18:35

1. इस टिकट पर कितने लोगों ने यात्रा की?
2. यह टिकट कहाँ–से–कहाँ तक की है?
3. इन दोनों स्थानों के बीच की दूरी कितनी है?
4. किराये के लिए कितने पैसे चुकाए गए?
5. टिकट धारकों की आयु क्या है?

## गतिविधि

- कक्षा के दोनों समूह शब्दार्थ संबंधी गतिविधि करें। एक समूह शब्द बोले, दूसरा उसका अर्थ बताए, फिर यही गतिविधि उलटकर करें।

## भाषातत्व और व्याकरण

**पढ़ो और समझो–**

| | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छुट्टी | शाला | बगीचा | पुस्तक |
| 2. | बकरी | बाला | शरीफा | नहर |
| 3. | गठरी | माला | फीता | पेंसिल |
| 4. | पटरी | घोषणा | बाजा | कमीज |
| 5. | लकड़ी | योजना | ताला | चादर |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ऊपर चार वर्गों में चार प्रकार के शब्द दिए गए हैं। अ वर्ग के नीचे 'ई' से अंत होने वाले पाँच स्त्रीलिंग शब्द हैं, ये सभी एकवचन में हैं। इनको बहुवचन बनाते समय 'ई' को 'इयाँ' और 'इयों' में बदल देते हैं, जैसे 'छुट्टियाँ', 'छुट्टियों'। ब के नीचे लिखे शब्द 'आ' से अंत होने वाले स्त्रीलिंग शब्द हैं। इनके बहुवचन 'एँ' और 'ओं' लगाकर बनाए जाते हैं, जैसे शालाएँ, शालाओं।

**प्रश्न 1. ऊपर दी गई तालिका में 'स' और 'द' के नीचे लिखे शब्द किस लिंग के हैं? उन्हें बहुवचन में बदलो।**

**समझो**

- 'मस्त' में 'ई' की मात्रा जोड़कर 'मस्ती' शब्द बना है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में 'ई' की मात्रा जोड़कर नए शब्द बनाओ और उनका वाक्यों में प्रयोग करो–**

वापस, कम, तेज, देर, गलत।

**इन वाक्यों को पढ़ो और समझो–**

क. मीना दिल्ली गई थी।

ख. कांता दिल्ली में रहती है।

ग. दिल्ली में मेट्रो का विस्तार होगा।

पहले वाक्य से यह पता लगता है कि काम पूर्व में हो चुका है। दूसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि काम अभी हो रहा है। तीसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि कार्य आगे होगा। काम की दृष्टि से पहला वाक्य भूतकाल का है, दूसरा वाक्य वर्तमान काल का और तीसरा वाक्य भविष्यत् काल का है।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखो और इन्हें निर्देशानुसार काल में बदलो–**

क. हमने छुट्टियाँ बिताई थीं। (भविष्यत् काल)

ख. वह अपने भाई के साथ आएगी। (वर्तमान काल)

**समझो**

- हलंत वर्णों (क्, त्, स् आदि सभी) पर मात्रा नहीं लगाई जाती। 'बुद्धि' को अगर हम तोड़कर लिखें तो इस तरह लिखेंगे– ब + ु + द् + ि + ध। 'निश्चित' को इस तरह लिखेंगे– ि + न + श + ि + च + त। 'निश्िचत' लिखना गलत है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. 'मुट्ठी', 'शुद्धि', 'क्रुद्ध', 'प्रसिद्धि', 'वृद्धि' शब्दों को तोड़कर लिखो।**

- 'र' का प्रयोग चार रूपों में होता है। देखो और समझो–

अ. र – राम, राजा, राज्य, राकेश।

ब. ` – धर्म, कर्म, शर्म, गर्त।

स. ्र – ग्राम, ग्रह, चक्र, क्रम।

द. ‸ – राष्ट्र, ड्रम, ट्रक, ड्रिल।

'र' से बनने वाले शब्दों के उच्चारण में कोई कठिनाई नहीं होती। 'राम', 'राजा' आदि का उच्चारण सरल है। 'धर्म' का उच्चारण करो। 'ध' के बाद 'र' का उच्चारण होता है और 'म' का उच्चारण बाद में पूरा होता है। क्रम में 'क' का उच्चारण पहले होता है और 'र' का बाद में। इसमें 'क' आधा है और 'र्' पूरा। ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ) के साथ 'र' का प्रयोग ‸ रूप में होता है।

प्रश्न 5. ब, स और द वाले 'र' के प्रकारों के पाँच–पाँच शब्द लिखो।

## रचना

- शाला–वार्षिकोत्सव की तैयारी के संबंध में अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखो।
- आपके मोहल्ले में अत्यधिक गंदगी फैली है तो आप किसको पत्र लिखोगे? कैसे?

## योग्यता–विस्तार

- महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस आदि महापुरुषों ने अपने पुत्र–पुत्रियों और मित्रों को कारागार से पत्र लिखे हैं। अपने शिक्षक की मदद से उन्हें खोजकर पढ़ो।
- अंतर्देशीय डाक टिकट, लिफाफा और पोस्टकार्ड संकलित करो और उनपर चर्चा करो। कक्षा में उनका प्रदर्शन करो और उन पर चर्चा करो।
- संदेश भेजने के और कौन–कौन से साधन है?

5LGSBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाट – 17

# fyaxksuk djZlkM+

कांयकेर जिल्ला ते मनवालोर कोयतोर आईर बद्दे गल्ला जिल्ला अन राज तोर कोयतोर पुरखा सत् परचो तुन पक्का पत्ते मानतोर। अन तिहर आई कि जतरा कर्रसड़ अहनेक मंडेय पहर पूजा पाट, होंम–जग दूप, लाली, नरहेल, हिममतोर पंदि्ंग बोकड़ांग कोर्र्क पूजान्तोर। अदमें वल्लेकनार्र ते लिंगो पेन ता मूंड वरसाने कर्रसाड़ आयता,तान इद पाट ते वेहले आता।

bn ikV rs ekV dfjZ;dkV & गोंडी तंग अड़चेन–अड़चेन टप्पिनुंग वड़कला,पड़हे कियला कर्रियनह आयर। टप्पिना अरेत तुन पुन्नह आयर कांयकेर जिल्ला ते मंदलेंग पेन कड़ा मंडानुंग अन तिहारीनुंग पुन्हर। तयहता एंदन्ना, कर्रसना, 18 बाजा लेंग पाड़ता मीलेमास नेंग दस्तुर तुन कियना पेन हर्र अन इगडा बूम तुन पुन्हर। गिरदाते–लिगोंना करसोडेता सग–सगने बसतेर बूयं ताग करसाड़ी ननेंग दसनुरतुन गलग पुनहार।

## ekus; rk fpUgjh

कांयकेर्रियलः– वर्रोड़ सहेर तोर मानेय ओर तयहातोरंग नीति नेंगीनुंग जादा पुन्नोर।

अंतागड़ियलः– अंतागड़तोर मानेय ओर लिंगो कर्रसड़ता बारे ते पुंतोर।

पटेलः– वल्लेकनाटोर पटेल माहरू कोरोटी एर लिंगो कर्रसाड़ कियना ते अच्चय रेक–डेक किययतोर।

(कांयकेर्रिया दादल आपुना पारी हारल अंतागड़िया नक्के चैत पूनी महना ते ओना मियड़हारी ना लोते सगा हत्तुर। मुल्पे हुंजनहोक हक्कुम नेकन्ना तुन केंच कांयकेर्रियल पारीहारन पूचे मायतोर।)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



&oMdUuk eM vk;rk&

कांयकेर्रियलः– बदम पारी ? इद हक्कुम ता लेंग बगडह वायता ? इद हेरे बगा तो कर्रसाड़ आंद होही ?

अंतागड़ियलः– इंगो पारी, इगाडह सारूंग कोस लेक वल्लेकनाटा नाड़ कर्रसाड़ आयर। सप्पो पेन्क अगय दायतंग।

कांयकेर्रियलः– अच्चा!अच्चा! इद वल्लेकनार्र बद्द वड़का पड़यता पारी ?

अंतागड़ियलः– इंगो पारी केंजा नन्ना वेहयतोना। इगाडह पद सारूंग किलोमीटर लेक बेरा(पोड़्द)पसियन वड़का वल्लेकनार्र मन्ता। अंतागड़ तह ओहनह आयनंग मट्टक नह हब्बर उंद नार्र मंता बेरहा पेंजोड़,इगडह उचुय लेक वल्लेकनार्र उदिता। अगा कोयतोर सगा कोटुम नामजागी iufyxk ना तयहा ता jkmM मंता।

कांयकेर्रियलः– अच्चा! तो इद कर्रसड़ वरसुत आयता ?

अंतागड़ियलः– आयो पारी, वल्लेकनार्र मूंड वरसना पर्रेक चैत पूनी ता पेहली लकिंगवर ukE l सुकुरवर, दियय मंडेय/कर्रसड़/जतरा/बजर ता परोयदे बस्केय गला बातय पेन नेंग आतेक इवे दियने आयता। इगा कोयतोरा संगने दुसरा बूम तह गला मानेय वायतोर।

कांयकेर्रियलः– अहनेक तो अच्चय पेन्क् गूडयतंग होही पारी ?

अंतागड़ियाः– इंगो! पारी इगा अच्चय लेक–लेक तह लिंगो ना लेहजेर तंग अन दुसरंग पेन्कुन नेवता हीतेक ततयतोर। इगा आंगंग, लाटिंग, डोलिंग, छत्तरिंग अन कोलंग बितिह पेन्क् चुज्जे सोबय लेवा मंतंग।

कांयकेर्रियलः– सहेरीनके तो इदम हूड़ पुटोंग पारी। मिया बूम ते मानेय इदेक गला आपुना पेन नियमीनुंग जोरदार गिर्रदा ते माने मायतोर।

अंतागड़ियलः– लिगो पेनताते इहता निकुल पेनकडा आन्द। इगा बोरे गल्ला मानेय,वालेंग पेन्कुन जोहर कीस अच्चा सगुन समजे मायतोर। इंतोर,लिंगोना वेहले

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



पाआ, लिंगोना वेहले डाका इगा बातय गला मंता सप्पो लिंगो बाबानय आसीद् आंद। अच्चा गोकते वालेर मानेय ता आपुना बद्दे गला बिचर तुन लिंगो बाबल निचट कियतोर।

कांयकेर्रियल :–तो पारी रा ! लिंगो बाबा ना बारे ते पेर बातय–बातय वेहा ?

अंताकड़ियल :–इंगो पारी,इगडोर मानेय तयहा तहे लिंगो बाबन हर्र तोहवल अन पेन मुटवा गूरू माने मायतोर। लिंगो बाबल, गोंडी पोल्लो, पाटंग–डाकंग एंदनंग, नेकहनंग, पंडन्ना, 18 बाजंग, पोल्लेर–पोल्वोरा दस्तुर पाड़ी, गोटुल नेंग अन मंदन्ना तुन वेहवाल मूड़ियाल आंदुर। हदेनका पेहली मुटवा गूरू लिंगो बाबाना इगडोर मानेय ते अच्चाय मान मंता। लिंगो बाबाना आसीद् अन बिचर ता काजे कर्रसड़ कीस आपुना पेन हानल तुन माने मायतोर। इयेंड नना गल्ला कर्रसाड़ हूड़ला दाका।

कांयकेर्रियल :– केंच्च तो कुबैय बेस लागयता। नावा गला बानी मंता मति मावाकेतो बेरहंग कर्रसड़िंग आयोंग पारी। इदेक नना मेलय मंतोना हदेन बिचार कियतोना नना गला निया संग कर्रसाड़ हूड़ वायेना।

{ रंडोहजन पारी लोर कर्रसड़ हंदला बिचर कीतुर अन हुंजतुर। नर्रकीय रंडोहजन वल्लेकनार्र हंदला अंतागड़तह बोरई दायना बस ते उद्दीतुर अन हर्रदे रंडोहजन वड़क्सोर हंदुर। }

कांयकेर्रियल :–पारी इव मटक, कोटुह, बव मटक ना लेहजेर ते वायतंग।

अंतागड़ियल :–इंगो पारी! इव मटाकुन चर्रे–मर्रे पेंजोड़ मट्टा ता पोरोयते पुंतोर। इव अबुजमाड़ मट्टकना लेहजेर ते वायतंग। इव समुंद एर्र तहले हेयंग–हारूंग सव्क मीटेर प्पोर्रो मंतंग। इगडंग किकोटिंग–कोकोटिंग उचुहना सड़ेकते हंदंन होक मरगुटा–एर्र बूम,गोदर्रंग,अन बस्केय–बस्केय कोटुम काजेर गला हूड़न्ना गिर्रदत्ता मारे वर्रे गला वस्सो।

कांयकेर्रियल :– चो ऽ ऽ होरे ! इद बर्रले पोंगना गोदर्रा बच्चो सोबय लेवा बेस लगे माता। इद डोडा ता मूड़ पसिय्ले डेरा अन तयहता पीटो मंता होही ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



अंतागड़ियल :– निर्कुल डोडा ता मूड़ पसियले डेरा लोहवत्तुर मट्टा तह उचुह्ना कड़का लेह्का पोंगसोर निर्रंजोड़,वल्लेकनार्र,लिंगोना कागेत मट्टातह दोड़ चर्रे–मर्रे गोदर्रा पंडयता। इद गोदोर्रका ता पोरोय लिंगोन संगनंग पेन कन्यंग चर्रे अन मर्रे एमेंग हेलह्ना पोरोयते आता। अंह! पल्लोंग–पल्लोंने वल्लेकनार्र अवतट तो पारी। दय पारी चहा बजियंग तिनिट। इगा चहंग बजियंग अच्चा मंतंग।

कांयकेर्रियल :–इगा तो कुबेय मानेएऽमानेय डिसयतोर पारी ?

अंतागड़ियल :–इंगो....! इगा छत्तीसगड़तह दुसरा बूम राज तोर गला वायतोर। होद हूड़य मंडक पंड्स केयलेंग पेन्कुन सोबय डेरा हीतोर। नेंड मुल्पे सप्पो पेन्क् मीले मास लिंगो बाबाना परोयते lgdk मंदन्नुर अन क्कोर्र कूसवय पूजंग हियन्नूर। अस्के लिंगो पेन ता vkxk तुन तेहन्नुर,नेंडे मुल्पे तो जोरदार मजा हियर।

(रंडहजन पेनकड़ते हंज पेन्कुन जोहर कीसोर मंदुर, अच्चोय होक अंतागड़ियना पुंदलेर वल्लेकनाटोर पटेल माहरू कोरोटी मीले मातुर ओना संग जोहर बेट कीस वड़क्दूंर)

कांयकेर्रियल :–पटेल दादा, निम्मा तो पुन्तोन, इगा मुल्पे बातंग–बातंग आयनुंग ?

पटेल :– इगा मुल्पे लिंगोना पेनकड़ा ते बचोक पेन्क् वातंग सप्पो मीले मायनुंग अन पेन्क् एंदन्नुंग। अवेह्ना एंदन्ना तुन हूड़न्ना जोरदार सोबय आयर। नंगोरना, 18 बाजाना र्रूद्द–र्रूद्द, र्रूद्द–र्रूद्द नेकन्ना गरजे मायर। इगा वालेर लैयोर डोल्क अन लैयह जतरा एंदान्नुंग।

कांयकेर्रियल :–केन्जतोना पटेल दादा,18 बाजंग उन्दीय बेरा नेकहयतोर ?

पटेल :– इंगो, इगा मीलेमास केवालोर सप्पजन 12 बानी बिरादरी तोर भाईलोरा (तड़यूहला) संगने मंदलेंग बाजानुंग नेकहयतोर। ikrkxfM;Uux टीह–टोह हिययतोर ओरमानेयता दुक कटेमायता इंतोर।18 बाजाना पूजा कियतोर, एन्दना मारतेक आपुह–आपुह ओस मंजल होरकुल इर्रयतोर।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



अंतागड़ियलः– पटेल दादा! कांयकेरियल पारीन लिंगो बाबाना बारे ते अन पेरे बातय–बातय वेहचिम ?

पटेलः– बाता वेहका दादा! अले से इंतोनतेक वेहयतोना। इगा lkr&lxk पुजारी भाईलोर जुड़े मातोर। लिंगोना र्रका कियना, सेवा कियना लामहाड़ेपेन आंद। मूण्ड दियन्क आयना इद कर्रसाड़ ते पेहली दिया आंगातुन साजेह कियायतोर, दूसरा दिया कर्रसाड़ अन आकरी दिया पूजा–पाट कीस पेन्कलेगान्त। इद कर्रसाड़ तुन तोहला–केंजिह्ला रेडियो बितोर अन दूसरा चैनल बितोर गला वायतोर। वरसुत कर्रसाड़ ते जंगेल डिपट संग हिययता। इगा बाहिरदेश तोर अंग्रेजलोर गला वायतोर।

कांयकेर्रियलः– सतेय!रा! वल्लेकनाटा कर्रसाड़ आहताह अन स्पुराल लेहका मंता। नाकुन इगा वास कुबेय अचा लागतू नावा जीवातुन सुकून पुट्त। देट आकिंग तिंद्काट। वायना वर्सात्ते गला नना वल्लेकनाटा कर्रसाड़ पूरा लोन मेहोर अह्नेक संगवरीलोरा संग जरूर वायका।

अचा! जोहर पटेल, जोहर पारी।

iMg fd;guk vkM Mxj & गुरूजी पाट तुन बेसते केंजनह हड़क्ले पड़हे कियन्नुर।

पीलांग केंच टप्पिनुंग होरकुदे हड़क्ले इंदान्नुंग। गुरूजी कर्रसाड़ नेंग तुन वेहन्नुर। पेन्क्ना बारे ते अन कोयतोरा धर्मगुरू लिंगोना डेरा राउड़ ता चिन्हरी कियन्नूर। लिंगो पेन तयहा ते जप–तप कीस अक्कल–गुन करिंइस तैंतीस कोट पेन्कुन पाटंग, डाकंग, हट्टोंग, पीटोंग करीह्ला गोटुल (मुन्ने ता स्कुल) मूड़ कीतूर। पोल्लो अन नेंग–नियम पंड्लेता बारे ते वेहन्नूर।

Vfliuk vjr %&

कर्रसाड़ – पेननेंग, जतरा, पेन्क् कर्रसाना।

पेनकड़ा – पेन डेरा, जागा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हक्कुम – पेनजोड़िंग दायना,अकुम,एकुम।

सम–विषम – अक्को–मामल, पोल्लेर–पोल्वोर, कटलेर–कटवोर।

भाई–बिरादरी – पेनकड़ा ते कटलेर।

तलिहक्ना – बिचर एतना।

बानी – मान, दर्जा।

मंदले/पंडलेंग – पेनता बाटा।

केंजहना/वेहना डेरा–पोवोन लेहका केंजह्ना, रेडियोता डेरा, आकाषवाणी।

स्पुराल – हर्जोर्र पेन, सजोर पेन, बेरहा पेन।

हिर्रप्ले – हाकिड़, उचुह्ना हर्र।

ताहगोचुर – कोण्डा अव्वह, आहताह।

नोम्स – नोमन्ना, उपस मंदन्ना।

निचट – कचित, जरूर, पहजे, बजरा।

## t cku&dfj ; uk

### xkd t cku &

1. लिंगो कर्रसाड़ ता बारे ते बोर पुन्वय मतोर ?

2. अंतागड़ियल कांयकेर्रियन बातंग–बातंग वेहतुर ?

3. पेनकड़ा ते बोना संग मीले मातुर ?ओर मानेय बातंग वेहतुर ?

### t cku vu t ckc &

1. तेयहा तोर मानेयता पाट गूरू बोर आन्दुर ?

2. लिंगो ना कर्रसाड़ बच्चोक वरसा ने आयता ?

3. पेन कड़ा ते बच्चोक बानी बिरादरी तोर कटतोर ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



4. वल्लेकनार्र दायना हर्रदे बद्द नामजागी कड़का गोदोर्रका मन्ता ?

5. लिंगो ना कर्रसाड़ ते बगा–बगडह मानेय वायतोर ?

6. लिंगो पेन मंडेय बच्चोक दियन्क् आयता ?

7. पेन्जोड़ मट्टा बद्द मट्टा ता लेहजेर ते वायता ?

## xkd cjLguk %&

लिंगोना कर्रसाड़ लेहका पेर बगा–बगा आयता ?

## ghyx Vfliux fiLy Mjk r fugV%&

(सात भाई, डोल्क, चर्रे अन मर्रे, लोहवत्तुर मट्टा, नोम्स, सुकुरवर, बाहीर देस तह।)

1. लिंगोना कर्रसड़ ..................नेकले गजुर तह सुरू आयता ।

2. निर्कुल डोडता मूड़ डेरा.....................तह आंद ।

3. ...........................दिया लिंगो नगा नेंग–नियम आयता।

4. कड़का गोदर्रा................. एमेंग हेलह ना परोय ते आता ।

5. लिंगो पेन दे तड़यूर भाई 18 ते.............गोत्र तोर पुजारी आयतोर ।

6. पेन कर्रसड़ ते......................हूड़वालोर गला वायतोर ।

7. लकिंगवर दिया...............जिय्या अरहयतोर।

SQYHSK

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5H2KE6

**पाठ–18**

# हार नहीं होती

— हरिवंशराय 'बच्चन'

इस कविता में प्रयत्न एवं परिश्रम की महिमा गाई गई है। कवि कहता है कि निरंतर प्रयत्न करते रहने वालों की कभी पराजय नहीं होती। छोटी–सी चींटी जब दीवार पर चढ़ती है तो वह कई बार नीचे फिसल जाती है, किन्तु वह हार नहीं मानती। अंततः उसकी मेहनत बेकार नहीं जाती और वह ऊपर चढ़ने में सफल हो जाती है। गोताखोर उत्साह में भरकर गहरे पानी में उतरता है और मोती निकाल ही लाता है। असफलता को एक चुनौती की तरह स्वीकार करना चाहिए और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** शब्दों के शुद्ध रूप, तत्सम और तद्भव रूप, विलोम शब्द, मुहावरों के अर्थ।

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है,
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,



आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।



डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा–जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में,

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को बताइए कि जो निरंतर प्रयास करता रहता है, वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर ही लेता है। जिस काम को हम हाथ में लें उसे पूरा करके ही छोड़ें। कविता का सस्वर वाचन करें और अलग–अलग विद्यार्थियों से उसका अनुकरण वाचन कराएँ। कविता में जो उदाहरण दिए गए हैं, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य उदाहरण देकर बताएँ कि जो लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत् प्रयत्नशील रहते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। अँग्रेजी कविता की ये पंक्तियाँ भी कक्षा में सुनाएँ–

**Try and try again boys,**
**You will succeed at last.**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुठ्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो,
जब तक न सफल हो, नींद चैन त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय–जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

### शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नौका | – | नाव | रगों में | – | नसों में |
| अखरना | – | खलना, बुरा लगना | सिंधु | – | समुद्र |
| चुनौती | – | ललकार | संघर्ष | – | टकराव, मुकाबला |
| हैरानी | – | आश्चर्य | मैदान छोड़ना | – | पीछे हटना |
| चैन | – | शान्ति | सहज | – | आसान |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. ''कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती'' इस पंक्ति का क्या आशय है?
2. चींटी किस प्रकार संघर्ष करती है?
3. सफलता पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
4. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जो तुम्हे सबसे अच्छी लगी। क्यों अच्छी लगी?
5. यदि हम किसी काम को करने में किसी कारणवश असफल हो जाते है तो हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए।
6. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तुम क्या–क्या तैयारी करते हो?

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| नौका | – | एक चुनौती है। |
| चींटी | – | लहरों से डरती नहीं है। |
| गोताखोर | – | सौ बार फिसलती है। |
| असफलता | – | सिंधु में डुबकियाँ लगाता है। |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3 खंड 'अ' और खंड 'ब' से कविता के अंश लेकर पंक्तियाँ पूरी करो–**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| क्या कमी रह गई | हर बार नहीं होती |
| कोशिश करनेवालों की | जय–जयकार नहीं होती है। |
| मुट्ठी उसकी खाली | मोती गहरे पानी में |
| मिलते न सहज ही | हार नहीं होती। |
| कुछ किए बिना ही | देखो और सुधार करो। |

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पंक्तियाँ किसके लिए प्रयुक्त हुई है–**

1. मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती।
2. आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम और तद्भव शब्द चुनकर लिखो–**

मोती, मन, लहर, सिंधु, नींद, हाथ, गाय, दर्शन, चरण, प्राण।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है? खाली जगह में लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हार | .................................. | सौ | ...................................... |
| नींद | ................................. | सिंधु | ..................................... |
| कोशिश | ................................ | डर | ...................................... |
| लहर | .................................. | मेहनत | .................................... |

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो–**

चुनौती, मुठ्ठी, बड़ा, चढती, विस्वास, महनत, कोशिश, नन्हीं, नोका, साहस, संघर्ष।

**प्रश्न 4 तुमने पढ़ा है कि कुछ शब्द सदा एकवचन में रहते हैं और कुछ शब्द बहुवचन में। दोनों प्रकार के दो–दो शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5 'जय–जयकार करना', 'कोशिश करना' क्रियाओं का भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल के एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

हार, विश्वास, बढ़ना, सफलता, स्वीकार, उत्साह, चैन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. मेहनत के मुहावरे–**

कोल्हू का बैल ऐसे व्यक्ति को कहते है जो कड़ी मेहनत करता है या जिससे कड़ी मेहनत करवाई जाती है।

मेहनत और कोशिश से जुड़े कुछ और मुहावरे नीचे लिखे है। इनका वाक्यो में इस्तेमाल करो।

- दिन रात एक करना।
- पसीना बहाना।
- एड़ी–चोटी का जोर लगाना।

**ऊपर में दिए मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## योग्यता–विस्तार

- महाराणा प्रताप अकबर से पराजित होकर अरावली के जंगलों में चले गए। उन्होंने हार नहीं मानी थी। उनकी सफलता की कहानी खोजकर पढ़ो।
- अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन चुनाव में कई बार पराजित हुए किन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत में उनकी विजय हुई और वे राष्ट्रपति बने। इनका जीवन–चरित खोजकर पढ़ो।
- पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास सहा, उन्होंने कौरवों के अत्याचार सहे लेकिन हार नहीं मानी। अंत में युद्ध में उनकी विजय हुई। महाभारत की कथा अपने शिक्षक से जानों।

**इन कविताओं की पक्तियों को आगे बढ़ाओ।**

घंटी बोली टन–टन–टन<br>
......................................<br>
कहां चले भाई कहां चले<br>
.......................................<br>
रेल चली भई रेल चली<br>
.....................................<br>
कल की छुट्टी परसों का इतवार<br>
...................................................<br>
रोटी दाल पकाएंगें<br>
............................................

5H9FGQ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5HBGFT

## पाठ–19

# राष्ट्र–प्रहरी

– संकलित

हर राष्ट्र अपनी सुरक्षा के इंतजाम करता है। उसकी बाह्य–सुरक्षा के लिए थलसेना, नौसेना और वायुसेना रहती है। इनके सैनिक हमारे राष्ट्र–प्रहरी हैं। ये राष्ट्र–प्रहरी आकाश में उड़ते हुए, सागर में घूमते हुए, बर्फ से ढँके पर्वतों पर भीषण ठंड सहन करते हुए निरंतर सजग रहते हैं। वीर सैनिक बनने का स्वप्न देखनेवाले ऐसे ही एक बालक की सोच हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, विलोम शब्द, प्रत्यय एवं विराम–चिह्न।

अक्षय दूरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था। जैसे ही थलसेना की टुकड़ी के सैनिक अपनी वर्दी में कदम–से–कदम मिलाते हुए आगे आए, अक्षय की आँखें चमक उठीं। कतारों में चलते घोड़ों और ऊँटों पर बैठे सैनिकों की शान ही निराली थी। अक्षय को एक के पीछे एक आती हुई सेना के सभी अंगों की टुकड़ियाँ आकर्षित कर रही थीं। वह सोचने लगा– ''मैं बड़ा होकर क्या बनूँगा? क्या मैं भी ऐसी वर्दी पहनकर शान से परेड में भाग ले सकूँगा?'' अक्षय मन–ही–मन एक संकल्प कर बैठा।

दूसरे दिन अक्षय ने पुस्तकालय से 'भारतीय सेना' पर एक पुस्तक पढ़ने के लिए ली। घर आते ही वह पुस्तक पढ़ने लगा।

''किसी भी देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व उसकी सेना पर होता है। भारतीय सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, वायुसेना, नौसेना। नौसेना का अर्थ है– जलसेना। थलसेना के सैनिक भूमि अथवा थल पर युद्ध करते हैं। थलसेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है। एक तरफ हिमालय की ठिठुरानेवाली सर्दी और दूसरी तरफ शरीर को झुलसा देनेवाली रेगिस्तान की गर्मी। रेत के तूफानों की परवाह न करते हुए, सेना के वीर सिपाही हरदम चौकस रहकर अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। थल सैनिकों की वर्दी का रंग मटमैला हरा होता है।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से गाँवों, शहरों की रक्षा के संबंध में चर्चा करें। उनसे पूछें कि देश की सुरक्षा कैसे की जाती है? भारतीय सेना के संबंध में चर्चा करें। 15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड पर प्रश्न पूछें। उन्हें बताएँ कि देश की रक्षा भूमि, आकाश और समुद्र तीनों ओर से करनी पड़ती है; इसलिए सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, जलसेना और वायुसेना। प्रसंगवश एन.सी.सी पर भी चर्चा करें और इस संस्था की स्थापना के उद्देश्य भी बताएँ। कक्षा को कई समूहों में विभाजित कर दें और प्रत्येक को सेना के एक अंग पर पढ़ने, विचार करने को कहें। बाद में उन समूहों से चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com






घायलों को अस्पताल ले जाने तथा संकट में घिरे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में भी वायुसेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नीली वर्दी में सजे वायुसेना के सैनिक हरदम सजग और सतर्क रहते हैं।

हमारे देश की नौसेना देश के समुद्री तटों और समुद्री सीमाओं की रक्षा करती है। नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं और जल की सतह और गहराई दोनों में प्रहार करने में सक्षम होते हैं। नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग सफेद होता है।




सेना के इन तीन प्रमुख अंगों की सहायता के लिए और भी महत्वपूर्ण इकाइयाँ होती हैं, जो युद्ध के हथियार, विभिन्न उपकरण, रसद, दवाइयाँ, कपड़े इत्यादि एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजती हैं। युद्ध के समय इनकी चुस्ती और फुर्ती देखते ही बनती है। सेना को ये किसी तरह की कोई कमी महसूस नहीं होने देती।

भारतीय सैनिक बहादुरी के लिए जितने विख्यात हैं, अपनी अनुशासनप्रियता के लिए भी उतने ही सराहनीय हैं। सैनिकों के इस अनुशासन से उनके हर काम में गति आ जाती है। जब वे समूह में चलते हैं तो उनका चलना भी देखने योग्य होता है। एक अच्छे सैनिक के गुण हैं– देशभक्ति, सजगता, साहस, धैर्य और अनुशासन। भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट–कूटकर भरे हैं। यही नहीं बाढ़, तूफान, भूकंप, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं, इससे उनकी सेवाभावना का भी परिचय मिलता है।




थलसेना, वायुसेना और नौसेना इन तीनों अंगों के अपने–अपने प्रशिक्षण विद्यालय हैं, जहाँ देश के चुने हुए नवयुवकों तथा नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इन विद्यालयों के कठोर अनुशासन के वातावरण में प्रशिक्षित होकर ये युवक और युवतियाँ हमारे देश की सेनाओं का गौरव बढ़ाते हैं।

भारतीय सेनाएँ सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियारों से लैस हैं और सभी प्रकार की परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। हमारे देश के राष्ट्रपति सेना के तीनों अंगों के अध्यक्ष हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रतिवर्ष भारत सरकार वीरतापूर्ण और साहसिक कार्यों के लिए सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित करती है। केवल पुरुष ही नहीं महिलाएँ भी सेना के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।"

अक्षय पुस्तक पर हाथ रखे हुए कुछ सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने 26 जनवरी का वह दृश्य घूमने लगा जिसमें वह भी सैनिक वर्दी पहने राष्ट्रपति को सलामी दे रहा है।

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| संकल्प | – | निश्चय, प्रतिज्ञा | परवाह | – | फिक्र |
| चौकस | – | होशियार, सजग | सीमा | – | सरहद |
| वर्दी | – | पोशाक, पहनावा | हमला | – | आक्रमण |
| प्रहार | – | चोट | सक्षम | – | क्षमतावान |
| उपकरण | – | सामग्री | रसद | – | भोजन–सामग्री |
| विख्यात | – | प्रसिद्ध | सजगता | – | जागरूकता |
| वीरतापूर्ण | – | बहादुरी से भरा | साहसिक | – | साहसपूर्ण |
| पदक | – | अलंकरण, तमगा | विशिष्ट | – | विशेष |
| सलामी | – | सलाम (नमस्कार) करना | लैस | – | सुसज्जित |
| दुर्गम | – | जहाँ जाना कठिन हो | | | |
| सुरक्षित | – | भली प्रकार से रक्षा किया हुआ | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

1. इनमें से 'रसद' का अर्थ है–

   (अ) भोजन–सामग्री (ब) रसदार (स) रासता

2. नौ सेना रक्षा करती हैं–

   (अ) समुद्री सीमाओं की (ब) थल सीमा की (स) वायु मार्ग की

3. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व होता है–

   (अ) शिक्षक पर (ब) सेना पर (स) डॉक्टर पर

4. सैनिक हरदम रहता है–

   (अ) सजग (ब) कमजोर (स) लापरवाह

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



5. शुद्ध शब्द है–

(अ) अनुसासन (ब) अनूशासन (स) अनुशासन

6. विरता शब्द का प्रत्यय है–

(अ) आ (ब) ता (स) अ

7. राष्ट्रीय पर्व है–

(अ) दीपावली (ब) दशहरा (स) 15 अगस्त

8. अच्छे विद्यार्थी का गुण है–

(अ) अनुशासन (ब) वीरता (स) कठोरता

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. भारतीय सेना के कितने अंग हैं?
2. किस सेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है?
3. नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग कैसा होता है?
4. भारतीय सैनिक किसलिए विख्यात हैं?
5. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व किस पर होता है?
6. वायुसेना क्या–क्या कार्य करती है?
7. नौसेना का प्रमुख कार्य क्या है?
8. एक अच्छे सैनिक में कौन–कौन–से गुण होते हैं?
9. भारतीय सेना के तीनों अंगों का सर्वोच्च अधिकारी कौन होता है?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

क. कुशल कलाकार सुंदर मूर्तियाँ बनाते हैं, .................. कलाकारों की बनाई मूर्तियाँ उतनी सुंदर नहीं होतीं।

ख. जसपाल राणा एक विख्यात निशानेबाज हैं, रामबाबू गड़रिया ....................... डाकू था।

ग. मैं विशिष्ट हिन्दी पढ़ता हूँ, सलीम .................. हिन्दी पढ़ता हैं।

**प्रश्न 2. पाठ पढ़कर ऐसे शब्द ढूँढ़कर लिखो जिनमें 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाए गए हों, जैसे– कठोर – कठोरता।**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. नीचे लिखे अनुच्छेद में यथास्थान उचित विराम–चिह्नों का प्रयोग कर लिखो।**

एक अच्छे सैनिक के गुण हैं देशभक्ति सजगता साहस धैर्य और अनुशासन भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट कूटकर भरे हैं यही नहीं बाढ़ तूफान भूकंप सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं इससे उनकी सेवा भावना का भी परिचय मिलता है

**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों में एक–एक शब्द अशुद्ध लिखा है। इन्हें खोजो और शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. अक्षय दुरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था।

ख. नौसैनिक समुद्री लड़ाइ में कुशल होते हैं।

ग. सेना के तीन प्रमूख अंग है।

घ. अक्षय मन–ही–मन एक संक्लप कर बैठा।

ङ. सैनिकों का अनुशासन सरहानीय है।

## समझो

- ''नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं।'' इस वाक्य में 'समुद्री' शब्द पर ध्यान दो। 'समुद्र' शब्द में 'ई' जोड़कर 'समुद्री' शब्द बना है। 'समुद्र' संज्ञा है और 'समुद्री' विशेषण। 'समुद्री' शब्द 'लड़ाई' की विशेषता बता रहा है।

**प्रश्न 5. रिक्त स्थानों में दिए गए शब्दों का सही रूप बनाकर भरो–**

क. नौसेना .................................. तटों की रक्षा करती है। (समुद्र)

ख. ............................ सेना के तीन प्रमुख अंग हैं। (भारत)

ग. हमारे देश के सैनिक अपनी ............... के लिए प्रसिद्ध हैं। (बहादुर)

घ. वीर सैनिक बड़ी .............. से देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। (सजग)

ङ. सैनिकों का अनुशासन ................... है। (सराहना)

## रचना

- जलसेना, थलसेना, वायुसेना के बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।
- तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

5MIBID

- भारत सरकार द्वारा सैनिकों को दिए जाने वाले विशिष्ट पदकों के नाम ज्ञात करो और कक्षा में बताओ।
- गणतंत्र दिवस पर अपनी शाला में आयोजित कार्यक्रम पर दस वाक्य लिखो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–20

# मस्जिद या पुल

– सुनीति

मुगल बादशाह अकबर भारत के लोकप्रिय शासक थे। प्रजा का सर्वाधिक हित उनके शासन का प्रथम उद्देश्य था। वे जनता के बीच वेश बदलकर उसकी कठिनाइयों का पता लगाते थे। वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे किन्तु जनता की कठिनाइयों को दूर करने को अधिक महत्व की बात मानते थे। जब उनके सामने प्रश्न उपस्थित हुआ कि किसी स्थान पर 'मस्जिद और पुल' दोनों में से क्या बनवाया जाए तो उन्होंने जन–कल्याण को ध्यान में रखकर पुल बनवाया। लोकप्रिय शासकों को सदा जनता की सुख–सुविधाओं पर ध्यान पहले देना चाहिए। सम्राट अकबर ने वही किया।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम शब्द और उनका प्रयोग, वाक्य परिवर्तन।

दीन–ए–इलाही, गरीब नवाज़, शहंशाह–ए–आलम, महान बादशाह अकबर की अगवानी में जौनपुर के सूबेदार मुबारक खान ने जमीन–आसमान एक कर दिया। यह उसकी बरसों पुरानी साध थी। बरसों से वह लगातार बादशाह को जौनपुर आने के लिए न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था, मगर बादशाह की जान को बड़े झमेले थे। उस दिन भी बड़ी मुश्किल से उन्हें उधर जाने का मौका मिल पाया था।

बादशाह के पास समय बहुत कम था। हाथी की पीठ से उतरकर उन्होंने अभी दो घड़ी आराम भी न किया था कि सूबेदार मुबारक खान बादशाह को गोमती के किनारे दूर–दूर तक फैले उस लंबे–चौड़े मैदान में ले गया, जहाँ मस्जिद बनाने की योजना थी। वहाँ जाकर उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। इस नक्शे को दिखाने के लिए वह बरसों से बेकरार था।

बादशाह ने नक्शे को बड़े ध्यान से देखा। उसे देखकर बादशाह की बाँछें खिल गईं। उन्होंने कहा, "बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है मुबारक खान! आसमान को चूमने वाली इसकी ऊँची–ऊँची मीनारें, निराले गुंबद, खुला तालाब, सब–के–सब बेमिसाल हैं। हमारा खयाल है कि खुदा के लाखों बंदे इसमें बैठकर अल्लाहताला से दुआ करेंगे और सुकून पाएँगे।"

"जी आलमपनाह, यह खूबसूरत और बेमिसाल मस्जिद दुनिया भर में हुजूर की दीनदारी और गरीबपरस्ती का डंका पीट देगी", मुबारक खान ने झुककर आदाब बजाते हुए कहा। अकबर खुश होकर वहाँ से लौटे। अकबर महान थे। वे हमेशा अपनी प्रजा के दुख–सुख का ख्याल रखते थे। वे वेश बदलकर प्रजा के अंदरूनी हालात का पता लगाते रहते थे। उस दिन भी वे शाम होते ही वेश बदलकर गोमती के किनारे घूमने निकले।

**शिक्षण–संकेत–** कक्षा में बादशाह अकबर की धार्मिक सहिष्णुता की चर्चा करें। मस्जिद और पुल की चर्चा करते हुए बच्चों को पाठ से जोड़ें तथा कहानी का सारांश बताएँ। फिर एक–एक बच्चे से कहानी का थोड़ा–थोड़ा भाग पढ़वाएँ। कठिन शब्दों के अर्थ बताते जाएँ। अंत में पाठ में आए चरित्रों पर कक्षा में चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घूमते–घूमते एक जगह अकबर को किसी औरत के रोने की आवाज सुनाई दी। अकबर आवाज की ओर चलते हुए गोमती के किनारे नाव के पास आ पहुँचे। उन्होंने देखा कि नाव के पास एक अस्सी–नब्बे साल की काली और छोटे कद की बुढ़िया अपनी गठरी थामे पार जाने के लिए खड़ी है और कह रही है, ''इस अल्लाह के मारे दुष्ट मुंशी को तो देखो; अभी अच्छी तरह दिन भी नहीं छिपा है कि दफ्तर बंद करके यहाँ से भाग गया। जब मुंशी ही नहीं है तो मल्लाह यहाँ क्यों ठहरेगा? ये किस समय आते हैं और कब जाते हैं, कोई देखने वाला है? सूबेदार मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है। रिआया मरे या जिंदा रहे, इससे उसे क्या? खूबसूरत, शानदार मस्जिद बनाकर उसे तो बादशाह को खुश करने से मतलब है कि उसका ओहदा और बढ़े।'' बुढ़िया चुप होकर फिर बोलने लगी, ''मुंशी से शिकायत करो तो कहता है तुम रोज–रोज पार जाती ही क्यों हो? अरे, पार नहीं जाएँगे तो खाएँगे क्या? हमारा कुम्हार का धंधा कैसे चलेगा? गाँव में ग्राहक ही कहाँ मिलेगा भला? फिर क्या खुद खाएँगे और क्या बच्चों को खिलाएँगे? अरे, मेरी तो बहू भी नहीं है, जो बच्चों को सँभाल लेती। नन्हें पोते–पोती भूख से बिलख रहे होंगे। हाय अल्लाह! मैं क्या करूँ?'' बुढ़िया धाड़ मारकर जोर–जोर–से रोने लगी।

अकबर द्रवित हो गए। वे आगे बढ़कर बोले, ''रोओ नहीं माई! मैं तुम्हें उस पार पहुँचाए देता हूँ।'' बुढ़िया ने रोना बंद किया और गठरी लेकर खड़ी हो गई। ''चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल।''

अकबर ने इससे पहले कभी नाव नहीं खेई थी। बुढ़िया बादशाह के चप्पू पकड़ने के ढंग को देखकर बोली, ''अरे, तुझे तो चप्पू भी ठीक से पकड़ना नहीं आता। तू पार क्या ले जाएगा?''

''मैं सँभालकर धीरे–धीरे चलाऊँगा माई, तू घबरा मत।'' अकबर ने बुढ़िया को धीरज बँधाया। बुढ़िया के सामने और कोई दूसरा चारा भी नहीं था। 'मरता क्या न करता' बुढ़िया नाव में बैठ गई। बादशाह जी–जान से नाव खेने लगे। मगर नाव कभी इधर जाती तो कभी उधर। बुढ़िया का पारा ऊपर चढ़ने लगा। वह चिल्लाकर बोली, ''अरे अनाड़ी! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी। ऐसे चलकर तू हमें कल रात तक पार पहुँचाएगा। और यह भी पता नहीं कि नाव मझधार में ही डुबो दे। मेरे बच्चे इंतजार कर रहे होंगे और तू है कि नाव लेकर खिलवाड़ कर रहा है।''

''माई! सब्र तो कर,'' बादशाह ने कहा। किन्तु बुढ़िया बोले जा रही थी, ''असल में तो इन बातों का जवाबदेह बादशाह ही होता है। मगर बादशाह तो मुबारक खान की चिकनी–चुपड़ी बातों से ही खुश हो लेगा। उसे असलियत कौन बताएगा कि यहाँ मस्जिद की नहीं, एक पुल की जरूरत है। इस पुल के बिना, पारवाले लोगों को कितनी परेशानी होती है। अरे भाई, पुल न होने से उस पार कोई वैद्य या हकीम भी जाने को तैयार नहीं होता।''


बुढ़िया फिर चुप हो गई। थोड़ी देर बाद उसने फिर बड़बड़ाना शुरू कर दिया, ''सूबेदार मुबारक खान हमारा हाकिम है, लेकिन उसे ये सब देखने की फुर्सत कहाँ है! उसे तो बस अपने कर वसूलने से मतलब है। लोग कह रहे हैं, यहाँ ऐसी मस्जिद बनेगी जो दुनियाभर में अपना सानी आप होगी। सुना है, आज अकबर यहाँ आया है। मगर कहीं वह मुझे मिल जाता तो मैं

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उसे बताती कि ओ दुनिया जहान के मालिक, अगर तू सचमुच ही लोगों का भला करना चाहता है तो पहले यहाँ पुल बनवा, मस्जिद नहीं।''



बुढ़िया देर तक इसी तरह बड़बड़ाती रही। चारों ओर अँधेरा छा गया। आसमान में तारे छिटकने लगे। अंत में नाव किनारे पर पहुँच ही गई। नाव में से लड़खड़ाती हुई बुढ़िया किसी तरह किनारे पर उतरी। अकबर ने उसे सँभालते हुए कहा, ''चलो माई! अँधेरा हो गया है। कहीं तुम्हें ठोकर न लग जाए, मैं तुम्हें तुम्हारे घर पहुँचा देता हूँ।'' यह कहकर अकबर ने बुढ़िया को उसकी गठरी समेत गोदी में उठा लिया। बुढ़िया घर पहुँची; उसके घर में कुहराम मचा था। बच्चे बिलख–बिलखकर रो रहे थे। उनका रोना देखकर बुढ़िया को मल्लाह पर बड़ा गुस्सा आया। उसने उतरते–उतरते उसके दोनों गालों को जोर–से खरोंच दिया और बोली, ''आज तूने मेरे बच्चों को भूखा मार डाला।''

पहले तो बादशाह की आँखों में खून उतर आया, पर उन्होंने अपने को सँभाला और मन में सोचा, 'मुझे तो इस बुढ़िया का अहसानमंद होना चाहिए कि इसने मुझे सच्चाई और असलियत का एक सबक सिखाया है।' ''शुक्रिया'' कहकर बादशाह चुपचाप वहाँ से चले गए।

अगले दिन शीशे में अपने खूबसूरत शाहीलिबास और रत्नजड़ित आभूषणों के साथ, अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह मुस्करा दिए।

उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, मस्जिद बहुत बाद में।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साध | – | तीव्र इच्छा | न्यौता | – | निमंत्रण |
| झमेला | – | झंझट | मुश्किल | – | कठिनाई |
| बाँछें खिलना | – | खुश होना | सुकून | – | शांति |
| दीनदारी | – | धार्मिकता | आदाब बजाना | – | सलाम करना |
| मल्लाह | – | नाव खेनेवाला | बिलखना | – | फूट–फूटकर रोना |
| चप्पू | – | नाव खेने के डंडे | | | |
| मझधार | – | बीच धार | | | |
| सब्र | – | धैर्य | | | |
| हाकिम | – | अधिकारी | | | |
| सानी | – | मिसाल / बराबरी | | | |




Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| | | | |
|---|---|---|---|
| असलियत – | सच्चाई | लिबास – | पहनावा |
| अंदरूनी – | भीतरी | रिआया – | प्रजा |
| बेकरार – | बेचैन | ओहदा – | पद |
| अहसानमंद – | अहसान माननेवाला | | |
| इंतजार करना– | रास्ता देखना, प्रतीक्षा करना | | |
| दीन–ए–इलाही– | दीनहीन पर दया करनेवाला | | |
| गरीब नवाज – | निर्धनों पर कृपा करनेवाला | | |
| कुहराम – | दुखभरी चीख–पुकार | | |
| बेमिसाल – | जिसकी कोई मिसाल/उदाहरण न हो | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. बुढ़िया के घर में कुहराम क्यों मचा था?
2. शीशे में अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह क्यों मुस्कराए?
3. सूबेदार मुबारक खान बादशाह को क्यों खुश करना चाहता था?
4. बुढ़िया का पारा क्यों ऊपर चढ़ने लगा?
5. पुल न होने से लोगों को क्या परेशानी होती थी?
6. बादशाह ने बुढ़िया को घर तक क्यों पहुँचाया?
7. बुढ़िया को बादशाह पर क्यों गुस्सा आया?
8. अगर बुढ़िया बादशाह को पहचान लेती तो उसका उनके प्रति व्यवहार कैसा होता?

**प्रश्न 4. खाली जगह में क्या आएगा? कहानी पढ़कर कोष्ठक में से सही शब्द छाँटकर लिखो।**

क. ..................... के पास बहुत कम समय था। (बुढ़िया/मुबारक खान/बादशाह)

ख. नक्शे को देखकर बादशाह की .....................खिल गईं। (आँखें/बाँछें/बाहें)

ग. मुबारक खान ने ..................... आदाब बजाते हुए कहा। (अकड़कर/झुककर/तनकर)

घ. अरे .....................! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी। (खिलाड़ी/अनाड़ी/सवारी)

ङ. यह भी पता नहीं कि नाव को .................. में ही डुबो दे। (नदी/सागर/मझधार)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ चौकोर में से चुनकर लिखो और मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

बाँछें खिलना, धाड़ मारकर रोना, कुहराम मचना, आँखों में खून उतरना, जमीन–आसमान एक करना,

गुस्सा करना, पूरी कोशिश करना, जोर से रोना

खुश होना, दुख से रोना–चिल्लाना।

**समझो**

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। (मुबारक खान ने)

ख. वह बरसों से बेकरार था। (मुबारक खान)

ग. उसका ओहदा और बढ़े। (मुबारक खान का)

घ. चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल। (बादशाह)

ङ. उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, बहुत बाद में मस्जिद। (अकबर ने)

इन वाक्यों में नाम के स्थान पर 'उसने', 'वह', 'उसका', 'तू', 'उन्होंने' शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये सभी शब्द सर्वनाम हैं। **जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं।**

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करो।**

**वाक्य–** मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है।

क. बुढ़िया ने रोना बंद कर दिया।

ख. बादशाह मुबारक खान के व्यवहार पर प्रसन्न हुए।

ग. बादशाह ने मुबारक खान से पुल बनवाने के लिए कहा।

- "बुढ़िया को और कोई सहारा न था।" यह निषेधात्मक वाक्य है। वाक्य का भाव बिना बदले इसे विधिवाचक वाक्य में इस प्रकार लिखा जाएगा– बुढ़िया असहाय थी।

**प्रश्न 3. इन वाक्यों को विधिवाचक वाक्यों में इस प्रकार बदलो जिससे उनके भाव न बदलें।**

क. मैं झूठ नहीं बोलता।

ख. वह बदसूरत नहीं है।

ग. मैं आज कक्षा में उपस्थित नहीं रहूँगा।

घ. चंद्रशेखर आज़ाद कायर नहीं थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखो–**

नक्शा, मुश्किल, मौका, ख्याल, खुश, हालात, दुनिया, फुरसत।

- क. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  ख. वह न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था।

  'सब–के–सब' का अर्थ है, संपूर्ण या पूरा। न्यौते–पर–न्यौता का अर्थ है, लगातार न्यौता देना।

**प्रश्न 5. 'प्रश्न–पर–प्रश्न', 'धमकी–पर–धमकी', 'पेड़–का–पेड़', 'घर–का–घर', शब्द समूहों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

- क. बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है।

  ख. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  'शक' और 'मिसाल' में 'बे' जोड़कर 'बेशक' और 'बेमिसाल' शब्द बने हैं। 'बेशक' का अर्थ है जिसमें कोई शक न हो और 'बेमिसाल' का अर्थ है जिसकी मिसाल (उदाहरण) न हो।

**प्रश्न 6. 'बे' जोड़कर कोई दो अन्य शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- पुल बन जाने से नागरिकों को क्या लाभ हुआ होगा– इस विषय पर 10 वाक्य लिखो।
- नदी पार करने के लिए उपयोग में आने वाले साधनों के नाम लिखो।

## योग्यता विस्तार

- कहानी को नाटक के रूप में तैयार करके कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जनहित में मंदिर या मस्जिद के स्थान पर सड़क या पुल में तुम किसे महत्वपूर्ण मानते हो? इस बात पर आपस में चर्चा करो।
- इस कहानी को निम्न बिंदुओं के आधार पर तैयार कर कक्षा में प्रस्तुत करो –

  1. पात्र
  2. पात्रों का संवाद
     - अकबर का संवाद
     - बुढ़िया का संवाद
     - सुबेदार मुबारक खान का संवाद
  3. अभिनय करो –
     - बुढ़िया के रोने का
     - अकबर के चापू चलाने का

5HS7K1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SR6CV5

पाट – 21

# uXxj rk eMs;

कांयकेर बस्तेर बस्केडह तो आपुना बानी हर्र नेंग,रिवाज अन वड़क्ना पोल्लो ते दुनिया ते नामजागी मंता। इगडा चिवराकोट, तिरतगढ़ ता गोदरंग बैलाडिला, रावघाटुम ता कच्च्व कदानिंग दंतावाड़ा ता दान्तासिरीन लेहकडंग सोबय हूड़नह डेरंग मंतंग। इदम तो इगा सप्पो बस्तेर संभाग ते डेरक्–डेरक् ने मंडेइंग, जतरंग किययतोर। मति कांयकेर बस्तेर ते माने मायना दसरा तीहर अन नग्गुर ता मावली मंडेय दुनिया ते नामजागी मंता। इद पाट ते नग्गुर मंडेय ता बारे ते ओरकेडह वेहले आता।

bn ikVr dfj; dkV&कांयकेर बस्तेर ता सोबय एन्दनंग, गोंडी तंग पूना टप्पिंग अन टप्पिना अरेत्, पड़हे कियाना ओड़ डगुर तुन पुंदकाट।

सप्पय बस्तेर बूम इगडोर कोयतोर मानेय ता रीति–रिवज पाटंग पीटोंग, 18 बाजंग, वड़क्ना पोल्लो अन सीनंग बाना ने अलग पुनहयता। इगडा अट्टाकुट कोटुम मट्टा–गुट्टाता धरती ना पोटा ते पुट्टना हीरा, कच्च्व, सोना अन चांदी कल्क् इव सप्पय बानी ना डेरा तेइहाता बस्तेर राज इंजोर पुन्तोर। इगडोर मानेय ता साजू सिंगर बस्केडह तो हूड़वलोर कुन आपुना रासा–बासा ते पिंड़गयता। इगडंग मानेमायनंग अन हन्नुम तिहरिंग सल्ला ते मीले मास सप्पय मुल सेयक्ले मंदना तुन वेहयतंग। इगडोर बुमयार मर्रक सप्पय बुमकालदे अन पेनकड़ा जागा ते माने मायनानुंग सत् धरम ते माने मायतोर। इगडंग हन्नुम तीहरिंग बस्के अन बस्के तइहता नेंग नीति वड़क्ना पल्लो तुन इर्रला, अन पंडला संग

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हियमतंग। इगडोर मानेय तीहरिंग, एन्दनंग, कर्रसाननुंग जादा बिचर कियमतोर। जेलकरलोर बारोमहना इव तीहरिंने बुमकाल दे मानेय तुन गिर्रदा अन लाव हीसोर मंतोर। अन हानलपेन दरमता काजे मंजा संग मीले मास उंद हर्रदे मंतोर। इदमे पूनंग तिंदना ते मर्रकंग पोलह्ना ते, अमाउसते, अनपेर बांगे–बांग तीहारते रेलंग, हुल्किंग पर्रंग, एंदसोर तयहा ता रींती नेंग तुन पीलानुंग गला कर्रहयतोर। इवेह्नह गला दुसरंग लिंगोंनंग 18 बाजंग पेयस कोलंग चिटकुलिंग अन सेरता बेड़गंग पेयस पाटंग ओसोर एन्दयतोर। बरस्ह्ना अन मीले मास मंदला मावा मूड़ता बाना तुन जल्केह कियमतोर। सप्पय बस्तेर बूम ते दसरा लल्लेंज ता पूनी ते लैयह डीवड़ एंदला अन पूस पूनी ते लैयोर पूस कोलंग एंदला पसयमतोर। नाह्क–नाह्क हंज सप्पो नाह्कने दुक सुक ते बन्ने आला काजे पाटंग ओयतोर। पूस पूनी ता पर्रेक मांग लल्लेंज ता पूनी तह जतरंग अन मंडेइंग सूरू आयतंग ।

कोयतोर मानेय आपुह–आपुनंग पेन्क् संग जतरंग मंडेईने हक्कुह, अन टिनिन–टनन हिर्रनंग नेकिहचोर दायतोर। बस्तेर बूम ते इदम बच्चोक अन बच्चोक मंडेइंग अन जतरंग आयतंग। मति सप्पयनह अलगे मंता नग्गूर ता मावली मंडेय तेन दुनियातोर पुन्तोर। इद नाटा मुन्नेता परोय नगुरवेडा मता, इदेक नारूमपूरा, नारायणपुर इंतोर। इदे अद डेरा आंद अगा अबुजमाड़ तोर मूड़ियलोर कुन साजू सिंगार बानंग कर्रतेक कोण्डा कर्रसनह बिन वर्रेता होरकुदे एरकुन हूड़ला पुटायता। इद पाटते नगुरवेडता नामजागी मावली मंडेय ता बारे ते पुंदला पुटार।

ekoyh eM; rk r;grk ikYyk %&नगुरवेडा ता मावली मंडेय सात वरसंग मुन्ने बस्तेर तोर राजल रूद्रप्रताप देव ना ओदी ते इगडोरा माने मायना यायल दन्तासिरी ना



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हुडिला हेलड़ मावली माताना थापना कीस नेंग हर्र दे मूड़ कीतुर। अस्केडह नेंड अवनह वरसुत मावली माताना पोरोय ते मावली मंडेय किययतोर। इगा राज दरबार तंग पाट पेन्क् ना संग अबुजमाड़तंग अन नगुरवेडा ता हेरे–गूरे तंग पेन्क् मातह आंगंग, डोलिंग, लाटिंग, बड़गंग, चत्तेरिनुंग सिंगरम मुरहेन ते तइहा ता नामजागी मावली मंडेय ते केययतोर।

अगा नेंग नियम ते केयलेंग पेन्क्/पूजारी अन सिरहालोरकुन जोहर बेट किययतोर। कबीर कीलेंग पेन्क् पाटपेन सोनकुंवर ना डेरा मूड़ियापारा नगुरवेडा ते जुहे मायतंग। अगडह गड़ मावली ना पूजा कीस माताना छत्तर संग सप्पो पेन्क् मंडेयतुन मूण्ड हूर्क कर्रसोर एंदसोर तिरययतंग। इगा तिरयन पहर सप्पो सिरहा पुजारीलोर साजू सिंगार अन आना–बाना ते सिरजेमास मंतोर। ओरकुन हूड़ाना आदबाद बेस्केय मर्रिंगवह जोरदार डिसयतोर। डोल्क, नंगोरंग, नेक्ना, सिरहालंग मुयंग, सरीबेड़गंग, हकुमिंग अन 18 बाजाना नेकन्ना हूड़्स अचोहोक सेत सुरता हिल्वप नेल कुडुम चुटे मायता। मंडेय तिरीय्स बगडह तिरीयला मूड़ कीस मंतंग अगय सप्पो पेन्क् गूडयतंग चन अगा मुन्नेता अट्ठारा बाजाने जोरदार हूड़नह एन्दयतंग। अगा मंडेयता मुल उमड़े मायता अचोय पहर अगडा सोबा तुन हूड़्स मुल्लदा जीवा ते गिर्रदा वायता। कोयतोर मानेय हूड़्स आपुना गूडा ता अन दुसरंग पेन्कुन गला सतेय पत्ते मायतारे।

ekfM;g d|u gMuk %& नगुर वेडा मंडेयता सोबा जादा माड़ियह हूड़ना आयता। इद मंडेय ते अबुजमाड़तोर बांगुने हूड़वोर मट्टा बूम ते मनवलोर माड़ियह कोयतोर वायतोर एरा असली मुरहेन तुन हेरेतह हूड़ पुटयता। इद मंडेयते अवला माड़ियह मट्टा बूम तह हर्र ताकसोर हाटुम मेंड मुन्ने तह नाटे नह पसिययतोर। मंडेयता मुन्ने मुल्पेह बेरा अवयतोर अगा अव्स ओरलोर आपुह गाटोंग अट्स तिंतोर। नग्गुरवेडा ता मावली मंडेय ते सेयन्क, पीलंग, लैयह–लैयोर सप्पय माड़िया कुटुम मंडेय



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



दायना आपुना तक्दीर समजे मायतोर। मंडेय ता मूड़ दिया मुल्पे नग्गुर ता बकरूपारा एंदना पोल्ला ते बुमकाल ता बेरहय कोकोरेंग तोहयतोर। अगा बच्चोक अन बच्चोक लैइह—लैयोर आपुह्ना मुन्नेता साजू सिंगार ते नेकहानंग गांगरंग, चिटकुलिंग, परंग, कुंडड़िंग जोरदार नेकिहचोर एंदसोर, पाटंग ओसोर, पंग वियहयतोर। इगा बस्केय हूड़वंग अल्गे एंदाननुग हूड़ला हेरे गूरे तह अन बाहिर देस तह गला मानेय वायतोर अन निम्मानेंड माड़ियह आपुह्ना बाटा कामनंग बीडरिंग—हवोह, मीरिंग, दिंगया, गत्तिंग, मल्लंग—अड़कंग, अन साजू सिंगार तंग बीडरिंग अस्स कुटमा संग माड़ियन बूम ते मल्लयतोर। सप्पो मावली मंडेय माड़ियनतोर माड़ियहनय बाटा आनप आयता। हिड्त्ले मंडेय माड़ियालोर कुन बिचर वानह साजू अन आनित—बानित सोबातंग सज्जे मास मंतंग माड़ियन तोर लैइह—लैयोर कुन मंडेय ते गुदंग—गुंदंग तिर्यना,अस्सना,हूड़ना उन्द सुक ता अन अलगे बस्केय मरिंगवह आयता।

**r ;grx d ;n iMyx ckux vu dykx %&** छत्तीसगढ़ राज ता रक्सल वड़का मंदले पूना जिल्ला नग्गुरवेडा नक्कय परेंक अरले माने मायहयता। इद जिल्ला ता सप्पो पंड्स बरसना ता कईटड़ अड़चेनिना मारे बन्ने आयापर्रो। इगा बरस्ह्ना ता बच्चो अन बच्चो बिचर मंता। मति दायना वायना ता अड़चेन, अकल ता हिलवा हूड़स इगडोर बूतो कियना, कलंग, बानंग बाहिर बूम ते अव पर्रोंग। नग्गुर ता मावली मंडेय तुन सरकरी कीतोर, अस्केडह बरसह्ना पंडना ता गोक कीले ते इगडंग कलंग बानंग अन कयदंग वदुर्रतंग बानानुंग पुन्तोर। नग्गुर अन माड़ियन तंग हेपुर्र कसुह सप्पो छत्तीसगड़ते नामजागी मंतंग। इगडोर भरेंवा लोरंग पंडलेंग जरबन अन कांस तंग हक्कुह, कोडंग, हत्तींग, मुयंग, लेहका आनी—बानी रंग अच्चय सोबलेंग नमुनंग तोहयतोर। एरंगे पंडलेंग बाना नुंग तयहा तौर कोयतोर आपुह्नंग पेन्क् ने तर्रहयतोर। कैदे पंडलेंग मरक नंग मर्रस्क, मीन्क, हमुह, कोकोटिंग अन गुन्नेह विलिंग तयहतंग बाना नुंग पंड्स तोहना इद बूम ते अल्गे परोय मंता। नग्गुर मंडेय ते इवेहना नेहनय अस्सना ममाना किययतोर।

वदुहनंग मरकनंग, कच्चिनंग आनिक—बानिक बानंग हूड़ छत्तीसगड़ ते नग्गुर नामजागी मंता। इद मंडेय ते इव बीडरिनुंग कम कीमोत ते अस्स पर्रयतोर।

मावली मंडेय ता रेक—डेक सरकर तके डह कियतोर। अस्केडह हिक्केडोर जेलकर लोरकुन ओरंग कलंग,बानानुंग तोहला मोका पुटयता।इगा वालेर पाटंग—पीटोंग

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गोंडवानिंग,डीटोंग,परंग,एन्दनंग तोहयतोर। इवेह्ना संग–संग मंडेयते मुन्ने बरस्हना हर्रदंग गला पोल्लोंग वोहयतोर। अपे इद बूम ता वेडाकोडा बगिचा, माल्मता, मीन्क, पाले पोसे कियनंग हूड़स कर्रियनह तोहयतोर। हाटुम मेंड आयना मावली मंडेय ते कुबैय जोप आयता। मति हिक्केडोर मानेय जोरदार गिर्रदते दायतोर अन वायना वर्सता मंडेय तुन पोसयतोर। मंडेय मारले ता पर्रेक केयलेंग पेन हानहकुन जोहर भेंट कीस बीदा लेंगायतोर। अगा जागा बितल गायतल, पटेल अन पुजारी मंतोर।

iMg fd;guk vkM Mxj %&गुरूजी पाट तुन बेसते केंजनह हड़क्ले पड़हे कियानूर।

1. पीलांग टप्पिंनुंग होरकुदे हड़क्ले केंच इन्दान्नुंग।
2. गुरूजी मंडेय तंग मूड़ नेंगिनुंग वेहान्नूर ।
3. माड़ियालोरकुन अन हक्केडंग मरक अन कल्कनंग सिंगरामिना बारे ते ओरकेडह वेहन्नूर।
4. हेरे ता बद्दे मंडेय ता बारे ते ओरकेडह,पीलानुंग केंजहनूर।

Vfliuk vjr &

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रिवाज | – | नेंग,दस्तुर। | साज | – | सजे माले। |
| सीनंग–बानंग | – | मिहचनंग,साजु–सिंगार। | सिंगरम | – | पेन बानंग। |
| अट्टाकुट | – | हिर्रले कोटुम, उन्नाड़। | हन्नुम | – | तीहर,परब। |
| गुंदंग गुंदंग | – | कुप्पंग कुप्पंग। | हानल | – | पुरका पेन। |
| कोंडा कर्रस्नह | – | हूड़पर्रवह,तेन–तान हूड़नप। | पेनकड़ा | – | जागा, पेनडेरा। |
| तर्रह्ना | – | हियना,माने मायना। | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## tcku dfj;uk

### tcku 1- vMh; dkVyx Vfliux tckc dkVkV %&

v- बस्तेर तोर तइहा मानेय तंग मूड़—मूड़ तीहरिंग बव—बव आदुंग ?

c- नग्गुर ता मावली मंडेय बद्द महना ते आयता ?

l- नग्गुर ता मावली मंडेय तुन बस्तेर तोर बोर राजल मूड़ कीतुर ?

n- दन्तासिरी यायाना हिकमी पेनतुन बद्द परोयते पुंतोर ?

bZ- पाट पेन्क् बगा रोमयतंग ?

Q- नग्गुर मंडेय तंग बवे रंड अलगे टप्पिंग वेहट ?

### tcku 2- tkM+ dVyx Vfliux ehyg dhEV &

1. टेंगिया,विल्ल,मीन — कांस बानंग।
2. अबुजमाड़ — मरा बानंग।
3. कोकोरेंग — दन्तेवाड़ा।
4. याल दन्तासिरी — माड़ियान बूमते एन्दानंग।
5. भरेवा — माड़ियह।
6. आंगा,डोली,लाट — पुरकातंग मान्ती पेन्क।

### tcku 3- vdy cjLguk &

1. मिया हेरे — गूरे बद्दे हूड़ले दुसरा मंडेय ता बारे ते कोटट्।
2. मंडेय हूड़स माड़ियालोरा अलगे साजु—सिंगार तंग बानानुंग कागेत ते कोटट्।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–22
# महापुरुषों का बचपन

— लेखक मंडल

हमारे जीवन में बचपन सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसी समय भविष्य की नींव पड़ती है। महान लोगों के बचपन में घटी घटनाएँ प्रेरणा का काम करती हैं। ऐसी घटनाएँ बड़ी स्वाभाविकता से बालमन को सही दिशा में ले जाने में अपनी भूमिका निभाती हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे** – पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, विभक्ति चिह्न, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्द।

### पहला प्रसंग

शाहजी अपने आश्रयदाता, बीजापुर के सुल्तान के दरबार में जाने की तैयारी कर रहे थे। उनके मन में विचार आया, क्यों न शिवा को भी आज अपने साथ ले चलूँ? आखिर उसे भी तो एक–न–एक दिन इसी दरबार में नौकरी करनी है। दरबार के नियम–कायदों का ज्ञान भी उसे होगा। उन्होंने आवाज लगाई– ''शिवा! तुझे भी आज मेरे साथ दरबार में चलना है। जल्दी तैयार हो जा।''



पिता के आज्ञाकारी पुत्र ने आदेश सुना। वह तुरंत तैयार हो गया। पिता–पुत्र दोनों दरबार में पहुँचे। शाहजी ने सुल्तान के सामने झुककर तीन बार कोर्निश की। फिर वे अपने पुत्र की ओर मुड़कर बोले, ''बेटे ! ये सुल्तान हैं, हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें प्रणाम करो।'' लेकिन निडर बालक ने कहा, ''पिता जी! मेरी पूजनीय तो मेरी माँ भवानी हैं। मैं तो उन्हीं को प्रणाम करता हूँ।''

पिता ने पुत्र की ओर आँखें तरेरकर देखा, फिर सुल्तान को संबोधित करते हुए बहुत विनम्र स्वर में कहा, ''हुजूर! यह अभी बच्चा है। दरबार के तौर–तरीके नहीं जानता। इसे माफ कर दीजिए।''

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से 'पूत के पाँव पालने में' लोकोक्ति का अर्थ पूछें। इसका अर्थ समझाएँ और बताएँ कि महापुरुषों का चरित्र उनके बचपन से ही आभासित होने लगता है। भगतसिंह, आजाद, गोपालकृष्ण गोखले, चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महापुरुषों के बचपन की घटनाएँ सुनाएँ और बताएँ कि शिवाजी, गांधी, तिलक की महानता उनके बचपन से ही प्रकट होने लगी थी। शिक्षक प्रेरक प्रसंग सुनाएँ, समूह में पढ़ने के लिए कहें तथा घटनाओं पर चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घर लौटकर जब पिता ने अपने पुत्र को उसके व्यवहार के लिए डाँटा तो उसने फिर कहा, ''पिता जी, माता–पिता, गुरु और माँ भवानी के अलावा यह सिर और किसी के आगे नहीं झुक सकता।'' निडर बालक की बात सुनकर पिता जी सन्न रह गए।

## दूसरा प्रसंग

स्कूल में कक्षाएँ लग रही थीं। निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग के निरीक्षक आनेवाले थे। नियत समय पर वे आए। एक कक्षा में विद्यार्थियों को उन्होंने पाँच शब्द लिखने को दिए। उनमें से एक शब्द था 'कैटल' (KETTLE)। मोहन ने यह शब्द गलत लिखा। अध्यापक ने अपने बूट से ठोकर देकर इशारा किया कि आगे बैठे लड़के की स्लेट देखकर शब्द ठीक कर ले। मोहन ने नकल नहीं की। वह तो सोचता था कि परीक्षा में अध्यापक इसलिए होते हैं कि कोई लड़का नकल न कर सके। मोहन को छोड़कर सब लड़कों के पाँचों शब्द सही निकले। उस पर अध्यापक भी नाराज हुए लेकिन उसने दूसरों की नकल करना कभी न सीखा।



## तीसरा प्रसंग

विद्यालय लगा था, लेकिन एक कक्षा में कोई शिक्षक नहीं थे। उस कक्षा के कुछ विद्यार्थी बाहर टहल रहे थे, कुछ कक्षा में बैठे मूँगफली खा रहे थे। वे मूँगफली के छिलके वहीं कक्षा में फेंक रहे थे। शिक्षक कक्षा में आए और कक्षा में मूँगफली के छिलके बिखरे देखकर बहुत क्रोधित हुए। उन्होंने पूछा, ''कक्षा में मूँगफली के छिलके किसने फैलाए हैं?'' किसी विद्यार्थी ने कोई जवाब नहीं दिया। शिक्षक ने दोबारा वही प्रश्न कठोरता से किया, किन्तु फिर भी किसी छात्र ने कोई उत्तर नहीं दिया। अब की बार शिक्षक ने हाथ में बेंत लेकर कहा, ''अगर सच–सच नहीं बताया तो सबको मार पड़ेगी।'' वे एक छात्र के पास पहुँचे और उससे बोले, '' मूँगफली के छिलके किसने फेंके हैं?''

''जी, मुझे नहीं मालूम'', छात्र ने उत्तर दिया।

'सटाक्, सटाक्', दो बेंत उसके हाथ में पड़े। छात्र तिलमिलाकर रह गया। शिक्षक दूसरे, तीसरे, चौथे छात्र के पास पहुँचे। सभी से वही प्रश्न किया, सभी का उत्तर था– ''मुझे नहीं मालूम।'' सबके हाथों पर 'सटाक्, सटाक्' की आवाज हुई।

अब शिक्षक पाँचवें छात्र के पास पहुँचे। उससे भी वही प्रश्न किया। छात्र ने उत्तर दिया, ''श्रीमान् जी! न मैंने मूँगफली खाई, न छिलके फेंके। मैं दूसरों की चुगली नहीं करता, इसलिए नाम भी नहीं बताऊँगा। मैंने कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए मैं मार भी नहीं खाऊँगा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



शिक्षक छात्र को लेकर प्रधानाध्यापक के पास पहुँचे। प्रधानाध्यापक ने सारी बात सुनकर बालक को विद्यालय से निकाल दिया। बालक ने घर जाकर पूरी घटना अपने पिता जी को कह सुनाई। दूसरे दिन पिता जी बालक को लेकर विद्यालय में पहुँचे। तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से कहा, "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता। वह घर के अतिरिक्त बाजार की कोई चीज भी नहीं खाता। उसका आचरण बहुत संयमित है। मैं अपने पुत्र को आपके विद्यालय से निकाल सकता हूँ किन्तु निरपराध होने पर उसे दंडित होते नहीं देख सकता।" प्रधानाध्यापक शांत हो गए।

यही बालक आगे चलकर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने नारा दिया था– "स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर ही रहूँगा।"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आश्रयदाता | – | आश्रय देनेवाला | आँखें तरेरना | – | गुस्सा होना |
| सन्न रह जाना | – | आश्चर्य से मूर्ति के समान हो जाना | | | |
| नियत | – | पहले से तय | | | |
| तेजस्वी | – | ...................... | निरीक्षण | – | ........................... |
| कोर्निश | – | झुककर सलाम करना | | | |

ऊपर लिखे शब्दों में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन शब्दों के अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(जाँच करना, तेजयुक्त)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. शाहजी कहाँ जाने की तैयारी कर रहे थे ?
2. बालक मोहन ने कौन–सा शब्द गलत लिखा था?
3. निडर बालक शिवा की बात सुनकर पिता पर क्या प्रभाव पड़ा होगा?
4. कक्षा के पाँचवें छात्र ने जवाब में क्या कहा?
5. तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से अपने पुत्र के संबंध में क्या कहा?

**प्रश्न 2. किसने, किससे, कब कहा?**

क. "तुझे भी मेरे साथ दरबार में चलना है।"

ख. "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता।"

ग. "हुजूर! यह अभी बच्चा है।"

घ. "मैं दूसरों की चुगली नहीं करता।"

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## सोचो और लिखो–

प्रश्न 3. क. शिवाजी अपने पिता का सम्मान करते थे पर उन्होंने दरबार में अपने पिता का आदेश नहीं माना। उन्होंने ऐसा क्यों किया?

ख. बालक मोहन ने अध्यापक का इशारा पाकर भी नकल नहीं की। यदि तुम मोहन की जगह पर होते तो क्या करते?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे शब्दों और मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो–**

कोर्निश करना, तिलमिलाना, आँखें तरेरना, सन्न रह जाना।

### समझो

- 'दाता' शब्द का अर्थ है 'देनेवाला'।

**प्रश्न 2. दिए गए शब्द–समूहों के लिए 'दाता' शब्द का प्रयोग करते हुए शब्द लिखो जैसे– दान देने वाला = दानदाता।**

आश्रय देनेवाला, अन्न देनेवाला, जन्म देनेवाला, कर देनेवाला, शरण देनेवाला।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित अवतरण में जहाँ–जहाँ अशुद्धियाँ हों, उन्हें शुद्ध कर अवतरण पुनः लिखो।**

राजेन्द्र परसाद अपने गाँव जीरादेई जा रहा था। नोका में एक मूसाफीर ने सीगरेट सूलगाई। उसके धूएँ से राजेन्द्र बाबू को खँसी उभर आई। जब सीगरेट का गंध–असहय हो गया राजेन्दर बाबु ने उस मूसाफीर से पूछा, "यह सीगरेट आपका ही है न?" जवाब मीला, "मेरी नहीं तो क्या आपकी है। राजेन्दर बाबु बोले, "तो यह धूँआ आपका ही होगा। इसे आप अपने पास ही रखिए।"

**प्रश्न 4. इन उदाहरणों के समान पर, की, में, ने और को का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाओ।**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को अलग–अलग छाँटकर लिखो।**

शीशी, मेंढक, इलायची, युवक, मोटी, बूढ़ा, मुहल्ला, घास।

## रचना

क तुमने अपने माता–पिता से व्यवहार की कौन–सी अच्छी बातें सीखी हैं ? कोई पाँच बातें लिखो।

ख घर के समान ही विद्यालय की स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## गतिविधि

- हमारे देश के महापुरुषों ने हमें अनेक प्रेरक नारे दिए हैं। ऐसे पाँच महापुरुषों के नाम और उनके दिए नारे लिखो व उन्हें अपनी कक्षा की दीवारों पर लगाओ।
- **नीचे लिखे अवतरण को पढ़ो और इसका सारांश अपने शब्दों में लिखो।**

  एक बार महाराज रणजीत सिंह कहीं जा रहे थे कि सामने से एक पत्थर आकर उन्हें लगी। सिपाहियों ने चारों ओर नजर दौड़ाई तो एक बुढ़िया दिखाई दी। उसे गिरफ्तार करके महाराज के सामने हाजिर किया गया।

  बुढ़िया महाराज को देखते ही डर से काँप उठी। बोली, ''सरकार! मेरा बच्चा कल से भूखा था। घर में खाने को कुछ न था। पेड़ पर पत्थर मार रही थी कि कुछ बेर तोड़कर उसे खिलाऊँ किन्तु वह पत्थर भूल से आपको आ लगा। मैं बेगुनाह हूँ। सरकार! मुझे क्षमा किया जाए।" महाराज ने कुछ देर सोचा और वे बोले, ''बुढ़िया को एक हजार रुपये देकर सम्मान सहित छोड़ दिया जाए।''

  यह सुन सारे कर्मचारी अचंभित रह गए। एक ने सरकार से पूछ ही लिया, ''महाराज! जिसे दंड दिया जाना चाहिए, उसे रुपये दिए जाएँगे?'' रणजीत सिंह बोले, ''यदि निर्जीव वृक्ष पत्थर लगने पर मीठा फल देता है तो रणजीत सिंह उसे खाली हाथ कैसे लौटा दे?''

## योग्यता–विस्तार

- तुम महापुरुषों के बारे में जानकारी एकत्रित करो जिनके कार्यों से तुम अधिक प्रभावित या प्रेरित हो।
- किसी भी महापुरुष के बारे में निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एकत्रित कर लिखो–

  1. महापुरुष का नाम 2. जन्म स्थान 3. शिक्षा
  4. व्यवसाय 5. उल्लेखनीय कार्य।
- क्या कभी तुम्हारे साथ ऐसा हुआ है कि तुम्हारे गलती की सजा तुम्हें मिली हो।
- महापुरुषों को उनके कार्यों के कारण जाना जाता है तुमको भी सभी लोग जाने इसके लिए तुम क्या–क्या करोगे अपने शब्दों में लिखो।
- नकल करना किसे कहते हैं ? क्या नकल करना अच्छा होता है।

5NCZHE

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5NLVP2

पाठ–23

# गुरू और चेला

गुरू एक थे और था एक चेला,
चले घूमने पास में था न धेला ।
चले चलते–चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सड़कें चमाचम थी डगरी।

मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी,
गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भर री।
बता कौन नगरी, बता कौन राजा,
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा।

कहा बढ़के ग्वालिन ने महाराज पंडित,
पधारे भले हो यहाँ आज पंडित।
यह अंधेर नगरी है अनबूझ राजा,
टके सरे भाजी, टके सेर खाजा।

गुरू ने कहा–जान देना नहीं है,
मुसीबत मुझे मोल लेना नहीं है।
न जाने की अंधेर हो कौन छन में?
यहाँ ठीक रहना समझता न मन में।

गुरू ने कहा किंतु चेला न माना,
गुरू को विवश हो पड़ा लौट जाना।
गुरूजी गए, रह गया किंतु चेला,
यही सोचता हूँगा मोटा अकेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चला हाट को देखने आज चेला,
तो देखा वहाँ पर अजब रेल–पेला।
टके सेर हल्दी, टके सेर जीरा,
टके सेर ककड़ी टके सेर खीरा।

टके सेर मिलती थी रबड़ी मलाई,
बहुत रोज उसने मलाई उड़ाई।
सुनो और आगे का फिर हाल ताजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।

बरसता था पानी, चमकती थी बिजली,
थी बरसात आई, दमकती थी बिजली।
गरजते थे बादल, झमकती थी बिजली,
थी बरसात गहरी, धमकती थी बिजली।

गिरी राज्य की एक दीवार भारी,
जहाँ राजा पहुँचे तुरत ले सवारी।
झपट संतरी को डपट कर बुलाया,
गिरी क्यों यह दीवार, किसने गिराया?

कहा संतरी ने–महाराज साहब,
न इसमें खता मेरी, ना मेरा करतब!
यह दीवार कमजोर पहले बनी थी,
इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



खता कारगीर की महाराज साहब,
न इसमें खता मेरी, या मेरा करतब!
बुलाया गया, कारीगर झट वहाँ पर,
बिठाया गया कारीगर झट वहाँ पर,

कहा राजा ने—कारीगर को सजा दो,
खता इसकी है आज इसको सजा दो।
कहा कारीगर ने, जरा की न देरी,
महाराज! इसमें खता कुछ न मेरी।

यह भिश्ती की गलती यह उसकी शरारत,
किया गारा गीला उसी की यह गफलत।
कहा राजा ने जल्द भिश्ती बुलाओ।
पकड़ कर उसे जल्द फाँसी चढ़ाओ।

चला आया भिश्ती, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने—इसमें खता कुछ न मेरी।
यह गलती है जिसने मशक को बनाया,
कि ज़्यादा ही जिसमें था पानी समाया।

मशकवाला आया, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने इसमें खता कुछ न मेरी।
यह मंत्री की गलती है, मंत्री की गफलत,
उन्हीं की शरारत, उन्हीं की हिमाकत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बड़े जानवर का था चमड़ा दिलाया,
चुराया न चमड़ा मशक को बनाया।
बड़ी है मशक खूब भरता है पानी,
ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी।

है मंत्री की गलती तो मंत्री को लाओं,
हुआ हुक्म मंत्री को फाँसी चढ़ाओं।
चले मंत्री को लेके जल्लाद फौरन,
चढ़ाने को फाँसी उसी दम उसी क्षण।

मगर मंत्री था इतना दुबला दिखता,
न गर्दन में फाँसी का फंदा था आता।
कहा राजा ने जिसकी मोटी हो गर्दन,
पकड़ कर उसे फाँसी दो तुम इसी छण।

चले संतरी ढूँढने मोटी गर्दन,
मिला चेला खाता था हलुआ दनादन।
कहा संतरी ने चलें आप फौरन,
महाराज ने भेजा न्यौता इसी छण।

बहुत मन में खुश हो चला आज चेला,
कहा आज न्यौता छकूँगा अकेला।।
मगर आके पहुँचा तो देखा झमेला,
वहाँ तो जुड़ा था अजब एक मेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



यह मोटी है गर्दन, इसे तुम बढ़ाओ,
कहा राजा ने इसको फाँसी चढ़ाओं!
कहा चेले ने–कुछ खता तो बताओ,
कहा राजा ने–'चुप' न बकबक मचाओ।

मगर था न बुद्धू–था चालाक चेला,
मचाया बड़ा ही वहीं पर झमेला!!
कहा पहले गुरू जी के दर्शन कराओ,
मुझे बाद में चाहे फाँसी चढ़ाओ।

गुरूजी बुलाए गए झट वहाँ पर,
कि रोता था चेला खड़ा था जहाँ पर।
गुरू जी ने चेले को आकर बुलाया,
तुरत कान मे मंत्र कुछ गुनगुनाया।

झगड़ने लगे फिर गुरू और चेला,
मचा उनमें धक्का बड़ा रेल–पेला।
गुरू ने कहा–फाँसी पर मैं चढ़ूँगा,
कहा चेले ने–फाँसी पर मैं मरूँगा।

हटाए न हटते अड़े ऐसे दोनों,
छुटाए न छुटते लड़े ऐसे दोनों।
बढ़े राजा फौरन कहा बात क्या है?
गुरू ने बताया करामात क्या है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चढ़ेगा जो फाँसी महूरत है ऐसी,
न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।
वह राजा नहीं, चक्रवर्ती बनेगा,
यह संसार का छत्र उस पर तनेगा।

कहा राजा ने बात सच गर यही
गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है
कहा राजा ने फाँसी पर मैं चढूँगा
इसी दम फाँसी पर मैं ही टँगूँगाा।

चढ़ा फाँसी राजा बजा खूब बाजा
प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा
बजा खूब घर–घर बधाई का बाजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।।

**सोहन लाल द्विवेदी**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## टके की बात

1. टका पुराने जमाने का सिक्का था। अगर आजकल सब चीजें एक रूपया किलों मिलने लगें तो उससे किस तरह के फायदे और नुकसान होंगे?
2. भारत में कोई चीज खरीदने–बेचने के लिए 'रूपये' का इस्तेमाल होता है और बांग्लादेश में 'टके' का। ' रूपया' और ' टका' क्रमशः भारत और बांग्लादेश की मुद्राएँ हैं। नीचे लिखे देशों की मुद्राएँ कौन–सी हैं?

   सऊदी अरब जापान फ्रांस इटली इंग्लैड

## कविता की कहानी

1. इस कविता की कहानी को अपने शब्दों में लिखो।
2. क्या तुमने कोई और ऐसी कहानी या कविता पढ़ी है जिसमें सूझबूझ से बिगड़ा काम बना हो, उससे अपनी कक्षा में सुनाओ।
3. कविता को ध्यान से पढ़कर 'अंधेर नगरी' के बारे में कुछ वाक्य लिखो।

   (सड़कें, बाजार राजा का राजकाज)
4. क्या ऐसे देश को 'अंधेरी नगरी' कहना ठीक है? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

## कविता की बात

1. '' प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा। ''
   - (क) अंधेरी नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ?
   - (ख) यदि वे राजा से परेशाान थे तो उन्होंने उसे खुद क्यों नहीं हटाया ? आपस में चर्चा करो।
2. ''गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है।''
   - (1) गुरूजी ने क्या बात कही थी?
   - (2) राजा यह बात सुनकर फाँसी पर लटक गया। तुम्हारे विचार से गुरूजी ने जो बात कही, क्या वह सच थी?
   - (3) गुरूजी ने यह बात कहकर सही किया या गलत? आपस में चर्चा करो।

## अलग तरह से

अगर कविता ऐसे शुरू हो तो आगे किस तरह बढ़ेगी? थी बिजली और उसकी सहेली थी बदली

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## क्या होता यदि ....................

1. मंत्री की गर्दन फँदे के बराबर की होती?
2. राजा गुरूजी की बातों में न आता?
3. अगर संतरी कहता कि " दीवार इसीलिए गिरी क्योंकि पीली थी" तो महाराज किस–किस को बुलाते? आगे क्या होता ?

## शब्दों की छानबीन

1. नीचे लिखे वाक्य बढ़ो। जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची है, उन्हें आजकल कैसे लिखते है, यह भी बताओ।

   (क) न जाने की अंधरे हो कौन छन में!

   (ख) गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भग री!

   (ग) इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी!

   (घ) ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी!

   (ड.) न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।

2. चमाचम थी सड़कें ................. इस पंक्ति में 'चमाचम' शब्द आया है। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ों और दिए गए वाक्यों में ये शब्द भरो–

   पटापट, चकाचक, फटाफट, चटाचट, झकाझक, खटाखट, चटपट

   1. आँधी के कारण पेड़ से ............................... फल गिर रहे हैं।
   2. हंसा अपना सारा काम .................................. कर लेती है।
   3. आज रहमान ने ..................................... सफेद कुर्ता पाजामा पहना है।
   4. उस भुक्खड़ ने ..................................... सारे खड्डे खा डाले।
   5. सारे बर्तन धुलकर .............................. हो गए।

5NVRQP

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5P5HSC

## पाठ–24

# बाबा अंबेडकर

– संकलित

दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम करके कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। महापुरुष बनने के लिए मनुष्य में ये गुण होने चाहिए। एक साधारण दलित परिवार में जन्म लेकर बाबा साहब अंबेडकर ने अपने इन्हीं गुणों के बल पर भारत के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। विपरीत परिस्थितियों से जूझकर उन्होंने अपने संकल्प को अंततः पूरा किया। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** परस्पर विरोधी शब्दों का वाक्य में प्रयोग, विधिवाचक, निषेधात्मक, प्रश्नवाचक तथा आदेशात्मक वाक्य, सरल एवं संयुक्त वाक्य, प्रवाहपूर्वक पढ़ना।



संध्या हो रही है। पश्चिम दिशा में लाली फैल रही है। पक्षी चहचहाते हुए अपने घोंसलों की ओर लौट रहे हैं। बड़ौदा के राजमार्ग पर पेड़ के नीचे एक युवक बैठा है। वह फूट–फूटकर रो रहा है। आँसुओं का झरना लगातार झर रहा है। कोई धीरज नहीं देता उसे, कोई राह नहीं दिखाता उसे।

अचानक वह उठ खड़ा हो जाता है। आँसू पोंछकर सोचता है, ''किसने बनाई है छुआछूत की व्यवस्था? किसने बनाया है किसी को नीच, किसी को ऊँच? भगवान ने? हर्गिज नहीं। वह ऐसा नहीं करता। वह सबको समान रूप से जन्म देता है। यह बुराई मनुष्य ने पैदा की है। मैं इसे मिटाकर रहूँगा।''

मन में बार–बार अपना निश्चय दुहराता हुआ वह युवक मुंबई लौट आता है। फिर वह जो कुछ करता है, उसके कारण आज सारा देश उसे बाबा साहब के नाम से स्मरण करता है।

मध्यप्रदेश के महू नगर में रामजी नाम के एक सूबेदार मेजर थे। वे महार जाति के थे। 14 अप्रैल सन् 1891 ई. को उनके घर चौदहवीं संतान ने जन्म लिया। माता भीमाबाई 5 वर्ष तक उस बालक को पालकर स्वर्ग सिधार गईं। फिर चाची मीराबाई ने उसका पालन–पोषण किया। वे बालक को प्यार से 'भीवा' कहकर बुलाया करती थीं। बाद में यही बालक 'भीमराव रामजी अंबेडकर' कहलाया।

**शिक्षण–संकेत**– बच्चों से हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में चर्चा करें। वर्ण–व्यवस्था का उल्लेख करते हुए इसकी हानियाँ बताएँ। प्रत्येक अनुच्छेद को विराम–चिह्नों का ध्यान रखते हुए पढ़ने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जिस वर्ष भीमराव का जन्म हुआ, उसी वर्ष रामजी नौकरी से छुट्टी पाकर रत्नागिरि के दपोली स्थान पर आ गए थे। यहीं भीमराव को पहली बार एक मराठी स्कूल में भर्ती कराया गया। चार वर्ष बाद वे पिता के साथ सतारा आ गए और सरकारी स्कूल में भर्ती हुए। यहाँ उन्हें सब लड़कों से दूर रखा जाता था। अध्यापक उनकी अभ्यास–पुस्तिका और कलम तक नहीं छूते थे। वे संस्कृत पढ़ना चाहते थे, किन्तु संस्कृत के अध्यापक ने उन्हें पढ़ाना स्वीकार नहीं किया। विवश होकर वे फारसी पढ़ने लगे। विद्यालय में उन्हें दिनभर प्यासा रहना पड़ता था, क्योंकि उन्हें पानी के बर्तनों में हाथ लगाने की अनुमति नहीं थी।

सन् 1905 में रामाबाई नाम की कन्या से भीमराव की शादी हो गई। उस समय वह नौ वर्ष की थी। शादी के बाद भीमराव अपने पिता के साथ मुंबई चले गए। वहाँ वे एलफिंस्टन स्कूल में भर्ती हुए। इस स्कूल में छुआछूत की कुप्रथा नहीं थी।

दो वर्ष बाद भीमराव ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। महार जाति के लिए यह बहुत गौरव की बात थी। घर में खूब खुशियाँ मनाई गईं। भीमराव एलफिंस्टन कॉलेज में पढ़ने लगे। बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने प्रसन्न होकर उन्हें 25 रुपये मासिक छात्रवृत्ति देना आरंभ कर दिया। बी.ए. उत्तीर्ण होने पर महाराज ने उन्हें बड़ौदा में अपने दरबार में नौकरी दे दी। दुर्भाग्य से इसी वर्ष उनके पिता का स्वर्गवास हो गया।

महाराज के दरबार में भीमराव से कट्टर हिन्दू घृणा करते थे। चपरासी तक उनको फाइलें फेंककर देते थे। तंग आकर भीमराव ने नौकरी छोड़ दी। वे फिर महाराज से छात्रवृत्ति पाने में सफल हुए और उच्च शिक्षा के लिए कोलंबिया (अमेरिका) चले गए। अपनी जाति के वे पहले विद्यार्थी थे, जिन्हें विदेश जाने का अवसर मिला।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ते समय भीमराव को अनेक नए अनुभव हुए। वहाँ उन्हें सबका प्यार और समानता का व्यवहार मिला। सन् 1916 में वे कोलंबिया से लंदन पहुँचे। वहाँ एक वर्ष रहकर वे मुंबई लौट आए। महाराज गायकवाड़ ने उनको बड़ौदा बुला लिया और सेना में सचिव के पद पर नियुक्त कर दिया, किन्तु वहाँ फिर उनको घृणा का शिकार होना पड़ा। होटलों तक में उन्हें रहने का स्थान न मिला। इस व्यवहार से उनका हृदय टूट गया। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और मुंबई जा पहुँचे।

विदेश में रहकर डॉ. अंबेडकर ने दो पुस्तकें लिखी थीं। धीरे–धीरे उनकी विद्वता की धाक जमने लगी। मुंबई के एक कॉलेज में उन्हें प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर लिया गया किन्तु यहाँ भी झंझट थी। धर्म के कट्टर लोग उनसे घृणा करते थे। किसी प्रकार भीमराव ने दो वर्ष निकाले। अन्त में यहाँ भी उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। अब उन्होंने छुआछूत की बुराई से लड़ने के लिए 'मूकनायक' नामक साप्ताहिक पत्र निकालना आरंभ किया। धन की कमी के कारण कुछ समय बाद ही उसे बंद करना पड़ा। भीमराव पढ़ने के लिए फिर लंदन चले गए। वहाँ तीन वर्ष रहकर उन्होंने अर्थशास्त्र में डाक्टर की उपाधि प्राप्त की। सन् 1923 में वे मुंबई लौट आए और उन्होंने वकालत आरंभ कर दी। एक वर्ष बाद कुछ मित्रों की सहायता से उन्होंने 'बहिष्कृत

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हितकारिणी सभा' की स्थापना की। तथाकथित अछूतों की समस्याएँ हल करना इस सभा का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने 'बहिष्कृत भारत' नामक समाचार पत्र भी निकाला। इसी वर्ष वे मुंबई विधानसभा के सदस्य बनाए गए। 27 मई, 1935 को बाबा साहब की पत्नी रामाबाई का देहांत हो गया जिससे वे बहुत दुखी हुए।

डॉ. अंबेडकर समाज में तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाना चाहते थे। वे उनकी आर्थिक हालत सुधारने के लिए संकल्प ले चुके थे। इतिहास की सच्ची जानकारी देने के लिए उन्होंने 'शूद्र कौन थे' नामक पुस्तक लिखी, जो बहुत लोकप्रिय हुई। भारत के वाइसराय ने उनकी योग्यता से प्रभावित होकर उन्हें अपने सचिव मंडल का सदस्य बनाया।

सन् 1947 में भारत के स्वतंत्र होने पर वे संविधान–सभा के सदस्य चुने गए। संविधान का प्रारूप उन्हीं की अध्यक्षता में तैयार हुआ। उन्होंने उसमें तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाया। राष्ट्र की एकता के लिए भी उन्होंने कई बातें संविधान में सम्मिलित कराईं। संविधान निर्माण में बाबा साहब ने अभूतपूर्व परिश्रम किया।

15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। डॉ. अंबेडकर को इस सरकार में कानून मंत्री का पद दिया गया। वे भारत के पुराने कानूनों में कई सुधार करना चाहते थे किन्तु प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से उनका मतभेद हो गया। इसलिए सन् 1951 में उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

सरकार से अलग होकर वे पूरी शक्ति से समाजसेवा में जुट गए। लोग उन्हें देवता की तरह पूजने लगे। वे जहाँ जाते थे, 'जय भीम' के नारों से आकाश गूँज उठता था। वे कट्टर हिन्दुओं के आगे झुकना नहीं जानते थे। उन्होंने सन् 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना भी कर डाली और बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। इस घटना से हिन्दू समाज में बड़ी खलबली मच गई। दुर्भाग्य से 6 दिसम्बर, सन् 1956 को अचानक लाखों पीड़ितों को छोड़कर डॉ. अंबेडकर स्वर्गवासी बन गए।

हिन्दू समाज डॉ. अम्बेडकर को 'बाबा साहब' कहकर सम्मान देता है। वे देश के पिछड़े और दलित समाज के प्राण थे। बचपन से ही उनमें कठिन परिश्रम करने की आदत थी। नित्य 18 घंटे पढ़ना उनके लिए सहज बात थी। सिनेमा और गपशप से वे दूर रहते थे। कठिनाइयाँ उनका मार्ग नहीं रोक पाती थीं। वे जो सोचते, वही करते थे। उनका भाषण बहुत प्रभावशाली होता था। तर्क करने की उनमें अनोखी शक्ति थी। वे किसी भी धर्म के विरोधी नहीं थे। उनकी लड़ाई तो उन बुराइयों से थी, जिन्हें मनुष्यों ने धर्म में उत्पन्न कर दिया है।

डॉ. अंबेडकर इसलिए महान हैं क्योंकि उन्होंने छुआछूत के पाप को नष्ट करने का प्रयत्न किया। उनके प्रयत्नों से सभी को कानून में समानता का अधिकार मिला। आज सभी बालक बालिकाएं साथ–साथ बैठकर पढ़ते हैं, खाते–पीते और खेलते–कूदते हैं। गाड़ियों, होटलों, तीर्थों, मंदिरों आदि सभी जगह वे समान रूप से आते–जाते हैं। हजारों वर्षों के भारतीय इतिहास की यह बहुत बड़ी घटना है। डॉ. अंबेडकर ने देश को छुआछूत के पाप से छुटकारा दिलाया। आनेवाली पीढ़ियाँ बाबा साहब अंबेडकर के महान कार्यों को स्मरण कर गौरव का अनुभव करती रहेंगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्मरण | – याद | प्रभावशाली | – प्रभाववाला |
| आधारित | – आधार में, सहारे में | समानता | – बराबरी |
| बहिष्कृत | – बाहर निकाला हुआ | तथाकथित | – जैसा कहा गया है लेकिन जिसके होने में संदेह हो |
| रत्नागिरि | – महाराष्ट्र के एक जिले का नाम | | |
| रूढ़िवादी | – पुरानी विचारधारा को माननेवाले | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** बाबा अंबेडकर को किस नाम से जाना जाता है ?

**प्रश्न 2.** बड़ौदा के महाराज ने डॉ. अंबेडकर को क्या सहायता दी?

**प्रश्न 3.** डॉ. अंबेडकर को बड़ौदा के महाराज की नौकरी क्यों छोड़नी पड़ी?

**प्रश्न 4.** नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने क्या संकल्प लिया?

**प्रश्न 5.** भारतीय संविधान से तथाकथित अछूतों को क्या लाभ हुआ?

**प्रश्न 6.** डॉ. अंबेडकर महान क्यों माने जाते हैं?

**प्रश्न 7.** देश को डॉ. अंबेडकर की सबसे बड़ी देन क्या है?

**प्रश्न 8.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित किसी कुरीति पर दो वाक्य लिखो।

**प्रश्न 9.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित कुरीति को दूर करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?

## भाषातत्व और व्याकरण

### समझो

- 'छोटी–बड़ी समस्याओं को तो हमें प्रायः झेलना पड़ता है।' इस वाक्य में 'छोटी–बड़ी' परस्पर विलोम शब्द हैं।

**प्रश्न 1. इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों और उनके परस्पर विरोधी शब्दों को एक साथ एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

पाप, उत्तीर्ण, पक्ष, सफल, दुर्भाग्य।

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. कक्षा में बच्चे ध्यानपूर्वक पढ़ रहे हैं।

ख. अभी मध्य अवकाश है, हमारी कक्षा के बच्चे पढ़ नहीं रहे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ग. क्या तुम्हारी कक्षा के विद्यार्थी शिक्षक से पूछकर कक्षा से बाहर जाते हैं ?

घ. कक्षा में शोर मत करो।

ऊपर लिखे चारों वाक्य चार प्रकार के हैं। पहले वाक्य में कार्य हो रहा है। ऐसे वाक्य 'विधिवाचक वाक्य' कहलाते हैं। दूसरे वाक्य में कार्य नहीं हो रहा है। ऐसे वाक्य 'निषेधात्मक वाक्य' कहलाते हैं। तीसरे वाक्य में प्रश्न पूछा गया है। ऐसे वाक्य 'प्रश्नवाचक वाक्य' कहलाते हैं। चौथे वाक्य में आदेश दिया गया है। ऐसे वाक्य 'आदेशात्मक वाक्य' कहलाते हैं।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों को उनके सामने कोष्ठक में लिखे वाक्यों में परिवर्तित करो–**

क. 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। (प्रश्नवाचक वाक्य)

ख. कल तुम सब 'बाबा साहब अंबेडकर' पाठ याद करके आए थे।(आदेशात्मक वाक्य)

ग. जाति–व्यवस्था ईश्वर ने बनाई है। (निषेधात्मक वाक्य)

घ. उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र नहीं दिया। (विधिवाचक वाक्य)

- **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़ो–**

क. बालक घर आ गया।

ख. वह खाना खा रहा है।

ये दोनों सरल वाक्य हैं। अब यह वाक्य देखो, 'बालक घर आ गया और वह खाना खा रहा है।' यहाँ 'और' शब्द से दो सरल वाक्यों को जोड़कर एक संयुक्त वाक्य बनाया गया है।

**प्रश्न 3 इस पाठ में आए पाँच संयुक्त वाक्य छाँटकर लिखो।**

## योग्यता–विस्तार

- डॉ. अंबेडकर के जीवन के अन्य प्रेरक प्रसंग खोजो और उन्हें बालसभा में सुनाओ।
- तुम्हें अपने समाज की कौन–सी रीतियाँ बुरी लगती हैं ? उन पर चर्चा करो।

5PEITZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**पाठ–25**

# चमत्कार

—जाकिर अली 'रजनीश'

प्रस्तुत एकांकी में, समाज के कुछ चालाक किस्म के लोगों द्वारा मामूली–सी बीमारी को जादू–टोने या मंत्रशक्ति से दूर करने की बात बताकर लोगों को भ्रमित करने के कुप्रयासों का पर्दाफाश किया गया है। वैज्ञानिकता की कसौटी पर ऐसे चमत्कारों को कसकर हमें भी समाज में फैले अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** अभिनय करना और अनुतान, बलाघात के साथ बोलना, विभक्ति चिह्न का प्रयोग, मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग।

## पात्र–परिचय

राहुल – कॉलेज का एक विद्यार्थी, आयु लगभग 18 वर्ष।

रोशन – राहुल का मित्र, विज्ञान का विद्यार्थी।

स्वामी – साधु की वेशभूषा में एक कपटी व्यक्ति, आयु लगभग 45 वर्ष।

जतिन – 6 वर्ष का एक छोटा बालक।

माँ – जतिन की माँ, आयु लगभग 35 वर्ष।

इंस्पेक्टर – पुलिस अधिकारी, आयु लगभग 30 वर्ष ।

सिपाही – पुलिस कर्मचारी, आयु लगभग 35 वर्ष।

(परदा खुलता है। मंच पर स्वामी जी अपना थैला तथा कुछ टीम–टाम लिए बैठे हैं। वे अपना चमत्कार दिखाने की तैयारी में हैं। परदा खुलते ही दर्शकों में खुसुर–फुसुर होने लगती है।)

स्वामी : भाइयो! अब आप लोग शान्त हो जाइए। अभी आप लोगों के सामने मैं अपनी मंत्र–शक्ति का प्रदर्शन करूँगा। लेकिन सबसे पहले एक बार जोर–से तालियाँ बजाइए। (सभी लोग तालियाँ बजाते हैं। तभी रोते हुए जतिन को लेकर उसकी माँ मंच पर आती है।)

**शिक्षण–संकेत–** बनावटी साधुओं और ठगों के संबंध में कक्षा में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि समाचार–पत्रों में ऐसे लोगों के द्वारा ठगी करने की घटनाएँ आम तौर पर प्रकाशित होती रहती हैं। ऐसे समाचारों को संकलित करवाएँ। तीन–चार विद्यार्थियों को अलग–अलग पात्र बनाकर उनसे कक्षा में अभिनय कराते हुए पाठ पढ़ाएँ। विद्यार्थियों के कथोपकथन पर विशेष ध्यान रखें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



माँ : (हाथ जोड़कर स्वामी जी से) स्वामी जी, मेरे बच्चे के पेट में बहुत दर्द है। कृपया इसका उपचार कर दीजिए।

स्वामी : अरे बहिन जी! यह आप क्या कराने आ गईं। मैं तो अपना चमत्कार दिखाने आया था। चलो, इसी बालक पर अपना चमत्कार दिखाऊँगा। बोलो बहिन जी! इसे क्या कष्ट है।

माँ : स्वामी जी, इसके पेट में अक्सर भयंकर दर्द उठता है।

(स्वामी जी जतिन की कमीज उठाकर उसका पेट देखते हैं।)

स्वामी : (गंभीर मुद्रा में) ओह, अनर्थ! इसके पेट में तो पथरी है।

माँ : (घबराकर) यह आप क्या कह रहे हैं, स्वामी जी?

स्वामी : मैं ठीक कह रहा हूँ। लेकिन घबराओ नहीं। मैं अभी अपनी मंत्र–शक्ति से इसकी पथरी निकाल देता हूँ। आओ बेटे, तुम यहाँ पर लेट जाओ।

(स्वामी जी जतिन को एक ऊँची जगह पर लिटा देते हैं और उसकी कमीज पर एक बोतल से पानी जैसा कुछ छिड़कते हैं। इसी समय मौका देखकर राहुल व रोशन चुपके से स्वामी जी के पास में रखा सामान बदल देते हैं। जतिन लगातार रोता रहता है।)

स्वामी : मत रो बेटे! मैं अभी तेरा दर्द दूर कर देता हूँ।

(एक पुड़िया से कोई पाउडर जतिन को खाने को देते हैं। उसे खाने के बाद जतिन चुप हो जाता है। स्वामी जी आहिस्ता–आहिस्ता जतिन के पेट पर हाथ फेरते हैं। अचानक जतिन के पेट से खून बहने लगता है।)

माँ : (बेटे के पेट से खून बहता देखकर) स्वामी जी, यह खून कैसे बहने लगा?

स्वामी : (प्रसन्न होकर) घबराओ नहीं, मेरा प्रयास सफल हो गया। ये रहीं इसके पेट की पथरियाँ! (हाथ फैलाकर दो छोटी कंकरियाँ दिखाते हैं।) इन्हें मैंने अपनी मंत्र–शक्ति से बाहर निकाला है।

माँ : लेकिन इसका खून ?

स्वामी : घबराओ नहीं, सब ठीक हो जाएगा। (लड़के का पेट पोंछते हैं।) (दर्शकों से) भाइयो! आप में से कोई एक–दो दर्शक आकर देख सकते हैं। इसके पेट पर कोई घाव नहीं है।

(मंच पर दर्शक आते हैं और जतिन का पेट देखते हैं।)

दर्शक : (आश्चर्य भाव से) भाइयो! सच में जतिन के पेट पर कोई घाव नहीं है।

(दर्शक वापस लौट जाते हैं।)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





स्वामी : (अपनी बात आगे बढ़ाते हुए) देखा, कोई घाव नहीं। यह सब मेरे मंत्रों का कमाल है। (भीड़ स्वामी जी की जय–जयकार करती है।)

स्वामी : (हाथ ऊपर उठाकर) ठीक है, ठीक है। आप लोग शांत हो जाएँ अब मैं आप लोगों को एक और जादू दिखाऊँगा। (अपने थैले में से एक नारियल निकालकर सबको दिखाते हुए)

स्वामी : यह है मेरी बीस साल की तपस्या का अद्‌भुत नमूना। अभी आप लोगों के सामने इसे तोड़ूँगा तो इसमें से फूल बरसेंगे। (नारियल जमीन पर पटक देते हैं। पर उसमें से कुछ भी नहीं निकलता।)

(राहुल का मंच पर आना)

राहुल : (मुस्कराकर) यह क्या स्वामी जी महाराज!, नारियल तो खाली है ! इसमें से तो कुछ भी नहीं निकला, जबकि यह चमत्कार तो मेरा दोस्त रोशन कर सकता है।

स्वामी : (खिसियाते हुए) क्या बक रहे हो ?

( रोशन का प्रवेश)

रोशन : यह बक नहीं रहा, ठीक कह रहा है। मैं अभी यह चमत्कार करके दिखाता हूँ। (अपने थैले में से नारियल निकालकर उसे जमीन पर पटकता है। उसमें से ढेर सारे मोंगरे के फूल निकलते हैं।

रोशन : देखा यह आश्चर्य आपने! (लोग तालियाँ बजाते हैं।)

राहुल (स्वामी से): देखा आपने मेरे दोस्त का चमत्कार !

स्वामी : (रोष में) यह छोकरा मेरी बराबरी नहीं कर सकता। मैं अपनी मंत्र–शक्ति से आग जला सकता हूँ। मेरी मंत्र–शक्ति देखो। (स्वामी अपने थैले से लाल कागज निकालकर उसके टुकड़े करता है। फिर एक शीशी दिखाते हुए कहता है।) अब मैं कागज़ के इन टुकड़ों पर यह अभिमंत्रित जल डालूँगा और

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ये कागज जल उठेंगे। (स्वामी कागज पर शीशी का पदार्थ डालता है, पर आग नहीं जलती।)

राहुल : लगता है, आपका यह मंत्र भी बेकार हो गया, स्वामी जी ! लेकिन लोगों को निराश नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि मेरा दोस्त यह चमत्कार भी दिखा सकता है।

रोशन : (कागज फाड़ते हुए) ये रहे कागज के टुकड़े और यह मैंने डाला इन पर अभिमंत्रित जल और यह आग जल उठी।

(आग जलने पर सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं, जब कि स्वामी जी क्रोध में अजीब तरह से मुँह बनाते हैं। तभी मंच पर इंस्पेक्टर व सिपाही आते हैं।)

इंस्पेक्टर : सिपाही, इस ढोंगी को गिरफ्तार कर लो। अब इसकी पोल खुल चुकी है।

(सिपाही आगे बढ़कर स्वामी को पकड़ लेता है।)

स्वामी : (क्रोध में) यह आप क्या कर रहे हैं ? मैं सिद्ध योगी हूँ, सबको भस्म कर दूँगा।

राहुल : अच्छा, तब आप वह मंत्र भी आजमाकर देख लीजिए, शायद काम बन जाए।

इंस्पेक्टर : (स्वामी की नकली दाढ़ी नोंचते हुए) मुझे इसकी बहुत दिनों से तलाश थी। मैं तुम्हारा आभारी हूँ रोशन, जो तुमने इसकी पोल खोलकर इसे पकड़वाया। लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आई कि ये चमत्कार होते कैसे हैं?

रोशन : सबसे पहले मैं पथरी का चमत्कार बताता हूँ। दरअसल बात यह है कि इस स्वामी ने सबसे पहले लड़के के पेट पर चूने का पानी मला, फिर हाथ में हल्दी का चूर्ण एवं कंकरी छिपाकर पेट पर हाथ फेरने लगा। चूने के पानी से हल्दी ने रासायनिक क्रिया करके लाल रंग बना दिया, जिसे सब लोगों ने खून समझ लिया और फिर हाथ में छिपी कंकरी को पथरी बता दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इंस्पेक्टर : लेकिन यह लड़का चुप कैसे हो गया था ?

रोशन : भभूत में मिली मीठी सेकरीन के कारण। जैसे ही इसे मीठा–मीठा लगा, इसने रोना बंद कर दिया।

माँ : हाँ बेटा, तुम ठीक कहते हो। जब भी यह कोई मीठी चीज खा जाता है, रोना बंद कर देता है। लेकिन नारियल से फूल कैसे निकल सकते हैं?

रोशन : आप लोग तो जानते ही हैं कि नारियल में तीन आँखें होती हैं। उसकी एक आँख में छेद करके पहले से मोगरे की कलियाँ डाल दी गई हैं जो अन्दर खिलकर फूल बन गई हैं।

इंस्पेक्टर : और पानी डालने से कागज कैसे जल गए?

रोशन : उन कागजों पर पोटैशियम परमैंगनेट का लेप चढ़ा था। जब उन पर पानी के बहाने ग्लिसरीन डाला तो दोनों में क्रिया हुई और आग जल पड़ी। ये सब विज्ञान के चमत्कार हैं। स्वामी महाराज इन्हें मंत्र का चमत्कार कहकर वाहवाही लूटनेवाले थे, पर मैंने सामान बदलकर इनकी पोल खोल दी।

इंस्पेक्टर : वाह रोशन! तुमने अपनी बुद्धि से लोगों को भ्रमित होने से बचा लिया! (स्वामी को संबोधित करके) अब चलो, स्वामी महाराज, मैं थाने में तुम्हें अपना चमत्कार दिखाता हूँ।

(सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं और 'चमत्कार भई चमत्कार, विज्ञान के देखो चमत्कार। चिल्लाते हैं।)

(परदा गिरता है।)

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| मजमा | – | भीड़/व्यक्तियों का समूह |
| प्रदर्शन | – | दिखावा |
| अद्भुत | – | अनोखा |
| ढोंगी | – | ढोंग करनेवाला |
| भस्म | – | राख |
| आहिस्ता | – | धीरे–से |
| चमत्कार | – | असामान्य काम करके दिखाना |
| भयभीत होना | – | डर जाना |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** स्वामी ने जतिन के पेट में दर्द होने का क्या कारण बताया?

**प्रश्न 2.** स्वामी ने किस ढोंगी प्रक्रिया से जतिन के पेट का दर्द दूर किया?

**प्रश्न 3.** राहुल ने स्वामी के ढोंग की पोल कैसे खोली?

**प्रश्न 4.** नारियल से फूल कैसे निकले?

**प्रश्न 5.** रोशन ने क्या–क्या चमत्कार दिखाए?

**प्रश्न 6.** भीड़ स्वामी जैसे लोगों के ढोंग से क्यों प्रभावित हो जाती है?

**प्रश्न 7.** बीमार पड़ने पर हमें किसी साधु के पास जाना चाहिए या डॉक्टर के पास? कारण सहित उत्तर लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।**

| | |
|---|---|
| पोल खोलना | वाहवाही लूटना |
| हैरान रह जाना | भस्म कर देना |
| खुसुर–फुसुर करना | |

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और उनके आगे या पीछे जुड़े शब्दांश अलग–अलग करके लिखो–**

उपयोग, लूटनेवाला, रासायनिक, विज्ञान, प्रदर्शन।

**प्रश्न 3. उचित विभक्ति चिह्न लगाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

क. स्वामी जी जतिन ...................... एक ऊँची जगह लिटा देते हैं।

ख. स्वामी जी जतिन .................... कमीज उठाकर देखते हैं।

ग. स्वामी जी! पेट ...................... दर्द हो रहा है।

घ. पेंसिल ...................... लिखो।

ड़ नाटक .................... सभी पात्रों ने अच्छा अभिनय किया।

- संबोधन के पश्चात् संबोधन चिह्न (!) लगाया जाता है, जैसे– स्वामी जी! मेरा पुत्र बीमार है।

  यह क्या स्वामी जी महाराज! (आश्चर्य)

  ओह! अनर्थ। (दुख)
- संबोधन के बहुवचन शब्दों में अनुनासिक का प्रयोग नहीं होता, केवल अंतिम अक्षर का 'ओ' से अंत हो जाता है। उदाहरण पढ़ो और समझो।

  लड़को! मैदान में खेलो।

  लड़कों! मैदान में खेलो।

  पहले वाक्य में प्रयुक्त 'लड़को'! शब्द शुद्ध है दूसरे वाक्य में 'लड़कों'! प्रयोग अशुद्ध है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों के रिक्त स्थानों में बहुवचन शब्दों का प्रयोग करो–**

क. .................... ने तालियाँ बजाईं। (दर्शक)

ख. ................ को देखकर आनंद आ गया। (बच्चा)

ग. ................ के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। (महिला)

घ. .............. की स्वामी से झड़प हुई। (युवक)

ङ. ............. ! कल विद्यालय मत आना। (बालक)

## रचना

- इस एकांकी की कथा को अपने शब्दों में लिखो ।
- नीचे बने चित्रों को देखो और उसके आधार पर एक कहानी बनाकर लिखो।









## गतिविधि

- बाल–सभा में इस नाटक का मंचन करो।

5PXAXA

## योग्यता–विस्तार

### सोचो और चर्चा करो–

- जादू दिखानेवाला या मदारी का खेल दिखानेवाला भीड़ को ताली बजाने के लिए क्यों कहता है?
- इसी तरह का कोई एकांकी बालपत्रिका से लेकर बालसभा में मंचन करो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

345UFD

# जाँच के लिए प्रश्न

- **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ो। इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही–उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

प्राचीन समय में पुस्तकें हाथ से तैयार की जाती थी। उस युग में पुस्तकों की प्रतियाँ करने का काम अधिकतर भिक्षु लोग करते थे। ये लोग अपनी छोटी–छोटी कोठरियों में बैठे सावधानीपूर्वक पुस्तकों की प्रतियाँ तैयार करते थे। यह कार्य करते–करते उनकी आँखें दुख जाती थी। अंगुलियाँ दर्द करने लगती थी, फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।

जरा सोचो, एक पृष्ठ यहाँ तक कि एक लाइन लिखने में कितना समय लगता है। फिर पूरी पुस्तक की प्रतिलिपि तैयार करने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता होगा, उसके लिए कितने धैर्य की आवश्यकता होती होगी।

कई वर्षों बाद बेल्जियम के एक चतुर व्यक्ति ने छापेखाने का आविष्कार किया। इसके द्वारा बहुत कम समय में किसी भी पुस्तक की दसियों प्रतियाँ तैयार होने लगी। पिछले 500 वर्षों में पुस्तकें छापने की विधि में बहुत से महत्वपूर्ण परिवर्तन और सुधार हो गए हैं और आज हजारों और लाखों पुस्तकें बहुत आसानी से छापी जा सकती हैं।

1. प्राचीन समय में संसार में बहुत कम पुस्तकें क्यों थी?
   (क) भिक्षु पुस्तकें लिखते हुए बहुत थक चुके थे।

   (ख) पुस्तकें केवल बेल्जियम में बनाई जाती थी।

   (ग) पुस्तकें हाथ से लिखी जाती थी।

   (घ) लोगों में धैर्य की कमी थी

2. ''फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।'' इस वाक्य में भिक्षुओं की कौन–सी विशे ाता प्रकट होती है?
   (क) उन्हें रातभर कार्य करना पड़ता था।

   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।

   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।

   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. भिक्षु कई घण्टों तक लिखते रहते थे। इसका उन पर क्या प्रभाव पड़ता था?

(क) उन्हें रात भर कार्य करना पड़ता था।

(ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।

(ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।

(घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।

4. ''इसके द्वारा बहुत कम समय में ..................... '' यहाँ 'इसके' किसकी ओर संकेत करता है?

(क) चतुर व्यक्ति

(ख) छायाखाना

(ग) बेल्जियम

(घ) भिक्षु

5. इस अनुच्छेद के लिए कौन–सा शीर्षक उपयुक्त है?

(क) पुस्तकें हमारी मित्र

(ख) पुस्तकों का महत्व

(ग) छापेखाने का आवि कार

(घ) भिक्षुओं का कष्ट

- **निम्नलिखित प्रश्नों में खाली स्थानों को भरने के लिए सही शब्द छाँटो और उसकी क्रम संख्या पर घेरा लगाओ –**

1. पर्वत की चोटियों .................. पर चढ़ना कोई सरल काम नहीं।

(क) में

(ख) पर

(ग) से

2. बिल्ली पेड़ ................. बहुत आराम से सो रही थी।

(क) में

(ख) के चारों तरफ

(ग) के नीचे

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. मामा जी सोहन .................. पेन लाए।
   (क) के लिए
   (ख) के द्वारा
   (ग) से
4. आज विद्यालय .................. अवकाश है।
   (क) पर
   (ख) में
   (ग) के
5. मैंने भगवान .................. दर्शन किए।
   (क) का
   (ख) की
   (ग) के
6. इस प्रश्न का उत्तर तो बहुत .................. है।
   (क) सरल
   (ख) सुगम
   (ग) सुलभ
7. हवा को चाहे वायु कह लो, चाहे .................. , एक ही बात है।
   (क) पवन
   (ख) पावक
   (ग) पावन
8. पहला सवाल तो बहुत सरल था, मगर दूसरा सवाल बहुत ही .................. था।
   (क) सही
   (ख) आसान
   (ग) कठिन
9. जहाँ तक .................. जाती थी, बर्फ ही बर्फ थी।
   (क) नजर
   (ख) दिखाई
   (ग) सुनाई

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



10. शहरी और .................. बच्चों की सुविधाओं में भेदभाव नहीं होना चाहिए।
   (क) नगरीय
   (ख) ग्रामीण
   (ग) देशी
11. अगर समय पर बारिश हुई होती .................. फसल अच्छी होती।
   (क) लेकिन
   (ख) तो
   (ग) एवं
12. तुम्हें व्यायाम करना चाहिए .................. स्वस्थ रह सको।
   (क) ताकि
   (ख) इसलिए
   (ग) और
13. गुड़िया पाकर चाँदनी इतनी खुश हुई .................. उसे काई खजाना मिल गया हो।
   (क) कैसे
   (ख) वैसे
   (ग) जैसे
14. हर्ष झगड़ा करता है .................. वह झगड़ालू कहलाता है।
   (क) और
   (ख) परंतु
   (ग) इसलिए
15. तुम कहाँ जा रही हो इस वाक्य के आखिरी में .................. चिह्न आएगा।
   (क) ?
   (ख) !
   (ग) ।

- **नीचे लिखे अंश को ध्यान से पढ़ो। उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# क्रिकेट क्लब





**सब कक्षाओं के साथियों का स्वागत है**

**आइए, क्रिकेट खेलना सीखें!**

प्रति रविवार को खेल के मैदान में

**समय**

लड़कियों के लिए प्रातः 9.00–10.00 बजे तक
लड़कों के लिए प्रातः 10.30–12.00 बजे तक

**सदानन्द प्राइमरी विद्यालय**
**महात्मा गाँधी मार्ग**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

1. ऊपर दिया गया अंश है?
   (क) सूचना
   (ख) कहानी
   (ग) आदेश
   (घ) निबंध
2. क्रिकेट क्लब किनके लिए है?
   (क) केवल लड़कों के लिए
   (ख) केवल लड़कियों के लिए

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



(ग) सभी साथियों के लिए

(घ) इसमें से किसी के लिए नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन–सा सही है?

(क) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से पहले होगा।

(ख) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से ज्यादा लम्बा होगा।

(ग) लड़के–लड़कियों के अभ्यास अलग–अलग दिनों में होंगे।

(घ) लड़कों का अभ्यास रविवार दोपहर को होगा।

4. लड़कों को कितनी देर क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा?

(क) तीस मिनट

(ख) डेढ़ घंटे

(ग) दो घंटे

(घ) तीन घंटे

5. यह क्रिकेट क्लब किस नगर में है?

(क) सदानंद

(ख) महात्मा गांधी

(ग) रायपुर

(घ) उत्तर प्रदेश

- **यदि तुम्हें अपने स्कूल में चीजों को मनपसंद तरीके से बदलते की छूट मिले तो तुम उसमें कौन–कौन से बदलाव करना पसंद करोगे?**
- **अगर तुम्हें पक्षियों को रंगने का अधिकार मिल जाए तो तुम किन–किन पक्षियों को क्या–क्या रंग दोगे?**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# पुष्पाणि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| कुमुदम् | – | कुमुदिनी |  |
| सूर्यकान्तिः | – | सूर्यमुखी |  |
| चम्पकः | – | चम्पा |  |
| पाटलम् (स्थलम्) | – | गुलाब |  |
| कमलम् | – | कमल |  |


34EQH1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# पुष्पाणि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| मन्दारम् | – | आक |  |
| सेवन्तिका | – | सेवन्ती |  |
| जपापुष्पम् | – | गुड़हल |  |
| मल्लिका | – | मोंगरा |  |
| वैजयन्ती | – | वैजन्ती |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वाहनानि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| लोकयानम् (लोकवाहनम्) | – | बस |  |
| विमानम् | – | विमान |  |
| कारयानम् | – | कार |  |
| नौका | – | नाव |  |

3FSYXK

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| रेलयानम् | – | रेल |  |
| सायकलयानम् | – | सायकल |  |
| स्कूटरयानम् | – | आटो |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वर्णाः

| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| श्वेतः (शुभ्रः, धवलः) | – | सफेद |
| रक्तः | – | लाल |
| नीलः | – | नीला |
| कृष्णः | – | काला |
| पीतः | – | पीला |
| हरितः | – | हरा |
| पाटलः | – | गुलाबी |
| केसरः | – | केसरिया |
| कपिशः | – | कत्था |

चित्र




Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वृत्तिनां नामानि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| शिक्षकः (अध्यापकः) | – | शिक्षक |  |
| वैद्यः | – | चिकित्सक |  |
| कुम्भकारः | – | कुम्हार |  |
| स्वर्णकारः | – | सुनार |  |
| वणिक् | – | व्यापारी |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| आपणिकः | – | दुकानदार |  |
| लेखकः | – | लेखक |  |
| गायकः | – | गायक |  |
| नर्तकी | – | नर्तकी |  |
| वंशीवादकः | – | बांसुरीवादक |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# पारिवारिक सम्बन्धः

| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| जननी (माता) | – | माता |
| जनकः (पिता) | – | पिता |
| भ्राता | – | भाई |
| भगिनी | – | बहन |
| पितामहः | – | दादा |
| पितामही | – | दादी |
| मातुलः | – | मामा |

3GKM3I

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| मातामह | – | नाना |
| मातामही | – | नानी |
| श्वशुरः | – | ससुर |
| श्वश्रूः | – | सास |
| श्यालः | – | साला |
| पुत्रः (सुतः, तनयः) | – | पुत्र |
| पुत्री (सुता, तनया ) | – | पुत्री |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




# दिनचर्या

| संस्कृत | | चित्र |
|---|---|---|
| अहं जागर्मि। | – |  |
| अहं दन्तधावनं करोमि। | – |  |
| अहं स्नानं करोमि। | – |  |
| अहं केशं संवाहयामि | – |  |
| अहं भोजनं करोमि। | – |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | चित्र |
|---|---|
| अहं विद्यालयं गच्छामि । |  |
| अहं विद्यालये अध्ययनं करोमि । |  |
| अहं विद्यालयात् आगच्छामि । |   |
| अहं क्रीडनकेन खेलामि । |  |
| अहं पुस्तकं पठामि । |  |
| अहं शयनं करोमि । |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# हिंदी–सरगुजिहा एवं संस्कृत

## कक्षा – 5

सत्र 2019–20

**DIKSHA एप कैसे डाउनलोड करें?**

विकल्प 1 : अपने मोबाइल ब्राउज़र पर diksha.gov.in/app टाइप करें।

विकल्प 2 : Google Play Store में DIKSHA NCTE ढूंढे एवं डाउनलोड बटन पर tap करें।

मोबाइल पर QR कोड का उपयोग कर डिजिटल विषय वस्तु कैसे प्राप्त करें ?

**DIKSHA App को लॉंच करे → App की समस्त अनुमति को स्वीकार करें → उपयोगकर्ता Profile का चयन करें।**




पाठ्यपुस्तक में QR Code को Scan करने के लिए मोबाइल में QR Code tap करें।




मोबाईल को QR Code पर केन्द्रित करें।





सफल Scan के पश्चात् QR Code से लिंक की गई सूची उपलब्ध होगी।


डेस्कटॉप पर QR Code का उपयोग कर डिजिटल विषय–वस्तु तक कैसे पहुँचे ?




1 QR Code के नीचे 6 अंक का Alpha Numeric Code दिया गया है।



2 ब्राउज़र में diksha. gov.in/cg टाईप करें।




3 सर्च बार पर 6 डिजिट का QR CODE टाईप करें।



4 प्राप्त विषय–वस्तु की सूची से चाही गई विषय–वस्तु पर क्लिक करें।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर**

नि:शुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

© राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

प्रकाशन वर्ष 2019

5Q76YX

**मार्गदर्शन**

डॉ. हृदयकांत दीवान, विद्या भवन, उदयपुर

**संयोजक**

डॉ. विद्यावती चन्द्राकर

**मुख्य समन्वयक**

श्री आर. के. वर्मा

**विषय समन्वयक**

बी. आर. साहू, विद्या डांगे

| हिंदी | सरगुजिहा | संस्कृत |
|---|---|---|
| डॉ. सी.एल.मिश्र, बी. आर. साहू, दिनेश गौतम, विनय शरण सिंह, गजानन्द प्रसाद देवांगन, शोभा शंकर नागदा, श्रीमती प्रीति भटनागर | विरेन्द्र कुमार टोप्पो, कार्तिकेय शर्मा, अजय कुमार चतुर्वेदी, राम प्यारे रसिक, प्रकाश कश्यप, बी.पी.मिश्रा, जगदीश यादव, रंजीत सारथी, सपन सिन्हा, सतीश उपाध्याय | **विशेष सहयोग** डॉ. सुरेश शर्मा, बी.पी. तिवारी, (समन्वयक) डॉ. कल्पना द्विवेदी, ललित कुमार शर्मा, डॉ. संध्यारानी शुक्ला, डॉ. राजकुमार तिवारी |

**चित्रांकन**

समीर श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, अजय सक्सेना, भूपेन सैकिया, हेमंत दास

**फोटोग्राफ(अंतिम आवरण पृष्ठ)**

एस. अहमद, रायपुर

**आवरण एवं ले–आऊट**

रेखराज चौरागड़े

**प्रकाशक**

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**मुद्रक**

मुद्रित पुस्तकों की संख्या – .......................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# प्राक्कथन

6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा के संवैधानिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए यह भी नितांत आवश्यक है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान द्वारा सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए नवीन पाठ्यक्रम की रचना कर समय की आवश्यकताओं, चुनौतियों और समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्यपुस्तकों की रचनाएँ की गई हैं। कक्षा 5 के लिए रचित यह पुस्तक निरंतर दो वर्षों तक राज्य के चयनित विद्यालयों में प्रयोग के तौर पर पढ़ाई गई। अब यह राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में लागू की जा रही है। इन दो वर्षों में विद्यालयों में शिक्षकों/विद्यार्थियों से अध्ययन के समय जो प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई थी, उन सब पर विचार करके पुस्तक की पाठ्यसामग्री को अंतिम रूप दिया गया है। फिर भी जब–जब हमें शिक्षाशास्त्रियों, विषय–विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं पालकों के उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, हम उन पर विचार करके पुस्तक में संशोधन करेंगे।

कक्षा 5 के विद्यार्थी अपने आस–पास के जीवन के बारे में सोचना –समझना प्रांरभ कर देते हैं। इस समझ को और अधिक विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें उचित शब्दावली, वाक्य संरचना, व्याकरणगत नियमों का ज्ञान कराया जाए। भाषा शिक्षण का एक प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि विद्यार्थी के सोचने, समझने के तरीकों को विकसित किया जाए। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी पुस्तक के साथ अपना सतर्क पाठक का संबंध जोड़े। इसके लिए वह सामग्री पर आधारित नए प्रश्न गढ़े, पाठ्यसामग्री में प्रस्तुत विचारों पर टिप्पणी करे। इस पुस्तक में इसकी अपार संभावनाएँ हैं।

इस पुस्तक की रचना में आधारभूत प्रयत्न यह रहा है–

1. पुस्तक की विषयवस्तु बच्चों के स्तर के अनुरूप हो, साथ ही उनकी अपेक्षित दक्षताओं तथा कौशलों के विकास में सहायक सिद्ध हो।
2. विषयवस्तु की प्रस्तुति बच्चों के लिए आकर्षक, रुचिकर और सुगम हो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. विषयवस्तु के अध्ययन से बच्चों में स्वस्थ प्रवृत्तियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शाश्वत मानवीय मूल्यों का विकास हो सके।

4. हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विरासत के प्रति बच्चों में बेहतर समझ बने और वे इस पर गर्व कर सकें।

इस पुस्तक को तैयार करने के लिए निरंतर श्रृंखलाबद्ध कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा जिसमें राज्य के तथा बाहर के शिक्षकों, विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों का बहुमूल्य श्रम और सहयोग हमें मिलता रहा। पाठों के संकलन के लिए अनेक राज्यों की पाठ्यपुस्तकों, अनेक प्रकाशकों की उत्कृष्ट उपयोगी पुस्तकों की पाठ्यसामग्री को आधार रूप में रखा गया। इसके अतिरिक्त राज्य के साहित्यकारों की रचनाएँ भी इस पुस्तक में संकलित की गई।

इस पुस्तक को अंतिम स्वरूप प्रदान करने में हमें जिन शिक्षकों, शिक्षाविदों का सहयोग प्राप्त हुआ है, उन सबके प्रति हम आभार प्रदर्शित करते हैं। इस कार्य में हमें विद्या भवन उदयपुर का भरपूर सहयोग भी प्राप्त हुआ है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हम उन सभी कवियों,लेखकों तथा उनके उत्तराधिकारियों का भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनकी रचनाएँ इस पुस्तक में समाहित की गई हैं।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# शिक्षकों के लिए

कक्षा पाँचवीं के लिए भाषा संबंधी पुस्तक 'भारती' का यह संस्करण आपके हाथ में है। हम चाहेंगे कि इस संस्करण का आप भली–भाँति अध्ययन करें और इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने मूल्यवान विचार/सुझाव हमें भेजें जिससे यह पुस्तक अपना विशेष स्थान बना सके। पुस्तक की रचना करते समय हमने जिन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया है, वे निम्नलिखित हैं–

1. हमारी मान्यता है कि कक्षा चार तक विद्यार्थियों ने संयुक्ताक्षर, संयुक्त व्यंजनों के अतिरिक्त व्याकरण में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण की प्रारंभिक जानकारी अर्जित कर ली है। कक्षा पाँचवीं की इस पुस्तक में हमने वाक्य संरचना,विराम चिह्न, उपसर्ग, प्रत्यय, तद्भव, तत्सम, समानोच्चारित, पर्यायवाची शब्दों की जानकारी पर अधिक बल दिया है। यद्यपि इनकी थोड़ी–थोड़ी जानकारी कक्षा चार की पुस्तक में भी दी गई है। इस पुस्तक में व्याकरण के इन अंगों को थोड़ा विस्तार से बताया गया है। व्याकरण के सभी अंगों की जानकारी देने में हमारा यह उद्देश्य रहा है कि पहले कुछ उदाहरण दिए जाएँ, फिर उनको स्पष्ट किया जाए और फिर परिभाषा दी जाए। इससे व्याकरण के अध्ययन–अध्यापन में आने वाली शुष्कता दूर होगी।
2. प्रायः यह देखा गया है कि शिक्षक पाठ पढ़ाने के पूर्व पृष्ठभूमि का निर्माण नहीं करते। वे सीधे–सीधे बच्चों से पुस्तक पढ़वाना प्रारंभ कर देते हैं। हमने पूर्व की कक्षाओं की भाँति इस पुस्तक में भी पाठ पढ़ाने से पहले पृष्ठभूमि निर्माण करने पर बल दिया है। मनोवैज्ञानिक रूप से यह प्रक्रिया अधिक उचित है। इस प्रक्रिया से जहाँ बच्चों के पूर्व ज्ञान का पता चल जाता है, वहीं पाठ को समझने में भी उन्हें सहायता मिलती है। इस विधि को आप और आगे बढ़ा सकते हैं। पाठ पढ़ना प्रारंभ करने के पूर्व विद्यार्थियों से ऐसे प्रश्न भी किए जाएँ जिनके उत्तर वे अपने पूर्व अनुभवों से प्रकट कर सकें। इस विधि से पाठ के अध्ययन में विद्यार्थियों की सहभागिता भी ली जा सकेगी।
3. साहित्य की विविध विधाओं के अध्ययन में भिन्नता होती है। कविता का पाठ पढ़ाने की विधि, विवरण या निबंध की विधि से भिन्न है। इसी प्रकार एकांकी अध्ययन की विधि कहानी के अध्ययन की विधि से भिन्न है। कविता पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सौंदर्य बोध, रसास्वादन एवं भाव बोध कराना है। कविता को पढ़कर विद्यार्थी आनंद का अनुभव करें। कविता को हाव–भाव एवं स्वर के उतार–चढ़ाव के साथ पढ़ सकें। इसके लिए पहले आपको, कविता को इसी रूप में प्रस्तुत करना होगा तभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक अनुकरण वाचन कर सकेंगे। हर कविता का राग, रस और भाव के अनुरूप अलग–अलग होगा। कविता के पाठों में विद्यार्थियों के वाचन के लिए कुछ अतिरिक्त सामग्रियाँ भी हैं। आप भी कुछ अन्य सामग्री बाल पत्रिकाओं से दे सकते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों में कविता के प्रति रुचि जागृत की जा सकती है। आप कक्षा में अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अन्य कवियों की रचनाओं का गायन कराया जा सकता है।
4. कविता के अध्ययन में आनंद प्राप्त करने के साथ–साथ प्रकृति तथा पशु–पक्षियों के प्रति अनुराग का भाव विकसित करना भी हमारा उद्देश्य है । कविता का अध्यापन करने में

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पहले आप उचित स्वर, हाव–भाव के साथ पूरी कविता एक बार पढ़ें फिर एक–एक छंद को सुनाएँ जिससे विद्यार्थी कविता के अर्थ/भाव को समझते हुए उसका आनंद उठा सकें। विद्यार्थियों से भी कविता पाठ कराएँ, छोटे–छोटे प्रश्न कर उत्तर प्राप्त करें।

5. कविता अध्यापन में जिस प्रकार पृष्ठभूमि का निर्माण किया गया था; उसी प्रकार की पृष्ठभूमि का निर्माण कहानी, विवरण, निबंध आदि के अध्यापन के समय करें। यहाँ भी प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान की जानकारी ली जा सकती है और पृष्ठभूमि तैयार की जा सकती है।

6. लिखित प्रश्न–अभ्यास के पूर्व इस पुस्तक में एक गतिविधि मौखिक प्रश्न–उत्तर की भी कराई गई है। इस गतिविधि में कक्षा को दो समूहों में विभाजित किया जाता है। एक समूह के विद्यार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न बनाकर पूछेंगे, दूसरे समूह के विद्यार्थी उस प्रश्न का उत्तर देगें। यदि कोई समूह सही उत्तर न दे पाए तो प्रश्न पूछनेवाला उसका उत्तर देगा। यही प्रक्रिया दूसरे समूह के विद्यार्थी भी करेंगे। इससे जहाँ विद्यार्थियों में विषयवस्तु की समझ विकसित होगी, वहीं वे प्रश्न बनाना भी सीखेंगे। इस गतिविधि में ध्यान रखने की बात यह है कि पाठ में दिए गए प्रश्न न पूछे जाएँ। आप विद्यार्थियों को नए–नए प्रश्न बनाने के तरीके समझाएँ। पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्नों के अतिरिक्त विषय के संबंधित कुछ ऐसे प्रश्न आप भी पूछें। उत्तर बताने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें।

7. प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों को कुछ नवीन शब्दों का ज्ञान कराना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में भी इनका उल्लेख है। अनुमान है कि प्रत्येक कक्षा में लगभग पाँच सौ नए शब्दों की जानकारी विद्यार्थियों को हो। इस प्रकार कक्षा पाँचवीं तक आते–आते बच्चों को दैनिक व्यवहार में आनेवाले शब्दों के साथ–साथ लगभग पाँच हजार शब्दों का ज्ञान होना चाहिए। शब्दों के ज्ञान से अर्थ है कि विद्यार्थी उनका अर्थ समझें, वाक्यों में प्रयोग कर सकें, सही उच्चारण कर सकें और उन्हें शुद्ध रूप में लिख सकें। ऐसे शब्दों को अच्छी तरह पहचानने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी उसे बार–बार पढ़ें। अतः ऐसे वाक्यों/शब्दों का बार–बार प्रयोग किया ही जाना चाहिए। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि आप उसे श्यामपट पर लिखें और श्रुतिलेख में लिखवाएँ। इस पुस्तक में ऐसे वाक्यों के लिए भी गतिविधि दी गई है। कक्षा के समूह में से कोई एक विद्यार्थी दूसरे समूह के विद्यार्थी से उस नए वाक्य का अर्थ पूछे और उसका वाक्य प्रयोग करके बताए। यदि विद्यार्थी अलग–अलग वाक्यों में उस शब्द का ठीक–ठीक अर्थ में प्रयोग कर सकेगा तो यह माना जाएगा कि वह उस शब्द को जानता है।

8. वर्तनीगत शुद्धियों के लिए श्रुतिलेख करवाने पर बल दिया गया है। विद्यार्थियों से श्रुतिलेख कराएँ, बाद में शिक्षक कठिन वर्तनीवाले शब्दों को श्यामपट पर लिख दें। विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं को अदल–बदलकर परीक्षण करें। विद्यार्थियों की वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ सुधारने के लिए यह एक कारगर उपाय होगा।

9. पाठ्यपुस्तकों के अध्यापन में वाचन का महत्वपूर्ण स्थान है। वाचन के अंतर्गत शिक्षक द्वारा आदर्श वाचन तथा बच्चों द्वारा सस्वर अनुकरण वाचन एवं मौन वाचन आता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि पहले आप एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें। तब विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। इससे बच्चों का उच्चारण स्पष्ट होगा। उन्हें उचित विराम चिह्नों को ध्यान में रखकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। यहाँ यह ध्यान रखना

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

जरूरी है कि विद्यार्थी यांत्रिक ढंग से किसी पाठ का वाचन न करें। यह भी किया जा सकता है कि जब कोई अनुच्छेद एक विद्यार्थी पढ़े तो अनुच्छेद समाप्त होने पर उस अनुच्छेद पर विद्यार्थी से प्रश्न पूछ लिए जाएँ। इस प्रकार समझकर पढ़ने पर बल दें।

10. आप इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि विभिन्न गतिविधियों, वाचन आदि में प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता अवश्य ली जाए। मौन वाचन का अपना अलग महत्व है। कभी–कभी आप कक्षा में मौखिक प्रश्न पूछते हैं। उसका उत्तर खोजने के लिए विद्यार्थी पाठ के उस अंश को मन–ही–मन पढ़ते हैं। विद्यार्थियों को मौन वाचन के अवसर अवश्य दिए जाएँ।

11. इस पुस्तक में हमारा यह भी प्रयास रहा है कि भाषा की पुस्तक से अन्य विषयों का भी सह–संबंध हो। उसके लिए इस पुस्तक में विज्ञान संबंधी निबंध हैं (रोबोट), इतिहास संबंधी पाठ (महापुरुषों का बचपन–प्रेरक प्रसंग), भूगोल संबंधी पाठ (रेशम, चंदन और सोने की धरती– कर्नाटक) घी, गुड़ देने वाला वृक्ष, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों की सहभागिता (गुंडाधूर), नीति संबंधी पाठ (वृंद के दोहे), समय का महत्व आदि पाठ तो हैं ही, इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे पाठ भी हैं जिन्हें पढ़कर विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन के संबंध में कुछ संदेश मिलेंगे, वहीं उन्हें अपने राज्य की विशेषताओं को जानने के अवसर भी मिलेंगे।

12. पाठ पर आधारित प्रश्नों को चार वर्गों में विभाजित किया गया है। पहले प्रकार के प्रश्न विषयवस्तु पर आधारित हैं। ऐसे प्रश्न कई रूपों में पूछे गए हैं। कुछ केवल जानकारी से संबंधित हैं, कुछ प्रयोगात्मक हैं, कुछ प्रश्न सोच–समझकर उत्तर देने वाले हैं। दूसरे प्रकार के प्रश्न भाषा एवं व्याकरण से संबंधित हैं। तीसरे प्रकार के प्रश्न रचना के हैं। अंत में योग्यता विस्तार के लिए प्रत्येक पाठ में कुछ सुझाव दिए गए हैं। कुछ गतिविधि या क्रियाकलाप संबंधी भी प्रश्न हैं। चित्रों, नीति वाक्यों को संग्रह करना, इनसे कक्षा तथा विद्यालय भवन को सजाना, एक कविता पढ़कर उसी भाव की अन्य कविता खोजकर पढ़ना और बालसभा में सुनाना, कविता की दो पंक्तियाँ देकर दो अन्य पंक्तियाँ गढ़ना, अधूरी कहानी को पूरी करना, चित्र देखकर कहानी लिखना, वर्ग पहेलियों को बूझना आदि क्रियाएँ सम्मिलित की गई हैं। अतिरिक्त पठन के लिए भी कुछ पाठों के साथ कुछ अनुच्छेद, काव्य पंक्तियाँ दी गई हैं। विद्यार्थी इन्हें पढ़कर कुछ प्रेरणा ग्रहण करेंगे, वाचन की उनकी क्षमता में विकास होगा।

13. हमने इस पुस्तक को सभी श्रेणी के विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप श्रेष्ठ बनाने का प्रयास किया है। आपके बहुमूल्य सुझाव मिलेंगे तो पुस्तक के स्वरूप में कुछ और सुधार आएगा। हमें विश्वास है कि आप सुझावों के अनुरूप शिक्षण करेंगे तो विद्यार्थियों के स्तर में अवश्य सुधार होगा। आपसे यह भी आग्रह है कि आप पुस्तक का समुचित अध् ययन करें, अपने संपर्क में आनेवाले विद्वानों से इस पुस्तक पर चर्चा करें और सुझाव लें। आशा है, आपके बहुमूल्य सुझाव हमें अवश्य मिलेंगे।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | पाठ | विधा | रचयिता | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| | **हिन्दी** | | | |
| 1. | मैं अमर शहीदों का चारण | (कविता) | श्रीकृष्ण 'सरल' | 01–04 |
| 2. | घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष | (निबंध) | संकलित | 05–10 |
| 3. | मेहनत कर फल | (कहानी) | लेखक मंडल | 11–21 |
| 4. | मैं सड़क हूँ | (आत्मकथा) | संकलित | 22–27 |
| 5. | रोबोट | (निबंध) | लेखक मंडल | 28–32 |
| 6. | चित्रकार मोर | (कहानी) | संकलित | 33–39 |
| 7. | क्यूँ–क्यूँ छोरी | (चरित्र) | महाश्वेता देवी | 40–42 |
| 8. | रसिक के दोहे | (दोहे) | लेखक मंडल | 43–46 |
| 9. | श्रम के आरती | (कविता) | भगवती लाल सेन | 47–52 |
| 10. | सुनिता की पहिया कुर्सी | (कहानी) | रिमझिम से | 53–57 |
| 11. | महामानव | (कहानी) | अनवार आलम | 58–64 |
| 12. | गुंडाधूर | (जीवन–चरित) | लेखक मंडल | 65–68 |
| 13. | हमर जंगल | (कविता) | लेखक मंडल | 69–74 |
| 14. | रेशम, चंदन और सोने की धरती – कर्नाटक | (निबंध) | लेखकमंडल | 75–81 |
| 15. | एक और गुरु दक्षिणा | (कहानी) | राजे राघव | 82–87 |
| 16. | पत्र | (पत्र) | लेखक मंडल | 82–87 |
| 17. | बँटवारा | (कहानी) | ठाकुर जीवन सिंह | 88–91 |
| 18. | हार नहीं होती | (कविता) | हरिवंशराय 'बच्चन' | 92–95 |
| 19. | राष्ट्र–प्रहरी | (निबंध) | संकलित | 96–100 |
| 20. | मस्जिद या पुल | (कहानी) | सुनीति | 101–106 |
| 21. | माता राजमोहनी देवी | (जीवनी) | लेखक मंडल | 107–110 |
| 22. | महापुरुषों का बचपन | (प्रेरक–प्रसंग) | लेखक मंडल | 111–115 |
| 23. | गुरू और चेला | (कविता) | सोहन लाल द्विवेदी | 116–123 |
| 24. | बाबा अंबेडकर | (जीवन–चरित) | संकलित | 124–128 |
| 25. | चमत्कार | (एकांकी) | जाकिर अली 'रजनीश' | 129–135 |
| | **परिशिष्ट** | | | 136–141 |
| | **संस्कृत** | | | 142–152 |


Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–1

# मैं अमर शहीदों का चारण

– श्रीकृष्ण 'सरल'

देश की आज़ादी के लिए मर मिटनेवालों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, पर आज हम उन्हें केवल राष्ट्रीय पर्वों पर ही याद करते हैं। यदि हम पीढ़ी–दर–पीढ़ी अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञ रहें, तब भी उनका यह ऋण चुकाया नहीं जा सकेगा। इस पाठ में कवि ने अमर शहीदों के बलिदान का ओजस्वी गायन किया है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** कविता को पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, समानोच्चारित शब्द, विलोम शब्द, वर्णक्रम के अनुसार शब्द लिखना ।



मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।
यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है,
यह सच है उनकी लाशों पर
चलकर आजादी आई है।
उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



गिरता है उनका रक्त जहाँ,
वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं,
वे रक्तबीज अपने जैसों को
नई फसल दे जाते हैं।
यह धर्म, कर्म, यह मर्म सभी को, मैं समझाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण उनके यश गाया करता हूँ।।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, राम प्रसाद 'बिस्मिल', सुभाष चंद्र बोस आदि के जीवन की भिन्न–भिन्न घटनाएँ सुनाएँ और भारत की स्वतंत्रता में उनके योगदान को बताएँ। अपने राज्य के क्रांतिवीरों जैसे शहीद वीरनारायण सिंह आदि का परिचय दें। कविता का लय के साथ पाठ करें और बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ तथा छोटे–छोटे प्रश्नों की सहायता से भाव स्पष्ट करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



वे अगर न होते तो, भारत
मुर्दों का देश कहा जाता,
जीवन ऐसा बोझा होता
जो हमसे नहीं सहा जाता।
इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के, मैं भाव जगाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



पूजे न गए शहीद तो फिर
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्टी
माथे से कौन लगाएगा?
मैं चौराहे–चौराहे पर, ये प्रश्न उठाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।



## शब्दार्थ

नीचे कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उनके अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(ऋण, मुर्दों को जमीन में गाड़ने की क्रिया)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमर | – | जो न मरे | गाथा | – | कथा, कहानी |
| शहीद | – | बलिदानी | चारण | – | कीर्ति–गायक, भाट |
| यश | – | बड़ाई | कर्ज | – | ...................... |
| दफनाई | – | ...................... | मर्म | – | रहस्य |
| सर्द | – | ठंडा | | | |

### टिप्पणी

**रक्तबीज–** रक्तबीज शुंभ और निशुंभ निशाचरों का एक सेनापति था, जिसे देवी दुर्गा ने मारा था। कहते हैं रक्तबीज के शरीर से रक्त की जितनी बूँदें धरती पर गिरती थीं, उतने ही नए राक्षस पैदा हो जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं –** रायपुर में जयस्तंभ चौक, इलाहाबाद में आजाद पार्क, अमृतसर में जलियाँवाला बाग ऐसे ही तीर्थ स्थल हैं।

**वह बीज कहाँ से आएगा –** देशभक्त एवं देशहित में बलिदान देनेवाली पीढ़ी कैसे पैदा होगी?

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** यदि देशभक्तों ने अपनी कुर्बानी न दी होती तो देश पर क्या प्रभाव पड़ता?

**प्रश्न 2.** कवि किसका यशगान कर रहा है?

**प्रश्न 3.** राष्ट्र के कर्ज को कवि किस प्रकार चुकाना चाहता है?

**प्रश्न 4.** कवि के अनुसार यदि शहीदों को न पूजा गया तो उसका परिणाम क्या होगा?

**प्रश्न 5.** कवि के अनुसार जहाँ शहीदों का रक्त गिरता है, उस स्थान को क्या कहते हैं?

**प्रश्न 6. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जिनमें ये भाव आए हैं–**

(क) शहीदों को न पूजने का परिणाम बताया गया है।

(ख) शहीदों के बलिदान–स्थल को तीर्थ कहा गया है।

(ग) जीवन को बोझ माना गया है।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करो–**

(क) यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है।
यह सच है, उनकी लाशों पर
चलकर आज़ादी आई है।

(ख) पूजे न गए शहीद तो फिर,
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्टी,
माथे से कौन लगाएगा?

**प्रश्न 8.** ''उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ''– यह पंक्ति लिखकर कवि, पाठकों में कौन–सा भाव जागृत करना चाहता है?

**प्रश्न 9.** ''इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के मैं भाव जगाया करता हूँ'', ऐसे कौन–से भाव हैं जो कवि आज की पीढ़ी में जगाना चाहता है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

विद्यार्थियों को कविता याद करने को कहें, फिर पुस्तक बंद करवा दें। अब एक समूह कविता की कोई एक पंक्ति बोलेगा और दूसरा समूह उसके आगे की पंक्ति बोलेगा।

प्रश्न 1. धर्म, कर्म, मर्म समान उच्चारण वाले शब्द हैं। ऐसे शब्द समानोच्चारित शब्द कहे जाते हैं। निम्नलिखित शब्दों के दो–दो समानोच्चारित शब्द लिखो–
चारण, अमर, कर्ज।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो– (याद रखो, विदेशी शब्दों का विलोम विदेशी शब्द ही होगा, जैसे– 'अमीर' का विलोम 'गरीब' होगा 'निर्धन' नहीं।)
यश, जगाना, आजादी, मुर्दा, धर्म, धरती, जीवन।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखो– जैसे – अगर, ईख, कमल, चलना, हँसिया आदि।
लगाव, रसद, अमर, यश, धरती, दमन, शहद, नवल, फसल, शहीद।

### सोचो और लिखो–

प्रश्न 4. 'याद' शब्द को उल्टा लिखने पर 'दया' शब्द बनता है। इसी प्रकार के पाँच अन्य शब्द लिखो, जो उल्टा करने पर सार्थक शब्द बन जाते हों।

### रचना

- सैनिकों के बारे में तुम क्या–क्या जानते हो लिखो।
- तुम देश की सुरक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हो ?
- क्रांतिकारियों चित्र एवं जानकारियाँ एकत्रित कर स्क्रैप बुक में चिपकाओ।
- राष्ट्र प्रेम से संबंधित स्लोगन एकत्रित कर कक्षा में सुनाओ।

### गतिविधि

- चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मंगल पांडे, बहादुरशाह 'ज़फर', वीर नारायण सिंह आदि क्रांतिकारियों के चित्र एकत्र करो, उन्हें कक्षा में लगाकर, कक्षा सजाओ।

कविता की इन पंक्तियों को पढ़ो और याद करो–

**शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।**
**वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा।।**

- कवि श्रीकृष्ण 'सरल' ने शहीदों से संबंधित अनेक कविताएँ लिखी हैं। किसी अन्य कवि की किसी शहीद पर लिखी कविता बालसभा में सुनाओ।

58I8KC

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

58K9JF

पाठ–2

# घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष

– संकलित

प्रकृति ने वृक्ष के रूप में हमें एक अमूल्य उपहार दिया है। वृक्ष चाहे कोई भी हो, उसका अपना महत्व होता है। वृक्षों के महत्व के कारण ही आज भी हम कुछ विशेष वृक्षों को पूजते हैं। कल्पवृक्ष का नाम तो सबने सुना ही होगा। कल्पवृक्ष जैसे वृक्ष आज भी मौजूद हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, वचन, उपसर्ग एवं प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाना, शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना।

आओ, तुम्हारा परिचय घी, गुड़ और शहद देनेवाले एक विचित्र वृक्ष से करवाएँ। उत्तराखण्ड के पहाड़ी इलाकों में एक ऐसा वृक्ष पाया जाता है, जो घी, गुड़ तथा शहद देता है। इसके अलावा यह वृक्ष फल, औषधि, जानवरों के लिए चारा, ईंधन और कीड़ों व चूहों को मारने के लिए कीटनाशक भी उपलब्ध कराता है। इस पेड़ के बीजों से घी की तरह का इतना तैलीय पदार्थ निकलता है कि एक अँग्रेज ने इसका नाम ही 'घी वाला वृक्ष' (इंडियन बटर ट्री) रख दिया। स्थानीय लोग इसे 'च्यूरा' कहते हैं।



यह अमूल्य वृक्ष कुमाऊँ एवं पिथौरागढ़ जनपद तथा भारत–नेपाल की सीमा पर काली नदी के किनारे 3000 फीट की ऊँचाई तक पाया जाता है। अब वहाँ उसे ज्यादा तादाद में उगाने का प्रयास किया जा रहा है। यह वृक्ष वहाँ की जलवायु में ही पनपता है। अतः वहाँ के लोगों के लिए यह कल्पवृक्ष के समान है। उन इलाकों में लोगों के लिए घी का यही एकमात्र साधन है। जिसके पास फल देने वाले 3–4 च्यूरा वृक्ष होते हैं, उसे साल भर बाजार से वनस्पति घी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। उन वृक्षों से वह गुड़ और शुद्ध शहद भी प्राप्त करता है।

यह वृक्ष छायादार और फैला हुआ होता है। इसके फलने–फूलने का समय अक्टूबर से जनवरी तक होता है। जुलाई–अगस्त में इसके फल पक जाते हैं। पके हुए फल पीले रंग लिए हुए, खाने में काफी स्वादिष्ट, मीठे तथा सुगंधित होते हैं। वातावरण में फैली इस फल की मीठी

**शिक्षण–संकेत–** वृक्षों के महत्व के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा करें। बच्चों से पूछें कि अगर पृथ्वी पर वृक्ष न होते तो क्या होता? शिक्षक एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें और विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को पढ़ने के अवसर दें एवं उनके शुद्ध उच्चारण पर विशेष ध्यान दें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



महक से ही मालूम पड़ जाता है कि च्यूरा पकने लगा है। गाँव के लोग इन फलों को बड़े चाव से खाते हैं और एक भी बीज फेंकते नहीं हैं। इस वृक्ष पर फल काफी होते हैं। पके फलों से बीजों को आसानी से इकट्ठा करने के लिए वे कभी–कभी बंदरों एवं लंगूरों को वृक्षों से फल खाने देते हैं। बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर बीजों को फेंक देते हैं जिन्हें जमीन से बीनकर इकट्ठा कर लिया जाता है। एक वृक्ष से करीब एक से डेढ़ क्विंटल तक बीज प्रतिवर्ष मिल जाते हैं।




ये बीज स्थानीय लोगों के लिए काफी उपयोगी होते हैं। इन बीजों के छिलके निकालकर अंदर के भाग को धूप में या हल्की आँच पर सुखाकर पीस लिया जाता है और पानी में उबाल लिया जाता है। कुछ देर उबालने के बाद इसे ठंडा होने के लिए रख देते हैं। ठंडा होने पर घी, मक्खन की तरह का खाद्य पदार्थ, पानी की सतह पर तैरने लगता है। इसे कपड़े से छानकर अलग कर लिया जाता है। 'च्यूरा घी' देखने में वनस्पति घी की तरह सफेद दिखता है तथा साधारण ताप पर ठोस होता है। स्थानीय लोग इसी घी में पूड़ी, हलवा एवं अन्य पकवान बनाते हैं, जो अत्यंत स्वादिष्ट और हानि रहित होते हैं। यह घी गाय–भैंस के घी से काफी मिलता–जुलता है।

मिट्टी के तेल के अभाव में यह घी जलाने के काम में भी आता है। यह बिल्कुल मोमबत्ती की तरह धुआँ रहित जलता है। यही नहीं, जाड़ों में, जब हाथ–पैर तथा होंठ ठंड से फटने लगते हैं या गठियावात हो जाता है, तब स्थानीय लोगों के लिए च्यूरा घी एक अचूक दवा का काम करता है। वे इसी घी को गर्म कर धूप में मालिश करके रोग का उपचार करते हैं।

च्यूरा घी में एक महत्वपूर्ण रसायन होता है जिसे पामेटिक अम्ल कहते हैं। यह रसायन विभिन्न औषधियों तथा सौंदर्यवर्द्धक रसायनों को बनाने में काम आता है।



अक्टूबर–नवम्बर के महीनों में जब यह वृक्ष अच्छी तरह पुष्पित हो जाता है, तब इसके सफेद फूल मधुमक्खियों के प्रमुख आकर्षण–केन्द्र होते हैं। यही कारण है कि पिथौरागढ़ और नेपाल के पास के इलाकों में, जहाँ च्यूरा के वृक्ष अधिक होते हैं, शुद्ध एवं सुस्वादु शहद हमेशा उपलब्ध होता है। यदि मधुमक्खी– पालन गृहों को इन्हीं वृक्षों के पास रखा जाए तो शहद सुगमता से मिल सकता है, परन्तु इसके लिए बाकायदा वैज्ञानिक तकनीक अपनानी पड़ेगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जब ये च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं तब स्थानीय लोग इन पर चढ़कर बड़ी सावधानी से डाली को हिलाकर फूलों का रस बर्तन में इकट्ठा कर लेते हैं और इसे छान व उबालकर 'गुड़' प्राप्त कर लेते हैं। यह गुड़ देखने–खाने में बिल्कुल गन्ने के रस से बने गुड़ जैसा ही होता है। लोग इसे औषधि के रूप में भी प्रयोग में लाते हैं। फूलों के रस से बना यह अनोखा गुड़ नेपाल और पिथौरागढ़ के उन्हीं इलाकों में मिल सकता है, जहाँ च्यूरा के वृक्ष होते हैं, क्योंकि इसका जितना उत्पादन होता है, वह सब स्थानीय स्तर पर ही खप जाता है। हाँ, तुम चाहो तो वहाँ जाकर इस अनोखे वृक्ष के घी, गुड़ और शहद का लुत्फ उठा सकते हो।

वैज्ञानिकों को इस वृक्ष की ऐसी पौध तैयार करनी चाहिए, जिससे यह अन्य क्षेत्रों में भी पर्याप्त मात्रा में उगाया जा सके और इसका बड़े पैमाने पर, भरपूर लाभ प्राप्त हो सके।



## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन्हें नीचे दिए गए कोष्ठक में से चुनकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचय | – | जानकारी या पहचान | विचित्र | – | अद्भुत |
| इलाकों | – | क्षेत्रों | औषधि | – | ............... |
| उपलब्ध | – | प्राप्त | ज्यादातर | – | अधिकतर |
| तादाद | – | संख्या या मात्रा | प्रयास | – | ............... |
| स्वादिष्ट | – | ............... | सुगंधित | – | खुशबूवाला |
| वातावरण | – | आस–पास की स्थिति | सुगमता | – | सरलता से |
| बाकायदा | – | नियम के अनुसार | तकनीक | – | युक्ति या उपाय |
| अनोखा | – | ............... | उत्पादन | – | पैदावार |
| सौंदर्यवर्द्धक | – | सुंदरता बढ़ानेवाला | तैलीय | – | तेलयुक्त |
| पुष्पित | – | खिले हुए फूल सहित | लुत्फ | – | आनंद |
| अमूल्य | – | जिसका मूल्य नहीं या अनमोल | | | |

(जायकेदार, निराला, दवाई, कोशिश)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. तुम्हारे आसपास पाए जाने वाले पेड़ों के नाम व उससे संबंधित जानकारी निम्न तालिका में भरो –

| क्र. | वृक्ष का नाम | ऊँचाई | उपयोगिता |
|---|---|---|---|
| | | | |

प्रश्न 2. पता करो कि हमारे यहाँ घी व गुड़ कैसे बनाया जाता है?

प्रश्न 3. च्यूरा वृक्ष से गाँव वालों को क्या–क्या मिलता है?

प्रश्न 4. च्यूरा वृक्ष छत्तीसगढ़ राज्य में क्यों नहीं पाया जाता है?

प्रश्न 5. च्यूरा वृक्ष के बीज स्थानीय लोागों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। यदि हाँ तो क्यों?

प्रश्न 6. हमारे राज्य में विदेशों या अन्य राज्यों से बहुत सारी चीजे आती है किन्तु च्यूरा वृक्ष से बना गुड़ नहीं आता। क्यों?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- विद्यार्थी दो समूहों में शब्दों के अर्थ और उनके प्रयोग परस्पर पूछें, बताएँ। शिक्षक पाठ का एक अनुच्छेद, श्रुतिलेख के रूप में बोलें। विद्यार्थी अपनी–अपनी अभ्यासपुस्तिकाएँ अदल–बदलकर परीक्षण करें।

### समझो

- च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं। इनके फल मीठे तथा सुगंधित होते हैं। इन वाक्यों में 'पुष्पित' एवं 'सुगंधित' शब्दों को समझो। 'पुष्प' और 'सुगंध' शब्दों में 'इत' जोड़कर 'पुष्पित' और 'सुगंधित' शब्द बने हैं।

प्रश्न 1. 'कथ', 'वर्ण' और 'लिख' के साथ 'इत' लगाकर एक–एक नया शब्द बनाओ।

- शब्द के प्रारंभ में 'सु' लगाकर नया शब्द बनाया जाता है। 'सु' का अर्थ है 'अच्छा', 'भला'। 'सुस्वादु', 'सुलेख' ऐसे ही शब्द हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 2. 'सु' जोड़कर कोई दो नए शब्द बनाओ; उनके अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।

- शब्द के अंत में 'रहित' और 'सहित' जोड़कर भी नए शब्द बनाए जाते हैं, जैसे हानिरहित, धुआँरहित, परिवारसहित, मानसहित। 'सहित' का अर्थ है 'के साथ' और 'रहित' का अर्थ है 'के बिना'।

प्रश्न 3. 'रहित' और 'सहित' जोड़कर दो–दो नए शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

- निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ो–

क. यह अनोखा वृक्ष नेपाल में पाया जाता है।

ख. वैज्ञानिकों ने इस वृक्ष को खोज निकाला।

ग. लड़कपन में हम लोग पके बेर तोड़ते थे।

पहले वाक्य में 'नेपाल' शब्द एक विशेष देश का नाम है। दूसरे वाक्य में 'वैज्ञानिक' शब्द विशेष वर्ग के लिए प्रयोग किया जाता है। तीसरे वाक्य में 'लड़कपन' शब्द है जो लड़के के स्वभाव के लिए कहा जाता है। ये तीनों शब्द संज्ञा शब्द हैं। पहला शब्द 'नेपाल' विशेष स्थान बताने के कारण व्यक्तिवाचक संज्ञा है। 'वैज्ञानिक' शब्द एक वर्ग विशेष के लिए प्रयोग किया जाता है। ऐसे संज्ञा शब्द जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं। 'लड़कपन' शब्द भाव का बोध कराता है। ऐसे शब्द भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं।

प्रश्न 4. तीन ऐसे वाक्य लिखो जिनमें अलग–अलग व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्दों का प्रयोग हुआ हो।

- इन वाक्यों को पढ़ो और रेखांकित शब्दों को समझो–

1. बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर, बीजों को फेंक देते हैं।
2. बंदर ने फल खाकर छिलका फेंक दिया।

दोनों वाक्यों में 'बंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है। पहले वाक्य में 'बंदर' बहुवचन में है। क्रिया से इसका बोध होता है। दूसरे वाक्य में बंदर एकवचन में है। क्रिया से ही इसका बोध होता है।

प्रश्न 5. किन्हीं दो शब्दों को उनके रूप न बदलते हुए, एकवचन और बहुवचन में दो–दो वाक्यों में प्रयोग करो।

प्रश्न 6. नीचे लिखी अधूरी कहानी को दो–तीन बार ध्यान से पढ़ो और प्रत्येक खाली स्थान पर उपयुक्त शब्द भरो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



एक चिड़िया को कहीं से एक मोती मिला। चिड़िया ने उसे अपनी नाक में ............... लिया। फिर वह राजा के महल .................. जा बैठी और गाना गाने लगी– .................. राजा से बड़ी, मेरी नाक में ..................।" यह सुनकर राजा को बहुत गुस्सा ..................। उसने अपने आदमियों से कहा, "चिड़िया .................. मोती छीन लाओ।" उन्होंने जाकर झट .................. चिड़िया का मोती छीन लिया। अब .................. पहलेवाला गाना छोड़कर दूसरा गाना .................. लगी,– "राजा भिखारी, मेरा मोती छीन ..................।"

यह गीत सुनकर राजा बहुत शरमाया। .................. चिड़िया का मोती लौटा दिया। मोती .................. पर चिड़िया ने एक और नया .................. शुरू किया, "राजा तो डर गया, .................. मोती दे दिया। यह गीत सुनकर .................. गुस्से से लाल हो गया। उसने ..................कहा, 'पकड़ लो इस बदमाश चिड़िया . ..................।' उसके आदमी चिड़िया को पकड़ने के .................. दौड़े मगर चिड़िया फुर्र से उड़ ..................। राजा हाथ मलते रह गया।

- शिक्षक विद्यार्थियों से इस कहानी पर और अभ्यास करवाएँ।

## योग्यता विस्तार

1. अपने विद्यालय को हरा भरा बनाने के लिए क्या करोगे ?
2. शिक्षक की सहायता से रबर के वृक्ष बारे में पता करो।
3. च्यूरा वृक्ष की तरह ही तुम्हारे घर में पैसों का पेड़ होता तो तुम क्या करते?
4. शहद कैसे बनाया जाता है? इसकी प्रक्रिया पर एक आलेख तैयार करें।
5. वृक्षों की उपयोगिता एवं संख्या पर स्लोगन बनाकर कक्षा की दीवारों पर चिपकाओ।

58S4LZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ – 3

# egur dj Qy

भूमिका :– मेहनत अउ मिल जुइल के काम करे ले बड़खा–बड़खा संकट बिपेत भाएग जाथे। कोनों काम ला पूरा करे बर मन बनाये लेहे ले ओ काम हर फुरों पूरा होथे। ये कहनी में रघु अउ स्याम नांव कर लरिका मन एक–दूसर कर मदेत करीन। ता ओमन कर जिनगी बएन गईस। ये कहनी में दुई ठन लरिका मन कर बारे मे पढ़ब।

एगो गांव में रघु अउ स्याम नांव कर दुई ठन लरिका रहत रहीन। रघु बारह बच्छर के अउ स्याम चउदह बच्छर के रहीस। दूनो झन कर दाई–दाउ सिराए गए रहीन। तेकर ले दूनों लरिका कोनों कस अपन पेट ला पोसत रहें।

रघु अउ स्याम दूनों मितान बन गइन। दूनों झन राती किस्सा–कहनी कहत अपन दुख–सुख ला बांटे। रघु लंगड़ा रहीस अउ स्याम नानपन ले अंधवा रहीस। स्याम कर चाइरो कति अंधार रहे। बकी ओकर मन कर भीतरे कर उजास हर ओला नांवा डहर देखाये। ओला आंखी नहीं बकी सुघर सुर कर गुन मिले रहे। वो गीत गाए के मइनसे मन ला रिझाये अउ दुई पइसा कमाये। ओकर मीठ बात–व्यवहार ले जम झन हुलस के ओ कर मदद करें। वो जे काहीं पाये अपन साथी संगे मिल बांएट के खाये।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



एक दिन कर गोएठ हवे । राएत के बेरा दूनों मितान एके ठन बइठ के गोएठ बात करत रहीन। ते ही घरी स्याम चटिक डरात–डरात रघु ला कहीस–भाई! तैं अगर चटिको पढ़–लिख जाते तो तोर जिनगी सुधर जातीस अउ तोर संगे महूं पार पाए जातें। तैं मोर गोएठ ला धियान लगा के सुन अउ मने बढ़ियन ले गुन।

अपन मितान स्याम कर गोएठ ला सुइन के रघु कर मने आसा कर किरन फूटिस। ओकर आंएख डबडबाए गईस। वो हर हकलात स्याम ला कहीस – ददा! तोर बिचार नीक हवे। बकी मैं इसकुल जाहूं तो मोर पढ़ाई कर खरचा, बस्ता–किताब कहां ले आही।

रघु कर गोएठ ला सुइन के स्याम कहीस–मैं सुने हों कि लरिका मन कर पढ़ाई बर सरकारी सहयता मिलेल। तैं काएल ले इसकुल जाये कर मन बना। बाकी कर गोएठ ला तैं मोर उपरे छोड़ । मैं कोनो कस कइर के तोर जमों जरूरत ला पूरा करहूं । तैं एतना कर कि काएल ले अपन नांव इसकुल में लिखवा अउ पढ़े बर ओर कर।

दूसर दिन ले रघु इसकुल जाये के अपन नांव ला इसकूल में लिखवाये लेहीस अउ पढ़ाई करे लागीस। ओहर रोज इसकुल जाये लागीस अउ गुरूजीमन कर पढ़ावल पाठ ला घरे आए के दोहराय लागीस। एला सुइन–सुइन के स्याम ओला मने–मन गुने अउ गियान कर गोएठ ला सीखे।

रघु कर पढ़ाई ला देख के गुरूजीमन घलो खुस रहें, अउ कहें कि रघु एक दिन पढ़–लिख के जरूर रोंट आदमी बनही। दिन बीतत गईस। रघु अपन इसकूल ले पहिला नम्बर में आठवीं पास होए के आगू कर पढ़ाई बर सोंचे लागीस। ओला फिकराल जान के स्याम कहीस–मितान!तैं झिन फिकरा। मैं तोर संगे सहर चलहूँ अउ तोला पढ़ाए कर उदिम करहूँ।

एक दिन दूनों मितान गांव छोएड़ के नगरे आये गईन। अउ एगोट धरमसाला में अपन पटिया बिछाए के डेरा जमाये लेहीन। आठवीं पास कर नम्बर देखत रघु ला हाई इस्कुल में भरती होय में देरी नी लागीस। रघु राएत–दिन पढ़ाई में मन लगाये रहे अउ स्याम अपन मेहनत ले खरचा चलात रहे। स्याम कर गवई में दम रहीस। एक दिन ये ला देख के एगोट धरमी मइनसे हर ओला अपन स्टूडियो में काम दे देहीस। स्याम कर गावल केसेट बजार में चल निकलिस। देखते–देखते स्याम कर आमदनी दिन दुगना–राएत चौगुना बाढ़े

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



लागीस। ये पइसा ले ओहर अपन संगता कर पढ़ाई अउ खान–पान में कोनो कमी नी करे। पइसा पाये के कोन नी बउरायें ? बकी स्याम ओकस नी रहीस। वो रहीस हर मोका में धीरज धरे वाला सच्चा साथी।

दिन पर दिन, महीना पर महीना अउ साल पर साल बीतत रहे। रघु हर परीक्षा में सबले आघु नम्बर में रहे। ये नियर एक दिन रघु पहिला नम्बर में बी.ए.पास करीस। ओकर मेहनत रंग लानीस, अउ देखते–देखते ओला सरकारी नोकरी भेंटाये गईस। रघु एगोट सधारण मइनसे ले साहेब बन गईस। ओला सब सुख–सुविधा भेंटाये लागीस। येहू घरी वो अपन संगता ला नी भुलाईस । दूनों संगे रहें। एक दिन गोएठे–गोएठ में रघु स्याम ला कहीस– भाई! तैं मोला पढ़ाये । अब चटिक तहूँ पढ़ लेते। ये ला सुइन के स्याम मनओदराहा कहीस। अब तहूं मसखरी करत हस। जेकर आंएख नहीं ओकर दुनियां अंधार। मैं का पढ़हूं ? रघु ओला समझात कहीस– भाई! जहां चाह हे उहें राह हे। तैं ही तो कह कइसे मोला पढ़े बर हुंकारी भरूवाये रहे। स्याम ओकर गोएठ सुइन के हंस परीस।

दूसर दिन रघु स्याम ला ब्रेल लिपि पढ़ाए कर जमों जुगाड़ जमाये देहीस। ब्रेल लिपि नी देखे वाला मइनसे मन बर बरदान हवे। एकर सहारे संकेतिक भासा गियान से अंधवा मइनसे घलो पढ़ समझ सकेल। स्याम हालुए ये भासा ला सीख लेहीस। अपन गियान–गुन ले ओ ला संगीत विद्यालय में सुघर अकन काम घलो भेंटाये गईस।

अपन मेहनत कर बल ले दूनों साथी अपन दुनियां बदल डारीन, अउ खुसी–खुसी रहे लागीन। भाई सियान मन ठउका कहथें–मेहनत कर फल मीठ होथे।

### 'kCnkFk

बच्छर = साल, वर्ष। चटिक = थोड़ा, कम, जरा–सा। गियान = ज्ञान। उदिम = उपाय/उद्यम। मइनसे = आदमी, मनुष्य। मसखरी = मजाक, दिल्लगी। सियान = बुजुर्ग, बुढ़ा। हुंकारी = हामी। ठउका = ठीक। मितान = मित्र, दोस्त। फिकराल = चिन्तित। ओकस = वैसा, उस तरह। बकी = किन्तु, परन्तु। एनियर = इसी प्रकार। अंजोर = उजाला। जुगाड़ = ब्यवस्था।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## i`'u vm vH;kl

ck/k&ijlu

x|: th d{kk yk nbZ ny e: ckVs A rdj yfjdk eu yk ijlu iNk&iNh d:okoA rdj x|: th ?kyk e[kkxj ijlu iNA Fkkjdu ijlu ;s fu;j gk; ldFk &

1. स्याम कर मनें रघु ला पढ़ाये कर सोंच काबर होइस ?

2. रघु पढ़ लिखके का करीस ?

1. रघु नी पढ़तिस त का होतीस ?

### i`'u 01& [kkYkgs fy[ky ijlu eudj mRrj fy[kk %&

1. दुनो संगी मन कर, का का नांव रहीस ?

2. स्याम जग का गुन रहीस ?

3. रघु हर आठवीं में कोन नम्बर ले पास करीस ?

4. दुनो मितान गॉव छोएड़ के कहां गईन ?

5. ब्रेल लिपि का हवे ?

### i`'u 02 & dku dkdj Bu dgh l &

1. तैं मोर गोएठ ल धियान धर के सुन ।

2. ददा! तोर सोंच तो नीके हवे।

3. तैं एतना कर कि काएल ले अपन नांव इसकुल मे लिखवा अउ पढ़े ले ओर कर।

4. रघु एक दिन पइढ़ लिख के जरूर रोंट आदमी बनही।

5. अब तहूँ मसखरी करत हस।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## i;'u 03 & fojke fpUg yxkok &

दिन बीतत गइस रघु अपन इसकुल ले पहिला नम्बर में आठवीं पास होए के आगू कर पढ़ाई बर सोचे लागीस ओला फिकराल जान के स्याम कहीस मितान तैं झिन फिकरा मैं तोर संगे सहर चलहूँ अउ तोला पढ़ाए कर उदिम करहूँ।

### eqgkojk&

| | | |
|---|---|---|
| पेट पोसई | = | जीवन निर्वाह करना |
| डेरा जमाई | = | कब्जा करना |
| मन ओदराई | = | मन छोटा करना |
| जुगाड़ करई | = | ब्यवस्था करना |

### jpuk %&

1. अगर तोर संगता हर कोनो अंग ले लचार है ता तैं ओकर कइसे मदेत करबे।

**;kX;rk c<kok %&** एही कस कहनी खोएज के कक्षा में सुनावा ।

### f'k{k.k ladsr %&

- लरिका मन ला ये पाठ ला पारी–पारी पढ्वावें।
- लरिका मन गलती पढ़ें तेला गुरूजी सुधायर के फेर पढ्वावें।
- एही कस अउ कोनों कहनी लरिका मन ला कहुवावें।
- कहनी कर पात्र रघु अउ स्याम कर बारे में अलगे–अलगे चरचा करें।

SGX7RU

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

59CHPD

पाठ–4

# मैं सड़क हूँ

– संकलित

इस पाठ में सड़क ने स्वयं अपनी कहानी कही है। सड़क का उपयोग पैदल यात्री भी करते हैं और वाहन–चालक भी। सड़क को अपने ऊपर इन सबका बोझ सहन करना पड़ता है। लेकिन उसके रख–रखाव की चिंता कोई नहीं करता। सड़कें सामाजिक संपत्ति हैं। इनकी सुरक्षा और रख–रखाव के प्रति हम सबका समान उत्तरदायित्व है। इसके साथ ही हमें यातायात नियमों को जानकर उनका पालन भी करना चाहिए। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों का प्रयोग, पर्यायवाची, विशेषण–विशेष्य, प्रत्यय और मौलिक लेखन।

जी हाँ! मैं सड़क हूँ। मिट्टी, पत्थर और डामर से बनी। एक बड़े अजगर की तरह मैदानों, जंगलों, पहाड़ों के बीच से गुजरती हुई। पेड़ों की छाया के नीचे से होकर मैदानों को पार करती हुई, गाँवों को शहरों से जोड़ती हूँ। मेरी उम्र कितनी है, यह मुझे भी याद नहीं। जब आदमी ने एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की बात सोची होगी, शायद तभी मेरा जन्म हुआ होगा। मैं कभी कच्ची थी तो कभी पक्की। कभी मैं घुमावदार बनी तो कभी एकदम सीधी–सपाट। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, महल, झोंपड़ी, बाग–बगीचे, हाट–बाजार और भी न जाने कहाँ–कहाँ मेरी पहुँच है। कहने का मतलब यह कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

वैसे मेरा रूप सुंदर नहीं है, एकदम काली–कलूटी और लंबी। कभी–कभी तो मुझमें छोटे–बड़े गड्ढे बन जाते हैं। तब मेरा रूप और भी बिगड़ जाता है। यह मुझे बनानेवालों की लापरवाही का ही नतीजा है। मुझे अपनी इस बदसूरती पर उतना दुख नहीं होता, जितना अपने ऊपर से चलनेवालों की गलत आदतों पर होता है। कभी–कभी तो ऐसी दुर्घटना हो जाती है कि लोगों की मौत तक हो जाती है। तब मुझे दुख होता है क्योंकि मैं उनकी कोई मदद नहीं कर पाती। कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह। यह मुझे तो अच्छा नहीं लगता, पर इससे चलनेवालों को सुविधा हो जाती है। इसी से मुझे संतोष होता है।

ओह! ये ढेर सारा कूड़ा–करकट किसने फेंका मेरे ऊपर? कितना बिगाड़ दिया मेरा रूप? अरे! अरे! मेरे ऊपर तो उस आदमी ने थूक ही दिया। देखो तो, केला खाकर छिलका भी मेरी

**शिक्षण–संकेत–** विद्यार्थियों से सड़क के संबंध में चर्चा करें। उन्हें बताएँ कि अच्छी, स्वस्थ सड़कें प्रगति का प्रतीक हैं। विद्यार्थियों को यातायात के संकेत भी समझाएँ। आत्मकथात्मक शैली के संबंध में सरल शब्दों में साधारण जानकारी दें। बच्चों को विराम–चिह्नों के साथ पढ़ने का अभ्यास कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



छाती पर फेंक दिया। तमीज नहीं है लोगों में। मनचाहे जहाँ थूक देते हैं, हर कहीं छिलके फेंक देते हैं। इसका क्या परिणाम होगा सोचते ही नहीं।

अरे! केले के छिलके पर पैर पड़ जाने से वह बच्चा तो गिर ही पड़ा। उसे बहुत चोट आई होगी। पता नहीं लोगों को कब अकल आएगी कि कूड़ा सड़क पर न फेंकें, कूड़ेदान में फेंकें; इससे सफाई भी रहेगी और दुर्घटनाएँ भी नहीं होंगी।



त्यौहारों, मेलों और शादियों में मेरी शोभा बढ़ जाती है। मेरे आसपास सफाई हो जाती है। दोनों किनारों पर रोशनी की जाती है। मेलों व उत्सवों के समय अनेक प्रकार की वस्तुओं से दुकानें सजाई जाती हैं। काफी चहल–पहल होती है। सभी लोग खुश नजर आते हैं। मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

वाह! बच्चे लाइन बनाकर कहाँ जा रहे हैं? अरे हाँ! छब्बीस जनवरी आनेवाली है ना। उन्हें परेड में भाग लेना होगा। उसी की तैयारी के लिए जा रहे होंगे। जब ये छोटे–छोटे बच्चे साफ–सुथरी पोशाक में कदम–से–कदम मिलाकर चलते हैं, तब मुझे बहुत अच्छा लगता है। ये बच्चे देश के नागरिक बनेंगे। मुझे इन्हीं से आशा है।

मेरे बाजू में खड़े इन हरे–भरे पेड़ों की छाया मुझे बहुत अच्छी लगती है। गर्मी के दिनों में पैदल चलनेवालों को भी इनकी छाया में आराम मिलता है। आम–जामुन तो अपने फलों से लोगों को आनंद देते हैं। बच्चे तो इनकी ओर दौड़े चले आते हैं। खेलते–कूदते, आपस में बाँटकर फलों का स्वाद लेते इन बच्चों को देखकर मुझे कितनी खुशी होती है, क्या बताऊँ।



गाँव के पास से होकर गुजरते समय मैं स्वयं उसकी सुंदरता का हिस्सा बन जाती हूँ। विभिन्न ऋतुओं में तरह–तरह की फसलों से हरे–भरे खेत बहुत ही सुंदर लगते हैं। गाय, भैंस और बैलों के झुंड जब मेरे ऊपर से गुजरते हैं तो मैं अपना दुख–दर्द भूल जाती हूँ। मैंने सभी तरह के लोगों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया है; कभी कुछ थके–हारे धीमे कदमों की आहट मैंने सुनी है, तो कभी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



तेजी से चलते हुए उत्साहित कदमों की धमक। चाहे जो भी मेरे ऊपर से होकर गुजरे, मैं सबके दुःख–सुख में उनके साथ शामिल हो लेती हूँ। दुख और सुख तो जीवन में आते–जाते रहते हैं, पर तुम्हें उसकी परवाह न करते हुए चलते रहना चाहिए। चरैवेति–चरैवेति – चलते रहो, चलते रहो – यही हमारे शास्त्रों का संदेश है। अभी–अभी मेरे ऊपर से होकर एक वाहन गुजरा है। क्या तुमने भी उसमें बजता हुआ यह गीत सुना–

''रुक जाना नहीं, तू कहीं हार के,
काँटों पे चल के, मिलेंगे साये बहार के।''

मेरा भी संदेश तो यही है।



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सीधी–सपाट | – | सीधा, समतल | डामर | – | कोलतार |
| परेड | – | कवायद | अनायास | – | अपने आप, अचानक |
| मौत | – | मृत्यु | दुखदायी | – | दुख या कष्ट देनेवाली |
| मंजिल | – | लक्ष्य | शोभा | – | सुंदरता |
| दुर्घटना | – | बुरी घटना | जमाना | – | युग, काल |
| निर्दोष | – | जिसका कोई दोष न हो | | | |
| घुमावदार | – | जिसमें बार–बार मोड़ आए | | | |
| इतिहास | – | बरसों पुरानी घटनाओं का विवरण | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सड़क बनाने के लिए कौन–कौन सी सामग्री की आवश्यकता होती है?

प्रश्न 2. सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बनने से क्या होता है?

प्रश्न 3. सड़क पर स्पीड ब्रेकर क्यों बनाए जाते है?

प्रश्न 4. सड़क दुर्घटना से बचने के लिए क्या क्या उपाय करना चाहिए।

प्रश्न 5. सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्ष लगाने चाहिए। क्यों?

प्रश्न 6. क्या तुम इस बात से सहमत हो कि गाँव–गाँव में सड़कों के विकास होने से जन–जीवन आसान हो गया है। इसकी पुष्टि हेतु तर्क दीजिए।

प्रश्न 7. पगडडी व सड़क में क्या अंतर है ?

प्रश्न 8. 'कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह।' लेखक ने गड्ढों को भरने की क्रिया को फटे हुए कपड़े में पैबंद लगाने के समान बताया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इसी प्रकार तुम इनकी तुलना में क्या लिखोगे?

क. सड़कों पर पड़े कूड़े, करकटों के ढेर के लिए।

ख. सड़क के किनारे खड़े हरे–हरे वृक्षों की पंक्तियों के लिए।

**प्रश्न 9. मान लो सड़क बोल सकती तो वह इनसे क्या कहती, लिखो–**

क. अपने ऊपर कूड़ा फेंकनेवालों से ?

ख. केले के छिलके पर पाँव पड़ने से अपने ऊपर गिरनेवाले बालक को सांत्वना देते हुए?

ग. धूप के ताप से शीतल करने वाले वृक्षों से?

**प्रश्न 10. सड़क ने स्वयं को अजगर के समान बताया है। तुम इन्हें किनके समान बताओगे–**

क. एक बहुत ही विकराल, काले–कलूटे, बड़े–बड़े बाल और बड़े दाँतों वाले आदमी को।

ख. एक बहुत ही बड़े तालाब को

ग. हरे–भरे वृक्षों, कुटियों के बीच बनी पाठशाला को

**प्रश्न 11. इनमें से अनुपयुक्त को अलग निकालो–**

| **(अ) सड़क जोड़ती है–** | **(ब) सड़क पर हमेशा–** |
|---|---|
| क. गाँव से गाँव को | क. बायीं ओर चलना चाहिए |
| ख. गाँव से शहर को | ख. वाहन तेज गति से नहीं चलाना चाहिए |
| ग. शहर से शहर को | ग. कचरा फेंक देना चाहिए |
| घ. शहर से आकाश को | घ. संकेतों को ध्यान में रखकर चलना चाहिए |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गद्यांश में विरामचिह्नों का प्रयोग करो–**

- स्कूल कॉलेज अस्पताल महल झोंपड़ी बाग बगीचे हाट बाजार और भी न जाने कहाँ कहाँ मेरी पहुँच है कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

**समझो**

'साफ–सुथरी पोशाक' में 'साफ–सुथरी' विशेषण और 'पोशाक' विशेष्य है। साफ–सुथरी एक पोशाक का गुण बताता है; इसलिए यह गुणवाचक विशेषण है। संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बतलानेवाले शब्दों को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं; जैसे –'अनेक जुलूसों' में 'अनेक' शब्द 'जुलूसों' की विशेषता बतला रहा है। यह संख्यावाचक विशेषण है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. गुणवाचक और संख्यावाचक विशेषण के दो–दो उदाहरण वाक्यों में प्रयोग करते हुए लिखो।**

- 'घुमाव' शब्द में 'दार' शब्दांश लगाने से 'घुमावदार' और 'गुनगुना' शब्द में 'आहट' शब्दांश लगाने से 'गुनगुनाहट' शब्द बनता हैं। शब्द के बाद लगने वाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं।

**प्रश्न 3. 'दार' और 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 4. नीचे लिखे समूहों में से कोई एक शब्द उस समूह का पर्यायवाची नहीं है। ऐसे शब्द को समूह से अलग कर लिखो।**

क. पेड़ – वृक्ष, तरु, तट, द्रुम

ख. वस्त्र – पट, कपड़ा, कर, चीर

ग. समुद्र – जलधि, सिन्धु, सागर, जलद

- क की बारहखड़ी इस प्रकार लिखी जाती है–

  क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों को बारहखड़ी के क्रम से लिखो।**

खीर, खोलना, खिड़की, खाद, खैर, खंदक, खौलना, खरगोश, खुशी, खेल, खूब।

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों में उचित वर्ण भरकर शब्दों को पूरा करो–**

क.......ल कार....... किस....... कुशल....... .......देश .......मन

- 'गड्ढा' शब्द का उच्चारण करो। उच्चारण में ऐसा ध्वनित होता है मानों ढ में ढ मिला हो। लेकिन यह भ्रांति है।

  **याद रखो –** ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ, ष, ह का द्वित्व नहीं होता अर्थात् कहीं भी ख्ख, छ्छ, ठ्ठ आदि नहीं लिखे जाते। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो और समझो।

| **गलत शब्द** | **सही शब्द** |
|---|---|
| अछ्छा | अच्छा |
| गढ्ढा | गड्ढा |
| पथ्थर | पत्थर |
| सुख्ख | सुक्ख |
| युध्ध | युद्ध |

ऐसे शब्दों में मिलनेवाले अक्षर लिखे हुए अक्षर का ठीक पहला अक्षर आधा लिखा जाता है। 'अच्छा' में 'छ' के पहले आनेवाला 'च' अक्षर आधा (च्) लिखा गया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्द विदेशी हैं। इनके स्थान पर इनके पर्यायवाची हिन्दी शब्द प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

ख. कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

## गतिविधि

1. विद्यार्थियों को दो समूहों में बाँटकर शिक्षक निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करें।

   (क) यातायात के नियम (ख) यातायात–संकेत

   (ग) सार्वजनिक सम्पत्ति (घ) सड़क और हमारा दायित्व

2. तीन विद्यार्थी 'मैं नदी हूँ', 'मैं पुल हूँ', 'मैं रेल की पटरी हूँ' पर आत्मकथा कहें।

## रचना

- इस पाठ में सड़क स्वयं अपनी कथा कहती है। इसी प्रकार 'मैं पेड़ हूँ' विषय पर पंद्रह वाक्य लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- क्या तुमने सड़क बनते देखा है? हॉ तो उसके बारे में लिखो।
- प्रधानमंत्री सड़क योजना क्या है? इसकी जानकारी शिक्षक से या अपने अभिभावकों से प्राप्त करो।
- सड़क में चलते समय कुछ चिन्हो का ध्यान रखना पड़ता है

  उनके चित्र बनाओ और उनके अर्थ लिखो।
- सड़क पर तुमने टोल टैक्स नाका देखा होगा यह क्या है ? इसके बारे में पताकर लिखो।
- पगडडी और सड़क में क्या अंतर है ?

59LSR1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




## पाठ–5

# रोबोट

– लेखक मंडल

विज्ञान ने आश्चर्यजनक आविष्कार किए हैं। आकाश में उड़ान भरना, विदेशों में बैठे अपने संबंधियों से घर बैठे बातें कर लेना तो कल की बात हो गई । आज रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष में जाना और वहाँ चहलकदमी करना भी वैज्ञानिकों ने सहज कर दिया है। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने यंत्र–मानव (रोबोट) का आविष्कार किया है जो आदेश पाकर काम करता है। इस यंत्र मानव की कहानी हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, कारक चिह्न, वाक्य परिवर्तन, प्रश्न निर्माण करना।

आज राहुल का जन्मदिन है। सुबह से ही वह बहुत व्यस्त एवं खुश नजर आ रहा है। सुबह वह जल्दी उठ गया। आज उसने जल्दी स्नान भी कर लिया। अपने जन्मदिन पर उसने अपने मित्रों को भी बुला रखा है। जन्मदिन की पार्टी तो शाम को होने वाली है किन्तु उसके कुछ विशेष मित्र सुबह से ही आ गए हैं। अपने उन मित्रों के साथ मिलकर राहुल अपने घर के बड़े कमरे को सजा रहा है। इसी कमरे में जन्मदिन का उत्सव मनाया जाना है।

राहुल के इस जन्मदिन पर राहुल के पिता जी ने एक अनूठा उपहार देने की बात कही है। राहुल तथा उसके मित्रों में इस अनूठे उपहार को देखने के लिए विशेष उत्सुकता, उत्साह और प्रसन्नता है।



शाम को सभी मित्रों एवं अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया और आरती उतारी। उनके मित्रों ने गुब्बारे उड़ाए, इसके साथ ही तालियों की गड़गड़ाहट हुई। सबने एक स्वर से गाया– ''तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार।'' करण ने टेप रिकार्ड चालू कर दिया। संगीत की धुन पर सभी बच्चे नाचने लगे, किन्तु संगीत शीघ्र ही बंद हो गया। सभी बच्चों का ध्यान उस उपहार की ओर था, जो आज

**शिक्षण–संकेत–** वर्तमान में हो रहे नवीन आविष्कारों पर चर्चा करें। शिक्षक ह्रस्वता, दीर्घता को ध्यान में रखकर आदर्श वाचन करें तथा बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को समूह में पढ़ने के अवसर दें तथा नए प्रश्न बनाने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




राहुल के पिता जी राहुल को देने वाले थे। सुंदर, चमकीले कागज से ढँका, रंगीन फीते से बँधा बड़ा–सा डिब्बा सबके बीच लाया गया।

राहुल के पिता जी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए राहुल से डिब्बे का फीता खोलने को कहा। डिब्बा खोला गया। उसके अंदर एक बड़ा खिलौना था। खिलौना क्या था, लोहे का बना हुआ एक आदमी था। सभी बच्चे उसे छू–छूकर देखने लगे। एक ने कहा, ''यह तो लोहे का आदमी है।'' दूसरे ने कहा, ''यह तो काफी भारी है।'' तीसरे ने पूछा, ''हम इसका क्या करेंगे?''

तभी राहुल के पिता जी ने कहा, ''बच्चो! यह खिलौना, जो मैंने राहुल को दिया है, एक 'रोबोट' है। यह अपने आप चलनेवाली एक मशीन है, जो आदमी की तरह कार्य करती है। देखो, मैं इसे चालू करता हूँ। तुम सब इसके करतब देखना।''

राहुल के पिता जी ने रिमोट का बटन दबाकर उसे चालू किया। उस रोबोट ने अपने दोनों हाथ जोड़कर सभी को नमस्कार किया। उसके बाद उसने हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया और कहा, ''राहुल भैया! तुम्हें जन्मदिन की बधाई।'' राहुल ने हाथ मिलाकर उसे धन्यवाद दिया। सभी बच्चे रोबोट का यह करतब देख खुशी से उछल पड़े। उसके बाद उस रोबोट ने व्यायाम एवं मार्चपास्ट करके भी दिखाया। बच्चे रोबोट के करतब देखकर हैरान थे, क्योंकि वह काम भी करता था, बोलता भी था।



राहुल ने अपने पिता जी से पूछा, ''पिता जी! रोबोट और क्या–क्या काम करता है?'' पिता जी ने बताया, ''बेटे! यह तो मात्र खिलौना रोबोट है, इसलिए यह कुछ मनोरंजन ही करता है। कोई कठिन काम नहीं करता। वैज्ञानिकों ने आदमी के स्थान पर काम करने के लिए जो रोबोट बनाए हैं, वे इसकी तुलना में काफी जटिल होते हैं। उनके अंदर जो मशीन होती है, वह भी काफी जटिल होती है। ऐसे रोबोट को बनाने में समय भी बहुत लगता है। इस कारण वे काफी महँगे होते हैं।'' करण ने पूछा, ''चाचा जी! जब वे बहुत महँगे होते हैं तो उन्हें क्यों बनाते हैं?''

राहुल के पिता जी ने कहा, ''बेटे! कुछ ऐसे भी देश हैं, जहाँ घर या कारखानों में काम करने के लिए आदमियों की कमी होती है, वहाँ इनसे काम लिया जाता है।''

सीमा ने पूछा, ''चाचा जी! आदमी की कमी होने पर आदमी तो कहीं से भी बुलाए जा सकते हैं, ये महँगे रोबोट क्यों बनाए जाते हैं? क्या ये आदमियों से भी अधिक काम करते हैं?''

''हाँ बेटी! ये आदमियों से कई गुना अधिक काम कर सकते हैं। ये थकते नहीं, इनसे गलतियाँ भी नहीं होतीं। ये रोबोट कुछ ऐसे भी काम करते हैं, जो आदमियों के वश के नहीं होते; जिनसे आदमियों की जान को खतरा होता है।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुकुल ने पूछा, ''चाचा जी! वे किस तरह के काम हैं?''

''जैसे कारखानों में गरम वस्तुओं को उठाना–रखना, जिन्हें मनुष्य जलने के डर से छू भी नहीं सकते। गहरे तेल के कुओं और खदानों में, जहाँ जहरीली गैसें होती हैं, वहाँ आदमियों के बदले रोबोट को भेजा जाता है। अंतरिक्ष–यात्राओं में भी रोबोट को भेजा जाता है। आजकल गहरे समुद्र में गोताखोरी का काम भी रोबोट से ही लिया जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी रोबोट मनुष्यों से अच्छा और तेज़ी से काम कर सकते हैं।''

राहुल ने पूछा,''पिता जी! ये रोबोट किस तरह से सब कार्य करते हैं? इन्हें कैसे पता होता है कि कौन–सा काम कब, कहाँ और कैसे करना है?''

''बेटे! मनुष्य के मस्तिष्क की तरह इस मशीनी मानव में एक यादगार यूनिट फिट होती है, जिसमें लाखों आदेश जमा किए जा सकते हैं। जो काम करवाने हों, उनकी सूची इस मशीन में डाल दी जाती है। इसके बाद एक के बाद एक काम स्वयं करते जाते हैं। सीधे ढंग से हम यह कह सकते हैं कि रोबोट के अंदर एक कंप्यूटर फिट होता है, जिसमें ये आदेश भरे होते हैं।''

''रोबोट में कुछ विशेष काम करने के लिए आदमियों की तरह उँगलियाँ फिट कर दी जाती हैं। इनसे वे किसी भी वस्तु को पकड़ सकते हैं, छोड़ सकते हैं, धक्का दे सकते हैं, घुमा सकते हैं, ऊपर–नीचे कर सकते हैं, दाएँ–बाएँ हिला सकते हैं।''

''रोबोट में कई प्रकार की गति करने की क्षमता होती है। ये हल्के–से–हल्का और भारी–से–भारी काम कर सकते हैं। कुछ तो ऐसे भी रोबोट बन चुके हैं, जो वातावरण में होने वाले परिवर्तन के अनुसार अपने को ढाल सकते हैं। कंप्यूटर की सहायता से वे किसी समस्या पर निर्णय भी ले सकते हैं।''

''एक रोबोट तो ऐसा भी बन चुका है, जो हवाई जहाज में पायलट का काम करता है। वह आम उड़ानों पर नियंत्रण रख सकता है।''

''रोबोट दफ्तरों में मेज साफ करते हैं, घरों में कपड़े धोते हैं, बिस्तर बिछाते हैं। अब तरह–तरह के काम करने के लिए अलग–अलग प्रकार के रोबोट बनाए जा रहे हैं। बेटे! अब समझ में आ गया होगा कि यह जो खिलौना आपको उपहार में मिला है, वास्तव में क्या चीज है।''

राहुल ने इस अनूठे उपहार के लिए अपने पिता जी को प्रणाम करते हुए धन्यवाद दिया। राहुल के सभी दोस्तों ने भी रोबोट की जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

जन्मदिन की पार्टी की मेज सजी थी। सभी बच्चों ने जल्दी–जल्दी खाना खाया। खाने के बाद सभी बहुत देर तक रोबोट के करतब देखते रहे, उसके साथ खेलते रहे। बच्चे–तो–बच्चे थे, बड़ों को भी खूब आनंद आया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

दिए गए शब्दों में से कुछ के सामने शब्दार्थ नहीं लिखे गए हैं। उन्हें नीचे बने कोष्ठक में से छाँटकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यस्त | – | काम में लगा हुआ | अनूठा | – | अनोखा, विचित्र |
| करतब | – | आश्चर्यजनक कार्य | रिमोट कंट्रोलर | – | ............................ |
| तुलना | – | ............................ | अंतरिक्ष | – | ............................ |
| विपरीत | – | उल्टा | यूनिट | – | इकाई |

(दूर से नियंत्रण करने वाला यंत्र, आकाश, दो वस्तुओं के गुण–दोष का मिलान करना)

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. जन्मदिन के दिन राहुल की दिनचर्या कैसी थी?

प्रश्न 2. रिमोट का बटन दबाने पर रोबोट ने क्या किया?

प्रश्न 3. यदि सभी कार्यालयों, कारखानों में रोबोट का उपयोग करें तो क्या होगा। रोबोट कौन–कौन से कार्य कर सकता है ?

प्रश्न 4. मशीनों के आने से हमारे जीवन में क्या फर्क पड़ा है?

प्रश्न 5. तुम अपने दैनिक जीवन में कौन कौन सी मशीनों का उपयोग करते हो?

प्रश्न 6. रोबोट व आदमी के कार्यों में क्या अंतर है?

प्रश्न 7. तुम अपना जन्मदिन कैसे मनाते हो, अपने शब्दों में लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

मस्तिष्क, कंप्यूटर, उँगलियाँ, समस्या, जन्मदिन, परिवर्तन, व्यायाम, गोताखोर, आदमियों। आदि शब्दों पर बच्चों से चर्चा करें।

### पढ़ो और समझो

क. रोबोट कठिन काम करता है।

ख. राहुल ने अनूठे उपहार के लिए पिता जी को धन्यवाद दिया।

पहले वाक्य में 'कठिन' शब्द 'काम' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'अनूठे' शब्द 'उपहार' शब्द की विशेषता बता रहा है। विशेषता बतानेवाले शब्दों को विशेषण और जिनकी विशेषता बताई जाए उन शब्दों को विशेष्य कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 1. इन वाक्यों में से विशेषण और उनके विशेष्य शब्दों को चुनकर अलग–अलग लिखो।**

क. खिलौना रोबोट कठिन काम नहीं करता;

ख. पिता जी ने अनूठा उपहार दिया।

ग. डिब्बे में लाल फीता बँधा था।

घ यह एक बड़ा खिलौना है।

**इस वाक्य को पढ़ो –**

''उसकी आवाज सुनकर मैं उठ गया।'' इस वाक्य में 'उठना' और 'जाना' क्रियाओं के सही रूप बनाकर 'उठ गया' क्रिया का प्रयोग हुआ है।

एक क्रिया के साथ जब दूसरी क्रिया मिल जाती है, तो दोनों क्रियाएँ मिलकर संयुक्त क्रिया कहलाती हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'उठना' मुख्य क्रिया 'उठ' और 'जाग' क्रिया का 'गया' मिलाकर 'उठ गया' संयुक्त क्रिया बनी है।

**प्रश्न 2. देना, जाना, पड़ना, जगना के उचित रूप बनाकर संयुक्त क्रिया के रूप में इनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो; उदाहरण देखो–**

चल देना– मेरी बात का उत्तर न देकर वह चल दिया।

**पढ़ो और समझो–**

क. हम इसका क्या करेंगे?

ख. ये रोबोट क्यों बनाए जाते हैं?

उपर्युक्त दोनों वाक्यों में प्रश्न पूछे गए हैं। इस तरह के वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

**प्रश्न 3. क्या, क्यों, कैसे, कब शब्दों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखे वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य बनाओ। एक शब्द का एक ही वाक्य में प्रयोग करो।**

क. वह जल्दी उठ गया।

ख. शाम को सभी मित्र आ गए।

ग. संगीत शीघ्र ही बंद हो गया।

घ. तुम सब इसके करतब देखोगे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**याद रखो–** प्रश्नवाचक वाक्य और आदेशात्मक वाक्य अलग–अलग हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में प्रश्न पूछे जाते हैं, आदेशात्मक वाक्य में आदेश दिए जाते हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है। आदेशात्मक वाक्य के अंत में पूर्णविराम लगाया जाता है। दोनों के उदाहरण देखो–

क. यह पाठ पढ़ो। (आदेशात्मक वाक्य)

ख. क्या तुमने पाठ पढ़ा? (प्रश्नवाचक वाक्य)

**इस वाक्य को पढ़ो–**'शाम को सभी मित्रों और अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया।' इस वाक्य में 'मित्रों' और 'अतिथियों' शब्द 'मित्र' और 'अतिथि' के बहुवचन हैं।

**प्रश्न 4. सोचकर लिखो कि बहुवचन बनाने में क्या अंतर आया है?**

## रचना

किसी मित्र सहेली को पत्र लिखो जिसमें तुम्हारे जन्मदिवस का वर्णन हो।

## योग्यता–विस्तार

- रोबोट के संदर्भ में नीचे दी गई जानकारी पढ़ो व कक्षा में इस पर चर्चा करो।

  आज की मशीनी दुनिया में रोबोट इंसान के सच्चे साथी साबित हो रहे हैं। जोखिम भरे कामों को जल्दी और पूर्णता के साथ करने में रोबोट बेजोड़ हैं। 'वाकमारू' नाम के रोबोट का काम बुजुर्ग और अपंग लोगों की घर में मदद करना है। नवीनतम तकनीक से निर्मित रोबोट तो बम को निष्क्रिय करने, अंतरिक्ष में चहलकदमी करने, पानी के नीचे एवं खदानों में किए जाने वाले काम को भी आसान बना रहे हैं। हाल ही में अमेरिका में एक ऐसा रोबोट बनाया गया है जो अस्पतालों में सामानों की आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी सँभालेगा। मजे की बात यह है कि काम पूरा होने पर यह अपनी पुरानी जगह वापस आकर नया काम मिलने का इंतज़ार करेगा।

## गतिविधि

- रोबोट के संबंध में तुमने पाठ पढ़ा। अब तुम 'मैं रोबोट हूँ', 'मैं दूरदर्शन हूँ', 'मैं दूरभाष हूँ' आदि विषयों पर चर्चा करें।
- अपने किसी सहपाठी का जन्मदिन स्कूल में मनाओ।
- तुम्हारी शाला में किन–किन महापुरूषों की जयंतियाँ (जन्मदिन) कब–कब व कैसे मनायी जाती है? लिखो।

5A5JUB

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5AEFVY

## पाठ–6

# चित्रकार मोर

– संकलित

संसार में बहुत–से लोग ऐसे होते हैं जो अपनी चिन्ता न करते हुए दूसरों की सहायता करके उन्हें आगे बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों को स्वतः ही सम्मान प्राप्त हो जाता है। यही आदर्श इस पाठ के चित्रकार मोर का है जो दूसरों को रंग–बिरंगा बनाने में स्वतः रंग–बिरंगा बन जाता है।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम, वचन, लिंग परिवर्तन, **'यदि तो, यदि नहीं तो'** लगाकर प्रश्न करना और उत्तर देना आदि।

बहुत पहले की बात है। तब सारे–के–सारे पक्षी सफेद रंग के होते थे। सारे संसार की रंगीनी देखकर उनका मन भी ललचाता था। वे सोचते थे काश, हम पक्षी भी फूल–पत्ती और रंगीन बादल जैसे रंग–बिरंगे हो जाएँ तो कितना अच्छा हो।

सब पक्षियों ने एक सभा बुलाई और विचार किया। सोचा, चलकर भगवान ब्रह्मा जी से रंग माँगा जाए। सारे पक्षी एकत्र होकर ब्रह्मा जी के पास पहुँचे। ब्रह्मा जी ने पक्षियों की माँग सुनी। उन्हें पक्षियों की माँग सही लगी। बेचारे सब–के–सब पक्षी सफेद हैं। उन्हें रंग मिल जाएँ तो वे भी संसार की रंगीनी में शामिल हो जाएँगे।



आए हुए सब पक्षियों को ब्रह्मा जी ने ध्यान से देखा। उनमें से उन्हें एक पक्षी चुनना था और उसको रंग–रोगन लगाने का अपना यह महत्वपूर्ण काम सौंपना था। आखिर उन्होंने वह पक्षी खोज ही लिया। लंबी पूँछ और ऊँची गरदनवाले पक्षी मोर को उन्होंने अपने इस काम के लिए सर्वथा उपयुक्त समझा।

ब्रह्मा जी ने अपने पास के सब प्रकार के रंग मोर को दे दिए और उसे पक्षियों को रँगने का काम सौंप दिया। मोर अपने भाग्य पर बहुत खुश हुआ। खुश होने के साथ–साथ वह अपने काम के प्रति अत्यंत सजग रहा।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों के समूह बना दें। अलग–अलग समूह में अलग–अलग अनुच्छेद देकर पढ़कर समझने के लिए समूह से कहें– फिर उनसे उस अनुच्छेद पर चर्चा करें। प्रत्येक समूह को उसी अनुच्छेद से प्रश्न बनाने एवं उनके उत्तर लिखने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर ने सारे जंगल में ढिंढोरा पिटवा दिया कि सब पक्षी अपनी पसंद का रंग लगवाने के लिए मेरे पास आ जाएँ।

थोड़ी ही देर में सब–के–सब पक्षी मोर के आगे कतार बाँधकर खड़े हो गए।

मोर ने रंगों की पिटारी खोल दी और एक–एक करके पक्षियों को रँगना प्रारंभ किया। जिस पक्षी को जो रंग पसंद था, मोर ने उसे वही रंग लगाया।

तोते ने पहले तो चोंच में लाल रंग लगवाया, फिर सारे शरीर को हरा रँगवा लिया। उसे कच्चे आम का रंग बहुत पसंद था।

नीलकंठ ने अपने गले को नीले रंग में रँगवाया। बतख को अपना सफेद रंग बहुत पसंद था। फिर भी उसने थोड़ा–सा नारंगी रंग अपनी चोंच और पैरों में लगवा लिया।

इसी प्रकार एक–एक करके सारे पक्षी आते–जाते रहे, मोर उनको मनचाहा रंग लगाता गया।

मोर दूसरे पक्षियों को तो रँगता जा रहा था लेकिन उनको रँगने से पहले रंग की परख करने के लिए वह अपने शरीर पर भी थोड़ा–सा रंग लगा लिया करता था।



धीरे–धीरे एक–एक करके सब पक्षी अपना शरीर रँगवाकर चले गए। किसी ने थोड़ा–सा रंग लगवाया तो किसी ने बहुत सारा। किसी ने एक रंग तो किसी ने कई रंग लगवाए। जिस पक्षी को जो रंग पसंद आया, उसने वही रंग लगवाया। कुछ पक्षी ऐसे भी थे जिन्हें अपना सफेद रंग ही प्यारा था; इसलिए उन्होंने कहीं पैर में, चोंच में या पीठ में थोड़ा–सा रंग लगवाकर ही संतोष कर लिया।

इधर मोर के पास सारे रंग समाप्त हो चुके थे। रंग समाप्त हो गए हैं, यह देखकर मोर बहुत उदास हो गया। सोचने लगा, ''मैं स्वयं क्या बिना रंग का रह जाऊँगा? दूसरों को रँगने के लिए मैंने इतनी मेहनत की, किंतु स्वयं मेरे अपने लिए कोई रंग नहीं बचा।''

इतने में शान्त, गंभीर और चतुर पक्षी, उल्लू वहाँ आया। मोर को उदास देखकर वह बोला– ''ओ चितेरे! उदास क्यों है? सब पक्षियों को रँग दिया, अब उदासी क्यों भला?''

मोर बोला –'' उल्लू भाई! मैं भी कैसा अभागा हूँ । सबको रंग बाँटता रहा, लेकिन मेरे पास अपने लिए तो कोई रंग ही नहीं बचा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर की बात सुनकर गंभीर स्वभाववाला उल्लू पहले तो खूब हँसा, फिर बोला, ''जरा अपना शरीर तो देख, अपने पंखों को देख, फिर उदास होना।''

उल्लू की बात सुनकर मोर ने अपने शरीर को देखा तो खुशी से झूम उठा। उसका शरीर तो रंग–बिरंगा, ढेर सारे रंगों की फुलवारी बन गया था।

उसे ध्यान आया – ''दूसरे पक्षियों को रँगने से पहले, परखने के लिए, मैं रंग अपने शरीर पर ही तो लगा रहा था। बस, वे सारे रंग मेरे अपने हो गए।''

वह बहुत खुश हुआ। अभी वह अपनी खुशी पूरी तरह से प्रकट भी नहीं कर पाया था कि आसमान पर काले–काले बादल छा गए। देखते–ही–देखते वर्षा होने लगी।

सारे पक्षी अपना रंग बचाने के लिए वृक्षों, लताओं, घोंसलों में जा छिपे। बेचारा मोर इतना भारी–भरकम शरीर लेकर कहाँ जाता? उसे लगा कि अब तो पानी की बूँदें उसके सारे रंग धो डालेंगी और वह पहले जैसा बेरंग और श्वेत हो जाएगा। किन्तु ब्रह्मा जी ने जो रंग दिए थे, वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के पानी से धुल जाते? वे तो पक्के हो चुके थे।

मोर ने देखा पानी की बूँदों का तो उसके शरीर पर, उसके रंगीन पंखों पर कोई असर ही नहीं हो रहा था। बस, फिर क्या था ? खुशी के मारे उसने सारे पंख फैला लिए और वह नाचने लगा।

तब से लेकर आज तक मोर जब भी बादलों को देखता है, तब अपने शरीर के सुंदर रंगों को देखकर पंख फैलाकर नाचने लगता है।

## शब्दार्थ

नीचे कोष्ठक में भी कुछ शब्दों के अर्थ लिखे हैं। इन्हें सही शब्द के सामने छाँटकर लिखो।

(बिना रंग के, सफेद या धवल, चित्रकार, ढक्कनवाली टोकरी)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एकत्र | – | इकट्ठा | अभागा | – | बुरे भाग्यवाला |
| रुआँसा | – | रोने के समान | श्वेत | – | ...................... |
| बेरंग | – | ........................ | चितेरे | – | ...................... |
| पिटारी | – | ...................... | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सारे संसार को रंगीन देखकर पक्षी क्या सोचते थे?

प्रश्न 2. पक्षियों ने रंग पाने के लिए क्या प्रयास किया?

प्रश्न 3. मोर रंग–बिरंगा कैसे हो गया?

प्रश्न 4. ब्रह्मा जी ने रंग–रोगन के लिए मोर को ही क्यों चुना?

प्रश्न 5. मोर की बात सुनकर उल्लू क्यों हँस पड़ा था?

प्रश्न 6. मोर के शरीर पर लगा रंग वर्षा के पानी से धुल जाता तो क्या होता?

प्रश्न 7. मोर अन्य पक्षियों को रंग लगाते समय अपने शरीर पर रंग लगाकर न देखता तो क्या होता?

प्रश्न 8. पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है ? इस तथ्य पर पुष्टि हेतु अपने तर्क दें।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो–**

अ. मन ललचाना  ब. ढिंढोरा पिटवाना  स. खुशी से झूम उठना

**प्रश्न 2. कुछ शब्दों का प्रयोग कभी–कभी दो बार भी होता है, जैसे– क्या–क्या, साथ–साथ, कौन–कौन, एक–एक, कब–कब, काले–काले आदि।**

इन शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

### समझो

- एक ही शब्द के एक से ज्यादा अर्थ हो सकते हैं। नीचे लिखे उदाहरण पढ़ो और समझो।

**धरा–**  क. वर्षा ऋतु में धरा हरी–भरी हो जाती है।

ख. नाटक दिखाने के लिए मोहन ने अजीब रूप धरा।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार 'बेर' का दो अर्थों में प्रयोग करो।**

- कभी–कभी निषेधवाचक वाक्य को 'क्या' का प्रयोग करके भी प्रकट किया जाता है, जैसे–

वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के भय से धुल जाते?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. अब 'क्या' शब्द का ऐसे ही अर्थ में प्रयोग करो।**

- इन वाक्यों को पढ़ो–

  क. बच्चा हँस रहा है।

  ख. हँसना बच्चे के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

  पहले वाक्य में 'हँसना' क्रिया के रूप में प्रयोग हुआ है और दूसरे वाक्य में यह संज्ञा है।

**प्रश्न 5. 'खेलना' शब्द को दोनों रूपों में अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- मोर का एक बड़ा चित्र बनाकर उसमें चमकीले रंग भरो और कक्षा की दीवार पर लगाओ।
- अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी एक पक्षी के संबंध में जानकारी दो जिसमें उसके आवास, भोजन, रंग–रूप और बोली आदि का विवरण हो।

## योग्यता–विस्तार

- तुम्हारे आसपास रहने वाले पक्षियों की जानकारी प्राप्त कर निम्न तालिका में भरो –

| पक्षियों के नाम | | रंग | कहाँ रहते है |
|---|---|---|---|
| स्थानीय | वैज्ञानिक | | |
| | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–7

# क्यूँ–क्यूँ छोरी

5AX7Z9

– महाश्वेता देवी

आम तौर पर लड़कियों को चुप रहने की शिक्षा दी जाती है, जो अनुचित है। उनमें भी जिज्ञासा भरी होती है। प्रश्न पूछकर वे संसार की हर बात जानना चाहती हैं। जिज्ञासा शांत होने से उनका मानसिक विकास होता है। अतः उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उन्हें अवश्य मिलने चाहिए। इस पाठ में एक आदिवासी लड़की की कहानी है जो बात–बात में प्रश्न पूछती रहती थी और लेखिका उसके प्रश्नों का उत्तर देती थी।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों पर ध्यान देकर पढ़ना, वाक्य परिवर्तन, विशेषण एवं विशेष्य की पहचान, भाववाचक संज्ञा बनाना, एकवचन से बहुवचन शब्द बनाना, क्यूँ/क्यों लगाकर प्रश्न बनाना।

छोटी–सी लड़की थी वह! क़रीब दस साल की। एक बड़े–से साँप का पीछा कर रही थी। मैं उसके पीछे भागी और उसकी चोटी पकड़कर उसे ले आई। ''ना, मोइना ना,'' मैं उस पर चिल्लाई।



''क्यूँ?'' उसने पूछा।

''वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग,'' मैंने उससे कहा।

''तो! नाग को क्यूँ न पकडूँ?''

''क्यों पकड़ो?'' मैंने कुछ नाराजगी के साथ पूछा।

''पता है, हम साँप खाते हैं! मुंडी काट दो, चमड़ा बेच दो, मांस पकाकर खा लो'', उसने बड़े भोलेपन से उत्तर दिया।

''नहीं, इसे नहीं'', मैंने उसे समझाते हुए कहा। तुम्हें ऐसा नहीं करना है।''

''हाँ, हाँ, करूँगी,'' उसने हठपूर्वक कहा।

''पर क्यों ऐसा करोगी?'' मैं उसे शबर सेवा समिति के दफ्तर तक ले आई। उसकी माँ

**शिक्षण–संकेत –** पाठ पढ़ाने के पूर्व आदिवासियों के जीवन, चरित्र आदि पर चर्चा करें। कहानी को विराम चिह्नों और ह्रस्व–दीर्घ को ध्यान में रखकर प्रवाहपूर्वक पढ़ने का अभ्यास कराएँ। मोइना के चरित्र पर चर्चा करते हुए प्रसंग को बालिका शिक्षा से जोड़ें। छात्राओं को मोइना की तरह जिज्ञासु, निडर एवं स्वाभिमानी बनने के लिए प्रेरित करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



'खीरी' वहाँ एक टोकरी बुन रही थी।

''चलो, थोड़ा आराम कर लो''— मैंने कहा।

''क्यूँ?'' उसने फिर कहा।

''क्यूँ नहीं? थकी नहीं हो क्या?'' मैंने पूछा।

मोइना ने नकारते हुए सिर हिलाते हुए कहा— ''बाबू की बकरियाँ कौन घर लाएगा? और लकड़ी लाना, पानी लाना, चिड़िया पकड़ने का फंदा लगाना, सब कौन करेगा?''

उसके इन प्रश्नों को सुनकर मैं कुछ सोचने लगी।

खीरी ने उससे कहा— ''बाबू ने जो चावल भेजा है, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना न भूलना।''

''क्यूँ? क्यूँ दूँ उसे धन्यवाद? उसकी गोशाला धोती हूँ, हजारों काम करती हूँ उसके लिए। कभी धन्यवाद देता है मुझे? मैं क्यूँ उसे धन्यवाद दूँ?''

मोइना अपने काम पर भाग गई। खीरी सिर हिलाती रह गई। फिर मुझसे बोली— ''ऐसी लड़की नहीं देखी कभी। बस क्यूँ! क्यूँ! की रट लगाए रहती है। गाँव के पोस्टमास्टर ने तो उसका नाम ही 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया है।''

''मोइना मुझे तो अच्छी लगती है,'' मैंने खीरी से कहा।

''इतनी जिद्दी है कि एक बात पकड़ ले तो उससे हटती नहीं,'' खीरी ने कहा। मोइना आदिवासी लड़की थी; शबर जाति की। शबर लोग गरीब और भूमिहीन थे। पर शबर कभी शिकायत करते सुनाई नहीं देते थे। सिर्फ मोइना ही थी जो सवाल–पर–सवाल करती जाती।

''क्यूँ मुझे मीलों चलना पड़ता है नदी से पानी लाने के लिए? क्यूँ रहते हैं हम पत्तों की झोंपड़ी में? हम दिन में दो बार चावल क्यूँ नहीं खा सकते?''

मोइना गाँव के संपन्न लोगों की बकरियाँ चराया करती थी। न तो वह अपने को दीन–हीन समझती थी, न ही मालिकों का अहसान मानती थी। वह अपना काम करती, काम खत्म होने पर घर आ जाती और बुदबुदाती रहती— ''क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं? मैं तो बढ़िया खाना खाऊँगी। शाम को हरे पत्तेवाली भाजी (साग) और चावल और केकड़े मिर्चीवाले। सभी घरवालों के साथ बैठकर खाऊँगी।''

वैसे शबर अपनी लड़कियों को आम तौर पर काम पर नहीं भेजते। पर मोइना की माँ, खीरी, एक पाँव से लँगड़ी थी। वह ज्यादा चल–फिर नहीं सकती थी। उसके पिता काम की तलाश में दूर, जमशेदपुर गए थे और उसका भाई, गोरो, जलाऊ लकड़ी लेने जंगल जाता था। सो मोइना को भी काम करना पड़ता था।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उस अक्टूबर में मैं 'शबर सेवा समिति' के दफ्तर में पूरा एक माह रुकी। एक सुबह मोइना ने घोषणा की कि वह समितिवाली झोंपड़ी में मेरे साथ रहेगी।

''बिल्कुल नहीं'' खीरी ने कहा।

''क्यूँ नहीं? इतनी बड़ी झोंपड़ी है। एक बुढ़िया के लिए कितनी जगह चाहिए?''

''तुम्हारे काम का क्या होगा?'' मैंने उससे पूछा।



''काम के बाद आया करूँगी'', उसने तुरंत ही अपना निर्णय सुना दिया। और वह एक जोड़ी कपड़े तथा एक नेवले के साथ आ पहुँची।

''यह बस जरा–सा खाना खाता है और बुरे साँपों को दूर भगा आता है,'' उसने कहा।

''अच्छेवाले साँपों को मैं पकड़कर माँ को दे देती हूँ। क्या बढ़िया तरीवाला साँप (साग) बनाती है माँ। तुम्हारे लिए भी थोड़ा लाऊँगी।''

समिति के विद्यालय की शिक्षिका, मालती ने मुझसे कहा– '' आप तो तंग आ जाएँगी इसकी क्यूँ–क्यूँ सुनते–सुनते।''

और वाकई, वह अक्टूबर ऐसा बीता कि पूछो मत। ''क्यूँ, मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं? उसके लड़के खुद क्यूँ नहीं चराते? मछलियाँ बोल क्यूँ नहीं पातीं? अगर कई तारे सूरज से बड़े हैं तो वे इतने छोटे क्यूँ नजर आते हैं?'' और ''हर रात को तुम सोने के पहले किताबें क्यूँ पढ़ती हो?''

'' इसलिए कि किताबों में तुम्हारी क्यूँ–क्यूँ के जवाब मिलते हैं,'' मैंने उसे उत्तर दिया।

यह सुन वह चुप रही। उसने कमरा ठीक–ठाक किया। फूलोंवाले पौधे को पानी दिया, नेवले को मछली दी। फिर उसने कहा– '' मैं पढ़ना सीखूँगी और अपने सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़ निकालूँगी।''

जो–जो वह मुझसे सीखती, वह बकरियाँ चराते समय दूसरे बच्चों को बताती। ''कई तारे तो सूरज से भी बड़े हैं, सूरज पास है इसलिए बड़ा दिखता है। मछलियाँ हमारी तरह बातें नहीं करतीं। मछलियों की अपनी भाषा है, जो सुनाई नहीं देती। तुम्हें पता है पृथ्वी गोल है?''

एक साल बाद जब मैं उस गाँव में दुबारा पहुँची, तो सबसे पहले मोइना की आवाज ही सुनाई दी।

''स्कूल क्यूँ बंद है?'' समिति के स्कूल के अंदर एक मिमियाती बकरी को अपने साथ घसीटते हुए वह मालती से ललकारने जैसी आवाज में पूछ रही थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



"क्या मतलब है तुम्हारा, क्यों बंद है कहने का?"

"तो तुम्हें रोक कौन रहा है?"

"पर कोई कक्षा ही नहीं लगी। कहाँ पढ़ूँ?"

"स्कूल का समय पूरा हो चुका है।"

"क्यूँ?" उसने फिर प्रश्न किया।

"तुम जानती हो मोइना, मैं सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक कक्षा लगाती हूँ।"

मोइना ने पाँव पटकते हुए कहा—"तुम समय बदल क्यूँ नहीं देती? मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी होती हैं सुबह; मैं तो केवल ग्यारह बजे के बाद ही आ सकती हूँ। तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से? मैं बूढ़ी माँ को बता दूँगी कि बकरी चरानेवाले या गाय चरानेवाले, हम लोगों में से कोई भी नहीं आ सकेगा, अगर स्कूल का समय नहीं बदला तो।"

तभी उसने मुझे देखा और अपनी बकरी ले नौ दो ग्यारह हो गई।

शाम को घूमते–घूमते मैं मोइना की झोंपड़ी पर गई। मोइना चौके के पास मजे–से बैठी, अपनी छोटी बहन और बड़े भाई को बता रही थी। "एक पेड़ काटो तो दो पेड़ लगाओ। खाने के पहले हाथ धोओ, जानते हो क्यूँ? पेट दर्द हो जाएगा, अगर नहीं धोओगे तो। तुम कुछ नहीं जानते। जानते हो क्यूँ? क्योंकि तुम स्कूल नहीं जाते।"

गाँव में जब प्राइमरी स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

मोइना अब बीस साल की है। वह समिति के स्कूल में पढ़ाती है। अगर तुम उसके स्कूल के पास से गुजरो तो निश्चित ही तुम्हें उसकी आवाज सुनाई देगी— "आलस मत करो। मुझसे सवाल करो। पूछो, क्यूँ मच्छरों को खत्म करना चाहिए? ध्रुवतारा हमेशा उत्तर की ओर के आकाश में ही क्यूँ रहता है? पेड़ क्यूँ नहीं काटने चाहिए?"

और दूसरे बच्चे भी अब पूछना सीख रहे हैं—"क्यूँ?"

वैसे मोइना को पता नहीं है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। अगर उसे पता चल जाए तो कहेगी, "क्यूँ? मेरे ही बारे में क्यूँ?"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हठपूर्वक | – | जिद करके | नकारना | – | मना करना |
| बुदबुदाना | – | धीरे–धीरे बोलना | दुबारा | – | ...................... |
| ललकारना | – | ...................... | दाखिल | – | .................... |
| वाकई | – | वास्तव में | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उपरोक्त शब्दार्थों में से कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(भर्ती, दूसरी बार लड़ने के लिए उकसाना)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** मोइना द्वारा पूछे गए 'क्यूँ–क्यूँ वाले' प्रश्नों को लिखो।

**प्रश्न 2.** मोइना ने स्कूल का समय बदलने के लिए क्या–क्या तर्क दिए?

**प्रश्न 3.** मोइना के भाई और पिता के बारे में पाठ में क्या बताया गया है?

**प्रश्न 4.** अगर तुम्हें किसी व्यक्ति को बताना हो कि मोइना कैसी लड़की थी, तो तुम उसके बारे में क्या बताओगे/बताओगी ?

**प्रश्न 5. नीचे लिखे वाक्यों को पाठ के घटनाक्रम अनुसार लिखो–**

क. वह साँप का पीछा कर रही थी ।

ख. गाँव में जब स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

ग. पोस्टमास्टर ने उसका नाम 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया।

घ. एक जोड़ी कपड़े और नेवले के साथ आ पहुँची।

**प्रश्न 6. नीचे मोइना के द्वारा कहे गए वाक्य उद्धृत हैं। इन वाक्यों से मोइना के चरित्र की क्या विशेषताएँ प्रकट होती हैं?**

क. "मैं पढ़ना सीखूँगी और सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़कर निकालूँगी।"

ख. "तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से?"

**प्रश्न 7. नीचे लिखे प्रश्नों के तीन–तीन उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर लिखो।**

क. मोइना पढ़ना चाहती थी, क्योंकि पढ़–लिखकर वहः–

1. नौकरी करना चाहती थी।
2. वह अपने प्रश्नों के उत्तर स्वयं खोजना चाहती थी।
3. वह आस–पड़ोस की लड़कियों को पढ़ाना चाहती थी।

ख. 'क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं?' इस सोच से मोइना के चरित्र के किस गुण का पता लगता है?

1. घमंड 2. आत्मसम्मान 3. क्रोध

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 8. नीचे लिखे कथनों में जो सही हों उनके सामने ✓ और जो गलत हों उनके सामने × का चिह्न लगाओ।**

क. मोइना आदिवासी लड़की थी। ( )

ख. मोइना का नेवला बुरे साँपों को मारता है। ( )

ग. शबर लोग आमतौर पर लड़कियों को काम पर भेजते हैं। ( )

घ. मोइना की माँ, खीरी, तरीवाली सब्जी नहीं बनाती। ( )

ङ. मोइना को पता है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। ( )

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों को क्या, किसका, कितनी, कितने, क्यों का प्रयोग करते हुए प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलो। एक शब्द का प्रयोग एक बार ही करो।**

क. उसने फिर कहा।

ख. एक बुढ़िया को जगह चाहिए।

ग. मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं।

घ. आकाश में तारे नजर आते हैं।

ङ. उसने खाना बनाया।

**इस वाक्य को पढ़ो–**

"वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग"– मैंने उससे कहा।

'धामन' तो साँप की एक जाति है, लेकिन 'वामन' का क्या अर्थ है? 'वामन' यहाँ निरर्थक शब्द है। हम प्रायः बातों में कह देते हैं– मुझे स्कूल–फिस्कूल कहीं नहीं जाना है। दाल–वाल का झंझट छोड़ो। ऐसे संयुक्त शब्दों में दूसरा शब्द निरर्थक रहता है।

**प्रश्न 2. इसी प्रकार के दो संयुक्त शब्द लिखो और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए उदाहरणों में से विशेष्य और विशेषण को अलग–अलग करके लिखो –**

क. भोली लड़की ख. काला साँप

ग. सुंदर टोकरी घ. चमकीला सूरज

- एक वस्तु को कई नामों से जाना जाता है। पानी को 'जल' और 'नीर' भी कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4 इसी प्रकार पेड़ और सूरज के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5. नीचे लिखे शब्दों के साथ दिए गए प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।**

क. अकड़ + बाज़ ख. गाड़ी + वान

ग. जान + दार घ. कलम + दान

ङ. साँप + इन

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों के तत्सम रूप लिखो–**

साँप, चमड़ा, सिर, सूरज, पत्ता, भाई।

## रचना

- शिक्षिका बनने के बाद मोईना ने गाँव के बच्चों की शिक्षा के लिए क्या–क्या कार्य किए होंगे? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- शासन द्वारा आदिवासियों के जीवन को सुधारने के बहुत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को अपने शिक्षक/अभिभावक से जानो।
- जब कक्षा में तुम्हारे मन में कुछ प्रश्न उठते है तो तुम शिक्षक से प्रश्न पूछते हो या डरते हो। हमें शिक्षक से प्रश्न क्यों पूछना चाहिए।
- यदि तुम शिक्षक होते तो इस पाठ को पढ़ाने के बाद अपने बच्चों से क्या–क्या प्रश्न पूछते? उसकी सूची बनाओ।

5B741H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SH73TH

पाठ – 8

# jfld ds nkgs

भूमिका :– तइहा जुग ले कविता में नीति कर गोएठ कहे कर चलन हवे। कबीर, तुलसी रहीम ये कवि मन नीति कर दोहा लिखे हवें। हमर सरगुजिहा कवि श्री रामप्यारे रसिक सरगुजिहा बोली में दोहा लिखे आहें। जेमें निरोग, दया–परेम, बढ़िया संगत, विदया,मीठ बोली, सचाई, धरम अउ पाप, दाई दाउ अउ गुरू कर महीमा कर सुघर बखान करिन आंहें ये पाठ कर दोहा मन ला पएढ़ के अपन जिनगी में उतारेक चाही।

1. बड़े बिहाने जे उठे,
फरी हवा जे खाय।
रसिक करे असनान जे,
ओकर रोग नसाय।

2. दया करे सब जीव पर,
बॉटे सब ला पियार।
ओकर गुन गाथे रसिक,
जुग–जुग ले संसार।

3. बढ़ियां संगत से सदा,
बढ़त है गुन–गियान।
बढ़ियां से संगत करा,
कहथें रसिक सियान।

6. सच्चा जे बोले इहां,
रहे झूट से दूर।
ओला सुख मिलथे रसिक,
दुनियॉ में भरपूर।

7. बिदया धन के सामने,
सब धन लागे धूल।
बिन बिदया लागे रसिक,
वो मइनसे परसूल।

8. धरम करे ले धन बढ़े,
पाप करे धन जाय।
यही बात बोलिन रसिक,
पुरखामन समझाय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



4. सिकछा से संसार में,
मिलथे आदर—मान।
बिन सिकछा जाना रसिक,
मइनसे पसू समान।

5. मीठ बचन बोले सदा,
समझे सब ला मीत।
वही रसिक संसार ला,
लेही जाना जीत।

9. एक बीधाता कर हवे,
सिरजल ये संसार।
भाई—भाई सब रसिक,
मन में रहे बिचार।

10. दाई—दाउ—गुरू तीन के,
समझे देव समान।
रसिक त पाथे बिन कहे,
दुनियां में सममान।

## 'kCnkFkZ

फरी = शुद्ध। नसाय = नष्ट होना। गुन = गुण। गियान = ज्ञान। संगत = साथ। करा = कीजियें। सिकछा = शिक्षा। मीठ = मधुर। मीत = हितैषी। इंहां = यहां। ओला = उसको। परसुल = सबजी काटने वाला औजार। पुरखा मन = पुर्वज लोग। सिरजल = बनाया हुआ। पाथें = पातें है।

## iz'u vm vH;kl

### xfrfof/k %&

गुरूजी कक्षा ला दुई दल में बांटे । तेकर लरिका मन ला परसन पुछा—पुछी करूवावें। तेकर गुरूजी घलो मुखागर परसन पुछें। थोरकन प्रश्न ये नियर होय सकथे —

क. ये दोहा मन ला लिखोइया कोन हवें ?

ख. ये दोहा मन कोन बोली में लिखल आहे ?

### ck/k iz'u

iz'u02— खालहे लिखल परसन मन कर उत्तर लिखा —

1. असनान करे ले का फयदा होथे ?
2. संसार काकर गुन गाथें ?
3. बढ़िया संगत ले का मिलथे ?
4. बिन सिकछा कर मइनसे कइसे होथें ?
5. धरम करे ले का बाढ़थे अउ का करे ले का घटथे ?
6. कवि हर कोन कोन ला देव समान कहीस हे ?

iz'u02— ये दोहा मन कर अरथ लिखा —

1. बडे बिहाने जे उठे, फरी हवा जे खाय
रसिक करे असनान जे, ओकर रोग नसाय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2. धरम करे ले धन बढ़े, पाप करे धन जाय
   यही बात बोलिन रसिक, पुरखा मन समझाय।
3. दाई–दाउ–गुरू तीन के, समझे देव समान
   रसिक त पाथे बिन कहे, दुनियां में  सममान।

i;'u 03 – दोहा ला पूरा करा –

क. मीठ बचन ............................................................ ।
   ........................................................ लेही जाना जीत।

ख. बिदया धन के ...................................................... ।
   ........................................................ ओ मइनसे परसूल।

i;'u 04 – पाठ कर दोहा में ले ओ पँाएत ला लिखा जे में –

1. सच बोले कर फयदा बतावल गईस हवे।
2. दाई–दाउ–गुरू कर महीमा बतावल गइस हवे।

Hkk"kk rRo vm C;kjdj.k

xfrfof/k – गुरूजी थोर कन दोहा ला लरिका मन ला बोएल के लिखवावें। तेकर कांपी ला आदला बदली कइर के लरिका मन ला जांचे बर कहें –

i;'u 5- एक जइसन तुक दोहा में ले छांएट के लिखा–
   जइसेः– खाय–नसाय

i;'u 6- खाल्हे लिखल सबद मन ला सरगुजिहा बोली में का कहथें ?अपन वाक्य में परयोग करा –
   अच्छा, सुबह, बुजुर्ग, पुर्वज, माता–पिता।

i;'u 7- खाल्हे लिखल सबद मन कर उल्टा सबद लिखा –
   नसाय, सच्चा, धरम, मीठ, देव।

i;'u 8- ये सबद मन कर सरगुजिहा बोली में दुई–दुई ठन आने सबद लिखा –
   मइनसे, संगता, दया ।

;kX;rk c<kok& कोनो सरगुजिहा कवि कर कविता खोयझ के लिखा ।

f'k{k.k ladsr %&

SHFYV5

– गुरूजी दोहा मन ला लय अउ गति ले पढ़े । तेकर लरिका मन ला दोहरूवावें
– लरिका मन ला पढ़े बर कहें।
– नान–नान प्रश्न पुइछ के अरथ ला सहज सरल बनावें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–9

# श्रम के आरती

– भगवती लाल सेन

हमन मिहनत करइया मनखे अन। हमला कोनो ले डर्राय के बात नइहे। हमन ये पाय के मिहनत करथन ताकि संसार ल सुख मिलय। ये कविता म छत्तीसगढ़िया मन के इही भाव ल बताय गे हे।

**पाठ ले हम सीखबोन–** छत्तीसगढ़ी के नवा शब्द अउ हिन्दी म ओकर अरथ। छत्तीसगढ़ी हाना ओकर अर्थ अउ प्रयोग।

काबर डर्राबोन कोनो ल, जब असल पसीना गारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।
चाहे कोनों हाँसे–थूँके, रद्दा के काँटा चतवारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
कल अउ कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जांगर वाला जागत हावय।



दुनिया के सुख बर दुख सहिके, पथरा ले तेल निकारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।
सुस्ता के अमरित–कुंड आज हम, गजब जतन ले झारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।


**शिक्षण–संकेतः–** पाठ ल पढ़ाय के पहिली छत्तीसगढ़ के जन–जीवन उपर चरचा करँय। मजदूर अउ किसान मन के महिनत के महत्तम बतावत लइका मन ल पाठ ले जोड़ँय। कविता ल लय के साथ गावँय अउ लइका मन ल दुहराय बर कहँय, तेकर पाछू भाव–बोध करावँय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नइ थकिस कभू चंदा–सुरुज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।
जम्मो मनखे बर एक नीत, सुनता–मसाल हम बारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।



## कठिन शब्द मन के हिन्दी अरथ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काबर | – | क्यों | डर्राबोन | – | डरेंगे |
| कोनों | – | किसी, कोई | जम्मो | – | सब कुछ |
| चतवारत | – | साफ करना | करिया | – | काला |
| जतका | – | जितना | पोंगा | – | भोंपू |
| जागत | – | सचेत | कस | – | जैसे |
| बूता | – | काम | अस | – | ऐसे |
| नांगर | – | हल | भुइयाँ | – | जमीन |
| जतन | – | युक्ति | गजब | – | बहुत |
| झारत | – | निकालना | भरम | – | भ्रम |
| परघाए बर | – | अगवानी करने के लिए | | | |
| कल | – | मशीन, बीते/आनेवाला दिन | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कविता का भावार्थ

हम किसी से क्यों डरेंगे? हम अपने सुखद भविष्य के लिए कठोर परिश्रम कर पसीना बहा रहे हैं। चाहे कोई हमारी हँसी उड़ाए, हम रास्ते की रुकावटों–बाधाओं को दूर करने में लगे हुए हैं। कल–कारखानों से आनेवाली भोंपू की आवाज हमें जागने एवं परिश्रम करने का संदेश दे रही है। हम कठिन परिश्रम इसलिए कर रहे हैं ताकि संसार को सुख मिले। खेतों में निरंतर कार्य करने के कारण हमारा सुंदर शरीर काला पड़ गया है किन्तु हमें इसकी चिंता नहीं है। हमारी मेहनत का ही नतीजा है कि धरती पर हरियाली है और भरपूर अन्न का उत्पादन हो रहा है। आज हम अपने इसी परिश्रम के फलस्वरूप प्राप्त खुशहाली का आनंद ले रहे हैं। हम देख रहे हैं कि सूर्य और चंद्रमा बिना थके निरंतर अपने रास्ते पर चलते रहते हैं और उजियाला फैलाते रहते हैं। सचमुच संसार में अच्छे कार्य करनेवालों का ही नाम अमर होता है, इसमें किसी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है। हम छत्तीसगढ़वासी चाहते हैं कि सभी मनुष्य एक नीति के मार्ग पर चलें इसीलिए हम सलाह–मशवरा कर एकता रूपी मशाल जला रहे हैं।

## प्रश्न अउ अभ्यास

### गतिविधि

. शिक्षक लइका मन ल दू दल म बाँट के एक–दूसर ले मुँहअँखरा प्रश्न पूछय ल कहँय। प्रश्न अइसन हो सकत हें–

क. 'श्रम के आरती' कविता के कवि के नाव बतावव।

ख. हमला कोनो ले काबर नइ डरना चाही ?

ग. छत्तीसगढ़वासी मन श्रम के आरती काबर उतारत हें ?

### बोधप्रश्न

**प्रश्न 1. खाल्हे लिखाय प्रश्न मन के उत्तर लिखव–**

क. 'श्रम के आरती उतारत हन' के का अर्थ हे ?

ख. मिल के पोंगा ह हाँक पार के का कहत हे ?

ग. दुनिया ल सुखी बनाय बर छत्तीसगढ़ के मनखे मन का करत हे ?

घ. भुइयाँ कइसे हरिया जाथे ?

ङ. कवि के अनुसार काकर नाव अमर हो जाथे ?

**प्रश्न 2. ये पंक्ति मन के अरथ स्पष्ट करव–**

क. कल अउर कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जाँगर वाला जागत हावय।।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ख. सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।।

ग. नइ थकिस कभू चन्दा–सुरूज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।।

**प्रश्न 3.खाल्हे लिखाय भाव कविता के जेन पंक्ति में आय हे, ओ पंक्ति ल छाँट के लिखव–**

क. संसार के सुख के खातिर हमन दुख सहिके कड़ा महिनत करत हन।

ख. हमन अमरित कुंड ले बड़ जतन करके अमरित निकालत हन।

ग. जम्मो मनखे बर एक नीत बने, ये सोचके हमन सुनता के मसाल बारत हन।

## भाषातत्व अउ व्याकरण

**प्रश्न 1.खाल्हे लिखाय मुहावरा मन के अरथ लिखव–**

श्रम के आरती, पसीना–गारना, पथरा ले तेल निकालना, जाँगरवाला, भरम के बहिरासू, सुनता–मसाल।

**प्रश्न 2.खड़ी बोली म समान अरथ वाला शब्द लिखव–**

सुरुज, अउर, पथरा, माटी, करिया, भुइयाँ, अमरित, मनखे, जतन, गुनवान, अवगुन, नीत, नाव।

प्रश्न 3. पाठ म आय अइसन शब्द मन ल छाँट के लिखव जेकर उल्टा अर्थ वाला शब्द घलो कविता म आय हे, जइसे– सुख–दुख।

## योग्यता विस्तार

- छत्तीसगढ़ के कोनो कवि के कोई कविता या गीत खोज के लिखव अउ याद करव।

## गतिविधि

क. कक्षा म कोई छत्तीसगढ़ी लोकगीत सुनावव।

ख. शिक्षक कक्षा ल दू दल म बाँट देवँय। दूनों दल के लइका मन एक–दूसर ले ''जनउला'' पूछे के खेल खेलँय।

5C8H8H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–10

# सुनीता की पहिया कुर्सी



सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही। वह सोच रही थी कि आज उसे क्या–क्या काम करने हैं। उसे याद आया कि आज तो बाजार जाना है। सोचते ही उसकी आँखों में चमक आ गई। सुनीता आज पहली बार अकेले बाजार जाने वाली थी।



उसने अपनी टाँगों को हाथ से पकड़ कर खींचा और उन्हें पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई अपनी पहिया कुर्सी तक बढ़ी। सुनीता चलने–फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती है। आज वह सभी काम फुर्ती से निपटाना चाहती थी। हालाँकि कपड़े बदलना, जूते पहनना आदि उसके लिए कठिन काम हैं। पर अपने रोजाना के काम करने के लिए उसने स्वयं ही कई तरीके ढूँढ निकाले हैं।



आठ बजे तक नहा–धो कर तैयार हो गई।

माँ ने मेज पर नाश्ता लगा दिया था। ''माँ अचार की बोतल पकड़ाना'', सुनीता ने कहा।

''अल्मारी में रखी है। ले लो'', माँ ने रसोईघर से जवाब दिया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



सुनीता खुद जाकर अचार ले आई। नाश्ता करते–करते उसने पूछा, ''माँ, बाजार से क्या–क्या लाना है? ''

''एक किलो चीनी लानी है। पर क्या तुम अकेले सँभाल लोगी?''

''पक्का'', सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा ।

सुनीता ने माँ से झोला और रूपए लिए। अपनी पहिया कुर्सी पर बैठकर वह बाजार की ओर चल दी।

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता है। चूँकि आज छुट्टी है इसलिए हर जगह बच्चे खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुनीता थोड़ी देर रूक कर उन्हें रस्सी कूदते, गेंद खेलते देखती रही। वह थोड़ी उदास हो गई। वह भी उन बच्चों के साथ खेलना चाहती थी। खेल के मैदान में उसे एक लड़की दिखी, जिसकी माँ उसे वापिस लेने के लिए आई थी। दोनों एक–दूसरे को टुकुर–टुकुर देखने लगे।





फिर सुनीता को एक लड़का दिखा। उस बच्चे को बहुत सारे बच्चे''छोटे–छोटू'' बुलाकर चिढ़ा रहे थे। उस लड़के का कद बाकी बच्चों से बहुत छोटा था। सुनीता को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगा।

रास्ते में कई लोग सुनीता को देखकर मुस्कुराए, जबकि वह उन्हें जानती तक नहीं थी। पहले तो वह मन ही मन खुश हुई परंतु फिर सोचने लगी,'' ये सब लोग मेरी तरफ भला इस तरह क्यों देख रहे हैं?

खेल के मैदान वाली छोटी लड़की सुनीता को दोबारा कपड़ों की दुकान के सामने खड़ी मिली। उसकी माँ कुछ कपड़े देख रही थी।

''तुम्हारे पास यह अजीब सी चीज क्या है?'' उस लड़की ने सुनीता से पूछा।

'' यह तो बस एक ........., '' सुनीता जवाब देने लगी परंतु उस लड़की की माँ ने गुस्से में आकर लड़की को सुनीता से दूर हटा दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''इस तरह का सवाल नहीं पूछना चाहिए फरीदा। अच्छा नहीं लगता।'' माँ ने कहा ।

''मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ'' सुनीता ने दुखी होकर कहा। उसे फरीदा की माँ का व्यवहार समझ में नहीं आया।

अंत में सुनीता बाजार पहुँच गई। दुकान में घुसने के लिए उसे सीढ़ियों पर चढ़ना था। उसके लिए यह कर पाना बहुत मुश्किल था। आसपास कि सब लोग जल्दी में थे। किसी ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

अचानक जिस लड़के को ''छोटू'' कहकर चिढ़ाया या रहा था वह उसके सामने आकर खड़ा हो गया।

''मैं  अमित हूँ'' उसने अपना परिचय दिया'', क्या मै तुम्हारी कुछ मदद करूँ?''

''मेरा नाम सुनीता है'', सुनीता ने राहत की साँस ली और मुस्कुराकर बोली,'' पीछे के पैडिल को पैर से जरा दबाओगे?''

''हाँ, हाँ जरूर कहते हुए अमित ने पहिया–कुर्सी को टेढ़ा करके उसके  अगले पहियों को पहली सीढ़ी पर रखा। फिर उसने पिछले पहियों को भी ऊपर चढ़ाया। सुनीता ने अमित को धन्यवाद दिया और कहा,'' अब मैं दुकान तक खुद पहुँच सकती हूँ।''




दुकान में पहुँचकर सुनीता ने एक किलो चीनी माँगी। दुकानदार उसे देखकर मुस्कराया। चीनी की थैली पकड़ने के लिए उसने हाथ आगे बढ़ाया ही था कि दुकानदार ने थैली उसकी गोदी में रख दी। सुनीता ने गुस्से से कहा ,'' मैं भी दूसरों की तरह खुद अपने आप सामान ले सकती हूँ।''

उसे दुकानदार का व्यवहार बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। चीनी लेकर सुनीता और अमित बाहर निकले।

''लोग मेरे साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि मैं कोई अजीबोगरीब लड़की हूँ।'' सुनीता ने कहा ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''शायद तुम्हारी पहिया कुर्सी के कारण ही वे ऐसा व्यवहार करते हैं।'' अमित ने कहा।

''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती। इस पहिया कुर्सी के पहियों को घुमाकर ही मैं चल–फिर पाती हूँ लेकिन फिर भी मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ। मैं वे सारे काम कर सकती हूँ जो दूसरे बच्चे  कर सकते हैं'' सुनीता ने कहा।

अमित ने अपना सिर ना में हिलाया और कहा,'' मैं भी वे सारे काम कर सकता हूँ जो दूसरे बच्चे कर सकते हैं। पर मैं भी दूसरे बच्चों से अलग हूँ। इसी तरह तुम भी अलग हो।''

सुनीता ने कहा, '' नहीं! हम दोनों दूसरे बच्चों जैसे ही हैं।''

अमित ने दोबारा अपना सिर ना में हिलाया और कहा, '' देखो तुम पहिया कुर्सी पर बैठकर चलती हो। मेरा कद बहुत छोटा है। हम दोनों ही बाकी लोगों से कुछ अलग है।''

सुनीता कुछ सोचने लगी। उसने अपनी पहिया कुर्सी आगे  की ओर खिसकाई।  अमित भी उसके साथ–साथ चलने लगा।

सड़क पार करते समय सुनीता को फरीदा फिर नजर आई। इस बार फरीदा ने कोई सवाल नहीं पूछा। अमित झट से सुनीता की पहिया कुर्सी के पीछे चढ़ गया। फिर दोनों पहिया –कुर्सी पर सवार होकर तेजी से सड़क पर आगे बढ़े। फरीदा भी उनके साथ–साथ दौड़ी । इस बार भी लोगों ने उन्हें घूरा परन्तु अब सुनीता को उनकी परवाह नहीं थी।



## कहानी  से

1. सुनीता को सब लोग गौर से क्यों देख रहे थे ?
2. सुनीता को दुकानदार का व्यवहार क्यों बुरा लगा?

## मजेदार

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता हैं।

(क) तुम्हारे विचार से सुनीता को सड़क देखना अच्छा क्यों लगता होगा?

(ख) अपने घरा के आसपास की सड़क को ध्यान से देखों और बताओं –

1. तुम्हें क्या–क्या चीजें नजर आती हैं?
2. लोग क्या–क्या करते हुए नजर आते है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## मनाही

फरीदा की माँ ने कहा, '' इस तरह के सवाल नहीं पूछने चाहिए।''

फरीदा पहिया कुर्सी के बारे में जानना चाहती थी पर उसकी माँ ने उसे रोक दिया।

1. माँ ने फरीदा को क्यों रोक दिया होगा?

2. क्या फरीदा को पहिया कुर्सी के बारे में नहीं पूछना चाहिए था? तुम्हें क्या लगता है?

3. क्या तुम्हें भी कोई काम करने या कोई बात कहने से मना किया जाता है? कौन मना करता है? कब मना करता हैं?

## मै भी कुछ सकती हूँ

(क) यदि सुनीता तुम्हारी पाठशाला में आए तो उसे किन–किन कामों में परेशानी आएगी?

(ख) उसे यह परेशानी न हो इसके लिए अपनी पाठशाला में क्या तुम कुछ बदलाव कर सकते हो?

## प्यारी सुनीता

सुनीता के बारे में पढ़कर तुम्हारे मन में कई सवाल और बातें आ रही होंगी। वे बातें सुनीता को चिट्ठी लिखकर बताओ।

..................................................

..................................................

..................................................

प्रिय सुनीता,......

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

तुम्हारी

..................................................

..................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कहानी से आगे

सुनीता ने कहा, ''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती।''

(क) सुनीता अपने पैरों से चल–फिर नहीं सकती। इसी तरह तुमने कुछ ऐसे बच्चो के बारे में पढ़ा होगा जो देख नहीं सकते फिर स्कूल आते हैं किताबें पढ़ लेते हैं

- वे किस तरह की किताबें पढ़ सकते हैं?
- उस तरह की किताबों के बारे में सबसे पहले किसने सोचा?

(ख) तुम आस–पास कुछ ऐसे लोगों के बारे में भी बात की गई है जो सुन–बोल नहीं सकते हैं।

- क्या तुम ऐसे किसी बच्चे को जानते हो जो सुन–बोल नहीं सकता?
- तुम उसे किस तरह से अपनी बात समझाते हो?

## मेरा आविष्कार

सुनीता जैसे कई बच्चे हैं। इनमें से कुछ देख नहीं सकते तो कुछ बोल या सुन नहीं सकते। कुछ बच्चों के हाथों में परेशानी है, तो कुछ चल नहीं सकते।

तुम ऐसे ही किसी एक बच्चे के बारे में सोचो। उसके परेशानियों एवं चुनौतियाँ भी सोचो। उस चुनौती का सामना करने के लिए तुम क्या आविष्कार करना चाहोगे? उसके बारे में सोचकर बताओ कि

- तुम वह कैसे बनाओगे?
- उसे बनाने के लिए किन चीज़ों की ज़रूरत होगी?
- वह चीज़ क्या–क्या काम कर सकेगी?
- उस चीज़ का चित्र भी बनाओ।

5CREBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–11

# महामानव

5D1ADF

— अनवार आलम

इस कहानी के द्वारा महापुरुषों की पहचान बताने का प्रयास किया गया है। महापुरुष चमत्कार या अलौकिक कार्यों के करने से ही नहीं बनते बल्कि वे अपने जीवन में आनेवाले छोटे–छोटे अवसरों पर किए गए कार्यों से अपनी महानता स्थापित करते हैं। इस पाठ में हजरत मोहम्मद की महानता का प्रसंग पढ़ो।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** क्रिया शब्द, विशेषण से संज्ञा शब्द बनाना, पुनरुक्त शब्दों का प्रयोग, उत्तर पढ़कर उन पर प्रश्न बनाना, विलोम शब्द।

आज से लगभग चौदह सौ साल पहले की बात है। अरब के नखलिस्तान में एक गरीब बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। बहुत–सी लकड़ियाँ इकट्ठी हो जाने पर उसने उनका एक गट्ठा बना लिया। गट्ठा काफी वजनी था। निरंतर प्रयत्नों के बाद भी उस गट्ठे को बुढ़िया अपने सिर पर नहीं उठा पाई। हताश होकर सहायता के लिए इधर–उधर देखने लगी किन्तु उसे दूर–दूर तक कोई नज़र नहीं आया। लंबे समय के पश्चात् सामने से एक अजनबी आता हुआ दिखाई दिया।

बुढ़िया ने उसे सहायता के लिए पुकारा, "बेटा! जरा हाथ लगाकर यह गट्ठा मेरे सिर पर रख दे। लकड़ियाँ अधिक हो गई हैं जिसके कारण मैं अकेली इसे उठा नहीं पा रही हूँ। मेरी सहायता कर। अल्लाह तेरा भला करेगा।"

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, "अम्माँ! तू तो बहुत कमजोर है; इतना बड़ा गट्ठा कैसे उठा पाएगी? मैं भी शहर की ओर जा रहा हूँ; ला, इसे मैं उठा लेता हूँ।" बुढ़िया के बार–बार मना करने पर भी राहगीर ने लकड़ियों का गट्ठा अपने कंधे पर उठा लिया और बुढ़िया के साथ–साथ चलने लगा। बुढ़िया उसे दुआएँ देने लगी, "बेटा! अल्लाह तुझे इस उपकार का फल अवश्य देगा।"

राहगीर ने विनम्रता से कहा, "अम्माँ! इसमें उपकार की क्या बात है? यह तो हमारा मानवीय कर्त्तव्य है कि हम बूढ़े, कमजोर और लाचार लोगों की सहायता करें। कर्त्तव्य को उपकार कहकर मुझे शर्मिंदा मत कर।"

**शिक्षण–संकेत–** महान् व्यक्तियों के जीवन–चरित पढ़ने, जानने पर एक बात अवश्य स्पष्ट होती है कि जो व्यक्ति जितना महान् होता है वह उतना ही सरल होता है। उसके व्यक्तित्व में उतनी ही सादगी होती है। राम, कृष्ण या ईसामसीह से लेकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी या हमारे पूर्व राष्ट्रपति कलाम। सभी के व्यक्तित्व में सादगी और व्यवहार में सरलता मिलती है। इनके व्यक्तित्व के इन गुणों की चर्चा करते हुए इस पाठ का अध्यापन करें। अन्य महापुरुषों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का भी उल्लेख करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



राहगीर की बातें सुनकर बुढ़िया गद्‌गद्‌ हो उठी। उसने ममता भरे स्वर में कहा, ''तुम बहुत भले आदमी हो। तुम्हारे विचार कितने अच्छे हैं। बेटा! तुम इस शहर के रहनेवाले नहीं लगते। क्या कहीं बाहर से आए हो?''

राहगीर ने उत्तर दिया, "हाँ अम्मा! अभी कुछ दिन पहले ही इस शहर में आया हूँ।"

"बेटा! तुम इस शहर में नए हो, शायद तुम्हें मालूम नहीं होगा, आजकल हमारे शहर में एक जादूगर आया हुआ है, जो बड़ा खतरनाक है। लोग कहते हैं उसने यहाँ के बहुत–से लोगों को अपने कब्जे में कर लिया है। तुम बड़े भले और दयावान व्यक्ति हो, इसलिए मैं तुम्हें सचेत कर रही हूँ। उस जादूगर से बचकर रहना। कहीं वह तुम्हें भी अपना गुलाम न बना ले।"

''अम्माँ! क्या तूने उसे देखा है'', राहगीर ने विनम्रतापूर्वक उस बुढ़िया से पूछा। बुढ़िया ने कहा, ''नहीं, मैंने उसे नहीं देखा, लेकिन लोगों से उसके बारे में बहुत सुना है।'' बुढ़िया अपनी धुन में कहती चली जा रही थी। ''जानते हो उस जादूगर का नाम क्या है?'' राहगीर ने कहा, "नहीं, मुझे नहीं मालूम।" बुढ़िया ने बताया, ''उसका नाम मोहम्मद है। वह एक बहुत बड़ा जादूगर है; उससे जो भी मिलता है, वह उसका गुलाम बन जाता है। तुम उससे हमेशा बचकर रहना।'' राहगीर शांत मन से उसकी बातें सुनता रहा।

इस तरह बातें करते–करते वे दोनों शहर तक आ गए। शहर में चारों ओर बड़ी चहल–पहल थी। राहगीर अपने कंधे पर लकड़ी का गट्‌ठा उठाए चुपचाप उस बुढ़िया के साथ चल रहा था। रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे। चलते–चलते एक मोड़ पर बुढ़िया का घर आ गया। बुढ़िया ने कहा, ''बस वो सामनेवाला ही मेरा मकान है।'' राहगीर ने मकान के सामने लकड़ी का गट्‌ठा उतार दिया और बुढ़िया से जाने की अनुमति माँगी।

बुढ़िया ने उस सहायता करनेवाले, दयालु राहगीर को ढेर सारी दुआएँ देते हुए कहा, ''मैं भी कितनी मूर्ख हूँ। इतना लंबा रास्ता तय कर लिया, सारी बातें कर लीं, लेकिन अब तक तुम्हारा नाम नहीं पूछा। बेटा! जाते–जाते अपना नाम बताते जाओ।"

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''रहने दे अम्माँ! मेरा नाम जानकर क्या करेगी? मेरा नाम सुनकर तेरा विश्वास टूट जाएगा।'' बुढ़िया ने हठ करते हुए कहा, ''नहीं, तुम्हें अपना नाम बतलाना ही पड़ेगा।'' बुढ़िया के बहुत आग्रह करने पर राहगीर ने कहा, ''तो सुन, मेरा ही नाम मोहम्मद है। मैं वही आदमी हूँ जिसे तू जादूगर, निर्दयी और न जाने क्या–क्या समझती है।''

इतना सुनते ही बुढ़िया अवाक्‌ रह गई। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि यह सब क्या हो गया। जिसे वह क्या समझती थी, वह क्या निकला? लज्जा से उसका मस्तक झुक गया। वह राहगीर से क्षमा–याचना करने लगी।

राहगीर ने उसे सांत्वना देते हुए कहा, "अम्माँ! अज्ञानतावश कही गई बातों पर लज्जित होने की आवश्यकता नहीं है। अल्लाह बहुत बड़ा है। उस पर विश्वास कर, वो ही क्षमा करने वाला है। वह बड़ा रहमदिल है, सबका पालनेवाला है। उस पर भरोसा रख।'' इतना कहते हुए राहगीर आगे बढ़ गया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बुढ़िया उसे श्रद्धा और स्नेह भरी निगाहों से अपलक देखती रही। उसे क्या मालूम था कि उसकी सहायता करनेवाले और कोई नहीं स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्त्तक हज़रत मोहम्मद थे। वह लज्जा और पश्चाताप की पीड़ा से तड़प उठी और अल्लाह से क्षमा–याचना करने लगी।

## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(बोल न पाना, अनजान या बिना जान पहचानवाला, बिना पलक झपकाए)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हताश | – | निराश | राहगीर | – | रास्ते पर चलनेवाला व्यक्ति |
| सांत्वना | – | दिलासा | अजनबी | – | ...................................... |
| अवाक | – | ...................... | अपलक | – | ...................................... |
| रहमदिल | – | दयालु | प्रवर्त्तक | – | आरंभ करनेवाला |

**टिप्पणी: नखलिस्तान–** मरुस्थली प्रदेश में स्थित हरा–भरा स्थल जहाँ पेड़–पौधे उगते हैं।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. नखलिस्तान में गरीब बुढ़िया क्या कर रही थी ?

प्रश्न 2. बुढ़िया की सहायता करनेवाला कौन था ?

प्रश्न 3. बुढ़िया गट्ठा सिर पर क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

प्रश्न 4. बुढ़िया राहगीर के बारे में पहले से जानती तो क्या वह उसकी सहायता लेती? यदि हाँ तो क्यों और नहीं तो क्यों ?

प्रश्न 5. राहगीर ने लकड़ी का गट्ठा क्यों उठाया ?

प्रश्न 6. बुढ़िया ने राहगीर से कहा, "बेटा! अल्लाह तुम्हें इस उपकार का फल अवश्य देगा! बुढ़िया किस उपकार की बात कह रही थी?

प्रश्न 7. बुढ़िया ने राहगीर से किससे बचकर रहने के लिए कहा और क्यों?

प्रश्न 8. लेखक ने राहगीर को किन गुणों के कारण महामानव कहा है?

प्रश्न 9. "रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे।" रास्ता चलनेवाले अचरज से उन्हें क्यों देख रहे थे?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- कक्षा को दो समूहों में बाँटकर दोनों समूहों से परस्पर शब्दों के अर्थ पूछने व उन्हें वाक्यों में प्रयोग करने की गतिविधि कराएँ।

**प्रश्न 1. 'बुढ़िया' की जगह अगर 'बूढ़ा' हो तो लिखो कि क्या बदलाव होगा? पाठ से ऐसे पाँच वाक्य चुनकर बदलो। उदाहरण देखो–**

| पाठ में क्या वाक्य था? | बदलकर क्या वाक्य बना |
|---|---|
| बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। | बूढ़ा घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रहा था। |

- इन वाक्यों को पढ़ो–

रोटी गरम है, कैसे खाऊँ?

उफ! कितनी गरमी है, जरा हवा तो कर दो।

ऊपर के पहले वाक्य में 'गरम' शब्द का प्रयोग है और दूसरे वाक्य में 'गरमी' का। 'गरम' से ही 'गरमी' शब्द बना है। पहले वाक्य में 'गरम' शब्द विशेषण है जो 'रोटी' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'गरमी' संज्ञा शब्द है।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों में 'उपयोग' संज्ञा और 'उपयोगी' विशेषण है। इसी प्रकार इन शब्दों में से संज्ञा और विशेषण छाँटकर लिखो–**

उपयोग, परिश्रमी, किसानी, किसान, उपयोगी, परिश्रम,।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार नीचे लिखे शब्दों से संज्ञा शब्द बनाओ और उन्हें अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

बहादुर, सर्द, खराब, नरम।

### समझो

- 'कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।' इस वाक्य में 'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। अब इस वाक्य को पढ़ो–

कश्मीरी सेव बहुत प्रसिद्ध हैं।

'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा से 'कश्मीरी' विशेषण बना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4.** इन व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से विशेषण बनाओ। जयपुर, बिहार, इस्लाम, छत्तीसगढ़, जगदलपुर।

**प्रश्न 5.** पाठ में आए निम्नलिखित पुनरुक्त शब्दों को समझो और उनसे एक–एक वाक्य बनाओ।

दूर–दूर, साथ–साथ, करते–करते, चलते–चलते, बार–बार, जाते–जाते।

**प्रश्न 6.** नीचे कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। इन उत्तरों के प्रश्न क्या होंगे? लिखो।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| ........................................................ | मैं घर जा रहा हूँ। |
| ........................................................ | हां मुझे भूख लगी है। |
| ........................................................ | मेरे एक भाई और एक बहिन है। |
| ........................................................ | हम बस से बस्तर जाएँगे। |
| ........................................................ | मेरे पास तुम्हारी किताब नहीं है। |
| ........................................................ | हां मैने हाथ धो लिए हैं। |

- शब्द के पहले 'अ' लगाकर शब्द का विलोम बनाया जाता है, जैसे पलक–अपलक।

**प्रश्न 7.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से वे शब्द चुनकर लिखो जिनमें 'अ' इस अर्थ में न लगा हो– असहयोग, असहाय, अलग, अर्थात्, अलौकिक, अनेक।

(ख) ऐसे ही दोनों प्रकार के दो–दो शब्द खोजो और लिखो।

## रचना

- इस पाठ में जादूगर के बारे में जो बातें बुढ़िया ने कही, वे सब अफवाहों से सुनी–सुनाई थीं। अफवाहों से प्रायः लोगों में गलत प्रचार होता है। ऐसी किसी एक अफवाह के संबंध में लिखो।

- तुम्हारे गाँव में या आस–पास ऐसा कोई व्यक्ति है जो दूसरों की भलाई के काम करता हो उसके बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।

5DA6F3

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5DJ2GQ

**पाठ–12**

# गुंडाधूर

– लेखक मंडल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल नगरों तक ही सीमित नहीं था; बस्तर के अनपढ़, शोषित आदिवासियों के द्वारा अँग्रेज शासकों के विरुद्ध किया गया विद्रोह 'भूमकाल' इसका साक्षी है। गुंडाधूर इस विद्रोह के नायक थे। आदिवासियों के स्वाभिमान के प्रतीक गुंडाधूर को न केवल बस्तर बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उन्हीं क्रांतिवीर गुंडाधूर की बलिदान–गाथा हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों एवं मुहावरों के प्रयोग, सर्वनाम, उपसर्ग एवं प्रत्यय।

छत्तीसगढ़ का दक्षिणी भाग 'बस्तर' प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ की कल–कल करती नदियाँ, झर–झर बहते झरने, मनोरम पर्वत मालाएँ तथा सुमधुर स्वर में चहकते वन–पक्षियों की आवाजें आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देने के लिए पर्याप्त हैं। 'बस्तर' को अपने भोले–भाले आदिवासियों की निश्छल मुस्कान के लिए भी जाना जाता है। ये बड़े ही सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय और धैर्यवान भी होते हैं। अपनी सरलता और भोलेपन के कारण ये अक्सर शोषण का शिकार होते रहे हैं। सामान्यतः शांत रहनेवाले ये लोग कभी–कभी उकसाए जाने पर शत्रु को करारा जवाब भी देते हैं। हम तुम्हें एक प्रसंग तब का बता रहे हैं, जब बस्तर के लोगों ने तत्कालीन शासन व्यवस्था के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह कर दिया था।

1909–1910 की घटना है। उस समय 'बस्तर' में रुद्रप्रताप देव राज करते थे। यद्यपि 1903 में ही वे बालिग हो गए थे, पर ब्रिटिश शासन ने 1908 में उन्हें शासक घोषित किया और वहाँ अपना एक दीवान नियुक्त कर दिया। यह दीवान था बैजनाथ पंडा, जो अँग्रेजों का पिट्ठू था। वह अपने बेतुके आदेशों से प्रजाजन की मुश्किलें बढ़ा देता, उनका मनमाना शोषण करता और उन पर अत्याचार करता था। राज–परिवार के लोगों में से राजा के चाचा लाल कालेंद्र सिंह और राजा की सौतेली माँ, सुवर्ण कुँवर, जनता में काफी लोकप्रिय थे। वे भी अँग्रेजों के शोषण और दीवान बैजनाथ पंडा की कुटिल नीतियों से त्रस्त थे।

**शिक्षण–संकेत–**शिक्षक कथा–कथन की शैली में बच्चों को भूमकाल आंदोलन तथा गुंडाधूर के व्यक्तित्व पर जानकारी दें। 1857 की क्रांति के संबंध में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि क्रांति के बाद अँग्रेजों के विरुद्ध जो वातावरण निर्मित हुआ, उसने कई स्थानों पर विद्रोहों को जन्म दिया। अलग–अलग समय पर अलग–अलग सशस्त्र संघर्ष होते रहे। इन्हीं में से एक था, छत्तीसगढ़ के दक्षिण में वनाच्छादित आदिवासी बहुल क्षेत्र–बस्तर का 'भूमकाल' विद्रोह। बच्चों को अँग्रेजी शासन के विरुद्ध चले विभिन्न आंदोलनों का परिचय दें। छत्तीसगढ़ के वीर नारायण सिंह और गुंडाधूर जैसे आदिवासी क्रांतिकारियों के जीवन और कार्यों की जानकारी छात्रों को देते हुए इस पाठ का अध्यापन करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर ही आधारित थी। वन से प्राप्त वस्तुओं से ही वे जीवन यापन करते थे। वन पर उनका ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण वन पर उनका अधिकार सीमित हो गया। वे अपनी आवश्यकता की छोटी–छोटी वस्तुओं के लिए भी तरसने लगे। जंगल से दातौन और पत्तियाँ तक तोड़ने के लिए उन्हें सरकारी अनुमति लेनी पड़ती। इधर रियासत के अधिकारी और कर्मचारी प्रजाजन से दुर्व्यवहार करते थे और उन्हें राजा से मिलने नहीं देते थे। व्यापारी, सूदखोर और शराब ठेकेदार लोगों का बहुत शोषण करते थे। यह सब दीवान बैजनाथ पंडा की नीतियों और आदिवासियों के भोलेपन के कारण हो रहा था।

धीरे–धीरे जनता में असंतोष पनपने लगा। 1909 में जनता ने लाल कालेंद्र सिंह और रानी सुवर्ण कुँवर के साथ एक सम्मेलन किया। वे हजारों की संख्या में इंद्रावती नदी के तट पर एकत्र हुए। उनके हाथों में धनुष–बाण, भाले एवं फरसे थे। सभी ने इस सम्मेलन में यह संकल्प लिया कि वे दीवान बैजनाथ पंडा और अँग्रेजों के दमन और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करेंगे और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से एक उत्साही युवक, 'गुंडाधूर' को विद्रोह का नेता चुना गया। गुंडाधूर नेतानार गाँव का रहने वाला था। वह निडर, साहसी और सत्यवादी था। आदिवासियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए किसी से भी टकरा जाने का साहस उसमें था।

गुंडाधूर ने नेतृत्व सँभालते ही विद्रोह के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इस विद्रोह को स्थानीय बोली में 'भूमकाल' कहा गया। इस विद्रोह का संदेश आम की टहनियों में मिर्च बाँधकर गाँव–गाँव में भेजा जाता था। स्थानीय लोग इसे 'डारा–मिरी' कहते थे। गाँव–गाँव में लोग इस 'डारा–मिरी' का बड़े उत्साह से स्वागत करते। गुंडाधूर की संगठन–क्षमता अद्भुत थी। कुछ ही दिनों में हजारों बस्तरवासी इस 'भूमकाल' आंदोलन से जुड़ गए। गुंडाधूर ने अँग्रेजों, शोषक व्यापारियों, सूदखोरों, सरकार के पिट्ठू अधिकारियों, कर्मचारियों को सबक सिखाने की रूपरेखा बनाई। गुंडाधूर की योजना के अंतर्गत अँग्रेजों के संचार साधनों को नष्ट करना, सड़कों पर बाधाएँ खड़ी करना, थानों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों को लूटना और उनमें आग लगाना शामिल थे।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2 फरवरी 1910 को सबसे पहले बस्तर में इस ऐतिहासिक 'भूमकाल' की शुरुआत हुई। बस्तर का पुसवाल बाजार सबसे पहले लूटा गया। एक भूचाल–सा आ गया। पुलिस थाने लूटे गए, शोषकों को मारा गया और जंगल विभाग के कार्यालय नष्ट कर दिए गए। इस विद्रोह की आग देखते–ही–देखते पूरे बस्तर में फैल गई। राजा ने इस विद्रोह की सूचना अँग्रेजों को दे दी। अँग्रेज सरकार ने इस विद्रोह को कुचलने के लिए मेजर जनरल गेयर तथा डीव्रे को 500 सशस्त्र सैनिकों के साथ बस्तर भेजा। क्रांतिकारियों ने अँग्रेज सैनिकों को घेर लिया। एक तरफ धनुष–बाण, भालों और फरसों से लैस भूमकालिए थे तो दूसरी ओर अँग्रेज और उनके बंदूकधारी सैनिक। अँग्रेज सैनिकों ने गोलियाँ चलाईं जिनसे पाँच क्रांतिकारी मारे गए, पर विद्रोह अन्य स्थानों पर भी फैल गया। गुंडाधूर और उसके सहयोगी–लाल कालेंद्र सिंह, रानी सुवर्ण कुँवर, बाला प्रसाद, नरसिंह तथा दुलार सिंह–विद्रोह की आग को हवा दे रहे थे। वे क्रांतिकारियों के प्रेरणा–स्रोत थे।

डोंगरगाँव, अलनार तथा अन्य कई स्थानों पर चली इसी तरह की मुठभेड़ों में लगभग पाँच सौ क्रांतिकारी मारे गए।



एक बार स्थिति यहाँ तक पहुँची कि सैकड़ों साथियों के साथ गुंडाधूर ने मेजर गेयर को घेर लिया। वह आत्मसमर्पण के लिए भी तैयार हो गया पर सोनू माँझी नाम के एक लालची व्यक्ति ने अपने ही भाइयों के साथ विश्वासघात किया। उसने सभी क्रांतिकारियों को विश्वास में लेकर उन्हें इतनी शराब पिला दी कि वे बेसुध हो गए। 'अलनार' के मैदान में राग–रंग में डूबे इन लोगों को अँग्रेजों की सेना ने घेर लिया और गोलियाँ चलाईं। सैकड़ों लोग मारे गए। पकड़े गए लोगों को जगदलपुर के गोल बाजार में इमली के पेड़ पर फाँसी दे दी गई; पर अँग्रेज

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गुंडाधूर की छाया भी न छू सके। वीर गुंडाधूर अपने विश्वासपात्र साथी 'ढिबरीधूर' के साथ सघन वन में गायब हो गया। फिर कभी उसका पता न लग सका।

बस्तर के इतिहास का यह स्वातंत्र्य आंदोलन यद्यपि असफल हो गया, पर इस आंदोलन के जरिए गुंडाधूर ने आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागृत कर दिया। उनके भीतर अपनी मिट्टी, अपने जंगल के प्रति प्रेम भाव जागा और वे देशभक्त बने। उन्हें अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा मिली। इधर लोगों के बदले तेवर देखकर शोषकों के मन में भय उत्पन्न हुआ। शोषक, अत्याचारी अधिकारी, सूदखोर तथा आदिवासियों के भोलेपन का लाभ लेनेवाले अन्य लोग भयभीत हुए और शोषण में कमी आई। यह सब गुंडाधूर और उसके विद्रोह 'भूमकाल' के कारण हो सका। आज भी छत्तीसगढ़ में गुंडाधूर का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। गुंडाधूर को बस्तर का स्वाभिमान कहा जाता है।

## शब्दार्थ

शब्दार्थ में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(तैयार, सामूहिक विरोध, धोखा देना, कठोरता से दबाना, धीरज रखनेवाला)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्कपट | – | कपट रहित | धैर्यवान | – | ...................... |
| शोषक | – | शोषण करनेवाला | सशस्त्र | – | हथियार सहित |
| कुटिल | – | टेढ़ा | पिट्ठू | – | खुशामदी, समर्थक |
| आगंतुक | – | आनेवाला | दमन | – | ...................... |
| विद्रोह | – | ...................... | विश्वासघात | – | ...................... |
| बेसुध | – | बेहोश | राग–रंग | – | मनोरंजन |
| तत्पर | – | ...................... | | | |
| सूदखोर | – | ब्याज का व्यवसाय करनेवाला | | | |
| शोषण | – | किसी के श्रम या व्यापार से अनुचित लाभ उठाना। | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. आदिवासियों के विद्रोह का क्या नाम था?

प्रश्न 2. आदिवासियों का विद्रोह छत्तीसगढ़ के किस क्षेत्र में हुआ?

प्रश्न 3. बैजनाथ पंडा कौन था? लोग उससे असंतुष्ट क्यों थे?

प्रश्न 4. आदिवासियों के प्रेरणास्रोत कौन–कौन थे?

प्रश्न 5. 'भूमकाल आंदोलन' का क्या असर हुआ?

प्रश्न 6. अगर सोनू माँझी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 7. आदिवासियों ने यदि धनुष–बाण की जगह बंदूकों का प्रयोग किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 8. आदिवासी जंगल के आसपास रहते है, उन्हें जंगल से क्या–क्या चीजे मिलती है?

प्रश्न 9. केवल नाम लिखो।

क. बस्तर का दीवान

ख. बस्तर के राजा की सौतेली माँ

ग. आम की टहनी और मिर्च का संदेश

घ. विश्वासघाती आदिवासी।

## भाषातत्व एवं व्याकरण

### गतिविधि

श्रुतिलेख की गतिविधि कराएँ और अभ्यासपुस्तिकाओं का बच्चों से परस्पर परीक्षण कराएँ।

दोनों समूह परस्पर शब्दार्थ पूछें और वाक्य प्रयोग करें।

**प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो–**

मंत्रमुग्ध होना, करारा जवाब देना, जड़ से उखाड़ फेंकना, छाया भी न छू सकना, भूचाल आना, टकरा जाना।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम किसके लिए प्रयोग किए गए हैं?**

क. वन पर आदिवासियों का ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण उस पर उनका अधिकार सीमित हो गया।

ख. बस्तर के लोग सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय भी हैं। ये आदिवासी कभी–कभी अपने शत्रुओं को करारा जवाब भी देते हैं।

ग. हम तुम्हें उस समय का प्रसंग बता रहे हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. गांधी जी ने अँग्रेजों से सहयोग करने के स्थान पर .................... करने का निश्चय किया।

ख. रुद्रप्रताप देव 1900 तक .................... थे। बाद में 1903 में बालिग हुए।

ग. शांति के समय .................... की बात करना ठीक नहीं।

घ. आज जिस स्थिति में हैं, पता नहीं .................... क्या स्थिति बने?

- किसी शब्द के पहले जब कोई शब्दांश लगाकर नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'उपसर्ग' कहते हैं, जैसे– 'सुमधुर' शब्द में 'सु' उपसर्ग लगा है।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग छाँटकर लिखो–**

प्रगति, दुर्व्यवहार, अनुमति, बेसुध, निडर, अडिग, असफल, विद्रोह।

- किसी शब्द के अंत में जब कोई शब्दांश लगाकर कोई नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'प्रत्यय' कहते हैं। 'धैर्य' शब्द में 'वान' प्रत्यय लगाकर 'धैर्यवान' शब्द बना है।

**प्रश्न 5. (क) नीचे कोष्ठक में कुछ प्रत्यय लिखे हैं। दिए गए शब्दों के साथ इनका प्रयोग कर नए शब्द बनाएँ।**

(ता, पन, ई, वाला, दार, वान, खोर)

भाग्य, मिठाई, लालच, भोला, आवश्यक, सूद, ईमान

इन शब्दों की रचना समझो–

पिट्ठू = ि + प + ट् + ठ + ू , मुश्किल = म + ु + श् + ि + क + ल

विद्रोह = ि + व + द् + र + ो + ह

(ख) आधा 'ट' (ट्) और पूरा ठ मिलाकर बने दो शब्द खोजकर लिखो।

**प्रश्न 6. अब इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों को तोड़कर लिखो–**


विद्यालय, विरुद्ध, स्थिति, प्रयोग, संस्कृत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. इस पहेली में चार क्रांतिकारियों के नाम दिए हैं। दिए गए सूत्रों से इन्हें पहचानो और लिखो।**




**संकेत**

1. बस्तर का क्रांतिकारी
2. काकोरी कांड का क्रांतिकारी
3. झारखंड का क्रांतिकारी
4. पानी के जहाज से कूदकर आया क्रांतिकारी

## रचना

- छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की सूची बनाओ और उनके चित्र एकत्रित करो।

## योग्यता–विस्तार

- इस पुस्तक में लिखी बातों के अलावा आप गुंडाधूर के बारे में और कौन–कौन सी बाते जानते है? उन्हें लिखिए।
- बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर आधारित है। तुम्हारे क्षेत्र के लोगों की आजीविका किस पर आधारित है?

5DSXID

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SNAMC1

पाठ – 13

# gej txy

Hkfedk ½& हमर जिला जंगल पहार ले घिरल हवे जंगल हमन ला फर, फूल, लकरी, दवाई–बीरो अउ गुजर बसर कर चीज देथे। गांव कर जिनगी जंगले में रचल बसल आहे ये कविता में हमर जंगल कर बारे में पढ़बो ।

सरगुजा में बगरिस सब दन,
जंगल झार पहार।
सतपुड़ा कर ये सब संगी,
हें जम्मों परिवार।

मैनपाठ कर फइलिस जंगल,
अपन पसारे बांह।
पाट सामरी अउ पाल कर,
देथे सबला छांह।

जब बरखा कर बदरी घिरथे,
रामगढ़ इतराथे।
कालीदास कर मेघदूत ला,
ठाढ़ होय गोहराथे।

ये जगल देथे गा हमला,
फर तेन्दू अउ चार।
इहें करोंदा,आमा,अमली,
अंवरा कर भरमार।

गाय गरू सब चारा पाथें,
हमूं जलावन पाथी।
सारू खातू मिलेल इहें ले,
मउहा संगी साथी।

अखाखोह जंगल कर भीतरे,
रहथें बघवा भालू।
अउ सिवान ले आ जाथें गा,
बन्दरा, सिंकटा चालू।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





सेमरसोत के अभ्यारन में,
भारी जंगल घेरा।
निरभय हो के सबे जनावर,
डारिन सब दन डेरा।

नदिया उमकत बहे इहां गा,
झर—झर झरना झरथें।
कनहर,रेड़, महान नदी सब,
एकर कहनी कहथे।

रामदहा के झरना कल—कल,
गीत सुनावत भागेल।
हसदो नदी इहें जंगल कर,
गोड़े पइरी लागेल।

जंगल हम ला दाई दाउ अस,
सब दिन पोसत आथें।
मन कहथे मइनसे हर ओला,
काबर आज सताथे।?

इहें कोरिया कर जंगल में,
फेंड़ हें आनी—बानी।
दूध बरोबर दिखेल इहां,
अमिरत धारा कर पानी।

गोपद, हसदों अउ बनास गा,
जंगल ले हो के जाथें।
अमरित धारा बहेल इहें ले,
बन सोनहत कर भाथें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## 'kCnkFk

बगरीस = फैला। पहार = पहाड़। संगी = साथी। छांह = छाया। बदरी = बादल। सब दन = सभी ओर। गोड़े = पैर में। पइरी = पायल। जलावन = जलाउ लकड़ी। खातु = खाद। अखाखोह = घनघोर। बघवा = बाघ। काबर = क्यों। आनी–बानी = अनेक प्रकार के।

## ii'u vm vH;kl

xfrfof/k %& गुरूजी कक्षा कर लरिका मन ला दुई दल में बांटें, अउ ओमन ला मुखागर परसन पुछी–पुछा करूवावें। थोर कन परसन ये नियर होय सकथे।

1. मैनपाट कहां हवें ?
2. जंगले का–का जंगली जनावर रहथें ?

### cks/k&ii'u &

**ii'u 01& [kkyg fy[ky ijlu dj mRrj fy[kk &**

1. जंगल में का–का फर खाय बर भेटायल ?
2. कालिदास रामगढ़ कर पहारे कोन किताब ला लिखे रहीन ?
3. अमृत धारा कोन जिला में आहे ?
4. मइनसे मन जंगल ला कइसे सताथें ?

**ii'u 02& dfork dj vkxs ykbu yk fy[kk &**

क. गाय गरू सब चारा पाथें ..................................................................।

ख. नदियां उलकत बहे इंहा गा, ..............................................................।

**ii'u 03& [kkyg fy[ky in dj vjFk fy[kk &**

क. जंगल हमला दाई दाउ अस
सब दिन पोसत आथें।
मन कहथे मइनसे हर ओला,
काबर आज सताथें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ख. जब बरखा कर बदरी घिरथे,
रामगढ़ इतराथे।
कालीदास कर मेघदूत ला,
ठाढ़ होय गोहराथे।

## भाषा तत्व अउ ब्याकरण

गुरूजी खालहे लिखल सबद ला बोलें अउ लरिका मन ये सबद मन ला लिखें। लिखें कर पाछू कांपी ला अदला बदली कईर के जांच करें –

(बगरीस, फइलिस, जलावन, सारू–खातू, बंदरा, सिकटा, मइनसे, संगी )

## रचना :-

जंगल ले हमन ला का–का फयदा होथे, सोंएच के लिखा ।

हमन ला जंगल काबर बचायक चाही।

## योग्यता विस्तार :-

तुमन ''हमर जंगल'' पाठ में जंगल कर बारे में पढ़ा। एही नियर अउ कविता खोएज के कक्षा में सुनावा।

अपन घर कर धरी पखारी में का–का रूख राई हवे ओमन कर नांव लिखा।

### शिक्षण संकेत :-

1. जंगल कर बारे में लरिका मन संग चरचा करें।
2. जंगल कर रहोइया मइनसे मन कर रहन–सहन कर बारे में गोयठ बात करें ।
3. जंगल कर जीव मन कर बारे में गोएठ–बात करें।
4. छत्तीसगढ़ कर अभ्यारण मन कर चरचा करें।
5. कविता ला लय अउ गति ले पढ़ें तेकर लरिका मन ला पढ़ुवावें।

SNJIDN

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5K6D3J

पाठ–14

# रेशम, चंदन और सोने की धरती–कर्नाटक

– लेखकमंडल

कर्नाटक दक्षिण भारत का एक प्रमुख राज्य है। अपने गौरवशाली इतिहास तथा विशिष्ट संस्कृति के कारण इस राज्य ने देशवासियों का और विदेशियों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। वर्तमान में आधुनिक तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाकर यह भारत का अग्रणी राज्य बन गया है। प्रस्तुत पाठ में कर्नाटक के प्रमुख स्थलों एवं यहाँ के जनजीवन की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाना, वर्तनी शुद्ध करना और पर्यटन स्थल की संक्षिप्त झाँकी प्रस्तुत करना।

दक्षिण भारत में काजू के आकार का एक राज्य है– कर्नाटक। दक्षिण भारतीय चारों राज्यों– आंध्रप्रदेश, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में इसका प्रमुख स्थान है। कर्नाटक के उत्तर में महाराष्ट्र तथा पूर्व में आंध्रप्रदेश है। इसकी दक्षिणी सीमा केरल और तमिलनाडु से जुड़ी है। कर्नाटक की पश्चिमी सीमा गोवा तथा अरब सागर का स्पर्श करती है।

कर्नाटक की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है। उद्योगों की दृष्टि से कर्नाटक भारत का अग्रणी राज्य है। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्योगों के कारण कर्नाटक की पहचान दुनिया भर में हो गई है। यहाँ दूरसंचार, बैंकिंग, इस्पात, सीमेंट, कॉफी, रेशम उद्योग आदि बड़े स्तर पर संचालित हैं। कर्नाटक में सोने की खान कोलार नामक स्थान पर है। कहते हैं कर्नाटक की संपन्नता का कारण सोने की खान, चंदन के वृक्ष और रेशम हैं।

कर्नाटक के वनों में चंदन के वृक्ष बहुत पाए जाते हैं। चंदन की लकड़ी, तेल, इत्र, अगरबत्तियाँ, सुगंधित पाउडर आदि कर्नाटक के चंदन वनों के प्रमुख उत्पाद हैं। कर्नाटक के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में 'बाँदीपुर टाइगर रिजर्व' अत्यंत प्रसिद्ध है। हाथियों के झुण्डों को मस्त–मौला अंदाज में सड़क पार करते या जलस्रोतों के पास क्रीड़ा करते सहज ही देखा जा सकता है। चीतल, बारहसिंगा, तेंदुआ, साँभर सहित कई अन्य वन्यजीव यहाँ पाए जाते हैं।

कर्नाटक के प्रमुख शहरों में बैंगलोर (बंगलुरु), मैसूर, हुबली, बेलगाम तथा मैंगलोर हैं। बैंगलोर कर्नाटक की राजधानी है। यहाँ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) नामक कारखाने में वायुयान बनाए जाते हैं। बैंगलोर में "इसरो" का उपग्रह केंद्र है जो उपग्रहों की

**शिक्षण–संकेत–** अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता है। भारत के सभी राज्यों की भाषा, पहनावा तथा खानपान अलग–अलग हैं, जो इन्हें विशिष्ट बनाते हैं। विभिन्न राज्यों की संस्कृति की चर्चा करें। बच्चों से इस पाठ का एक–एक अनुच्छेद पढ़ने के लिए कहें एवं पठित अंश पर बातचीत करें। प्रसंगानुसार छत्तीसगढ़ की विशेषताओं की भी चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और प्रबंधन करता है। बैंगलोर में उपग्रह प्रक्षेपण का नियंत्रण और परिचालन होता है। बैंगलोर को 'बागों का शहर' कहा जाता है। बैंगलोर का लालबाग बड़ा ही प्रसिद्ध है। वर्ष भर यहाँ फूलों की प्रदर्शनी आयोजित होती रहती है। बगीचे में एक मछलीघर भी है जहाँ अनेक प्रकार की सुंदर मछलियाँ रखी गई हैं। बैंगलोर का 'विधान सौध' अपनी उत्कृष्ट वास्तुकला के कारण जाना जाता है।



लक्ष्मी–विलास महल मैसूर

हुबली और मैंगलोर कर्नाटक के बंदरगाह हैं। मैसूर यहाँ का प्रसिद्ध शहर है। लक्ष्मीविलास मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल है। विशेष अवसरों पर रात में बिजली के हजारों बल्ब जलाकर जब यहाँ प्रकाश किया जाता है, तो पूरा महल अत्यंत ही सुंदर दिखता है। यहाँ का विशाल फिलोमेना गिरजाघर भी देखने योग्य है। यहाँ के चिड़ियाघर का अपना ही आकर्षण है।

मैसूर के पास ही चामुंडी हिल नामक पहाड़ी है जहाँ चामुंडेश्वरी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। पहाड़ी पर ही महिषासुर दैत्य की प्रतिमा है, जिसका यहाँ पर चामुंडेश्वरी देवी ने वध किया था। महिषासुर के नाम पर इस शहर का नाम मैसूर पड़ा। चामुंडी हिल के रास्ते में नंदी की विशाल प्रतिमा है, जिसे एक बड़ी चट्टान को तराशकर बनाया गया है।



चामुंडेश्वरी मंदिर

मैसूर से 20 कि.मी. की दूरी पर 'वृंदावन उद्यान' स्थित है। इसकी शोभा निराली है। सुंदर, रंगीन फूलों और फव्वारों से सजे इस बाग में संगीत की धुन पर नाचते रंगीन फव्वारों को देखने बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। उद्यान के एक ओर कावेरी नदी पर विशाल कृष्णराजसागर बाँध है। मैसूर के पास श्रीरंगपट्टनम एक दर्शनीय स्थल है, जो टीपू सुल्तान की राजधानी था। यहाँ का प्राचीन श्री रंगनाथ मंदिर एवं पुराना किला दर्शनीय हैं।

मैसूर से लगभग 100 कि.मी. की दूरी पर जैन तीर्थ 'श्रवण बेलगोला' में भगवान गोमतेश्वर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बाहुबली की 57 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है, जिसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। गोमतेश्वर जैनियों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली का ही नाम है। बारह वर्षों में एक बार इसका महामस्तकाभिषेक होता है। हंपी में विजयनगर साम्राज्य के अवशेष हैं। यहाँ के विठ्ठल स्वामी मंदिर, विरुपाक्ष मंदिर तथा हजारा मंदिर दर्शनीय हैं। हासन में उपग्रह नियंत्रण केन्द्र है।

कर्नाटक के अन्य दर्शनीय स्थलों में जोग प्रपात है, जो भारत का सबसे बड़ा जलप्रपात है। गुलबर्गा, बीजापुर और बीदर में प्राचीन स्मारक हैं। गोकर्ण, उडुपी, धर्मस्थल, मेलुकोट तथा गंगापुर यहाँ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं।

कर्नाटक में पुरुष धोतरा (एक प्रकार की धोती) पहनते हैं और महिलाएँ साड़ी पहनती हैं। महिलाएँ अपने जूड़े में फूलों का गजरा अवश्य लगाती हैं। यहाँ के लोग खाने में चावल और नारियल का प्रयोग अधिक करते हैं। 'सांबर' तथा 'रसम' के साथ चावल खाया जाता है।

मैसूर में दशहरे का उत्सव भारत में सबसे शानदार ढंग से मनाया जाता है। इस दिन राजा की सवारी हाथी पर निकलती है। देश–विदेश से लाखों लोग इस अवसर पर यहाँ जमा होते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर विजयादशमी तक यहाँ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिनमें देश के विख्यात संगीतज्ञ अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

यक्षगान कर्नाटक का प्रसिद्ध लोकनाट्य है, जो पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है और अभिनय के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

कर्नाटक में चंदन की लकड़ी पर की गई दस्तकारी, हाथी–दाँत के खिलौने और अन्य सामग्री बहुत लोकप्रिय हैं। मैसूर के रेशम से बनी साड़ियाँ देश–विदेश में प्रसिद्ध हैं। भारत की गौरव वृद्धि में कर्नाटक का महत्वपूर्ण योगदान है।



वृंदावन उद्यान

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खान | – | खदान | सर्वाधिक | – | सबसे अधिक |
| प्रमुख | – | मुख्य | उत्पाद | – | उपज, बनाई गई वस्तु |
| उन्नति | – | प्रगति, विकास | पौराणिक | – | पुराण संबंधी |
| भव्य | – | शानदार | वास्तुकला | – | भवन निर्माण कला |
| अग्रणी | – | आगे रहने वाला | विख्यात | – | प्रसिद्ध |
| पर्यटक | – | सैलानी, घूमने–फिरने के उद्देश्य से यात्रा करनेवाला | | | |
| दस्तकारी | – | हाथ से किया गया कलात्मक कार्य, हस्तशिल्प | | | |

**टिप्पणी–**

**महामस्तकाभिषेक** – यह जैन धार्मिक प्रक्रिया है जिसमें प्रतिमा को जल, दूध, दही और शहद आदि से स्नान कराते हैं तथा उसकी पूजा कर फल–फूल, तथा बहुमूल्य वस्तुएँ भेंट की जाती हैं।

**इसरो** – भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र, जहाँ अंतरिक्ष संबंधी खोज एवं उपग्रह आदि का निर्माण होता है।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. कर्नाटक में सोने की खान कहाँ है?

प्रश्न 2. मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल कौन–सा है?

प्रश्न 3. कर्नाटक के प्रसिद्ध लोक नाट्य का नाम क्या है?

प्रश्न 4. बगीचों का शहर' किसे कहा जाता है?

प्रश्न 5. 'श्रवण बेलगोला' में किसकी विशाल प्रतिमा है?

प्रश्न 6. कर्नाटक के सीमावर्ती राज्यों के नाम लिखो।

प्रश्न 7. बैंगलोर के लाल बाग की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 8. बाँदीपुर राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले प्राणियों के नाम लिखो।

प्रश्न 9. वृंदावन उद्यान की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 10. कर्नाटक के लोगों के भोजन और पहनावे के बारे में लिखो।

प्रश्न 11. मैसूर के दशहरे का वर्णन करो।

प्रश्न 12. 'यक्षगान' क्या है?

प्रश्न 13. कर्नाटक की तीन प्रमुख वस्तुएँ क्या हैं?

प्रश्न 14. अपने क्षेत्र में दशहरा पर्व कैसे मनाया जाता है। वर्णन करो ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 15. सही जोड़ियाँ मिलाओ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | कृष्णराज सागर | – | खाद्य पदार्थ |
| ख. | गोमतेश्वर बाहुबली | – | टीपू सुल्तान |
| ग. | श्रीरंगपट्टनम | – | श्रवण बेलगोला |
| घ. | यक्षगान | – | कावेरी नदी |
| ङ. | महिषासुर | – | लोकनाट्य |
| च. | रसम | – | बैंगलोर |
| छ. | लालबाग | – | दैत्य |

सोचकर लिखो–

प्रश्न 16. कर्नाटक के इन दर्शनीय स्थलों की तरह छत्तीसगढ़ में कौन–कौन–से दर्शनीय स्थल हैं?

| क्र. | दर्शनीय स्थल | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 1. | पहाड़ी पर स्थित देवी मंदिर | चामुंडेश्वरी देवी का मंदिर | ———————— |
| 2. | एक बड़ा जलप्रपात | जोग प्रपात | ———————— |
| 3. | एक राष्ट्रीय उद्यान | बाँदीपुर | ———————— |
| 4. | प्राचीन विष्णु मंदिर | श्री रंगपट्टनम | ———————— |
| 5. | बहुमूल्य वस्तु की खान | कोलार (सोने की खान) | ———————— |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1 निम्नांकित शब्दों को शुद्ध कर लिखो।**

उत्पत्ती, आर्कषण, अंतगर्त, भव्यभूमी, दशर्नीय, कनार्टक, आधारीत, नीराली, श्रद्धार्पूवक, उन्नती।

**समझो**

- निम्नलिखित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को ध्यान से पढ़ो। इनके बहुवचन बनाते समय ई (दीर्घ) की मात्रा को इ (ह्रस्व) में बदल देते हैं और अंत में याँ लगाते हैं– जैसे –

मछली – मछलियाँ

तितली – तितलियाँ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. निम्नांकित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को बहुवचन में बदलो।**

लड़की, बेटी, रोटी, पोटली, तकली, बकरी, कटोरी, तरकारी, बीमारी, खिड़की।

## रचना

- 'धान की बालियों से झालर बनाओ और अपनी कक्षा में लगाओ।

## योग्यता–विस्तार

- छत्तीसगढ़ के पर्यटन केंद्रों की एक सूची बनाओ जिसमें यह बताया गया हो कि ये पर्यटन–केंद्र क्यों प्रसिद्ध हैं।
- कर्नाटक एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की जानकारी निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

| मुख्य बिंदु | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|
| राजधानी | | |
| पड़ोसी राज्य | | |
| पर्यटन स्थल | | |
| वृक्ष | | |
| शहर | | |
| कारखाना | | |
| तीर्थस्थल | | |
| लोकनॉट्य | | |

5KF957

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–15

# एक और गुरु–दक्षिणा

– राजे राघव

प्राचीन काल में विद्यार्थी गुरु के आश्रम में रहकर अध्ययन करते थे। गुरु समय–समय पर अपने शिष्यों की बुद्धि की परीक्षा लेते थे। इससे शिष्य के निपुण होने का ज्ञान होता था। शिक्षा पूरी होने पर विद्यार्थी अपने गुरु को स्वेच्छा से गुरु–दक्षिणा देते थे। कभी–कभी गुरु उनकी परीक्षा लेने के लिए भी गुरु दक्षिणा माँग लेते थे। इस कथा में एक अनोखी गुरु–दक्षिणा देने का विवरण हम पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, क्रिया, सामासिक शब्दों का सामान्य ज्ञान, सारांश लिखना।

एक थे ऋषि। गंगा तट पर उनका आश्रम था; मीलों लंबा–चौड़ा। बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे। आश्रम में अनेक गाएँ थीं। हिरनों के झुंड आश्रम में चौकड़ी मारते, उछलते–कूदते फिरते थे।

ऋषि के शिष्यों में तीन प्रमुख शिष्य थे। तीनों ही अस्त्र–शस्त्र में निपुण, शास्त्र–ज्ञान में पारंगत, बोलचाल में मीठे, स्वभाव में विनम्र, धरती की तरह सहनशील, सागर की तरह गंभीर और सिंह के समान बलशाली थे।

वह पुराना जमाना था। उस समय आश्रम की गद्दी का अधिकारी होना ऐसा ही था, जैसे किसी राज–सिंहासन पर बैठ जाना। राजा स्वयं ऋषि–मुनियों के आगे सिर झुकाते थे।

ऋषि अपने तीनों शिष्यों से बहुत प्रसन्न थे। उन्हें वे प्राणों के समान प्रिय थे। मगर एक समस्या थी। ऋषि काफी बूढ़े हो गए थे। वे चाहते थे कि अपने सामने ही उन तीनों में से किसी एक को आश्रम का मुखिया बना दें। मगर बनाएँ किसे? यह समस्या भी छोटी नहीं थी। तीनों ही एक–से बढ़कर एक आज्ञाकारी थे, योग्य थे और सच्चे अर्थों में मुखिया बनने के अधिकारी थे।

ऋषि सोचते रहे, सोचते रहे। आखिर एक दिन उन्होंने तीनों को अपने पास बुलाया और कहा, "प्रियवर! तुम तीनों ही मुझे प्रिय हो। मैंने जी–जान से तुम्हें पढ़ाया–लिखाया और अस्त्र–शस्त्र चलाने की शिक्षा दी है। मुझे जो–जो विद्याएँ आती थीं, तुम्हें सब सिखा दीं। अब केवल गुरुमंत्र सिखाना बाकी है। गुरुमंत्र किसी एक को ही बताऊँगा। जिसे गुरुमंत्र बताऊँगा, वही मेरी गद्दी का अधिकारी होगा। मैं तुम तीनों की परीक्षा लेना चाहता हूँ।"


ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर झुका लिया। वे बोले,"गुरुदेव, ऐसा कौन–सा काम

**शिक्षण–संकेत–** गुरुओं का शिष्यों के प्रति तथा शिष्यों का गुरुओं के प्रति व्यवहार पर चर्चा करें। उदाहरण स्वरूप आरुणि/एकलव्य की कथा संक्षेप में बताएँ। इस प्रसंग के साथ बच्चों को पाठ से जोड़ें। बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहें, कहानी पर मौखिक प्रश्नोत्तर करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





है, जो हम आपके लिए नहीं कर सकते?''

ऋषि मुस्कराकर बोले, ''यह मैं जानता हूँ। फिर भी परीक्षा, परीक्षा है। तुम तीनों अलग–अलग दिशाओं में जाओ और अपने श्रम से कमाकर मेरे लिए कोई अद्‌भुत भेंट लाओ। जिसकी भेंट सबसे अधिक सुन्दर और मूल्यवान होगी, वही गद्‌दी का अधिकारी होगा। ध्यान रहे, एक वर्ष में वापस आना भी जरूरी है।''

ऋषि की आज्ञा पाकर तीनों शिष्य चल पड़े। वे मन–ही–मन योजनाएँ बनाते चले जा रहे थे। उनमें से एक किसी राजा के पास जा पहुँचा। दरबार में जाकर उसने नौकरी करने की इच्छा प्रकट की। राजा तो ऋषि को जानते ही थे। उनका शिष्य कितना योग्य होगा, यह जानने में भी उन्हें देर न लगी। राजा ने उसे तुरंत अपने यहाँ रख लिया।

दूसरा शिष्य समुद्र पर पहुँचा। वह मछुआरों की बस्ती में गया और उनसे गोता लगाने की विद्या सीखने लगा। कुछ ही दिनों में वह भी कुशल गोताखोर बन गया।

तीसरा शिष्य चलते–चलते एक गाँव में पहुँचा। गाँव उजाड़ था। घर थे, जानवर थे, बच्चे थे, महिलाएँ थीं, मगर पुरुष एक भी नहीं था। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। मालूम पड़ा कि यहाँ अकाल पड़ा है। कई वर्षों से पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। सभी लोग सहायता के लिए राजा के पास गए हैं।

वह सोच में पड़ गया। फिर चल पड़ा अपने रास्ते पर। मगर उसे ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ा। सामने से गाँववालों की भीड़ आ रही थी। वे उदास थे और राजा को बुरा–भला कह रहे थे।

यह जानकर ऋषि के शिष्य को हँसी आ गई। एक राहगीर को हँसता देख गाँववालों को बुरा लगा। वे बोले– ''आप हँसे क्यों?''

''हँसी तो मुझे तुम्हारी मूर्खता पर आ रही है।''

''हमारी मूर्खता पर! अकाल ने हमें तबाह कर दिया है। भूखों मरने की नौबत आ गई है। हम सहायता के लिए राजा के पास गए थे। उसने भी हमारी सहायता नहीं की। आप हमें मूर्ख बता रहे हैं!''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''हाँ, मैं ठीक कह रहा हूँ। तुम सैकड़ों आदमी मिलकर कुछ नहीं कर सकते, तो राजा अकेला क्या कर लेगा? आदमी सहायता करने के लिए पैदा हुआ है।''

ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए। वे बोले, ''भैया, तुम तो चमत्कारी लगते हो। हम क्या जानें ? चलो, तुम ही हमारे दुखों को दूर कर दो।''

''मैं ही क्यों, तुम स्वयं हाथ उठाओ। कदम बढ़ाओ। हिम्मत से क्या नहीं हो सकता? उठाओ फाल–कुदाल। कुएँ खोदो। प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।'' शिष्य बोला।

''कुएँ ! कुएँ तो गाँव में हैं, मगर सारे सूख रहे हैं। उनमें पानी नहीं, तो नए कुओं में कहाँ से आएगा?'' गाँववाले बोले।

''गाँववालों की बातें सुनकर ऋषि का शिष्य मुस्कराया। वह बोला, ''कुओं को सूखने की स्थिति में किसने पहुँचाया? क्या तुम लोगों ने कभी जल संरक्षण के कोई उपाय किए हैं? तुम सब लेने की धुन में लगे रहे, देने की बात किसी ने नहीं सोची। उसी का फल आज भुगत रहे हो। खैर, सुबह का भूला अगर शाम को घर लौट आए तो वह भूला नहीं कहा जाता। चलो, कुओं को और गहरा करो। पानी जरूर निकलेगा। जमीन पर हरियाली फैलेगी तो बादल भी आकर्षित होंगे। वर्षा होगी तो उसका पानी रोकेंगे।''

गाँववालों की समझ में बात आ गई। दूसरे दिन से गाँववाले कुएँ खोदने में जुट गए। श्रम के मोती पसीना बनकर गिरे, तो भगवान की आँखें भी भीग गईं। कुओं से शीतल जल–धारा फूट पड़ी। सूखी धरती हरियाली की चूनर ओढ़कर फिर से मुस्कराने लगी।

एक गाँव की हालत सुधरी। फिर दूसरे की सुधरी। श्रम और साहस का काफिला आगे बढ़ा। ऋषि का शिष्य गाँव–गाँव जाता। अकाल से लोगों को लड़ना सिखाता। दूर–दूर तक उसका नाम फैल गया। सभी उसे आदमी के रूप में 'देवता' समझने लगे। राजा के कानों तक भी यह बात पहुँची।

ऋषि अपने शिष्यों का इंतजार कर रहे थे। एक दिन पहला शिष्य पहुँचा। उसके साथ हाथी–घोड़े थे। उसने सिर झुकाकर कहा, ''गुरुदेव, देखिए राजा ने मेरी योग्यता से प्रसन्न होकर मुझे हाथी–घोड़े भेंट में दिए हैं।'' ऋषि मुस्कराए और चुप रहे। दूसरे दिन दूसरा शिष्य आया। उसने समुद्र से बहुत सारे बहुमूल्य मोती इकट्ठे किए थे। ऋषि ने मोतियों की पोटली ले ली और एक ओर रख दी। कहा कुछ नहीं।

पूरा वर्ष बीत गया। तीसरा शिष्य नहीं लौटा। दोनों शिष्यों को लेकर ऋषि उसकी खोज में चल पड़े। राजदरबारों में गए, मगर पता नहीं चला। नगरों में ढूँढ़ा, किसी ने कुछ नहीं बताया। रास्ते में शाही पालकी जा रही थी। ऋषि को देखकर पालकी रुक गई। राजा नीचे उतरे। ऋषि को प्रणाम किया। ऋषि ने राजा से कहा, ''राजन्! आपकी प्रजा बहुत सुखी है। चारों ओर लहलहाती फसल खड़ी है। आप भाग्यवान हैं।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





"नहीं ऋषिदेव!, यह प्रताप मेरा नहीं, देवता का है। मेरे राज्य में एक देवता ने जन्म लिया है। मैं देवता के दर्शन करने जा रहा हूँ।" देवता के पैदा होने की बात सुनकर ऋषि भी चकराए। वे भी राजा के साथ चल पड़े।

एक दिन ढूँढ़ते–ढूँढ़ते किसी गाँव में देवता मिल गए। धूल से सने, पसीने से लथपथ, गाँववालों के साथ काम में जुटे थे। राजा चकित रह गया। वह देवता कैसे हो सकता था? वह तो एक साधारण किसान जैसा था। सिर पर न मुकुट था, न गले में स्वर्ण के फूलों की माला। राजा आगे नहीं बढ़ा। चुपचाप खड़ा देखता रहा। मगर ऋषि चिल्लाए, "बेटा सुबंधु! तुम यहाँ? मैं तुम्हें ही ढूँढ़ता फिर रहा था।" कहते हुए ऋषि ने धूल–धूसरित सुबंधु को बाँहों में भर लिया। "क्या मुझे दक्षिणा देने की बात तुम भूल गए हो?" ऋषि ने कहा।

"नहीं गुरु जी! भूल कैसे जाता? मगर अभी काम अधूरा है। इन सारे लोगों के आँसुओं को पोंछना था। आप ही ने तो बताया था, "मनुष्य की सेवा से बढ़कर महान धर्म कोई नहीं है।"

राजा देखते रह गए। ऋषि की आँखें भी नम हो गईं। ऋषि ने भरे गले से कहा, "बेटा! तुमने ठीक ही कहा। तुम्हें सचमुच अब मेरे पास आने की जरूरत नहीं। तुमने इतने लोगों की भलाई करके मेरी दक्षिणा चुका दी है। जो दूसरों के आँसू लेकर उन्हें मुस्कराहट दे दे, वह सचमुच देवता है। तुम देवता से कम नहीं हो।" राजा का सिर सुबंधु के आगे झुक गया।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| निपुण | – | कुशल |
| तबाह | – | नष्ट |
| राहगीर | – | रास्ता चलनेवाला |
| धूलधूसरित | – | धूल में सने हुए |
| चौकड़ी भरना | – | उछलते हुए तेज दौड़ना |
| गोताखोर | – | पानी में डुबकी लगानेवाला |
| पालकी | – | मनुष्यों द्वारा उठाई जाने वाली सवारी |



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. ऋषि का आश्रम कैसा था?

प्रश्न 2. गुरु ने शिष्यों की परीक्षा क्यों ली?

प्रश्न 3. ऋषि ने अपने शिष्यों की परीक्षा कैसे ली?

प्रश्न 4. पहला शिष्य कहाँ गया? उसने ऋषि को भेंट में क्या लाकर दिया?

प्रश्न 5. दूसरे शिष्य द्वारा दी गई मोतियों की पोटली का ऋषि ने क्या किया?

प्रश्न 6. ऋषि के तीनों शिष्यों की क्या विशेषताएँ थीं?

प्रश्न 7. सुबंधु ने गाँव में जाकर क्या देखा?

प्रश्न 8. सुबंधु ने गाँववासियों की दशा कैसे सुधारी?

प्रश्न 9. गाँव के लोग सुबंधु को देवता क्यों कहते थे?

प्रश्न 10. गुरु जी ने गुरु–मंत्र पाने का अधिकारी किसे माना? और क्यों?

प्रश्न 11. पहले विद्यार्थी आश्रम में रहकर ही पढ़ाई करते थे। सोंचकर बताओ कि आज भी तुम्हे स्कूल में रहकर ही पढ़ना होता तो क्या होता?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. पाठ को पढ़कर खाली स्थानों में, कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर भरो –**

क. उन्हें वे प्राणों के समान ............... थे। (प्रिय/प्रेम)

ख. राजन्! आप ............................ हैं। (भाग्यवान/भाग्यमान)

ग. आप हमें ............... बता रहे हैं। ( बुद्धिमान/बुद्धिवान)

घ. ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर ..................। (झुका लिया/पकड़ लिया)

ङ. वह तो एक ................ किसान जैसा था। ( असाधारण/साधारण)

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. सुबंधु की भेंट मूल्यवान थी, पहले शिष्य की भेंट ...........................थी।

ख. दिनेश और विनय योग्य थे, सुरेश ...........................था।

ग. यह समस्या छोटी नहीं थी, बहुत ...................थी।

घ. तीनों शिष्य परिश्रमी थे, वे ............... नहीं थे।

ङ. वह पुराना जमाना था, अब ................जमाना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## पढ़ो और समझो–

पाठ में आए निम्नांकित वाक्यों को पढ़ो–

क. बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे।

ख. रास्ते में शाही पालकी जा रही थी।

ग. राजा नीचे उतरे।

घ. राजा ने उस व्यक्ति को ध्यान से देखा।

ऊपर लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों से हमें किसी–न–किसी कार्य के होने का पता लगता है। **जिन शब्दों से हमें किसी कार्य के होने अथवा करने का पता लगता है, उन्हें 'क्रिया' कहते हैं।** ऊपर के पहले वाक्य में 'रहना', दूसरे वाक्य में 'जाना' तीसरे वाक्य में 'उतरना' और चौथे वाक्य में 'देखना' मूल क्रियाएँ हैं।

**प्रश्न 3. पाठ में से कोई पाँच क्रिया शब्द छाँटकर लिखो।**

**प्रश्न 4. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटो–**

क. सैकड़ों आदमी मिलकर भी कोई काम न कर सके।

ख. ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए।

ग. सारे कुएँ सूखे पड़े हैं।

घ. प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।

**(ख) दोनों चौकोर में से विशेषण और विशेष्य लेकर सही जोड़े बनाओ।**

| | |
|---|---|
| लहलहाती, साधारण, अधूरा,<br>महान, नम, धूल–धूसरित | आँखें, किसान, फसल,<br>काम, सुबंधु, धर्म |

**समझो**

| | | |
|---|---|---|
| गुरु–मंत्र | = | गुरु का मंत्र |
| ऋषि–मुनि | = | ऋषि और मुनि |
| धूल–धूसरित | = | धूल से धूसरित |
| जल–धारा | = | जल की धारा |

**प्रश्न 6. अब नीचे लिखे शब्दों को इसी प्रकार तोड़कर लिखो–**

राज–सिंहासन, लंबा–चौड़ा, गुरु–दक्षिणा, जी–जान, बुरा–भला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## रचना

- 'एक और गुरु–दक्षिणा' कहानी को संक्षेप में अपने शब्दों में लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- अर्जुन के गुरु का नाम द्रोणाचार्य था। इसी प्रकार निम्नलिखित महापुरुषों के गुरुओं के नाम तलाश करो।

  राम , चंद्रगुप्त, कृष्ण, शिवाजी, कर्ण, विवेकानंद, लवकुश।
- इस कहानी को संवाद का रूप देकर अभिनयपूर्वक कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जल संरक्षण संबंधित पोस्टर बनाओ तथा स्लोगन भी लिखो।
- लोगों की भलाई के लिए किया गया कार्य जनहित कहलाता है। अतः दैनिक अखबार पढ़कर पता करो कि किन–किन जगहों पर जनहित के लिए क्या–क्या कार्य हो रहा है?

5KY18H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–16

# पत्र

– लेखकमंडल

पत्र द्वारा संदेश भेजने की प्रणाली काफी पुरानी है। यूँ आजकल दूरभाष की सुविधा हो जाने के कारण पारिवारिक पत्र–व्यवहारों में काफी कमी आ गई है, परन्तु दूरभाष पर हम उतनी जानकारी नहीं दे सकते, जितनी पत्र के द्वारा दी जा सकती है। बच्चे और युवा इसीलिए देश के कोने–कोने से तथा विदेशों से भी पत्र–मित्र के माध्यम से अपने मित्र बनाते हैं और अपने–अपने स्थान की जानकारी देते हैं। प्रस्तुत पत्र में एक बालिका ने अपनी सहेली को दिल्ली में मेट्रो रेल की वजह से आए बदलाव की जानकारी दी है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** एकवचन से बहुवचन बनाना, क्रिया का काल, पत्र–लेखन।

132, सी–1 शाहदरा
दिल्ली
20 नवम्बर 2010

प्रिय मीना,

नमस्ते।

बड़े दिन की छुट्टियाँ होने वाली हैं। तुम कुछ दिनों के लिए दिल्ली अवश्य आना। तुम्हें याद होगा कि पिछले वर्ष हमने कितनी मौज–मस्ती से छुट्टियाँ बिताईं थीं। अप्पूघर, चिड़ियाघर, गुड़ियाघर की सैर करने में कितना मजा आया था। हम लाल किला और कुतुबमीनार भी देखने गए थे। याद है, नंदा तो कुतुबमीनार की ऊँचाई देखते–देखते पीछे को ही लुढ़क गई थी। इस साल भी नंदा अपने भाई के साथ आ रही है।

इस बार एक नया आकर्षण तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा है। मेट्रो रेल के बारे में तुमने सुना या पढ़ा ही होगा। अभी तक मेट्रो रेल केवल कोलकाता में ही प्रचलित थी; पर दिल्ली में भी कई क्षेत्रों में चलाई जा रही है। सचमुच मेट्रो रेल में यात्रा करने का आनंद ही कुछ और है। अब मेट्रो रेल का जाल पूरी दिल्ली में बिछाया जा रहा है। इसकी पटरियाँ सड़क से ऊपर खंभों पर (ओवर ब्रिज) बिछाई गई हैं। कहीं–कहीं ये भूमि के नीचे भी हैं। कोलकाता की तरह दिल्ली की मेट्रो रेल पूर्णरूप से भूमिगत नहीं है। साफ–सुथरी दौड़ती तेज गाड़ी में शाहदरा से सफर करते हुए कब कश्मीरी गेट आ जाता है, पता ही नहीं चलता। बसों की धक्का–मुक्की और लंबी कतारों से राहत मिल गई है।

**शिक्षण–संकेत–** पत्र लिखने की आवश्यकता पर कक्षा में चर्चा करें। पत्र का महत्व बताएँ। पत्र के विविध रूप भी बताएँ। आवागमन के नए–नए साधनों की जानकारी देते हुए शहरों में उमड़ रही भीड़ के कारण होने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा करें। पाठ का वाचन करें। कक्षा को कई समूहों में बाँटकर पाठ के अंश पढ़ने को दें और उनका सार बताने को कहें। कुछ अन्य विषयों पर भी पत्र–लेखन कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





मेट्रो रेल के डिब्बे दक्षिण कोरिया से बनकर आए हैं। इसके दरवाजे स्वचालित हैं जो गाड़ी के रुकते ही या चलते ही अपने आप खुल या बंद हो जाते हैं। जगह–जगह मेट्रो रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं जो बहुत सुंदर और सुविधापूर्ण हैं। काउंटर से टिकट या टोकन लेकर ही प्लेटफार्म पर प्रवेश किया जा सकता है और टोकन को एक मशीन में वापस डालकर ही बाहर आया जा सकता है। गाड़ी में प्रत्येक स्टेशन आने से पूर्व उसके नाम की घोषणा की जाती है जिससे यात्रियों को अपने निश्चित स्टेशन के आने का पता चल जाता है। गाड़ी के इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्ड पर स्टेशन आने के पूर्व उसका नाम अंकित हो जाता है।

तुम तो जानती ही हो कि देश की राजधानी और महानगर होने के कारण दिल्ली की आबादी कितनी तेजी से बढ़ी है। यहाँ की अधिकांश जनता को कामकाज के लिए प्रतिदिन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना–आना पड़ता है। इसी कारण दिल्ली की सड़कों पर बसों और वाहनों की संख्या भी बहुत अधिक हो गई है जिससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इन समस्याओं को हल करने में मेट्रो रेल काफी मददगार होगी। मेट्रो रेल का कार्य बड़ी तेजी से प्रगति पर है और अगले कुछ वर्षों में इसके पूरे हो जाने की संभावना है। कल्पना करो तब दिल्ली कितनी आकर्षक और सुखद हो जाएगी।

अभी तुम दिल्ली आओगी तो यहाँ का बदला रूप देखकर आश्चर्य करोगी। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगी। चाचा जी और चाची जी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारी सखी
कांता

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकर्षण | – | खिंचाव | सैर | – | घूमना |
| अधिकांश | – | अधिकतर | स्वचालित | – | अपने आप चलनेवाली |
| प्रदूषण | – | ..................... | मददगार | – | सहायता देनेवाला |
| संभावना | – | ..................... | प्रतीक्षा | – | ..................... |

ऊपर कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(दूषित होना, इंतजार, मुमकिन होना)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. कांता ने किसे पत्र लिखा है?
2. पत्र में पत्र भेजनेवाला अपना पता कहाँ लिखता है?
3. मेट्रो रेलवे स्टेशन की क्या विशेषताएँ हैं?
4. मेट्रो रेल के डिब्बे किस देश से बनकर आए हैं?
5. मेट्रो रेल के चलने से किस समस्या से छुटकारा मिल गया है?
6. दिल्ली की आबादी क्यों बढ़ती जा रही है?
7. दिल्ली की सड़कों पर वाहनों की संख्या क्यों बढ़ती जा रही है?
8. मेट्रो रेल के यात्रियों को स्टेशन आने का पता कैसे चलता है?

**प्रश्न 2. नीचे लिखी पंक्तियों के खाली स्थानों में पाठ के आधार पर उचित शब्द चुनकर भरो :–**

1. तुम कुछ दिनों के लिए ................ अवश्य आना। (दिल्ली / मुम्बई)
2. कुतुबमीनार की .......... देखते हुए नंदा पीछे लुढ़क गई थी। (लम्बाई / ऊँचाई)
3. ........... से टिकट या टोकन लेना चाहिए। (प्लेटफार्म / काउंटर)
4. मेट्रो रेल का कार्य ...................... गति से चल रहा है। (धीमी / तेज)
5. दिल्ली की आबादी तेजी से ....................... है। (घटी / बढ़ी)

**प्रश्न 3. सोचो और लिखो–**


1. हम किसी को पत्र क्यों लिखते हैं ?
2. बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखा जाता है?
3. अपने से छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखते हैं?
4. पत्र में पता लिखते समय पिन कोड क्यों लिखना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. इस टिकट को देखो और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**




1. इस टिकट पर कितने लोगों ने यात्रा की?
2. यह टिकट कहाँ–से–कहाँ तक की है?
3. इन दोनों स्थानों के बीच की दूरी कितनी है?
4. किराये के लिए कितने पैसे चुकाए गए?
5. टिकट धारकों की आयु क्या है?

## गतिविधि

- कक्षा के दोनों समूह शब्दार्थ संबंधी गतिविधि करें। एक समूह शब्द बोले, दूसरा उसका अर्थ बताए, फिर यही गतिविधि उलटकर करें।

## भाषातत्व और व्याकरण

**पढ़ो और समझो–**

| | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छुट्टी | शाला | बगीचा | पुस्तक |
| 2. | बकरी | बाला | शरीफा | नहर |
| 3. | गठरी | माला | फीता | पेंसिल |
| 4. | पटरी | घोषणा | बाजा | कमीज |
| 5. | लकड़ी | योजना | ताला | चादर |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ऊपर चार वर्गों में चार प्रकार के शब्द दिए गए हैं। अ वर्ग के नीचे 'ई' से अंत होने वाले पाँच स्त्रीलिंग शब्द हैं, ये सभी एकवचन में हैं। इनको बहुवचन बनाते समय 'ई' को 'इयाँ' और 'इयों' में बदल देते हैं, जैसे 'छुट्टियाँ', 'छुट्टियों'। ब के नीचे लिखे शब्द 'आ' से अंत होने वाले स्त्रीलिंग शब्द हैं। इनके बहुवचन 'एँ' और 'ओं' लगाकर बनाए जाते हैं, जैसे शालाएँ, शालाओं।

**प्रश्न 1.** **ऊपर दी गई तालिका में 'स' और 'द' के नीचे लिखे शब्द किस लिंग के हैं? उन्हें बहुवचन में बदलो।**

**समझो**

- 'मस्त' में 'ई' की मात्रा जोड़कर 'मस्ती' शब्द बना है।

**प्रश्न 2.** **निम्नलिखित शब्दों में 'ई' की मात्रा जोड़कर नए शब्द बनाओ और उनका वाक्यों में प्रयोग करो–**

वापस, कम, तेज, देर, गलत।

**इन वाक्यों को पढ़ो और समझो–**

क. मीना दिल्ली गई थी।

ख. कांता दिल्ली में रहती है।

ग. दिल्ली में मेट्रो का विस्तार होगा।

पहले वाक्य से यह पता लगता है कि काम पूर्व में हो चुका है। दूसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि काम अभी हो रहा है। तीसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि कार्य आगे होगा। काम की दृष्टि से पहला वाक्य भूतकाल का है, दूसरा वाक्य वर्तमान काल का और तीसरा वाक्य भविष्यत् काल का है।

**प्रश्न 3.** **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखो और इन्हें निर्देशानुसार काल में बदलो–**

क. हमने छुट्टियाँ बिताई थीं। (भविष्यत् काल)

ख. वह अपने भाई के साथ आएगी। (वर्तमान काल)

**समझो**

- हलंत वर्णों (क्, त्, स् आदि सभी) पर मात्रा नहीं लगाई जाती। 'बुद्धि' को अगर हम तोड़कर लिखें तो इस तरह लिखेंगे– ब + ु + द् + ि + ध। 'निश्चित' को इस तरह लिखेंगे– ि + न + श + ि + च + त। 'निश्चित' लिखना गलत है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. 'मुट्ठी', 'शुद्धि', 'क्रुद्ध', 'प्रसिद्धि', 'वृद्धि' शब्दों को तोड़कर लिखो।**

- 'र' का प्रयोग चार रूपों में होता है। देखो और समझो–

  अ. र – राम, राजा, राज्य, राकेश।

  ब. र् – धर्म, कर्म, शर्म, गर्त।

  स. ्र – ग्राम, ग्रह, चक्र, क्रम।

  द. ‸ – राष्ट्र, ड्रम, ट्रक, ड्रिल।

  'र' से बनने वाले शब्दों के उच्चारण में कोई कठिनाई नहीं होती। 'राम', 'राजा' आदि का उच्चारण सरल है। 'धर्म' का उच्चारण करो। 'ध' के बाद 'र' का उच्चारण होता है और 'म' का उच्चारण बाद में पूरा होता है। क्रम में 'क' का उच्चारण पहले होता है और 'र' का बाद में। इसमें 'क' आधा है और 'र्' पूरा। ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ) के साथ 'र' का प्रयोग ‸ रूप में होता है।

प्रश्न 5. ब, स और द वाले 'र' के प्रकारों के पाँच–पाँच शब्द लिखो।

## रचना

- शाला–वार्षिकोत्सव की तैयारी के संबंध में अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखो।
- आपके मोहल्ले में अत्यधिक गंदगी फैली है तो आप किसको पत्र लिखोगे? कैसे?

## योग्यता–विस्तार

- महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस आदि महापुरुषों ने अपने पुत्र–पुत्रियों और मित्रों को कारागार से पत्र लिखे हैं। अपने शिक्षक की मदद से उन्हें खोजकर पढ़ो।
- अंतर्देशीय डाक टिकट, लिफाफा और पोस्टकार्ड संकलित करो और उनपर चर्चा करो। कक्षा में उनका प्रदर्शन करो और उन पर चर्चा करो।
- संदेश भेजने के और कौन–कौन से साधन है?

5LGSBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

SNTEFB

पाठ — 17

# cVokjk

भूमिका :— कहथें घर फूटे ता गंवार लूटे। मइनसे कर मती फुइट जाथे ता कइयों कस संकट बिपेत आये जाथें। एही कस बोधन अउ सुखना दुनो भाई कर मती फुइट गइस। पुरखोती भुइयां कर बांटा बर झगरा बाझिन तेकर कोट कछेरी पहुंइच गईन। जेमें ढेरे रूपिया खर्चा होईस। भुंई घलो बेंच डारत रहीन। हाएर—माएन के दुनों भाई सुलानामा होईन ता बात बनीस।

एक दिन बोधन अदालत ले हिंकेल के मने—मन बड़बड़ाये लागीस— '' केस लडत आएज तीन बच्छर बीत गईस। तबो ले, फइसला तो का, गवाही घलो नी होए पाईस हवे। पॉच खांड़ी कर खेत, अब केस लड़त—लड़त तीन खांडी कर बॉयच गईस हवे। दुई खांडी कर खेत ला उकील मन खाए धारीन । अब तो केस लड़ना अनभनिया हवे। अब नान भाई ठन सुलानामा कर लेहेक चाही। नहीं ता तीन खांड़ी कर खेत घलो गंवाए जाही अउ लरिका मन भूखे मरे लागहीं। बोधन एही सोंचत – सोंचत सांझ कर झुरमुट में रेंगत—रेंगत अपन गांव डहर जात रहे।

बोधन कर नान भाई सुखना रहीस। बाप कर मरे कर पाछू दूनों भाई, बाप कर छोड़ल जमीन ला बांएट लेहीन। बकी एक एकड़ बहरा खेत बर दूनों भाई झगरा बाएझ गईन। झगरा ये गोएठ कर रहीस कि उपर डहर कर भूई ला कोन लेहीं । बोधन उपर डहर कर भूई ला लेहे बर अड़े रहे। जेमे बरखा कर पानी कर निकाल रहीस। अउ बोधन कर नान भाई सुखना अपन परानी कर बहकावा में ओकर बर अड़े रहीस। गांव कर पंचायत दूनो भाई ला समझाईस। बकी दूनो अपन परानी मन कर बहकावा में अयड़ गईन अउ झगरा हर अदालत में पहूंच गईस।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



दुनों भाई कर झगरा हर तीन बच्छर ले सांप अस चलते रहीस। उकील मन पेसी में अपन फीस नोएच के ले लें । पेसी कर तारीख बढ़ावत रहें। हर पन्द्रा दिन में पेसी पईर जाय। तेकर ले दूनो भाई खेती किसानी कर काम ला छोंएड़ के, तारन्तार उकील मन ठन हांथ जोरत फिरत रहें। दूनो भाई ला उकील मन गाय अस दूहत रहे। एकर ले दूनो भाई गरीब होवत चले गईन। बोधन अपन आन राखे कर चलते अपन दुई खांडी कर खेत बेंच देहीस । सुखना अपन परानी कर सान राखे बर अपन घर कर भांड़ा बरतन अउ गहना बेंच के रेक्सा चलात रहीस।



आएज अदालत ले भूखे–पियासे फिरत घनी बोधन बिचार करीस, कि सुखना आखिर मोर अपन भाई हवे। हमन दूनो एके बाप कर बेटा ही। भुंई उपर कर होवे चाहे खाल्हे कर, आखिर हमरे तो हवे। बिपत परे में भाइये हर काम आथे। एकर ले अब परानी मनकर बुइध में  लड़ना ठीक नी हवे। मोला नान भाई सुखना संग सुलानामा कईर लेहेक चाही। नहीं तो बांचल–खोंचल सब भुंईयां हमर हांथ ले हिकेल जाही।

उते सुखना घलो पेसी कूदत–कूदत थएक गए रहीस। पसेना गाएर के कमावल सब पइसा उकील मन कर जेबहा में चले जाय। सुखना घलो अपन बड़खा भाई बोधन संग सुलानामा करे बर मन बनाईस। बकी लाजे कहे कर हिम्मत नी जुटाय पाये। सुखना घलो मने–मन सोंचत रहे बड़खा भाई ठन अपन मन कर गोएठ ला कइसे कहों।

थकल–हारल बोधन घरे पहूँइच के सुखना ला हंकाइस ता सुखना झट ले उइठ के ठढ़ोय  गईस। सूखना जब अपन बड़खा भाई ठन भेटाय बर घर ले हिंकलत रहीस ता ओकर परानी हर कहीस, '' बड़खा कर कोनो गोएठ में झिन बहेक जइहा ''।

सुखना आएज अपन परानी कर खींचल लछुमन रेखा ला पार करे बर मन बनाय चुके रहीस।

सुखना अपन बड़खा भाई कर आगू पहूंइच के ठढ़ोय गईस। आएज अपन नान भाई ला अपन आगू ठढ़ोवल देख के बोधन कर आंखी ले पानी झरे लागीस । बोधन अपन भाई

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ला पोटायर के रोइस अउ कहीस, '' सुखना! तैं उपरे कर खेत ला ले–ले अउ अपन जिद ला छोएड़ दे। हमन लहू बॉएट के जनमें ही–रे।''

बोधन कर एतना गोएठ सुइन के सुखना घलो रोय लागीस, अउ अपन बड़खा भाई कर गोड़े गिर परीस । दूनो भाई राम–भरत अस आंसू बहावत रहें अउ उते केंवारी कर ओधा ले ओमन कर परानी मन झांकत रहें।



'kCnkFkZ

बड़बड़ाय = अधिक बोलना। सांप अस = सर्प के समान। बांचल–खोचल = बचा हुआ। कूदत–कूदत = दौड़ते–दौड़ते। पोटायर = गले लगना।

## ijlu vm vfHk;kl

xfrfof/k %& गुरूजी कक्षा कर लरिका मन ला दुई दल में बांटें, अउ ओमन ला मुखागर परसन पुछी–पुछा करूवावें। थोर कन परसन ये नियर होय सकथे।

1. बोधन कर नान भाई कर का नांव रहीस ?
2. दुनो भाई ला कोन बहकाईस ?

ck/k&ijlu%&

i'u01& [kkyg fy[ky ijlu dj mRrj fy[kk –

1. सुखना कर कमाई काकर जेबहा में गईस ?
2. दुनो भाई कर झगरा कतेक दिन ले चलीस ?
3. केतना–केतना दिन मे पेसी परत रहीस ?
4. बुधना अउ सुखना काबर अदालत में गईन ?
5. दुई झन कर झगरा में काके फयदा होथे ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



lk,p dh fy[kk&

क. सुखना कर परानी हर का गोएठ कहे रहीस ?

ijlu02& dku gj dkdj Bu dgh l &

1. बड़खा कर कोनो बात में झिन बहेक जाईहा।

2. तैं उपरे कर भुंई ला ले–ले अउ अपन जिद ला छोएड़ दे।

ijlu03& [kkyg fy[ky ik;r dj vjFk yk crkok &

1. राम भरत अस आंसू बहावत रहें।

2.आंखी ले पानी झरे लागीस।

3. सांप अस चलत रहीस।

Hkk"kk rRo vm C;kdj.k

xfrfof/k&

[kkyg fy[ky lcn eu dj vjFk fgUnh es fy[kk &

बॉचल–खोंचल, थकल–हारल, आंखी ले पानी।

ijlu04& खालहे लिखल हाना मन कर अरथ लिखा अउ वाक्य में परयोग करा –

1. आंखी ले पानी, 2. लहू बांएट के जनमे

jpuk&

क. ये कहनी ले का सीख मिलथे ।

;kX;rk foLrkj &

– अदालत ला छोएड़ के झगरा सुलझाय कर आने उपाय बतावा।

f'k{k.k lidr &

(ये पाठ कर दुई–चायर पायेंत लरिका मन ला पढ़ुवावा। जे सबद ला लरिका मन ठीक पढ़े नी जाने तेला पएढ़ के बतावा । येही कस कोनो कहनी कएह के लरिका मन ला सुनावा।)

SP3AGY

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–18

# हार नहीं होती

— हरिवंशराय 'बच्चन'

इस कविता में प्रयत्न एवं परिश्रम की महिमा गाई गई है। कवि कहता है कि निरंतर प्रयत्न करते रहने वालों की कभी पराजय नहीं होती। छोटी–सी चींटी जब दीवार पर चढ़ती है तो वह कई बार नीचे फिसल जाती है, किन्तु वह हार नहीं मानती। अंततः उसकी मेहनत बेकार नहीं जाती और वह ऊपर चढ़ने में सफल हो जाती है। गोताखोर उत्साह में भरकर गहरे पानी में उतरता है और मोती निकाल ही लाता है। असफलता को एक चुनौती की तरह स्वीकार करना चाहिए और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** शब्दों के शुद्ध रूप, तत्सम और तद्भव रूप, विलोम शब्द, मुहावरों के अर्थ।

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है,
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,





आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा–जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में,

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को बताइए कि जो निरंतर प्रयास करता रहता है, वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर ही लेता है। जिस काम को हम हाथ में लें उसे पूरा करके ही छोड़ें। कविता का सस्वर वाचन करें और अलग–अलग विद्यार्थियों से उसका अनुकरण वाचन कराएँ। कविता में जो उदाहरण दिए गए हैं, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य उदाहरण देकर बताएँ कि जो लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत् प्रयत्नशील रहते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। अँग्रेजी कविता की ये पंक्तियाँ भी कक्षा में सुनाएँ–

**Try and try again boys,**
**You will succeed at last.**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो,
जब तक न सफल हो, नींद चैन त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय–जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नौका | – | नाव | रगों में | – | नसों में |
| अखरना | – | खलना, बुरा लगना | सिंधु | – | समुद्र |
| चुनौती | – | ललकार | संघर्ष | – | टकराव, मुकाबला |
| हैरानी | – | आश्चर्य | मैदान छोड़ना | – | पीछे हटना |
| चैन | – | शान्ति | सहज | – | आसान |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. ''कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती'' इस पंक्ति का क्या आशय है?
2. चींटी किस प्रकार संघर्ष करती है?
3. सफलता पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
4. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जो तुम्हे सबसे अच्छी लगी। क्यों अच्छी लगी?
5. यदि हम किसी काम को करने में किसी कारणवश असफल हो जाते है तो हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए।
6. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तुम क्या–क्या तैयारी करते हो?

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| नौका | – | एक चुनौती है। |
| चींटी | – | लहरों से डरती नहीं है। |
| गोताखोर | – | सौ बार फिसलती है। |
| असफलता | – | सिंधु में डुबकियाँ लगाता है। |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3 खंड 'अ' और खंड 'ब' से कविता के अंश लेकर पंक्तियाँ पूरी करो–**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| क्या कमी रह गई | हर बार नहीं होती |
| कोशिश करनेवालों की | जय–जयकार नहीं होती है। |
| मुट्ठी उसकी खाली | मोती गहरे पानी में |
| मिलते न सहज ही | हार नहीं होती। |
| कुछ किए बिना ही | देखो और सुधार करो। |

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पंक्तियाँ किसके लिए प्रयुक्त हुई है–**

1. मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती।
2. आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम और तद्भव शब्द चुनकर लिखो–**

मोती, मन, लहर, सिंधु, नींद, हाथ, गाय, दर्शन, चरण, प्राण।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है? खाली जगह में लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हार | .................................. | सौ | ...................................... |
| नींद | ................................. | सिंधु | ..................................... |
| कोशिश | ................................ | डर | ..................................... |
| लहर | .................................. | मेहनत | .................................... |

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो–**

चुनौती, मुठ्ठी, बड़ा, चढती, विस्वास, महनत, कोशिश, नन्नीं, नोका, साहस, संघर्ष।

**प्रश्न 4 तुमने पढ़ा है कि कुछ शब्द सदा एकवचन में रहते हैं और कुछ शब्द बहुवचन में। दोनों प्रकार के दो–दो शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5 'जय–जयकार करना', 'कोशिश करना' क्रियाओं का भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल के एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

हार, विश्वास, बढ़ना, सफलता, स्वीकार, उत्साह, चैन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. मेहनत के मुहावरे–**

कोल्हू का बैल ऐसे व्यक्ति को कहते है जो कड़ी मेहनत करता है या जिससे कड़ी मेहनत करवाई जाती है।

मेहनत और कोशिश से जुड़े कुछ और मुहावरे नीचे लिखे है। इनका वाक्यो में इस्तेमाल करो।

- दिन रात एक करना।
- पसीना बहाना।
- एड़ी–चोटी का जोर लगाना।

**ऊपर में दिए मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## योग्यता–विस्तार

- महाराणा प्रताप अकबर से पराजित होकर अरावली के जंगलों में चले गए। उन्होंने हार नहीं मानी थी। उनकी सफलता की कहानी खोजकर पढ़ो।
- अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन चुनाव में कई बार पराजित हुए किन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत में उनकी विजय हुई और वे राष्ट्रपति बने। इनका जीवन–चरित खोजकर पढ़ो।
- पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास सहा, उन्होंने कौरवों के अत्याचार सहे लेकिन हार नहीं मानी। अंत में युद्ध में उनकी विजय हुई। महाभारत की कथा अपने शिक्षक से जानों।

**इन कविताओं की पक्तियों को आगे बढ़ाओ।**

घंटी बोली टन–टन–टन

.......................................

कहां चले भाई कहां चले

.......................................

रेल चली भई रेल चली

.......................................

कल की छुट्टी परसों का इतवार

.......................................

रोटी दाल पकाएंगें

.......................................

5H9FGQ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5HBGFT

## पाठ–19

# राष्ट्र–प्रहरी

– संकलित

हर राष्ट्र अपनी सुरक्षा के इंतजाम करता है। उसकी बाह्य–सुरक्षा के लिए थलसेना, नौसेना और वायुसेना रहती है। इनके सैनिक हमारे राष्ट्र–प्रहरी हैं। ये राष्ट्र–प्रहरी आकाश में उड़ते हुए, सागर में घूमते हुए, बर्फ से ढँके पर्वतों पर भीषण ठंड सहन करते हुए निरंतर सजग रहते हैं। वीर सैनिक बनने का स्वप्न देखनेवाले ऐसे ही एक बालक की सोच हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, विलोम शब्द, प्रत्यय एवं विराम–चिह्न।

अक्षय दूरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था। जैसे ही थलसेना की टुकड़ी के सैनिक अपनी वर्दी में कदम–से–कदम मिलाते हुए आगे आए, अक्षय की आँखें चमक उठीं। कतारों में चलते घोड़ों और ऊँटों पर बैठे सैनिकों की शान ही निराली थी। अक्षय को एक के पीछे एक आती हुई सेना के सभी अंगों की टुकड़ियाँ आकर्षित कर रही थीं। वह सोचने लगा– "मैं बड़ा होकर क्या बनूँगा? क्या मैं भी ऐसी वर्दी पहनकर शान से परेड में भाग ले सकूँगा?" अक्षय मन–ही–मन एक संकल्प कर बैठा।

दूसरे दिन अक्षय ने पुस्तकालय से 'भारतीय सेना' पर एक पुस्तक पढ़ने के लिए ली। घर आते ही वह पुस्तक पढ़ने लगा।

''किसी भी देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व उसकी सेना पर होता है। भारतीय सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, वायुसेना, नौसेना। नौसेना का अर्थ है– जलसेना। थलसेना के सैनिक भूमि अथवा थल पर युद्ध करते हैं। थलसेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है। एक तरफ हिमालय की ठिठुरानेवाली सर्दी और दूसरी तरफ शरीर को झुलसा देनेवाली रेगिस्तान की गर्मी। रेत के तूफानों की परवाह न करते हुए, सेना के वीर सिपाही हरदम चौकस रहकर अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। थल सैनिकों की वर्दी का रंग मटमैला हरा होता है।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से गाँवों, शहरों की रक्षा के संबंध में चर्चा करें। उनसे पूछें कि देश की सुरक्षा कैसे की जाती है? भारतीय सेना के संबंध में चर्चा करें। 15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड पर प्रश्न पूछें। उन्हें बताएँ कि देश की रक्षा भूमि, आकाश और समुद्र तीनों ओर से करनी पड़ती है; इसलिए सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, जलसेना और वायुसेना। प्रसंगवश एन.सी.सी पर भी चर्चा करें और इस संस्था की स्थापना के उद्देश्य भी बताएँ। कक्षा को कई समूहों में विभाजित कर दें और प्रत्येक को सेना के एक अंग पर पढ़ने, विचार करने को कहें। बाद में उन समूहों से चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com






घायलों को अस्पताल ले जाने तथा संकट में घिरे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में भी वायुसेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नीली वर्दी में सजे वायुसेना के सैनिक हरदम सजग और सतर्क रहते हैं।

हमारे देश की नौसेना देश के समुद्री तटों और समुद्री सीमाओं की रक्षा करती है। नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं और जल की सतह और गहराई दोनों में प्रहार करने में सक्षम होते हैं। नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग सफेद होता है।




सेना के इन तीन प्रमुख अंगों की सहायता के लिए और भी महत्वपूर्ण इकाइयाँ होती हैं, जो युद्ध के हथियार, विभिन्न उपकरण, रसद, दवाइयाँ, कपड़े इत्यादि एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजती हैं। युद्ध के समय इनकी चुस्ती और फुर्ती देखते ही बनती है। सेना को ये किसी तरह की कोई कमी महसूस नहीं होने देती।

भारतीय सैनिक बहादुरी के लिए जितने विख्यात हैं, अपनी अनुशासनप्रियता के लिए भी उतने ही सराहनीय हैं। सैनिकों के इस अनुशासन से उनके हर काम में गति आ जाती है। जब वे समूह में चलते हैं तो उनका चलना भी देखने योग्य होता है। एक अच्छे सैनिक के गुण हैं– देशभक्ति, सजगता, साहस, धैर्य और अनुशासन। भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट–कूटकर भरे हैं। यही नहीं बाढ़, तूफान, भूकंप, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं, इससे उनकी सेवाभावना का भी परिचय मिलता है।




थलसेना, वायुसेना और नौसेना इन तीनों अंगों के अपने–अपने प्रशिक्षण विद्यालय हैं, जहाँ देश के चुने हुए नवयुवकों तथा नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इन विद्यालयों के कठोर अनुशासन के वातावरण में प्रशिक्षित होकर ये युवक और युवतियाँ हमारे देश की सेनाओं का गौरव बढ़ाते हैं।

भारतीय सेनाएँ सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियारों से लैस हैं और सभी प्रकार की परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। हमारे देश के राष्ट्रपति सेना के तीनों अंगों के अध्यक्ष हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रतिवर्ष भारत सरकार वीरतापूर्ण और साहसिक कार्यों के लिए सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित करती है। केवल पुरुष ही नहीं महिलाएँ भी सेना के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।''

अक्षय पुस्तक पर हाथ रखे हुए कुछ सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने 26 जनवरी का वह दृश्य घूमने लगा जिसमें वह भी सैनिक वर्दी पहने राष्ट्रपति को सलामी दे रहा है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| संकल्प | – | निश्चय, प्रतिज्ञा | परवाह | – | फिक्र |
| चौकस | – | होशियार, सजग | सीमा | – | सरहद |
| वर्दी | – | पोशाक, पहनावा | हमला | – | आक्रमण |
| प्रहार | – | चोट | सक्षम | – | क्षमतावान |
| उपकरण | – | सामग्री | रसद | – | भोजन–सामग्री |
| विख्यात | – | प्रसिद्ध | सजगता | – | जागरूकता |
| वीरतापूर्ण | – | बहादुरी से भरा | साहसिक | – | साहसपूर्ण |
| पदक | – | अलंकरण, तमगा | विशिष्ट | – | विशेष |
| सलामी | – | सलाम (नमस्कार) करना | लैस | – | सुसज्जित |
| दुर्गम | – | जहाँ जाना कठिन हो | | | |
| सुरक्षित | – | भली प्रकार से रक्षा किया हुआ | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

### प्रश्न 1. सही उत्तर पर गोला लगाओ –

1. इनमें से 'रसद' का अर्थ है–

   (अ) भोजन–सामग्री (ब) रसदार (स) रासता

2. नौ सेना रक्षा करती हैं–

   (अ) समुद्री सीमाओं की (ब) थल सीमा की (स) वायु मार्ग की

3. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व होता है–

   (अ) शिक्षक पर (ब) सेना पर (स) डॉक्टर पर

4. सैनिक हरदम रहता है–

   (अ) सजग (ब) कमजोर (स) लापरवाह

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



5. शुद्ध शब्द है—

(अ) अनुसासन (ब) अनूशासन (स) अनुशासन

6. विरता शब्द का प्रत्यय है—

(अ) आ (ब) ता (स) अ

7. राष्ट्रीय पर्व है—

(अ) दीपावली (ब) दशहरा (स) 15 अगस्त

8. अच्छे विद्यार्थी का गुण है—

(अ) अनुशासन (ब) वीरता (स) कठोरता

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

1. भारतीय सेना के कितने अंग हैं?
2. किस सेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है?
3. नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग कैसा होता है?
4. भारतीय सैनिक किसलिए विख्यात हैं?
5. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व किस पर होता है?
6. वायुसेना क्या—क्या कार्य करती है?
7. नौसेना का प्रमुख कार्य क्या है?
8. एक अच्छे सैनिक में कौन—कौन—से गुण होते हैं?
9. भारतीय सेना के तीनों अंगों का सर्वोच्च अधिकारी कौन होता है?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

क. कुशल कलाकार सुंदर मूर्तियाँ बनाते हैं, .................. कलाकारों की बनाई मूर्तियाँ उतनी सुंदर नहीं होतीं।

ख. जसपाल राणा एक विख्यात निशानेबाज हैं, रामबाबू गड़रिया ...................... डाकू था।

ग. मैं विशिष्ट हिन्दी पढ़ता हूँ, सलीम ................ हिन्दी पढ़ता हैं।

**प्रश्न 2. पाठ पढ़कर ऐसे शब्द ढूँढ़कर लिखो जिनमें 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाए गए हों, जैसे— कठोर — कठोरता।**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. नीचे लिखे अनुच्छेद में यथास्थान उचित विराम–चिह्नों का प्रयोग कर लिखो।**

एक अच्छे सैनिक के गुण हैं देशभक्ति सजगता साहस धैर्य और अनुशासन भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट कूटकर भरे हैं यही नहीं बाढ़ तूफान भूकंप सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं इससे उनकी सेवा भावना का भी परिचय मिलता है

**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों में एक–एक शब्द अशुद्ध लिखा है। इन्हें खोजो और शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. अक्षय दुरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था।

ख. नौसैनिक समुद्री लड़ाइ में कुशल होते हैं।

ग. सेना के तीन प्रमूख अंग है।

घ. अक्षय मन–ही–मन एक संक्लप कर बैठा।

ङ. सैनिकों का अनुशासन सरहानीय है।

## समझो

- "नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं।" इस वाक्य में 'समुद्री' शब्द पर ध्यान दो। 'समुद्र' शब्द में 'ई' जोड़कर 'समुद्री' शब्द बना है। 'समुद्र' संज्ञा है और 'समुद्री' विशेषण। 'समुद्री' शब्द 'लड़ाई' की विशेषता बता रहा है।

**प्रश्न 5. रिक्त स्थानों में दिए गए शब्दों का सही रूप बनाकर भरो–**

क. नौसेना .................................. तटों की रक्षा करती है। (समुद्र)

ख. ............................. सेना के तीन प्रमुख अंग हैं। (भारत)

ग. हमारे देश के सैनिक अपनी ............... के लिए प्रसिद्ध हैं। (बहादुर)

घ. वीर सैनिक बड़ी .............. से देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। (सजग)

ङ. सैनिकों का अनुशासन .................... है। (सराहना)

## रचना

- जलसेना, थलसेना, वायुसेना के बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।
- तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- भारत सरकार द्वारा सैनिकों को दिए जाने वाले विशिष्ट पदकों के नाम ज्ञात करो और कक्षा में बताओ।
- गणतंत्र दिवस पर अपनी शाला में आयोजित कार्यक्रम पर दस वाक्य लिखो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–20

# मस्जिद या पुल

— सुनीति

मुगल बादशाह अकबर भारत के लोकप्रिय शासक थे। प्रजा का सर्वाधिक हित उनके शासन का प्रथम उद्देश्य था। वे जनता के बीच वेश बदलकर उसकी कठिनाइयों का पता लगाते थे। वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे किन्तु जनता की कठिनाइयों को दूर करने को अधिक महत्व की बात मानते थे। जब उनके सामने प्रश्न उपस्थित हुआ कि किसी स्थान पर 'मस्जिद और पुल' दोनों में से क्या बनवाया जाए तो उन्होंने जन–कल्याण को ध्यान में रखकर पुल बनवाया। लोकप्रिय शासकों को सदा जनता की सुख–सुविधाओं पर ध्यान पहले देना चाहिए। सम्राट अकबर ने वही किया।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम शब्द और उनका प्रयोग, वाक्य परिवर्तन।

दीन–ए–इलाही, गरीब नवाज़, शहंशाह–ए–आलम, महान बादशाह अकबर की अगवानी में जौनपुर के सूबेदार मुबारक खान ने जमीन–आसमान एक कर दिया। यह उसकी बरसों पुरानी साध थी। बरसों से वह लगातार बादशाह को जौनपुर आने के लिए न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था, मगर बादशाह की जान को बड़े झमेले थे। उस दिन भी बड़ी मुश्किल से उन्हें उधर जाने का मौका मिल पाया था।

बादशाह के पास समय बहुत कम था। हाथी की पीठ से उतरकर उन्होंने अभी दो घड़ी आराम भी न किया था कि सूबेदार मुबारक खान बादशाह को गोमती के किनारे दूर–दूर तक फैले उस लंबे–चौड़े मैदान में ले गया, जहाँ मस्जिद बनाने की योजना थी। वहाँ जाकर उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। इस नक्शे को दिखाने के लिए वह बरसों से बेकरार था।

बादशाह ने नक्शे को बड़े ध्यान से देखा। उसे देखकर बादशाह की बाँछें खिल गईं। उन्होंने कहा, ''बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है मुबारक खान! आसमान को चूमने वाली इसकी ऊँची–ऊँची मीनारें, निराले गुंबद, खुला तालाब, सब–के–सब बेमिसाल हैं। हमारा खयाल है कि खुदा के लाखों बंदे इसमें बैठकर अल्लाहताला से दुआ करेंगे और सुकून पाएँगे।''

''जी आलमपनाह, यह खूबसूरत और बेमिसाल मस्जिद दुनिया भर में हुजूर की दीनदारी और गरीबपरस्ती का डंका पीट देगी'', मुबारक खान ने झुककर आदाब बजाते हुए कहा। अकबर खुश होकर वहाँ से लौटे। अकबर महान थे। वे हमेशा अपनी प्रजा के दुख–सुख का ख्याल रखते थे। वे वेश बदलकर प्रजा के अंदरूनी हालात का पता लगाते रहते थे। उस दिन भी वे शाम होते ही वेश बदलकर गोमती के किनारे घूमने निकले।

**शिक्षण–संकेत–** कक्षा में बादशाह अकबर की धार्मिक सहिष्णुता की चर्चा करें। मस्जिद और पुल की चर्चा करते हुए बच्चों को पाठ से जोड़ें तथा कहानी का सारांश बताएँ। फिर एक–एक बच्चे से कहानी का थोड़ा–थोड़ा भाग पढ़वाएँ। कठिन शब्दों के अर्थ बताते जाएँ। अंत में पाठ में आए चरित्रों पर कक्षा में चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घूमते–घूमते एक जगह अकबर को किसी औरत के रोने की आवाज सुनाई दी। अकबर आवाज की ओर चलते हुए गोमती के किनारे नाव के पास आ पहुँचे। उन्होंने देखा कि नाव के पास एक अस्सी–नब्बे साल की काली और छोटे कद की बुढ़िया अपनी गठरी थामे पार जाने के लिए खड़ी है और कह रही है, "इस अल्लाह के मारे दुष्ट मुंशी को तो देखो; अभी अच्छी तरह दिन भी नहीं छिपा है कि दफ्तर बंद करके यहाँ से भाग गया। जब मुंशी ही नहीं है तो मल्लाह यहाँ क्यों ठहरेगा? ये किस समय आते हैं और कब जाते हैं, कोई देखने वाला है? सूबेदार मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है। रिआया मरे या जिंदा रहे, इससे उसे क्या? खूबसूरत, शानदार मस्जिद बनाकर उसे तो बादशाह को खुश करने से मतलब है कि उसका ओहदा और बढ़े।" बुढ़िया चुप होकर फिर बोलने लगी, "मुंशी से शिकायत करो तो कहता है तुम रोज–रोज पार जाती ही क्यों हो? अरे, पार नहीं जाएँगे तो खाएँगे क्या? हमारा कुम्हार का धंधा कैसे चलेगा? गाँव में ग्राहक ही कहाँ मिलेगा भला? फिर क्या खुद खाएँगे और क्या बच्चों को खिलाएँगे? अरे, मेरी तो बहू भी नहीं है, जो बच्चों को सँभाल लेती। नन्हें पोते–पोती भूख से बिलख रहे होंगे। हाय अल्लाह! मैं क्या करूँ?" बुढ़िया धाड़ मारकर जोर–जोर–से रोने लगी।

अकबर द्रवित हो गए। वे आगे बढ़कर बोले, "रोओ नहीं माई! मैं तुम्हें उस पार पहुँचाए देता हूँ।" बुढ़िया ने रोना बंद किया और गठरी लेकर खड़ी हो गई। "चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल।"

अकबर ने इससे पहले कभी नाव नहीं खेई थी। बुढ़िया बादशाह के चप्पू पकड़ने के ढंग को देखकर बोली, "अरे, तुझे तो चप्पू भी ठीक से पकड़ना नहीं आता। तू पार क्या ले जाएगा?"

"मैं सँभालकर धीरे–धीरे चलाऊँगा माई, तू घबरा मत।" अकबर ने बुढ़िया को धीरज बँधाया। बुढ़िया के सामने और कोई दूसरा चारा भी नहीं था। 'मरता क्या न करता' बुढ़िया नाव में बैठ गई। बादशाह जी–जान से नाव खेने लगे। मगर नाव कभी इधर जाती तो कभी उधर। बुढ़िया का पारा ऊपर चढ़ने लगा। वह चिल्लाकर बोली, "अरे अनाड़ी! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी। ऐसे चलकर तू हमें कल रात तक पार पहुँचाएगा। और यह भी पता नहीं कि नाव मझधार में ही डुबो दे। मेरे बच्चे इंतजार कर रहे होंगे और तू है कि नाव लेकर खिलवाड़ कर रहा है।"

"माई! सब्र तो कर," बादशाह ने कहा। किन्तु बुढ़िया बोले जा रही थी, "असल में तो इन बातों का जवाबदेह बादशाह ही होता है। मगर बादशाह तो मुबारक खान की चिकनी–चुपड़ी बातों से ही खुश हो लेगा। उसे असलियत कौन बताएगा कि यहाँ मस्जिद की नहीं, एक पुल की जरूरत है। इस पुल के बिना, पारवाले लोगों को कितनी परेशानी होती है। अरे भाई, पुल न होने से उस पार कोई वैद्य या हकीम भी जाने को तैयार नहीं होता।"


बुढ़िया फिर चुप हो गई। थोड़ी देर बाद उसने फिर बड़बड़ाना शुरू कर दिया, "सूबेदार मुबारक खान हमारा हाकिम है, लेकिन उसे ये सब देखने की फुर्सत कहाँ है! उसे तो बस अपने कर वसूलने से मतलब है। लोग कह रहे हैं, यहाँ ऐसी मस्जिद बनेगी जो दुनियाभर में अपना सानी आप होगी। सुना है, आज अकबर यहाँ आया है। मगर कहीं वह मुझे मिल जाता तो मैं

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उसे बताती कि ओ दुनिया जहान के मालिक, अगर तू सचमुच ही लोगों का भला करना चाहता है तो पहले यहाँ पुल बनवा, मस्जिद नहीं।''



बुढ़िया देर तक इसी तरह बड़बड़ाती रही। चारों ओर अँधेरा छा गया। आसमान में तारे छिटकने लगे। अंत में नाव किनारे पर पहुँच ही गई। नाव में से लड़खड़ाती हुई बुढ़िया किसी तरह किनारे पर उतरी। अकबर ने उसे सँभालते हुए कहा, ''चलो माई! अँधेरा हो गया है। कहीं तुम्हें ठोकर न लग जाए, मैं तुम्हें तुम्हारे घर पहुँचा देता हूँ।'' यह कहकर अकबर ने बुढ़िया को उसकी गठरी समेत गोदी में उठा लिया। बुढ़िया घर पहुँची; उसके घर में कुहराम मचा था। बच्चे बिलख–बिलखकर रो रहे थे। उनका रोना देखकर बुढ़िया को मल्लाह पर बड़ा गुस्सा आया। उसने उतरते–उतरते उसके दोनों गालों को जोर–से खरोंच दिया और बोली, ''आज तूने मेरे बच्चों को भूखा मार डाला।''

पहले तो बादशाह की आँखों में खून उतर आया, पर उन्होंने अपने को सँभाला और मन में सोचा, 'मुझे तो इस बुढ़िया का अहसानमंद होना चाहिए कि इसने मुझे सच्चाई और असलियत का एक सबक सिखाया है।' ''शुक्रिया'' कहकर बादशाह चुपचाप वहाँ से चले गए।

अगले दिन शीशे में अपने खूबसूरत शाहीलिबास और रत्नजड़ित आभूषणों के साथ, अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह मुस्करा दिए।

उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, मस्जिद बहुत बाद में।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साध | – | तीव्र इच्छा | न्यौता | – | निमंत्रण |
| झमेला | – | झंझट | मुश्किल | – | कठिनाई |
| बाँछें खिलना | – | खुश होना | सुकून | – | शांति |
| दीनदारी | – | धार्मिकता | आदाब बजाना | – | सलाम करना |
| मल्लाह | – | नाव खेनेवाला | बिलखना | – | फूट–फूटकर रोना |
| चप्पू | – | नाव खेने के डंडे | | | |
| मझधार | – | बीच धार | | | |
| सब्र | – | धैर्य | | | |
| हाकिम | – | अधिकारी | | | |
| सानी | – | मिसाल / बराबरी | | | |




Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| असलियत | – | सच्चाई | लिबास | – | पहनावा |
| अंदरूनी | – | भीतरी | रिआया | – | प्रजा |
| बेकरार | – | बेचैन | ओहदा | – | पद |
| अहसानमंद | – | अहसान माननेवाला | | | |
| इंतजार करना | – | रास्ता देखना, प्रतीक्षा करना | | | |
| दीन–ए–इलाही | – | दीनहीन पर दया करनेवाला | | | |
| गरीब नवाज | – | निर्धनों पर कृपा करनेवाला | | | |
| कुहराम | – | दुखभरी चीख–पुकार | | | |
| बेमिसाल | – | जिसकी कोई मिसाल/उदाहरण न हो | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. बुढ़िया के घर में कुहराम क्यों मचा था?
2. शीशे में अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह क्यों मुस्कराए?
3. सूबेदार मुबारक खान बादशाह को क्यों खुश करना चाहता था?
4. बुढ़िया का पारा क्यों ऊपर चढ़ने लगा?
5. पुल न होने से लोगों को क्या परेशानी होती थी?
6. बादशाह ने बुढ़िया को घर तक क्यों पहुँचाया?
7. बुढ़िया को बादशाह पर क्यों गुस्सा आया?
8. अगर बुढ़िया बादशाह को पहचान लेती तो उसका उनके प्रति व्यवहार कैसा होता?

**प्रश्न 4. खाली जगह में क्या आएगा? कहानी पढ़कर कोष्ठक में से सही शब्द छाँटकर लिखो।**

क. ..................... के पास बहुत कम समय था। (बुढ़िया/मुबारक खान/बादशाह)

ख. नक्शे को देखकर बादशाह की .....................खिल गईं। (आँखें/बाँछें/बाहें)

ग. मुबारक खान ने ..................... आदाब बजाते हुए कहा।
(अकड़कर/झुककर/तनकर)

घ. अरे .....................! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी।
(खिलाड़ी/अनाड़ी/सवारी)

ङ. यह भी पता नहीं कि नाव को .................. में ही डुबो दे। (नदी/सागर/मझधार)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ चौकोर में से चुनकर लिखो और मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

बाँछें खिलना, धाड़ मारकर रोना, कुहराम मचना, आँखों में खून उतरना, जमीन–आसमान एक करना,

| | | |
|---|---|---|
| गुस्सा करना, | पूरी कोशिश करना, | जोर से रोना |
| खुश होना, | दुख से रोना–चिल्लाना। | |

**समझो**

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। (मुबारक खान ने)
ख. वह बरसों से बेकरार था। (मुबारक खान)
ग. उसका ओहदा और बढ़े। (मुबारक खान का)
घ. चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल। (बादशाह)
ङ. उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, बहुत बाद में मस्जिद। (अकबर ने)

इन वाक्यों में नाम के स्थान पर 'उसने', 'वह', 'उसका', 'तू', 'उन्होंने' शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये सभी शब्द सर्वनाम हैं। **जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं।**

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करो।**

**वाक्य–** मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है।
क. बुढ़िया ने रोना बंद कर दिया।
ख. बादशाह मुबारक खान के व्यवहार पर प्रसन्न हुए।
ग. बादशाह ने मुबारक खान से पुल बनवाने के लिए कहा।

- "बुढ़िया को और कोई सहारा न था।" यह निषेधात्मक वाक्य है। वाक्य का भाव बिना बदले इसे विधिवाचक वाक्य में इस प्रकार लिखा जाएगा– बुढ़िया असहाय थी।

**प्रश्न 3. इन वाक्यों को विधिवाचक वाक्यों में इस प्रकार बदलो जिससे उनके भाव न बदलें।**

क. मैं झूठ नहीं बोलता।

ख. वह बदसूरत नहीं है।

ग. मैं आज कक्षा में उपस्थित नहीं रहूँगा।

घ. चंद्रशेखर आज़ाद कायर नहीं थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखो–**

नक्शा, मुश्किल, मौका, ख्याल, खुश, हालात, दुनिया, फुरसत।

- क. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  ख. वह न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था।

  'सब–के–सब' का अर्थ है, संपूर्ण या पूरा। न्यौते–पर–न्यौता का अर्थ है, लगातार न्यौता देना।

**प्रश्न 5. 'प्रश्न–पर–प्रश्न', 'धमकी–पर–धमकी', 'पेड़–का–पेड़', 'घर–का–घर', शब्द समूहों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

- क. बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है।

  ख. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  'शक' और 'मिसाल' में 'बे' जोड़कर 'बेशक' और 'बेमिसाल' शब्द बने हैं। 'बेशक' का अर्थ है जिसमें कोई शक न हो और 'बेमिसाल' का अर्थ है जिसकी मिसाल (उदाहरण) न हो।

**प्रश्न 6. 'बे' जोड़कर कोई दो अन्य शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- पुल बन जाने से नागरिकों को क्या लाभ हुआ होगा– इस विषय पर 10 वाक्य लिखो।
- नदी पार करने के लिए उपयोग में आने वाले साधनों के नाम लिखो।

## योग्यता विस्तार

- कहानी को नाटक के रूप में तैयार करके कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जनहित में मंदिर या मस्जिद के स्थान पर सड़क या पुल में तुम किसे महत्वपूर्ण मानते हो? इस बात पर आपस में चर्चा करो।
- इस कहानी को निम्न बिंदुओं के आधार पर तैयार कर कक्षा में प्रस्तुत करो –

  1. पात्र
  2. पात्रों का संवाद
     - अकबर का संवाद
     - बुढ़िया का संवाद
     - सुबेदार मुबारक खान का संवाद
  3. अभिनय करो –
     - बुढ़िया के रोने का
     - अकबर के चापू चलाने का

5HS7K1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ – 21

# ekrk jktekguh noh ¼thouh½

भूमिका :– छत्तीसगढ़ में ढेरे अकन समाज सुधारक होइन आहें। जेमें सरगुजा कर राजमोहनी घलो एगोट हवे। ये अनपढ़ रहीन तबो ले समाज बर अइसन–अइसन काम करीन जेला हमन नई भुलावन। आवा ये पाठ में राजमोहनी कर बारे में पढ़ी।

माता राजमोहनी देवी कर जनम 7 जुलाई 1914 में वाड्रफनगर बलॉक कर सरसेडा (शारदापुर) गांव में होए रहीस। इनकर बियाह परतापपुर बलॉक गोबिन्दपुर गांव कर किसान परिवार में रंजीत गोंड़ कर संगे होए रहीस। अपन परिवार में 20 बच्छर संगे–संगे रहीन। इनकर दुगोट बेटा अउ पांच गोट बेटी होईन।



राजमोहनी देवी रोज दिन नियर खुखड़ी, पुटु उठाय बर जंगल बाट गईन। बिहान कर निकलल सांझ होए गईस। बकी कहींच जाएत नी भेंटाईस। माता जी बिदाय के रजमिलान सतनदी जग बर रूख तरी बइठ गईन, अउ अपन परिवार कर जिनगी ला सोंएच–सोंएच रोए लागीन। जंगल बाट ले एक झन अनचक्हा निकलीस अउ माता जी ले रोए कर बारे मे पुछे लागीस। माता जी अकाल कर बारे में रोवत–रोवत बताईन। अनजान मइनसे हर दारू मुर्गा, अतियाचार अउ लड़ाई–झगरा ला अकाल कर कारन बताईस। गोएठ ला सुनते सुनत माता जी ला आतमगियान मिल गईस। घरे पहूंच के अपन जमोच चीज ला फेंक देहीन, अउ एगोट पखना में छव दिन अउ छव राएत हाथ जोएर के मउन बइठे रहीन। गांव कर कुछ मइनसे मन ढोंगी कहें लागीन। बकी इनकर हालत ला जस कर तस देख के गांव कर थोरकन मइनसे मन ईश्वर कर ताकत माने लागीन। अउ माता जी बर झोपड़ी बनाये के उनकर तप में बिसवास करे लगीन। छव दिन माता जी हर खुंटरा निएर बइठे के बाद। सातवां दिन एकबारगी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मूसलाधार पानी बरिसे लागीस। जमोच बाट कर मुरझावल खेती हर समहेर गईस। माता जी अपन मउन बरत ला तोडिन, अउ अपन जमोच जिनगी ला समाज अउ देस सेवा में लगाय बर संकलप लेहीन। ओ पैदल घुम–घुम के दारू, मुर्गा, अतियाचार कर विरोध करे लागीन। गॉव कर मइनसे मन ला अपन संगे मिलाय लागीन। उनकर कहना रहीस धरम–करम करा, साफ सफाई ले रहा, दारू, मांस–मच्छरी छोड़ा। समाज कर बुराई ला खतम करा। राम कर नाम ला जपा।

राजमोहनी देवी राष्ट्रपिता महात्मागॉंधी ला अपन गुरू मानत रहीन। वो सत, अहिंसा ला अपनाये बर, अपन हाथ कर कांतल सूत कर बनल कपड़ा पहिने बर, सादगी अउ सत्य बर उजर झण्डा अंगना में गाड़े बर कहत रहीन। झण्डा तरी चबुतरा में तुलसी पउधा लगाये के ओमे बिहाने–बिहाने जल चढ़ाये के पूजा पाठ करे बर कहत रहीन।

माताजी विनोवा भावे कर सिकछा ले गउ हतिया बंद करे बर अपन सहयोगी मन कर संगे गुवाहाटी में अनसन में बइठे रहीन। अम्बिकापुर में गउ हतिया बंदी बर चार दिन कर उपास रखे रहीन।

माता राजमोहनी देवी पढ़ल लिखल नी रहीन। बकी सिकछा कर प्रचार–प्रसार में अपन जीवन ला खफाय देहीन। गोविन्दपुर में एगोट इसकुल घलो खोले रहीन। सूखा भूखमरी, अउ अकाल ले निपटे बर माता जी ग्राम अन्नकोस कर इस्थापना करे रहीन।

माता राजमोहनी देवी विधवा बियाह अउ सगाई बियाह कर समरथन करत रहीन। वो जादू–टोना, भूत–प्रेत ला एगोट पोंपलीला कहत रहीन।

माता जी कर प्रसिद्ध आन्दोलन मद्यनिषेध रहीस। एमे सुरू–सुरू में सवांगीनेच मन रहीन। सवांगीन मन कर एकता अउ साहस ले सवांग मन ला झुके बर परीस। मद्यनिषेद आन्दोलन हर पहिले गांव–गांव में फेर धीरे–धीरे, जिला, अउ दूसर राण्ज तक फइल गईस।

राजमोहनी देवी 28 मार्च 1953 में भठ्ठीतोड़ो सत्याग्रह ओर करीन। दुद्धी कर लकड़ाबांध भठ्ठी तोड़ सत्याग्रह में 40–50 हजार मइनसे मन रहीन। ये आन्दोलन ले उत्तर प्रदेस कर दुद्धी, सिंगरौली, अगोरी, विजयगढ़, रॉची, केरल, म0प्र0, बिहार, अउ पटना कर भठ्ठी हर टुटीस। ये सत्याग्रह कर संदेश रहीस, कि दारू ले तनमन धन तीनों कर नोकसान होथे।

माता राजमोहनी देवी बच्छर 1963–64 में अखिल भारतीय नसाबंदी परिसद कर सम्मेलन में सराब बंदी कर भासन देहे रहीन। इनकर भासन ले खुस होय के श्री लाल बहादुर शास्त्री अउ मोरार जी देसाई घलो बधाई देहे रहीन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



माता राजमोहनी देवी छठवॉ दसक में अचार्य विनोबा भावे कर चलाल भू–दान महायज्ञ ला सरगुजा सहित आस–पास कर राएज में चलाय रहीन। ओ रेंगत–रेंगत सरगुजा में ढेरेच एकड़ भूई दान में पाय रहीन।

माता राज मोहनी देवी बापू धरम सभा आदिवासी सेवा मण्डल कर गठन करे रहीन। इनकर आश्रम ला धार्मिक संस्था कर मान्यता 20 मार्च 1954 में भेटाईस। राजमोहनी जी कर साल में तीन गोट रोंट कार्यक्रम चईत नवमी, कुवांर नवमी अउ माघ कर पूर्णिमा में होवत रहीस। ए कार्यक्रम मे समूचा राएज कर दूरिहॉ दूरिहॉ ले भगत मन उनकर प्रसिद्ध भजन–राम भजो भाई, गोविन्द भजो भाई, गात बजात मेला में जुटत रहीन।

माता जी कर समाज अउ देस सेवा बर मुख्य मंत्री प0 रविशंकर शुक्ल अउ भारत कर प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद घलो अम्बिकापुर में बधाई देहे रहीन। राजमोहनी देवी ला 19 नवम्बर 1986 में इंदिरा गांधी पुरूसकार अउ 25 मार्च 1989 में पदमश्री कर उपाधि भेंटाईस।

राजमोहनी देवी कर जीवन लीला 6 जनवरी 1994 कर संझा 7 बजे डूब गईस। ये महान विभूति कर सिराए ले सरगुजा आदिवासी अंचल में धरम–करम, सत–अहिंसा कर एगोट पाठ हर टुडेर गईस।

**'kCnkFk**

दुगोट = दो। कहींजायत = कुछ भी। भेंटाईस = मिला। बच्छर = वर्ष। एगोट = एक। गोएठ = बात। बिदाय = थकना। धरी = किनारे। मइनसे = आदमी। मउन = मौन। खुटरा=पेड़ का ठूॅठ। नियर=जैसा। तियाग=त्याग। एकबारगी=एकदम। मच्छरी = मछली। संझाबेरा = शाम का समय। गउ = गाय। उजर = सफेद। नांव = नाम। तबेच = तभी। जमोच= सब। पखना = पत्थर। छव = छ;। तरी = नीचे। हतिया = हत्या। सवांगीन = महिलाएं। सवांगमन = पुरूष। ओर = शुरू।

## ij lu vm vfHk;kl

**cks/k ij lu&** गुरूजी लरिका मन ला दुई दल में बांएट के एक दुसर मन संग परसन पुछा–पुछी करूवावें। गुरूजी घलो परसन पुछें। जइसे .........................

1. राजमोहनी देवी कर जनम कहां होए रहीस ?
2. माता जी बिदाय के कहां बइठ गईन ?

**i'u 01& [kkyg fy[ky ij lu dj mRrj fy[kk &**

1. माता राजमोहनी मइनसे मन ला का उपदेस देहीन ?
2. माता राजमोहनी कर बिहाव काकर संग होईस ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. माता राजमोहनी कर उपद्स का रहीस ?
4. माता राजमोहनी ला इंदिरा गांधी पुरस्कार कब अउ काबर देहीन ?
5. माता राजमोहनी देवी कर सरगवास कब होईस ?

**i j l u 02& [kkyh txgk yk iljk djk &**

1. माता राजमोहनी देवी कर जनम बच्छर ............................... में होईस।
2. माता राजमोहनी कर भजन ................................ हवे ।
3. भठ्ठी तोड़ो सत्याग्रह बच्छर ....................................... मे होए रहीस ।
4. माता राजमोहनी के इंदिरा गांधी पुरस्कार बच्छर ........................................ में भेटाइस।
5. माता राजमोहनी देवी ला पद्मश्री कर उपाधि बच्छर.................. में भेंटाइस ।

**i j l u 03&** सही गलत बतावा –

1. माता राजमोहनी कर नांव रजमन देवी रहीस ।
2. उनकर दुई गोट बेटा अउ दुई गोट बेटी रहीन।
3. माता राजमोहनी देवी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ला अपन गुरू मानत रहीन।
4. माता राजमोहनी पढ़ल–लिखल नी रहीन।

**i j l u 04&** माता राजमोहनी देवी अपन क्षेत्र ला सुधारे बर का–का काम करीन ?

**xfrfof/k &**

गुरूजी ये पाठ कर थोरकन भाग ला बोले अउ लरिका मन लिखें। तेकर लरिका मन कांपी ला अदला बदली कईर के जांचे ।

**;kX;rk c<kok &**

अइसन संत महात्मा मन कर नांव बतावा जेमन समाज ला सुधारे बर काम करीन आहें।

**f'k{k.k ladsr %&**

गुरूजी कक्षा में अउ संत महात्मा मन कर बारे में बतावें। एक अनुच्छेद ला पढ़े अउ लरिका मन ला दुहरवावें। राजमोहनी कर बारे में अउ जानकारी जुटावें अउ लरिका मन ला बतावें। तेकर पूरा पाठ ला पढ़–पढ़ के चरचा करें।

SPL2K9

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–22

# महापुरुषों का बचपन

5N44KR

— लेखक मंडल

हमारे जीवन में बचपन सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसी समय भविष्य की नींव पड़ती है। महान लोगों के बचपन में घटी घटनाएँ प्रेरणा का काम करती हैं। ऐसी घटनाएँ बड़ी स्वाभाविकता से बालमन को सही दिशा में ले जाने में अपनी भूमिका निभाती हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे –** पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, विभक्ति चिहन, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्द।

## पहला प्रसंग

शाहजी अपने आश्रयदाता, बीजापुर के सुल्तान के दरबार में जाने की तैयारी कर रहे थे। उनके मन में विचार आया, क्यों न शिवा को भी आज अपने साथ ले चलूँ? आखिर उसे भी तो एक–न–एक दिन इसी दरबार में नौकरी करनी है। दरबार के नियम–कायदों का ज्ञान भी उसे होगा। उन्होंने आवाज लगाई– ''शिवा! तुझे भी आज मेरे साथ दरबार में चलना है। जल्दी तैयार हो जा।''



पिता के आज्ञाकारी पुत्र ने आदेश सुना। वह तुरंत तैयार हो गया। पिता–पुत्र दोनों दरबार में पहुँचे। शाहजी ने सुल्तान के सामने झुककर तीन बार कोर्निश की। फिर वे अपने पुत्र की ओर मुड़कर बोले, ''बेटे ! ये सुल्तान हैं, हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें प्रणाम करो।'' लेकिन निडर बालक ने कहा, ''पिता जी! मेरी पूजनीय तो मेरी माँ भवानी हैं। मैं तो उन्हीं को प्रणाम करता हूँ।''

पिता ने पुत्र की ओर आँखें तरेरकर देखा, फिर सुल्तान को संबोधित करते हुए बहुत विनम्र स्वर में कहा, ''हुजूर! यह अभी बच्चा है। दरबार के तौर–तरीके नहीं जानता। इसे माफ कर दीजिए।''

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से 'पूत के पाँव पालने में' लोकोक्ति का अर्थ पूछें। इसका अर्थ समझाएँ और बताएँ कि महापुरुषों का चरित्र उनके बचपन से ही आभासित होने लगता है। भगतसिंह, आजाद, गोपालकृष्ण गोखले, चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महापुरुषों के बचपन की घटनाएँ सुनाएँ और बताएँ कि शिवाजी, गांधी, तिलक की महानता उनके बचपन से ही प्रकट होने लगी थी। शिक्षक प्रेरक प्रसंग सुनाएँ, समूह में पढ़ने के लिए कहें तथा घटनाओं पर चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घर लौटकर जब पिता ने अपने पुत्र को उसके व्यवहार के लिए डाँटा तो उसने फिर कहा, ''पिता जी, माता–पिता, गुरु और माँ भवानी के अलावा यह सिर और किसी के आगे नहीं झुक सकता।'' निडर बालक की बात सुनकर पिता जी सन्न रह गए।

## दूसरा प्रसंग

स्कूल में कक्षाएँ लग रही थीं। निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग के निरीक्षक आनेवाले थे। नियत समय पर वे आए। एक कक्षा में विद्यार्थियों को उन्होंने पाँच शब्द लिखने को दिए। उनमें से एक शब्द था 'कैटल' (KETTLE)। मोहन ने यह शब्द गलत लिखा। अध्यापक ने अपने बूट से ठोकर देकर इशारा किया कि आगे बैठे लड़के की स्लेट देखकर शब्द ठीक कर ले। मोहन ने नकल नहीं की। वह तो सोचता था कि परीक्षा में अध्यापक इसलिए होते हैं कि कोई लड़का नकल न कर सके। मोहन को छोड़कर सब लड़कों के पाँचों शब्द सही निकले। उस पर अध्यापक भी नाराज हुए लेकिन उसने दूसरों की नकल करना कभी न सीखा।



## तीसरा प्रसंग

विद्यालय लगा था, लेकिन एक कक्षा में कोई शिक्षक नहीं थे। उस कक्षा के कुछ विद्यार्थी बाहर टहल रहे थे, कुछ कक्षा में बैठे मूँगफली खा रहे थे। वे मूँगफली के छिलके वहीं कक्षा में फेंक रहे थे। शिक्षक कक्षा में आए और कक्षा में मूँगफली के छिलके बिखरे देखकर बहुत क्रोधित हुए। उन्होंने पूछा, ''कक्षा में मूँगफली के छिलके किसने फैलाए हैं?'' किसी विद्यार्थी ने कोई जवाब नहीं दिया। शिक्षक ने दोबारा वही प्रश्न कठोरता से किया, किन्तु फिर भी किसी छात्र ने कोई उत्तर नहीं दिया। अब की बार शिक्षक ने हाथ में बेंत लेकर कहा, ''अगर सच–सच नहीं बताया तो सबको मार पड़ेगी।'' वे एक छात्र के पास पहुँचे और उससे बोले, '' मूँगफली के छिलके किसने फेंके हैं?''

''जी, मुझे नहीं मालूम'', छात्र ने उत्तर दिया।

'सटाक्, सटाक्', दो बेंत उसके हाथ में पड़े। छात्र तिलमिलाकर रह गया। शिक्षक दूसरे, तीसरे, चौथे छात्र के पास पहुँचे। सभी से वही प्रश्न किया, सभी का उत्तर था– ''मुझे नहीं मालूम।'' सबके हाथों पर 'सटाक्, सटाक्' की आवाज हुई।

अब शिक्षक पाँचवें छात्र के पास पहुँचे। उससे भी वही प्रश्न किया। छात्र ने उत्तर दिया, ''श्रीमान् जी! न मैंने मूँगफली खाई, न छिलके फेंके। मैं दूसरों की चुगली नहीं करता, इसलिए नाम भी नहीं बताऊँगा। मैंने कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए मैं मार भी नहीं खाऊँगा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



शिक्षक छात्र को लेकर प्रधानाध्यापक के पास पहुँचे। प्रधानाध्यापक ने सारी बात सुनकर बालक को विद्यालय से निकाल दिया। बालक ने घर जाकर पूरी घटना अपने पिता जी को कह सुनाई। दूसरे दिन पिता जी बालक को लेकर विद्यालय में पहुँचे। तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से कहा, "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता। वह घर के अतिरिक्त बाजार की कोई चीज भी नहीं खाता। उसका आचरण बहुत संयमित है। मैं अपने पुत्र को आपके विद्यालय से निकाल सकता हूँ किन्तु निरपराध होने पर उसे दंडित होते नहीं देख सकता।" प्रधानाध्यापक शांत हो गए।

यही बालक आगे चलकर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने नारा दिया था– "स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर ही रहूँगा।"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आश्रयदाता | – | आश्रय देनेवाला | आँखें तरेरना | – | गुस्सा होना |
| सन्न रह जाना | – | आश्चर्य से मूर्ति के समान हो जाना | | | |
| नियत | – | पहले से तय | | | |
| तेजस्वी | – | ...................... | निरीक्षण | – | ........................... |
| कोर्निश | – | झुककर सलाम करना | | | |

ऊपर लिखे शब्दों में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन शब्दों के अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(जाँच करना, तेजयुक्त)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. शाहजी कहाँ जाने की तैयारी कर रहे थे ?
2. बालक मोहन ने कौन–सा शब्द गलत लिखा था?
3. निडर बालक शिवा की बात सुनकर पिता पर क्या प्रभाव पड़ा होगा?
4. कक्षा के पाँचवें छात्र ने जवाब में क्या कहा?
5. तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से अपने पुत्र के संबंध में क्या कहा?

**प्रश्न 2. किसने, किससे, कब कहा?**

क. "तुझे भी मेरे साथ दरबार में चलना है।"

ख. "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता।"

ग. "हुजूर! यह अभी बच्चा है।"

घ. "मैं दूसरों की चुगली नहीं करता।"

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## सोचो और लिखो–

प्रश्न 3. क. शिवाजी अपने पिता का सम्मान करते थे पर उन्होंने दरबार में अपने पिता का आदेश नहीं माना। उन्होंने ऐसा क्यों किया?

ख. बालक मोहन ने अध्यापक का इशारा पाकर भी नकल नहीं की। यदि तुम मोहन की जगह पर होते तो क्या करते?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे शब्दों और मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो–**

कोर्निश करना, तिलमिलाना, आँखें तरेरना, सन्न रह जाना।

### समझो

- 'दाता' शब्द का अर्थ है 'देनेवाला'।

**प्रश्न 2. दिए गए शब्द–समूहों के लिए 'दाता' शब्द का प्रयोग करते हुए शब्द लिखो जैसे– दान देने वाला = दानदाता।**

आश्रय देनेवाला, अन्न देनेवाला, जन्म देनेवाला, कर देनेवाला, शरण देनेवाला।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित अवतरण में जहाँ–जहाँ अशुद्धियाँ हों, उन्हें शुद्ध कर अवतरण पुनः लिखो।**

राजेन्द्र परसाद अपने गाँव जीरादेई जा रहा था। नोका मैं एक मूसाफीर ने सीगरेट सूलगाई। उसके धूएँ से राजेन्द्र बाबू को खँसी उभर आई। जब सीगरेट का गंध–असहय हो गया राजेन्दर बाबु ने उस मूसाफीर से पूछा, ''यह सीगरेट आपका ही है न?'' जवाब मीला, ''मेरी नहीं तो क्या आपकी है। राजेन्दर बाबु बोले, ''तो यह धूँआ आपका ही होगा। इसे आप अपने पास ही रखिए।''

**प्रश्न 4. इन उदाहरणों के समान पर, की, में, ने और को का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाओ।**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को अलग–अलग छाँटकर लिखो।**

शीशी, मेंढक, इलायची, युवक, मोटी, बूढ़ा, मुहल्ला, घास।

### रचना

क तुमने अपने माता–पिता से व्यवहार की कौन–सी अच्छी बातें सीखी हैं ? कोई पाँच बातें लिखो।

ख घर के समान ही विद्यालय की स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## गतिविधि

- हमारे देश के महापुरुषों ने हमें अनेक प्रेरक नारे दिए हैं। ऐसे पाँच महापुरुषों के नाम और उनके दिए नारे लिखो व उन्हें अपनी कक्षा की दीवारों पर लगाओ।

- **नीचे लिखे अवतरण को पढ़ो और इसका सारांश अपने शब्दों में लिखो।**

  एक बार महाराज रणजीत सिंह कहीं जा रहे थे कि सामने से एक पत्थर आकर उन्हें लगी। सिपाहियों ने चारों ओर नजर दौड़ाई तो एक बुढ़िया दिखाई दी। उसे गिरफ्तार करके महाराज के सामने हाजिर किया गया।

  बुढ़िया महाराज को देखते ही डर से काँप उठी। बोली, ''सरकार! मेरा बच्चा कल से भूखा था। घर में खाने को कुछ न था। पेड़ पर पत्थर मार रही थी कि कुछ बेर तोड़कर उसे खिलाऊँ किन्तु वह पत्थर भूल से आपको आ लगा। मैं बेगुनाह हूँ। सरकार! मुझे क्षमा किया जाए।" महाराज ने कुछ देर सोचा और वे बोले, ''बुढ़िया को एक हजार रुपये देकर सम्मान सहित छोड़ दिया जाए।''

  यह सुन सारे कर्मचारी अचंभित रह गए। एक ने सरकार से पूछ ही लिया, ''महाराज! जिसे दंड दिया जाना चाहिए, उसे रुपये दिए जाएँगे?'' रणजीत सिंह बोले, ''यदि निर्जीव वृक्ष पत्थर लगने पर मीठा फल देता है तो रणजीत सिंह उसे खाली हाथ कैसे लौटा दे?''

## योग्यता–विस्तार

- तुम महापुरुषों के बारे में जानकारी एकत्रित करो जिनके कार्यों से तुम अधिक प्रभावित या प्रेरित हो।
- किसी भी महापुरुष के बारे में निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एकत्रित कर लिखो–

  1. महापुरुष का नाम 2. जन्म स्थान 3. शिक्षा
  4. व्यवसाय 5. उल्लेखनीय कार्य।
- क्या कभी तुम्हारे साथ ऐसा हुआ है कि तुम्हारे गलती की सजा तुम्हें मिली हो।
- महापुरुषों को उनके कार्यों के कारण जाना जाता है तुमको भी सभी लोग जाने इसके लिए तुम क्या–क्या करोगे अपने शब्दों में लिखो।
- नकल करना किसे कहते हैं ? क्या नकल करना अच्छा होता है।

5NCZHE

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5NLVP2

पाठ–23

# गुरू और चेला

गुरू एक थे और था एक चेला,
चले घूमने पास में था न धेला ।
चले चलते–चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सड़कें चमाचम थी डगरी।

मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी,
गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भर री।
बता कौन नगरी, बता कौन राजा,
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा।

कहा बढ़के ग्वालिन ने महाराज पंडित,
पधारे भले हो यहाँ आज पंडित।
यह अंधेर नगरी है अनबूझ राजा,
टके सरे भाजी, टके सेर खाजा।

गुरू ने कहा–जान देना नहीं है,
मुसीबत मुझे मोल लेना नहीं है।
न जाने की अंधेर हो कौन छन में?
यहाँ ठीक रहना समझता न मन में।

गुरू ने कहा किंतु चेला न माना,
गुरू को विवश हो पड़ा लौट जाना।
गुरूजी गए, रह गया किंतु चेला,
यही सोचता हूँगा मोटा अकेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चला हाट को देखने आज चेला,
तो देखा वहाँ पर अजब रेल–पेला।
टके सेर हल्दी, टके सेर जीरा,
टके सेर ककड़ी टके सेर खीरा।

टके सेर मिलती थी रबड़ी मलाई,
बहुत रोज उसने मलाई उडाई।
सुनो और आगे का फिर हाल ताजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।

बरसता था पानी, चमकती थी बिजली,
थी बरसात आई, दमकती थी बिजली।
गरजते थे बादल, झमकती थी बिजली,
थी बरसात गहरी, धमकती थी बिजली।

गिरी राज्य की एक दीवार भारी,
जहाँ राजा पहुँचे तुरत ले सवारी।
झपट संतरी को डपट कर बुलाया,
गिरी क्यों यह दीवार, किसने गिराया?

कहा संतरी ने–महाराज साहब,
न इसमें खाता मेरी, ना मेरा करतब!
यह दीवार कमजोर पहले बनी थी,
इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



खता कारगीर की महाराज साहब,
न इसमें खता मेरी, या मेरा करतब!
बुलाया गया, कारीगर झट वहाँ पर,
बिठाया गया कारीगर झट वहाँ पर,

कहा राजा ने–कारीगर को सजा दो,
खता इसकी है आज इसको सजा दो।
कहा कारीगर ने, जरा की न देरी,
महाराज! इसमें खता कुछ न मेरी।

यह भिश्ती की गलती यह उसकी शरारत,
किया गारा गीला उसी की यह गफलत।
कहा राजा ने जल्द भिश्ती बुलाओं।
पकड़ कर उसे जल्द फाँसी चढ़ाओ।

चला आया भिश्ती, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने–इसमें खता कुछ न मेरी।
यह गलती है जिसने मशक को बनाया,
कि ज्यादा ही जिसमें था पानी समाया।

मशकवाला आया, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने इसमें खता कुछ न मेरी।
यह मंत्री की गलती है, मंत्री की गफलत,
उन्हीं की शरारत, उन्हीं की हिमाकत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बड़े जानवर का था चमड़ा दिलाया,
चुराया न चमड़ा मशक को बनाया।
बड़ी है मशक खूब भरता है पानी,
ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी।

है मंत्री की गलती तो मंत्री को लाओं,
हुआ हुक्म मंत्री को फाँसी चढ़ाओं।
चले मंत्री को लेके जल्लाद फौरन,
चढ़ाने को फाँसी उसी दम उसी क्षण।

मगर मंत्री था इतना दुबला दिखाता,
न गर्दन में फाँसी का फंदा था आता।
कहा राजा ने जिसकी मोटी हो गर्दन,
पकड़ कर उसे फाँसी दो तुम इसी छण।

चले संतरी ढूँढने मोटी गर्दन,
मिला चेला खाता था हलुआ दनादना।
कहा संतरी ने चलें आप फौरन,
महाराज ने भेजा न्यौता इसी छण।

बहुत मन में खुश हो चला आज चेला,
कहा आज न्यौता छकूँगा अकेला।।
मगर आके पहुँचा तो देखा झमेला,
वहाँ तो जुड़ा था अजब एक मेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



यह मोटी है गर्दन, इसे तुम बढ़ाओ,
कहा राजा ने इसको फाँसी चढ़ाओं!
कहा चेले ने–कुछ खता तो बताओ,
कहा राजा ने–'चुप' न बकबक मचाओ।

मगर था न बुद्धू–था चालाक चेला,
मचाया बड़ा ही वहीं पर झमेला!!
कहा पहले गुरू जी के दर्शन कराओ,
मुझे बाद में चाहे फाँसी चढ़ाओ।

गुरूजी बुलाए गए झट वहाँ पर,
कि रोता था चेला खड़ा था जहाँ पर।
गुरू जी ने चेले को आकर बुलाया,
तुरत कान मे मंत्र कुछ गुनगुनाया।

झगड़ने लगे फिर गुरू और चेला,
मचा उनमें धक्का बड़ा रेल–पेला।
गुरू ने कहा–फाँसी पर मैं चढ़ूँगा,
कहा चेले ने–फाँसी पर मैं मरूँगा।

हटाए न हटते अड़े ऐसे दोनों,
छुटाए न छुटते लड़े ऐसे दोनों।
बढ़े राजा फौरन कहा बात क्या है?
गुरू ने बताया करामात क्या है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चढ़ेगा जो फाँसी महूरत है ऐसी,
न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।
वह राजा नहीं, चक्रवर्ती बनेगा,
यह संसार का छत्र उस पर तनेगा।

कहा राजा ने बात सच गर यही
गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है
कहा राजा ने फाँसी पर मैं चढ़ूँगा
इसी दम फाँसी पर मैं ही टँगूँगा।

चढ़ा फाँसी राजा बजा खूब बाजा
प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा
बजा खूब घर–घर बधाई का बाजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।।

**सोहन लाल द्विवेदी**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## टके की बात

1. टका पुराने जमाने का सिक्का था। अगर आजकल सब चीजें एक रूपया किलों मिलने लगें तो उससे किस तरह के फायदे और नुकसान होंगे?
2. भारत में कोई चीज खरीदने–बेचने के लिए 'रूपये' का इस्तेमाल होता है और बांग्लादेश में 'टके' का। ' रूपया' और ' टका' क्रमशः भारत और बांग्लादेश की मुद्राएँ हैं। नीचे लिखे देशों की मुद्राएँ कौन–सी हैं?

   सऊदी अरब जापान फ्रांस इटली इंग्लैड

## कविता की कहानी

1. इस कविता की कहानी को अपने शब्दों में लिखो।
2. क्या तुमने कोई और ऐसी कहानी या कविता पढ़ी है जिसमें सूझबूझ से बिगड़ा काम बना हो, उससे अपनी कक्षा में सुनाओ।
3. कविता को ध्यान से पढ़कर 'अंधेर नगरी' के बारे में कुद वाक्य लिखो।

   (सड़कें, बाजार राजा का राजकाज)
4. क्या ऐसे देश को 'अंधेरी नगरी' कहना ठीक है? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

## कविता की बात

1. '' प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा। ''
   (क) अंधेरी नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ?
   (ख) यदि वे राजा से परेशाान थे तो उन्होंने उसे खुद क्यों नहीं हटाया ? आपस में चर्चा करो।
2. ''गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है।''
   (1) गुरूजी ने क्या बात कही थी?
   (2) राजा यह बात सुनकर फाँसी पर लटक गया। तुम्हारे विचार से गुरूजी ने जो बात कही, क्या वह सच थी?
   (3) गुरूजी ने यह बात कहकर सही किया या गलत? आपस में चर्चा करो।

## अलग तरह से

अगर कविता ऐसे शुरू हो तो आगे किस तरह बढ़ेगी? थी बिजली और उसकी सहेली थी बदली

..............................................................................

..............................................................................

............................................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## क्या होता यदि ....................

1. मंत्री की गर्दन फँदे के बराबर की होती?
2. राजा गुरूजी की बातों में न आता?
3. अगर संतरी कहता कि " दीवार इसीलिए गिरी क्योंकि पीली थी" तो महाराज किस–किस को बुलाते? आगे क्या होता ?

## शब्दों की छानबीन

1. नीचे लिखे वाक्य बढ़ो। जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची है, उन्हें आजकल कैसे लिखते है, यह भी बताओ।

   (क) न जाने की अंधरे हो कौन छन में!

   (ख) गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भग री!

   (ग) इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी!

   (घ) ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी!

   (ड.) न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।

2. चमाचम थी सड़कें ................. इस पंक्ति में 'चमाचम' शब्द आया है। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ों और दिए गए वाक्यों में ये शब्द भरो–

   पटापट, चकाचक, फटाफट, चटाचट, झकाझक, खटाखट, चटपट

   1. आँधी के कारण पेड़ से ............................... फल गिर रहे हैं।
   2. हंसा अपना सारा काम .................................. कर लेती है।
   3. आज रहमान ने ..................................... सफेद कुर्ता पाजामा पहना है।
   4. उस भुक्खड़ ने ..................................... सारे खड्डे खा डाले।
   5. सारे बर्तन धुलकर .............................. हो गए।

5NVRQP

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–24

# बाबा अंबेडकर

– संकलित

दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम करके कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। महापुरुष बनने के लिए मनुष्य में ये गुण होने चाहिए। एक साधारण दलित परिवार में जन्म लेकर बाबा साहब अंबेडकर ने अपने इन्हीं गुणों के बल पर भारत के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। विपरीत परिस्थितियों से जूझकर उन्होंने अपने संकल्प को अंततः पूरा किया। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** परस्पर विरोधी शब्दों का वाक्य में प्रयोग, विधिवाचक, निषेधात्मक, प्रश्नवाचक तथा आदेशात्मक वाक्य, सरल एवं संयुक्त वाक्य, प्रवाहपूर्वक पढ़ना।



संध्या हो रही है। पश्चिम दिशा में लाली फैल रही है। पक्षी चहचहाते हुए अपने घोंसलों की ओर लौट रहे हैं। बड़ौदा के राजमार्ग पर पेड़ के नीचे एक युवक बैठा है। वह फूट–फूटकर रो रहा है। आँसुओं का झरना लगातार झर रहा है। कोई धीरज नहीं देता उसे, कोई राह नहीं दिखाता उसे।

अचानक वह उठ खड़ा हो जाता है। आँसू पोंछकर सोचता है, "किसने बनाई है छुआछूत की व्यवस्था? किसने बनाया है किसी को नीच, किसी को ऊँच? भगवान ने? हर्गिज नहीं। वह ऐसा नहीं करता। वह सबको समान रूप से जन्म देता है। यह बुराई मनुष्य ने पैदा की है। मैं इसे मिटाकर रहूँगा।"

मन में बार–बार अपना निश्चय दुहराता हुआ वह युवक मुंबई लौट आता है। फिर वह जो कुछ करता है, उसके कारण आज सारा देश उसे बाबा साहब के नाम से स्मरण करता है।

मध्यप्रदेश के महू नगर में रामजी नाम के एक सूबेदार मेजर थे। वे महार जाति के थे। 14 अप्रैल सन् 1891 ई. को उनके घर चौदहवीं संतान ने जन्म लिया। माता भीमाबाई 5 वर्ष तक उस बालक को पालकर स्वर्ग सिधार गईं। फिर चाची मीराबाई ने उसका पालन–पोषण किया। वे बालक को प्यार से 'भीवा' कहकर बुलाया करती थीं। बाद में यही बालक 'भीमराव रामजी अंबेडकर' कहलाया।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में चर्चा करें। वर्ण–व्यवस्था का उल्लेख करते हुए इसकी हानियाँ बताएँ। प्रत्येक अनुच्छेद को विराम–चिह्नों का ध्यान रखते हुए पढ़ने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जिस वर्ष भीमराव का जन्म हुआ, उसी वर्ष रामजी नौकरी से छुट्टी पाकर रत्नागिरि के दपोली स्थान पर आ गए थे। यहीं भीमराव को पहली बार एक मराठी स्कूल में भर्ती कराया गया। चार वर्ष बाद वे पिता के साथ सतारा आ गए और सरकारी स्कूल में भर्ती हुए। यहाँ उन्हें सब लड़कों से दूर रखा जाता था। अध्यापक उनकी अभ्यास–पुस्तिका और कलम तक नहीं छूते थे। वे संस्कृत पढ़ना चाहते थे, किन्तु संस्कृत के अध्यापक ने उन्हें पढ़ाना स्वीकार नहीं किया। विवश होकर वे फारसी पढ़ने लगे। विद्यालय में उन्हें दिनभर प्यासा रहना पड़ता था, क्योंकि उन्हें पानी के बर्तनों में हाथ लगाने की अनुमति नहीं थी।

सन् 1905 में रामाबाई नाम की कन्या से भीमराव की शादी हो गई। उस समय वह नौ वर्ष की थी। शादी के बाद भीमराव अपने पिता के साथ मुंबई चले गए। वहाँ वे एलफिंस्टन स्कूल में भर्ती हुए। इस स्कूल में छुआछूत की कुप्रथा नहीं थी।

दो वर्ष बाद भीमराव ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। महार जाति के लिए यह बहुत गौरव की बात थी। घर में खूब खुशियाँ मनाई गईं। भीमराव एलफिंस्टन कॉलेज में पढ़ने लगे। बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने प्रसन्न होकर उन्हें 25 रुपये मासिक छात्रवृत्ति देना आरंभ कर दिया। बी.ए. उत्तीर्ण होने पर महाराज ने उन्हें बड़ौदा में अपने दरबार में नौकरी दे दी। दुर्भाग्य से इसी वर्ष उनके पिता का स्वर्गवास हो गया।

महाराज के दरबार में भीमराव से कट्टर हिन्दू घृणा करते थे। चपरासी तक उनको फाइलें फेंककर देते थे। तंग आकर भीमराव ने नौकरी छोड़ दी। वे फिर महाराज से छात्रवृत्ति पाने में सफल हुए और उच्च शिक्षा के लिए कोलंबिया (अमेरिका) चले गए। अपनी जाति के वे पहले विद्यार्थी थे, जिन्हें विदेश जाने का अवसर मिला।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ते समय भीमराव को अनेक नए अनुभव हुए। वहाँ उन्हें सबका प्यार और समानता का व्यवहार मिला। सन् 1916 में वे कोलंबिया से लंदन पहुँचे। वहाँ एक वर्ष रहकर वे मुंबई लौट आए। महाराज गायकवाड़ ने उनको बड़ौदा बुला लिया और सेना में सचिव के पद पर नियुक्त कर दिया, किन्तु वहाँ फिर उनको घृणा का शिकार होना पड़ा। होटलों तक में उन्हें रहने का स्थान न मिला। इस व्यवहार से उनका हृदय टूट गया। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और मुंबई जा पहुँचे।

विदेश में रहकर डॉ. अंबेडकर ने दो पुस्तकें लिखी थीं। धीरे–धीरे उनकी विद्वता की धाक जमने लगी। मुंबई के एक कॉलेज में उन्हें प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर लिया गया किन्तु यहाँ भी झंझट थी। धर्म के कट्टर लोग उनसे घृणा करते थे। किसी प्रकार भीमराव ने दो वर्ष निकाले। अन्त में यहाँ भी उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। अब उन्होंने छुआछूत की बुराई से लड़ने के लिए 'मूकनायक' नामक साप्ताहिक पत्र निकालना आरंभ किया। धन की कमी के कारण कुछ समय बाद ही उसे बंद करना पड़ा। भीमराव पढ़ने के लिए फिर लंदन चले गए। वहाँ तीन वर्ष रहकर उन्होंने अर्थशास्त्र में डाक्टर की उपाधि प्राप्त की। सन् 1923 में वे मुंबई लौट आए और उन्होंने वकालत आरंभ कर दी। एक वर्ष बाद कुछ मित्रों की सहायता से उन्होंने 'बहिष्कृत

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हितकारिणी सभा' की स्थापना की। तथाकथित अछूतों की समस्याएँ हल करना इस सभा का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने 'बहिष्कृत भारत' नामक समाचार पत्र भी निकाला। इसी वर्ष वे मुंबई विधानसभा के सदस्य बनाए गए। 27 मई, 1935 को बाबा साहब की पत्नी रामाबाई का देहांत हो गया जिससे वे बहुत दुखी हुए।

डॉ. अंबेडकर समाज में तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाना चाहते थे। वे उनकी आर्थिक हालत सुधारने के लिए संकल्प ले चुके थे। इतिहास की सच्ची जानकारी देने के लिए उन्होंने 'शूद्र कौन थे' नामक पुस्तक लिखी, जो बहुत लोकप्रिय हुई। भारत के वाइसराय ने उनकी योग्यता से प्रभावित होकर उन्हें अपने सचिव मंडल का सदस्य बनाया।

सन् 1947 में भारत के स्वतंत्र होने पर वे संविधान–सभा के सदस्य चुने गए। संविधान का प्रारूप उन्हीं की अध्यक्षता में तैयार हुआ। उन्होंने उसमें तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाया। राष्ट्र की एकता के लिए भी उन्होंने कई बातें संविधान में सम्मिलित कराईं। संविधान निर्माण में बाबा साहब ने अभूतपूर्व परिश्रम किया।

15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। डॉ. अंबेडकर को इस सरकार में कानून मंत्री का पद दिया गया। वे भारत के पुराने कानूनों में कई सुधार करना चाहते थे किन्तु प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से उनका मतभेद हो गया। इसलिए सन् 1951 में उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

सरकार से अलग होकर वे पूरी शक्ति से समाजसेवा में जुट गए। लोग उन्हें देवता की तरह पूजने लगे। वे जहाँ जाते थे, 'जय भीम' के नारों से आकाश गूँज उठता था। वे कट्टर हिन्दुओं के आगे झुकना नहीं जानते थे। उन्होंने सन् 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना भी कर डाली और बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। इस घटना से हिन्दू समाज में बड़ी खलबली मच गई। दुर्भाग्य से 6 दिसम्बर, सन् 1956 को अचानक लाखों पीड़ितों को छोड़कर डॉ. अंबेडकर स्वर्गवासी बन गए।

हिन्दू समाज डॉ. अम्बेडकर को 'बाबा साहब' कहकर सम्मान देता है। वे देश के पिछड़े और दलित समाज के प्राण थे। बचपन से ही उनमें कठिन परिश्रम करने की आदत थी। नित्य 18 घंटे पढ़ना उनके लिए सहज बात थी। सिनेमा और गपशप से वे दूर रहते थे। कठिनाइयाँ उनका मार्ग नहीं रोक पाती थीं। वे जो सोचते, वही करते थे। उनका भाषण बहुत प्रभावशाली होता था। तर्क करने की उनमें अनोखी शक्ति थी। वे किसी भी धर्म के विरोधी नहीं थे। उनकी लड़ाई तो उन बुराइयों से थी, जिन्हें मनुष्यों ने धर्म में उत्पन्न कर दिया है।

डॉ. अंबेडकर इसलिए महान हैं क्योंकि उन्होंने छुआछूत के पाप को नष्ट करने का प्रयत्न किया। उनके प्रयत्नों से सभी को कानून में समानता का अधिकार मिला। आज सभी बालक बालिकाएं साथ–साथ बैठकर पढ़ते हैं, खाते–पीते और खेलते–कूदते हैं। गाड़ियों, होटलों, तीर्थों, मंदिरों आदि सभी जगह वे समान रूप से आते–जाते हैं। हजारों वर्षों के भारतीय इतिहास की यह बहुत बड़ी घटना है। डॉ. अंबेडकर ने देश को छुआछूत के पाप से छुटकारा दिलाया। आनेवाली पीढ़ियाँ बाबा साहब अंबेडकर के महान कार्यों को स्मरण कर गौरव का अनुभव करती रहेंगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्मरण | – | याद | प्रभावशाली | – | प्रभाववाला |
| आधारित | – | आधार में, सहारे में | समानता | – | बराबरी |
| बहिष्कृत | – | बाहर निकाला हुआ | तथाकथित | – | जैसा कहा गया है लेकिन जिसके होने में संदेह हो |
| रत्नागिरि | – | महाराष्ट्र के एक जिले का नाम | | | |
| रूढ़िवादी | – | पुरानी विचारधारा को माननेवाले | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** बाबा अंबेडकर को किस नाम से जाना जाता है ?

**प्रश्न 2.** बड़ौदा के महाराज ने डॉ. अंबेडकर को क्या सहायता दी?

**प्रश्न 3.** डॉ. अंबेडकर को बड़ौदा के महाराज की नौकरी क्यों छोड़नी पड़ी?

**प्रश्न 4.** नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने क्या संकल्प लिया?

**प्रश्न 5.** भारतीय संविधान से तथाकथित अछूतों को क्या लाभ हुआ?

**प्रश्न 6.** डॉ. अंबेडकर महान क्यों माने जाते हैं?

**प्रश्न 7.** देश को डॉ. अंबेडकर की सबसे बड़ी देन क्या है?

**प्रश्न 8.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित किसी कुरीति पर दो वाक्य लिखो।

**प्रश्न 9.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित कुरीति को दूर करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?

## भाषातत्व और व्याकरण

### समझो

- 'छोटी–बड़ी समस्याओं को तो हमें प्रायः झेलना पड़ता है।' इस वाक्य में 'छोटी–बड़ी' परस्पर विलोम शब्द हैं।

**प्रश्न 1. इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों और उनके परस्पर विरोधी शब्दों को एक साथ एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

पाप, उत्तीर्ण, पक्ष, सफल, दुर्भाग्य।

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. कक्षा में बच्चे ध्यानपूर्वक पढ़ रहे हैं।

ख. अभी मध्य अवकाश है, हमारी कक्षा के बच्चे पढ़ नहीं रहे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ग. क्या तुम्हारी कक्षा के विद्यार्थी शिक्षक से पूछकर कक्षा से बाहर जाते हैं ?

घ. कक्षा में शोर मत करो।

ऊपर लिखे चारों वाक्य चार प्रकार के हैं। पहले वाक्य में कार्य हो रहा है। ऐसे वाक्य 'विधिवाचक वाक्य' कहलाते हैं। दूसरे वाक्य में कार्य नहीं हो रहा है। ऐसे वाक्य 'निषेधात्मक वाक्य' कहलाते हैं। तीसरे वाक्य में प्रश्न पूछा गया है। ऐसे वाक्य 'प्रश्नवाचक वाक्य' कहलाते हैं। चौथे वाक्य में आदेश दिया गया है। ऐसे वाक्य 'आदेशात्मक वाक्य' कहलाते हैं।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों को उनके सामने कोष्ठक में लिखे वाक्यों में परिवर्तित करो–**

क. 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। (प्रश्नवाचक वाक्य)

ख. कल तुम सब 'बाबा साहब अंबेडकर' पाठ याद करके आए थे।(आदेशात्मक वाक्य)

ग. जाति–व्यवस्था ईश्वर ने बनाई है। (निषेधात्मक वाक्य)

घ. उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र नहीं दिया। (विधिवाचक वाक्य)

- **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़ो–**

क. बालक घर आ गया।

ख. वह खाना खा रहा है।

ये दोनों सरल वाक्य हैं। अब यह वाक्य देखो, 'बालक घर आ गया और वह खाना खा रहा है।' यहाँ 'और' शब्द से दो सरल वाक्यों को जोड़कर एक संयुक्त वाक्य बनाया गया है।

**प्रश्न 3 इस पाठ में आए पाँच संयुक्त वाक्य छाँटकर लिखो।**

## योग्यता–विस्तार

- डॉ. अंबेडकर के जीवन के अन्य प्रेरक प्रसंग खोजो और उन्हें बालसभा में सुनाओ।
- तुम्हें अपने समाज की कौन–सी रीतियाँ बुरी लगती हैं ? उन पर चर्चा करो।

5PEITZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**पाठ–25**

# चमत्कार

–जाकिर अली 'रजनीश'

प्रस्तुत एकांकी में, समाज के कुछ चालाक किस्म के लोगों द्वारा मामूली–सी बीमारी को जादू–टोने या मंत्रशक्ति से दूर करने की बात बताकर लोगों को भ्रमित करने के कुप्रयासों का पर्दाफाश किया गया है। वैज्ञानिकता की कसौटी पर ऐसे चमत्कारों को कसकर हमें भी समाज में फैले अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** अभिनय करना और अनुतान, बलाघात के साथ बोलना, विभक्ति चिह्न का प्रयोग, मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग।

## पात्र–परिचय

| | | |
|---|---|---|
| राहुल | – | कॉलेज का एक विद्यार्थी, आयु लगभग 18 वर्ष। |
| रोशन | – | राहुल का मित्र, विज्ञान का विद्यार्थी। |
| स्वामी | – | साधु की वेशभूषा में एक कपटी व्यक्ति, आयु लगभग 45 वर्ष। |
| जतिन | – | 6 वर्ष का एक छोटा बालक। |
| माँ | – | जतिन की माँ, आयु लगभग 35 वर्ष। |
| इंस्पेक्टर | – | पुलिस अधिकारी, आयु लगभग 30 वर्ष । |
| सिपाही | – | पुलिस कर्मचारी, आयु लगभग 35 वर्ष। |

(परदा खुलता है। मंच पर स्वामी जी अपना थैला तथा कुछ टीम–टाम लिए बैठे हैं। वे अपना चमत्कार दिखाने की तैयारी में हैं। परदा खुलते ही दर्शकों में खुसुर–फुसुर होने लगती है।)

स्वामी : भाइयो! अब आप लोग शान्त हो जाइए। अभी आप लोगों के सामने मैं अपनी मंत्र–शक्ति का प्रदर्शन करूँगा। लेकिन सबसे पहले एक बार जोर–से तालियाँ बजाइए। (सभी लोग तालियाँ बजाते हैं। तभी रोते हुए जतिन को लेकर उसकी माँ मंच पर आती है।)

**शिक्षण–संकेत–** बनावटी साधुओं और ठगों के संबंध में कक्षा में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि समाचार–पत्रों में ऐसे लोगों के द्वारा ठगी करने की घटनाएँ आम तौर पर प्रकाशित होती रहती हैं। ऐसे समाचारों को संकलित करवाएँ। तीन–चार विद्यार्थियों को अलग–अलग पात्र बनाकर उनसे कक्षा में अभिनय कराते हुए पाठ पढ़ाएँ। विद्यार्थियों के कथोपकथन पर विशेष ध्यान रखें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



माँ : (हाथ जोड़कर स्वामी जी से) स्वामी जी, मेरे बच्चे के पेट में बहुत दर्द है। कृपया इसका उपचार कर दीजिए।

स्वामी : अरे बहिन जी! यह आप क्या कराने आ गईं। मैं तो अपना चमत्कार दिखाने आया था। चलो, इसी बालक पर अपना चमत्कार दिखाऊँगा। बोलो बहिन जी! इसे क्या कष्ट है।

माँ : स्वामी जी, इसके पेट में अक्सर भयंकर दर्द उठता है।

(स्वामी जी जतिन की कमीज उठाकर उसका पेट देखते हैं।)

स्वामी : (गंभीर मुद्रा में) ओह, अनर्थ! इसके पेट में तो पथरी है।

माँ : (घबराकर) यह आप क्या कह रहे हैं, स्वामी जी?

स्वामी : मैं ठीक कह रहा हूँ। लेकिन घबराओ नहीं। मैं अभी अपनी मंत्र–शक्ति से इसकी पथरी निकाल देता हूँ। आओ बेटे, तुम यहाँ पर लेट जाओ।

(स्वामी जी जतिन को एक ऊँची जगह पर लिटा देते हैं और उसकी कमीज पर एक बोतल से पानी जैसा कुछ छिड़कते हैं। इसी समय मौका देखकर राहुल व रोशन चुपके से स्वामी जी के पास में रखा सामान बदल देते हैं। जतिन लगातार रोता रहता है।)

स्वामी : मत रो बेटे! मैं अभी तेरा दर्द दूर कर देता हूँ।

(एक पुड़िया से कोई पाउडर जतिन को खाने को देते हैं। उसे खाने के बाद जतिन चुप हो जाता है। स्वामी जी आहिस्ता–आहिस्ता जतिन के पेट पर हाथ फेरते हैं। अचानक जतिन के पेट से खून बहने लगता है।)

माँ : (बेटे के पेट से खून बहता देखकर) स्वामी जी, यह खून कैसे बहने लगा?

स्वामी : (प्रसन्न होकर) घबराओ नहीं, मेरा प्रयास सफल हो गया। ये रहीं इसके पेट की पथरियाँ! (हाथ फैलाकर दो छोटी कंकरियाँ दिखाते हैं।) इन्हें मैंने अपनी मंत्र–शक्ति से बाहर निकाला है।

माँ : लेकिन इसका खून ?

स्वामी : घबराओ नहीं, सब ठीक हो जाएगा। (लड़के का पेट पोंछते हैं।) (दर्शकों से) भाइयो! आप में से कोई एक–दो दर्शक आकर देख सकते हैं। इसके पेट पर कोई घाव नहीं है।

(मंच पर दर्शक आते हैं और जतिन का पेट देखते हैं।)

दर्शक : (आश्चर्य भाव से) भाइयो! सच में जतिन के पेट पर कोई घाव नहीं है।

(दर्शक वापस लौट जाते हैं।)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





स्वामी : (अपनी बात आगे बढ़ाते हुए) देखा, कोई घाव नहीं। यह सब मेरे मंत्रों का कमाल है। (भीड़ स्वामी जी की जय–जयकार करती है।)

स्वामी : (हाथ ऊपर उठाकर) ठीक है, ठीक है। आप लोग शांत हो जाएँ अब मैं आप लोगों को एक और जादू दिखाऊँगा। (अपने थैले में से एक नारियल निकालकर सबको दिखाते हुए)

स्वामी : यह है मेरी बीस साल की तपस्या का अद्भुत नमूना। अभी आप लोगों के सामने इसे तोड़ूँगा तो इसमें से फूल बरसेंगे। (नारियल जमीन पर पटक देते हैं। पर उसमें से कुछ भी नहीं निकलता।)

(राहुल का मंच पर आना)

राहुल : (मुस्कराकर) यह क्या स्वामी जी महाराज!, नारियल तो खाली है ! इसमें से तो कुछ भी नहीं निकला, जबकि यह चमत्कार तो मेरा दोस्त रोशन कर सकता है।

स्वामी : (खिसियाते हुए) क्या बक रहे हो ?

( रोशन का प्रवेश)

रोशन : यह बक नहीं रहा, ठीक कह रहा है। मैं अभी यह चमत्कार करके दिखाता हूँ। (अपने थैले में से नारियल निकालकर उसे जमीन पर पटकता है। उसमें से ढेर सारे मोंगरे के फूल निकलते हैं।

रोशन : देखा यह आश्चर्य आपने! (लोग तालियाँ बजाते हैं।)

राहुल (स्वामी से): देखा आपने मेरे दोस्त का चमत्कार !

स्वामी : (रोष में) यह छोकरा मेरी बराबरी नहीं कर सकता। मैं अपनी मंत्र–शक्ति से आग जला सकता हूँ। मेरी मंत्र–शक्ति देखो। (स्वामी अपने थैले से लाल कागज निकालकर उसके टुकड़े करता है। फिर एक शीशी दिखाते हुए कहता है।) अब मैं कागज़ के इन टुकड़ों पर यह अभिमंत्रित जल डालूँगा और

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ये कागज जल उठेंगे। (स्वामी कागज पर शीशी का पदार्थ डालता है, पर आग नहीं जलती।)

राहुल : लगता है, आपका यह मंत्र भी बेकार हो गया, स्वामी जी ! लेकिन लोगों को निराश नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि मेरा दोस्त यह चमत्कार भी दिखा सकता है।

रोशन : (कागज फाड़ते हुए) ये रहे कागज के टुकड़े और यह मैंने डाला इन पर अभिमंत्रित जल और यह आग जल उठी।

(आग जलने पर सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं, जब कि स्वामी जी क्रोध में अजीब तरह से मुँह बनाते हैं। तभी मंच पर इंस्पेक्टर व सिपाही आते हैं।)

इंस्पेक्टर : सिपाही, इस ढोंगी को गिरफ्तार कर लो। अब इसकी पोल खुल चुकी है।

(सिपाही आगे बढ़कर स्वामी को पकड़ लेता है।)

स्वामी : (क्रोध में) यह आप क्या कर रहे हैं ? मैं सिद्ध योगी हूँ, सबको भस्म कर दूँगा।

राहुल : अच्छा, तब आप वह मंत्र भी आजमाकर देख लीजिए, शायद काम बन जाए।

इंस्पेक्टर : (स्वामी की नकली दाढ़ी नोंचते हुए) मुझे इसकी बहुत दिनों से तलाश थी। मैं तुम्हारा आभारी हूँ रोशन, जो तुमने इसकी पोल खोलकर इसे पकड़वाया। लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आई कि ये चमत्कार होते कैसे हैं?

रोशन : सबसे पहले मैं पथरी का चमत्कार बताता हूँ। दरअसल बात यह है कि इस स्वामी ने सबसे पहले लड़के के पेट पर चूने का पानी मला, फिर हाथ में हल्दी का चूर्ण एवं कंकरी छिपाकर पेट पर हाथ फेरने लगा। चूने के पानी से हल्दी ने रासायनिक क्रिया करके लाल रंग बना दिया, जिसे सब लोगों ने खून समझ लिया और फिर हाथ में छिपी कंकरी को पथरी बता दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इंस्पेक्टर : लेकिन यह लड़का चुप कैसे हो गया था ?

रोशन : भभूत में मिली मीठी सेकरीन के कारण। जैसे ही इसे मीठा–मीठा लगा, इसने रोना बंद कर दिया।

माँ : हाँ बेटा, तुम ठीक कहते हो। जब भी यह कोई मीठी चीज खा जाता है, रोना बंद कर देता है। लेकिन नारियल से फूल कैसे निकल सकते हैं?

रोशन : आप लोग तो जानते ही हैं कि नारियल में तीन आँखें होती हैं। उसकी एक आँख में छेद करके पहले से मोगरे की कलियाँ डाल दी गई हैं जो अन्दर खिलकर फूल बन गई हैं।

इंस्पेक्टर : और पानी डालने से कागज कैसे जल गए?

रोशन : उन कागजों पर पोटैशियम परमैंगनेट का लेप चढ़ा था। जब उन पर पानी के बहाने ग्लिसरीन डाला तो दोनों में क्रिया हुई और आग जल पड़ी। ये सब विज्ञान के चमत्कार हैं। स्वामी महाराज इन्हें मंत्र का चमत्कार कहकर वाहवाही लूटनेवाले थे, पर मैंने सामान बदलकर इनकी पोल खोल दी।

इंस्पेक्टर : वाह रोशन! तुमने अपनी बुद्धि से लोगों को भ्रमित होने से बचा लिया! (स्वामी को संबोधित करके) अब चलो, स्वामी महाराज, मैं थाने में तुम्हें अपना चमत्कार दिखाता हूँ।

(सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं और 'चमत्कार भई चमत्कार, विज्ञान के देखो चमत्कार। चिल्लाते हैं।)

(परदा गिरता है।)

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| मजमा | – | भीड़/व्यक्तियों का समूह |
| प्रदर्शन | – | दिखावा |
| अद्‌भुत | – | अनोखा |
| ढोंगी | – | ढोंग करनेवाला |
| भस्म | – | राख |
| आहिस्ता | – | धीरे–से |
| चमत्कार | – | असामान्य काम करके दिखाना |
| भयभीत होना | – | डर जाना |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** स्वामी ने जतिन के पेट में दर्द होने का क्या कारण बताया?

**प्रश्न 2.** स्वामी ने किस ढोंगी प्रक्रिया से जतिन के पेट का दर्द दूर किया?

**प्रश्न 3.** राहुल ने स्वामी के ढोंग की पोल कैसे खोली?

**प्रश्न 4.** नारियल से फूल कैसे निकले?

**प्रश्न 5.** रोशन ने क्या–क्या चमत्कार दिखाए?

**प्रश्न 6.** भीड़ स्वामी जैसे लोगों के ढोंग से क्यों प्रभावित हो जाती है?

**प्रश्न 7.** बीमार पड़ने पर हमें किसी साधु के पास जाना चाहिए या डॉक्टर के पास? कारण सहित उत्तर लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।**

पोल खोलना — वाहवाही लूटना

हैरान रह जाना — भस्म कर देना

खुसुर–फुसुर करना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और उनके आगे या पीछे जुड़े शब्दांश अलग–अलग करके लिखो–**

उपयोग, लूटनेवाला, रासायनिक, विज्ञान, प्रदर्शन।

**प्रश्न 3.उचित विभक्ति चिह्न लगाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

क. स्वामी जी जतिन ........................ एक ऊँची जगह लिटा देते हैं।

ख. स्वामी जी जतिन ..................... कमीज उठाकर देखते हैं।

ग. स्वामी जी! पेट ...................... दर्द हो रहा है।

घ. पेंसिल ...................... लिखो।

ङ नाटक ..................... सभी पात्रों ने अच्छा अभिनय किया।

- संबोधन के पश्चात् संबोधन चिह्न (!) लगाया जाता है, जैसे– स्वामी जी! मेरा पुत्र बीमार है।

  यह क्या स्वामी जी महाराज! (आश्चर्य)

  ओह! अनर्थ। (दुख)

- संबोधन के बहुवचन शब्दों में अनुनासिक का प्रयोग नहीं होता, केवल अंतिम अक्षर का 'ओ' से अंत हो जाता है। उदाहरण पढ़ो और समझो।

  लड़को! मैदान में खेलो।

  लड़कों! मैदान में खेलो।

  पहले वाक्य में प्रयुक्त 'लड़को'! शब्द शुद्ध है दूसरे वाक्य में 'लड़कों'! प्रयोग अशुद्ध है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों के रिक्त स्थानों में बहुवचन शब्दों का प्रयोग करो–**

क. .................... ने तालियाँ बजाईं। (दर्शक)

ख. ................ को देखकर आनंद आ गया। (बच्चा)

ग. ................ के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। (महिला)

घ. .............. की स्वामी से झड़प हुई। (युवक)

ङ. ............. ! कल विद्यालय मत आना। (बालक)

## रचना

- इस एकांकी की कथा को अपने शब्दों में लिखो ।
- नीचे बने चित्रों को देखो और उसके आधार पर एक कहानी बनाकर लिखो।






## गतिविधि

- बाल–सभा में इस नाटक का मंचन करो।

## योग्यता–विस्तार

### सोचो और चर्चा करो–

- जादू दिखानेवाला या मदारी का खेल दिखानेवाला भीड़ को ताली बजाने के लिए क्यों कहता है?
- इसी तरह का कोई एकांकी बालपत्रिका से लेकर बालसभा में मंचन करो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

345UFD

# जाँच के लिए प्रश्न

- **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ो। इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही–उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

प्राचीन समय में पुस्तकें हाथ से तैयार की जाती थी। उस युग में पुस्तकों की प्रतियाँ करने का काम अधिकतर भिक्षु लोग करते थे। ये लोग अपनी छोटी–छोटी कोठरियों में बैठे सावधानीपूर्वक पुस्तकों की प्रतियाँ तैयार करते थे। यह कार्य करते–करते उनकी आँखें दुख जाती थी। अंगुलियाँ दर्द करने लगती थी, फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।

जरा सोचो, एक पृष्ठ यहाँ तक कि एक लाइन लिखने में कितना समय लगता है। फिर पूरी पुस्तक की प्रतिलिपि तैयार करने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता होगा, उसके लिए कितने धैर्य की आवश्यकता होती होगी।

कई वर्षों बाद बेल्जियम के एक चतुर व्यक्ति ने छापेखाने का आवि कार किया। इसके द्वारा बहुत कम समय में किसी भी पुस्तक की दसियों प्रतियाँ तैयार होने लगी। पिछले 500 वर्षों में पुस्तकें छापने की विधि में बहुत से महत्वपूर्ण परिवर्तन और सुधार हो गए हैं और आज हजारों और लाखों पुस्तकें बहुत आसानी से छापी जा सकती हैं।

1. प्राचीन समय में संसार में बहुत कम पुस्तकें क्यों थी?

   (क) भिक्षु पुस्तकें लिखते हुए बहुत थक चुके थे।

   (ख) पुस्तकें केवल बेल्जियम में बनाई जाती थी।

   (ग) पुस्तकें हाथ से लिखी जाती थी।

   (घ) लोगों में धैर्य की कमी थी

2. ''फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।'' इस वाक्य में भिक्षुओं की कौन–सी विशे ता प्रकट होती है?

   (क) उन्हें रातभर कार्य करना पड़ता था।

   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।

   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।

   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. भिक्षु कई घण्टों तक लिखते रहते थे। इसका उन पर क्या प्रभाव पड़ता था?
   (क) उन्हें रात भर कार्य करना पड़ता था।
   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।
   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।
   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।
4. ''इसके द्वारा बहुत कम समय में ..................... '' यहाँ 'इसके' किसकी ओर संकेत करता है?
   (क) चतुर व्यक्ति
   (ख) छायाखाना
   (ग) बेल्जियम
   (घ) भिक्षु
5. इस अनुच्छेद के लिए कौन–सा शीर्षक उपयुक्त है?
   (क) पुस्तकें हमारी मित्र
   (ख) पुस्तकों का महत्व
   (ग) छापेखाने का आवि  कार
   (घ) भिक्षुओं का कष्ट

- **निम्नलिखित प्रश्नों में खाली स्थानों को भरने के लिए सही शब्द छाँटो और उसकी क्रम संख्या पर घेरा लगाओ –**

1. पर्वत की चोटियों .................. पर चढ़ना कोई सरल काम नहीं।
   (क) में
   (ख) पर
   (ग) से
2. बिल्ली पेड़ ................. बहुत आराम से सो रही थी।
   (क) में
   (ख) के चारों तरफ
   (ग) के नीचे

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. मामा जी सोहन .................. पेन लाए।
   (क) के लिए
   (ख) के द्वारा
   (ग) से
4. आज विद्यालय .................. अवकाश है।
   (क) पर
   (ख) में
   (ग) के
5. मैंने भगवान .................. दर्शन किए।
   (क) का
   (ख) की
   (ग) के
6. इस प्रश्न का उत्तर तो बहुत .................. है।
   (क) सरल
   (ख) सुगम
   (ग) सुलभ
7. हवा को चाहे वायु कह लो, चाहे .................. , एक ही बात है।
   (क) पवन
   (ख) पावक
   (ग) पावन
8. पहला सवाल तो बहुत सरल था, मगर दूसरा सवाल बहुत ही .................. था।
   (क) सही
   (ख) आसान
   (ग) कठिन
9. जहाँ तक .................. जाती थी, बर्फ ही बर्फ थी।
   (क) नजर
   (ख) दिखाई
   (ग) सुनाई

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



10. शहरी और .................. बच्चों की सुविधाओं में भेदभाव नहीं होना चाहिए।
    (क) नगरीय
    (ख) ग्रामीण
    (ग) देशी
11. अगर समय पर बारिश हुई होती .................. फसल अच्छी होती।
    (क) लेकिन
    (ख) तो
    (ग) एवं
12. तुम्हें व्यायाम करना चाहिए .................. स्वस्थ रह सको।
    (क) ताकि
    (ख) इसलिए
    (ग) और
13. गुड़िया पाकर चाँदनी इतनी खुश हुई .................. उसे काई खजाना मिल गया हो।
    (क) कैसे
    (ख) वैसे
    (ग) जैसे
14. हर्ष झगड़ा करता है .................. वह झगड़ालू कहलाता है।
    (क) और
    (ख) परंतु
    (ग) इसलिए
15. तुम कहाँ जा रही हो इस वाक्य के आखिरी में .................. चिह्न आएगा।
    (क) ?
    (ख) !
    (ग) ।

**• नीचे लिखे अंश को ध्यान से पढ़ो। उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# क्रिकेट क्लब





**सब कक्षाओं के साथियों का स्वागत है**

**आइए, क्रिकेट खेलना सीखें!**

प्रति रविवार को खेल के मैदान में

**समय**

लड़कियों के लिए प्रातः 9.00–10.00 बजे तक
लड़कों के लिए प्रातः 10.30–12.00 बजे तक

**सदानन्द प्राइमरी विद्यालय**
**महात्मा गाँधी मार्ग**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

1. ऊपर दिया गया अंश है?
   (क) सूचना
   (ख) कहानी
   (ग) आदेश
   (घ) निबंध
2. क्रिकेट क्लब किनके लिए है?
   (क) केवल लड़कों के लिए
   (ख) केवल लड़कियों के लिए

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



(ग) सभी साथियों के लिए

(घ) इसमें से किसी के लिए नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन–सा सही है?

(क) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से पहले होगा।

(ख) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से ज्यादा लम्बा होगा।

(ग) लड़के–लड़कियों के अभ्यास अलग–अलग दिनों में होंगे।

(घ) लड़कों का अभ्यास रविवार दोपहर को होगा।

4. लड़कों को कितनी देर क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा?

(क) तीस मिनट

(ख) डेढ़ घंटे

(ग) दो घंटे

(घ) तीन घंटे

5. यह क्रिकेट क्लब किस नगर में है?

(क) सदानंद

(ख) महात्मा गांधी

(ग) रायपुर

(घ) उत्तर प्रदेश

- **यदि तुम्हें अपने स्कूल में चीजों को मनपसंद तरीके से बदलते की छूट मिले तो तुम उसमें कौन–कौन से बदलाव करना पसंद करोगे?**
- **अगर तुम्हें पक्षियों को रंगने का अधिकार मिल जाए तो तुम किन–किन पक्षियों को क्या–क्या रंग दोगे?**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# पुष्पाणि


| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| कुमुदम् | – | कुमुदिनी |  |
| सूर्यकान्तिः | – | सूर्यमुखी |  |
| चम्पकः | – | चम्पा |  |
| पाटलम् (स्थलम्) | – | गुलाब |  |
| कमलम् | – | कमल |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# पुष्पाणि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| मन्दारम् | – | आक |  |
| सेवन्तिका | – | सेवन्ती |  |
| जपापुष्पम् | – | गुड़हल |  |
| मल्लिका | – | मोंगरा |  |
| वैजयन्ती | – | वैजन्ती |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वाहनानि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| लोकयानम् (लोकवाहनम्) | – | बस |  |
| विमानम् | – | विमान |  |
| कारयानम् | – | कार |  |
| नौका | – | नाव |  |

3FSYXK

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com












| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| रेलयानम् | – | रेल |  |
| सायकलयानम् | – | सायकल |  |
| स्कूटरयानम् | – | आटो |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वर्णाः

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| श्वेतः (शुभ्रः, धवलः) | – | सफेद |  |
| रक्तः | – | लाल |  |
| नीलः | – | नीला |  |
| कृष्णः | – | काला |  |
| पीतः | – | पीला |  |
| हरितः | – | हरा |  |
| पाटलः | – | गुलाबी |  |
| केसरः | – | केसरिया |  |
| कपिशः | – | कत्था |  |


3G2UZ8

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वृत्तिनां नामानि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| शिक्षकः (अध्यापकः) | – | शिक्षक |  |
| वैद्यः | – | चिकित्सक |  |
| कुम्भकारः | – | कुम्हार |  |
| स्वर्णकारः | – | सुनार |  |
| वणिक् | – | व्यापारी |  |

3GBR1V

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| आपणिकः | – | दुकानदार |  |
| लेखकः | – | लेखक |  |
| गायकः | – | गायक |  |
| नर्तकी | – | नर्तकी |  |
| वंशीवादकः | – | बांसुरीवादक |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# पारिवारिक सम्बन्धः

| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| जननी (माता) | – | माता |
| जनकः (पिता) | – | पिता |
| भ्राता | – | भाई |
| भगिनी | – | बहन |
| पितामहः | – | दादा |
| पितामही | – | दादी |
| मातुलः | – | मामा |

3GKM3I

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| मातामह | – | नाना |
| मातामही | – | नानी |
| श्वशुरः | – | ससुर |
| श्वश्रूः | – | सास |
| श्यालः | – | साला |
| पुत्रः (सुतः, तनयः) | – | पुत्र |
| पुत्री (सुता, तनया ) | – | पुत्री |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




# दिनचर्या

| संस्कृत | | चित्र |
|---|---|---|
| अहं जागर्मि। | – |  |
| अहं दन्तधावनं करोमि। | – |  |
| अहं स्नानं करोमि। | – |  |
| अहं केशं संवाहयामि | – |  |
| अहं भोजनं करोमि। | – |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | चित्र |
|---|---|
| अहं विद्यालयं गच्छामि । |  |
| अहं विद्यालये अध्ययनं करोमि । |  |
| अहं विद्यालयात् आगच्छामि । |  |
| अहं क्रीडनकेन खेलामि । |  |
| अहं पुस्तकं पठामि । |  |
| अहं शयनं करोमि । |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# हिंदी–हल्बी एवं संस्कृत

## कक्षा – 5

सत्र 2019–20

**DIKSHA एप कैसे डाउनलोड करें?**

विकल्प 1 : अपने मोबाइल ब्राउज़र पर diksha.gov.in/app टाइप करें।

विकल्प 2 : Google Play Store में DIKSHA NCTE ढूंढ़े एवं डाउनलोड बटन पर tap करें।

DIKSHA

### मोबाइल पर QR कोड का उपयोग कर डिजिटल विषय वस्तु कैसे प्राप्त करें ?

**DIKSHA App को लॉच करे → App की समस्त अनुमति को स्वीकार करें → उपयोगकर्ता Profile का चयन करें।**



1 पाठ्यपुस्तक में QR Code को Scan करने के लिए मोबाइल में QR Code tap करें।



2 मोबाईल को QR Code पर केन्द्रित करें।




3 सफल Scan के पश्चात् QR Code से लिंक की गई सूची उपलब्ध होगी।


### डेस्कटॉप पर QR Code का उपयोग कर डिजिटल विषय–वस्तु तक कैसे पहुँचे ?




1 QR Code के नीचे 6 अंक का Alpha Numeric Code दिया गया है।



2 ब्राउज़र में diksha. gov.in/cg टाईप करें।



3 सर्च बार पर 6 डिजिट का QR CODE टाईप करें।



4 प्राप्त विषय–वस्तु की सूची से चाही गई विषय–वस्तु पर क्लिक करें।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर**

निःशुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

© राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

5Q76YX

प्रकाशन वर्ष 2019

**मार्गदर्शन**

डॉ. हृदयकांत दीवान, विद्या भवन, उदयपुर

**संयोजक**

डॉ. विद्यावती चन्द्राकर

**मुख्य समन्वयक**

श्री आर. के. वर्मा

**विषय समन्वयक**

बी. आर. साहू, विद्या डांगे

| हिंदी | हल्बी | संस्कृत |
|---|---|---|
| डॉ. सी.एल.मिश्र,<br>बी. आर. साहू,<br>दिनेश गौतम,<br>विनय शरण सिंह,<br>गजानन्द प्रसाद देवांगन,<br>शोभा शंकर नागदा,<br>श्रीमती प्रीति भटनागर | डॉ. (श्रीमती) आरतीरानी जैन,<br>तुलसीराम पानीग्राही,<br>शिवनारायण पाण्डे,<br>विक्रम कुमार सोनी,<br>रमझम कच्छ<br>के. आर. रामटेके | **विशेष सहयोग**<br>डॉ. सुरेश शर्मा,<br>बी.पी. तिवारी, (समन्वयक)<br>डॉ. कल्पना द्विवेदी,<br>ललित कुमार शर्मा,<br>डॉ. संध्यारानी शुक्ला,<br>डॉ. राजकुमार तिवारी |

**चित्रांकन**

समीर श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, अजय सक्सेना, भूपेन सैकिया, हेमंत दास

**फोटोग्राफ** (अंतिम आवरण पृष्ठ)

एस. अहमद, रायपुर

**आवरण एवं ले–आऊट**

रेखराज चौरागड़े

**प्रकाशक**

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**मुद्रक**

मुद्रित पुस्तकों की संख्या – ........................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# प्राक्कथन

6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा के संवैधानिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए यह भी नितांत आवश्यक है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान द्वारा सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए नवीन पाठ्यक्रम की रचना कर समय की आवश्यकताओं, चुनौतियों और समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्यपुस्तकों की रचनाएँ की गई हैं। कक्षा 5 के लिए रचित यह पुस्तक निरंतर दो वर्षों तक राज्य के चयनित विद्यालयों में प्रयोग के तौर पर पढ़ाई गई। अब यह राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में लागू की जा रही है। इन दो वर्षों में विद्यालयों में शिक्षकों/विद्यार्थियों से अध्ययन के समय जो प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई थी, उन सब पर विचार करके पुस्तक की पाठ्यसामग्री को अंतिम रूप दिया गया है। फिर भी जब–जब हमें शिक्षाशास्त्रियों, विषय–विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं पालकों के उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, हम उन पर विचार करके पुस्तक में संशोधन करेंगे।

कक्षा 5 के विद्यार्थी अपने आस–पास के जीवन के बारे में सोचना –समझना प्रांरभ कर देते हैं। इस समझ को और अधिक विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें उचित शब्दावली, वाक्य संरचना, व्याकरणगत नियमों का ज्ञान कराया जाए। भाषा शिक्षण का एक प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि विद्यार्थी के सोचने, समझने के तरीकों को विकसित किया जाए। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी पुस्तक के साथ अपना सतर्क पाठक का संबंध जोड़े। इसके लिए वह सामग्री पर आधारित नए प्रश्न गढ़े, पाठ्यसामग्री में प्रस्तुत विचारों पर टिप्पणी करे। इस पुस्तक में इसकी अपार संभावनाएँ हैं।

इस पुस्तक की रचना में आधारभूत प्रयत्न यह रहा है–

1. पुस्तक की विषयवस्तु बच्चों के स्तर के अनुरूप हो, साथ ही उनकी अपेक्षित दक्षताओं तथा कौशलों के विकास में सहायक सिद्ध हो।
2. विषयवस्तु की प्रस्तुति बच्चों के लिए आकर्षक, रुचिकर और सुगम हो।
3. विषयवस्तु के अध्ययन से बच्चों में स्वस्थ प्रवृत्तियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शाश्वत मानवीय मूल्यों का विकास हो सके।
4. हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विरासत के प्रति बच्चों में बेहतर समझ बने और वे इस पर गर्व कर सकें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

इस पुस्तक को तैयार करने के लिए निरंतर श्रृंखलाबद्ध कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा जिसमें राज्य के तथा बाहर के शिक्षकों, विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों का बहुमूल्य श्रम और सहयोग हमें मिलता रहा। पाठों के संकलन के लिए अनेक राज्यों की पाठ्यपुस्तकों, अनेक प्रकाशकों की उत्कृष्ट उपयोगी पुस्तकों की पाठ्यसामग्री को आधार रूप में रखा गया। इसके अतिरिक्त राज्य के साहित्यकारों की रचनाएँ भी इस पुस्तक में संकलित की गई।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छ.ग. द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में दक्षता संवर्धन हेतु अतिरिक्त पाठ्य संसाधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से **Energized Text Books** एक अभिनव प्रयास है, जिसे ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन (डाउनलोड करने के उपरांत) उपयोग किया जा सकता है। **ETBs** का प्रमुख उद्देश्य पाठ्यवस्तु के अतिरिक्त ऑडियो–वीडियो, एनीमेशन फॉरमेट में अधिगम सामग्री, संबंधित अभ्यास, प्रश्न एवं शिक्षकों के लिए संदर्भ सामग्री प्रदान करना है।

इस पुस्तक को अंतिम स्वरूप प्रदान करने में हमें जिन शिक्षकों, शिक्षाविदों का सहयोग प्राप्त हुआ है, उन सबके प्रति हम आभार प्रदर्शित करते हैं। इस कार्य में हमें विद्या भवन उदयपुर का भरपूर सहयोग भी प्राप्त हुआ है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हम उन सभी कवियों,लेखकों तथा उनके उत्तराधिकारियों का भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनकी रचनाएँ इस पुस्तक में समाहित की गई हैं।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# शिक्षकों के लिए

कक्षा पाँचवीं के लिए भाषा संबंधी पुस्तक 'भारती' का यह संस्करण आपके हाथ में है। हम चाहेंगे कि इस संस्करण का आप भली–भाँति अध्ययन करें और इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने मूल्यवान विचार/सुझाव हमें भेजें जिससे यह पुस्तक अपना विशेष स्थान बना सके। पुस्तक की रचना करते समय हमने जिन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया है, वे निम्नलिखित हैं–

1. हमारी मान्यता है कि कक्षा चार तक विद्यार्थियों ने संयुक्ताक्षर, संयुक्त व्यंजनों के अतिरिक्त व्याकरण में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण की प्रारंभिक जानकारी अर्जित कर ली है। कक्षा पाँचवीं की इस पुस्तक में हमने वाक्य संरचना,विराम चिह्न, उपसर्ग, प्रत्यय, तद्भव, तत्सम, समानोच्चारित, पर्यायवाची शब्दों की जानकारी पर अधिक बल दिया है। यद्यपि इनकी थोड़ी–थोड़ी जानकारी कक्षा चार की पुस्तक में भी दी गई है। इस पुस्तक में व्याकरण के इन अंगों को थोड़ा विस्तार से बताया गया है। व्याकरण के सभी अंगों की जानकारी देने में हमारा यह उद्देश्य रहा है कि पहले कुछ उदाहरण दिए जाएँ, फिर उनको स्पष्ट किया जाए और फिर परिभाषा दी जाए। इससे व्याकरण के अध्ययन–अध्यापन में आने वाली शुष्कता दूर होगी।
2. प्रायः यह देखा गया है कि शिक्षक पाठ पढ़ाने के पूर्व पृष्ठभूमि का निर्माण नहीं करते। वे सीधे–सीधे बच्चों से पुस्तक पढ़वाना प्रारंभ कर देते हैं। हमने पूर्व की कक्षाओं की भाँति इस पुस्तक में भी पाठ पढ़ाने से पहले पृष्ठभूमि निर्माण करने पर बल दिया है। मनोवैज्ञानिक रूप से यह प्रक्रिया अधिक उचित है। इस प्रक्रिया से जहाँ बच्चों के पूर्व ज्ञान का पता चल जाता है, वहीं पाठ को समझने में भी उन्हें सहायता मिलती है। इस विधि को आप और आगे बढ़ा सकते हैं। पाठ पढ़ना प्रारंभ करने के पूर्व विद्यार्थियों से ऐसे प्रश्न भी किए जाएँ जिनके उत्तर वे अपने पूर्व अनुभवों से प्रकट कर सकें। इस विधि से पाठ के अध्ययन में विद्यार्थियों की सहभागिता भी ली जा सकेगी।
3. साहित्य की विविध विधाओं के अध्ययन में भिन्नता होती है। कविता का पाठ पढ़ाने की विधि, विवरण या निबंध की विधि से भिन्न है। इसी प्रकार एकांकी अध्ययन की विधि कहानी के अध्ययन की विधि से भिन्न है। कविता पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सौंदर्य बोध, रसास्वादन एवं भाव बोध कराना है। कविता को पढ़कर विद्यार्थी आनंद का अनुभव करें। कविता को हाव–भाव एवं स्वर के उतार–चढ़ाव के साथ पढ़ सकें। इसके लिए पहले आपको, कविता को इसी रूप में प्रस्तुत करना होगा तभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक अनुकरण वाचन कर सकेंगे। हर कविता का राग, रस और भाव के अनुरूप अलग–अलग होगा। कविता के पाठों में विद्यार्थियों के वाचन के लिए कुछ अतिरिक्त सामग्रियाँ भी हैं। आप भी कुछ अन्य सामग्री बाल पत्रिकाओं से दे सकते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों में कविता के प्रति रुचि जागृत की जा सकती है। आप कक्षा में अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अन्य कवियों की रचनाओं का गायन कराया जा सकता है।
4. कविता के अध्ययन में आनंद प्राप्त करने के साथ–साथ प्रकृति तथा पशु–पक्षियों के प्रति अनुराग का भाव विकसित करना भी हमारा उद्देश्य है । कविता का अध्यापन करने में पहले आप उचित स्वर, हाव–भाव के साथ पूरी कविता एक बार पढ़ें फिर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

एक–एक छंद को सुनाएँ जिससे विद्यार्थी कविता के अर्थ/भाव को समझते हुए उसका आनंद उठा सकें। विद्यार्थियों से भी कविता पाठ कराएँ, छोटे–छोटे प्रश्न कर उत्तर प्राप्त करें।

5. कविता अध्यापन में जिस प्रकार पृष्ठभूमि का निर्माण किया गया था; उसी प्रकार की पृष्ठभूमि का निर्माण कहानी, विवरण, निबंध आदि के अध्यापन के समय करें। यहाँ भी प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान की जानकारी ली जा सकती है और पृष्ठभूमि तैयार की जा सकती है।

6. लिखित प्रश्न–अभ्यास के पूर्व इस पुस्तक में एक गतिविधि मौखिक प्रश्न–उत्तर की भी कराई गई है। इस गतिविधि में कक्षा को दो समूहों में विभाजित किया जाता है। एक समूह के विद्यार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न बनाकर पूछेंगे, दूसरे समूह के विद्यार्थी उस प्रश्न का उत्तर देगें। यदि कोई समूह सही उत्तर न दे पाए तो प्रश्न पूछनेवाला उसका उत्तर देगा। यही प्रक्रिया दूसरे समूह के विद्यार्थी भी करेंगे। इससे जहाँ विद्यार्थियों में विषयवस्तु की समझ विकसित होगी, वहीं वे प्रश्न बनाना भी सीखेंगे। इस गतिविधि में ध्यान रखने की बात यह है कि पाठ में दिए गए प्रश्न न पूछे जाएँ। आप विद्यार्थियों को नए–नए प्रश्न बनाने के तरीके समझाएँ। पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्नों के अतिरिक्त विषय के संबंधित कुछ ऐसे प्रश्न आप भी पूछें। उत्तर बताने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें।

7. प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों को कुछ नवीन शब्दों का ज्ञान कराना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में भी इनका उल्लेख है। अनुमान है कि प्रत्येक कक्षा में लगभग पाँच सौ नए शब्दों की जानकारी विद्यार्थियों को हो। इस प्रकार कक्षा पाँचवीं तक आते–आते बच्चों को दैनिक व्यवहार में आनेवाले शब्दों के साथ–साथ लगभग पाँच हजार शब्दों का ज्ञान होना चाहिए। शब्दों के ज्ञान से अर्थ है कि विद्यार्थी उनका अर्थ समझें, वाक्यों में प्रयोग कर सकें, सही उच्चारण कर सकें और उन्हें शुद्ध रूप में लिख सकें। ऐसे शब्दों को अच्छी तरह पहचानने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी उसे बार–बार पढ़ें। अतः ऐसे वाक्यों/शब्दों का बार–बार प्रयोग किया ही जाना चाहिए। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि आप उसे श्यामपट पर लिखें और श्रुतिलेख में लिखवाएँ। इस पुस्तक में ऐसे वाक्यों के लिए भी गतिविधि दी गई है। कक्षा के समूह में से कोई एक विद्यार्थी दूसरे समूह के विद्यार्थी से उस नए वाक्य का अर्थ पूछे और उसका वाक्य प्रयोग करके बताए। यदि विद्यार्थी अलग–अलग वाक्यों में उस शब्द का ठीक–ठीक अर्थ में प्रयोग कर सकेगा तो यह माना जाएगा कि वह उस शब्द को जानता है।

8. वर्तनीगत शुद्धियों के लिए श्रुतिलेख करवाने पर बल दिया गया है। विद्यार्थियों से श्रुतिलेख कराएँ, बाद में शिक्षक कठिन वर्तनीवाले शब्दों को श्यामपट पर लिख दें। विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं को अदल–बदलकर परीक्षण करें। विद्यार्थियों की वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ सुधारने के लिए यह एक कारगर उपाय होगा।

9. पाठ्यपुस्तकों के अध्यापन में वाचन का महत्वपूर्ण स्थान है। वाचन के अंतर्गत शिक्षक द्वारा आदर्श वाचन तथा बच्चों द्वारा सस्वर अनुकरण वाचन एवं मौन वाचन आता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि पहले आप एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें। तब विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। इससे बच्चों का उच्चारण स्पष्ट होगा। उन्हें उचित विराम चिह्नों को ध्यान में रखकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। यहाँ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

यह ध्यान रखना जरूरी है कि विद्यार्थी यांत्रिक ढंग से किसी पाठ का वाचन न करें। यह भी किया जा सकता है कि जब कोई अनुच्छेद एक विद्यार्थी पढ़े तो अनुच्छेद समाप्त होने पर उस अनुच्छेद पर विद्यार्थी से प्रश्न पूछ लिए जाएँ। इस प्रकार समझकर पढ़ने पर बल दें।

10. आप इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि विभिन्न गतिविधियों, वाचन आदि में प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता अवश्य ली जाए। मौन वाचन का अपना अलग महत्व है। कभी–कभी आप कक्षा में मौखिक प्रश्न पूछते हैं। उसका उत्तर खोजने के लिए विद्यार्थी पाठ के उस अंश को मन–ही–मन पढ़ते हैं। विद्यार्थियों को मौन वाचन के अवसर अवश्य दिए जाएँ।

11. इस पुस्तक में हमारा यह भी प्रयास रहा है कि भाषा की पुस्तक से अन्य विषयों का भी सह–संबंध हो। उसके लिए इस पुस्तक में विज्ञान संबंधी निबंध हैं (रोबोट), इतिहास संबंधी पाठ (महापुरुषों का बचपन–प्रेरक प्रसंग), भूगोल संबंधी पाठ (रेशम, चंदन और सोने की धरती– कर्नाटक) घी, गुड़ देने वाला वृक्ष, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों की सहभागिता (गुंडाधूर), नीति संबंधी पाठ (वृंद के दोहे), समय का महत्व आदि पाठ तो हैं ही, इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे पाठ भी हैं जिन्हें पढ़कर विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन के संबंध में कुछ संदेश मिलेंगे, वहीं उन्हें अपने राज्य की विशेषताओं को जानने के अवसर भी मिलेंगे।

12. पाठ पर आधारित प्रश्नों को चार वर्गों में विभाजित किया गया है। पहले प्रकार के प्रश्न विषयवस्तु पर आधारित हैं। ऐसे प्रश्न कई रूपों में पूछे गए हैं। कुछ केवल जानकारी से संबंधित हैं, कुछ प्रयोगात्मक हैं, कुछ प्रश्न सोच–समझकर उत्तर देने वाले हैं। दूसरे प्रकार के प्रश्न भाषा एवं व्याकरण से संबंधित हैं। तीसरे प्रकार के प्रश्न रचना के हैं। अंत में योग्यता विस्तार के लिए प्रत्येक पाठ में कुछ सुझाव दिए गए हैं। कुछ गतिविधि या क्रियाकलाप संबंधी भी प्रश्न हैं। चित्रों, नीति वाक्यों को संग्रह करना, इनसे कक्षा तथा विद्यालय भवन को सजाना, एक कविता पढ़कर उसी भाव की अन्य कविता खोजकर पढ़ना और बालसभा में सुनाना, कविता की दो पंक्तियाँ देकर दो अन्य पंक्तियाँ गढ़ना, अधूरी कहानी को पूरी करना, चित्र देखकर कहानी लिखना, वर्ग पहेलियों को बूझना आदि क्रियाएँ सम्मिलित की गई हैं। अतिरिक्त पठन के लिए भी कुछ पाठों के साथ कुछ अनुच्छेद, काव्य पंक्तियाँ दी गई हैं। विद्यार्थी इन्हें पढ़कर कुछ प्रेरणा ग्रहण करेंगे, वाचन की उनकी क्षमता में विकास होगा।

13. हमने इस पुस्तक को सभी श्रेणी के विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप श्रेष्ठ बनाने का प्रयास किया है। आपके बहुमूल्य सुझाव मिलेंगे तो पुस्तक के स्वरूप में कुछ और सुधार आएगा। हमें विश्वास है कि आप सुझावों के अनुरूप शिक्षण करेंगे तो विद्यार्थियों के स्तर में अवश्य सुधार होगा। आपसे यह भी आग्रह है कि आप पुस्तक का समुचित अध्ययन करें, अपने संपर्क में आनेवाले विद्वानों से इस पुस्तक पर चर्चा करें और सुझाव लें। आशा है, आपके बहुमूल्य सुझाव हमें अवश्य मिलेंगे।

**संचालक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़, रायपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | पाठ | विधा | रचयिता | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| | **हिन्दी** | | | |
| 1. | मैं अमर शहीदों का चारण | (कविता) | श्रीकृष्ण 'सरल' | 01–04 |
| 2. | घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष | (निबंध) | संकलित | 05–10 |
| 3. | बस्तर चो दसराहा | (निबंध) | लेखक मंडल | 11–16 |
| 4. | मैं सड़क हूँ | (आत्मकथा) | संकलित | 17–22 |
| 5. | रोबोट | (निबंध) | लेखक मंडल | 23–28 |
| 6. | चित्रकार मोर | (कहानी) | संकलित | 29–33 |
| 7. | क्यूँ–क्यूँ छोरी | (चरित्र) | महाश्वेता देवी | 34–40 |
| 8. | चलाक कोलया | (कहानी) | लेखक मंडल | 41–45 |
| 9. | श्रम के आरती | (कविता) | भगवती लाल सेन | 46–49 |
| 10. | सुनिता की पहिया कुर्सी | (निबंध) | रिमझिम से | 50–55 |
| 11. | महामानव | (कहानी) | अनवार आलम | 56–60 |
| 12. | गुंडाधूर | (जीवन–चरित) | लेखक मंडल | 61–67 |
| 13. | संगवारी | (कहानी) | लेखक मंडल | 68–73 |
| 14. | रेशम, चंदन और सोने की धरती – कर्नाटक | (निबंध) | लेखकमंडल | 74–79 |
| 15. | एक और गुरु दक्षिणा | (कहानी) | राजे राघव | 80–86 |
| 16. | पत्र | (पत्र) | लेखक मंडल | 87–92 |
| 17. | बस्तर चो रान | (आत्मकथात्मक निबंध) | लेखक मंडल | 93–99 |
| 18. | हार नहीं होती | (कविता) | हरिवंशराय 'बच्चन' | 100–103 |
| 19. | राष्ट्र–प्रहरी | (निबंध) | संकलित | 104–108 |
| 20. | मस्जिद या पुल | (कहानी) | सुनीति | 109–114 |
| 21. | माटी सुमरनी | (कविता) | लेखक मंडल | 115–118 |
| 22. | महापुरुषों का बचपन | (प्रेरक–प्रसंग) | लेखक मंडल | 119–123 |
| 23. | गुरू और चेला | (कविता) | सोहन लाल द्विवेदी | 124–131 |
| 24. | बाबा अंबेडकर | (जीवन–चरित) | संकलित | 132–136 |
| 25. | चमत्कार | (एकांकी) | जाकिर अली 'रजनीश' | 137–143 |
| | **परिशिष्ट** | | | 144–149 |
| | **संस्कृत** | | | 150–160 |


589CIP

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**पाठ–1**

# मैं अमर शहीदों का चारण

– श्रीकृष्ण 'सरल'

देश की आज़ादी के लिए मर मिटनेवालों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, पर आज हम उन्हें केवल राष्ट्रीय पर्वों पर ही याद करते हैं। यदि हम पीढ़ी–दर–पीढ़ी अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञ रहें, तब भी उनका यह ऋण चुकाया नहीं जा सकेगा। इस पाठ में कवि ने अमर शहीदों के बलिदान का ओजस्वी गायन किया है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** कविता को पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, समानोच्चारित शब्द, विलोम शब्द, वर्णक्रम के अनुसार शब्द लिखना ।



मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।
यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है,
यह सच है उनकी लाशों पर
चलकर आजादी आई है।
उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



गिरता है उनका रक्त जहाँ,
वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं,
वे रक्तबीज अपने जैसों को
नई फसल दे जाते हैं।
यह धर्म, कर्म, यह मर्म सभी को, मैं समझाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण उनके यश गाया करता हूँ।।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, राम प्रसाद 'बिस्मिल', सुभाष चंद्र बोस आदि के जीवन की भिन्न–भिन्न घटनाएँ सुनाएँ और भारत की स्वतंत्रता में उनके योगदान को बताएँ। अपने राज्य के क्रांतिवीरों जैसे शहीद वीरनारायण सिंह आदि का परिचय दें। कविता का लय के साथ पाठ करें और बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ तथा छोटे–छोटे प्रश्नों की सहायता से भाव स्पष्ट करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



वे अगर न होते तो, भारत
मुर्दों का देश कहा जाता,
जीवन ऐसा बोझा होता
जो हमसे नहीं सहा जाता।
इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के, मैं भाव जगाया करता हूँ।
मैं अमर शहीदों का चारण, उनके यश गाया करता हूँ।।



पूजे न गए शहीद तो फिर
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्टी
माथे से कौन लगाएगा?
मैं चौराहे–चौराहे पर, ये प्रश्न उठाया करता हूँ।
जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है, मैं उसे चुकाया करता हूँ।।



## शब्दार्थ

नीचे कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उनके अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(ऋण, मुर्दों को जमीन में गाड़ने की क्रिया)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमर | – | जो न मरे | गाथा | – | कथा, कहानी |
| शहीद | – | बलिदानी | चारण | – | कीर्ति–गायक, भाट |
| यश | – | बड़ाई | कर्ज | – | ........................ |
| दफनाई | – | ........................ | मर्म | – | रहस्य |
| सर्द | – | ठंडा | | | |

### टिप्पणी

**रक्तबीज–** रक्तबीज शुंभ और निशुंभ निशाचरों का एक सेनापति था, जिसे देवी दुर्गा ने मारा था। कहते हैं रक्तबीज के शरीर से रक्त की जितनी बूँदें धरती पर गिरती थीं, उतने ही नए राक्षस पैदा हो जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**वे ठौर तीर्थ कहलाते हैं –** रायपुर में जयस्तंभ चौक, इलाहाबाद में आजाद पार्क, अमृतसर में जलियाँवाला बाग ऐसे ही तीर्थ स्थल हैं।

**वह बीज कहाँ से आएगा –** देशभक्त एवं देशहित में बलिदान देनेवाली पीढ़ी कैसे पैदा होगी?

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** यदि देशभक्तों ने अपनी कुर्बानी न दी होती तो देश पर क्या प्रभाव पड़ता?

**प्रश्न 2.** कवि किसका यशगान कर रहा है?

**प्रश्न 3.** राष्ट्र के कर्ज को कवि किस प्रकार चुकाना चाहता है?

**प्रश्न 4.** कवि के अनुसार यदि शहीदों को न पूजा गया तो उसका परिणाम क्या होगा?

**प्रश्न 5.** कवि के अनुसार जहाँ शहीदों का रक्त गिरता है, उस स्थान को क्या कहते हैं?

**प्रश्न 6. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जिनमें ये भाव आए हैं–**

(क) शहीदों को न पूजने का परिणाम बताया गया है।

(ख) शहीदों के बलिदान–स्थल को तीर्थ कहा गया है।

(ग) जीवन को बोझ माना गया है।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करो–**

(क) यह सच है, याद शहीदों की
हम लोगों ने दफनाई है।
यह सच है, उनकी लाशों पर
चलकर आज़ादी आई है।

(ख) पूजे न गए शहीद तो फिर,
वह बीज कहाँ से आएगा?
धरती को माँ कहकर मिट्‌टी,
माथे से कौन लगाएगा?

**प्रश्न 8.** ''उन गाथाओं से सर्द खून को, मैं गरमाया करता हूँ''– यह पंक्ति लिखकर कवि, पाठकों में कौन–सा भाव जागृत करना चाहता है?

**प्रश्न 9.** ''इस पीढ़ी में उस पीढ़ी के मैं भाव जगाया करता हूँ'', ऐसे कौन–से भाव हैं जो कवि आज की पीढ़ी में जगाना चाहता है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

विद्यार्थियों को कविता याद करने को कहें, फिर पुस्तक बंद करवा दें। अब एक समूह कविता की कोई एक पंक्ति बोलेगा और दूसरा समूह उसके आगे की पंक्ति बोलेगा।

प्रश्न 1. धर्म, कर्म, मर्म समान उच्चारण वाले शब्द हैं। ऐसे शब्द समानोच्चारित शब्द कहे जाते हैं। निम्नलिखित शब्दों के दो–दो समानोच्चारित शब्द लिखो–
चारण, अमर, कर्ज।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो– (याद रखो, विदेशी शब्दों का विलोम विदेशी शब्द ही होगा, जैसे– 'अमीर' का विलोम 'गरीब' होगा 'निर्धन' नहीं।)
यश, जगाना, आजादी, मुर्दा, धर्म, धरती, जीवन।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखो– जैसे – अगर, ईख, कमल, चलना, हँसिया आदि।
लगाव, रसद, अमर, यश, धरती, दमन, शहद, नवल, फसल, शहीद।

### सोचो और लिखो–

प्रश्न 4. 'याद' शब्द को उल्टा लिखने पर 'दया' शब्द बनता है। इसी प्रकार के पाँच अन्य शब्द लिखो, जो उल्टा करने पर सार्थक शब्द बन जाते हों।

### रचना

- सैनिकों के बारे में तुम क्या–क्या जानते हो लिखो।
- तुम देश की सुरक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हो ?
- क्रांतिकारियों चित्र एवं जानकारियाँ एकत्रित कर स्क्रैप बुक में चिपकाओ।
- राष्ट्र प्रेम से संबंधित स्लोगन एकत्रित कर कक्षा में सुनाओ।

### गतिविधि

- चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मंगल पांडे, बहादुरशाह 'ज़फर', वीर नारायण सिंह आदि क्रांतिकारियों के चित्र एकत्र करो, उन्हें कक्षा में लगाकर, कक्षा सजाओ।

  कविता की इन पंक्तियों को पढ़ो और याद करो–

  **शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।**
  **वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा।।**

- कवि श्रीकृष्ण 'सरल' ने शहीदों से संबंधित अनेक कविताएँ लिखी हैं। किसी अन्य कवि की किसी शहीद पर लिखी कविता बालसभा में सुनाओ।

58I8KC

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–2

# घी, गुड़ और शहद देनेवाला वृक्ष

58K9JF

– संकलित

प्रकृति ने वृक्ष के रूप में हमें एक अमूल्य उपहार दिया है। वृक्ष चाहे कोई भी हो, उसका अपना महत्व होता है। वृक्षों के महत्व के कारण ही आज भी हम कुछ विशेष वृक्षों को पूजते हैं। कल्पवृक्ष का नाम तो सबने सुना ही होगा। कल्पवृक्ष जैसे वृक्ष आज भी मौजूद हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, वचन, उपसर्ग एवं प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाना, शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना।

आओ, तुम्हारा परिचय घी, गुड़ और शहद देनेवाले एक विचित्र वृक्ष से करवाएँ। उत्तराखण्ड के पहाड़ी इलाकों में एक ऐसा वृक्ष पाया जाता है, जो घी, गुड़ तथा शहद देता है। इसके अलावा यह वृक्ष फल, औषधि, जानवरों के लिए चारा, ईंधन और कीड़ों व चूहों को मारने के लिए कीटनाशक भी उपलब्ध कराता है। इस पेड़ के बीजों से घी की तरह का इतना तैलीय पदार्थ निकलता है कि एक अँग्रेज ने इसका नाम ही 'घी वाला वृक्ष' (इंडियन बटर ट्री) रख दिया। स्थानीय लोग इसे 'च्यूरा' कहते हैं।



यह अमूल्य वृक्ष कुमाऊँ एवं पिथौरागढ़ जनपद तथा भारत–नेपाल की सीमा पर काली नदी के किनारे 3000 फीट की ऊँचाई तक पाया जाता है। अब वहाँ उसे ज्यादा तादाद में उगाने का प्रयास किया जा रहा है। यह वृक्ष वहाँ की जलवायु में ही पनपता है। अतः वहाँ के लोगों के लिए यह कल्पवृक्ष के समान है। उन इलाकों में लोगों के लिए घी का यही एकमात्र साधन है। जिसके पास फल देने वाले 3–4 च्यूरा वृक्ष होते हैं, उसे साल भर बाजार से वनस्पति घी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। उन वृक्षों से वह गुड़ और शुद्ध शहद भी प्राप्त करता है।

यह वृक्ष छायादार और फैला हुआ होता है। इसके फलने–फूलने का समय अक्टूबर से जनवरी तक होता है। जुलाई–अगस्त में इसके फल पक जाते हैं। पके हुए फल पीले रंग लिए हुए, खाने में काफी स्वादिष्ट, मीठे तथा सुगंधित होते हैं। वातावरण में फैली इस फल की मीठी

**शिक्षण–संकेत–** वृक्षों के महत्व के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा करें। बच्चों से पूछें कि अगर पृथ्वी पर वृक्ष न होते तो क्या होता? शिक्षक एक अनुच्छेद का आदर्श वाचन करें और विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को पढ़ने के अवसर दें एवं उनके शुद्ध उच्चारण पर विशेष ध्यान दें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



महक से ही मालूम पड़ जाता है कि च्यूरा पकने लगा है। गाँव के लोग इन फलों को बड़े चाव से खाते हैं और एक भी बीज फेंकते नहीं हैं। इस वृक्ष पर फल काफी होते हैं। पके फलों से बीजों को आसानी से इकट्ठा करने के लिए वे कभी–कभी बंदरों एवं लंगूरों को वृक्षों से फल खाने देते हैं। बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर बीजों को फेंक देते हैं जिन्हें जमीन से बीनकर इकट्ठा कर लिया जाता है। एक वृक्ष से करीब एक से डेढ़ क्विंटल तक बीज प्रतिवर्ष मिल जाते हैं।




ये बीज स्थानीय लोगों के लिए काफी उपयोगी होते हैं। इन बीजों के छिलके निकालकर अंदर के भाग को धूप में या हल्की आँच पर सुखाकर पीस लिया जाता है और पानी में उबाल लिया जाता है। कुछ देर उबालने के बाद इसे ठंडा होने के लिए रख देते हैं। ठंडा होने पर घी, मक्खन की तरह का खाद्य पदार्थ, पानी की सतह पर तैरने लगता है। इसे कपड़े से छानकर अलग कर लिया जाता है। 'च्यूरा घी' देखने में वनस्पति घी की तरह सफेद दिखता है तथा साधारण ताप पर ठोस होता है। स्थानीय लोग इसी घी में पूड़ी, हलवा एवं अन्य पकवान बनाते हैं, जो अत्यंत स्वादिष्ट और हानि रहित होते हैं। यह घी गाय–भैंस के घी से काफी मिलता–जुलता है।

मिट्टी के तेल के अभाव में यह घी जलाने के काम में भी आता है। यह बिल्कुल मोमबत्ती की तरह धुआँ रहित जलता है। यही नहीं, जाड़ों में, जब हाथ–पैर तथा होंठ ठंड से फटने लगते हैं या गठियावात हो जाता है, तब स्थानीय लोगों के लिए च्यूरा घी एक अचूक दवा का काम करता है। वे इसी घी को गर्म कर धूप में मालिश करके रोग का उपचार करते हैं।

च्यूरा घी में एक महत्वपूर्ण रसायन होता है जिसे पामेटिक अम्ल कहते हैं। यह रसायन विभिन्न औषधियों तथा सौंदर्यवर्द्धक रसायनों को बनाने में काम आता है।



अक्टूबर–नवम्बर के महीनों में जब यह वृक्ष अच्छी तरह पुष्पित हो जाता है, तब इसके सफेद फूल मधुमक्खियों के प्रमुख आकर्षण–केन्द्र होते हैं। यही कारण है कि पिथौरागढ़ और नेपाल के पास के इलाकों में, जहाँ च्यूरा के वृक्ष अधिक होते हैं, शुद्ध एवं सुस्वादु शहद हमेशा उपलब्ध होता है। यदि मधुमक्खी– पालन गृहों को इन्हीं वृक्षों के पास रखा जाए तो शहद सुगमता से मिल सकता है, परन्तु इसके लिए बाकायदा वैज्ञानिक तकनीक अपनानी पड़ेगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जब ये च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं तब स्थानीय लोग इन पर चढ़कर बड़ी सावधानी से डाली को हिलाकर फूलों का रस बर्तन में इकट्ठा कर लेते हैं और इसे छान व उबालकर 'गुड़' प्राप्त कर लेते हैं। यह गुड़ देखने–खाने में बिल्कुल गन्ने के रस से बने गुड़ जैसा ही होता है। लोग इसे औषधि के रूप में भी प्रयोग में लाते हैं। फूलों के रस से बना यह अनोखा गुड़ नेपाल और पिथौरागढ़ के उन्हीं इलाकों में मिल सकता है, जहाँ च्यूरा के वृक्ष होते हैं, क्योंकि इसका जितना उत्पादन होता है, वह सब स्थानीय स्तर पर ही खप जाता है। हाँ, तुम चाहो तो वहाँ जाकर इस अनोखे वृक्ष के घी, गुड़ और शहद का लुत्फ उठा सकते हो।

वैज्ञानिकों को इस वृक्ष की ऐसी पौध तैयार करनी चाहिए, जिससे यह अन्य क्षेत्रों में भी पर्याप्त मात्रा में उगाया जा सके और इसका बड़े पैमाने पर, भरपूर लाभ प्राप्त हो सके।



## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन्हें नीचे दिए गए कोष्ठक में से चुनकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचय | – | जानकारी या पहचान | विचित्र | – | अद्‌भुत |
| इलाकों | – | क्षेत्रों | औषधि | – | .............. |
| उपलब्ध | – | प्राप्त | ज्यादातर | – | अधिकतर |
| तादाद | – | संख्या या मात्रा | प्रयास | – | .............. |
| स्वादिष्ट | – | .............. | सुगंधित | – | खुशबूवाला |
| वातावरण | – | आस–पास की स्थिति | सुगमता | – | सरलता से |
| बाकायदा | – | नियम के अनुसार | तकनीक | – | युक्ति या उपाय |
| अनोखा | – | .............. | उत्पादन | – | पैदावार |
| सौंदर्यवर्द्धक | – | सुंदरता बढ़ानेवाला | तैलीय | – | तेलयुक्त |
| पुष्पित | – | खिले हुए फूल सहित | लुत्फ | – | आनंद |
| अमूल्य | – | जिसका मूल्य नहीं या अनमोल | | | |

(जायकेदार, निराला, दवाई, कोशिश)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. तुम्हारे आसपास पाए जाने वाले पेड़ों के नाम व उससे संबंधित जानकारी निम्न तालिका में भरो –

| क्र. | वृक्ष का नाम | ऊँचाई | उपयोगिता |
|---|---|---|---|
| | | | |

प्रश्न 2. पता करो कि हमारे यहाँ घी व गुड़ कैसे बनाया जाता है?

प्रश्न 3. च्यूरा वृक्ष से गाँव वालों को क्या–क्या मिलता है?

प्रश्न 4. च्यूरा वृक्ष छत्तीसगढ़ राज्य में क्यों नहीं पाया जाता है?

प्रश्न 5. च्यूरा वृक्ष के बीज स्थानीय लोागों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। यदि हाँ तो क्यों?

प्रश्न 6. हमारे राज्य में विदेशों या अन्य राज्यों से बहुत सारी चीजे आती है किन्तु च्यूरा वृक्ष से बना गुड़ नहीं आता। क्यों?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- विद्यार्थी दो समूहों में शब्दों के अर्थ और उनके प्रयोग परस्पर पूछें, बताएँ। शिक्षक पाठ का एक अनुच्छेद, श्रुतिलेख के रूप में बोलें। विद्यार्थी अपनी–अपनी अभ्यासपुस्तिकाएँ अदल–बदलकर परीक्षण करें।

### समझो

- च्यूरा वृक्ष पुष्पित होते हैं। इनके फल मीठे तथा सुगंधित होते हैं। इन वाक्यों में 'पुष्पित' एवं 'सुगंधित' शब्दों को समझो। 'पुष्प' और 'सुगंध' शब्दों में 'इत' जोड़कर 'पुष्पित' और 'सुगंधित' शब्द बने हैं।

प्रश्न 1. 'कथ', 'वर्ण' और 'लिख' के साथ 'इत' लगाकर एक–एक नया शब्द बनाओ।

- शब्द के प्रारंभ में 'सु' लगाकर नया शब्द बनाया जाता है। 'सु' का अर्थ है 'अच्छा', 'भला'। 'सुस्वादु', 'सुलेख' ऐसे ही शब्द हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 2. 'सु' जोड़कर कोई दो नए शब्द बनाओ; उनके अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।

- शब्द के अंत में 'रहित' और 'सहित' जोड़कर भी नए शब्द बनाए जाते हैं, जैसे हानिरहित, धुआँरहित, परिवारसहित, मानसहित। 'सहित' का अर्थ है 'के साथ' और 'रहित' का अर्थ है 'के बिना'।

प्रश्न 3. 'रहित' और 'सहित' जोड़कर दो–दो नए शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

- निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ो–

  क. यह अनोखा वृक्ष नेपाल में पाया जाता है।

  ख. वैज्ञानिकों ने इस वृक्ष को खोज निकाला।

  ग. लड़कपन में हम लोग पके बेर तोड़ते थे।

  पहले वाक्य में 'नेपाल' शब्द एक विशेष देश का नाम है। दूसरे वाक्य में 'वैज्ञानिक' शब्द विशेष वर्ग के लिए प्रयोग किया जाता है। तीसरे वाक्य में 'लड़कपन' शब्द है जो लड़के के स्वभाव के लिए कहा जाता है। ये तीनों शब्द संज्ञा शब्द हैं। पहला शब्द 'नेपाल' विशेष स्थान बताने के कारण व्यक्तिवाचक संज्ञा है। 'वैज्ञानिक' शब्द एक वर्ग विशेष के लिए प्रयोग किया जाता है। ऐसे संज्ञा शब्द जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं। 'लड़कपन' शब्द भाव का बोध कराता है। ऐसे शब्द भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं।

प्रश्न 4. तीन ऐसे वाक्य लिखो जिनमें अलग–अलग व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्दों का प्रयोग हुआ हो।

- इन वाक्यों को पढ़ो और रेखांकित शब्दों को समझो–

  1. बंदर फलों के बाहरी भाग को खाकर, बीजों को फेंक देते हैं।
  2. बंदर ने फल खाकर छिलका फेंक दिया।

  दोनों वाक्यों में 'बंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है। पहले वाक्य में 'बंदर' बहुवचन में है। क्रिया से इसका बोध होता है। दूसरे वाक्य में बंदर एकवचन में है। क्रिया से ही इसका बोध होता है।

प्रश्न 5. किन्हीं दो शब्दों को उनके रूप न बदलते हुए, एकवचन और बहुवचन में दो–दो वाक्यों में प्रयोग करो।

प्रश्न 6. नीचे लिखी अधूरी कहानी को दो–तीन बार ध्यान से पढ़ो और प्रत्येक खाली स्थान पर उपयुक्त शब्द भरो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



एक चिड़िया को कहीं से एक मोती मिला। चिड़िया ने उसे अपनी नाक में ............... लिया। फिर वह राजा के महल .................. जा बैठी और गाना गाने लगी– .................. राजा से बड़ी, मेरी नाक में ..................।" यह सुनकर राजा को बहुत गुस्सा ..................। उसने अपने आदमियों से कहा, "चिड़िया .................. मोती छीन लाओ।" उन्होंने जाकर झट .................... चिड़िया का मोती छीन लिया। अब .................. पहलेवाला गाना छोड़कर दूसरा गाना .................. लगी,– "राजा भिखारी, मेरा मोती छीन ..................।"

यह गीत सुनकर राजा बहुत शरमाया। .................. चिड़िया का मोती लौटा दिया। मोती .................. पर चिड़िया ने एक और नया .................. शुरू किया, "राजा तो डर गया, .................. मोती दे दिया। यह गीत सुनकर .................. गुस्से से लाल हो गया। उसने ..................कहा, 'पकड़ लो इस बदमाश चिड़िया . ..................।' उसके आदमी चिड़िया को पकड़ने के .................. दौड़े मगर चिड़िया फुर्र से उड़ ..................। राजा हाथ मलते रह गया।

- शिक्षक विद्यार्थियों से इस कहानी पर और अभ्यास करवाएँ।

## योग्यता विस्तार

1. अपने विद्यालय को हरा भरा बनाने के लिए क्या करोगे ?
2. शिक्षक की सहायता से रबर के वृक्ष बारे में पता करो।
3. च्यूरा वृक्ष की तरह ही तुम्हारे घर में पैसों का पेड़ होता तो तुम क्या करते?
4. शहद कैसे बनाया जाता है? इसकी प्रक्रिया पर एक आलेख तैयार करें।
5. वृक्षों की उपयोगिता एवं संख्या पर स्लोगन बनाकर कक्षा की दीवारों पर चिपकाओ।

58S4LZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ – 3

SE2H8Q

# cLrj pk nljkgk

[आमचो बस्तर ने पुरखति दिन ले मानतो तिहारमन भितरे दसराहा सबले बड़े तिहार आय। बस्तर चो दसराहा के महिसासुरमर्दनी आया दुर्गा आरू हुनचो भिने–भिने रूपमन चो पुजा–पाठ करून मानु आत। बस्तर चो दसराहा ने रावन मारतोर रूसुम होउ नुआय। ए पाठ ने आमचो बस्तर चो दसराहा तिहार चो रूसुममन के सांगलोर आसे।]

तिहार उपरे तिहार एयसे, ए गोठ सते आय।

बस्तर चो दसराहा तिहार सबले बड़े आय।।



आमचो बस्तर ने जितलो तिहारमन मानुँसे, हुनमन ने दसराहा तिहार सबले बड़े तिहार आय। आमचो बस्तर ने दसराहा तिहार मानतोर छय सव बरख ले आगर समया होली। बस्तर दसराहा ने माता दंतेसरी चो पुजा–पाठ करून हुनचो छतर के रथ ने बसाउन किन्दरातोर होयसे। राजासाई बेरा छतर संगे राजा बले रथ ने बसते रला। एबे दंतेसरी गुड़ी चो पुजारी छतर संगे रउ आय। बस्तर चो दसराहा के नानी–बड़े, गरीब–धुरीब जमाय मिसुन गोटोक होउन मानुँसे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बस्तर दसराहा ने खाले सांगलोर रूसुममन होउ आत :–

## ikV tkrjk

बस्तर दसराहा चो पहिल रूसुम सावन अमुस दिने मुर होउ आय । एके पाट जातरा बलु आत । ए रूसुम सहरे बलले जगदलपुर चो दंतेसरी गुड़ी आरू राजमहल चो सिङ्गडेवड़ी चो पुरे होउ आय । हुन दिने दसराहा रथ बनातो काजे आनलोर पहिल खोटला, जेके ठुरलु खोटला बलु आत, हुनचो पुजा–पाठ करू आत । सावन अमुस दिने मुर होलो दसराहा तिहार कुआँर उदया जोन चो चवदवाँ दिने माता दंतेसरी आरू माता मावली के दंतेवाड़ा बिदा करले सरू आय । असन किसम ने आमचो बस्तर चो दसराहा तिहार मुर ले धरून पचत्तर दिन चलु आय ।

## Mjh xMbZ

पाट जातरा होलोर डेड़ मयना पाछे भादो (भादम) उदया जोन चो तेरवाँ दिने सिराहासार बलतो थाने डेरी गड़ई रूसुम होउ आय । हुन दिने दुठान डेरीमन के सिराहासारे पुजा–पाठ करून गाडु आत ।

## dkNu xknh

दसराहा चो रूसुम भितरे कुआँर अमुस दिने होउ आय – काछन गादी । एचोय संगे दसराहा बड़े रूप ने इगारा दिन चलु आय । काछन गादी रूसुम जगदलपुर चो पखनागुड़ा पारा जातो बाटे काछन गुड़ी ने होउ आय । ए दिने काछन माता मिरगान जात चो नानी असन कुआँरी लेकी चो देहें एउ आय । हुनके पुजारी आरू भगतमन गुड़ी चो पुरे बेल काटा चो झुलना ने बसाउन झुलाउ आत । हुनचो पाछे पुजा–पाठ करून दसराहा मानतो बर मांगु आत । काछन माता काटा झुलना ने बसुन बर दिलो पाछे दसराहा के हरिक–उदिम ने मानतोर होयसे ।

## dyl Fkkiuk vkmj tksxh clkrksj

काछन गादी चो दुसर दिने दुठान रूसुममन करू आत– गोटक होउ आय कलस थापना आरू दुसर आय– जोगी बसातोर। कलस थापना दंतेसरी गुड़ी ने पहिल होउ आय, हुनचो पाछे मावली गुड़ी आरू दुसर मातागुड़ीमन ने कलस थापना करून दिया धराउ आत।

कलस थापना चो पाछे सांजबेरा सिराहासार ने जोगी बसातोर रूसुम होउ आय । जोगी सिराहासार भितरे खोदरा ने सरलगा नव दिन दिया चो पुरे बसुन दसराहा अछा–अछा होतो काजे जप–तप करू आय ।

## Qwy jFk

जोगी बसालोर दुसर दिन ले बलले कुआँर जोन चो उदया दुसर दिन ले धरून भाति कुआँर उदया जोन चो सातवाँ दिन तक नवरात्रि पुजा–पाठ संगे–संगे चार चका बिती फूल

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





रथ चलु आय । फूल रथ चलतो बेरा नाईक, पाईक, मांजि, चालकी, कतवाल, रयत जमाय रउ आत आरू मुण्डाबाजा लोग काय–मंजा गीत गावते–बाजा बजाते रथ चो पुरे–पुरे हिण्डु आत ।

रथ चलतो बेरा गुलाय बस्तर चो लोग जुहु रउ आत आरू आमके भिने–भिने चो गोटोक रूप दखा देउ आय । एके दखुन भाति बाहिर ले दसराहा दखुक इलो लोग अचरित होउ आत ।

## n|xk vLVeh vkmj fu|lk tkrjk

कुआँर उदया जोन चो अस्टमी दिने मंझने दंतेसरी गुड़ी ने दुर्गा अस्टमी पुजा होउ आय आरू एइ दिने राति बेरा अयतवार हाट–पसरा लगे खमेसरी गुड़ी ने निसा जातरा रूसुम होउ आय ।

## d|vkjh i|tk] tksxh mBkrkj vkmj ekoyh i j?kko

निसा जातरा चो दुसर दिने कुआँर उदया चो नव दिन ने पेज–बेरा दंतेसरी गुड़ी ने नव झन नानी–नानी कुआँरी लेकीमन के माता चो रूप मानुन पुजा करून भोग परसाद खोआउ आत, ए रूसुम के कुआँरी पुजा बलु आत ।

एचो पाछे सांजबेरा सिराहासारे बसलो जोगी के उठाउ आत आरू नव दिन जप–तप करलो पलटा मान काजे रोसई, पयसा आरू कपड़ा देउ आत । एके जोगी उठातो रूसुम बलु आत ।

हुनि दिने राति बेरा दंतेवाड़ा ले दंतेसरी गुड़ी चो पुजारी जिया बाबामन चो आनलो माता दंतेसरी चो छतर आरू मावली माता चो डोली चो परघानी खुबे हरिक–उदिम ने करू आत । ए रूसुम के मावली परघाव बलु आत ।

## fHkrj j;uh

मावली परघाव चो दुसर दिने बलले कुआँर उदया जोन चो दसवाँ दिने भितर रयनी रूसुम होउ आय । भितर रयनी दिने आट चका बिती बड़े रथ चलु आय । भितर रयनी दिने रथ ने माता दंतेसरी चो छतर के बसाउन कुमडाकोट राने नेउ आत । ए बड़े रथ के किलेपाल परगना चो आदिवासी भाईमन झिकु आत ।

## ckfgj j;uh

बाहिर रयनी दिने कुमडाकोट ने देव–धामि चो पुजा–पाठ करलो पाछे राजा घरो

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





लोग नवा खाउ आत । हुनचो पाछे जमाय रूसुम सरले माता चो छतर के रथ ने बसाउन दंतेसरी गुड़ी आनु आत । रथ चो पुरे–पुरे गाँव–गाँव ले इलो देव–धामि चो छतरमन आरू डोलीमन बले दंतेसरी गुड़ी पुरे रथ अमरत ले संगे–संगे एउ आत ।

## njckj

बाहिर रयनी चो दुसर दिने दसराहा हरिक–उदिम ने सरलो पाछे सिराहासार ने सांसद, बिधायक, मांजि–चालकी, मेम्बर–मेम्बरिन, कतवाल, सरपंच आरू जमाय बिभागमन चो साहबमन एउन दसराहा थाने बुता करलो लोग आरू रयत चो फिराद सुनु आत । एके मुरया दरबार बलु आत । कोनी–कोनी मुखया दरबार बले बलु आत ।

## dVe tkrjk

दरबार लगलो दुसर दिने गंगामुंडा पारा ने कुटुम जातरा होउ आय । जातरा होलो पाछे गाँव–गाँव ले इलो देव–धामि के बिदा करू आत ।

## ekrk nrsljh vk: ekoyh d fcnk djrkj

बस्तर दसराहा चो सरासरी रूसुम भितरे माता दंतेसरी आरू माता मावली के दंतेवाड़ा बिदा करू आत । आउर एचोय संगे सावन अमुस दिने मुर होलो दसराहा तिहार कुआँर उदया जोन चो चवदवाँ दिने माता दंतेसरी आरू माता मावली चो बिदा संगे पचत्तर दिन पुरले सरू आय ।

असन किसम आमचो बस्तर दसराहा के आमि हरिक–उदिम ने मानुँसे । आमचो ए दसराहा के दखतो काजे देस चो लाफी–लाफी ले धरून भाति बिदेस चो लोग बले एउ आत आरू आमचो बस्तरया लोग चो पुरखति दिन ले मानतो बिती इतलो अछा तिहार के गोटक रूप ने मानतो के दखुन अचरित होउन भाति हरिक–हरिक आपलाहान घरे जाउ आत ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## lCneu pk ek;u ('kCnkFk)

रूसुम – रस्म, परंपरा

सिराहासार – दशहरे के समय 'जोगी' के बैठने का मण्डप

काछन गादी – काछन देवी के लिए बनाया गया काटों का झूला / काटा झूलना

सिङ्गडेवड़ी – राजमहल का मुख्य द्वार, सिंह द्वार

जोगी – सिराहासार में दशहरे के समय नौ दिनों तक उपवास करते हुए एक ही स्थान पर बैठ कर जप–तप करने वाला व्यक्ति

फूल रथ – चार चक्कों वाला दशहरा रथ, जिसे फूलों से सजाया जाता है

बड़े रथ – आठ चक्कों वाला बड़ा रथ, जिसे दशहरे के समय भितर रयनी और बाहिर रयनी के दिन चलाया जाता है

नाईक – दशहरे की रस्मों की देखरेख करने वाला अशासकीय व्यक्ति

पाईक – दशहरे की रस्मों की देखरेख करने वाला शासकीय व्यक्ति

मांजि–चालकी – दशहरा कार्यक्रम संचालन में भाग लेने वाला परगना का मुख्यिा मांजि और उसका सहायक चालकी कहलाता है ।

मुंडाबाजा – दशहरा त्यौहार के समय बजाया जाने वाला विशेष प्रकार का बाजा, जिसे मुंडा जाति के वादक बजाते हैं ।

भिने–भिने चो गोटोक रूप – अनेकता में एकता, अनेक रूपों का एक रूप

## iLu vkmj vH;kl

### ck/k&iLu

गुरजी कक्छा चो पिलामन के दुय कुड़ा ने बाटुन मुखचरन ने प्रस्नोत्तर कराओत । आपन बले मुखचरन (मौखिक) ने प्रस्न पुछोत ।

**iLu (1) [kkys fy[kyk iLueu pk mRrj fn;k l %&**

(क) बस्तर दसराहा चो मुर कोन रूसुम ले होउ आय ?

(ख) काछन गादी रूसुम काय आय ?

(ग) मावली परघाव रूसुम ने काय होउ आय ?

(घ) बस्तर चो दसराहा ने बाहिर ले इलो लोग के काय रूप दखा देउ आय ?

(ङ) दंतेसरी माता चो बिदा केबे करू आत ?

(च) तुमी दसराहा दखुक गेले काय–काय घेनुन आनासे ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## iLu (2) [kkys fy[kyk iLueu pkmRrj fn;kI %&

(क) डेरी गड़ई रूसुम काहाँ होउ आय ?

(ख) जोगी काहाँ बसु आय ?

(ग) फूल रथ ने कित ठन चका होउ आत ?

(घ) निसा जातरा रूसुम कोन गुड़ी ने होउ आय ?

(ङ) बाहिर रयनी दिने कित ठन चका बिती रथ चलु आय ?

## HkkIk&rRo vkmj C;kdju

### (v) [kkys fy[kyk lCneu dk okD;eu us fy[ku n[kok %&

राजासाई बेरा, भिने–भिने रूप चो गोटोक रूप, हरिक–उदिम, देवधामि, हाट–पसरा, लाफी–लाफी, लेका–लेकी, जप–तप, पुजा–पाठ ।

### (vk) letk %&

उपरे लिखलो सबदमन चो मंजिगते '–' चिना लगालोर आसे । ए चिना के योजक/जोजक चिना (योजक चिह्न) बलु आत । जोजक चिना दुय नाहले आगर सब्दमन के जोड़तो बुता करू आय । जोजक चिना चो सब्द अनुसार ने भिने–भिने मायने होउ आय ।

जसन :– लेका–लेकी, माय–बाप ने जोजक चिना चो मायने आय 'आउर' । भिने–भिने आरू लाफी–लाफी जोड़ासब्द ने जोजक चिना चो काईं मायने नियाय ।

असने ए पाठ ने इलोर जोड़ा सब्दमन के छांडुन आउर जोड़ासब्दमन लिखुन आना ।

## ;kX;rk fcLrkj

कक्छा चो कोनी लेका नाहले लेकी खाले लिखलोर सब्दमन के बलते जाओ– आरू दुसर लेका–लेकीमन इमला असन लिखते जाओत । लेका–लेकीमन एक–दुसर चो लिखलोर के जाँचोत :– दसराहा, पाट जातरा, डेरी गड़ई, काछन गादी, कलस थापना, जोगी बसातोर, फूल रथ, बड़े रथ, दुर्गा अस्टमी, निसा जातरा, खमेसरी गुड़ी, कुआँरी पुजा, मावली परघाव, भितर रयनी, कुटुम जातरा, कुमडाकोट ।

दसराहा तिहार असन आमचो बस्तर ने मानतो बिती कोनी आउर तिहार चो बारे ने निबंध लिखुन आना ।

SEBDAD

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–4

# मैं सड़क हूँ

59CHPD

– संकलित

इस पाठ में सड़क ने स्वयं अपनी कहानी कही है। सड़क का उपयोग पैदल यात्री भी करते हैं और वाहन–चालक भी। सड़क को अपने ऊपर इन सबका बोझ सहन करना पड़ता है। लेकिन उसके रख–रखाव की चिंता कोई नहीं करता। सड़कें सामाजिक संपत्ति हैं। इनकी सुरक्षा और रख–रखाव के प्रति हम सबका समान उत्तरदायित्व है। इसके साथ ही हमें यातायात नियमों को जानकर उनका पालन भी करना चाहिए। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों का प्रयोग, पर्यायवाची, विशेषण–विशेष्य, प्रत्यय और मौलिक लेखन।

जी हाँ! मैं सड़क हूँ। मिट्टी, पत्थर और डामर से बनी। एक बड़े अजगर की तरह मैदानों, जंगलों, पहाड़ों के बीच से गुजरती हुई। पेड़ों की छाया के नीचे से होकर मैदानों को पार करती हुई, गाँवों को शहरों से जोड़ती हूँ। मेरी उम्र कितनी है, यह मुझे भी याद नहीं। जब आदमी ने एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की बात सोची होगी, शायद तभी मेरा जन्म हुआ होगा। मैं कभी कच्ची थी तो कभी पक्की। कभी मैं घुमावदार बनी तो कभी एकदम सीधी–सपाट। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, महल, झोंपड़ी, बाग–बगीचे, हाट–बाजार और भी न जाने कहाँ–कहाँ मेरी पहुँच है। कहने का मतलब यह कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

वैसे मेरा रूप सुंदर नहीं है, एकदम काली–कलूटी और लंबी। कभी–कभी तो मुझमें छोटे–बड़े गड्ढे बन जाते हैं। तब मेरा रूप और भी बिगड़ जाता है। यह मुझे बनानेवालों की लापरवाही का ही नतीजा है। मुझे अपनी इस बदसूरती पर उतना दुख नहीं होता, जितना अपने ऊपर से चलनेवालों की गलत आदतों पर होता है। कभी–कभी तो ऐसी दुर्घटना हो जाती है कि लोगों की मौत तक हो जाती है। तब मुझे दुख होता है क्योंकि मैं उनकी कोई मदद नहीं कर पाती। कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह। यह मुझे तो अच्छा नहीं लगता, पर इससे चलनेवालों को सुविधा हो जाती है। इसी से मुझे संतोष होता है।

ओह! ये ढेर सारा कूड़ा–करकट किसने फेंका मेरे ऊपर? कितना बिगाड़ दिया मेरा रूप? अरे! अरे! मेरे ऊपर तो उस आदमी ने थूक ही दिया। देखो तो, केला खाकर छिलका भी मेरी

**शिक्षण–संकेत–** विद्यार्थियों से सड़क के संबंध में चर्चा करें। उन्हें बताएँ कि अच्छी, स्वस्थ सड़कें प्रगति का प्रतीक हैं। विद्यार्थियों को यातायात के संकेत भी समझाएँ। आत्मकथात्मक शैली के संबंध में सरल शब्दों में साधारण जानकारी दें। बच्चों को विराम–चिह्नों के साथ पढ़ने का अभ्यास कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



छाती पर फेंक दिया। तमीज नहीं है लोगों में। मनचाहे जहाँ थूक देते हैं, हर कहीं छिलके फेंक देते हैं। इसका क्या परिणाम होगा सोचते ही नहीं।

अरे! केले के छिलके पर पैर पड़ जाने से वह बच्चा तो गिर ही पड़ा। उसे बहुत चोट आई होगी। पता नहीं लोगों को कब अकल आएगी कि कूड़ा सड़क पर न फेंकें, कूड़ेदान में फेंकें; इससे सफाई भी रहेगी और दुर्घटनाएँ भी नहीं होंगी।



त्यौहारों, मेलों और शादियों में मेरी शोभा बढ़ जाती है। मेरे आसपास सफाई हो जाती है। दोनों किनारों पर रोशनी की जाती है। मेलों व उत्सवों के समय अनेक प्रकार की वस्तुओं से दुकानें सजाई जाती हैं। काफी चहल–पहल होती है। सभी लोग खुश नजर आते हैं। मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

वाह! बच्चे लाइन बनाकर कहाँ जा रहे हैं? अरे हाँ! छब्बीस जनवरी आनेवाली है ना। उन्हें परेड में भाग लेना होगा। उसी की तैयारी के लिए जा रहे होंगे। जब ये छोटे–छोटे बच्चे साफ–सुथरी पोशाक में कदम–से–कदम मिलाकर चलते हैं, तब मुझे बहुत अच्छा लगता है। ये बच्चे देश के नागरिक बनेंगे। मुझे इन्हीं से आशा है।

मेरे बाजू में खड़े इन हरे–भरे पेड़ों की छाया मुझे बहुत अच्छी लगती है। गर्मी के दिनों में पैदल चलनेवालों को भी इनकी छाया में आराम मिलता है। आम–जामुन तो अपने फलों से लोगों को आनंद देते हैं। बच्चे तो इनकी ओर दौड़े चले आते हैं। खेलते–कूदते, आपस में बाँटकर फलों का स्वाद लेते इन बच्चों को देखकर मुझे कितनी खुशी होती है, क्या बताऊँ।



गाँव के पास से होकर गुजरते समय मैं स्वयं उसकी सुंदरता का हिस्सा बन जाती हूँ। विभिन्न ऋतुओं में तरह–तरह की फसलों से हरे–भरे खेत बहुत ही सुंदर लगते हैं। गाय, भैंस और बैलों के झुंड जब मेरे ऊपर से गुजरते हैं तो मैं अपना दुख–दर्द भूल जाती हूँ। मैंने सभी तरह के लोगों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया है; कभी कुछ थके–हारे धीमे कदमों की आहट मैंने सुनी है, तो कभी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



तेजी से चलते हुए उत्साहित कदमों की धमक। चाहे जो भी मेरे ऊपर से होकर गुजरे, मैं सबके दु:ख–सुख में उनके साथ शामिल हो लेती हूँ। दुख और सुख तो जीवन में आते–जाते रहते हैं, पर तुम्हें उसकी परवाह न करते हुए चलते रहना चाहिए। चरैवेति–चरैवेति – चलते रहो, चलते रहो – यही हमारे शास्त्रों का संदेश है। अभी–अभी मेरे ऊपर से होकर एक वाहन गुजरा है। क्या तुमने भी उसमें बजता हुआ यह गीत सुना–

''रुक जाना नहीं, तू कहीं हार के,
काँटों पे चल के, मिलेंगे साये बहार के।''

मेरा भी संदेश तो यही है।



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सीधी–सपाट | – | सीधा, समतल | डामर | – | कोलतार |
| परेड | – | कवायद | अनायास | – | अपने आप, अचानक |
| मौत | – | मृत्यु | दुखदायी | – | दुख या कष्ट देनेवाली |
| मंजिल | – | लक्ष्य | शोभा | – | सुंदरता |
| दुर्घटना | – | बुरी घटना | जमाना | – | युग, काल |
| निर्दोष | – | जिसका कोई दोष न हो | | | |
| घुमावदार | – | जिसमें बार–बार मोड़ आए | | | |
| इतिहास | – | बरसों पुरानी घटनाओं का विवरण | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सड़क बनाने के लिए कौन–कौन सी सामग्री की आवश्यकता होती है?

प्रश्न 2. सड़क पर जगह–जगह गड्ढे बनने से क्या होता है?

प्रश्न 3. सड़क पर स्पीड ब्रेकर क्यों बनाए जाते है?

प्रश्न 4. सड़क दुर्घटना से बचने के लिए क्या क्या उपाय करना चाहिए।

प्रश्न 5. सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्ष लगाने चाहिए। क्यों?

प्रश्न 6. क्या तुम इस बात से सहमत हो कि गाँव–गाँव में सड़कों के विकास होने से जन–जीवन आसान हो गया है। इसकी पुष्टि हेतु तर्क दीजिए।

प्रश्न 7. पगडडी व सड़क में क्या अंतर है ?

प्रश्न 8. 'कभी–कभी मेरे इन दुखदायी गड्ढों को भर दिया जाता है, किसी फटे हुए कपड़े में लगी थेगड़ी (पैबंद) की तरह।' लेखक ने गड्ढों को भरने की क्रिया को फटे हुए कपड़े में पैबंद लगाने के समान बताया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इसी प्रकार तुम इनकी तुलना में क्या लिखोगे?

क. सड़कों पर पड़े कूड़े, करकटों के ढेर के लिए।

ख. सड़क के किनारे खड़े हरे–हरे वृक्षों की पंक्तियों के लिए।

**प्रश्न 9. मान लो सड़क बोल सकती तो वह इनसे क्या कहती, लिखो–**

क. अपने ऊपर कूड़ा फेंकनेवालों से ?

ख. केले के छिलके पर पाँव पड़ने से अपने ऊपर गिरनेवाले बालक को सांत्वना देते हुए?

ग. धूप के ताप से शीतल करने वाले वृक्षों से?

**प्रश्न 10. सड़क ने स्वयं को अजगर के समान बताया है। तुम इन्हें किनके समान बताओगे–**

क. एक बहुत ही विकराल, काले–कलूटे, बड़े–बड़े बाल और बड़े दाँतों वाले आदमी को।

ख. एक बहुत ही बड़े तालाब को

ग. हरे–भरे वृक्षों, कुटियों के बीच बनी पाठशाला को

**प्रश्न 11. इनमें से अनुपयुक्त को अलग निकालो–**

| **(अ) सड़क जोड़ती है–** | **(ब) सड़क पर हमेशा–** |
|---|---|
| क. गाँव से गाँव को | क. बायीं ओर चलना चाहिए |
| ख. गाँव से शहर को | ख. वाहन तेज गति से नहीं चलाना चाहिए |
| ग. शहर से शहर को | ग. कचरा फेंक देना चाहिए |
| घ. शहर से आकाश को | घ. संकेतों को ध्यान में रखकर चलना चाहिए |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गद्यांश में विरामचिह्नों का प्रयोग करो–**

- स्कूल कॉलेज अस्पताल महल झोंपड़ी बाग बगीचे हाट बाजार और भी न जाने कहाँ कहाँ मेरी पहुँच है कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

**समझो**

'साफ–सुथरी पोशाक' में 'साफ–सुथरी' विशेषण और 'पोशाक' विशेष्य है। साफ–सुथरी एक पोशाक का गुण बताता है; इसलिए यह गुणवाचक विशेषण है। संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बतलानेवाले शब्दों को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं; जैसे –'अनेक जुलूसों' में 'अनेक' शब्द 'जुलूसों' की विशेषता बतला रहा है। यह संख्यावाचक विशेषण है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. गुणवाचक और संख्यावाचक विशेषण के दो–दो उदाहरण वाक्यों में प्रयोग करते हुए लिखो।**

- 'घुमाव' शब्द में 'दार' शब्दांश लगाने से 'घुमावदार' और 'गुनगुना' शब्द में 'आहट' शब्दांश लगाने से 'गुनगुनाहट' शब्द बनता हैं। शब्द के बाद लगने वाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं।

**प्रश्न 3. 'दार' और 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 4. नीचे लिखे समूहों में से कोई एक शब्द उस समूह का पर्यायवाची नहीं है। ऐसे शब्द को समूह से अलग कर लिखो।**

क. पेड़ – वृक्ष, तरु, तट, द्रुम

ख. वस्त्र – पट, कपड़ा, कर, चीर

ग. समुद्र – जलधि, सिन्धु, सागर, जलद

- क की बारहखड़ी इस प्रकार लिखी जाती है–

क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों को बारहखड़ी के क्रम से लिखो।**

खीर, खोलना, खिड़की, खाद, खैर, खंदक, खौलना, खरगोश, खुशी, खेल, खूब।

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों में उचित वर्ण भरकर शब्दों को पूरा करो–**

क.......ल    कार.......    किस.......    कुशल.......    .......देश    .......मन

- 'गड्ढा' शब्द का उच्चारण करो। उच्चारण में ऐसा ध्वनित होता है मानों ढ में ढ मिला हो। लेकिन यह भ्रांति है।

**याद रखो –** ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ, ष, ह का द्वित्व नहीं होता अर्थात् कहीं भी ख्ख, छ्छ, ठ्ठ आदि नहीं लिखे जाते। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो और समझो।

| **गलत शब्द** | **सही शब्द** |
|---|---|
| अछ्छा | अच्छा |
| गढ्ढा | गड्ढा |
| पथ्थर | पत्थर |
| सुख्ख | सुक्ख |
| युध्ध | युद्ध |

ऐसे शब्दों में मिलनेवाले अक्षर लिखे हुए अक्षर का ठीक पहला अक्षर आधा लिखा जाता है। 'अच्छा' में 'छ' के पहले आनेवाला 'च' अक्षर आधा (च्) लिखा गया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्द विदेशी हैं। इनके स्थान पर इनके पर्यायवाची हिन्दी शब्द प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. मुझे खुशी होती है, अपने नजदीक यह रौनक देखकर।

ख. कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ।

## गतिविधि

1. विद्यार्थियों को दो समूहों में बाँटकर शिक्षक निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करें।

   (क) यातायात के नियम (ख) यातायात–संकेत

   (ग) सार्वजनिक सम्पत्ति (घ) सड़क और हमारा दायित्व

2. तीन विद्यार्थी 'मैं नदी हूँ', 'मैं पुल हूँ', 'मैं रेल की पटरी हूँ' पर आत्मकथा कहें।

## रचना

- इस पाठ में सड़क स्वयं अपनी कथा कहती है। इसी प्रकार 'मैं पेड़ हूँ' विषय पर पंद्रह वाक्य लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- क्या तुमने सड़क बनते देखा है? हॉ तो उसके बारे में लिखो।
- प्रधानमंत्री सड़क योजना क्या है? इसकी जानकारी शिक्षक से या अपने अभिभावकों से प्राप्त करो।
- सड़क में चलते समय कुछ चिन्हो का ध्यान रखना पड़ता है

  उनके चित्र बनाओ और उनके अर्थ लिखो।
- सड़क पर तुमने टोल टैक्स नाका देखा होगा यह क्या है ? इसके बारे में पताकर लिखो।
- पगडडी और सड़क में क्या अंतर है ?

59LSR1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–5

# रोबोट

– लेखक मंडल

विज्ञान ने आश्चर्यजनक आविष्कार किए हैं। आकाश में उड़ान भरना, विदेशों में बैठे अपने संबंधियों से घर बैठे बातें कर लेना तो कल की बात हो गई ।आज रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष में जाना और वहाँ चहलकदमी करना भी वैज्ञानिकों ने सहज कर दिया है। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने यंत्र–मानव (रोबोट) का आविष्कार किया है जो आदेश पाकर काम करता है। इस यंत्र मानव की कहानी हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, कारक चिह्न, वाक्य परिवर्तन, प्रश्न निर्माण करना।

आज राहुल का जन्मदिन है। सुबह से ही वह बहुत व्यस्त एवं खुश नजर आ रहा है। सुबह वह जल्दी उठ गया। आज उसने जल्दी स्नान भी कर लिया। अपने जन्मदिन पर उसने अपने मित्रों को भी बुला रखा है। जन्मदिन की पार्टी तो शाम को होने वाली है किन्तु उसके कुछ विशेष मित्र सुबह से ही आ गए हैं। अपने उन मित्रों के साथ मिलकर राहुल अपने घर के बड़े कमरे को सजा रहा है। इसी कमरे में जन्मदिन का उत्सव मनाया जाना है।

राहुल के इस जन्मदिन पर राहुल के पिता जी ने एक अनूठा उपहार देने की बात कही है। राहुल तथा उसके मित्रों में इस अनूठे उपहार को देखने के लिए विशेष उत्सुकता, उत्साह और प्रसन्नता है।



शाम को सभी मित्रों एवं अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया और आरती उतारी। उनके मित्रों ने गुब्बारे उड़ाए, इसके साथ ही तालियों की गड़गड़ाहट हुई। सबने एक स्वर से गाया– ''तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार।'' करण ने टेप रिकार्ड चालू कर दिया। संगीत की धुन पर सभी बच्चे नाचने लगे, किन्तु संगीत शीघ्र ही बंद हो गया। सभी बच्चों का ध्यान उस उपहार की ओर था, जो आज

**शिक्षण–संकेत–** वर्तमान में हो रहे नवीन आविष्कारों पर चर्चा करें। शिक्षक ह्रस्वता, दीर्घता को ध्यान में रखकर आदर्श वाचन करें तथा बच्चों से अनुकरण वाचन कराएँ। बच्चों को समूह में पढ़ने के अवसर दें तथा नए प्रश्न बनाने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




राहुल के पिता जी राहुल को देने वाले थे। सुंदर, चमकीले कागज से ढँका, रंगीन फीते से बँधा बड़ा–सा डिब्बा सबके बीच लाया गया।

राहुल के पिता जी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए राहुल से डिब्बे का फीता खोलने को कहा। डिब्बा खोला गया। उसके अंदर एक बड़ा खिलौना था। खिलौना क्या था, लोहे का बना हुआ एक आदमी था। सभी बच्चे उसे छू–छूकर देखने लगे। एक ने कहा, ''यह तो लोहे का आदमी है।'' दूसरे ने कहा, ''यह तो काफी भारी है।'' तीसरे ने पूछा, ''हम इसका क्या करेंगे?''

तभी राहुल के पिता जी ने कहा, ''बच्चो! यह खिलौना, जो मैंने राहुल को दिया है, एक 'रोबोट' है। यह अपने आप चलनेवाली एक मशीन है, जो आदमी की तरह कार्य करती है। देखो, मैं इसे चालू करता हूँ। तुम सब इसके करतब देखना।''

राहुल के पिता जी ने रिमोट का बटन दबाकर उसे चालू किया। उस रोबोट ने अपने दोनों हाथ जोड़कर सभी को नमस्कार किया। उसके बाद उसने हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया और कहा, ''राहुल भैया! तुम्हें जन्मदिन की बधाई।'' राहुल ने हाथ मिलाकर उसे धन्यवाद दिया। सभी बच्चे रोबोट का यह करतब देख खुशी से उछल पड़े। उसके बाद उस रोबोट ने व्यायाम एवं मार्चपास्ट करके भी दिखाया। बच्चे रोबोट के करतब देखकर हैरान थे, क्योंकि वह काम भी करता था, बोलता भी था।



राहुल ने अपने पिता जी से पूछा, ''पिता जी! रोबोट और क्या–क्या काम करता है?'' पिता जी ने बताया, ''बेटे! यह तो मात्र खिलौना रोबोट है, इसलिए यह कुछ मनोरंजन ही करता है। कोई कठिन काम नहीं करता। वैज्ञानिकों ने आदमी के स्थान पर काम करने के लिए जो रोबोट बनाए हैं, वे इसकी तुलना में काफी जटिल होते हैं। उनके अंदर जो मशीन होती है, वह भी काफी जटिल होती है। ऐसे रोबोट को बनाने में समय भी बहुत लगता है। इस कारण वे काफी महँगे होते हैं।'' करण ने पूछा, ''चाचा जी! जब वे बहुत महँगे होते हैं तो उन्हें क्यों बनाते हैं?''

राहुल के पिता जी ने कहा, ''बेटे! कुछ ऐसे भी देश हैं, जहाँ घर या कारखानों में काम करने के लिए आदमियों की कमी होती है, वहाँ इनसे काम लिया जाता है।''

सीमा ने पूछा, ''चाचा जी! आदमी की कमी होने पर आदमी तो कहीं से भी बुलाए जा सकते हैं, ये महँगे रोबोट क्यों बनाए जाते हैं? क्या ये आदमियों से भी अधिक काम करते हैं?''

''हाँ बेटी! ये आदमियों से कई गुना अधिक काम कर सकते हैं। ये थकते नहीं, इनसे गलतियाँ भी नहीं होतीं। ये रोबोट कुछ ऐसे भी काम करते हैं, जो आदमियों के वश के नहीं होते; जिनसे आदमियों की जान को खतरा होता है।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुकुल ने पूछा, ''चाचा जी! वे किस तरह के काम हैं?''

''जैसे कारखानों में गरम वस्तुओं को उठाना–रखना, जिन्हें मनुष्य जलने के डर से छू भी नहीं सकते। गहरे तेल के कुओं और खदानों में, जहाँ जहरीली गैसें होती हैं, वहाँ आदमियों के बदले रोबोट को भेजा जाता है। अंतरिक्ष–यात्राओं में भी रोबोट को भेजा जाता है। आजकल गहरे समुद्र में गोताखोरी का काम भी रोबोट से ही लिया जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी रोबोट मनुष्यों से अच्छा और तेज़ी से काम कर सकते हैं।''

राहुल ने पूछा,''पिता जी! ये रोबोट किस तरह से सब कार्य करते हैं? इन्हें कैसे पता होता है कि कौन–सा काम कब, कहाँ और कैसे करना है?''

''बेटे! मनुष्य के मस्तिष्क की तरह इस मशीनी मानव में एक यादगार यूनिट फिट होती है, जिसमें लाखों आदेश जमा किए जा सकते हैं। जो काम करवाने हों, उनकी सूची इस मशीन में डाल दी जाती है। इसके बाद एक के बाद एक काम स्वयं करते जाते हैं। सीधे ढंग से हम यह कह सकते हैं कि रोबोट के अंदर एक कंप्यूटर फिट होता है, जिसमें ये आदेश भरे होते हैं।''

''रोबोट में कुछ विशेष काम करने के लिए आदमियों की तरह उँगलियाँ फिट कर दी जाती हैं। इनसे वे किसी भी वस्तु को पकड़ सकते हैं, छोड़ सकते हैं, धक्का दे सकते हैं, घुमा सकते हैं, ऊपर–नीचे कर सकते हैं, दाएँ–बाएँ हिला सकते हैं।''

''रोबोट में कई प्रकार की गति करने की क्षमता होती है। ये हल्के–से–हल्का और भारी–से–भारी काम कर सकते हैं। कुछ तो ऐसे भी रोबोट बन चुके हैं, जो वातावरण में होने वाले परिवर्तन के अनुसार अपने को ढाल सकते हैं। कंप्यूटर की सहायता से वे किसी समस्या पर निर्णय भी ले सकते हैं।''

''एक रोबोट तो ऐसा भी बन चुका है, जो हवाई जहाज में पायलट का काम करता है। वह आम उड़ानों पर नियंत्रण रख सकता है।''

''रोबोट दफ्तरों में मेज साफ करते हैं, घरों में कपड़े धोते हैं, बिस्तर बिछाते हैं। अब तरह–तरह के काम करने के लिए अलग–अलग प्रकार के रोबोट बनाए जा रहे हैं। बेटे! अब समझ में आ गया होगा कि यह जो खिलौना आपको उपहार में मिला है, वास्तव में क्या चीज है।''

राहुल ने इस अनूठे उपहार के लिए अपने पिता जी को प्रणाम करते हुए धन्यवाद दिया। राहुल के सभी दोस्तों ने भी रोबोट की जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

जन्मदिन की पार्टी की मेज सजी थी। सभी बच्चों ने जल्दी–जल्दी खाना खाया। खाने के बाद सभी बहुत देर तक रोबोट के करतब देखते रहे, उसके साथ खेलते रहे। बच्चे–तो–बच्चे थे, बड़ों को भी खूब आनंद आया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

दिए गए शब्दों में से कुछ के सामने शब्दार्थ नहीं लिखे गए हैं। उन्हें नीचे बने कोष्ठक में से छाँटकर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यस्त | – | काम में लगा हुआ | अनूठा | – | अनोखा, विचित्र |
| करतब | – | आश्चर्यजनक कार्य | रिमोट कंट्रोलर | – | ............................ |
| तुलना | – | ............................ | अंतरिक्ष | – | ............................ |
| विपरीत | – | उल्टा | यूनिट | – | इकाई |

(दूर से नियंत्रण करने वाला यंत्र, आकाश, दो वस्तुओं के गुण–दोष का मिलान करना)

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. जन्मदिन के दिन राहुल की दिनचर्या कैसी थी?

प्रश्न 2. रिमोट का बटन दबाने पर रोबोट ने क्या किया?

प्रश्न 3. यदि सभी कार्यालयों, कारखानों में रोबोट का उपयोग करें तो क्या होगा। रोबोट कौन–कौन से कार्य कर सकता है ?

प्रश्न 4. मशीनों के आने से हमारे जीवन में क्या फर्क पड़ा है?

प्रश्न 5. तुम अपने दैनिक जीवन में कौन कौन सी मशीनों का उपयोग करते हो?

प्रश्न 6. रोबोट व आदमी के कार्यों में क्या अंतर है?

प्रश्न 7. तुम अपना जन्मदिन कैसे मनाते हो, अपने शब्दों में लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

मस्तिष्क, कंप्यूटर, उँगलियाँ, समस्या, जन्मदिन, परिवर्तन, व्यायाम, गोताखोर, आदमियों। आदि शब्दों पर बच्चों से चर्चा करें।

### पढ़ो और समझो

क. रोबोट कठिन काम करता है।

ख. राहुल ने अनूठे उपहार के लिए पिता जी को धन्यवाद दिया।

पहले वाक्य में 'कठिन' शब्द 'काम' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'अनूठे' शब्द 'उपहार' शब्द की विशेषता बता रहा है। विशेषता बतानेवाले शब्दों को विशेषण और जिनकी विशेषता बताई जाए उन शब्दों को विशेष्य कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 1. इन वाक्यों में से विशेषण और उनके विशेष्य शब्दों को चुनकर अलग–अलग लिखो।**

क. खिलौना रोबोट कठिन काम नहीं करता;

ख. पिता जी ने अनूठा उपहार दिया।

ग. डिब्बे में लाल फीता बँधा था।

घ यह एक बड़ा खिलौना है।

**इस वाक्य को पढ़ो –**

''उसकी आवाज सुनकर मैं उठ गया।'' इस वाक्य में 'उठना' और 'जाना' क्रियाओं के सही रूप बनाकर 'उठ गया' क्रिया का प्रयोग हुआ है।

एक क्रिया के साथ जब दूसरी क्रिया मिल जाती है, तो दोनों क्रियाएँ मिलकर संयुक्त क्रिया कहलाती हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'उठना' मुख्य क्रिया 'उठ' और 'जाग' क्रिया का 'गया' मिलाकर 'उठ गया' संयुक्त क्रिया बनी है।

**प्रश्न 2. देना, जाना, पड़ना, जगना के उचित रूप बनाकर संयुक्त क्रिया के रूप में इनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो; उदाहरण देखो–**

चल देना– मेरी बात का उत्तर न देकर वह चल दिया।

**पढ़ो और समझो–**

क. हम इसका क्या करेंगे?

ख. ये रोबोट क्यों बनाए जाते हैं?

उपर्युक्त दोनों वाक्यों में प्रश्न पूछे गए हैं। इस तरह के वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

**प्रश्न 3. क्या, क्यों, कैसे, कब शब्दों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखे वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्य बनाओ। एक शब्द का एक ही वाक्य में प्रयोग करो।**

क. वह जल्दी उठ गया।

ख. शाम को सभी मित्र आ गए।

ग. संगीत शीघ्र ही बंद हो गया।

घ. तुम सब इसके करतब देखोगे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**याद रखो–** प्रश्नवाचक वाक्य और आदेशात्मक वाक्य अलग–अलग हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में प्रश्न पूछे जाते हैं, आदेशात्मक वाक्य में आदेश दिए जाते हैं। प्रश्नवाचक वाक्य में अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है। आदेशात्मक वाक्य के अंत में पूर्णविराम लगाया जाता है। दोनों के उदाहरण देखो–

क. यह पाठ पढ़ो। (आदेशात्मक वाक्य)

ख. क्या तुमने पाठ पढ़ा? (प्रश्नवाचक वाक्य)

**इस वाक्य को पढ़ो–**'शाम को सभी मित्रों और अतिथियों के आ जाने पर राहुल की माँ ने राहुल को टीका लगाया।' इस वाक्य में 'मित्रों' और 'अतिथियों' शब्द 'मित्र' और 'अतिथि' के बहुवचन हैं।

**प्रश्न 4. सोचकर लिखो कि बहुवचन बनाने में क्या अंतर आया है?**

## रचना

किसी मित्र सहेली को पत्र लिखो जिसमें तुम्हारे जन्मदिवस का वर्णन हो।

## योग्यता–विस्तार

- रोबोट के संदर्भ में नीचे दी गई जानकारी पढ़ो व कक्षा में इस पर चर्चा करो।

  आज की मशीनी दुनिया में रोबोट इंसान के सच्चे साथी साबित हो रहे हैं। जोखिम भरे कामों को जल्दी और पूर्णता के साथ करने में रोबोट बेजोड़ हैं। 'वाकमारू' नाम के रोबोट का काम बुजुर्ग और अपंग लोगों की घर में मदद करना है। नवीनतम तकनीक से निर्मित रोबोट तो बम को निष्क्रिय करने, अंतरिक्ष में चहलकदमी करने, पानी के नीचे एवं खदानों में किए जाने वाले काम को भी आसान बना रहे हैं। हाल ही में अमेरिका में एक ऐसा रोबोट बनाया गया है जो अस्पतालों में सामानों की आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी सँभालेगा। मजे की बात यह है कि काम पूरा होने पर यह अपनी पुरानी जगह वापस आकर नया काम मिलने का इंतज़ार करेगा।

## गतिविधि

- रोबोट के संबंध में तुमने पाठ पढ़ा। अब तुम 'मैं रोबोट हूँ', 'मैं दूरदर्शन हूँ', 'मैं दूरभाष हूँ' आदि विषयों पर चर्चा करें।
- अपने किसी सहपाठी का जन्मदिन स्कूल में मनाओ।
- तुम्हारी शाला में किन–किन महापुरूषों की जयंतियाँ (जन्मदिन) कब–कब व कैसे मनायी जाती है? लिखो।

5A5JUB

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5AEFVY

**पाठ–6**

# चित्रकार मोर

– संकलित

संसार में बहुत–से लोग ऐसे होते हैं जो अपनी चिन्ता न करते हुए दूसरों की सहायता करके उन्हें आगे बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों को स्वतः ही सम्मान प्राप्त हो जाता है। यही आदर्श इस पाठ के चित्रकार मोर का है जो दूसरों को रंग–बिरंगा बनाने में स्वतः रंग–बिरंगा बन जाता है।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम, वचन, लिंग परिवर्तन, **'यदि तो, यदि नहीं तो'** लगाकर प्रश्न करना और उत्तर देना आदि।

बहुत पहले की बात है। तब सारे–के–सारे पक्षी सफेद रंग के होते थे। सारे संसार की रंगीनी देखकर उनका मन भी ललचाता था। वे सोचते थे काश, हम पक्षी भी फूल–पत्ती और रंगीन बादल जैसे रंग–बिरंगे हो जाएँ तो कितना अच्छा हो।

सब पक्षियों ने एक सभा बुलाई और विचार किया। सोचा, चलकर भगवान ब्रह्मा जी से रंग माँगा जाए। सारे पक्षी एकत्र होकर ब्रह्मा जी के पास पहुँचे। ब्रह्मा जी ने पक्षियों की माँग सुनी। उन्हें पक्षियों की माँग सही लगी। बेचारे सब–के–सब पक्षी सफेद हैं। उन्हें रंग मिल जाएँ तो वे भी संसार की रंगीनी में शामिल हो जाएँगे।



आए हुए सब पक्षियों को ब्रह्मा जी ने ध्यान से देखा। उनमें से उन्हें एक पक्षी चुनना था और उसको रंग–रोगन लगाने का अपना यह महत्वपूर्ण काम सौंपना था। आखिर उन्होंने वह पक्षी खोज ही लिया। लंबी पूँछ और ऊँची गरदनवाले पक्षी मोर को उन्होंने अपने इस काम के लिए सर्वथा उपयुक्त समझा।

ब्रह्मा जी ने अपने पास के सब प्रकार के रंग मोर को दे दिए और उसे पक्षियों को रँगने का काम सौंप दिया। मोर अपने भाग्य पर बहुत खुश हुआ। खुश होने के साथ–साथ वह अपने काम के प्रति अत्यंत सजग रहा।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों के समूह बना दें। अलग–अलग समूह में अलग–अलग अनुच्छेद देकर पढ़कर समझने के लिए समूह से कहें– फिर उनसे उस अनुच्छेद पर चर्चा करें। प्रत्येक समूह को उसी अनुच्छेद से प्रश्न बनाने एवं उनके उत्तर लिखने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर ने सारे जंगल में ढिंढोरा पिटवा दिया कि सब पक्षी अपनी पसंद का रंग लगवाने के लिए मेरे पास आ जाएँ।

थोड़ी ही देर में सब–के–सब पक्षी मोर के आगे कतार बाँधकर खड़े हो गए।

मोर ने रंगों की पिटारी खोल दी और एक–एक करके पक्षियों को रँगना प्रारंभ किया। जिस पक्षी को जो रंग पसंद था, मोर ने उसे वही रंग लगाया।

तोते ने पहले तो चोंच में लाल रंग लगवाया, फिर सारे शरीर को हरा रँगवा लिया। उसे कच्चे आम का रंग बहुत पसंद था।

नीलकंठ ने अपने गले को नीले रंग में रँगवाया। बतख को अपना सफेद रंग बहुत पसंद था। फिर भी उसने थोड़ा–सा नारंगी रंग अपनी चोंच और पैरों में लगवा लिया।

इसी प्रकार एक–एक करके सारे पक्षी आते–जाते रहे, मोर उनको मनचाहा रंग लगाता गया।

मोर दूसरे पक्षियों को तो रँगता जा रहा था लेकिन उनको रँगने से पहले रंग की परख करने के लिए वह अपने शरीर पर भी थोड़ा–सा रंग लगा लिया करता था।



धीरे–धीरे एक–एक करके सब पक्षी अपना शरीर रँगवाकर चले गए। किसी ने थोड़ा–सा रंग लगवाया तो किसी ने बहुत सारा। किसी ने एक रंग तो किसी ने कई रंग लगवाए। जिस पक्षी को जो रंग पसंद आया, उसने वही रंग लगवाया। कुछ पक्षी ऐसे भी थे जिन्हें अपना सफेद रंग ही प्यारा था; इसलिए उन्होंने कहीं पैर में, चोंच में या पीठ में थोड़ा–सा रंग लगवाकर ही संतोष कर लिया।

इधर मोर के पास सारे रंग समाप्त हो चुके थे। रंग समाप्त हो गए हैं, यह देखकर मोर बहुत उदास हो गया। सोचने लगा, ''मैं स्वयं क्या बिना रंग का रह जाऊँगा? दूसरों को रँगने के लिए मैंने इतनी मेहनत की, किंतु स्वयं मेरे अपने लिए कोई रंग नहीं बचा।''

इतने में शान्त, गंभीर और चतुर पक्षी, उल्लू वहाँ आया। मोर को उदास देखकर वह बोला– ''ओ चितेरे! उदास क्यों है? सब पक्षियों को रँग दिया, अब उदासी क्यों भला?''

मोर बोला –'' उल्लू भाई! मैं भी कैसा अभागा हूँ । सबको रंग बाँटता रहा, लेकिन मेरे पास अपने लिए तो कोई रंग ही नहीं बचा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मोर की बात सुनकर गंभीर स्वभाववाला उल्लू पहले तो खूब हँसा, फिर बोला, ''जरा अपना शरीर तो देख, अपने पंखों को देख, फिर उदास होना।''

उल्लू की बात सुनकर मोर ने अपने शरीर को देखा तो खुशी से झूम उठा। उसका शरीर तो रंग–बिरंगा, ढेर सारे रंगों की फुलवारी बन गया था।

उसे ध्यान आया – ''दूसरे पक्षियों को रँगने से पहले, परखने के लिए, मैं रंग अपने शरीर पर ही तो लगा रहा था। बस, वे सारे रंग मेरे अपने हो गए।''

वह बहुत खुश हुआ। अभी वह अपनी खुशी पूरी तरह से प्रकट भी नहीं कर पाया था कि आसमान पर काले–काले बादल छा गए। देखते–ही–देखते वर्षा होने लगी।

सारे पक्षी अपना रंग बचाने के लिए वृक्षों, लताओं, घोंसलों में जा छिपे। बेचारा मोर इतना भारी–भरकम शरीर लेकर कहाँ जाता? उसे लगा कि अब तो पानी की बूँदें उसके सारे रंग धो डालेंगी और वह पहले जैसा बेरंग और श्वेत हो जाएगा। किन्तु ब्रह्मा जी ने जो रंग दिए थे, वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के पानी से धुल जाते? वे तो पक्के हो चुके थे।

मोर ने देखा पानी की बूँदों का तो उसके शरीर पर, उसके रंगीन पंखों पर कोई असर ही नहीं हो रहा था। बस, फिर क्या था ? खुशी के मारे उसने सारे पंख फैला लिए और वह नाचने लगा।

तब से लेकर आज तक मोर जब भी बादलों को देखता है, तब अपने शरीर के सुंदर रंगों को देखकर पंख फैलाकर नाचने लगता है।

## शब्दार्थ

नीचे कोष्ठक में भी कुछ शब्दों के अर्थ लिखे हैं। इन्हें सही शब्द के सामने छाँटकर लिखो।

(बिना रंग के, सफेद या धवल, चित्रकार, ढक्कनवाली टोकरी)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एकत्र | – | इकट्ठा | अभागा | – | बुरे भाग्यवाला |
| रुआँसा | – | रोने के समान | श्वेत | – | ...................... |
| बेरंग | – | ........................ | चितेरे | – | ...................... |
| पिटारी | – | ...................... | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. सारे संसार को रंगीन देखकर पक्षी क्या सोचते थे?

प्रश्न 2. पक्षियों ने रंग पाने के लिए क्या प्रयास किया?

प्रश्न 3. मोर रंग–बिरंगा कैसे हो गया?

प्रश्न 4. ब्रह्मा जी ने रंग–रोगन के लिए मोर को ही क्यों चुना?

प्रश्न 5. मोर की बात सुनकर उल्लू क्यों हँस पड़ा था?

प्रश्न 6. मोर के शरीर पर लगा रंग वर्षा के पानी से धुल जाता तो क्या होता?

प्रश्न 7. मोर अन्य पक्षियों को रंग लगाते समय अपने शरीर पर रंग लगाकर न देखता तो क्या होता?

प्रश्न 8. पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है ? इस तथ्य पर पुष्टि हेतु अपने तर्क दें।

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो–**

अ. मन ललचाना ब. ढिंढोरा पिटवाना स. खुशी से झूम उठना

**प्रश्न 2. कुछ शब्दों का प्रयोग कभी–कभी दो बार भी होता है, जैसे– क्या–क्या, साथ–साथ, कौन–कौन, एक–एक, कब–कब, काले–काले आदि।**

इन शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

### समझो

- एक ही शब्द के एक से ज्यादा अर्थ हो सकते हैं। नीचे लिखे उदाहरण पढ़ो और समझो।

**धरा–** क. वर्षा ऋतु में धरा हरी–भरी हो जाती है।

ख. नाटक दिखाने के लिए मोहन ने अजीब रूप धरा।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार 'बेर' का दो अर्थों में प्रयोग करो।**

- कभी–कभी निषेधवाचक वाक्य को 'क्या' का प्रयोग करके भी प्रकट किया जाता है, जैसे–

वे क्या इतने कच्चे थे कि वर्षा के भय से धुल जाते?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. अब 'क्या' शब्द का ऐसे ही अर्थ में प्रयोग करो।**

- इन वाक्यों को पढ़ो–

  क. बच्चा हँस रहा है।

  ख. हँसना बच्चे के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

  पहले वाक्य में 'हँसना' क्रिया के रूप में प्रयोग हुआ है और दूसरे वाक्य में यह संज्ञा है।

**प्रश्न 5. 'खेलना' शब्द को दोनों रूपों में अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- मोर का एक बड़ा चित्र बनाकर उसमें चमकीले रंग भरो और कक्षा की दीवार पर लगाओ।
- अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी एक पक्षी के संबंध में जानकारी दो जिसमें उसके आवास, भोजन, रंग–रूप और बोली आदि का विवरण हो।

## योग्यता–विस्तार

- तुम्हारे आसपास रहने वाले पक्षियों की जानकारी प्राप्त कर निम्न तालिका में भरो –

| पक्षियों के नाम | | रंग | कहाँ रहते है |
|---|---|---|---|
| स्थानीय | वैज्ञानिक | | |
| | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–7

# क्यूँ–क्यूँ छोरी

– महाश्वेता देवी

आम तौर पर लड़कियों को चुप रहने की शिक्षा दी जाती है, जो अनुचित है। उनमें भी जिज्ञासा भरी होती है। प्रश्न पूछकर वे संसार की हर बात जानना चाहती हैं। जिज्ञासा शांत होने से उनका मानसिक विकास होता है। अतः उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उन्हें अवश्य मिलने चाहिए। इस पाठ में एक आदिवासी लड़की की कहानी है जो बात–बात में प्रश्न पूछती रहती थी और लेखिका उसके प्रश्नों का उत्तर देती थी।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विराम–चिह्नों पर ध्यान देकर पढ़ना, वाक्य परिवर्तन, विशेषण एवं विशेष्य की पहचान, भाववाचक संज्ञा बनाना, एकवचन से बहुवचन शब्द बनाना, क्यूँ/क्यों लगाकर प्रश्न बनाना।

छोटी–सी लड़की थी वह! क़रीब दस साल की। एक बड़े–से साँप का पीछा कर रही थी। मैं उसके पीछे भागी और उसकी चोटी पकड़कर उसे ले आई। ''ना, मोइना ना,'' मैं उस पर चिल्लाई।



''क्यूँ?'' उसने पूछा।

''वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग,'' मैंने उससे कहा।

''तो! नाग को क्यूँ न पकड़ूँ?''

''क्यों पकड़ो?'' मैंने कुछ नाराजगी के साथ पूछा।

''पता है, हम साँप खाते हैं! मुंडी काट दो, चमड़ा बेच दो, मांस पकाकर खा लो'', उसने बड़े भोलेपन से उत्तर दिया।

''नहीं, इसे नहीं'', मैंने उसे समझाते हुए कहा। तुम्हें ऐसा नहीं करना है।''

''हाँ, हाँ, करूँगी,'' उसने हठपूर्वक कहा।

''पर क्यों ऐसा करोगी?'' मैं उसे शबर सेवा समिति के दफ्तर तक ले आई। उसकी माँ

**शिक्षण–संकेत –** पाठ पढ़ाने के पूर्व आदिवासियों के जीवन, चरित्र आदि पर चर्चा करें। कहानी को विराम चिह्नों और ह्रस्व–दीर्घ को ध्यान में रखकर प्रवाहपूर्वक पढ़ने का अभ्यास कराएँ। मोइना के चरित्र पर चर्चा करते हुए प्रसंग को बालिका शिक्षा से जोड़ें। छात्राओं को मोइना की तरह जिज्ञासु, निडर एवं स्वाभिमानी बनने के लिए प्रेरित करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



'खीरी' वहाँ एक टोकरी बुन रही थी।

''चलो, थोड़ा आराम कर लो''— मैंने कहा।

''क्यूँ?'' उसने फिर कहा।

''क्यूँ नहीं? थकी नहीं हो क्या?'' मैंने पूछा।

मोइना ने नकारते हुए सिर हिलाते हुए कहा— ''बाबू की बकरियाँ कौन घर लाएगा? और लकड़ी लाना, पानी लाना, चिड़िया पकड़ने का फंदा लगाना, सब कौन करेगा?''

उसके इन प्रश्नों को सुनकर मैं कुछ सोचने लगी।

खीरी ने उससे कहा— ''बाबू ने जो चावल भेजा है, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना न भूलना।''

''क्यूँ? क्यूँ दूँ उसे धन्यवाद? उसकी गोशाला धोती हूँ, हजारों काम करती हूँ उसके लिए। कभी धन्यवाद देता है मुझे? मैं क्यूँ उसे धन्यवाद दूँ?''

मोइना अपने काम पर भाग गई। खीरी सिर हिलाती रह गई। फिर मुझसे बोली— ''ऐसी लड़की नहीं देखी कभी। बस क्यूँ! क्यूँ! की रट लगाए रहती है। गाँव के पोस्टमास्टर ने तो उसका नाम ही 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया है।''

''मोइना मुझे तो अच्छी लगती है,'' मैंने खीरी से कहा।

''इतनी जिद्दी है कि एक बात पकड़ ले तो उससे हटती नहीं,'' खीरी ने कहा। मोइना आदिवासी लड़की थी; शबर जाति की। शबर लोग गरीब और भूमिहीन थे। पर शबर कभी शिकायत करते सुनाई नहीं देते थे। सिर्फ मोइना ही थी जो सवाल–पर–सवाल करती जाती।

''क्यूँ मुझे मीलों चलना पड़ता है नदी से पानी लाने के लिए? क्यूँ रहते हैं हम पत्तों की झोंपड़ी में? हम दिन में दो बार चावल क्यूँ नहीं खा सकते?''

मोइना गाँव के संपन्न लोगों की बकरियाँ चराया करती थी। न तो वह अपने को दीन–हीन समझती थी, न ही मालिकों का अहसान मानती थी। वह अपना काम करती, काम खत्म होने पर घर आ जाती और बुदबुदाती रहती— ''क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं? मैं तो बढ़िया खाना खाऊँगी। शाम को हरे पत्तेवाली भाजी (साग) और चावल और केकड़े मिर्चीवाले। सभी घरवालों के साथ बैठकर खाऊँगी।''

वैसे शबर अपनी लड़कियों को आम तौर पर काम पर नहीं भेजते। पर मोइना की माँ, खीरी, एक पाँव से लँगड़ी थी। वह ज्यादा चल–फिर नहीं सकती थी। उसके पिता काम की तलाश में दूर, जमशेदपुर गए थे और उसका भाई, गोरो, जलाऊ लकड़ी लेने जंगल जाता था। सो मोइना को भी काम करना पड़ता था।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उस अक्टूबर में मैं 'शबर सेवा समिति' के दफ्तर में पूरा एक माह रुकी। एक सुबह मोइना ने घोषणा की कि वह समितिवाली झोंपड़ी में मेरे साथ रहेगी।

''बिल्कुल नहीं'' खीरी ने कहा।

''क्यूँ नहीं? इतनी बड़ी झोंपड़ी है। एक बुढ़िया के लिए कितनी जगह चाहिए?''

''तुम्हारे काम का क्या होगा?'' मैंने उससे पूछा।



''काम के बाद आया करूँगी'', उसने तुरंत ही अपना निर्णय सुना दिया। और वह एक जोड़ी कपड़े तथा एक नेवले के साथ आ पहुँची।

''यह बस जरा–सा खाना खाता है और बुरे साँपों को दूर भगा आता है,'' उसने कहा।

''अच्छेवाले साँपों को मैं पकड़कर माँ को दे देती हूँ। क्या बढ़िया तरीवाला साँप (साग) बनाती है माँ। तुम्हारे लिए भी थोड़ा लाऊँगी।''

समिति के विद्यालय की शिक्षिका, मालती ने मुझसे कहा– '' आप तो तंग आ जाएँगी इसकी क्यूँ–क्यूँ सुनते–सुनते।''

और वाकई, वह अक्टूबर ऐसा बीता कि पूछो मत। ''क्यूँ, मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं? उसके लड़के खुद क्यूँ नहीं चराते? मछलियाँ बोल क्यूँ नहीं पातीं? अगर कई तारे सूरज से बड़े हैं तो वे इतने छोटे क्यूँ नजर आते हैं?'' और ''हर रात को तुम सोने के पहले किताबें क्यूँ पढ़ती हो?''

'' इसलिए कि किताबों में तुम्हारी क्यूँ–क्यूँ के जवाब मिलते हैं,'' मैंने उसे उत्तर दिया।

यह सुन वह चुप रही। उसने कमरा ठीक–ठाक किया। फूलोंवाले पौधे को पानी दिया, नेवले को मछली दी। फिर उसने कहा– '' मैं पढ़ना सीखूँगी और अपने सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़ निकालूँगी।''

जो–जो वह मुझसे सीखती, वह बकरियाँ चराते समय दूसरे बच्चों को बताती। ''कई तारे तो सूरज से भी बड़े हैं, सूरज पास है इसलिए बड़ा दिखता है। मछलियाँ हमारी तरह बातें नहीं करतीं। मछलियों की अपनी भाषा है, जो सुनाई नहीं देती। तुम्हें पता है पृथ्वी गोल है?''

एक साल बाद जब मैं उस गाँव में दुबारा पहुँची, तो सबसे पहले मोइना की आवाज ही सुनाई दी।

''स्कूल क्यूँ बंद है?'' समिति के स्कूल के अंदर एक मिमियाती बकरी को अपने साथ घसीटते हुए वह मालती से ललकारने जैसी आवाज में पूछ रही थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



"क्या मतलब है तुम्हारा, क्यों बंद है कहने का?"

"तो तुम्हें रोक कौन रहा है?"

"पर कोई कक्षा ही नहीं लगी। कहाँ पढ़ूँ?"

"स्कूल का समय पूरा हो चुका है।"

"क्यूँ?" उसने फिर प्रश्न किया।

"तुम जानती हो मोइना, मैं सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक कक्षा लगाती हूँ।"

मोइना ने पाँव पटकते हुए कहा–"तुम समय बदल क्यूँ नहीं देती? मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी होती हैं सुबह; मैं तो केवल ग्यारह बजे के बाद ही आ सकती हूँ। तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से? मैं बूढ़ी माँ को बता दूँगी कि बकरी चरानेवाले या गाय चरानेवाले, हम लोगों में से कोई भी नहीं आ सकेगा, अगर स्कूल का समय नहीं बदला तो।"

तभी उसने मुझे देखा और अपनी बकरी ले नौ दो ग्यारह हो गई।

शाम को घूमते–घूमते मैं मोइना की झोंपड़ी पर गई। मोइना चौके के पास मजे–से बैठी, अपनी छोटी बहन और बड़े भाई को बता रही थी। "एक पेड़ काटो तो दो पेड़ लगाओ। खाने के पहले हाथ धोओ, जानते हो क्यूँ? पेट दर्द हो जाएगा, अगर नहीं धोओगे तो। तुम कुछ नहीं जानते। जानते हो क्यूँ? क्योंकि तुम स्कूल नहीं जाते।"

गाँव में जब प्राइमरी स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

मोइना अब बीस साल की है। वह समिति के स्कूल में पढ़ाती है। अगर तुम उसके स्कूल के पास से गुजरो तो निश्चित ही तुम्हें उसकी आवाज सुनाई देगी– "आलस मत करो। मुझसे सवाल करो। पूछो, क्यूँ मच्छरों को खत्म करना चाहिए? ध्रुवतारा हमेशा उत्तर की ओर के आकाश में ही क्यूँ रहता है? पेड़ क्यूँ नहीं काटने चाहिए?"

और दूसरे बच्चे भी अब पूछना सीख रहे हैं–"क्यूँ?"

वैसे मोइना को पता नहीं है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। अगर उसे पता चल जाए तो कहेगी, "क्यूँ? मेरे ही बारे में क्यूँ?"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हठपूर्वक | – | जिद करके | नकारना | – | मना करना |
| बुदबुदाना | – | धीरे–धीरे बोलना | दुबारा | – | ...................... |
| ललकारना | – | ...................... | दाखिल | – | .................... |
| वाकई | – | वास्तव में | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उपरोक्त शब्दार्थों में से कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(भर्ती, दूसरी बार लड़ने के लिए उकसाना)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** मोइना द्वारा पूछे गए 'क्यूँ–क्यूँ वाले' प्रश्नों को लिखो।

**प्रश्न 2.** मोइना ने स्कूल का समय बदलने के लिए क्या–क्या तर्क दिए?

**प्रश्न 3.** मोइना के भाई और पिता के बारे में पाठ में क्या बताया गया है?

**प्रश्न 4.** अगर तुम्हें किसी व्यक्ति को बताना हो कि मोइना कैसी लड़की थी, तो तुम उसके बारे में क्या बताओगे/बताओगी ?

**प्रश्न 5. नीचे लिखे वाक्यों को पाठ के घटनाक्रम अनुसार लिखो–**

क. वह साँप का पीछा कर रही थी ।

ख. गाँव में जब स्कूल खुला तो उसमें दाखिल होनेवाली पहली लड़की मोइना थी।

ग. पोस्टमास्टर ने उसका नाम 'क्यूँ–क्यूँ छोरी' रख दिया।

घ. एक जोड़ी कपड़े और नेवले के साथ आ पहुँची।

**प्रश्न 6. नीचे मोइना के द्वारा कहे गए वाक्य उद्धृत हैं। इन वाक्यों से मोइना के चरित्र की क्या विशेषताएँ प्रकट होती हैं?**

क. "मैं पढ़ना सीखूँगी और सारे सवालों के जवाब खुद ढूँढ़कर निकालूँगी।"

ख. "तुम पढ़ाओगी नहीं तो मैं सीखूँगी कहाँ से?"

**प्रश्न 7. नीचे लिखे प्रश्नों के तीन–तीन उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर लिखो।**

क. मोइना पढ़ना चाहती थी, क्योंकि पढ़–लिखकर वह:–

1. नौकरी करना चाहती थी।

2. वह अपने प्रश्नों के उत्तर स्वयं खोजना चाहती थी।

3. वह आस–पड़ोस की लड़कियों को पढ़ाना चाहती थी।

ख. 'क्यूँ उनका बचा–खुचा खाऊँ मैं?' इस सोच से मोइना के चरित्र के किस गुण का पता लगता है?

1. घमंड  2. आत्मसम्मान  3. क्रोध

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 8. नीचे लिखे कथनों में जो सही हों उनके सामने ✓ और जो गलत हों उनके सामने × का चिह्न लगाओ।**

क. मोइना आदिवासी लड़की थी। ( )

ख. मोइना का नेवला बुरे साँपों को मारता है। ( )

ग. शबर लोग आमतौर पर लड़कियों को काम पर भेजते हैं। ( )

घ. मोइना की माँ, खीरी, तरीवाली सब्जी नहीं बनाती। ( )

ङ. मोइना को पता है कि उसकी कहानी लिखी जा रही है। ( )

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों को क्या, किसका, कितनी, कितने, क्यों का प्रयोग करते हुए प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलो। एक शब्द का प्रयोग एक बार ही करो।**

क. उसने फिर कहा।

ख. एक बुढ़िया को जगह चाहिए।

ग. मुझे बाबू की बकरियाँ चरानी पड़ती हैं।

घ. आकाश में तारे नजर आते हैं।

ङ. उसने खाना बनाया।

**इस वाक्य को पढ़ो–**

"वो कोई धामन–वामन नहीं है, नाग है, नाग"– मैंने उससे कहा।

'धामन' तो साँप की एक जाति है, लेकिन 'वामन' का क्या अर्थ है? 'वामन' यहाँ निरर्थक शब्द है। हम प्रायः बातों में कह देते हैं– मुझे स्कूल–फिस्कूल कहीं नहीं जाना है। दाल–वाल का झंझट छोड़ो। ऐसे संयुक्त शब्दों में दूसरा शब्द निरर्थक रहता है।

**प्रश्न 2. इसी प्रकार के दो संयुक्त शब्द लिखो और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए उदाहरणों में से विशेष्य और विशेषण को अलग–अलग करके लिखो –**

क. भोली लड़की  ख. काला साँप

ग. सुंदर टोकरी  घ. चमकीला सूरज

- एक वस्तु को कई नामों से जाना जाता है। पानी को 'जल' और 'नीर' भी कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4 इसी प्रकार पेड़ और सूरज के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5. नीचे लिखे शब्दों के साथ दिए गए प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।**

क. अकड़ + बाज़ ख. गाड़ी + वान

ग. जान + दार घ. कलम + दान

ङ. साँप + इन

**प्रश्न 6. नीचे लिखे शब्दों के तत्सम रूप लिखो–**

साँप, चमड़ा, सिर, सूरज, पत्ता, भाई।

## रचना

- शिक्षिका बनने के बाद मोईना ने गाँव के बच्चों की शिक्षा के लिए क्या–क्या कार्य किए होंगे? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- शासन द्वारा आदिवासियों के जीवन को सुधारने के बहुत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को अपने शिक्षक/अभिभावक से जानो।
- जब कक्षा में तुम्हारे मन में कुछ प्रश्न उठते है तो तुम शिक्षक से प्रश्न पूछते हो या डरते हो। हमें शिक्षक से प्रश्न क्यों पूछना चाहिए।
- यदि तुम शिक्षक होते तो इस पाठ को पढ़ाने के बाद अपने बच्चों से क्या–क्या प्रश्न पूछते? उसकी सूची बनाओ।

5B741H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



पाठ – 8

# pykd dky;k

SEK9C1

[ए सँवसार ने जमाय जीव के बराबर बल आरू बुद नी मिरलिसे । काचोय लगे खुबे बल आसे आरू काचोय लगे बुद । बल बिता जीवमन बड़े रउ आत आरू नानी–नानी जीवमन के डराउ आत, मान्तर नानी जीवमन आपलो बुद ने बड़े जीव के बले भेजराउ आत आरू आपलो रख्या करू आत। बुद रले काकेय डरूक नी होय। ए कहनी ने एइ गोठ के सांगलोर आसे ।]

बस्तर चो गोटोक भाग ने बीजबन रान रए। हुन राने सुंदर–सुंदर रूख–राई मन रोहोत। हुनि राने कएक पसु–जनावरमन बले रोहोत। हुनि पसुमन ने गोटोक डुरका बले रए, जे पारदी खेलतो ने सबले आगर रए। हुनि राने गोटोक कोलया बले रए। हुन नंगत पारदी करूक नी जानतो कारन ने मुरूसनाय होउन रए। गोटोक दिने कोलया बिचार करलो– कसने बले होओ मँय ए डुरका संगे मीत बांदेन्दे ता नु। हुन पारदी करले मोके बले नंगत खाउक मिरेदे । असन बिचारून कोलया डुरका लगे गेलो आरू बललो– '' ए रान चो राजा डुरका! तुमि मोचो संगे मीत बांदासे?'' ''मँय तुचो संगे काय काजे मीत बांदु आँय? मोके कोनी मीत चो चिपा नियाय।'' डुरका कोलया के बललो। ''तुमि मोचो संगे असन काजे मीत बांदुक सकास, कसन बलले मँय चतुर



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



आँय, चलाक आँय आरू तिरतिरा आँय ।'' कोलया आपलो मयमा के सांगते बललो।

''मँय बले चतुर आँय, चलाक आँय आरू तिरतिरा आँय, मांतर मँय तुचो संगे मीत काय काजे बांदु आँय ?डुरका कोलया के टरकाते बललो ।

''मँय काकेय नी डरें, हुनि काजे तुमि मोचो संगे मीत बांदा ।'' कोलया डुरका के बललो ।

''मँय बले काकेय नी डरें, फेर मँय काय काजे तुचो संगे मीत बांदु आँय ?असन तो मँय बले बड़े–बड़े पसु–जनावरमन के मारून खातो बिता आँय । लोग मोके दखुन डरू आत ।'' डुरका कोलया के बललो ।

''ए तो नंगत गोठ आय । आमि दुनो चतुर, चलाक आरू तिरतिरा आँव । आमि दुनो काकेय नी डरूँ । बड़े–बड़े पारदी करूँसे, हुनि काजे आमके मीत बांदुक चे लागेदे ।'' कोलया डुरका के समजालो ।

कोलया चो गोठ के सुनुन डुरका बललो– ''होव–होव ! तुय नंगत बलसिस । आमके मीत बांदुक चे लागेदे । मँय बले एकला पारदी करते–करते असकटाउन गेले । आमि दुनो संगे–संगे पारदी खेलवाँ आरू हरिक–उदिम ने रवाँ ।'' डुरका कोलया चो गोठ के धरून बललो ।

''एदाँय असन आय जाले आमि आजि ले चे संगे–संगे पारदी खेलुक जों ।'' कोलया डुरका के बललो ।

एचो पाछे कोलया आरू डुरका नंगत मीत होला । दुनो संगे–संगे पारदी खेलुक जाउक मुरयाला । मांतर कोलया के मीत बांदलो दिन ले काईं नफा नी मिरते रए । कसन बलले दुनो आपलो–आपलो पारदी करते रोहोत । डुरका बड़े–बड़े जीवमन के धरे, मांतर कोलया नानी–नानी जीवमन के । डुरका पेटभर खाए, मांतर कोलया मंजार पेट खाउन ओगाय रते रए ।

गोटोक दिने कोलया चलाकी ने बुता करतोर मन बनालो । दुनो मीत पारदी खेलुक गेला । पारदी खेलते–खेलते डुरका गोटोक रान–कुकड़ी के धरलो आरू कोलया गोटोक लिटि चड़ई के । दुनो थाकुन रोहोत, भुक लागते रए । रान–कुकड़ी बड़े रए आरू लिटि चड़ई नानी रए । कोलया बिचारलो – नानी असन लिटि चड़ई के खादले मोके पेट नी भरे । मँय डुरका चो धरलो रान–कुकड़ी के कसने बले जटुन खायन्दे । असन बिचारून कोलया लिटि चड़ई के पाना ने असन बांदलो कि चड़ई चो लेङ्गड़ी ची दखा देते रए आरू डुरका के बललो – ''आहा, आहा ! आजि हरिक लागली । आजि तो नंगत चड़ई धरा पड़लिसे ।''

''मोके बले गोटोक नंगत रान–कुकड़ी मिरलिसे ।'', डुरका कोलया के बललो ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''होयदे । मांतर मोचो चड़ई चो बराबर नी होउक सके । मोचो चड़ई के हेला पतयावासाहास । मोचो लिटि बारा फुटी, सोरा घागर तेल । मांतर तुमचो रान–कुकड़ी दाते चे लटकुन जायदे ।'' कोलया डुरका के जटतो हिसाप ने बललो ।

हुनचो गोठ के सुनुन डुरका चो टोण्डे पानी फुटली । हुनके तो भुक लागु रए । डुरका बिचारलो, कसने बले होओ, मँय ए रान–कुकड़ी के कोलया चो धरलो चड़ई संगे पलटुन खादले नंगत होयदे ।

डुरका कोलया लगे जाउन बललो – ''ए मीत तुमि आपलो धरलो चड़ई के मोके दियास आरू मोचो धरलो रान–कुकड़ी के तुमि धरा ।'' ''आँय ! मँय असन काय काजे करूँ आँय ? मोचो चड़ई तो बड़े आसे आउर तुमचो कुकड़ी तो नानी आसे । कोनी आपलो बड़े तीज के देउन नानी तीज के धरू आय ?तुमि मोके काय समंजलासाहास ?नाईं, मोके नी पलटतोर आय । मोचो चड़ई तुमचो कुकड़ी ले बड़े आसे ।'' कोलया मेलाय–मेलाय नाईं बललो । ''दखा, तुमि मोचो मीत आहास । ए चड़ई मोचो देहें ले बड़े आसे । मोके तुमचो ले आगर भुक लागु आय । एबे तो भुक काजे मोचो देहें ले जीव निकरेदे बे । हुनि काजे मोके दया करा हो ! तुमचो चड़ई के मोके दियास हो !'' डुरका भुक काजे थरथर होते कोलया के बललो ।

''असन आय जाले तुमचो–मोचो मीत होलो किरता ने तुमचो गोठ के मानुक चे लागेदे । जों, तुमि आपलो कुकड़ी के मोके दियास आरू मोचो चड़ई हुन पाना ने आसे, हुनके धरा ।'' कोलया आपलो मान राखते बललो । डुरका हरिक होउन आपलो कुकड़ी के कोलया के देउन दिलो आरू कोलया चो पाना ने बांदलो चड़ई के धरूक गेलो । ए बाटे कोलया, नंगत घाई पड़लिसे बलुन रान–कुकड़ी के धरचाण्ड धरून रूखे चेगलो आरू कुकड़ी के खाउन ढकारते उतरून जाते गेलो ।

हुन बाटे डुरका पाना ले चड़ई के निकरालो आरू दखलो, चड़ई तो नानी असन रए। काहाँ चो बारा फुटी लिटि आरू सोरा घागर तेल । हुन लिटि तो डुरका चो दाते हाजती । एबे फेर काय होउक सकती ता । डुरका तो आपन होउन रान–कुकड़ी के कोलया चो चड़ई संगे पलटाउन रए । काय करतो । मन के मारून लिटि चड़ई के खादलो । हुनचो पेट नी भरली । एदाँय डुरका समंजलो कोलया हुनके मुरूख बनालो बलुन ।

उदलेदाँय कोलया रान–चड़ई के खाउन ढकारते हुनि बाटे एयसे । कोलया के दखुन डुरका दात–ओंट गिजडुन रीस होलो – ''तुय मोके मुरूख बनाउन नंगत नी करलिस कोलया । मँय एबेले भुके आँसे । हुनि काजे एदाँय तुके खाउन मँय आपलो पेट के भरू आँय।'' डुरका उनारते बललो । कोलया दखलो, डुरका तो खुबे रीस होलोसे बलुन । हुन हुता ले लिलिबांडा परालो ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हुन दिन ले कोलया आउर डुरका अलगे पारदी खेलुक धरला । डुरका ए गोठ के टाकु रए कि कोलया केबेय बले तो मोचो हाते धरा पड़लो जाले हुनचो चाल के निकरायंदे । मांतर कोलया चतुर आरू चलाक रए । हुन केबेय डुरका चो हाते नी पड़ते रए ।

गोटोक दिने कोलया चुआँ लगे उबुन काकेय टाकते रए । उदुपनाय डुरका चो आपलो बाटे एतो के दखलो । हुन समंजलो, एदाँय एचो ले मोचो जीव बाचुक नी सके बलुन। आपलो जीव बचातो काजे कोलया फेर चलाकी करलो । हुन सियाड़ी पाना चो खोलका चिपटा बनाउक मुरयालो । डुरका चिपटा के दखुन भकयान गेलो । ''एय ! तुय सियाड़ी पाना के काय बनासिस ?'' डुरका कोलया के धरूक छांडुन पुछुक मुरयालो ।

''मँय पानी ले बाचतो काजे खोलका चिपटा बनाँयसे । मोके जान पड़लिसे एबे खुबे घुड़लुन–घुड़लुन पानी मारू आय । ए लेहरा–पानी ले बाचतो काजे मँय ए खोदरा ने बसुन पाना चो खोलका चिपटा के ओड़ु आँय ।'' कोलया डुरका के बललो । ''असन आय जाले तुय मोचो काजे बले गोटोक खोदरा बनाउन देस आरू असने चिपटा बले बनाउन देस। मोके बले पानी ने भिजतोर निको लागु नुआय ।'' डुरका बललो । ''मँय तुके खुबे रीस होउ रएँ । मोचो काजे पानी ले बचातो बिती चिपटा बनाउन दिले मँय तुके रीस नी होएँ ।''

''असन आय जाले तुय मोचो खोदरा ने उतरून बस आरू मोचो चिपटा के धर । मँय आपन काजे दुसर बनायंदे । कसन बलले तुय मोचो संगे फेर मीत होतोर उवाट करलिसिहिस ।'' असन बलुन कोलया सियाड़ी चिपटा के डुरका के देउन दिलो । डुरका हुन चिपटा के धरून खोदरा आय बलुन चुआँ ने उतरलो । चुआँ ने खुबे पानी रए । डुरका बुडुन मरलो ।

कोलया आपलो चलाकी ने बाचलो आरू डुरका मुरूख रए गुने चुआँ ने बडुन मरलो। असन तो आय – अकल रले सतरू मारो, नाहले आपन पानी बुड़ो ।

## iLu vkmj vH;kl

### cks/k&iLu

गुरजी कक्छा चो पिलामन के दुय कुड़ा ने बाटुन मुखचरन ने प्रस्नोत्तर कराओत । आपन बले मुखचरन (मौखिक) ने प्रस्न पुछोत ।

### iLu (1) [kky: fy[kyk iLueu pkmRrj fn;kl %&

(क) डुरका संगे मीत बांदतो काजे कोन बललो ?

(ख) कोलया आपलो मयमा ने काय–काय बललो ?

(ग) डुरका आरू कोलया संगे पारद जाउन काय–काय धरला ?

(घ) लिटि चड़ई के पाना ने लुकाउन कोलया डुरका के काय बललो ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



iLu (2) [kky fy[kk iLueu pk mRrj fn;k l %&

(क) कोलया काय के खाउक रूखे चेगलो ?

(ख) डुरका दात–ओंट गिजडुन काके रीस होलो ?

(ग) कोलया डुरका के दखुन चुआँ लगे काय करते रए ?

(घ) डुरका कसन होउन मरलो ?

(ङ) कोलया चलाकी कंरून खोलका चिपटा नी बनानो जाले काय होती ?

iLu (3) [kky fy[kk lCneu pk tkMh cukok %&

| | | |
|---|---|---|
| 1. कोलया | – | 1. चिपटा |
| 2. डुरका | – | 2. पसु–जनावर |
| 3. सियाड़ी पान | – | 3. जीव |
| 4. रान | – | 4. चलाक |
| 5. देहें | – | 5. रान–कुकड़ी |

Hkk"kk&rRo vkmj C;kdju

¼d½ xjth , ikB pk nl /kkMh beyk fy[kkvkr vk: vyVu&iyVu ydk&ydheu dk tkpd cykr A uh tkuy lk;rk djkr A

¼[k½ myVk vjFk fcrh lCneu fy[kk %&

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. चलाक | – | 4. खोदरा | – |
| 2. हरिक | – | 5. बड़े | – |
| 3. मीत | – | | |

¼x½ , ikB u d,d Bu dgdkeu vklkr] tlu %&

1. लिटि बारा फुटी, सोरा घागर तेल,

2. अकल रले सतरू मारो, नाहले आपन पानी बुड़ो ।

असने आउर कहकामन खोजुन लिखा ।

;kX;rk fcLrkj

आपलो गुरजी नाहले घर चो लोग के पुछुन असने कहनी लिखुन आना ।

SEU5DN

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5BYR6U

**पाठ–9**

# श्रम के आरती

– भगवती लाल सेन

हमन मिहनत करइया मनखे अन। हमला कोनो ले डर्राय के बात नइहे। हमन ये पाय के मिहनत करथन ताकि संसार ल सुख मिलय। ये कविता म छत्तीसगढ़िया मन के इही भाव ल बताय गे हे।

**पाठ ले हम सीखबोन–** छत्तीसगढ़ी के नवा शब्द अउ हिन्दी म ओकर अरथ। छत्तीसगढ़ी हाना ओकर अर्थ अउ प्रयोग।

काबर डर्राबोन कोनो ल, जब असल पसीना गारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।
चाहे कोनों हाँसे–थूँके, रद्दा के काँटा चतवारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
कल अउ कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जांगर वाला जागत हावय।



दुनिया के सुख बर दुख सहिके, पथरा ले तेल निकारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।
सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।
सुस्ता के अमरित–कुंड आज हम, गजब जतन ले झारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।

**शिक्षण–संकेतः–** पाठ ल पढ़ाय के पहिली छत्तीसगढ़ के जन–जीवन उपर चरचा करँय। मजदूर अउ किसान मन के महिनत के महत्तम बतावत लइका मन ल पाठ ले जोड़ँय। कविता ल लय के साथ गावँय अउ लइका मन ल दुहराय बर कहँय, तेकर पाछू भाव–बोध करावँय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नइ थकिस कभू चंदा–सुरुज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।
जम्मो मनखे बर एक नीत, सुनता–मसाल हम बारत हन।
हम नवा सुरुज परघाए बर, श्रम के आरती उतारत हन।।



## कठिन शब्द मन के हिन्दी अरथ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काबर | – | क्यों | डर्राबोन | – | डरेंगे |
| कोनों | – | किसी, कोई | जम्मो | – | सब कुछ |
| चतवारत | – | साफ करना | करिया | – | काला |
| जतका | – | जितना | पोंगा | – | भोंपू |
| जागत | – | सचेत | कस | – | जैसे |
| बूता | – | काम | अस | – | ऐसे |
| नांगर | – | हल | भुइयाँ | – | जमीन |
| जतन | – | युक्ति | गजब | – | बहुत |
| झारत | – | निकालना | भरम | – | भ्रम |
| परघाए बर | – | अगवानी करने के लिए | | | |
| कल | – | मशीन, बीते/आनेवाला दिन | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कविता का भावार्थ

हम किसी से क्यों डरेंगे? हम अपने सुखद भविष्य के लिए कठोर परिश्रम कर पसीना बहा रहे हैं। चाहे कोई हमारी हँसी उड़ाए, हम रास्ते की रुकावटों–बाधाओं को दूर करने में लगे हुए हैं। कल–कारखानों से आनेवाली भोंपू की आवाज हमें जागने एवं परिश्रम करने का संदेश दे रही है। हम कठिन परिश्रम इसलिए कर रहे हैं ताकि संसार को सुख मिले। खेतों में निरंतर कार्य करने के कारण हमारा सुंदर शरीर काला पड़ गया है किन्तु हमें इसकी चिंता नहीं है। हमारी मेहनत का ही नतीजा है कि धरती पर हरियाली है और भरपूर अन्न का उत्पादन हो रहा है। आज हम अपने इसी परिश्रम के फलस्वरूप प्राप्त खुशहाली का आनंद ले रहे हैं। हम देख रहे हैं कि सूर्य और चंद्रमा बिना थके निरंतर अपने रास्ते पर चलते रहते हैं और उजियाला फैलाते रहते हैं। सचमुच संसार में अच्छे कार्य करनेवालों का ही नाम अमर होता है, इसमें किसी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है। हम छत्तीसगढ़वासी चाहते हैं कि सभी मनुष्य एक नीति के मार्ग पर चलें इसीलिए हम सलाह–मशवरा कर एकता रूपी मशाल जला रहे हैं।

## प्रश्न अउ अभ्यास

### गतिविधि

. शिक्षक लइका मन ल दू दल म बाँट के एक–दूसर ले मुँहअँखरा प्रश्न पूछय ल कहँय। प्रश्न अइसन हो सकत हें–

क. 'श्रम के आरती' कविता के कवि के नाव बतावव।

ख. हमला कोनो ले काबर नइ डरना चाही ?

ग. छत्तीसगढ़वासी मन श्रम के आरती काबर उतारत हें ?

### बोधप्रश्न

**प्रश्न 1.खाल्हे लिखाय प्रश्न मन के उत्तर लिखव–**

क. 'श्रम के आरती उतारत हन' के का अर्थ हे ?

ख. मिल के पोंगा ह हाँक पार के का कहत हे ?

ग. दुनिया ल सुखी बनाय बर छत्तीसगढ़ के मनखे मन का करत हे ?

घ. भुइयाँ कइसे हरिया जाथे ?

ङ. कवि के अनुसार काकर नाव अमर हो जाथे ?

**प्रश्न 2.ये पंक्ति मन के अरथ स्पष्ट करव–**

क. कल अउर कारखाना जतका, मिल मा पोंगा बाजत हावय।
रोज कहत हें हाँक पार के, जाँगर वाला जागत हावय।।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ख. सोना कस तन, बूता के धुन मा, माटी कस करिया जाथे।
नांगर जब गड़थे, भुइयाँ के कोरा हाँसत हरिया जाथे।।

ग. नइ थकिस कभू चन्दा–सुरूज, दिन–रात रथे आगू–पाछू।
रहिथे करनी के नाँव अमर, नइ रहय भरम के बहिरासू।।

**प्रश्न 3.खाल्हे लिखाय भाव कविता के जेन पंक्ति में आय हे, ओ पंक्ति ल छाँट के लिखव–**

क. संसार के सुख के खातिर हमन दुख सहिके कड़ा महिनत करत हन।

ख. हमन अमरित कुंड ले बड़ जतन करके अमरित निकालत हन।

ग. जम्मो मनखे बर एक नीत बने, ये सोचके हमन सुनता के मसाल बारत हन।

## भाषातत्व अउ व्याकरण

**प्रश्न 1.खाल्हे लिखाय मुहावरा मन के अरथ लिखव–**

श्रम के आरती, पसीना–गारना, पथरा ले तेल निकालना, जाँगरवाला, भरम के बहिरासू, सुनता–मसाल।

**प्रश्न 2.खड़ी बोली म समान अरथ वाला शब्द लिखव–**

सुरुज, अउर, पथरा, माटी, करिया, भुइयाँ, अमरित, मनखे, जतन, गुनवान, अवगुन, नीत, नाव।

प्रश्न 3. पाठ म आय अइसन शब्द मन ल छाँट के लिखव जेकर उल्टा अर्थ वाला शब्द घलो कविता म आय हे, जइसे– सुख–दुख।

## योग्यता विस्तार

- छत्तीसगढ़ के कोनो कवि के कोई कविता या गीत खोज के लिखव अउ याद करव।

## गतिविधि

क. कक्षा म कोई छत्तीसगढ़ी लोकगीत सुनावव।

ख. शिक्षक कक्षा ल दू दल म बाँट देवँय। दूनों दल के लइका मन एक–दूसर ले ''जनउला'' पूछे के खेल खेलँय।

5C8H8H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–10

# सुनीता की पहिया कुर्सी

– ...........



सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही। वह सोच रही थी कि आज उसे क्या–क्या काम करने हैं। उसे याद आया कि आज तो बाजार जाना है। सोचते ही उसकी आँखों में चमक आ गई। सुनीता आज पहली बार अकेले बाजार जाने वाली थी।



उसने अपनी टाँगों को हाथ से पकड़ कर खींचा और उन्हें पलंग से नीचे की ओर लटकाया। फिर पलंग का सहारा लेती हुई अपनी पहिया कुर्सी तक बढ़ी। सुनीता चलने–फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती है। आज वह सभी काम फुर्ती से निपटाना चाहती थी। हालाँकि कपड़े बदलना, जूते पहनना आदि उसके लिए कठिन काम हैं। पर अपने रोजाना के काम करने के लिए उसने स्वयं ही कई तरीके ढूँढ निकाले हैं।

आठ बजे तक नहा–धो कर तैयार हो गई।



माँ ने मेज पर नाश्ता लगा दिया था। ''माँ अचार की बोतल पकड़ाना'', सुनीता ने कहा।

''अल्मारी में रखी है। ले लो'', माँ ने रसोईघर से जवाब दिया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



सुनीता खुद जाकर अचार ले आई। नाश्ता करते–करते उसने पूछा, ''माँ, बाजार से क्या–क्या लाना है? ''

''एक किलो चीनी लानी है। पर क्या तुम अकेले सँभाल लोगी?''

''पक्का'', सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा ।

सुनीता ने माँ से झोला और रूपए लिए। अपनी पहिया कुर्सी पर बैठकर वह बाजार की ओर चल दी।

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता है। चूँकि आज छुट्टी है इसलिए हर जगह बच्चे खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुनीता थोड़ी देर रूक कर उन्हें रस्सी कूदते, गेंद खेलते देखती रही। वह थोड़ी उदास हो गई। वह भी उन बच्चों के साथ खेलना चाहती थी। खेल के मैदान में उसे एक लड़की दिखी, जिसकी माँ उसे वापिस लेने के लिए आई थी। दोनों एक–दूसरे को टुकुर–टुकुर देखने लगे।





फिर सुनीता को एक लड़का दिखा। उस बच्चे को बहुत सारे बच्चे''छोटे–छोटू'' बुलाकर चिढ़ा रहे थे। उस लड़के का कद बाकी बच्चों से बहुत छोटा था। सुनीता को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगा।

रास्ते में कई लोग सुनीता को देखकर मुस्कुराए, जबकि वह उन्हें जानती तक नहीं थी। पहले तो वह मन ही मन खुश हुई परंतु फिर सोचने लगी,'' ये सब लोग मेरी तरफ भला इस तरह क्यों देख रहे हैं?

खेल के मैदान वाली छोटी लड़की सुनीता को दोबारा कपड़ों की दुकान के सामने खड़ी मिली। उसकी माँ कुछ कपड़े देख रही थी।

''तुम्हारे पास यह अजीब सी चीज क्या है?'' उस लड़की ने सुनीता से पूछा।

'' यह तो बस एक ........., '' सुनीता जवाब देने लगी परंतु उस लड़की की माँ ने गुस्से में आकर लड़की को सुनीता से दूर हटा दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''इस तरह का सवाल नहीं पूछना चाहिए फरीदा। अच्छा नहीं लगता।'' माँ ने कहा ।

''मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ'' सुनीता ने दुखी होकर कहा। उसे फरीदा की माँ का व्यवहार समझ में नहीं आया।

अंत में सुनीता बाजार पहुँच गई। दुकान में घुसने के लिए उसे सीढ़ियों पर चढ़ना था। उसके लिए यह कर पाना बहुत मुश्किल था। आसपास कि सब लोग जल्दी में थे। किसी ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

अचानक जिस लड़के को ''छोटू'' कहकर चिढ़ाया या रहा था वह उसके सामने आकर खड़ा हो गया।

''मैं अमित हूँ'' उसने अपना परिचय दिया'', क्या मै तुम्हारी कुछ मदद करूँ?''

''मेरा नाम सुनीता है'', सुनीता ने राहत की साँस ली और मुस्कुराकर बोली,'' पीछे के पैडिल को पैर से जरा दबाओगे?''

''हाँ, हाँ जरूर कहते हुए अमित ने पहिया–कुर्सी को टेढ़ा करके उसके अगले पहियों को पहली सीढ़ी पर रखा। फिर उसने पिछले पहियों को भी ऊपर चढ़ाया। सुनीता ने अमित को धन्यवाद दिया और कहा,'' अब मैं दुकान तक खुद पहुँच सकती हूँ।''



दुकान में पहुँचकर सुनीता ने एक किलो चीनी माँगी। दुकानदार उसे देखकर मुस्कराया। चीनी की थैली पकड़ने के लिए उसने हाथ आगे बढ़ाया ही था कि दुकानदार ने थैली उसकी गोदी में रख दी। सुनीता ने गुस्से से कहा ,'' मैं भी दूसरों की तरह खुद अपने आप सामान ले सकती हूँ।''

उसे दुकानदार का व्यवहार बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। चीनी लेकर सुनीता और अमित बाहर निकले।

''लोग मेरे साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि मैं कोई अजीबोगरीब लड़की हूँ।'' सुनीता ने कहा ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''शायद तुम्हारी पहिया कुर्सी के कारण ही वे ऐसा व्यवहार करते हैं।'' अमित ने कहा।

''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती। इस पहिया कुर्सी के पहियों को घुमाकर ही मैं चल–फिर पाती हूँ लेकिन फिर भी मैं दूसरे बच्चों से अलग नहीं हूँ। मैं वे सारे काम कर सकती हूँ जो दूसरे बच्चे कर सकते हैं'' सुनीता ने कहा।

अमित ने अपना सिर ना में हिलाया और कहा,'' मैं भी वे सारे काम कर सकता हूँ जो दूसरे बच्चे कर सकते हैं। पर मैं भी दूसरे बच्चों से अलग हूँ। इसी तरह तुम भी अलग हो।''

सुनीता ने कहा, '' नहीं! हम दोनों दूसरे बच्चों जैसे ही हैं।''

अमित ने दोबारा अपना सिर ना में हिलाया और कहा, '' देखो तुम पहिया कुर्सी पर बैठकर चलती हो। मेरा कद बहुत छोटा है। हम दोनों ही बाकी लोगों से कुछ अलग है।''

सुनीता कुछ सोचने लगी। उसने अपनी पहिया कुर्सी आगे की ओर खिसकाई। अमित भी उसके साथ–साथ चलने लगा।

सड़क पार करते समय सुनीता को फरीदा फिर नजर आई। इस बार फरीदा ने कोई सवाल नहीं पूछा। अमित झट से सुनीता की पहिया कुर्सी के पीछे चढ़ गया। फिर दोनों पहिया –कुर्सी पर सवार होकर तेजी से सड़क पर आगे बढ़े। फरीदा भी उनके साथ–साथ दौड़ी । इस बार भी लोगों ने उन्हें घूरा परन्तु अब सुनीता को उनकी परवाह नहीं थी।



**कहानी से**

1. सुनीता को सब लोग गौर से क्यों देख रहे थे ?
2. सुनीता को दुकानदार का व्यवहार क्यों बुरा लगा?

**मजेदार**

सुनीता को सड़क की जिंदगी देखने में मजा आता हैं।

(क) तुम्हारे विचार से सुनीता को सड़क देखना अच्छा क्यों लगता होगा?

(ख) अपने घरा के आसपास की सड़क को ध्यान से देखों और बताओं –

1. तुम्हें क्या–क्या चीजें नजर आती हैं?
2. लोग क्या–क्या करते हुए नजर आते है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## मनाही

फरीदा की माँ ने कहा, " इस तरह के सवाल नहीं पूछने चाहिए।"

फरीदा पहिया कुर्सी के बारे में जानना चाहती थी पर उसकी माँ ने उसे रोक दिया।

1. माँ ने फरीदा को क्यों रोक दिया होगा?

2. क्या फरीदा को पहिया कुर्सी के बारे में नहीं पूछना चाहिए था? तुम्हें क्या लगता है?

3. क्या तुम्हें भी कोई काम करने या कोई बात कहने से मना किया जाता है? कौन मना करता है? कब मना करता हैं?

## मै भी कुछ सकती हूँ

(क) यदि सुनीता तुम्हारी पाठशाला में आए तो उसे किन–किन कामों में परेशानी आएगी?

(ख) उसे यह परेशानी न हो इसके लिए अपनी पाठशाला में क्या तुम कुछ बदलाव कर सकते हो?

## प्यारी सुनीता

सुनीता के बारे में पढ़कर तुम्हारे मन में कई सवाल और बातें आ रही होंगी। वे बातें सुनीता को चिट्ठी लिखकर बताओ।

..................................................

..................................................

..................................................

प्रिय सुनीता,......

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

तुम्हारी

..................................................

..................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कहानी से आगे

सुनीता ने कहा, ''मैं पैरों से चल ही नहीं सकती।''

(क) सुनीता अपने पैरों से चल–फिर नहीं सकती। इसी तरह तुमने कुछ ऐसे बच्चो के बारे में पढ़ा होगा जो देख नहीं सकते फिर स्कूल आते हैं किताबें पढ़ लेते हैं

- वे किस तरह की किताबें पढ़ सकते हैं?
- उस तरह की किताबों के बारे में सबसे पहले किसने सोचा?

(ख) तुम आस–पास कुछ ऐसे लोगों के बारे में भी बात की गई है जो सुन–बोल नहीं सकते हैं।

- क्या तुम ऐसे किसी बच्चे को जानते हो जो सुन–बोल नहीं सकता?
- तुम उसे किस तरह से अपनी बात समझाते हो?

## मेरा आविष्कार

सुनीता जैसे कई बच्चे हैं। इनमें से कुछ देख नहीं सकते तो कुछ बोल या सुन नहीं सकते। कुछ बच्चों के हाथों में परेशानी है, तो कुछ चल नहीं सकते।

तुम ऐसे ही किसी एक बच्चे के बारे में सोचो। उसके परेशानियों एवं चुनौतियाँ भी सोचो। उस चुनौती का सामना करने के लिए तुम क्या आविष्कार करना चाहोगे? उसके बारे में सोचकर बताओ कि

- तुम वह कैसे बनाओगे?
- उसे बनाने के लिए किन चीज़ों की ज़रूरत होगी?
- वह चीज़ क्या–क्या काम कर सकेगी?
- उस चीज़ का चित्र भी बनाओ।

5CREBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–11

# महामानव

— अनवार आलम

इस कहानी के द्वारा महापुरुषों की पहचान बताने का प्रयास किया गया है। महापुरुष चमत्कार या अलौकिक कार्यों के करने से ही नहीं बनते बल्कि वे अपने जीवन में आनेवाले छोटे–छोटे अवसरों पर किए गए कार्यों से अपनी महानता स्थापित करते हैं। इस पाठ में हजरत मोहम्मद की महानता का प्रसंग पढ़ो।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** क्रिया शब्द, विशेषण से संज्ञा शब्द बनाना, पुनरुक्त शब्दों का प्रयोग, उत्तर पढ़कर उन पर प्रश्न बनाना, विलोम शब्द।

आज से लगभग चौदह सौ साल पहले की बात है। अरब के नखलिस्तान में एक गरीब बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। बहुत–सी लकड़ियाँ इकट्ठी हो जाने पर उसने उनका एक गट्ठा बना लिया। गट्ठा काफी वजनी था। निरंतर प्रयत्नों के बाद भी उस गट्ठे को बुढ़िया अपने सिर पर नहीं उठा पाई। हताश होकर सहायता के लिए इधर–उधर देखने लगी किन्तु उसे दूर–दूर तक कोई नज़र नहीं आया। लंबे समय के पश्चात् सामने से एक अजनबी आता हुआ दिखाई दिया।

बुढ़िया ने उसे सहायता के लिए पुकारा, ''बेटा! जरा हाथ लगाकर यह गट्ठा मेरे सिर पर रख दे। लकड़ियाँ अधिक हो गई हैं जिसके कारण मैं अकेली इसे उठा नहीं पा रही हूँ। मेरी सहायता कर। अल्लाह तेरा भला करेगा।''

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''अम्माँ! तू तो बहुत कमजोर है; इतना बड़ा गट्ठा कैसे उठा पाएगी? मैं भी शहर की ओर जा रहा हूँ; ला, इसे मैं उठा लेता हूँ। '' बुढ़िया के बार–बार मना करने पर भी राहगीर ने लकड़ियों का गट्ठा अपने कंधे पर उठा लिया और बुढ़िया के साथ–साथ चलने लगा। बुढ़िया उसे दुआएँ देने लगी, "बेटा! अल्लाह तुझे इस उपकार का फल अवश्य देगा।''

राहगीर ने विनम्रता से कहा, ''अम्माँ! इसमें उपकार की क्या बात है? यह तो हमारा मानवीय कर्त्तव्य है कि हम बूढ़े, कमजोर और लाचार लोगों की सहायता करें। कर्त्तव्य को उपकार कहकर मुझे शर्मिंदा मत कर।''

**शिक्षण–संकेत–** महान् व्यक्तियों के जीवन–चरित पढ़ने, जानने पर एक बात अवश्य स्पष्ट होती है कि जो व्यक्ति जितना महान् होता है वह उतना ही सरल होता है। उसके व्यक्तित्व में उतनी ही सादगी होती है। राम, कृष्ण या ईसामसीह से लेकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी या हमारे पूर्व राष्ट्रपति कलाम। सभी के व्यक्तित्व में सादगी और व्यवहार में सरलता मिलती है। इनके व्यक्तित्व के इन गुणों की चर्चा करते हुए इस पाठ का अध्यापन करें। अन्य महापुरुषों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का भी उल्लेख करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



राहगीर की बातें सुनकर बुढ़िया गद्‌गद्‌ हो उठी। उसने ममता भरे स्वर में कहा, ''तुम बहुत भले आदमी हो। तुम्हारे विचार कितने अच्छे हैं। बेटा! तुम इस शहर के रहनेवाले नहीं लगते। क्या कहीं बाहर से आए हो?''

राहगीर ने उत्तर दिया, "हाँ अम्मा! अभी कुछ दिन पहले ही इस शहर में आया हूँ।"

"बेटा! तुम इस शहर में नए हो, शायद तुम्हें मालूम नहीं होगा, आजकल हमारे शहर में एक जादूगर आया हुआ है, जो बड़ा खतरनाक है। लोग कहते हैं उसने यहाँ के बहुत–से लोगों को अपने कब्जे में कर लिया है। तुम बड़े भले और दयावान व्यक्ति हो, इसलिए मैं तुम्हें सचेत कर रही हूँ। उस जादूगर से बचकर रहना। कहीं वह तुम्हें भी अपना गुलाम न बना ले।"

''अम्माँ! क्या तूने उसे देखा है'', राहगीर ने विनम्रतापूर्वक उस बुढ़िया से पूछा। बुढ़िया ने कहा, ''नहीं, मैंने उसे नहीं देखा, लेकिन लोगों से उसके बारे में बहुत सुना है।'' बुढ़िया अपनी धुन में कहती चली जा रही थी। ''जानते हो उस जादूगर का नाम क्या है?'' राहगीर ने कहा, "नहीं, मुझे नहीं मालूम।" बुढ़िया ने बताया, ''उसका नाम मोहम्मद है। वह एक बहुत बड़ा जादूगर है; उससे जो भी मिलता है, वह उसका गुलाम बन जाता है। तुम उससे हमेशा बचकर रहना।'' राहगीर शांत मन से उसकी बातें सुनता रहा।

इस तरह बातें करते–करते वे दोनों शहर तक आ गए। शहर में चारों ओर बड़ी चहल–पहल थी। राहगीर अपने कंधे पर लकड़ी का गट्‌ठा उठाए चुपचाप उस बुढ़िया के साथ चल रहा था। रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे। चलते–चलते एक मोड़ पर बुढ़िया का घर आ गया। बुढ़िया ने कहा, ''बस वो सामनेवाला ही मेरा मकान है।'' राहगीर ने मकान के सामने लकड़ी का गट्‌ठा उतार दिया और बुढ़िया से जाने की अनुमति माँगी।

बुढ़िया ने उस सहायता करनेवाले, दयालु राहगीर को ढेर सारी दुआएँ देते हुए कहा, ''मैं भी कितनी मूर्ख हूँ। इतना लंबा रास्ता तय कर लिया, सारी बातें कर लीं, लेकिन अब तक तुम्हारा नाम नहीं पूछा। बेटा! जाते–जाते अपना नाम बताते जाओ।"

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''रहने दे अम्माँ! मेरा नाम जानकर क्या करेगी? मेरा नाम सुनकर तेरा विश्वास टूट जाएगा।'' बुढ़िया ने हठ करते हुए कहा, ''नहीं, तुम्हें अपना नाम बतलाना ही पड़ेगा।'' बुढ़िया के बहुत आग्रह करने पर राहगीर ने कहा, ''तो सुन, मेरा ही नाम मोहम्मद है। मैं वही आदमी हूँ जिसे तू जादूगर, निर्दयी और न जाने क्या–क्या समझती है।''

इतना सुनते ही बुढ़िया अवाक्‌ रह गई। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि यह सब क्या हो गया। जिसे वह क्या समझती थी, वह क्या निकला? लज्जा से उसका मस्तक झुक गया। वह राहगीर से क्षमा–याचना करने लगी।

राहगीर ने उसे सांत्वना देते हुए कहा, "अम्माँ! अज्ञानतावश कही गई बातों पर लज्जित होने की आवश्यकता नहीं है। अल्लाह बहुत बड़ा है। उस पर विश्वास कर, वो ही क्षमा करने वाला है। वह बड़ा रहमदिल है, सबका पालनेवाला है। उस पर भरोसा रख।'' इतना कहते हुए राहगीर आगे बढ़ गया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बुढ़िया उसे श्रद्धा और स्नेह भरी निगाहों से अपलक देखती रही। उसे क्या मालूम था कि उसकी सहायता करनेवाले और कोई नहीं स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्त्तक हज़रत मोहम्मद थे। वह लज्जा और पश्चाताप की पीड़ा से तड़प उठी और अल्लाह से क्षमा–याचना करने लगी।

## शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(बोल न पाना, अनजान या बिना जान पहचानवाला, बिना पलक झपकाए)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हताश | – | निराश | राहगीर | – | रास्ते पर चलनेवाला व्यक्ति |
| सांत्वना | – | दिलासा | अजनबी | – | ...................................... |
| अवाक | – | ...................... | अपलक | – | ...................................... |
| रहमदिल | – | दयालु | प्रवर्त्तक | – | आरंभ करनेवाला |

**टिप्पणी: नखलिस्तान–** मरुस्थली प्रदेश में स्थित हरा–भरा स्थल जहाँ पेड़–पौधे उगते हैं।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. नखलिस्तान में गरीब बुढ़िया क्या कर रही थी ?

प्रश्न 2. बुढ़िया की सहायता करनेवाला कौन था ?

प्रश्न 3. बुढ़िया गट्ठा सिर पर क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

प्रश्न 4. बुढ़िया राहगीर के बारे में पहले से जानती तो क्या वह उसकी सहायता लेती? यदि हाँ तो क्यों और नहीं तो क्यों ?

प्रश्न 5. राहगीर ने लकड़ी का गट्ठा क्यों उठाया ?

प्रश्न 6. बुढ़िया ने राहगीर से कहा, "बेटा! अल्लाह तुम्हें इस उपकार का फल अवश्य देगा! बुढ़िया किस उपकार की बात कह रही थी?

प्रश्न 7. बुढ़िया ने राहगीर से किससे बचकर रहने के लिए कहा और क्यों?

प्रश्न 8. लेखक ने राहगीर को किन गुणों के कारण महामानव कहा है?

प्रश्न 9. "रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे।" रास्ता चलनेवाले अचरज से उन्हें क्यों देख रहे थे?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

- कक्षा को दो समूहों में बाँटकर दोनों समूहों से परस्पर शब्दों के अर्थ पूछने व उन्हें वाक्यों में प्रयोग करने की गतिविधि कराएँ।

**प्रश्न 1. 'बुढ़िया' की जगह अगर 'बूढ़ा' हो तो लिखो कि क्या बदलाव होगा? पाठ से ऐसे पाँच वाक्य चुनकर बदलो। उदाहरण देखो–**

| पाठ में क्या वाक्य था? | बदलकर क्या वाक्य बना |
|---|---|
| बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। | बूढ़ा घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रहा था। |

- इन वाक्यों को पढ़ो–

रोटी गरम है, कैसे खाऊँ?

उफ! कितनी गरमी है, जरा हवा तो कर दो।

ऊपर के पहले वाक्य में 'गरम' शब्द का प्रयोग है और दूसरे वाक्य में 'गरमी' का। 'गरम' से ही 'गरमी' शब्द बना है। पहले वाक्य में 'गरम' शब्द विशेषण है जो 'रोटी' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'गरमी' संज्ञा शब्द है।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों में 'उपयोग' संज्ञा और 'उपयोगी' विशेषण है। इसी प्रकार इन शब्दों में से संज्ञा और विशेषण छाँटकर लिखो–**

उपयोग, परिश्रमी, किसानी, किसान, उपयोगी, परिश्रम,।

**प्रश्न 3. इसी प्रकार नीचे लिखे शब्दों से संज्ञा शब्द बनाओ और उन्हें अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।**

बहादुर, सर्द, खराब, नरम।

### समझो

- 'कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।' इस वाक्य में 'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। अब इस वाक्य को पढ़ो–

कश्मीरी सेव बहुत प्रसिद्ध हैं।

'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा से 'कश्मीरी' विशेषण बना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4.** इन व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से विशेषण बनाओ। जयपुर, बिहार, इस्लाम, छत्तीसगढ़, जगदलपुर।

**प्रश्न 5.** पाठ में आए निम्नलिखित पुनरुक्त शब्दों को समझो और उनसे एक–एक वाक्य बनाओ।

दूर–दूर, साथ–साथ, करते–करते, चलते–चलते, बार–बार, जाते–जाते।

**प्रश्न 6.** नीचे कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। इन उत्तरों के प्रश्न क्या होंगे? लिखो।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| ........................................................ | मैं घर जा रहा हूँ। |
| ........................................................ | हां मुझे भूख लगी है। |
| ........................................................ | मेरे एक भाई और एक बहिन है। |
| ........................................................ | हम बस से बस्तर जाएँगे। |
| ........................................................ | मेरे पास तुम्हारी किताब नहीं है। |
| ........................................................ | हां मैने हाथ धो लिए हैं। |

- शब्द के पहले 'अ' लगाकर शब्द का विलोम बनाया जाता है, जैसे पलक–अपलक।

**प्रश्न 7.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से वे शब्द चुनकर लिखो जिनमें 'अ' इस अर्थ में न लगा हो– असहयोग, असहाय, अलग, अर्थात्, अलौकिक, अनेक।

(ख) ऐसे ही दोनों प्रकार के दो–दो शब्द खोजो और लिखो।

## रचना

- इस पाठ में जादूगर के बारे में जो बातें बुढ़िया ने कही, वे सब अफवाहों से सुनी–सुनाई थीं। अफवाहों से प्रायः लोगों में गलत प्रचार होता है। ऐसी किसी एक अफवाह के संबंध में लिखो।

- तुम्हारे गाँव में या आस–पास ऐसा कोई व्यक्ति है जो दूसरों की भलाई के काम करता हो उसके बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।

5DA6F3

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5DJ2GQ

पाठ–12

# गुंडाधूर

– लेखक मंडल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल नगरों तक ही सीमित नहीं था; बस्तर के अनपढ़, शोषित आदिवासियों के द्वारा अँग्रेज शासकों के विरुद्ध किया गया विद्रोह 'भूमकाल' इसका साक्षी है। गुंडाधूर इस विद्रोह के नायक थे। आदिवासियों के स्वाभिमान के प्रतीक गुंडाधूर को न केवल बस्तर बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उन्हीं क्रांतिवीर गुंडाधूर की बलिदान–गाथा हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों एवं मुहावरों के प्रयोग, सर्वनाम, उपसर्ग एवं प्रत्यय।

छत्तीसगढ़ का दक्षिणी भाग 'बस्तर' प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ की कल–कल करती नदियाँ, झर–झर बहते झरने, मनोरम पर्वत मालाएँ तथा सुमधुर स्वर में चहकते वन–पक्षियों की आवाजें आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देने के लिए पर्याप्त हैं। 'बस्तर' को अपने भोले–भाले आदिवासियों की निश्छल मुस्कान के लिए भी जाना जाता है। ये बड़े ही सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय और धैर्यवान भी होते हैं। अपनी सरलता और भोलेपन के कारण ये अक्सर शोषण का शिकार होते रहे हैं। सामान्यतः शांत रहनेवाले ये लोग कभी–कभी उकसाए जाने पर शत्रु को करारा जवाब भी देते हैं। हम तुम्हें एक प्रसंग तब का बता रहे हैं, जब बस्तर के लोगों ने तत्कालीन शासन व्यवस्था के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह कर दिया था।

1909–1910 की घटना है। उस समय 'बस्तर' में रुद्रप्रताप देव राज करते थे। यद्यपि 1903 में ही वे बालिग हो गए थे, पर ब्रिटिश शासन ने 1908 में उन्हें शासक घोषित किया और वहाँ अपना एक दीवान नियुक्त कर दिया। यह दीवान था बैजनाथ पंडा, जो अँग्रेजों का पिट्ठू था। वह अपने बेतुके आदेशों से प्रजाजन की मुश्किलें बढ़ा देता, उनका मनमाना शोषण करता और उन पर अत्याचार करता था। राज–परिवार के लोगों में से राजा के चाचा लाल कालेंद्र सिंह और राजा की सौतेली माँ, सुवर्ण कुँवर, जनता में काफी लोकप्रिय थे। वे भी अँग्रेजों के शोषण और दीवान बैजनाथ पंडा की कुटिल नीतियों से त्रस्त थे।

**शिक्षण–संकेत–**शिक्षक कथा–कथन की शैली में बच्चों को भूमकाल आंदोलन तथा गुंडाधूर के व्यक्तित्व पर जानकारी दें। 1857 की क्रांति के संबंध में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि क्रांति के बाद अँग्रेजों के विरुद्ध जो वातावरण निर्मित हुआ, उसने कई स्थानों पर विद्रोहों को जन्म दिया। अलग–अलग समय पर अलग–अलग सशस्त्र संघर्ष होते रहे। इन्हीं में से एक था, छत्तीसगढ़ के दक्षिण में वनाच्छादित आदिवासी बहुल क्षेत्र–बस्तर का 'भूमकाल' विद्रोह। बच्चों को अँग्रेजी शासन के विरुद्ध चले विभिन्न आंदोलनों का परिचय दें। छत्तीसगढ़ के वीर नारायण सिंह और गुंडाधूर जैसे आदिवासी क्रांतिकारियों के जीवन और कार्यों की जानकारी छात्रों को देते हुए इस पाठ का अध्यापन करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर ही आधारित थी। वन से प्राप्त वस्तुओं से ही वे जीवन यापन करते थे। वन पर उनका ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण वन पर उनका अधिकार सीमित हो गया। वे अपनी आवश्यकता की छोटी–छोटी वस्तुओं के लिए भी तरसने लगे। जंगल से दातौन और पत्तियाँ तक तोड़ने के लिए उन्हें सरकारी अनुमति लेनी पड़ती। इधर रियासत के अधिकारी और कर्मचारी प्रजाजन से दुर्व्यवहार करते थे और उन्हें राजा से मिलने नहीं देते थे। व्यापारी, सूदखोर और शराब ठेकेदार लोगों का बहुत शोषण करते थे। यह सब दीवान बैजनाथ पंडा की नीतियों और आदिवासियों के भोलेपन के कारण हो रहा था।

धीरे–धीरे जनता में असंतोष पनपने लगा। 1909 में जनता ने लाल कालेंद्र सिंह और रानी सुवर्ण कुँवर के साथ एक सम्मेलन किया। वे हजारों की संख्या में इंद्रावती नदी के तट पर एकत्र हुए। उनके हाथों में धनुष–बाण, भाले एवं फरसे थे। सभी ने इस सम्मेलन में यह संकल्प लिया कि वे दीवान बैजनाथ पंडा और अँग्रेजों के दमन और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करेंगे और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से एक उत्साही युवक, 'गुंडाधूर' को विद्रोह का नेता चुना गया। गुंडाधूर नेतानार गाँव का रहने वाला था। वह निडर, साहसी और सत्यवादी था। आदिवासियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए किसी से भी टकरा जाने का साहस उसमें था।



गुंडाधूर ने नेतृत्व सँभालते ही विद्रोह के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इस विद्रोह को स्थानीय बोली में 'भूमकाल' कहा गया। इस विद्रोह का संदेश आम की टहनियों में मिर्च बाँधकर गाँव–गाँव में भेजा जाता था। स्थानीय लोग इसे 'डारा–मिरी' कहते थे। गाँव–गाँव में लोग इस 'डारा–मिरी' का बड़े उत्साह से स्वागत करते। गुंडाधूर की संगठन–क्षमता अद्भुत थी। कुछ ही दिनों में हजारों बस्तरवासी इस 'भूमकाल' आंदोलन से जुड़ गए। गुंडाधूर ने अँग्रेजों, शोषक व्यापारियों, सूदखोरों, सरकार के पिट्ठू अधिकारियों, कर्मचारियों को सबक सिखाने की रूपरेखा बनाई। गुंडाधूर की योजना के अंतर्गत अँग्रेजों के संचार साधनों को नष्ट करना, सड़कों पर बाधाएँ खड़ी करना, थानों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों को लूटना और उनमें आग लगाना शामिल थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2 फरवरी 1910 को सबसे पहले बस्तर में इस ऐतिहासिक 'भूमकाल' की शुरुआत हुई। बस्तर का पुसवाल बाजार सबसे पहले लूटा गया। एक भूचाल–सा आ गया। पुलिस थाने लूटे गए, शोषकों को मारा गया और जंगल विभाग के कार्यालय नष्ट कर दिए गए। इस विद्रोह की आग देखते–ही–देखते पूरे बस्तर में फैल गई। राजा ने इस विद्रोह की सूचना अँग्रेजों को दे दी। अँग्रेज सरकार ने इस विद्रोह को कुचलने के लिए मेजर जनरल गेयर तथा डीब्रे को 500 सशस्त्र सैनिकों के साथ बस्तर भेजा। क्रांतिकारियों ने अँग्रेज सैनिकों को घेर लिया। एक तरफ धनुष–बाण, भालों और फरसों से लैस भूमकालिए थे तो दूसरी ओर अँग्रेज और उनके बंदूकधारी सैनिक। अँग्रेज सैनिकों ने गोलियाँ चलाईं जिनसे पाँच क्रांतिकारी मारे गए, पर विद्रोह अन्य स्थानों पर भी फैल गया। गुंडाधूर और उसके सहयोगी–लाल कालेंद्र सिंह, रानी सुवर्ण कुँवर, बाला प्रसाद, नरसिंह तथा दुलार सिंह–विद्रोह की आग को हवा दे रहे थे। वे क्रांतिकारियों के प्रेरणा–स्रोत थे।

डोंगरगाँव, अलनार तथा अन्य कई स्थानों पर चली इसी तरह की मुठभेड़ों में लगभग पाँच सौ क्रांतिकारी मारे गए।



एक बार स्थिति यहाँ तक पहुँची कि सैकड़ों साथियों के साथ गुंडाधूर ने मेजर गेयर को घेर लिया। वह आत्मसमर्पण के लिए भी तैयार हो गया पर सोनू माँझी नाम के एक लालची व्यक्ति ने अपने ही भाइयों के साथ विश्वासघात किया। उसने सभी क्रांतिकारियों को विश्वास में लेकर उन्हें इतनी शराब पिला दी कि वे बेसुध हो गए। 'अलनार' के मैदान में राग–रंग में डूबे इन लोगों को अँग्रेजों की सेना ने घेर लिया और गोलियाँ चलाईं। सैकड़ों लोग मारे गए। पकड़े गए लोगों को जगदलपुर के गोल बाजार में इमली के पेड़ पर फाँसी दे दी गई; पर अँग्रेज

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गुंडाधूर की छाया भी न छू सके। वीर गुंडाधूर अपने विश्वासपात्र साथी 'ढिबरीधूर' के साथ सघन वन में गायब हो गया। फिर कभी उसका पता न लग सका।

बस्तर के इतिहास का यह स्वातंत्र्य आंदोलन यद्यपि असफल हो गया, पर इस आंदोलन के जरिए गुंडाधूर ने आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागृत कर दिया। उनके भीतर अपनी मिट्टी, अपने जंगल के प्रति प्रेम भाव जागा और वे देशभक्त बने। उन्हें अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा मिली। इधर लोगों के बदले तेवर देखकर शोषकों के मन में भय उत्पन्न हुआ। शोषक, अत्याचारी अधिकारी, सूदखोर तथा आदिवासियों के भोलेपन का लाभ लेनेवाले अन्य लोग भयभीत हुए और शोषण में कमी आई। यह सब गुंडाधूर और उसके विद्रोह 'भूमकाल' के कारण हो सका। आज भी छत्तीसगढ़ में गुंडाधूर का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। गुंडाधूर को बस्तर का स्वाभिमान कहा जाता है।

## शब्दार्थ

शब्दार्थ में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(तैयार, सामूहिक विरोध, धोखा देना, कठोरता से दबाना, धीरज रखनेवाला)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्कपट | – | कपट रहित | धैर्यवान | – | ...................... |
| शोषक | – | शोषण करनेवाला | सशस्त्र | – | हथियार सहित |
| कुटिल | – | टेढ़ा | पिट्ठू | – | खुशामदी, समर्थक |
| आगंतुक | – | आनेवाला | दमन | – | ...................... |
| विद्रोह | – | ...................... | विश्वासघात | – | ...................... |
| बेसुध | – | बेहोश | राग–रंग | – | मनोरंजन |
| तत्पर | – | ...................... | | | |
| सूदखोर | – | ब्याज का व्यवसाय करनेवाला | | | |
| शोषण | – | किसी के श्रम या व्यापार से अनुचित लाभ उठाना। | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. आदिवासियों के विद्रोह का क्या नाम था?

प्रश्न 2. आदिवासियों का विद्रोह छत्तीसगढ़ के किस क्षेत्र में हुआ?

प्रश्न 3. बैजनाथ पंडा कौन था? लोग उससे असंतुष्ट क्यों थे?

प्रश्न 4. आदिवासियों के प्रेरणास्रोत कौन–कौन थे?

प्रश्न 5. 'भूमकाल आंदोलन' का क्या असर हुआ?

प्रश्न 6. अगर सोनू माँझी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 7. आदिवासियों ने यदि धनुष–बाण की जगह बंदूकों का प्रयोग किया होता तो क्या होता?

प्रश्न 8. आदिवासी जंगल के आसपास रहते है, उन्हें जंगल से क्या–क्या चीजे मिलती है?

प्रश्न 9. केवल नाम लिखो।

क. बस्तर का दीवान
ख. बस्तर के राजा की सौतेली माँ
ग. आम की टहनी और मिर्च का संदेश
घ. विश्वासघाती आदिवासी।

## भाषातत्व एवं व्याकरण

### गतिविधि

श्रुतिलेख की गतिविधि कराएँ और अभ्यासपुस्तिकाओं का बच्चों से परस्पर परीक्षण कराएँ।

दोनों समूह परस्पर शब्दार्थ पूछें और वाक्य प्रयोग करें।

**प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो–**

मंत्रमुग्ध होना, करारा जवाब देना, जड़ से उखाड़ फेंकना, छाया भी न छू सकना, भूचाल आना, टकरा जाना।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम किसके लिए प्रयोग किए गए हैं?**

क. वन पर आदिवासियों का ही एकाधिकार था, पर दीवान बैजनाथ पंडा ने ऐसी नीति अपनाई जिसके कारण उस पर उनका अधिकार सीमित हो गया।

ख. बस्तर के लोग सरल, निष्कपट और ईमानदार होते हैं। ये शांतिप्रिय भी हैं। ये आदिवासी कभी–कभी अपने शत्रुओं को करारा जवाब भी देते हैं।

ग. हम तुम्हें उस समय का प्रसंग बता रहे हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. गांधी जी ने अँग्रेजों से सहयोग करने के स्थान पर .................... करने का निश्चय किया।

ख. रुद्रप्रताप देव 1900 तक .................... थे। बाद में 1903 में बालिग हुए।

ग. शांति के समय .................... की बात करना ठीक नहीं।

घ. आज जिस स्थिति में हैं, पता नहीं .................... क्या स्थिति बने?

- किसी शब्द के पहले जब कोई शब्दांश लगाकर नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'उपसर्ग' कहते हैं, जैसे– 'सुमधुर' शब्द में 'सु' उपसर्ग लगा है।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग छाँटकर लिखो–**

प्रगति, दुर्व्यवहार, अनुमति, बेसुध, निडर, अडिग, असफल, विद्रोह।

- किसी शब्द के अंत में जब कोई शब्दांश लगाकर कोई नया शब्द बनाते हैं तो इस शब्दांश को 'प्रत्यय' कहते हैं। 'धैर्य' शब्द में 'वान' प्रत्यय लगाकर 'धैर्यवान' शब्द बना है।

**प्रश्न 5. (क) नीचे कोष्ठक में कुछ प्रत्यय लिखे हैं। दिए गए शब्दों के साथ इनका प्रयोग कर नए शब्द बनाएँ।**

(ता, पन, ई, वाला, दार, वान, खोर)

भाग्य, मिठाई, लालच, भोला, आवश्यक, सूद, ईमान

इन शब्दों की रचना समझो–

पिट्ठू = ि + प + ट् + ठ + ू, मुश्किल = म + ु + श् + ि + क +ल

विद्रोह = ि + व + द् + र + ो + ह

(ख) आधा 'ट' (ट्) और पूरा ठ मिलाकर बने दो शब्द खोजकर लिखो।

**प्रश्न 6. अब इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों को तोड़कर लिखो–**

विद्यालय, विरुद्ध, स्थिति, प्रयोग, संस्कृत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. इस पहेली में चार क्रांतिकारियों के नाम दिए हैं। दिए गए सूत्रों से इन्हें पहचानो और लिखो।**

**संकेत**

1. बस्तर का क्रांतिकारी
2. काकोरी कांड का क्रांतिकारी
3. झारखंड का क्रांतिकारी
4. पानी के जहाज से कूदकर आया क्रांतिकारी




## रचना

- छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की सूची बनाओ और उनके चित्र एकत्रित करो।

## योग्यता–विस्तार

- इस पुस्तक में लिखी बातों के अलावा आप गुंडाधूर के बारे में और कौन–कौन सी बाते जानते है? उन्हें लिखिए।
- बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर आधारित है। तुम्हारे क्षेत्र के लोगों की आजीविका किस पर आधारित है?

5DSXID

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


SF41FB

पाठ – 13

# lxokjh

[ए कहनी महाभारत ने भीस्म पितामह चो जुधिस्ठिर के सांगलो कहनी आय । ए कहनी ने सांगलोर आसे कि कसन लोग के आपलो संगवारी नाहले मीत बनातोर आय आरू बिपति पड़ले बयरी के बले कसन संगवारी बनातोर आय ।]

गोटोक राने गोटोक खुबे बड़े बोड़ रूख रली। हुन बोड़ रूख चो खेन्दामन गुलाय खुबे लाफी–लाफी ले झपल बनाउ रला। हुन रूखे लाहामन बले खुबे चेगु रला गुने हुता खुबे चड़ई–चिड़ंगुर डेरा बनाउ रला। हुन रूखे लोमस नाव चो गोटक बन–बिलवा बले आपलो पिला–झिला संगे रते रलो। रूख चो जड़ खाले पलित नाव चो गोटक मुसा बले रते रलो।



गोटोक दिने बनवा (रान चो चड़ई आरू पसुमन के धरतो बिता) रान चो नानी–नानी जीवमन के धरतो काजे जाल धरून हुन लगे इलो आरू हुनि बोड़ रूख खाले जाल चो फांदा मंडालो । बन–बिलवा फांदा ने गुथलो मास के खातो लोब करून रूख ले खाले उतरलो आरू फांदा ने लटकलो ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



लोमस बन–बिलवा के फांदा ने लटकलो के दखुन पलित मुसा हरिक होलो । मोचो बयरी आजि फांदा ने लटकलो बलुन आपलो बिल ले निकरलो आरू हुन बले फांदा ने गुथलो मास के रेठ ले खाउक मुरयालो । उदलेदाँय हुन लगे मुसा चो आउर गोटोक बयरी हरिन नाव चो नेवरा अमरलो । हुन बले बोड़ रूख लगे गोटोक बिल ने रते रलो । हुन नेवरा मुसा के धरतो उवाट करते रलो । हुनके दखुन मुसा रूखे चेगतो काजे उपरे दखलो । रूख उपरे मुसा चो आउर गोटोक बयरी चंदर नाव चो कुरवाँ बसु रलो । हुन बले मुसा के धरतो उवाट करते रलो ।

मुसा जमाय बाट ले मस्कुल ने पड़लो । हुनचो दुनो बयरी हरिन नेवरा आरू चंदर कुरवाँ हुनकेय दखते रला ।



मुसा बुद बिता रलो । हुन बिचार करलो – 'एबे मँय आरू ए बन–बिलवा दुनो आपलाहान जीव जातो बिपति ने पड़लुसे । आमि दुनो बयरी आँव । बन–बिलवा के मवका मिरले मोके खाउ आय, मांतर सियानमन बललासे बिपति पड़ले बयरी के बले मीत बनातोर आय बलुन । एके बलुन दखेन्दे, मोचो गोठ के धरेदे कसन जाले ।' असन बिचार करून मुसा बन–बिलवा के बललो – "भाई लोमस बिलवा ! तुय जीव आसिस कसन ? मँय तुचो मीत होउन बलेंसे । तुय मोके नी मारले, मँय तुचो जीव के बचायंदे । आमि दुनो बयरी आँव, मांतर एबे तुय फांदा ने लटकलिसिहिस आरू मोके धरतो काजे नेवरा आरू कुरवाँ टाकसोत। आमि दुनो चो जीव जाउ आय बे ।"

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



लोमस बन–बिलवा तो फांदा ने लटकु रलो, मुसा चो सायता नाहलो जाल ले निकरूक नी सकतो । हुन बललो – ''होय ना तुय नंगत गोठ बलसिस । बिपति पड़लो बेरा बयरी के बले मीत बनातोर आय । मँय तुके केबेय नी मारें, तुय–मँय आजि ले संगवारी आँव, मीत आँव । तुय जसन बलसे, मँय उसने करेन्दे ।''

तेबे पलित मुसा बललो – ''मँय आपलो बिल ने जाउक नी सकें, मोके धरतो काजे हुन हरिन नेवरा टाकलोसे । मँय रूखे बले चेगुक नी सकें । रूखे चंदर कुरवाँ टाकलोसे । मँय तुचो कोरा ने एउन बसेन्दे । तुय मोके बचाव । नेवरा आउर कुरवाँ गेला जाले, मँय जाल के आपलो दात ने काटुन देयंदे, तुय फांदा ले निकरसे । मँय किरया खाउन बलेंसे ।''

मुसा चो ए गोठ के सुनुन बन–बिलवा चो जीव मांडली । हुन हरिक होउन बललो – ''तुय झटके आव मोचो कोरा ने । तुचो असन संगवारी मोके कोन मिरेदे ।''

लोमस बन–बिलवा चो गोठ के सुनुन पलित मुसा चो बले जीव मांडली । हुन तुरते बिलवा चो कोरा ने जाउन बसलो । मुसा गुलाय राति बिलवा चो कोरा ने सोवलो । नेवरा आरू कुरवाँ मुसा के धरतो काजे टाकुन थाकला आरू दुसर सिकार डगराउक गेला ।

पाहा–पाहि बेरा बन–बिलवा मुसा के बललो – ''आले ना ! एदाँय जाल के काटुन देस । फांदा मंडालो बिता बनवा एयसे बे । मुसा मने बिचारलो – 'एबे तो फांदा मंडालो बिता बनवा नी एयसे । मँय एबे जाल के काटले जाले ए बन–बिलवा मोके टप–रे धरून खायदे । ए तो मोचो जनम–बयरी आय । एके कसन पतयाउँ आँय ।' असन बिचारून मुसा बललो – ''एबे फांदा मंडालो बिता चो एतो समया नी होलिसे । हुनचो एतो बेरा जाल के काटेन्दे ।''

मुसा चो गोठ के सुनुन बिलवा बललो – ''मँय तुके बिपति ने बचाले आरू तुय मोके नी बचाइस ।'' मुसा बललो – ''एबे तुके फाबलिसे । एबे जाल के काटले जाले तुय मोके धरसे । हुनि काजे फांदा मंडालो बिता बनवा एतो बेरा जाल के काटेन्दे ।'' बिलवा बललो – ''असन ने तो बेर होयदे आरू मँय धरा पड़ेन्दे । तुय एबे जाल के काट ।''

बिलवा चो अँवल–तँवल होतो के दखुन मुसा जाल के धीरे–धीरे काटुक मुरयालो, मांतर गोटक बरकस डोरी के ए बिचार करून बचाउ रलो कि जमाय जाल के काटले बिलवा हुनके धरेदे । जिदलदाँय फांदा मंडालो बिता बनवा दखा दिलो, तुरते हुन बाचलो डोरी के काटुन दिलो । बनवा के दखुन बिलवा उठुन रूखे चेगलो आरू मुसा पराउन आपलो बिल ने ओललो ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



फांदा मंडालो बिता बनवा एउन आपलो जाल के मुसा कतरलो के दखुन मुंडे हात दिलो आरू फाटलो जाल के धरून जाते गेलो ।

पाछे बन–बिलवा मुसा के खुबे हाक दिलो आव मीत ! दुनो संगे रवाँ बलुन, मांतर मुसा बिलवा लगे फेर केबेय नी गेलो ।

**I Cneu pk ek;u ¼'kCnkFk½**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बन–बिलवा | – | जंगली बिलाव | फांदा | – | फंदा, शिकारी का जाल |
| बनवा | – | शिकारी | नेवरा | – | नेवला |
| कुरवाँ | – | उल्लू | लाहा | – | लता |
| झपल | – | कुंज | बयरी | – | बैरी, शत्रु |
| संगवारी | – | साथी, मित्र | मीत | – | विशेष मित्र |
| ओलला | – | घुसा | मास | – | मांस |
| गुथलो | – | गुँथा हुआ | लाफी–लाफी | – | दूर–दूर |
| खेन्दा | – | शाखा | मस्कुल | – | मुश्किल, कठिन, कठिनाई |
| गुलाय राति | – | पूरी रात | किरया | – | शपथ, सौगंध, कसम |
| कोरा | – | गोद | फाबलिसे | – | फुर्सत मिली है |
| अँवल–तँवल | – | बेचैन | बरकस | – | सुदृढ़, मज़बूत |
| टाकुन | – | प्रतीक्षा कर | थाकला | – | थक गये |
| लोब | – | लोभ | रेठ | – | किनारा |
| जनम बयरी | – | जन्मजात शत्रु (स्वाभाविक रूप से बैरी/शत्रु) | | | |
| जीव मांडली | – | मन स्थिर हुआ, चैन मिला | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## iLu vkmj vH;kl

### ck/k& iLu

गुरजी कक्छा चो पिलामन के दुय कुड़ा ने बाटुन मुखचरन ने प्रस्नोत्तर कराओत ।

आपन बले मुखचरन (मौखिक) ने प्रस्न पुछोत । गुरजी असन प्रस्नमन पुछोत :–

(1) बन–बिलवा चो काय नाव रली ?

(2) बन–बिलवा, मुसा, नेवरा आरू कुरवाँ केंव/काहाँ रते रला ?

### iLu (1) [kky: fy[kyk iLueu pk mRrj fn;k l %&

(क) बिपति पड़लो बेरा काके बले मीत बनातोर आय ?

(ख) मुसा के धरतो काजे कोन–कोन उवाट करू रला ?

(ग) बोड़ रूख खाले कोन फांदा मंडाउ रलो ?

(घ) फांदा ने कोन लटकलो ?

(ङ) मुसा चो कोन–कोन बयरी रला ?

### iLu (2) [kky: fy[kyk iLueu pk mRrj fn;k l %&

(क) मुसा चो काय नाव रली ?

(ख) कुरवाँ चो काय नाव रली ?

(ग) नेवरा चो काय नाव रली ?

(घ) जाल के कोन काटलो ?

(ङ) जाल चो बाचलो बरकस डोरी के काटुन मुसा केंव/काहाँ गेलो ?

(च) बिलवा कोरा ने मुसा के नी बसातो जाले काय होती ?

### iLu (3) dku dkd: cyyk] lkxk %&

(1) तुय मोके नी मारले, मँय तुचो जीव के बचायंदे ।

(2) रूखे चंदर कुरवाँ टाकलोसे । मँय तुचो कोरा ने एउन बसेन्दे ।

(3) मँय तुके बिपति ने बचाले आरू तुय मोके नी बचाइस ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## Hkkl k&rRo vkmj C;kdju

¼d½ xjth , ikB pk nl /kkMh beyk fy[kkvkr vk: vyVu&iyVu ydk&ydheu d tkpd cykr A uh tkuy Ik;rk djkr A

¼[k½ , ikB u bykj fØ;keu d tkuk %&

Hkrdky pk fØ;keu orekudky pk fØ;keu HkfoL;dky pk fØ;keu

रला, गेला, ओललो आँव, पडुसे, बलेंसे बचायंदे, काटेन्दे, बसेन्दे

उपरे लिखलो असन भूतकाल, वर्तमानकाल आरू भविस्यकाल चो आउर क्रिया– मन के ए पाठ नाहले आउर पाठ ले खोजुन लिखा ।

f/k;ku jk[kk %&

- jy क्रिया चो आउर रूप j,,
- jy क्रिया चो आउर रूप jm,
- jfyI क्रिया चो आउर रूप jbI,
- jykI क्रिया चो आउर रूप jgkI@jkgkI,
- jyk@jyh क्रिया चो आउर रूप j,,
- jyk क्रिया चो आउर रूप jgkr@jkgkr@jvkr बले होउ आय ।

SFCHGY

¼x½ , ikB u d,d Bu BIk@BIk&jIk@Bpk&jpk ¼egkojk½ vkIkr] tIu%&

1. जीव मांडतोर (जीव मांडली),
2. अँवल–तँवल होतोर (अँवल–तँवल होतो के दखुन) ।

असने आउर ठसा–रसा/ठेचा–रेचामन आपलो घर चो लोग पुछुन लिखुन आना आरू गुरजी के दखाउन मायने पुछा ।

;kX;rk fcLrkj

गुरजी पिलामन के ठसा (मुहावरा) चो प्रयोग वाक्य ने करूक सिखाओत ।

गुरजी कोनी लोककथा चो मंजार–मंजार चो गोठ सांगोत आरू पिलामन के हुनके आपलाहान मन ले पुरा करूक बलोत । पिलामन चो बिचारतोर सकत बाड़ेदे ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5K6D3J

पाठ–14

# रेशम, चंदन और सोने की धरती – कर्नाटक

– लेखक मंडल

कर्नाटक दक्षिण भारत का एक प्रमुख राज्य है। अपने गौरवशाली इतिहास तथा विशिष्ट संस्कृति के कारण इस राज्य ने देशवासियों का और विदेशियों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। वर्तमान में आधुनिक तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाकर यह भारत का अग्रणी राज्य बन गया है। प्रस्तुत पाठ में कर्नाटक के प्रमुख स्थलों एवं यहाँ के जनजीवन की संक्षिप्त जानकारी दी गई है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन बनाना, वर्तनी शुद्ध करना और पर्यटन स्थल की संक्षिप्त झाँकी प्रस्तुत करना।

दक्षिण भारत में काजू के आकार का एक राज्य है– कर्नाटक। दक्षिण भारतीय चारों राज्यों– आंध्रप्रदेश, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में इसका प्रमुख स्थान है। कर्नाटक के उत्तर में महाराष्ट्र तथा पूर्व में आंध्रप्रदेश है। इसकी दक्षिणी सीमा केरल और तमिलनाडु से जुड़ी है। कर्नाटक की पश्चिमी सीमा गोवा तथा अरब सागर का स्पर्श करती है।

कर्नाटक की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है। उद्योगों की दृष्टि से कर्नाटक भारत का अग्रणी राज्य है। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्योगों के कारण कर्नाटक की पहचान दुनिया भर में हो गई है। यहाँ दूरसंचार, बैंकिंग, इस्पात, सीमेंट, कॉफी, रेशम उद्योग आदि बड़े स्तर पर संचालित हैं। कर्नाटक में सोने की खान कोलार नामक स्थान पर है। कहते हैं कर्नाटक की संपन्नता का कारण सोने की खान, चंदन के वृक्ष और रेशम हैं।

कर्नाटक के वनों में चंदन के वृक्ष बहुत पाए जाते हैं। चंदन की लकड़ी, तेल, इत्र, अगरबत्तियाँ, सुगंधित पाउडर आदि कर्नाटक के चंदन वनों के प्रमुख उत्पाद हैं। कर्नाटक के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में 'बाँदीपुर टाइगर रिजर्व' अत्यंत प्रसिद्ध है। हाथियों के झुण्डों को मस्त–मौला अंदाज में सड़क पार करते या जलस्रोतों के पास क्रीड़ा करते सहज ही देखा जा सकता है। चीतल, बारहसिंगा, तेंदुआ, साँभर सहित कई अन्य वन्यजीव यहाँ पाए जाते हैं।

कर्नाटक के प्रमुख शहरों में बैंगलोर (बंगलुरु), मैसूर, हुबली, बेलगाम तथा मैंगलोर हैं। बैंगलोर कर्नाटक की राजधानी है। यहाँ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) नामक कारखाने में वायुयान बनाए जाते हैं। बैंगलोर में "इसरो" का उपग्रह केंद्र है जो उपग्रहों की

**शिक्षण–संकेत–** अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता है। भारत के सभी राज्यों की भाषा, पहनावा तथा खानपान अलग–अलग हैं, जो इन्हें विशिष्ट बनाते हैं। विभिन्न राज्यों की संस्कृति की चर्चा करें। बच्चों से इस पाठ का एक–एक अनुच्छेद पढ़ने के लिए कहें एवं पठित अंश पर बातचीत करें। प्रसंगानुसार छत्तीसगढ़ की विशेषताओं की भी चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और प्रबंधन करता है। बैंगलोर में उपग्रह प्रक्षेपण का नियंत्रण और परिचालन होता है। बैंगलोर को 'बागों का शहर' कहा जाता है। बैंगलोर का लालबाग बड़ा ही प्रसिद्ध है। वर्ष भर यहाँ फूलों की प्रदर्शनी आयोजित होती रहती है। बगीचे में एक मछलीघर भी है जहाँ अनेक प्रकार की सुंदर मछलियाँ रखी गई हैं। बैंगलोर का 'विधान सौध' अपनी उत्कृष्ट वास्तुकला के कारण जाना जाता है।



लक्ष्मी–विलास महल मैसूर

हुबली और मैंगलोर कर्नाटक के बंदरगाह हैं। मैसूर यहाँ का प्रसिद्ध शहर है। लक्ष्मीविलास मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल है। विशेष अवसरों पर रात में बिजली के हजारों बल्ब जलाकर जब यहाँ प्रकाश किया जाता है, तो पूरा महल अत्यंत ही सुंदर दिखता है। यहाँ का विशाल फिलोमेना गिरजाघर भी देखने योग्य है। यहाँ के चिड़ियाघर का अपना ही आकर्षण है।

मैसूर के पास ही चामुंडी हिल नामक पहाड़ी है जहाँ चामुंडेश्वरी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। पहाड़ी पर ही महिषासुर दैत्य की प्रतिमा है, जिसका यहाँ पर चामुंडेश्वरी देवी ने वध किया था। महिषासुर के नाम पर इस शहर का नाम मैसूर पड़ा। चामुंडी हिल के रास्ते में नंदी की विशाल प्रतिमा है, जिसे एक बड़ी चट्टान को तराशकर बनाया गया है।



चामुंडेश्वरी मंदिर

मैसूर से 20 कि.मी. की दूरी पर 'वृंदावन उद्यान' स्थित है। इसकी शोभा निराली है। सुंदर, रंगीन फूलों और फव्वारों से सजे इस बाग में संगीत की धुन पर नाचते रंगीन फव्वारों को देखने बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। उद्यान के एक ओर कावेरी नदी पर विशाल कृष्णराजसागर बाँध है। मैसूर के पास श्रीरंगपट्टनम एक दर्शनीय स्थल है, जो टीपू सुल्तान की राजधानी था। यहाँ का प्राचीन श्री रंगनाथ मंदिर एवं पुराना किला दर्शनीय हैं।

मैसूर से लगभग 100 कि.मी. की दूरी पर जैन तीर्थ 'श्रवण बेलगोला' में भगवान गोमतेश्वर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बाहुबली की 57 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है, जिसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। गोमतेश्वर जैनियों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली का ही नाम है। बारह वर्षों में एक बार इसका महामस्तकाभिषेक होता है। हंपी में विजयनगर साम्राज्य के अवशेष हैं। यहाँ के विट्ठल स्वामी मंदिर, विरुपाक्ष मंदिर तथा हजारा मंदिर दर्शनीय हैं। हासन में उपग्रह नियंत्रण केन्द्र है।

कर्नाटक के अन्य दर्शनीय स्थलों में जोग प्रपात है, जो भारत का सबसे बड़ा जलप्रपात है। गुलबर्गा, बीजापुर और बीदर में प्राचीन स्मारक हैं। गोकर्ण, उडुपी, धर्मस्थल, मेलुकोट तथा गंगापुर यहाँ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं।

कर्नाटक में पुरुष धोतरा (एक प्रकार की धोती) पहनते हैं और महिलाएँ साड़ी पहनती हैं। महिलाएँ अपने जूड़े में फूलों का गजरा अवश्य लगाती हैं। यहाँ के लोग खाने में चावल और नारियल का प्रयोग अधिक करते हैं। 'सांबर' तथा 'रसम' के साथ चावल खाया जाता है।

मैसूर में दशहरे का उत्सव भारत में सबसे शानदार ढंग से मनाया जाता है। इस दिन राजा की सवारी हाथी पर निकलती है। देश–विदेश से लाखों लोग इस अवसर पर यहाँ जमा होते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर विजयादशमी तक यहाँ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिनमें देश के विख्यात संगीतज्ञ अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

यक्षगान कर्नाटक का प्रसिद्ध लोकनाट्य है, जो पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है और अभिनय के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

कर्नाटक में चंदन की लकड़ी पर की गई दस्तकारी, हाथी–दाँत के खिलौने और अन्य सामग्री बहुत लोकप्रिय हैं। मैसूर के रेशम से बनी साड़ियाँ देश–विदेश में प्रसिद्ध हैं। भारत की गौरव वृद्धि में कर्नाटक का महत्वपूर्ण योगदान है।



वृंदावन उद्यान

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खान | – | खदान | सर्वाधिक | – | सबसे अधिक |
| प्रमुख | – | मुख्य | उत्पाद | – | उपज, बनाई गई वस्तु |
| उन्नति | – | प्रगति, विकास | पौराणिक | – | पुराण संबंधी |
| भव्य | – | शानदार | वास्तुकला | – | भवन निर्माण कला |
| अग्रणी | – | आगे रहने वाला | विख्यात | – | प्रसिद्ध |
| पर्यटक | – | सैलानी, घूमने–फिरने के उद्देश्य से यात्रा करनेवाला | | | |
| दस्तकारी | – | हाथ से किया गया कलात्मक कार्य, हस्तशिल्प | | | |

**टिप्पणी–**

**महामस्तकाभिषेक** – यह जैन धार्मिक प्रक्रिया है जिसमें प्रतिमा को जल, दूध, दही और शहद आदि से स्नान कराते हैं तथा उसकी पूजा कर फल–फूल, तथा बहुमूल्य वस्तुएँ भेंट की जाती हैं।

**इसरो** – भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र, जहाँ अंतरिक्ष संबंधी खोज एवं उपग्रह आदि का निर्माण होता है।

## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. कर्नाटक में सोने की खान कहाँ है?

प्रश्न 2. मैसूर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महल कौन–सा है?

प्रश्न 3. कर्नाटक के प्रसिद्ध लोक नाट्य का नाम क्या है?

प्रश्न 4. बगीचों का शहर' किसे कहा जाता है?

प्रश्न 5. 'श्रवण बेलगोला' में किसकी विशाल प्रतिमा है?

प्रश्न 6. कर्नाटक के सीमावर्ती राज्यों के नाम लिखो।

प्रश्न 7. बैंगलोर के लाल बाग की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 8. बाँदीपुर राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले प्राणियों के नाम लिखो।

प्रश्न 9. वृंदावन उद्यान की विशेषताएँ लिखो।

प्रश्न 10. कर्नाटक के लोगों के भोजन और पहनावे के बारे में लिखो।

प्रश्न 11. मैसूर के दशहरे का वर्णन करो।

प्रश्न 12. 'यक्षगान' क्या है?

प्रश्न 13. कर्नाटक की तीन प्रमुख वस्तुएँ क्या हैं?

प्रश्न 14. अपने क्षेत्र में दशहरा पर्व कैसे मनाया जाता है। वर्णन करो ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रश्न 15. सही जोड़ियाँ मिलाओ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | कृष्णराज सागर | – | खाद्य पदार्थ |
| ख. | गोमतेश्वर बाहुबली | – | टीपू सुल्तान |
| ग. | श्रीरंगपट्टनम | – | श्रवण बेलगोला |
| घ. | यक्षगान | – | कावेरी नदी |
| ङ. | महिषासुर | – | लोकनाट्य |
| च. | रसम | – | बैंगलोर |
| छ. | लालबाग | – | दैत्य |

सोचकर लिखो–

प्रश्न 16. कर्नाटक के इन दर्शनीय स्थलों की तरह छत्तीसगढ़ में कौन–कौन–से दर्शनीय स्थल हैं?

| क्र. | दर्शनीय स्थल | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 1. | पहाड़ी पर स्थित देवी मंदिर | चामुंडेश्वरी देवी का मंदिर | ———————— |
| 2. | एक बड़ा जलप्रपात | जोग प्रपात | ———————— |
| 3. | एक राष्ट्रीय उद्यान | बाँदीपुर | ———————— |
| 4. | प्राचीन विष्णु मंदिर | श्री रंगपट्टनम | ———————— |
| 5. | बहुमूल्य वस्तु की खान | कोलार (सोने की खान) | ———————— |

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1 निम्नांकित शब्दों को शुद्ध कर लिखो।**

उत्पत्ती, आर्कषण, अंतगर्त, भव्यभूमी, दशर्नीय, कनार्टक, आधारीत, नीराली, श्रद्धार्पूवक, उन्नती।

**समझो**

- निम्नलिखित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को ध्यान से पढ़ो। इनके बहुवचन बनाते समय ई (दीर्घ) की मात्रा को इ (ह्रस्व) में बदल देते हैं और अंत में याँ लगाते हैं– जैसे –

मछली – मछलियाँ

तितली – तितलियाँ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 2. निम्नांकित एकवचन स्त्रीलिंग शब्दों को बहुवचन में बदलो।**

लड़की, बेटी, रोटी, पोटली, तकली, बकरी, कटोरी, तरकारी, बीमारी, खिड़की।

## रचना

- 'धान की बालियों से झालर बनाओ और अपनी कक्षा में लगाओ।

## योग्यता–विस्तार

- छत्तीसगढ़ के पर्यटन केंद्रों की एक सूची बनाओ जिसमें यह बताया गया हो कि ये पर्यटन–केंद्र क्यों प्रसिद्ध हैं।
- कर्नाटक एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की जानकारी निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

| मुख्य बिंदु | कर्नाटक | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|
| राजधानी | | |
| पड़ोसी राज्य | | |
| पर्यटन स्थल | | |
| वृक्ष | | |
| शहर | | |
| कारखाना | | |
| तीर्थस्थल | | |
| लोकनॉट्य | | |

5KF957

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5KP56U

पाठ–15

# एक और गुरु–दक्षिणा

– राजे राघव

प्राचीन काल में विद्यार्थी गुरु के आश्रम में रहकर अध्ययन करते थे। गुरु समय–समय पर अपने शिष्यों की बुद्धि की परीक्षा लेते थे। इससे शिष्य के निपुण होने का ज्ञान होता था। शिक्षा पूरी होने पर विद्यार्थी अपने गुरु को स्वेच्छा से गुरु–दक्षिणा देते थे। कभी–कभी गुरु उनकी परीक्षा लेने के लिए भी गुरु दक्षिणा माँग लेते थे। इस कथा में एक अनोखी गुरु–दक्षिणा देने का विवरण हम पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** विशेषण–विशेष्य, क्रिया, सामासिक शब्दों का सामान्य ज्ञान, सारांश लिखना।

एक थे ऋषि। गंगा तट पर उनका आश्रम था; मीलों लंबा–चौड़ा। बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे। आश्रम में अनेक गाएँ थीं। हिरनों के झुंड आश्रम में चौकड़ी मारते, उछलते–कूदते फिरते थे।

ऋषि के शिष्यों में तीन प्रमुख शिष्य थे। तीनों ही अस्त्र–शस्त्र में निपुण, शास्त्र–ज्ञान में पारंगत, बोलचाल में मीठे, स्वभाव में विनम्र, धरती की तरह सहनशील, सागर की तरह गंभीर और सिंह के समान बलशाली थे।

वह पुराना जमाना था। उस समय आश्रम की गद्दी का अधिकारी होना ऐसा ही था, जैसे किसी राज–सिंहासन पर बैठ जाना। राजा स्वयं ऋषि–मुनियों के आगे सिर झुकाते थे।

ऋषि अपने तीनों शिष्यों से बहुत प्रसन्न थे। उन्हें वे प्राणों के समान प्रिय थे। मगर एक समस्या थी। ऋषि काफी बूढ़े हो गए थे। वे चाहते थे कि अपने सामने ही उन तीनों में से किसी एक को आश्रम का मुखिया बना दें। मगर बनाएँ किसे? यह समस्या भी छोटी नहीं थी। तीनों ही एक–से बढ़कर एक आज्ञाकारी थे, योग्य थे और सच्चे अर्थों में मुखिया बनने के अधिकारी थे।

ऋषि सोचते रहे, सोचते रहे। आखिर एक दिन उन्होंने तीनों को अपने पास बुलाया और कहा, ''प्रियवर! तुम तीनों ही मुझे प्रिय हो। मैंने जी–जान से तुम्हें पढ़ाया–लिखाया और अस्त्र–शस्त्र चलाने की शिक्षा दी है। मुझे जो–जो विद्याएँ आती थीं, तुम्हें सब सिखा दीं। अब केवल गुरुमंत्र सिखाना बाकी है। गुरुमंत्र किसी एक को ही बताऊँगा। जिसे गुरुमंत्र बताऊँगा, वही मेरी गद्दी का अधिकारी होगा। मैं तुम तीनों की परीक्षा लेना चाहता हूँ।''

ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर झुका लिया। वे बोले,''गुरुदेव, ऐसा कौन–सा काम

**शिक्षण–संकेत–** गुरुओं का शिष्यों के प्रति तथा शिष्यों का गुरुओं के प्रति व्यवहार पर चर्चा करें। उदाहरण स्वरूप आरुणि/एकलव्य की कथा संक्षेप में बताएँ। इस प्रसंग के साथ बच्चों को पाठ से जोड़ें। बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहें, कहानी पर मौखिक प्रश्नोत्तर करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





है, जो हम आपके लिए नहीं कर सकते?''

ऋषि मुस्कराकर बोले, ''यह मैं जानता हूँ। फिर भी परीक्षा, परीक्षा है। तुम तीनों अलग–अलग दिशाओं में जाओ और अपने श्रम से कमाकर मेरे लिए कोई अद्भुत भेंट लाओ। जिसकी भेंट सबसे अधिक सुन्दर और मूल्यवान होगी, वही गद्दी का अधिकारी होगा। ध्यान रहे, एक वर्ष में वापस आना भी जरूरी है।''

ऋषि की आज्ञा पाकर तीनों शिष्य चल पड़े। वे मन–ही–मन योजनाएँ बनाते चले जा रहे थे। उनमें से एक किसी राजा के पास जा पहुँचा। दरबार में जाकर उसने नौकरी करने की इच्छा प्रकट की। राजा तो ऋषि को जानते ही थे। उनका शिष्य कितना योग्य होगा, यह जानने में भी उन्हें देर न लगी। राजा ने उसे तुरंत अपने यहाँ रख लिया।

दूसरा शिष्य समुद्र पर पहुँचा। वह मछुआरों की बस्ती में गया और उनसे गोता लगाने की विद्या सीखने लगा। कुछ ही दिनों में वह भी कुशल गोताखोर बन गया।

तीसरा शिष्य चलते–चलते एक गाँव में पहुँचा। गाँव उजाड़ था। घर थे, जानवर थे, बच्चे थे, महिलाएँ थीं, मगर पुरुष एक भी नहीं था। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। मालूम पड़ा कि यहाँ अकाल पड़ा है। कई वर्षों से पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। सभी लोग सहायता के लिए राजा के पास गए हैं।

वह सोच में पड़ गया। फिर चल पड़ा अपने रास्ते पर। मगर उसे ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ा। सामने से गाँववालों की भीड़ आ रही थी। वे उदास थे और राजा को बुरा–भला कह रहे थे।

यह जानकर ऋषि के शिष्य को हँसी आ गई। एक राहगीर को हँसता देख गाँववालों को बुरा लगा। वे बोले– ''आप हँसे क्यों?''

''हँसी तो मुझे तुम्हारी मूर्खता पर आ रही है।''

''हमारी मूर्खता पर! अकाल ने हमें तबाह कर दिया है। भूखों मरने की नौबत आ गई है। हम सहायता के लिए राजा के पास गए थे। उसने भी हमारी सहायता नहीं की। आप हमें मूर्ख बता रहे हैं!''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



''हाँ, मैं ठीक कह रहा हूँ। तुम सैकड़ों आदमी मिलकर कुछ नहीं कर सकते, तो राजा अकेला क्या कर लेगा? आदमी सहायता करने के लिए पैदा हुआ है।''

ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए। वे बोले, ''भैया, तुम तो चमत्कारी लगते हो। हम क्या जानें ? चलो, तुम ही हमारे दुखों को दूर कर दो।''

''मैं ही क्यों, तुम स्वयं हाथ उठाओ। कदम बढ़ाओ। हिम्मत से क्या नहीं हो सकता? उठाओ फाल–कुदाल। कुएँ खोदो। प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।'' शिष्य बोला।

''कुएँ ! कुएँ तो गाँव में हैं, मगर सारे सूख रहे हैं। उनमें पानी नहीं, तो नए कुओं में कहाँ से आएगा?'' गाँववाले बोले।

''गाँववालों की बातें सुनकर ऋषि का शिष्य मुस्कराया। वह बोला, ''कुओं को सूखने की स्थिति में किसने पहुँचाया? क्या तुम लोगों ने कभी जल संरक्षण के कोई उपाय किए हैं? तुम सब लेने की धुन में लगे रहे, देने की बात किसी ने नहीं सोची। उसी का फल आज भुगत रहे हो। खैर, सुबह का भूला अगर शाम को घर लौट आए तो वह भूला नहीं कहा जाता। चलो, कुओं को और गहरा करो। पानी जरूर निकलेगा। जमीन पर हरियाली फैलेगी तो बादल भी आकर्षित होंगे। वर्षा होगी तो उसका पानी रोकेंगे।''

गाँववालों की समझ में बात आ गई। दूसरे दिन से गाँववाले कुएँ खोदने में जुट गए। श्रम के मोती पसीना बनकर गिरे, तो भगवान की आँखें भी भीग गईं। कुओं से शीतल जल–धारा फूट पड़ी। सूखी धरती हरियाली की चूनर ओढ़कर फिर से मुस्कराने लगी।

एक गाँव की हालत सुधरी। फिर दूसरे की सुधरी। श्रम और साहस का काफिला आगे बढ़ा। ऋषि का शिष्य गाँव–गाँव जाता। अकाल से लोगों को लड़ना सिखाता। दूर–दूर तक उसका नाम फैल गया। सभी उसे आदमी के रूप में 'देवता' समझने लगे। राजा के कानों तक भी यह बात पहुँची।

ऋषि अपने शिष्यों का इंतजार कर रहे थे। एक दिन पहला शिष्य पहुँचा। उसके साथ हाथी–घोड़े थे। उसने सिर झुकाकर कहा, ''गुरुदेव, देखिए राजा ने मेरी योग्यता से प्रसन्न होकर मुझे हाथी–घोड़े भेंट में दिए हैं।'' ऋषि मुस्कराए और चुप रहे। दूसरे दिन दूसरा शिष्य आया। उसने समुद्र से बहुत सारे बहुमूल्य मोती इकट्ठे किए थे। ऋषि ने मोतियों की पोटली ले ली और एक ओर रख दी। कहा कुछ नहीं।

पूरा वर्ष बीत गया। तीसरा शिष्य नहीं लौटा। दोनों शिष्यों को लेकर ऋषि उसकी खोज में चल पड़े। राजदरबारों में गए, मगर पता नहीं चला। नगरों में ढूँढ़ा, किसी ने कुछ नहीं बताया। रास्ते में शाही पालकी जा रही थी। ऋषि को देखकर पालकी रुक गई। राजा नीचे उतरे। ऋषि को प्रणाम किया। ऋषि ने राजा से कहा, ''राजन्! आपकी प्रजा बहुत सुखी है। चारों ओर लहलहाती फसल खड़ी है। आप भाग्यवान हैं।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





"नहीं ऋषिदेव!, यह प्रताप मेरा नहीं, देवता का है। मेरे राज्य में एक देवता ने जन्म लिया है। मैं देवता के दर्शन करने जा रहा हूँ।" देवता के पैदा होने की बात सुनकर ऋषि भी चकराए। वे भी राजा के साथ चल पड़े।

एक दिन ढूँढ़ते–ढूँढ़ते किसी गाँव में देवता मिल गए। धूल से सने, पसीने से लथपथ, गाँववालों के साथ काम में जुटे थे। राजा चकित रह गया। वह देवता कैसे हो सकता था? वह तो एक साधारण किसान जैसा था। सिर पर न मुकुट था, न गले में स्वर्ण के फूलों की माला। राजा आगे नहीं बढ़ा। चुपचाप खड़ा देखता रहा। मगर ऋषि चिल्लाए, "बेटा सुबंधु! तुम यहाँ? मैं तुम्हें ही ढूँढ़ता फिर रहा था।" कहते हुए ऋषि ने धूल–धूसरित सुबंधु को बाँहों में भर लिया। "क्या मुझे दक्षिणा देने की बात तुम भूल गए हो?" ऋषि ने कहा।

"नहीं गुरु जी! भूल कैसे जाता? मगर अभी काम अधूरा है। इन सारे लोगों के आँसुओं को पोंछना था। आप ही ने तो बताया था, "मनुष्य की सेवा से बढ़कर महान धर्म कोई नहीं है।"

राजा देखते रह गए। ऋषि की आँखें भी नम हो गईं। ऋषि ने भरे गले से कहा, "बेटा! तुमने ठीक ही कहा। तुम्हें सचमुच अब मेरे पास आने की जरूरत नहीं। तुमने इतने लोगों की भलाई करके मेरी दक्षिणा चुका दी है। जो दूसरों के आँसू लेकर उन्हें मुस्कराहट दे दे, वह सचमुच देवता है। तुम देवता से कम नहीं हो।" राजा का सिर सुबंधु के आगे झुक गया।

## शब्दार्थ



निपुण – कुशल
तबाह – नष्ट
राहगीर – रास्ता चलनेवाला
धूलधूसरित – धूल में सने हुए
चौकड़ी भरना – उछलते हुए तेज दौड़ना
गोताखोर – पानी में डुबकी लगानेवाला
पालकी – मनुष्यों द्वारा उठाई जाने वाली सवारी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. ऋषि का आश्रम कैसा था?

प्रश्न 2. गुरु ने शिष्यों की परीक्षा क्यों ली?

प्रश्न 3. ऋषि ने अपने शिष्यों की परीक्षा कैसे ली?

प्रश्न 4. पहला शिष्य कहाँ गया? उसने ऋषि को भेंट में क्या लाकर दिया?

प्रश्न 5. दूसरे शिष्य द्वारा दी गई मोतियों की पोटली का ऋषि ने क्या किया?

प्रश्न 6. ऋषि के तीनों शिष्यों की क्या विशेषताएँ थीं?

प्रश्न 7. सुबंधु ने गाँव में जाकर क्या देखा?

प्रश्न 8. सुबंधु ने गाँववासियों की दशा कैसे सुधारी?

प्रश्न 9. गाँव के लोग सुबंधु को देवता क्यों कहते थे?

प्रश्न 10. गुरु जी ने गुरु–मंत्र पाने का अधिकारी किसे माना? और क्यों?

प्रश्न 11. पहले विद्यार्थी आश्रम में रहकर ही पढ़ाई करते थे। सोंचकर बताओ कि आज भी तुम्हे स्कूल में रहकर ही पढ़ना होता तो क्या होता?

## भाषातत्व और व्याकरण

### गतिविधि

**प्रश्न 1. पाठ को पढ़कर खाली स्थानों में, कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर भरो –**

क. उन्हें वे प्राणों के समान ............... थे। (प्रिय/प्रेम)

ख. राजन्! आप ............................ हैं। (भाग्यवान/भाग्यमान)

ग. आप हमें ............... बता रहे हैं। ( बुद्धिमान/बुद्धिवान)

घ. ऋषि की बात सुनकर तीनों ने सिर ...................। (झुका लिया/पकड़ लिया)

ङ. वह तो एक ................ किसान जैसा था। ( असाधारण/साधारण)

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए खाली स्थानों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द भरो।**

क. सुबंधु की भेंट मूल्यवान थी, पहले शिष्य की भेंट ............................थी।

ख. दिनेश और विनय योग्य थे, सुरेश ...........................था।

ग. यह समस्या छोटी नहीं थी, बहुत ....................थी।

घ. तीनों शिष्य परिश्रमी थे, वे ............... नहीं थे।

ङ. वह पुराना जमाना था, अब .................जमाना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## पढ़ो और समझो–

पाठ में आए निम्नांकित वाक्यों को पढ़ो–

क. बहुत–से शिष्य आश्रम में रहते थे।

ख. रास्ते में शाही पालकी जा रही थी।

ग. राजा नीचे उतरे।

घ. राजा ने उस व्यक्ति को ध्यान से देखा।

ऊपर लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों से हमें किसी–न–किसी कार्य के होने का पता लगता है। **जिन शब्दों से हमें किसी कार्य के होने अथवा करने का पता लगता है, उन्हें 'क्रिया' कहते हैं।** ऊपर के पहले वाक्य में 'रहना', दूसरे वाक्य में 'जाना' तीसरे वाक्य में 'उतरना' और चौथे वाक्य में 'देखना' मूल क्रियाएँ हैं।

**प्रश्न 3. पाठ में से कोई पाँच क्रिया शब्द छाँटकर लिखो।**

**प्रश्न 4. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटो–**

क. सैकड़ों आदमी मिलकर भी कोई काम न कर सके।

ख. ऋषि के शिष्य की बात सुनकर सारे लोग सोच में पड़ गए।

ग. सारे कुएँ सूखे पड़े हैं।

घ. प्यासी धरती की प्यास बुझाओ।

**(ख) दोनों चौकोर में से विशेषण और विशेष्य लेकर सही जोड़े बनाओ।**

| | |
|---|---|
| लहलहाती, साधारण, अधूरा,<br>महान, नम, धूल–धूसरित | आँखें, किसान, फसल,<br>काम, सुबंधु, धर्म |

## समझो

| | | |
|---|---|---|
| गुरु–मंत्र | = | गुरु का मंत्र |
| ऋषि–मुनि | = | ऋषि और मुनि |
| धूल–धूसरित | = | धूल से धूसरित |
| जल–धारा | = | जल की धारा |

**प्रश्न 6. अब नीचे लिखे शब्दों को इसी प्रकार तोड़कर लिखो–**

राज–सिंहासन, लंबा–चौड़ा, गुरु–दक्षिणा, जी–जान, बुरा–भला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## रचना

- 'एक और गुरु–दक्षिणा' कहानी को संक्षेप में अपने शब्दों में लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- अर्जुन के गुरु का नाम द्रोणाचार्य था। इसी प्रकार निम्नलिखित महापुरुषों के गुरुओं के नाम तलाश करो।

  राम , चंद्रगुप्त, कृष्ण, शिवाजी, कर्ण, विवेकानंद, लवकुश।
- इस कहानी को संवाद का रूप देकर अभिनयपूर्वक कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जल संरक्षण संबंधित पोस्टर बनाओ तथा स्लोगन भी लिखो।
- लोगों की भलाई के लिए किया गया कार्य जनहित कहलाता है। अतः दैनिक अखबार पढ़कर पता करो कि किन–किन जगहों पर जनहित के लिए क्या–क्या कार्य हो रहा है?

5KY18H

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5L7HA5

**पाठ–16**

# पत्र

– लेखक मंडल

पत्र द्वारा संदेश भेजने की प्रणाली काफी पुरानी है। यूँ आजकल दूरभाष की सुविधा हो जाने के कारण पारिवारिक पत्र–व्यवहारों में काफी कमी आ गई है, परन्तु दूरभाष पर हम उतनी जानकारी नहीं दे सकते, जितनी पत्र के द्वारा दी जा सकती है। बच्चे और युवा इसीलिए देश के कोने–कोने से तथा विदेशों से भी पत्र–मित्र के माध्यम से अपने मित्र बनाते हैं और अपने–अपने स्थान की जानकारी देते हैं। प्रस्तुत पत्र में एक बालिका ने अपनी सहेली को दिल्ली में मेट्रो रेल की वजह से आए बदलाव की जानकारी दी है।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** एकवचन से बहुवचन बनाना, क्रिया का काल, पत्र–लेखन।

132, सी–1 शाहदरा
दिल्ली
20 नवम्बर 2010

प्रिय मीना,

नमस्ते।

बड़े दिन की छुट्टियाँ होने वाली हैं। तुम कुछ दिनों के लिए दिल्ली अवश्य आना। तुम्हें याद होगा कि पिछले वर्ष हमने कितनी मौज–मस्ती से छुट्टियाँ बिताई थीं। अप्पूघर, चिड़ियाघर, गुड़ियाघर की सैर करने में कितना मजा आया था। हम लाल किला और कुतुबमीनार भी देखने गए थे। याद है, नंदा तो कुतुबमीनार की ऊँचाई देखते–देखते पीछे को ही लुढ़क गई थी। इस साल भी नंदा अपने भाई के साथ आ रही है।

इस बार एक नया आकर्षण तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा है। मेट्रो रेल के बारे में तुमने सुना या पढ़ा ही होगा। अभी तक मेट्रो रेल केवल कोलकाता में ही प्रचलित थी; पर दिल्ली में भी कई क्षेत्रों में चलाई जा रही है। सचमुच मेट्रो रेल में यात्रा करने का आनंद ही कुछ और है। अब मेट्रो रेल का जाल पूरी दिल्ली में बिछाया जा रहा है। इसकी पटरियाँ सड़क से ऊपर खंभों पर (ओवर ब्रिज) बिछाई गई हैं। कहीं–कहीं ये भूमि के नीचे भी हैं। कोलकाता की तरह दिल्ली की मेट्रो रेल पूर्णरूप से भूमिगत नहीं है। साफ–सुथरी दौड़ती तेज गाड़ी में शाहदरा से सफर करते हुए कब कश्मीरी गेट आ जाता है, पता ही नहीं चलता। बसों की धक्का–मुक्की और लंबी कतारों से राहत मिल गई है।

**शिक्षण–संकेत–** पत्र लिखने की आवश्यकता पर कक्षा में चर्चा करें। पत्र का महत्व बताएँ। पत्र के विविध रूप भी बताएँ। आवागमन के नए–नए साधनों की जानकारी देते हुए शहरों में उमड़ रही भीड़ के कारण होने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा करें। पाठ का वाचन करें। कक्षा को कई समूहों में बाँटकर पाठ के अंश पढ़ने को दें और उनका सार बताने को कहें। कुछ अन्य विषयों पर भी पत्र–लेखन कराएँ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मेट्रो रेल के डिब्बे दक्षिण कोरिया से बनकर आए हैं। इसके दरवाजे स्वचालित हैं जो गाड़ी के रुकते ही या चलते ही अपने आप खुल या बंद हो जाते हैं। जगह–जगह मेट्रो रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं जो बहुत सुंदर और सुविधापूर्ण हैं। काउंटर से टिकट या टोकन लेकर ही प्लेटफार्म पर प्रवेश किया जा सकता है और टोकन को एक मशीन में वापस डालकर ही बाहर आया जा सकता है। गाड़ी में प्रत्येक स्टेशन आने से पूर्व उसके नाम की घोषणा की जाती है जिससे यात्रियों को अपने निश्चित स्टेशन के आने का पता चल जाता है। गाड़ी के इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्ड पर स्टेशन आने के पूर्व उसका नाम अंकित हो जाता है।



तुम तो जानती ही हो कि देश की राजधानी और महानगर होने के कारण दिल्ली की आबादी कितनी तेजी से बढ़ी है। यहाँ की अधिकांश जनता को कामकाज के लिए प्रतिदिन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना–आना पड़ता है। इसी कारण दिल्ली की सड़कों पर बसों और वाहनों की संख्या भी बहुत अधिक हो गई है जिससे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इन समस्याओं को हल करने में मेट्रो रेल काफी मददगार होगी। मेट्रो रेल का कार्य बड़ी तेजी से प्रगति पर है और अगले कुछ वर्षों में इसके पूरे हो जाने की संभावना है। कल्पना करो तब दिल्ली कितनी आकर्षक और सुखद हो जाएगी।

अभी तुम दिल्ली आओगी तो यहाँ का बदला रूप देखकर आश्चर्य करोगी। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगी। चाचा जी और चाची जी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारी सखी
कांता

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकर्षण | – | खिंचाव | सैर | – | घूमना |
| अधिकांश | – | अधिकतर | स्वचालित | – | अपने आप चलनेवाली |
| प्रदूषण | – | ..................... | मददगार | – | सहायता देनेवाला |
| संभावना | – | ..................... | प्रतीक्षा | – | ..................... |

ऊपर कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। उन शब्दों के अर्थ नीचे कोष्ठक में लिखे गए हैं। उन्हें चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(दूषित होना, इंतजार, मुमकिन होना)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. कांता ने किसे पत्र लिखा है?
2. पत्र में पत्र भेजनेवाला अपना पता कहाँ लिखता है?
3. मेट्रो रेलवे स्टेशन की क्या विशेषताएँ हैं?
4. मेट्रो रेल के डिब्बे किस देश से बनकर आए हैं?
5. मेट्रो रेल के चलने से किस समस्या से छुटकारा मिल गया है?
6. दिल्ली की आबादी क्यों बढ़ती जा रही है?
7. दिल्ली की सड़कों पर वाहनों की संख्या क्यों बढ़ती जा रही है?
8. मेट्रो रेल के यात्रियों को स्टेशन आने का पता कैसे चलता है?

**प्रश्न 2. नीचे लिखी पंक्तियों के खाली स्थानों में पाठ के आधार पर उचित शब्द चुनकर भरो :–**

1. तुम कुछ दिनों के लिए ................ अवश्य आना। (दिल्ली/मुम्बई)
2. कुतुबमीनार की .......... देखते हुए नंदा पीछे लुढ़क गई थी। (लम्बाई/ऊँचाई)
3. ............ से टिकट या टोकन लेना चाहिए। (प्लेटफार्म/काउंटर)
4. मेट्रो रेल का कार्य ...................... गति से चल रहा है। (धीमी/तेज)
5. दिल्ली की आबादी तेजी से ...................... है। (घटी/बढ़ी)

**प्रश्न 3. सोचो और लिखो–**


1. हम किसी को पत्र क्यों लिखते हैं ?
2. बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखा जाता है?
3. अपने से छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखते हैं?
4. पत्र में पता लिखते समय पिन कोड क्यों लिखना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. इस टिकट को देखो और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**




1. इस टिकट पर कितने लोगों ने यात्रा की?
2. यह टिकट कहाँ–से–कहाँ तक की है?
3. इन दोनों स्थानों के बीच की दूरी कितनी है?
4. किराये के लिए कितने पैसे चुकाए गए?
5. टिकट धारकों की आयु क्या है?

## गतिविधि

- कक्षा के दोनों समूह शब्दार्थ संबंधी गतिविधि करें। एक समूह शब्द बोले, दूसरा उसका अर्थ बताए, फिर यही गतिविधि उलटकर करें।

## भाषातत्व और व्याकरण

**पढ़ो और समझो–**

| | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छुट्टी | शाला | बगीचा | पुस्तक |
| 2. | बकरी | बाला | शरीफा | नहर |
| 3. | गठरी | माला | फीता | पेंसिल |
| 4. | पटरी | घोषणा | बाजा | कमीज |
| 5. | लकड़ी | योजना | ताला | चादर |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ऊपर चार वर्गों में चार प्रकार के शब्द दिए गए हैं। अ वर्ग के नीचे 'ई' से अंत होने वाले पाँच स्त्रीलिंग शब्द हैं, ये सभी एकवचन में हैं। इनको बहुवचन बनाते समय 'ई' को 'इयाँ' और 'इयों' में बदल देते हैं, जैसे 'छुट्टियाँ', 'छुट्टियों'। ब के नीचे लिखे शब्द 'आ' से अंत होने वाले स्त्रीलिंग शब्द हैं। इनके बहुवचन 'एँ' और 'ओं' लगाकर बनाए जाते हैं, जैसे शालाएँ, शालाओं।

**प्रश्न 1.** **ऊपर दी गई तालिका में 'स' और 'द' के नीचे लिखे शब्द किस लिंग के हैं? उन्हें बहुवचन में बदलो।**

**समझो**

- 'मस्त' में 'ई' की मात्रा जोड़कर 'मस्ती' शब्द बना है।

**प्रश्न 2.** **निम्नलिखित शब्दों में 'ई' की मात्रा जोड़कर नए शब्द बनाओ और उनका वाक्यों में प्रयोग करो—**

वापस, कम, तेज, देर, गलत।

**इन वाक्यों को पढ़ो और समझो—**

क. मीना दिल्ली गई थी।

ख. कांता दिल्ली में रहती है।

ग. दिल्ली में मेट्रो का विस्तार होगा।

पहले वाक्य से यह पता लगता है कि काम पूर्व में हो चुका है। दूसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि काम अभी हो रहा है। तीसरे वाक्य से यह प्रकट होता है कि कार्य आगे होगा। काम की दृष्टि से पहला वाक्य भूतकाल का है, दूसरा वाक्य वर्तमान काल का और तीसरा वाक्य भविष्यत् काल का है।

**प्रश्न 3.** **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखो और इन्हें निर्देशानुसार काल में बदलो—**

क. हमने छुट्टियाँ बिताई थीं। (भविष्यत् काल)

ख. वह अपने भाई के साथ आएगी। (वर्तमान काल)

**समझो**

- हलंत वर्णों (क्, त्, स् आदि सभी) पर मात्रा नहीं लगाई जाती। 'बुद्धि' को अगर हम तोड़कर लिखें तो इस तरह लिखेंगे— ब + ु + द् + ि + ध। 'निश्चित' को इस तरह लिखेंगे— ि + न + श् + ि + च + त। 'निश्चित' लिखना गलत है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. 'मुट्ठी', 'शुद्धि', 'क्रुद्ध', 'प्रसिद्धि', 'वृद्धि' शब्दों को तोड़कर लिखो।**

- 'र' का प्रयोग चार रूपों में होता है। देखो और समझो–

अ. र – राम, राजा, राज्य, राकेश।

ब. र्‍ – धर्म, कर्म, शर्म, गर्त।

स. ्र – ग्राम, ग्रह, चक्र, क्रम।

द. ‸ – राष्ट्र, ड्रम, ट्रक, ड्रिल।

'र' से बनने वाले शब्दों के उच्चारण में कोई कठिनाई नहीं होती। 'राम', 'राजा' आदि का उच्चारण सरल है। 'धर्म' का उच्चारण करो। 'ध' के बाद 'र' का उच्चारण होता है और 'म' का उच्चारण बाद में पूरा होता है। क्रम में 'क' का उच्चारण पहले होता है और 'र' का बाद में। इसमें 'क' आधा है और 'र्' पूरा। ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ) के साथ 'र' का प्रयोग ‸ रूप में होता है।

प्रश्न 5. ब, स और द वाले 'र' के प्रकारों के पाँच–पाँच शब्द लिखो।

## रचना

- शाला–वार्षिकोत्सव की तैयारी के संबंध में अपने मित्र/सहेली को एक पत्र लिखो।
- आपके मोहल्ले में अत्यधिक गंदगी फैली है तो आप किसको पत्र लिखोगे? कैसे?

## योग्यता–विस्तार

- महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस आदि महापुरुषों ने अपने पुत्र–पुत्रियों और मित्रों को कारागार से पत्र लिखे हैं। अपने शिक्षक की मदद से उन्हें खोजकर पढ़ो।
- अंतर्देशीय डाक टिकट, लिफाफा और पोस्टकार्ड संकलित करो और उनपर चर्चा करो। कक्षा में उनका प्रदर्शन करो और उन पर चर्चा करो।
- संदेश भेजने के और कौन–कौन से साधन है?

5LGSBS

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ – 17

# cLrj pk jku

[ए पाठ ने बस्तर चो रान चो बिस्तार ले आत्मकथा असन बिवरन दिलोर आसे । ए पाठ ले जानासे आनी–बानी चो जीवमन चो गदया आय रान आउर लोगमन चो जीवना ने रान चो कितरो मान आसे । इया पढ़ुँ, रान के जानुँ । एचो मोल के जानुँ आरू रान के बचाउँ ।]

मँय रान आँय । बस्तर चो रान । इया ! तुमके बुलायंदे मोचो संगे । खोवायंदे पाक–फर, दखायंदे डोङ्री–घाटी आउर कएक जिनिसमन । इया !

मोचो कोरा ने आसोत बरन–बरन चो रूखमन – सरगी, बीजा, भाव–बीजा, धँवड़ा, आदन, भाट–सिवना, टेमरू, कुमी, कराट । साहा रूख के फेर कसन भुलकवाँ ता ।

ए रूखमन घर–कुड़या बनातोर काम एसोत । बरन–बरन चो सोफा, कुरची, टेबुल, दीवान आरू अलमारी बनातो काम एसोत । बाँवस सुपा–टुकना, छतड़ी, टाटी, आरू कएक जिनिसमन बनातो काम एयसे ।


रान चो रूखमन मोचो जीव आत । रूख नी रले मँय रान काहाँ रएंदे। मँय मरून जायंदे ।

मोचो संगे इया तुमके किसम–किसम चो पाक–फर खोवायंदे । ए आय टेमरू । एचो पाक खुबे सुआद लागु आय, चाखुन दखा । ए आय चार पाक । नानी–नानी फर चो सुआद तुमके काय सांगेन्दे, खिण्डिक टिरका, खिण्डिक मीठ । चार चो बीचा ले चिरबिजी बनाउ आत । ए आय अमोड़ी । नाव धरते खन टोण्डे पानी इली काय, काय सुंदर टिरका सुआद बिती फर ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





मोचो संगे–संगे इया । मांतर नी डरा दखायंदे बाग के, लाफी ले । हुन आय डुरका । लेकामन दखा, चितरमन कसन कुदते–डगाते एसोत । बड़े चितर चो मुण्डे सीङ्ग अकरलिसे । सीङ्ग बिती चितर के सिङ्गाड़ बलु आत । हुन नानी–नानी कापस असन पंडरी रूआँ बितीमन दखा देसोत । जत–खत परासोत, दखलास । हुनमन लमाहा आत । आउर नंगत कान देउन सुना........ भुउउउउ........उ....उ....उ.......करसोत । एमन कोन आत, जानास ?आले सांगुन दखा ?हाँ, टप्पा चितालास । एमन कोलया आत । तुमि जानास कोलया चो चतुर जीवमन ने गनती होउ आय । तेबे तो कहका पड़लिसे – 'ए बिता जाले कोलया असन चतुर आय ना ।

ए आत चड़ईमन – पंडकी, तितिर, रूपू, रामि, मयना आरू मंजुर । मंजुर आमचो रास्ट्रीय चड़ई आय । तुमि जानास होती डोङ्गरी मयना आमचो छतिसगड़ राज चो राज चड़ई आय । ए पसुमन आरू चड़ईमन मोचो कोरा ने रसोत । एमन मोचो बेटा–बेटी आत, मोचो घर चो सोभा आत । कितरय पापीमन एमन चो पारद करू आत । मास खातो आरू खाला (चामड़ा) बिकतो काजे । मांतर जानुन राहा, सांगेंसे, रान चो पसु–चड़ईमन के मारतोर जुरूम आय । धरा पड़ले सजा होउ आय । जेहेल बले होउ आय ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इया तुमके दखाँयसे – नानी–नानी बुटामन, जड़ीमन, बुटीमन । तुमचो बेमार पड़ले छंडातो बिति ओखत । ए आय – भेलवाँ, दुखा के झिकतो बिती ओखत । पेड़्ग–डुण्डि, 'बात' बेमारी चो ओखत आरू गोञ्चा बेरा तुपकी ने भरून तुमि बजाउ आहास । दखा ए आत – आँवरा, हिरला आरू बेहड़ा । ए तीनो के मिसाउन त्रिफला गुण्डा बनासोत । ए आय– भुँय लिम । मलरेया जर के खेदतो बिती ओखत ।

मँय रान आँय । गाँव चो लोग चो जीवना चो मँय संगवारी आँय । बिहान पाहले दतुन चाबासाहास । हुन मँय देंयसे । भात–साग खातो दोना–पतरी बनातो काजे पान देंयसे । रांधा रांधतो काजे दारू बले देंयसे । बेमार पड़ले ओखत काजे जड़ी–बुटी देंयसे । साग काजे बरन–बरन चो कांदा, छाति आउर बोड़ा देंयसे । खाहा आरू अस्तिर ने राहा । मँय रान के दखले बादरी पराउन एउ आय आरू बरसा करू आय । धान–पान पाकु आय । अरन चो केबय अंकाल नी रए । रान नी रलो बाटे बरसा कम होउ आय ।

काय बिती आय गरजेसे ?ठोक...ठोक....ठोक.... । सुनासाहास ना ! गरजन के । कोनाय जाले रूख गोन्देसे । कोन अवधरमी, पापी आय जाले मोचो छाति ने बसुन मुठका मारेसे। मँय रान आँय । रूख मोचो देहें चो गोटोक भाग आय । रूख के गोन्दले मोके कितरो दुखेसे। मँय दुखा काजे गागेंसे ।

आले एउन दखा । तुमचो देहें के खिला ने खिण्डिक असन कोचकुन दखुँ, काय बलासाहास ?दुखली । एदाँय कसन ?असने रूख के गोन्दले मोके बले दुखु आय । नी गोन्दा । मोचो गोठ के धरा । मँय तो जिवता–जीवत तुमि मनुक लोग चो सेवा करेंसे । जनमते खन मोचोय दारू चो आईग ने पिला चो पेट सेकासाहास, मरत्काट मोचो आसरा ने जियासाहास आरू मरले बले मोचोय बाँवस काठी ने मड़ाहा भाटा ने अमरासाहास । खाबड़ा मार खाउन बले फर देंयसे । मोचो उपकार के नी भुलका । खांद चो कुड़ार के पाँये नी अपटा । मँय रान सरले, मँय रान मरले, तुमनमन बले नी बाचास ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| I Cneu pk ek;u ¼'kCnkFk½ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रान | – | वन, जंगल | पाक | – | फल |
| डोङ्गरी | – | पहाड़ी | जिनिस | – | जिन्स, वस्तु |
| जत–खत | – | यत्र–तत्र, यहाँ–वहाँ | टिरका | – | खट्टा |
| डुरका | – | तेन्दुआ | जुरूम | – | जुर्म, अपराध |
| सिङ्गाड़ | – | बड़े सीङ्ग वाला पशु | रूख | – | पेड़ |
| ओखत | – | औषधि, दवा | बात | – | वात बिमारी |
| मुटका | – | मुक्का, घूँसा | चिपा | | |
| कुड़ार | – | कुठार, बड़ी कुल्हाड़ी | अरन | – | अन्न, अनाज |
| मरत्काट | – | मरते तक | गुण्डा | – | चूर्ण |
| जिवता–जीवत | – | जीवनभर | डुण्डि | – | कली |
| छाति–बोड़ा | – | कुकुरमुत्ता (मशरूम), छाती (सीना) | | | |
| पेङ्ग | – | मालकांगिनी नामक जंगली लता के फल | | | |
| त्रिफला | – | तीन फलों–हर्रा, बहेड़ा और आँवला का मिश्रण | | | |
| खाबड़ा | – | डंडा, जिसे पेड़ पर फेंक/मार कर फल/फूल तोड़े जाएँ। | | | |

## iLu vkmj vH;kl

गुरजी आगे चो असन लेका–लेकीमन के दुय कुड़ा बनाउन मुखचरन प्रस्न पुछा–पुछी होतो काजे बलोत आरू आपन बले प्रस्न पुछोत ।

### ck/k&iLu

**iLu (1) [kky: fy[kyk iLueu pk mRrj fn;k l %&**

(क) राने काय–काय मिरू आय ?

(ख) घर बनातो काजे काम पड़तो रूखमन चो नावमन के लिखा ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



(ग) राने रतो चड़ईमन चो नाव लिखा ?

(घ) ओखत बिती बुटामन चो नाव लिखा ?

(ङ) बाँवस ले काय—काय बनाउ आत ?

iLu (2) [kky fy[kk iLueu pk mRrj fn;kI %&

(क) कोन—कोन फर के मिसाउन त्रिफला बनाउ आत ?

(ख) रान ले मिरतो सागमन चो नाव लिखा ?

(ग) रान नी रले आमचो जीवना ने काय चिपा होयदे ?

(घ) रास्ट्रीय चड़ई चो नाव लिखा ?

(ङ) छतिसगड़ राज चो राज चड़ई चो नाव लिखा ?

iLu (3) [kky fy[kk okD;eu pk eyk Bkueu d Igh ICneu u Hkjk%&

(1) सीङ्ग बिती चितर के ..................... बलुआत ।

(2) गोञ्चा बेरा तुपकी बजातो काजे ................. फर के भरू आत ।

(3) टेमरू पाक ........................ लागु आय ।

(4) रूख .................. मार खाउन बले फर देउ आय ।

(5) भुँय लिम ........................... चो ओखत आय ।

Hkk I k&rRo vkmj C;kdju

¼d½ xfrfcf/k %& xjth , ikB pk vkV /kkMh beyk fy[kkvkr vk: vyVu&iyVu ydk&ydheu d tkpd cykrA Ir mRrj xjth Ikxkr A

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## ¼[k½ , ikB u bykj orekudky pk fØ;keu d tkuk ½&

| lkekU; orekudky | ljyxk orekudky | ijyk orekudky |
|---|---|---|
| खाउ आत, बनाउ आत | खासोत, बनासोत | खादलासे/खादलासोत |
| – | – | बनालासे/बनालासोत |
| गोन्दु आत, | गोन्दासाहास | गोन्दलासे/गोन्दलासोत |

उपरे लिखलो वर्तमान कालमन ने ljyxk orekudky के हिन्दी ने vi.k orekudky vk: ijyk orekudky के i.k orekudky बलु आत ।

lkekU; orekudky u jk t&fnu gkrk crk d cyy] Vdj iMyk vlu crk vk: dkpk; xu d lkx vkr A

जसन :–

1. लछमन इस्कुल जाउ आय। (लछमन रोजे–दिने इस्कुल जाउ आय, छुटी दिन आरू बेमार रलो दिन के छांडुन हुनचो रोजे चो बुता आय इस्कुल जातोर।)

2. धोरई गाय–बयला चराउ आय। (धोरई चो रोजे चो बुता आय गाय–बयला चरातोर।)

3. लयखन अपड़ आय। (लयखन चो गुन।)

मांतर केबे–केबे आगत ले करतो काजे बिचारलो बुता के बले सामान्य वर्तमानकाल ने सांगु आँव ।

जसन :– आया आजि हाट जाउ आय।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ljyxk orZekudky ने काईं बुता मुर होलिसे, मांतर नी सरलिसे बलले, सरलगा होतो बुता के सांगु आत ।

जसन :–

1. मँय पेज खाँयसे।   (मँय पेज खाते–खाते बलेंसे, पेज खातोर नी सरलिसे।)

2. आया धान कांडेसे।   (आया धान कांडुक मुरयालिसे। धान कांडतोर बुता नी सरलिसे।)

3. मँय इस्कुल जाँयसे।   मँय इस्कुल जाँयसे, नी अमरलेसे।)

iwjyk orZekudky ने हुन पुरलो/पुरा होलो बुता चो बारे ने सांगु आत, जे पुरलिसे, मांतर बुता पुरून जुगे बेर/जुगे समया/जुगे दिन नी होलिसे, नाहले काचोय करलो बुता के एबे बले दखुक होयसे।

जसन :–

1. बाबा सहरे गेलोसे।   (बाबा चो सहरे गेलोर जुगे समया नी होलिसे।)

2. आमा रूख फरलिसे।   (रूख चो फरलोर जुगे दिन नी होलिसे।)

3. फनस रूखमन के आमचो दादा मंडालोसे ।   (दादी चो करलो बुता के दखुक होयसे ।)

वर्तमानकाल चो आउर क्रियामन के ए पाठ नाहले आउर पाठमन ले खोजुन लिखा ।

## ;kX;rk fcLrkj

तुमचो घर रेठे काय–काय रूखमन आसोत, नावमन लिखा ।

रान चो पसुमन चो नाव लिखा ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5M2KE6

**पाठ–18**

# हार नहीं होती

— हरिवंशराय 'बच्चन'

इस कविता में प्रयत्न एवं परिश्रम की महिमा गाई गई है। कवि कहता है कि निरंतर प्रयत्न करते रहने वालों की कभी पराजय नहीं होती। छोटी–सी चींटी जब दीवार पर चढ़ती है तो वह कई बार नीचे फिसल जाती है, किन्तु वह हार नहीं मानती। अंततः उसकी मेहनत बेकार नहीं जाती और वह ऊपर चढ़ने में सफल हो जाती है। गोताखोर उत्साह में भरकर गहरे पानी में उतरता है और मोती निकाल ही लाता है। असफलता को एक चुनौती की तरह स्वीकार करना चाहिए और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
**इस पाठ में हम सीखेंगे–** शब्दों के शुद्ध रूप, तत्सम और तद्भव रूप, विलोम शब्द, मुहावरों के अर्थ।

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है,
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,





आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा–जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में,

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों को बताइए कि जो निरंतर प्रयास करता रहता है, वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर ही लेता है। जिस काम को हम हाथ में लें उसे पूरा करके ही छोड़ें। कविता का सस्वर वाचन करें और अलग–अलग विद्यार्थियों से उसका अनुकरण वाचन कराएँ। कविता में जो उदाहरण दिए गए हैं, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य उदाहरण देकर बताएँ कि जो लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत् प्रयत्नशील रहते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। अँग्रेजी कविता की ये पंक्तियाँ भी कक्षा में सुनाएँ–

**Try and try again boys,**
**You will succeed at last.**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मुठ्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो,
जब तक न सफल हो, नींद चैन त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम।

कुछ किए बिना ही जय–जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नौका | – | नाव | रगों में | – | नसों में |
| अखरना | – | खलना, बुरा लगना | सिंधु | – | समुद्र |
| चुनौती | – | ललकार | संघर्ष | – | टकराव, मुकाबला |
| हैरानी | – | आश्चर्य | मैदान छोड़ना | – | पीछे हटना |
| चैन | – | शान्ति | सहज | – | आसान |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. ''कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती'' इस पंक्ति का क्या आशय है?
2. चींटी किस प्रकार संघर्ष करती है?
3. सफलता पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
4. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जो तुम्हे सबसे अच्छी लगी। क्यों अच्छी लगी?
5. यदि हम किसी काम को करने में किसी कारणवश असफल हो जाते है तो हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए।
6. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तुम क्या–क्या तैयारी करते हो?

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| नौका | – | एक चुनौती है। |
| चींटी | – | लहरों से डरती नहीं है। |
| गोताखोर | – | सौ बार फिसलती है। |
| असफलता | – | सिंधु में डुबकियाँ लगाता है। |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3 खंड 'अ' और खंड 'ब' से कविता के अंश लेकर पंक्तियाँ पूरी करो–**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| क्या कमी रह गई | हर बार नहीं होती |
| कोशिश करनेवालों की | जय–जयकार नहीं होती है। |
| मुट्ठी उसकी खाली | मोती गहरे पानी में |
| मिलते न सहज ही | हार नहीं होती। |
| कुछ किए बिना ही | देखो और सुधार करो। |

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पंक्तियाँ किसके लिए प्रयुक्त हुई है–**

1. मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती।
2. आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम और तद्भव शब्द चुनकर लिखो–**

मोती, मन, लहर, सिंधु, नींद, हाथ, गाय, दर्शन, चरण, प्राण।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है? खाली जगह में लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हार | .................................. | सौ | ....................................... |
| नींद | .................................. | सिंधु | ....................................... |
| कोशिश | .................................. | डर | ....................................... |
| लहर | .................................. | मेहनत | ....................................... |

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो–**

चुनौती, मुठ्ठी, बड़ा, चढती, विस्वास, महनत, कोशिश, नन्नीं, नोका, साहस, संघर्ष।

**प्रश्न 4 तुमने पढ़ा है कि कुछ शब्द सदा एकवचन में रहते हैं और कुछ शब्द बहुवचन में। दोनों प्रकार के दो–दो शब्द लिखो।**

**प्रश्न 5 'जय–जयकार करना', 'कोशिश करना' क्रियाओं का भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल के एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

हार, विश्वास, बढ़ना, सफलता, स्वीकार, उत्साह, चैन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 7. मेहनत के मुहावरे–**

कोल्हू का बैल ऐसे व्यक्ति को कहते है जो कड़ी मेहनत करता है या जिससे कड़ी मेहनत करवाई जाती है।

मेहनत और कोशिश से जुड़े कुछ और मुहावरे नीचे लिखे है। इनका वाक्यो में इस्तेमाल करो।

- दिन रात एक करना।
- पसीना बहाना।
- एड़ी–चोटी का जोर लगाना।

**ऊपर में दिए मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## योग्यता–विस्तार

- महाराणा प्रताप अकबर से पराजित होकर अरावली के जंगलों में चले गए। उन्होंने हार नहीं मानी थी। उनकी सफलता की कहानी खोजकर पढ़ो।
- अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन चुनाव में कई बार पराजित हुए किन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत में उनकी विजय हुई और वे राष्ट्रपति बने। इनका जीवन–चरित खोजकर पढ़ो।
- पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास सहा, उन्होंने कौरवों के अत्याचार सहे लेकिन हार नहीं मानी। अंत में युद्ध में उनकी विजय हुई। महाभारत की कथा अपने शिक्षक से जानों।

**इन कविताओं की पक्तियों को आगे बढ़ाओ।**

घंटी बोली टन–टन–टन

.......................................

कहां चले भाई कहां चले

.......................................

रेल चली भई रेल चली

.......................................

कल की छुट्टी परसों का इतवार

.......................................................

रोटी दाल पकाएंगें

.............................................

5H9FGQ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5MBGFT

पाठ–19

# राष्ट्र–प्रहरी

– संकलित

हर राष्ट्र अपनी सुरक्षा के इंतजाम करता है। उसकी बाह्य–सुरक्षा के लिए थलसेना, नौसेना और वायुसेना रहती है। इनके सैनिक हमारे राष्ट्र–प्रहरी हैं। ये राष्ट्र–प्रहरी आकाश में उड़ते हुए, सागर में घूमते हुए, बर्फ से ढँके पर्वतों पर भीषण ठंड सहन करते हुए निरंतर सजग रहते हैं। वीर सैनिक बनने का स्वप्न देखनेवाले ऐसे ही एक बालक की सोच हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** नए शब्दों के अर्थ एवं प्रयोग, विलोम शब्द, प्रत्यय एवं विराम–चिह्न।

अक्षय दूरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था। जैसे ही थलसेना की टुकड़ी के सैनिक अपनी वर्दी में कदम–से–कदम मिलाते हुए आगे आए, अक्षय की आँखें चमक उठीं। कतारों में चलते घोड़ों और ऊँटों पर बैठे सैनिकों की शान ही निराली थी। अक्षय को एक के पीछे एक आती हुई सेना के सभी अंगों की टुकड़ियाँ आकर्षित कर रही थीं। वह सोचने लगा– ''मैं बड़ा होकर क्या बनूँगा? क्या मैं भी ऐसी वर्दी पहनकर शान से परेड में भाग ले सकूँगा?'' अक्षय मन–ही–मन एक संकल्प कर बैठा।

दूसरे दिन अक्षय ने पुस्तकालय से 'भारतीय सेना' पर एक पुस्तक पढ़ने के लिए ली। घर आते ही वह पुस्तक पढ़ने लगा।

''किसी भी देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व उसकी सेना पर होता है। भारतीय सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, वायुसेना, नौसेना। नौसेना का अर्थ है– जलसेना। थलसेना के सैनिक भूमि अथवा थल पर युद्ध करते हैं। थलसेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है। एक तरफ हिमालय की ठिठुरानेवाली सर्दी और दूसरी तरफ शरीर को झुलसा देनेवाली रेगिस्तान की गर्मी। रेत के तूफानों की परवाह न करते हुए, सेना के वीर सिपाही हरदम चौकस रहकर अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। थल सैनिकों की वर्दी का रंग मटमैला हरा होता है।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से गाँवों, शहरों की रक्षा के संबंध में चर्चा करें। उनसे पूछें कि देश की सुरक्षा कैसे की जाती है? भारतीय सेना के संबंध में चर्चा करें। 15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड पर प्रश्न पूछें। उन्हें बताएँ कि देश की रक्षा भूमि, आकाश और समुद्र तीनों ओर से करनी पड़ती है; इसलिए सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, जलसेना और वायुसेना। प्रसंगवश एन.सी.सी पर भी चर्चा करें और इस संस्था की स्थापना के उद्देश्य भी बताएँ। कक्षा को कई समूहों में विभाजित कर दें और प्रत्येक को सेना के एक अंग पर पढ़ने, विचार करने को कहें। बाद में उन समूहों से चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घायलों को अस्पताल ले जाने तथा संकट में घिरे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में भी वायुसेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नीली वर्दी में सजे वायुसेना के सैनिक हरदम सजग और सतर्क रहते हैं।




हमारे देश की नौसेना देश के समुद्री तटों और समुद्री सीमाओं की रक्षा करती है। नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं और जल की सतह और गहराई दोनों में प्रहार करने में सक्षम होते हैं। नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग सफेद होता है।




सेना के इन तीन प्रमुख अंगों की सहायता के लिए और भी महत्वपूर्ण इकाइयाँ होती हैं, जो युद्ध के हथियार, विभिन्न उपकरण, रसद, दवाइयाँ, कपड़े इत्यादि एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजती हैं। युद्ध के समय इनकी चुस्ती और फुर्ती देखते ही बनती है। सेना को ये किसी तरह की कोई कमी महसूस नहीं होने देती।

भारतीय सैनिक बहादुरी के लिए जितने विख्यात हैं, अपनी अनुशासनप्रियता के लिए भी उतने ही सराहनीय हैं। सैनिकों के इस अनुशासन से उनके हर काम में गति आ जाती है। जब वे समूह में चलते हैं तो उनका चलना भी देखने योग्य होता है। एक अच्छे सैनिक के गुण हैं– देशभक्ति, सजगता, साहस, धैर्य और अनुशासन। भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट–कूटकर भरे हैं। यही नहीं बाढ़, तूफान, भूकंप, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं, इससे उनकी सेवाभावना का भी परिचय मिलता है।




थलसेना, वायुसेना और नौसेना इन तीनों अंगों के अपने–अपने प्रशिक्षण विद्यालय हैं, जहाँ देश के चुने हुए नवयुवकों तथा नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इन विद्यालयों के कठोर अनुशासन के वातावरण में प्रशिक्षित होकर ये युवक और युवतियाँ हमारे देश की सेनाओं का गौरव बढ़ाते हैं।

भारतीय सेनाएँ सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियारों से लैस हैं और सभी प्रकार की परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। हमारे देश के राष्ट्रपति सेना के तीनों अंगों के अध्यक्ष हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



प्रतिवर्ष भारत सरकार वीरतापूर्ण और साहसिक कार्यों के लिए सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित करती है। केवल पुरुष ही नहीं महिलाएँ भी सेना के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।''

अक्षय पुस्तक पर हाथ रखे हुए कुछ सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने 26 जनवरी का वह दृश्य घूमने लगा जिसमें वह भी सैनिक वर्दी पहने राष्ट्रपति को सलामी दे रहा है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| संकल्प | – | निश्चय, प्रतिज्ञा | परवाह | – | फिक्र |
| चौकस | – | होशियार, सजग | सीमा | – | सरहद |
| वर्दी | – | पोशाक, पहनावा | हमला | – | आक्रमण |
| प्रहार | – | चोट | सक्षम | – | क्षमतावान |
| उपकरण | – | सामग्री | रसद | – | भोजन–सामग्री |
| विख्यात | – | प्रसिद्ध | सजगता | – | जागरूकता |
| वीरतापूर्ण | – | बहादुरी से भरा | साहसिक | – | साहसपूर्ण |
| पदक | – | अलंकरण, तमगा | विशिष्ट | – | विशेष |
| सलामी | – | सलाम (नमस्कार) करना | लैस | – | सुसज्जित |
| दुर्गम | – | जहाँ जाना कठिन हो | | | |
| सुरक्षित | – | भली प्रकार से रक्षा किया हुआ | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

1. इनमें से 'रसद' का अर्थ है–

   (अ) भोजन–सामग्री (ब) रसदार (स) रासता

2. नौ सेना रक्षा करती हैं–

   (अ) समुद्री सीमाओं की (ब) थल सीमा की (स) वायु मार्ग की

3. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व होता है–

   (अ) शिक्षक पर (ब) सेना पर (स) डॉक्टर पर

4. सैनिक हरदम रहता है–

   (अ) सजग (ब) कमजोर (स) लापरवाह

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



5. शुद्ध शब्द है–

(अ) अनुसासन (ब) अनूशासन (स) अनुशासन

6. विरता शब्द का प्रत्यय है–

(अ) आ (ब) ता (स) अ

7. राष्ट्रीय पर्व है–

(अ) दीपावली (ब) दशहरा (स) 15 अगस्त

8. अच्छे विद्यार्थी का गुण है–

(अ) अनुशासन (ब) वीरता (स) कठोरता

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. भारतीय सेना के कितने अंग हैं?
2. किस सेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है?
3. नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग कैसा होता है?
4. भारतीय सैनिक किसलिए विख्यात हैं?
5. देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व किस पर होता है?
6. वायुसेना क्या–क्या कार्य करती है?
7. नौसेना का प्रमुख कार्य क्या है?
8. एक अच्छे सैनिक में कौन–कौन–से गुण होते हैं?
9. भारतीय सेना के तीनों अंगों का सर्वोच्च अधिकारी कौन होता है?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

क. कुशल कलाकार सुंदर मूर्तियाँ बनाते हैं, .................. कलाकारों की बनाई मूर्तियाँ उतनी सुंदर नहीं होतीं।

ख. जसपाल राणा एक विख्यात निशानेबाज हैं, रामबाबू गड़रिया ...................... डाकू था।

ग. मैं विशिष्ट हिन्दी पढ़ता हूँ, सलीम .................. हिन्दी पढ़ता हैं।

**प्रश्न 2. पाठ पढ़कर ऐसे शब्द ढूँढ़कर लिखो जिनमें 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाए गए हों, जैसे– कठोर – कठोरता।**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 3. नीचे लिखे अनुच्छेद में यथास्थान उचित विराम–चिह्नों का प्रयोग कर लिखो।**

एक अच्छे सैनिक के गुण हैं देशभक्ति सजगता साहस धैर्य और अनुशासन भारतीय सैनिकों में ये गुण कूट कूटकर भरे हैं यही नहीं बाढ़ तूफान भूकंप सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं इससे उनकी सेवा भावना का भी परिचय मिलता है

**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों में एक–एक शब्द अशुद्ध लिखा है। इन्हें खोजो और शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखो।**

क. अक्षय दुरदर्शन पर 26 जनवरी की परेड देख रहा था।
ख. नौसैनिक समुद्री लड़ाइ में कुशल होते हैं।
ग. सेना के तीन प्रमूख अंग है।
घ. अक्षय मन–ही–मन एक संक्लप कर बैठा।
ङ. सैनिकों का अनुशासन सरहानीय है।

## समझो

- "नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं।" इस वाक्य में 'समुद्री' शब्द पर ध्यान दो। 'समुद्र' शब्द में 'ई' जोड़कर 'समुद्री' शब्द बना है। 'समुद्र' संज्ञा है और 'समुद्री' विशेषण। 'समुद्री' शब्द 'लड़ाई' की विशेषता बता रहा है।

**प्रश्न 5. रिक्त स्थानों में दिए गए शब्दों का सही रूप बनाकर भरो–**

क. नौसेना .................................. तटों की रक्षा करती है। (समुद्र)
ख. ............................ सेना के तीन प्रमुख अंग हैं। (भारत)
ग. हमारे देश के सैनिक अपनी ............... के लिए प्रसिद्ध हैं। (बहादुर)
घ. वीर सैनिक बड़ी .............. से देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। (सजग)
ङ. सैनिकों का अनुशासन .................... है। (सराहना)

## रचना

- जलसेना, थलसेना, वायुसेना के बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।
- तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? सोचकर लिखो।

## योग्यता–विस्तार

- भारत सरकार द्वारा सैनिकों को दिए जाने वाले विशिष्ट पदकों के नाम ज्ञात करो और कक्षा में बताओ।
- गणतंत्र दिवस पर अपनी शाला में आयोजित कार्यक्रम पर दस वाक्य लिखो।

5MIBID

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**पाठ–20**

# मस्जिद या पुल

– सुनीति

मुगल बादशाह अकबर भारत के लोकप्रिय शासक थे। प्रजा का सर्वाधिक हित उनके शासन का प्रथम उद्देश्य था। वे जनता के बीच वेश बदलकर उसकी कठिनाइयों का पता लगाते थे। वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे किन्तु जनता की कठिनाइयों को दूर करने को अधिक महत्व की बात मानते थे। जब उनके सामने प्रश्न उपस्थित हुआ कि किसी स्थान पर 'मस्जिद और पुल' दोनों में से क्या बनवाया जाए तो उन्होंने जन–कल्याण को ध्यान में रखकर पुल बनवाया। लोकप्रिय शासकों को सदा जनता की सुख–सुविधाओं पर ध्यान पहले देना चाहिए। सम्राट अकबर ने वही किया।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** सर्वनाम शब्द और उनका प्रयोग, वाक्य परिवर्तन।

दीन–ए–इलाही, गरीब नवाज़, शहंशाह–ए–आलम, महान बादशाह अकबर की अगवानी में जौनपुर के सूबेदार मुबारक खान ने जमीन–आसमान एक कर दिया। यह उसकी बरसों पुरानी साध थी। बरसों से वह लगातार बादशाह को जौनपुर आने के लिए न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था, मगर बादशाह की जान को बड़े झमेले थे। उस दिन भी बड़ी मुश्किल से उन्हें उधर जाने का मौका मिल पाया था।

बादशाह के पास समय बहुत कम था। हाथी की पीठ से उतरकर उन्होंने अभी दो घड़ी आराम भी न किया था कि सूबेदार मुबारक खान बादशाह को गोमती के किनारे दूर–दूर तक फैले उस लंबे–चौड़े मैदान में ले गया, जहाँ मस्जिद बनाने की योजना थी। वहाँ जाकर उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। इस नक्शे को दिखाने के लिए वह बरसों से बेकरार था।

बादशाह ने नक्शे को बड़े ध्यान से देखा। उसे देखकर बादशाह की बाँछें खिल गईं। उन्होंने कहा, ''बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है मुबारक खान! आसमान को चूमने वाली इसकी ऊँची–ऊँची मीनारें, निराले गुंबद, खुला तालाब, सब–के–सब बेमिसाल हैं। हमारा खयाल है कि खुदा के लाखों बंदे इसमें बैठकर अल्लाहताला से दुआ करेंगे और सुकून पाएँगे।''

''जी आलमपनाह, यह खूबसूरत और बेमिसाल मस्जिद दुनिया भर में हुजूर की दीनदारी और गरीबपरस्ती का डंका पीट देगी'', मुबारक खान ने झुककर आदाब बजाते हुए कहा। अकबर खुश होकर वहाँ से लौटे। अकबर महान थे। वे हमेशा अपनी प्रजा के दुख–सुख का ख्याल रखते थे। वे वेश बदलकर प्रजा के अंदरूनी हालात का पता लगाते रहते थे। उस दिन भी वे शाम होते ही वेश बदलकर गोमती के किनारे घूमने निकले।

**शिक्षण–संकेत–** कक्षा में बादशाह अकबर की धार्मिक सहिष्णुता की चर्चा करें। मस्जिद और पुल की चर्चा करते हुए बच्चों को पाठ से जोड़ें तथा कहानी का सारांश बताएँ। फिर एक–एक बच्चे से कहानी का थोड़ा–थोड़ा भाग पढ़वाएँ। कठिन शब्दों के अर्थ बताते जाएँ। अंत में पाठ में आए चरित्रों पर कक्षा में चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घूमते–घूमते एक जगह अकबर को किसी औरत के रोने की आवाज सुनाई दी। अकबर आवाज की ओर चलते हुए गोमती के किनारे नाव के पास आ पहुँचे। उन्होंने देखा कि नाव के पास एक अस्सी–नब्बे साल की काली और छोटे कद की बुढ़िया अपनी गठरी थामे पार जाने के लिए खड़ी है और कह रही है, ''इस अल्लाह के मारे दुष्ट मुंशी को तो देखो; अभी अच्छी तरह दिन भी नहीं छिपा है कि दफ्तर बंद करके यहाँ से भाग गया। जब मुंशी ही नहीं है तो मल्लाह यहाँ क्यों ठहरेगा? ये किस समय आते हैं और कब जाते हैं, कोई देखने वाला है? सूबेदार मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है। रिआया मरे या जिंदा रहे, इससे उसे क्या? खूबसूरत, शानदार मस्जिद बनाकर उसे तो बादशाह को खुश करने से मतलब है कि उसका ओहदा और बढ़े।'' बुढ़िया चुप होकर फिर बोलने लगी, ''मुंशी से शिकायत करो तो कहता है तुम रोज–रोज पार जाती ही क्यों हो? अरे, पार नहीं जाएँगे तो खाएँगे क्या? हमारा कुम्हार का धंधा कैसे चलेगा? गाँव में ग्राहक ही कहाँ मिलेगा भला? फिर क्या खुद खाएँगे और क्या बच्चों को खिलाएँगे? अरे, मेरी तो बहू भी नहीं है, जो बच्चों को सँभाल लेती। नन्हें पोते–पोती भूख से बिलख रहे होंगे। हाय अल्लाह! मैं क्या करूँ?'' बुढ़िया धाड़ मारकर जोर–जोर–से रोने लगी।

अकबर द्रवित हो गए। वे आगे बढ़कर बोले, ''रोओ नहीं माई! मैं तुम्हें उस पार पहुँचाए देता हूँ।'' बुढ़िया ने रोना बंद किया और गठरी लेकर खड़ी हो गई। ''चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल।''

अकबर ने इससे पहले कभी नाव नहीं खेई थी। बुढ़िया बादशाह के चप्पू पकड़ने के ढंग को देखकर बोली, ''अरे, तुझे तो चप्पू भी ठीक से पकड़ना नहीं आता। तू पार क्या ले जाएगा?''

''मैं सँभालकर धीरे–धीरे चलाऊँगा माई, तू घबरा मत।'' अकबर ने बुढ़िया को धीरज बँधाया। बुढ़िया के सामने और कोई दूसरा चारा भी नहीं था। 'मरता क्या न करता' बुढ़िया नाव में बैठ गई। बादशाह जी–जान से नाव खेने लगे। मगर नाव कभी इधर जाती तो कभी उधर। बुढ़िया का पारा ऊपर चढ़ने लगा। वह चिल्लाकर बोली, ''अरे अनाड़ी! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी। ऐसे चलकर तू हमें कल रात तक पार पहुँचाएगा। और यह भी पता नहीं कि नाव मझधार में ही डुबो दे। मेरे बच्चे इंतजार कर रहे होंगे और तू है कि नाव लेकर खिलवाड़ कर रहा है।''

''माई! सब्र तो कर,'' बादशाह ने कहा। किन्तु बुढ़िया बोले जा रही थी, ''असल में तो इन बातों का जवाबदेह बादशाह ही होता है। मगर बादशाह तो मुबारक खान की चिकनी–चुपड़ी बातों से ही खुश हो लेगा। उसे असलियत कौन बताएगा कि यहाँ मस्जिद की नहीं, एक पुल की जरूरत है। इस पुल के बिना, पारवाले लोगों को कितनी परेशानी होती है। अरे भाई, पुल न होने से उस पार कोई वैद्य या हकीम भी जाने को तैयार नहीं होता।''


बुढ़िया फिर चुप हो गई। थोड़ी देर बाद उसने फिर बड़बड़ाना शुरू कर दिया, ''सूबेदार मुबारक खान हमारा हाकिम है, लेकिन उसे ये सब देखने की फुर्सत कहाँ है! उसे तो बस अपने कर वसूलने से मतलब है। लोग कह रहे हैं, यहाँ ऐसी मस्जिद बनेगी जो दुनियाभर में अपना सानी आप होगी। सुना है, आज अकबर यहाँ आया है। मगर कहीं वह मुझे मिल जाता तो मैं

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उसे बताती कि ओ दुनिया जहान के मालिक, अगर तू सचमुच ही लोगों का भला करना चाहता है तो पहले यहाँ पुल बनवा, मस्जिद नहीं।''



बुढ़िया देर तक इसी तरह बड़बड़ाती रही। चारों ओर अँधेरा छा गया। आसमान में तारे छिटकने लगे। अंत में नाव किनारे पर पहुँच ही गई। नाव में से लड़खड़ाती हुई बुढ़िया किसी तरह किनारे पर उतरी। अकबर ने उसे सँभालते हुए कहा, ''चलो माई! अँधेरा हो गया है। कहीं तुम्हें ठोकर न लग जाए, मैं तुम्हें तुम्हारे घर पहुँचा देता हूँ।" यह कहकर अकबर ने बुढ़िया को उसकी गठरी समेत गोदी में उठा लिया। बुढ़िया घर पहुँची; उसके घर में कुहराम मचा था। बच्चे बिलख–बिलखकर रो रहे थे। उनका रोना देखकर बुढ़िया को मल्लाह पर बड़ा गुस्सा आया। उसने उतरते–उतरते उसके दोनों गालों को जोर–से खरोंच दिया और बोली, ''आज तूने मेरे बच्चों को भूखा मार डाला।''

पहले तो बादशाह की आँखों में खून उतर आया, पर उन्होंने अपने को सँभाला और मन में सोचा, 'मुझे तो इस बुढ़िया का अहसानमंद होना चाहिए कि इसने मुझे सच्चाई और असलियत का एक सबक सिखाया है।' ''शुक्रिया'' कहकर बादशाह चुपचाप वहाँ से चले गए।

अगले दिन शीशे में अपने खूबसूरत शाहीलिबास और रत्नजड़ित आभूषणों के साथ, अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह मुस्करा दिए।

उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, मस्जिद बहुत बाद में।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साध | – | तीव्र इच्छा | न्यौता | – | निमंत्रण |
| झमेला | – | झंझट | मुश्किल | – | कठिनाई |
| बाँछें खिलना | – | खुश होना | सुकून | – | शांति |
| दीनदारी | – | धार्मिकता | आदाब बजाना | – | सलाम करना |
| मल्लाह | – | नाव खेनेवाला | बिलखना | – | फूट–फूटकर रोना |
| चप्पू | – | नाव खेने के डंडे | | | |
| मझधार | – | बीच धार | | | |
| सब्र | – | धैर्य | | | |
| हाकिम | – | अधिकारी | | | |
| सानी | – | मिसाल / बराबरी | | | |




Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| असलियत | – | सच्चाई | लिबास | – | पहनावा |
| अंदरूनी | – | भीतरी | रिआया | – | प्रजा |
| बेकरार | – | बेचैन | ओहदा | – | पद |
| अहसानमंद | – | अहसान माननेवाला | | | |
| इंतजार करना | – | रास्ता देखना, प्रतीक्षा करना | | | |
| दीन–ए–इलाही | – | दीनहीन पर दया करनेवाला | | | |
| गरीब नवाज | – | निर्धनों पर कृपा करनेवाला | | | |
| कुहराम | – | दुखभरी चीख–पुकार | | | |
| बेमिसाल | – | जिसकी कोई मिसाल/उदाहरण न हो | | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. बुढ़िया के घर में कुहराम क्यों मचा था?
2. शीशे में अपने गालों पर खरोंच के निशान देखकर बादशाह क्यों मुस्कराए?
3. सूबेदार मुबारक खान बादशाह को क्यों खुश करना चाहता था?
4. बुढ़िया का पारा क्यों ऊपर चढ़ने लगा?
5. पुल न होने से लोगों को क्या परेशानी होती थी?
6. बादशाह ने बुढ़िया को घर तक क्यों पहुँचाया?
7. बुढ़िया को बादशाह पर क्यों गुस्सा आया?
8. अगर बुढ़िया बादशाह को पहचान लेती तो उसका उनके प्रति व्यवहार कैसा होता?

**प्रश्न 4. खाली जगह में क्या आएगा? कहानी पढ़कर कोष्ठक में से सही शब्द छाँटकर लिखो।**

क. ..................... के पास बहुत कम समय था। (बुढ़िया/मुबारक खान/बादशाह)

ख. नक्शे को देखकर बादशाह की .....................खिल गईं। (आँखें/बाँछें/बाहें)

ग. मुबारक खान ने ..................... आदाब बजाते हुए कहा।
(अकड़कर/झुककर/तनकर)

घ. अरे .....................! नाव उल्टी ले जा रहा है या सीधी।
(खिलाड़ी/अनाड़ी/सवारी)

ङ. यह भी पता नहीं कि नाव को .................. में ही डुबो दे। (नदी/सागर/मझधार)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## भाषातत्व और व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ चौकोर में से चुनकर लिखो और मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

बाँछें खिलना, धाड़ मारकर रोना, कुहराम मचना, आँखों में खून उतरना, जमीन–आसमान एक करना,

| | | |
|---|---|---|
| गुस्सा करना, | पूरी कोशिश करना, | जोर से रोना |
| खुश होना, | दुख से रोना–चिल्लाना। | |

**समझो**

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. उसने बादशाह को मस्जिद का नक्शा दिखाया। (मुबारक खान ने)

ख. वह बरसों से बेकरार था। (मुबारक खान)

ग. उसका ओहदा और बढ़े। (मुबारक खान का)

घ. चल भाई! तू ही मुझे पार ले चल। (बादशाह)

ङ. उन्होंने जौनपुर में पहले पुल बनवाया, बहुत बाद में मस्जिद। (अकबर ने)

इन वाक्यों में नाम के स्थान पर 'उसने', 'वह', 'उसका', 'तू', 'उन्होंने' शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये सभी शब्द सर्वनाम हैं। **जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं।**

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करो।**

**वाक्य–** मुबारक खान को तो कर वसूलने से ही फुर्सत नहीं है।

क. बुढ़िया ने रोना बंद कर दिया।

ख. बादशाह मुबारक खान के व्यवहार पर प्रसन्न हुए।

ग. बादशाह ने मुबारक खान से पुल बनवाने के लिए कहा।

- "बुढ़िया को और कोई सहारा न था।" यह निषेधात्मक वाक्य है। वाक्य का भाव बिना बदले इसे विधिवाचक वाक्य में इस प्रकार लिखा जाएगा– बुढ़िया असहाय थी।

**प्रश्न 3. इन वाक्यों को विधिवाचक वाक्यों में इस प्रकार बदलो जिससे उनके भाव न बदलें।**

क. मैं झूठ नहीं बोलता।

ख. वह बदसूरत नहीं है।

ग. मैं आज कक्षा में उपस्थित नहीं रहूँगा।

घ. चंद्रशेखर आज़ाद कायर नहीं थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखो–**

नक्शा, मुश्किल, मौका, ख्याल, खुश, हालात, दुनिया, फुरसत।

- क. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  ख. वह न्यौते–पर–न्यौता देता चला आ रहा था।

  'सब–के–सब' का अर्थ है, संपूर्ण या पूरा। न्यौते–पर–न्यौता का अर्थ है, लगातार न्यौता देना।

**प्रश्न 5. 'प्रश्न–पर–प्रश्न', 'धमकी–पर–धमकी', 'पेड़–का–पेड़', 'घर–का–घर', शब्द समूहों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

- क. बेशक, नक्शा बहुत खूबसूरत है।

  ख. सब–के–सब बेमिसाल हैं।

  'शक' और 'मिसाल' में 'बे' जोड़कर 'बेशक' और 'बेमिसाल' शब्द बने हैं। 'बेशक' का अर्थ है जिसमें कोई शक न हो और 'बेमिसाल' का अर्थ है जिसकी मिसाल (उदाहरण) न हो।

**प्रश्न 6. 'बे' जोड़कर कोई दो अन्य शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।**

## रचना

- पुल बन जाने से नागरिकों को क्या लाभ हुआ होगा– इस विषय पर 10 वाक्य लिखो।
- नदी पार करने के लिए उपयोग में आने वाले साधनों के नाम लिखो।

## योग्यता विस्तार

- कहानी को नाटक के रूप में तैयार करके कक्षा में प्रस्तुत करो।
- जनहित में मंदिर या मस्जिद के स्थान पर सड़क या पुल में तुम किसे महत्वपूर्ण मानते हो? इस बात पर आपस में चर्चा करो।
- इस कहानी को निम्न बिंदुओं के आधार पर तैयार कर कक्षा में प्रस्तुत करो –

  1. पात्र

  2. पात्रों का संवाद
     - अकबर का संवाद
     - बुढ़िया का संवाद
     - सुबेदार मुबारक खान का संवाद

  3. अभिनय करो –
     - बुढ़िया के रोने का
     - अकबर के चापू चलाने का

5MS7K1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ — 21

SG5JLH

# ekVh l|ejuh

[ए पाठ ने कवि लाला जगदलपुरी बस्तर माटी चो सुमरना करलासोत । एथा चो रान, बेड़ा–खाड़ा, लेहरा–पानी, नंदिमन, घुमर आरू करपन चो मयमा के सांगलासोत ।]

धन–धन माँय धरतनी ।
तुचो मया चो छाँय, ए धनी ।।

भारत–देस–भुँय चो माटी,
कुड़ई, कुंद, झुँय चो माटी,
जय–जय माता बस्तर–माटी,
तुचो रान–बन, डोङ्गरी–घाटी,
तुचो लेहरा मंग–मंग बासनी ।
धन–धन बस्तर माँय धरतनी ।।

तुचो तेज ने गरजे घुमर,
झरन मयारूख बोहे झर–झर,

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चितरकोट चो लकबक पानी,
तीरथगढ़ चो सुसार बानी,
तुचो कोटमसर भाग करपनी ।
धन–धन बस्तर माँय धरतनी ।।

बेड़ा–खाड़ा, नांगर–माटी,
ईरा–हँसया, जांगर माटी,
तन–मन–धन सब तुचो तरपनी ।
धन–धन बस्तर माँय धरतनी ।।

नंदि इंदराबती, कोतरी,
माहानंदि, नारंगी, सबरी,
टुरी, हटकुल आरू सेन्दरी,
तुचो दुआरे मारसोत लहरी,
तुचो संखनी, तुचो डंकनी ।
धन–धन बस्तर माँय धरतनी ।।

### lCneu pk ek;u ¼'kCnkFk½

| | | |
|---|---|---|
| सुमरनी | – | स्तुति |
| धरतनी | – | धरती, भूमि |
| धनी | – | स्नेहसूचक संबोधन |
| रान | – | वन |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| | | |
|---|---|---|
| लेहरा | – | हवा |
| घुमर | – | जलप्रपात |
| करपन | – | गुफा, कंदरा |
| तरपनी | – | श्रद्धापूर्वक अर्पित की गयी वस्तु |
| कुड़ई | – | एक जंगली सुगंधित फूल |
| कुंद | – | एक जंगली सुगंधित फूल, कुंद फूल |
| झुँय | – | जुही का फूल |
| मंग–मंग | – | सुगंध |
| बासनी | – | सुगंधित, सुवासित |
| मयारूख | – | प्रेमिल, स्नेहिल |
| बोहे | – | बहे |
| झरन | – | झरना |
| लकबक | – | खौलता हुआ या खौलता हुआ सा हलचल वाला |
| सुसार | – | सुशील, शांत |
| ईरा | – | हँसिया |
| जांगर | – | शरीर, देह |

## iLu vkmj vH;kl

गुरजी आगे चो असन लेका–लेकीमन के दुय कुड़ा बनाउन मुखचरन प्रस्न पुछा–पुछी होतो काजे बलोत । आपन बले प्रस्न पुछोत ।

जसन :– 1. माटी सुमरनी कविता चो कवि चो काय नाव आय ?

2. ए कविता के काय बोली ने लिखलासोत ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## ck/k& iLu

### iLu (1) [kky: fy[kyk iLueu pk mRrj fn;kI %&

(क) तुचो मया चो छाँय ए धनी, चो काय अरथ आय ?

(ख) कवि ए कविता ने काचो सुमरना करसोत ?

(ग) कवि माटी माय के काय तरपन करसोत ?

(घ) ए कविता ने इलोर पाँच ठन नंदिमन चो नावमन के सांगा ?

### iLu (2) [kky: fy[kyk /kkMheu pk vjFk fy[kk %&

(क) तुचो तेज ने गरजे घुमर,

झरन मयारूख बोहे झर—झर,

चितरकोट चो लकबक पानी,

तीरथगड़ चो सुसार बानी ।

SGEFNJ

(ख) बेड़ा—खाड़ा, नांगर—माटी,

ईरा—हँसया जांगर माटी,

तन—मन—धन सब तुचो तरपनी,

धन—धन बस्तर माय धरतनी ।।

### iLu (3) , ikB pk dfork d: uh n[ku vkV /kkMh fy[kk A

**Hkk I k&rRo vkmj C;kdju**

vjFk I kxk %& मंग—मंग बासनी, सुसार बानी, लकबक पानी, माय धरतनी ।

### ;kX; rk fcLrkj

हल्बी कविता नाहले गीत खोजुन कक्छा ने सुनावा ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ–22

# महापुरुषों का बचपन

5N44KR

— लेखक मंडल

हमारे जीवन में बचपन सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसी समय भविष्य की नींव पड़ती है। महान लोगों के बचपन में घटी घटनाएँ प्रेरणा का काम करती हैं। ऐसी घटनाएँ बड़ी स्वाभाविकता से बालमन को सही दिशा में ले जाने में अपनी भूमिका निभाती हैं।

**इस पाठ में हम सीखेंगे** – पढ़कर अर्थ ग्रहण करना, विभक्ति चिह्न, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्द।

## पहला प्रसंग

शाहजी अपने आश्रयदाता, बीजापुर के सुल्तान के दरबार में जाने की तैयारी कर रहे थे। उनके मन में विचार आया, क्यों न शिवा को भी आज अपने साथ ले चलूँ? आखिर उसे भी तो एक–न–एक दिन इसी दरबार में नौकरी करनी है। दरबार के नियम–कायदों का ज्ञान भी उसे होगा। उन्होंने आवाज लगाई– ''शिवा! तुझे भी आज मेरे साथ दरबार में चलना है। जल्दी तैयार हो जा।''



पिता के आज्ञाकारी पुत्र ने आदेश सुना। वह तुरंत तैयार हो गया। पिता–पुत्र दोनों दरबार में पहुँचे। शाहजी ने सुल्तान के सामने झुककर तीन बार कोर्निश की। फिर वे अपने पुत्र की ओर मुड़कर बोले, ''बेटे ! ये सुल्तान हैं, हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें प्रणाम करो।'' लेकिन निडर बालक ने कहा, ''पिता जी! मेरी पूजनीय तो मेरी माँ भवानी हैं। मैं तो उन्हीं को प्रणाम करता हूँ।''

पिता ने पुत्र की ओर आँखें तरेरकर देखा, फिर सुल्तान को संबोधित करते हुए बहुत विनम्र स्वर में कहा, ''हुजूर! यह अभी बच्चा है। दरबार के तौर–तरीके नहीं जानता। इसे माफ कर दीजिए।''

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से 'पूत के पाँव पालने में' लोकोक्ति का अर्थ पूछें। इसका अर्थ समझाएँ और बताएँ कि महापुरुषों का चरित्र उनके बचपन से ही आभासित होने लगता है। भगतसिंह, आजाद, गोपालकृष्ण गोखले, चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महापुरुषों के बचपन की घटनाएँ सुनाएँ और बताएँ कि शिवाजी, गांधी, तिलक की महानता उनके बचपन से ही प्रकट होने लगी थी। शिक्षक प्रेरक प्रसंग सुनाएँ, समूह में पढ़ने के लिए कहें तथा घटनाओं पर चर्चा करें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



घर लौटकर जब पिता ने अपने पुत्र को उसके व्यवहार के लिए डाँटा तो उसने फिर कहा, ''पिता जी, माता–पिता, गुरु और माँ भवानी के अलावा यह सिर और किसी के आगे नहीं झुक सकता।'' निडर बालक की बात सुनकर पिता जी सन्न रह गए।

## दूसरा प्रसंग

स्कूल में कक्षाएँ लग रही थीं। निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग के निरीक्षक आनेवाले थे। नियत समय पर वे आए। एक कक्षा में विद्यार्थियों को उन्होंने पाँच शब्द लिखने को दिए। उनमें से एक शब्द था 'कैटल' (KETTLE)। मोहन ने यह शब्द गलत लिखा। अध्यापक ने अपने बूट से ठोकर देकर इशारा किया कि आगे बैठे लड़के की स्लेट देखकर शब्द ठीक कर ले। मोहन ने नकल नहीं की। वह तो सोचता था कि परीक्षा में अध्यापक इसलिए होते हैं कि कोई लड़का नकल न कर सके। मोहन को छोड़कर सब लड़कों के पाँचों शब्द सही निकले। उस पर अध्यापक भी नाराज हुए लेकिन उसने दूसरों की नकल करना कभी न सीखा।



## तीसरा प्रसंग

विद्यालय लगा था, लेकिन एक कक्षा में कोई शिक्षक नहीं थे। उस कक्षा के कुछ विद्यार्थी बाहर टहल रहे थे, कुछ कक्षा में बैठे मूँगफली खा रहे थे। वे मूँगफली के छिलके वहीं कक्षा में फेंक रहे थे। शिक्षक कक्षा में आए और कक्षा में मूँगफली के छिलके बिखरे देखकर बहुत क्रोधित हुए। उन्होंने पूछा, ''कक्षा में मूँगफली के छिलके किसने फैलाए हैं?'' किसी विद्यार्थी ने कोई जवाब नहीं दिया। शिक्षक ने दोबारा वही प्रश्न कठोरता से किया, किन्तु फिर भी किसी छात्र ने कोई उत्तर नहीं दिया। अब की बार शिक्षक ने हाथ में बेंत लेकर कहा, ''अगर सच–सच नहीं बताया तो सबको मार पड़ेगी।'' वे एक छात्र के पास पहुँचे और उससे बोले, '' मूँगफली के छिलके किसने फेंके हैं?''

''जी, मुझे नहीं मालूम'', छात्र ने उत्तर दिया।

'सटाक्, सटाक्', दो बेंत उसके हाथ में पड़े। छात्र तिलमिलाकर रह गया। शिक्षक दूसरे, तीसरे, चौथे छात्र के पास पहुँचे। सभी से वही प्रश्न किया, सभी का उत्तर था– ''मुझे नहीं मालूम।'' सबके हाथों पर 'सटाक्, सटाक्' की आवाज हुई।

अब शिक्षक पाँचवें छात्र के पास पहुँचे। उससे भी वही प्रश्न किया। छात्र ने उत्तर दिया, ''श्रीमान् जी! न मैंने मूँगफली खाई, न छिलके फेंके। मैं दूसरों की चुगली नहीं करता, इसलिए नाम भी नहीं बताऊँगा। मैंने कोई अपराध नहीं किया है, इसलिए मैं मार भी नहीं खाऊँगा।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



शिक्षक छात्र को लेकर प्रधानाध्यापक के पास पहुँचे। प्रधानाध्यापक ने सारी बात सुनकर बालक को विद्यालय से निकाल दिया। बालक ने घर जाकर पूरी घटना अपने पिता जी को कह सुनाई। दूसरे दिन पिता जी बालक को लेकर विद्यालय में पहुँचे। तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से कहा, "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता। वह घर के अतिरिक्त बाजार की कोई चीज भी नहीं खाता। उसका आचरण बहुत संयमित है। मैं अपने पुत्र को आपके विद्यालय से निकाल सकता हूँ किन्तु निरपराध होने पर उसे दंडित होते नहीं देख सकता।" प्रधानाध्यापक शांत हो गए।

यही बालक आगे चलकर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने नारा दिया था– "स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर ही रहूँगा।"

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आश्रयदाता | – | आश्रय देनेवाला | आँखें तरेरना | – | गुस्सा होना |
| सन्न रह जाना | – | आश्चर्य से मूर्ति के समान हो जाना | | | |
| नियत | – | पहले से तय | | | |
| तेजस्वी | – | ...................... | निरीक्षण | – | ........................... |
| कोर्निश | – | झुककर सलाम करना | | | |

ऊपर लिखे शब्दों में कुछ शब्दों के अर्थ नहीं दिए गए हैं। उन शब्दों के अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर शब्दों के सामने लिखो।

(जाँच करना, तेजयुक्त)

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. शाहजी कहाँ जाने की तैयारी कर रहे थे ?
2. बालक मोहन ने कौन–सा शब्द गलत लिखा था?
3. निडर बालक शिवा की बात सुनकर पिता पर क्या प्रभाव पड़ा होगा?
4. कक्षा के पाँचवें छात्र ने जवाब में क्या कहा?
5. तेजस्वी पिता ने प्रधानाध्यापक से अपने पुत्र के संबंध में क्या कहा?

**प्रश्न 2. किसने, किससे, कब कहा?**

क. "तुझे भी मेरे साथ दरबार में चलना है।"

ख. "मेरा पुत्र असत्य नहीं बोलता।"

ग. "हुजूर! यह अभी बच्चा है।"

घ. "मैं दूसरों की चुगली नहीं करता।"

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**सोचो और लिखो–**

प्रश्न 3. क. शिवाजी अपने पिता का सम्मान करते थे पर उन्होंने दरबार में अपने पिता का आदेश नहीं माना। उन्होंने ऐसा क्यों किया?

ख. बालक मोहन ने अध्यापक का इशारा पाकर भी नकल नहीं की। यदि तुम मोहन की जगह पर होते तो क्या करते?

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे शब्दों और मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो–**

कोर्निश करना, तिलमिलाना, आँखें तरेरना, सन्न रह जाना।

**समझो**

- 'दाता' शब्द का अर्थ है 'देनेवाला'।

**प्रश्न 2. दिए गए शब्द–समूहों के लिए 'दाता' शब्द का प्रयोग करते हुए शब्द लिखो जैसे– दान देने वाला = दानदाता।**

आश्रय देनेवाला, अन्न देनेवाला, जन्म देनेवाला, कर देनेवाला, शरण देनेवाला।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित अवतरण में जहाँ–जहाँ अशुद्धियाँ हों, उन्हें शुद्ध कर अवतरण पुनः लिखो।**

राजेन्द्र परसाद अपने गाँव जीरादेई जा रहा था। नोका मैं एक मूसाफीर ने सीगरेट सूलगाई। उसके धूएँ से राजेन्द्र बाबू को खँसी उभर आई। जब सीगरेट का गंध–असहय हो गया राजेन्दर बाबु ने उस मूसाफीर से पूछा, ''यह सीगरेट आपका ही है न?'' जवाब मीला, ''मेरी नहीं तो क्या आपकी है। राजेन्दर बाबु बोले, ''तो यह धूँआ आपका ही होगा। इसे आप अपने पास ही रखिए।''

**प्रश्न 4. इन उदाहरणों के समान पर, की, में, ने और को का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बनाओ।**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को अलग–अलग छाँटकर लिखो।**

शीशी, मेंढक, इलायची, युवक, मोटी, बूढ़ा, मुहल्ला, घास।

**रचना**

क तुमने अपने माता–पिता से व्यवहार की कौन–सी अच्छी बातें सीखी हैं ? कोई पाँच बातें लिखो।

ख घर के समान ही विद्यालय की स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## गतिविधि

- हमारे देश के महापुरुषों ने हमें अनेक प्रेरक नारे दिए हैं। ऐसे पाँच महापुरुषों के नाम और उनके दिए नारे लिखो व उन्हें अपनी कक्षा की दीवारों पर लगाओ।
- **नीचे लिखे अवतरण को पढ़ो और इसका सारांश अपने शब्दों में लिखो।**

  एक बार महाराज रणजीत सिंह कहीं जा रहे थे कि सामने से एक पत्थर आकर उन्हें लगी। सिपाहियों ने चारों ओर नजर दौड़ाई तो एक बुढ़िया दिखाई दी। उसे गिरफ्तार करके महाराज के सामने हाजिर किया गया।

  बुढ़िया महाराज को देखते ही डर से काँप उठी। बोली, ''सरकार! मेरा बच्चा कल से भूखा था। घर में खाने को कुछ न था। पेड़ पर पत्थर मार रही थी कि कुछ बेर तोड़कर उसे खिलाऊँ किन्तु वह पत्थर भूल से आपको आ लगा। मैं बेगुनाह हूँ। सरकार! मुझे क्षमा किया जाए।" महाराज ने कुछ देर सोचा और वे बोले, ''बुढ़िया को एक हजार रुपये देकर सम्मान सहित छोड़ दिया जाए।''

  यह सुन सारे कर्मचारी अचंभित रह गए। एक ने सरकार से पूछ ही लिया, ''महाराज! जिसे दंड दिया जाना चाहिए, उसे रुपये दिए जाएँगे?'' रणजीत सिंह बोले, ''यदि निर्जीव वृक्ष पत्थर लगने पर मीठा फल देता है तो रणजीत सिंह उसे खाली हाथ कैसे लौटा दे?''

## योग्यता–विस्तार

- तुम महापुरुषों के बारे में जानकारी एकत्रित करो जिनके कार्यों से तुम अधिक प्रभावित या प्रेरित हो।
- किसी भी महापुरुष के बारे में निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एकत्रित कर लिखो–

  1. महापुरुष का नाम 2. जन्म स्थान 3. शिक्षा
  4. व्यवसाय 5. उल्लेखनीय कार्य।
- क्या कभी तुम्हारे साथ ऐसा हुआ है कि तुम्हारे गलती की सजा तुम्हें मिली हो।
- महापुरुषों को उनके कार्यों के कारण जाना जाता है तुमको भी सभी लोग जाने इसके लिए तुम क्या–क्या करोगे अपने शब्दों में लिखो।
- नकल करना किसे कहते हैं ? क्या नकल करना अच्छा होता है।

5NCZHE

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5NLVP2

## पाठ–23

# गुरू और चेला

गुरू एक थे और था एक चेला,
चले घूमने पास में था न धेला ।
चले चलते–चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सड़कें चमाचम थी डगरी।

मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी,
गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भर री।
बता कौन नगरी, बता कौन राजा,
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा।

कहा बढ़के ग्वालिन ने महाराज पंडित,
पधारे भले हो यहाँ आज पंडित।
यह अंधेर नगरी है अनबूझ राजा,
टके सरे भाजी, टके सेर खाजा।

गुरू ने कहा–जान देना नहीं है,
मुसीबत मुझे मोल लेना नहीं है।
न जाने की अंधेर हो कौन छन में?
यहाँ ठीक रहना समझता न मन में।

गुरू ने कहा किंतु चेला न माना,
गुरू को विवश हो पड़ा लौट जाना।
गुरूजी गए, रह गया किंतु चेला,
यही सोचता हूँगा मोटा अकेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चला हाट को देखने आज चेला,
तो देखा वहाँ पर अजब रेल–पेला।
टके सेर हल्दी, टके सेर जीरा,
टके सेर ककड़ी टके सेर खीरा।

टके सेर मिलती थी रबड़ी मलाई,
बहुत रोज उसने मलाई उडाई।
सुनो और आगे का फिर हाल ताजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।

बरसता था पानी, चमकती थी बिजली,
थी बरसात आई, दमकती थी बिजली।
गरजते थे बादल, झमकती थी बिजली,
थी बरसात गहरी, धमकती थी बिजली।

गिरी राज्य की एक दीवार भारी,
जहाँ राजा पहुँचे तुरत ले सवारी।
झपट संतरी को डपट कर बुलाया,
गिरी क्यों यह दीवार, किसने गिराया?

कहा संतरी ने–महाराज साहब,
न इसमें खता मेरी, ना मेरा करतब!
यह दीवार कमजोर पहले बनी थी,
इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



खता कारगीर की महाराज साहब,
न इसमें खता मेरी, या मेरा करतब!
बुलाया गया, कारीगर झट वहाँ पर,
बिठाया गया कारीगर झट वहाँ पर,

कहा राजा ने—कारीगर को सजा दो,
खता इसकी है आज इसको सजा दो।
कहा कारीगर ने, जरा की न देरी,
महाराज! इसमें खता कुछ न मेरी।

यह भिश्ती की गलती यह उसकी शरारत,
किया गारा गीला उसी की यह गफलत।
कहा राजा ने जल्द भिश्ती बुलाओं।
पकड़ कर उसे जल्द फाँसी चढ़ाओ।

चला आया भिश्ती, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने—इसमें खता कुछ न मेरी।
यह गलती है जिसने मशक को बनाया,
कि ज्यादा ही जिसमें था पानी समाया।

मशकवाला आया, हुई कुछ न देरी,
कहा उसने इसमें खता कुछ न मेरी।
यह मंत्री की गलती है, मंत्री की गफलत,
उन्हीं की शरारत, उन्हीं की हिमाकत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बड़े जानवर का था चमड़ा दिलाया,
चुराया न चमड़ा मशक को बनाया।
बड़ी है मशक खूब भरता है पानी,
ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी।

है मंत्री की गलती तो मंत्री को लाओं,
हुआ हुक्म मंत्री को फाँसी चढ़ाओं।
चले मंत्री को लेके जल्लाद फौरन,
चढ़ाने को फाँसी उसी दम उसी छण।

मगर मंत्री था इतना दुबला दिखाता,
न गर्दन में फाँसी का फंदा था आता।
कहा राजा ने जिसकी मोटी हो गर्दन,
पकड़ कर उसे फाँसी दो तुम इसी छण।

चले संतरी ढूँढने मोटी गर्दन,
मिला चेला खाता था हलुआ दनादन।
कहा संतरी ने चलें आप फौरन,
महाराज ने भेजा न्यौता इसी झण।

बहुत मन में खुश हो चला आज चेला,
कहा आज न्यौता छकूँगा अकेला।।
मगर आके पहुँचा तो देखा झमेला,
वहाँ तो जुड़ा था अजब एक मेला।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



यह मोटी है गर्दन, इसे तुम बढ़ाओ,
कहा राजा ने इसको फाँसी चढ़ाओं!
कहा चेले ने–कुछ खता तो बताओ,
कहा राजा ने–'चुप' न बकबक मचाओ।

मगर था न बुद्धू–था चालाक चेला,
मचाया बड़ा ही वहीं पर झमेला!!
कहा पहले गुरू जी के दर्शन कराओ,
मुझे बाद में चाहे फाँसी चढ़ाओ।

गुरूजी बुलाए गए झट वहाँ पर,
कि रोता था चेला खड़ा था जहाँ पर।
गुरू जी ने चेले को आकर बुलाया,
तुरत कान मे मंत्र कुछ गुनगुनाया।

झगड़ने लगे फिर गुरू और चेला,
मचा उनमें धक्का बड़ा रेल–पेला।
गुरू ने कहा–फाँसी पर मैं चढूँगा,
कहा चेले ने–फाँसी पर मैं मरूँगा।

हटाए न हटते अड़े ऐसे दोनों,
छुटाए न छुटते लड़े ऐसे दोनों।
बढ़े राजा फौरन कहा बात क्या है?
गुरू ने बताया करामात क्या है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चढ़ेगा जो फाँसी महूरत है ऐसी,
न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।
वह राजा नहीं, चक्रवर्ती बनेगा,
यह संसार का छत्र उस पर तनेगा।

कहा राजा ने बात सच गर यही
गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है
कहा राजा ने फाँसी पर मैं चढूँगा
इसी दम फाँसी पर मैं ही टँगूँगा।

चढ़ा फाँसी राजा बजा खूब बाजा
प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा
बजा खूब घर–घर बधाई का बाजा।
थी अंधेर नगरी, था अनबूझ राजा।।

**सोहन लाल द्विवेदी**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## टके की बात

1. टका पुराने जमाने का सिक्का था। अगर आजकल सब चीजें एक रूपया किलों मिलने लगें तो उससे किस तरह के फायदे और नुकसान होंगे?
2. भारत में कोई चीज खरीदने–बेचने के लिए 'रुपये' का इस्तेमाल होता है और बांग्लादेश में 'टके' का। ' रूपया' और ' टका' क्रमशः भारत और बांग्लादेश की मुद्राएँ हैं। नीचे लिखे देशों की मुद्राएँ कौन–सी हैं?

   सऊदी अरब जापान फ्रांस इटली इंग्लैड

## कविता की कहानी

1. इस कविता की कहानी को अपने शब्दों में लिखो।
2. क्या तुमने कोई और ऐसी कहानी या कविता पढ़ी है जिसमें सूझबूझ से बिगड़ा काम बना हो, उससे अपनी कक्षा में सुनाओ।
3. कविता को ध्यान से पढ़कर 'अंधेर नगरी' के बारे में कुछ वाक्य लिखो।

   (सड़कें, बाजार राजा का राजकाज)
4. क्या ऐसे देश को 'अंधेरी नगरी' कहना ठीक है? अपने उत्तर का कारण भी बताओ।

## कविता की बात

1. '' प्रजा खुश हुई जब मरा मूर्ख राजा। ''
   - (क) अंधेरी नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ?
   - (ख) यदि वे राजा से परेशाान थे तो उन्होंने उसे खुद क्यों नहीं हटाया ? आपस में चर्चा करो।
2. ''गुरू का कथन, झूठ होता नहीं है।''
   - (1) गुरूजी ने क्या बात कही थी?
   - (2) राजा यह बात सुनकर फाँसी पर लटक गया। तुम्हारे विचार से गुरूजी ने जो बात कही, क्या वह सच थी?
   - (3) गुरूजी ने यह बात कहकर सही किया या गलत? आपस में चर्चा करो।

## अलग तरह से

अगर कविता ऐसे शुरू हो तो आगे किस तरह बढ़ेगी? थी बिजली और उसकी सहेली थी बदली

..........................................................................

..........................................................................

........................................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## क्या होता यदि ....................

1. मंत्री की गर्दन फँदे के बराबर की होती?
2. राजा गुरूजी की बातों में न आता?
3. अगर संतरी कहता कि '' दीवार इसीलिए गिरी क्योंकि पीली थी'' तो महाराज किस–किस को बुलाते? आगे क्या होता ?

## शब्दों की छानबीन

1. नीचे लिखे वाक्य बढ़ो। जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची है, उन्हें आजकल कैसे खिलते है, यह भी बताओ।

   (क) न जाने की अंधरे हो कौन छन में!

   (ख) गुरू ने कहा तेज ग्वालिन न भग री!

   (ग) इसी से गिरी, यह न मोटी घनी थी!

   (घ) ये गलती न मेरी, यह गलती बिरानी!

   (ड.) न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी।

2. चमाचम थी सड़कें ................ इस पंक्ति में 'चमाचम' शब्द आया है। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ों और दिए गए वाक्यों में ये शब्द भरो–

   पटापट, चकाचक, फटाफट, चटाचट, झकाझक, खटाखट, चटपट

   1. आँधी के कारण पेड़ से ............................... फल गिर रहे हैं।
   2. हंसा अपना सारा काम .................................. कर लेती है।
   3. आज रहमान ne ..................................... सफेद कुर्ता पाजामा पहना है।
   4. उस भुक्खड़ ने ..................................... सारे खड्डे खा डाले।
   5. सारे बर्तन धुलकर .............................. हो गए।

5NVRQP

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5P5HSC

## पाठ–24

# बाबा अंबेडकर

– संकलित

दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम करके कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। महापुरुष बनने के लिए मनुष्य में ये गुण होने चाहिए। एक साधारण दलित परिवार में जन्म लेकर बाबा साहब अंबेडकर ने अपने इन्हीं गुणों के बल पर भारत के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। विपरीत परिस्थितियों से जूझकर उन्होंने अपने संकल्प को अंततः पूरा किया। **इस पाठ में हम सीखेंगे–** परस्पर विरोधी शब्दों का वाक्य में प्रयोग, विधिवाचक, निषेधात्मक, प्रश्नवाचक तथा आदेशात्मक वाक्य, सरल एवं संयुक्त वाक्य, प्रवाहपूर्वक पढ़ना।



संध्या हो रही है। पश्चिम दिशा में लाली फैल रही है। पक्षी चहचहाते हुए अपने घोंसलों की ओर लौट रहे हैं। बड़ौदा के राजमार्ग पर पेड़ के नीचे एक युवक बैठा है। वह फूट–फूटकर रो रहा है। आँसुओं का झरना लगातार झर रहा है। कोई धीरज नहीं देता उसे, कोई राह नहीं दिखाता उसे।

अचानक वह उठ खड़ा हो जाता है। आँसू पोंछकर सोचता है, ''किसने बनाई है छुआछूत की व्यवस्था? किसने बनाया है किसी को नीच, किसी को ऊँच? भगवान ने? हर्गिज नहीं। वह ऐसा नहीं करता। वह सबको समान रूप से जन्म देता है। यह बुराई मनुष्य ने पैदा की है। मैं इसे मिटाकर रहूँगा।''

मन में बार–बार अपना निश्चय दुहराता हुआ वह युवक मुंबई लौट आता है। फिर वह जो कुछ करता है, उसके कारण आज सारा देश उसे बाबा साहब के नाम से स्मरण करता है।

मध्यप्रदेश के महू नगर में रामजी नाम के एक सूबेदार मेजर थे। वे महार जाति के थे। 14 अप्रैल सन् 1891 ई. को उनके घर चौदहवीं संतान ने जन्म लिया। माता भीमाबाई 5 वर्ष तक उस बालक को पालकर स्वर्ग सिधार गईं। फिर चाची मीराबाई ने उसका पालन–पोषण किया। वे बालक को प्यार से 'भीवा' कहकर बुलाया करती थीं। बाद में यही बालक 'भीमराव रामजी अंबेडकर' कहलाया।

**शिक्षण–संकेत–** बच्चों से हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में चर्चा करें। वर्ण–व्यवस्था का उल्लेख करते हुए इसकी हानियाँ बताएँ। प्रत्येक अनुच्छेद को विराम–चिह्नों का ध्यान रखते हुए पढ़ने के लिए कहें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जिस वर्ष भीमराव का जन्म हुआ, उसी वर्ष रामजी नौकरी से छुट्‌टी पाकर रत्नागिरि के दपोली स्थान पर आ गए थे। यहीं भीमराव को पहली बार एक मराठी स्कूल में भर्ती कराया गया। चार वर्ष बाद वे पिता के साथ सतारा आ गए और सरकारी स्कूल में भर्ती हुए। यहाँ उन्हें सब लड़कों से दूर रखा जाता था। अध्यापक उनकी अभ्यास–पुस्तिका और कलम तक नहीं छूते थे। वे संस्कृत पढ़ना चाहते थे, किन्तु संस्कृत के अध्यापक ने उन्हें पढ़ाना स्वीकार नहीं किया। विवश होकर वे फारसी पढ़ने लगे। विद्यालय में उन्हें दिनभर प्यासा रहना पड़ता था, क्योंकि उन्हें पानी के बर्तनों में हाथ लगाने की अनुमति नहीं थी।

सन् 1905 में रामाबाई नाम की कन्या से भीमराव की शादी हो गई। उस समय वह नौ वर्ष की थी। शादी के बाद भीमराव अपने पिता के साथ मुंबई चले गए। वहाँ वे एलफिंस्टन स्कूल में भर्ती हुए। इस स्कूल में छुआछूत की कुप्रथा नहीं थी।

दो वर्ष बाद भीमराव ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। महार जाति के लिए यह बहुत गौरव की बात थी। घर में खूब खुशियाँ मनाई गईं। भीमराव एलफिंस्टन कॉलेज में पढ़ने लगे। बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने प्रसन्न होकर उन्हें 25 रुपये मासिक छात्रवृत्ति देना आरंभ कर दिया। बी.ए. उत्तीर्ण होने पर महाराज ने उन्हें बड़ौदा में अपने दरबार में नौकरी दे दी। दुर्भाग्य से इसी वर्ष उनके पिता का स्वर्गवास हो गया।

महाराज के दरबार में भीमराव से कट्टर हिन्दू घृणा करते थे। चपरासी तक उनको फाइलें फेंककर देते थे। तंग आकर भीमराव ने नौकरी छोड़ दी। वे फिर महाराज से छात्रवृत्ति पाने में सफल हुए और उच्च शिक्षा के लिए कोलंबिया (अमेरिका) चले गए। अपनी जाति के वे पहले विद्यार्थी थे, जिन्हें विदेश जाने का अवसर मिला।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ते समय भीमराव को अनेक नए अनुभव हुए। वहाँ उन्हें सबका प्यार और समानता का व्यवहार मिला। सन् 1916 में वे कोलंबिया से लंदन पहुँचे। वहाँ एक वर्ष रहकर वे मुंबई लौट आए। महाराज गायकवाड़ ने उनको बड़ौदा बुला लिया और सेना में सचिव के पद पर नियुक्त कर दिया, किन्तु वहाँ फिर उनको घृणा का शिकार होना पड़ा। होटलों तक में उन्हें रहने का स्थान न मिला। इस व्यवहार से उनका हृदय टूट गया। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और मुंबई जा पहुँचे।

विदेश में रहकर डॉ. अंबेडकर ने दो पुस्तकें लिखी थीं। धीरे–धीरे उनकी विद्वता की धाक जमने लगी। मुंबई के एक कॉलेज में उन्हें प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर लिया गया किन्तु यहाँ भी झंझट थी। धर्म के कट्‌टर लोग उनसे घृणा करते थे। किसी प्रकार भीमराव ने दो वर्ष निकाले। अन्त में यहाँ भी उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। अब उन्होंने छुआछूत की बुराई से लड़ने के लिए 'मूकनायक' नामक साप्ताहिक पत्र निकालना आरंभ किया। धन की कमी के कारण कुछ समय बाद ही उसे बंद करना पड़ा। भीमराव पढ़ने के लिए फिर लंदन चले गए। वहाँ तीन वर्ष रहकर उन्होंने अर्थशास्त्र में डाक्टर की उपाधि प्राप्त की। सन् 1923 में वे मुंबई लौट आए और उन्होंने वकालत आरंभ कर दी। एक वर्ष बाद कुछ मित्रों की सहायता से उन्होंने 'बहिष्कृत

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हितकारिणी सभा' की स्थापना की। तथाकथित अछूतों की समस्याएँ हल करना इस सभा का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने 'बहिष्कृत भारत' नामक समाचार पत्र भी निकाला। इसी वर्ष वे मुंबई विधानसभा के सदस्य बनाए गए। 27 मई, 1935 को बाबा साहब की पत्नी रामाबाई का देहांत हो गया जिससे वे बहुत दुखी हुए।

डॉ. अंबेडकर समाज में तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाना चाहते थे। वे उनकी आर्थिक हालत सुधारने के लिए संकल्प ले चुके थे। इतिहास की सच्ची जानकारी देने के लिए उन्होंने 'शूद्र कौन थे' नामक पुस्तक लिखी, जो बहुत लोकप्रिय हुई। भारत के वाइसराय ने उनकी योग्यता से प्रभावित होकर उन्हें अपने सचिव मंडल का सदस्य बनाया।

सन् 1947 में भारत के स्वतंत्र होने पर वे संविधान–सभा के सदस्य चुने गए। संविधान का प्रारूप उन्हीं की अध्यक्षता में तैयार हुआ। उन्होंने उसमें तथाकथित अछूतों को समानता का अधिकार दिलाया। राष्ट्र की एकता के लिए भी उन्होंने कई बातें संविधान में सम्मिलित कराईं। संविधान निर्माण में बाबा साहब ने अभूतपूर्व परिश्रम किया।

15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। डॉ. अंबेडकर को इस सरकार में कानून मंत्री का पद दिया गया। वे भारत के पुराने कानूनों में कई सुधार करना चाहते थे किन्तु प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू से उनका मतभेद हो गया। इसलिए सन् 1951 में उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

सरकार से अलग होकर वे पूरी शक्ति से समाजसेवा में जुट गए। लोग उन्हें देवता की तरह पूजने लगे। वे जहाँ जाते थे, 'जय भीम' के नारों से आकाश गूँज उठता था। वे कट्टर हिन्दुओं के आगे झुकना नहीं जानते थे। उन्होंने सन् 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना भी कर डाली और बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। इस घटना से हिन्दू समाज में बड़ी खलबली मच गई। दुर्भाग्य से 6 दिसम्बर, सन् 1956 को अचानक लाखों पीड़ितों को छोड़कर डॉ. अंबेडकर स्वर्गवासी बन गए।

हिन्दू समाज डॉ. अम्बेडकर को 'बाबा साहब' कहकर सम्मान देता है। वे देश के पिछड़े और दलित समाज के प्राण थे। बचपन से ही उनमें कठिन परिश्रम करने की आदत थी। नित्य 18 घंटे पढ़ना उनके लिए सहज बात थी। सिनेमा और गपशप से वे दूर रहते थे। कठिनाइयाँ उनका मार्ग नहीं रोक पाती थीं। वे जो सोचते, वही करते थे। उनका भाषण बहुत प्रभावशाली होता था। तर्क करने की उनमें अनोखी शक्ति थी। वे किसी भी धर्म के विरोधी नहीं थे। उनकी लड़ाई तो उन बुराइयों से थी, जिन्हें मनुष्यों ने धर्म में उत्पन्न कर दिया है।

डॉ. अंबेडकर इसलिए महान हैं क्योंकि उन्होंने छुआछूत के पाप को नष्ट करने का प्रयत्न किया। उनके प्रयत्नों से सभी को कानून में समानता का अधिकार मिला। आज सभी बालक बालिकाएं साथ–साथ बैठकर पढ़ते हैं, खाते–पीते और खेलते–कूदते हैं। गाड़ियों, होटलों, तीर्थों, मंदिरों आदि सभी जगह वे समान रूप से आते–जाते हैं। हजारों वर्षों के भारतीय इतिहास की यह बहुत बड़ी घटना है। डॉ. अंबेडकर ने देश को छुआछूत के पाप से छुटकारा दिलाया। आनेवाली पीढ़ियाँ बाबा साहब अंबेडकर के महान कार्यों को स्मरण कर गौरव का अनुभव करती रहेंगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्मरण | — याद | प्रभावशाली | — प्रभाववाला |
| आधारित | — आधार में, सहारे में | समानता | — बराबरी |
| बहिष्कृत | — बाहर निकाला हुआ | तथाकथित | — जैसा कहा गया है लेकिन जिसके होने में संदेह हो |
| रत्नागिरि | — महाराष्ट्र के एक जिले का नाम | | |
| रूढ़िवादी | — पुरानी विचारधारा को माननेवाले | | |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** बाबा अंबेडकर को किस नाम से जाना जाता है ?

**प्रश्न 2.** बड़ौदा के महाराज ने डॉ. अंबेडकर को क्या सहायता दी?

**प्रश्न 3.** डॉ. अंबेडकर को बड़ौदा के महाराज की नौकरी क्यों छोड़नी पड़ी?

**प्रश्न 4.** नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने क्या संकल्प लिया?

**प्रश्न 5.** भारतीय संविधान से तथाकथित अछूतों को क्या लाभ हुआ?

**प्रश्न 6.** डॉ. अंबेडकर महान क्यों माने जाते हैं?

**प्रश्न 7.** देश को डॉ. अंबेडकर की सबसे बड़ी देन क्या है?

**प्रश्न 8.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित किसी कुरीति पर दो वाक्य लिखो।

**प्रश्न 9.** अपने गाँव या शहर में प्रचलित कुरीति को दूर करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?

## भाषातत्व और व्याकरण

**समझो**

- 'छोटी–बड़ी समस्याओं को तो हमें प्रायः झेलना पड़ता है।' इस वाक्य में 'छोटी–बड़ी' परस्पर विलोम शब्द हैं।

**प्रश्न 1. इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों और उनके परस्पर विरोधी शब्दों को एक साथ एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।**

पाप, उत्तीर्ण, पक्ष, सफल, दुर्भाग्य।

- **इन वाक्यों को पढ़ो–**

क. कक्षा में बच्चे ध्यानपूर्वक पढ़ रहे हैं।

ख. अभी मध्य अवकाश है, हमारी कक्षा के बच्चे पढ़ नहीं रहे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ग. क्या तुम्हारी कक्षा के विद्यार्थी शिक्षक से पूछकर कक्षा से बाहर जाते हैं ?

घ. कक्षा में शोर मत करो।

ऊपर लिखे चारों वाक्य चार प्रकार के हैं। पहले वाक्य में कार्य हो रहा है। ऐसे वाक्य 'विधिवाचक वाक्य' कहलाते हैं। दूसरे वाक्य में कार्य नहीं हो रहा है। ऐसे वाक्य 'निषेधात्मक वाक्य' कहलाते हैं। तीसरे वाक्य में प्रश्न पूछा गया है। ऐसे वाक्य 'प्रश्नवाचक वाक्य' कहलाते हैं। चौथे वाक्य में आदेश दिया गया है। ऐसे वाक्य 'आदेशात्मक वाक्य' कहलाते हैं।

**प्रश्न 2. नीचे लिखे वाक्यों को उनके सामने कोष्ठक में लिखे वाक्यों में परिवर्तित करो–**

क. 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत की प्रथम सरकार बनी। (प्रश्नवाचक वाक्य)

ख. कल तुम सब 'बाबा साहब अंबेडकर' पाठ याद करके आए थे।(आदेशात्मक वाक्य)

ग. जाति–व्यवस्था ईश्वर ने बनाई है। (निषेधात्मक वाक्य)

घ. उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र नहीं दिया। (विधिवाचक वाक्य)

- **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़ो–**

क. बालक घर आ गया।

ख. वह खाना खा रहा है।

ये दोनों सरल वाक्य हैं। अब यह वाक्य देखो, 'बालक घर आ गया और वह खाना खा रहा है।' यहाँ 'और' शब्द से दो सरल वाक्यों को जोड़कर एक संयुक्त वाक्य बनाया गया है।

**प्रश्न 3 इस पाठ में आए पाँच संयुक्त वाक्य छाँटकर लिखो।**

## योग्यता–विस्तार

- डॉ. अंबेडकर के जीवन के अन्य प्रेरक प्रसंग खोजो और उन्हें बालसभा में सुनाओ।
- तुम्हें अपने समाज की कौन–सी रीतियाँ बुरी लगती हैं ? उन पर चर्चा करो।

5PEITZ

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पाठ–25

# चमत्कार

–जाकिर अली 'रजनीश'

प्रस्तुत एकांकी में, समाज के कुछ चालाक किस्म के लोगों द्वारा मामूली–सी बीमारी को जादू–टोने या मंत्रशक्ति से दूर करने की बात बताकर लोगों को भ्रमित करने के कुप्रयासों का पर्दाफाश किया गया है। वैज्ञानिकता की कसौटी पर ऐसे चमत्कारों को कसकर हमें भी समाज में फैले अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

**इस पाठ में हम सीखेंगे–** अभिनय करना और अनुतान, बलाघात के साथ बोलना, विभक्ति चिह्न का प्रयोग, मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग।

## पात्र–परिचय

| | | |
|---|---|---|
| राहुल | – | कॉलेज का एक विद्यार्थी, आयु लगभग 18 वर्ष। |
| रोशन | – | राहुल का मित्र, विज्ञान का विद्यार्थी। |
| स्वामी | – | साधु की वेशभूषा में एक कपटी व्यक्ति, आयु लगभग 45 वर्ष। |
| जतिन | – | 6 वर्ष का एक छोटा बालक। |
| माँ | – | जतिन की माँ, आयु लगभग 35 वर्ष। |
| इंस्पेक्टर | – | पुलिस अधिकारी, आयु लगभग 30 वर्ष । |
| सिपाही | – | पुलिस कर्मचारी, आयु लगभग 35 वर्ष। |

(परदा खुलता है। मंच पर स्वामी जी अपना थैला तथा कुछ टीम–टाम लिए बैठे हैं। वे अपना चमत्कार दिखाने की तैयारी में हैं। परदा खुलते ही दर्शकों में खुसुर–फुसुर होने लगती है।)

स्वामी : भाइयो! अब आप लोग शान्त हो जाइए। अभी आप लोगों के सामने मैं अपनी मंत्र–शक्ति का प्रदर्शन करूँगा। लेकिन सबसे पहले एक बार जोर–से तालियाँ बजाइए। (सभी लोग तालियाँ बजाते हैं। तभी रोते हुए जतिन को लेकर उसकी माँ मंच पर आती है।)

**शिक्षण–संकेत–** बनावटी साधुओं और ठगों के संबंध में कक्षा में चर्चा करें। विद्यार्थियों को बताएँ कि समाचार–पत्रों में ऐसे लोगों के द्वारा ठगी करने की घटनाएँ आम तौर पर प्रकाशित होती रहती हैं। ऐसे समाचारों को संकलित करवाएँ। तीन–चार विद्यार्थियों को अलग–अलग पात्र बनाकर उनसे कक्षा में अभिनय कराते हुए पाठ पढ़ाएँ। विद्यार्थियों के कथोपकथन पर विशेष ध्यान रखें।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



माँ : (हाथ जोड़कर स्वामी जी से) स्वामी जी, मेरे बच्चे के पेट में बहुत दर्द है। कृपया इसका उपचार कर दीजिए।

स्वामी : अरे बहिन जी! यह आप क्या कराने आ गईं। मैं तो अपना चमत्कार दिखाने आया था। चलो, इसी बालक पर अपना चमत्कार दिखाऊँगा। बोलो बहिन जी! इसे क्या कष्ट है।

माँ : स्वामी जी, इसके पेट में अक्सर भयंकर दर्द उठता है।

(स्वामी जी जतिन की कमीज उठाकर उसका पेट देखते हैं।)

स्वामी : (गंभीर मुद्रा में) ओह, अनर्थ! इसके पेट में तो पथरी है।

माँ : (घबराकर) यह आप क्या कह रहे हैं, स्वामी जी?

स्वामी : मैं ठीक कह रहा हूँ। लेकिन घबराओ नहीं। मैं अभी अपनी मंत्र–शक्ति से इसकी पथरी निकाल देता हूँ। आओ बेटे, तुम यहाँ पर लेट जाओ।

(स्वामी जी जतिन को एक ऊँची जगह पर लिटा देते हैं और उसकी कमीज पर एक बोतल से पानी जैसा कुछ छिड़कते हैं। इसी समय मौका देखकर राहुल व रोशन चुपके से स्वामी जी के पास में रखा सामान बदल देते हैं। जतिन लगातार रोता रहता है।)

स्वामी : मत रो बेटे! मैं अभी तेरा दर्द दूर कर देता हूँ।

(एक पुड़िया से कोई पाउडर जतिन को खाने को देते हैं। उसे खाने के बाद जतिन चुप हो जाता है। स्वामी जी आहिस्ता–आहिस्ता जतिन के पेट पर हाथ फेरते हैं। अचानक जतिन के पेट से खून बहने लगता है।)

माँ : (बेटे के पेट से खून बहता देखकर) स्वामी जी, यह खून कैसे बहने लगा?

स्वामी : (प्रसन्न होकर) घबराओ नहीं, मेरा प्रयास सफल हो गया। ये रहीं इसके पेट की पथरियाँ! (हाथ फैलाकर दो छोटी कंकरियाँ दिखाते हैं।) इन्हें मैंने अपनी मंत्र–शक्ति से बाहर निकाला है।

माँ : लेकिन इसका खून ?

स्वामी : घबराओ नहीं, सब ठीक हो जाएगा। (लड़के का पेट पोंछते हैं।) (दर्शकों से) भाइयो! आप में से कोई एक–दो दर्शक आकर देख सकते हैं। इसके पेट पर कोई घाव नहीं है।

(मंच पर दर्शक आते हैं और जतिन का पेट देखते हैं।)

दर्शक : (आश्चर्य भाव से) भाइयो! सच में जतिन के पेट पर कोई घाव नहीं है।

(दर्शक वापस लौट जाते हैं।)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





स्वामी : (अपनी बात आगे बढ़ाते हुए) देखा, कोई घाव नहीं। यह सब मेरे मंत्रों का कमाल है। (भीड़ स्वामी जी की जय–जयकार करती है।)

स्वामी : (हाथ ऊपर उठाकर) ठीक है, ठीक है। आप लोग शांत हो जाएँ अब मैं आप लोगों को एक और जादू दिखाऊँगा। (अपने थैले में से एक नारियल निकालकर सबको दिखाते हुए)

स्वामी : यह है मेरी बीस साल की तपस्या का अद्भुत नमूना। अभी आप लोगों के सामने इसे तोड़ूँगा तो इसमें से फूल बरसेंगे। (नारियल जमीन पर पटक देते हैं। पर उसमें से कुछ भी नहीं निकलता।)

(राहुल का मंच पर आना)

राहुल : (मुस्कराकर) यह क्या स्वामी जी महाराज!, नारियल तो खाली है ! इसमें से तो कुछ भी नहीं निकला, जबकि यह चमत्कार तो मेरा दोस्त रोशन कर सकता है।

स्वामी : (खिसियाते हुए) क्या बक रहे हो ?

( रोशन का प्रवेश)

रोशन : यह बक नहीं रहा, ठीक कह रहा है। मैं अभी यह चमत्कार करके दिखाता हूँ। (अपने थैले में से नारियल निकालकर उसे जमीन पर पटकता है। उसमें से ढेर सारे मोंगरे के फूल निकलते हैं।

रोशन : देखा यह आश्चर्य आपने! (लोग तालियाँ बजाते हैं।)

राहुल (स्वामी से): देखा आपने मेरे दोस्त का चमत्कार !

स्वामी : (रोष में) यह छोकरा मेरी बराबरी नहीं कर सकता। मैं अपनी मंत्र–शक्ति से आग जला सकता हूँ। मेरी मंत्र–शक्ति देखो। (स्वामी अपने थैले से लाल कागज निकालकर उसके टुकड़े करता है। फिर एक शीशी दिखाते हुए कहता है।) अब मैं कागज़ के इन टुकड़ों पर यह अभिमंत्रित जल डालूँगा और

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ये कागज जल उठेंगे। (स्वामी कागज पर शीशी का पदार्थ डालता है, पर आग नहीं जलती।)

राहुल : लगता है, आपका यह मंत्र भी बेकार हो गया, स्वामी जी ! लेकिन लोगों को निराश नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि मेरा दोस्त यह चमत्कार भी दिखा सकता है।

रोशन : (कागज फाड़ते हुए) ये रहे कागज के टुकड़े और यह मैंने डाला इन पर अभिमंत्रित जल और यह आग जल उठी।

(आग जलने पर सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं, जब कि स्वामी जी क्रोध में अजीब तरह से मुँह बनाते हैं। तभी मंच पर इंस्पेक्टर व सिपाही आते हैं।)

इंस्पेक्टर : सिपाही, इस ढोंगी को गिरफ्तार कर लो। अब इसकी पोल खुल चुकी है।

(सिपाही आगे बढ़कर स्वामी को पकड़ लेता है।)

स्वामी : (क्रोध में) यह आप क्या कर रहे हैं ? मैं सिद्ध योगी हूँ, सबको भस्म कर दूँगा।

राहुल : अच्छा, तब आप वह मंत्र भी आजमाकर देख लीजिए, शायद काम बन जाए।

इंस्पेक्टर : (स्वामी की नकली दाढ़ी नोंचते हुए) मुझे इसकी बहुत दिनों से तलाश थी। मैं तुम्हारा आभारी हूँ रोशन, जो तुमने इसकी पोल खोलकर इसे पकड़वाया। लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आई कि ये चमत्कार होते कैसे हैं?

रोशन : सबसे पहले मैं पथरी का चमत्कार बताता हूँ। दरअसल बात यह है कि इस स्वामी ने सबसे पहले लड़के के पेट पर चूने का पानी मला, फिर हाथ में हल्दी का चूर्ण एवं कंकरी छिपाकर पेट पर हाथ फेरने लगा। चूने के पानी से हल्दी ने रासायनिक क्रिया करके लाल रंग बना दिया, जिसे सब लोगों ने खून समझ लिया और फिर हाथ में छिपी कंकरी को पथरी बता दिया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इंस्पेक्टर : लेकिन यह लड़का चुप कैसे हो गया था ?

रोशन : भभूत में मिली मीठी सेकरीन के कारण। जैसे ही इसे मीठा–मीठा लगा, इसने रोना बंद कर दिया।

माँ : हाँ बेटा, तुम ठीक कहते हो। जब भी यह कोई मीठी चीज खा जाता है, रोना बंद कर देता है। लेकिन नारियल से फूल कैसे निकल सकते हैं?

रोशन : आप लोग तो जानते ही हैं कि नारियल में तीन आँखें होती हैं। उसकी एक आँख में छेद करके पहले से मोगरे की कलियाँ डाल दी गई हैं जो अन्दर खिलकर फूल बन गई हैं।

इंस्पेक्टर : और पानी डालने से कागज कैसे जल गए?

रोशन : उन कागजों पर पोटैशियम परमैंगनेट का लेप चढ़ा था। जब उन पर पानी के बहाने ग्लिसरीन डाला तो दोनों में क्रिया हुई और आग जल पड़ी। ये सब विज्ञान के चमत्कार हैं। स्वामी महाराज इन्हें मंत्र का चमत्कार कहकर वाहवाही लूटनेवाले थे, पर मैंने सामान बदलकर इनकी पोल खोल दी।

इंस्पेक्टर : वाह रोशन! तुमने अपनी बुद्धि से लोगों को भ्रमित होने से बचा लिया! (स्वामी को संबोधित करके) अब चलो, स्वामी महाराज, मैं थाने में तुम्हें अपना चमत्कार दिखाता हूँ।

(सभी लोग जोर–से तालियाँ बजाते हैं और 'चमत्कार भई चमत्कार, विज्ञान के देखो चमत्कार। चिल्लाते हैं।)

(परदा गिरता है।)

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| मजमा | – | भीड़/व्यक्तियों का समूह |
| प्रदर्शन | – | दिखावा |
| अद्‌भुत | – | अनोखा |
| ढोंगी | – | ढोंग करनेवाला |
| भस्म | – | राख |
| आहिस्ता | – | धीरे–से |
| चमत्कार | – | असामान्य काम करके दिखाना |
| भयभीत होना | – | डर जाना |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1.** स्वामी ने जतिन के पेट में दर्द होने का क्या कारण बताया?

**प्रश्न 2.** स्वामी ने किस ढोंगी प्रक्रिया से जतिन के पेट का दर्द दूर किया?

**प्रश्न 3.** राहुल ने स्वामी के ढोंग की पोल कैसे खोली?

**प्रश्न 4.** नारियल से फूल कैसे निकले?

**प्रश्न 5.** रोशन ने क्या–क्या चमत्कार दिखाए?

**प्रश्न 6.** भीड़ स्वामी जैसे लोगों के ढोंग से क्यों प्रभावित हो जाती है?

**प्रश्न 7.** बीमार पड़ने पर हमें किसी साधु के पास जाना चाहिए या डॉक्टर के पास? कारण सहित उत्तर लिखो।

## भाषातत्व और व्याकरण

**प्रश्न 1. नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो।**

पोल खोलना — वाहवाही लूटना

हैरान रह जाना — भस्म कर देना

खुसुर–फुसुर करना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और उनके आगे या पीछे जुड़े शब्दांश अलग–अलग करके लिखो–**

उपयोग, लूटनेवाला, रासायनिक, विज्ञान, प्रदर्शन।

**प्रश्न 3. उचित विभक्ति चिह्न लगाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–**

क. स्वामी जी जतिन ........................ एक ऊँची जगह लिटा देते हैं।

ख. स्वामी जी जतिन ..................... कमीज उठाकर देखते हैं।

ग. स्वामी जी! पेट ....................... दर्द हो रहा है।

घ. पेंसिल ....................... लिखो।

ङ नाटक ..................... सभी पात्रों ने अच्छा अभिनय किया।

- संबोधन के पश्चात् संबोधन चिह्न (!) लगाया जाता है, जैसे– स्वामी जी! मेरा पुत्र बीमार है।

  यह क्या स्वामी जी महाराज! (आश्चर्य)

  ओह! अनर्थ। (दुख)

- संबोधन के बहुवचन शब्दों में अनुनासिक का प्रयोग नहीं होता, केवल अंतिम अक्षर का 'ओ' से अंत हो जाता है। उदाहरण पढ़ो और समझो।

  लड़को! मैदान में खेलो।

  लड़कों! मैदान में खेलो।

  पहले वाक्य में प्रयुक्त 'लड़को'! शब्द शुद्ध है दूसरे वाक्य में 'लड़कों'! प्रयोग अशुद्ध है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**प्रश्न 4. नीचे लिखे वाक्यों के रिक्त स्थानों में बहुवचन शब्दों का प्रयोग करो–**

क. .................... ने तालियाँ बजाईं। (दर्शक)

ख. ................ को देखकर आनंद आ गया। (बच्चा)

ग. ................ के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। (महिला)

घ. .............. की स्वामी से झड़प हुई। (युवक)

ङ. ............. ! कल विद्यालय मत आना। (बालक)

## रचना

- इस एकांकी की कथा को अपने शब्दों में लिखो ।
- नीचे बने चित्रों को देखो और उसके आधार पर एक कहानी बनाकर लिखो।



## गतिविधि

- बाल–सभा में इस नाटक का मंचन करो।

5PXAXA

## योग्यता–विस्तार

### सोचो और चर्चा करो–

- जादू दिखानेवाला या मदारी का खेल दिखानेवाला भीड़ को ताली बजाने के लिए क्यों कहता है?
- इसी तरह का कोई एकांकी बालपत्रिका से लेकर बालसभा में मंचन करो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

345UFD

# जाँच के लिए प्रश्न

- **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ो। इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही–उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

प्राचीन समय में पुस्तकें हाथ से तैयार की जाती थी। उस युग में पुस्तकों की प्रतियाँ करने का काम अधिकतर भिक्षु लोग करते थे। ये लोग अपनी छोटी–छोटी कोठरियों में बैठे सावधानीपूर्वक पुस्तकों की प्रतियाँ तैयार करते थे। यह कार्य करते–करते उनकी आँखें दुख जाती थी। अंगुलियाँ दर्द करने लगती थी, फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।

जरा सोचो, एक पृष्ठ यहाँ तक कि एक लाइन लिखने में कितना समय लगता है। फिर पूरी पुस्तक की प्रतिलिपि तैयार करने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता होगा, उसके लिए कितने धैर्य की आवश्यकता होती होगी।

कई वर्षों बाद बेल्जियम के एक चतुर व्यक्ति ने छापेखाने का आवि कार किया। इसके द्वारा बहुत कम समय में किसी भी पुस्तक की दसियों प्रतियाँ तैयार होने लगी। पिछले 500 वर्षों में पुस्तकें छापने की विधि में बहुत से महत्वपूर्ण परिवर्तन और सुधार हो गए हैं और आज हजारों और लाखों पुस्तकें बहुत आसानी से छापी जा सकती हैं।

1. प्राचीन समय में संसार में बहुत कम पुस्तकें क्यों थी?

   (क) भिक्षु पुस्तकें लिखते हुए बहुत थक चुके थे।

   (ख) पुस्तकें केवल बेल्जियम में बनाई जाती थी।

   (ग) पुस्तकें हाथ से लिखी जाती थी।

   (घ) लोगों में धैर्य की कमी थी

2. ''फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।'' इस वाक्य में भिक्षुओं की कौन–सी विशे ता प्रकट होती है?

   (क) उन्हें रातभर कार्य करना पड़ता था।

   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।

   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।

   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. भिक्षु कई घण्टों तक लिखते रहते थे। इसका उन पर क्या प्रभाव पड़ता था?
   (क) उन्हें रात भर कार्य करना पड़ता था।
   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।
   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।
   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।
4. ''इसके द्वारा बहुत कम समय में ..................... '' यहाँ 'इसके' किसकी ओर संकेत करता है?
   (क) चतुर व्यक्ति
   (ख) छायाखाना
   (ग) बेल्जियम
   (घ) भिक्षु
5. इस अनुच्छेद के लिए कौन–सा शीर्षक उपयुक्त है?
   (क) पुस्तकें हमारी मित्र
   (ख) पुस्तकों का महत्व
   (ग) छापेखाने का आवि   कार
   (घ) भिक्षुओं का कष्ट

- **निम्नलिखित प्रश्नों में खाली स्थानों को भरने के लिए सही शब्द छाँटो और उसकी क्रम संख्या पर घेरा लगाओ –**

1. पर्वत की चोटियों .................. पर चढ़ना कोई सरल काम नहीं।
   (क) में
   (ख) पर
   (ग) से
2. बिल्ली पेड़ ................. बहुत आराम से सो रही थी।
   (क) में
   (ख) के चारों तरफ
   (ग) के नीचे

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3. मामा जी सोहन .................. पेन लाए।
   (क) के लिए
   (ख) के द्वारा
   (ग) से
4. आज विद्यालय .................. अवकाश है।
   (क) पर
   (ख) में
   (ग) के
5. मैंने भगवान .................. दर्शन किए।
   (क) का
   (ख) की
   (ग) के
6. इस प्रश्न का उत्तर तो बहुत .................. है।
   (क) सरल
   (ख) सुगम
   (ग) सुलभ
7. हवा को चाहे वायु कह लो, चाहे .................. , एक ही बात है।
   (क) पवन
   (ख) पावक
   (ग) पावन
8. पहला सवाल तो बहुत सरल था, मगर दूसरा सवाल बहुत ही .................. था।
   (क) सही
   (ख) आसान
   (ग) कठिन
9. जहाँ तक .................. जाती थी, बर्फ ही बर्फ थी।
   (क) नजर
   (ख) दिखाई
   (ग) सुनाई

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



10. शहरी और .................. बच्चों की सुविधाओं में भेदभाव नहीं होना चाहिए।
(क) नगरीय
(ख) ग्रामीण
(ग) देशी

11. अगर समय पर बारिश हुई होती .................. फसल अच्छी होती।
(क) लेकिन
(ख) तो
(ग) एवं

12. तुम्हें व्यायाम करना चाहिए .................. स्वस्थ रह सको।
(क) ताकि
(ख) इसलिए
(ग) और

13. गुड़िया पाकर चाँदनी इतनी खुश हुई .................. उसे काई खजाना मिल गया हो।
(क) कैसे
(ख) वैसे
(ग) जैसे

14. हर्ष झगड़ा करता है .................. वह झगड़ालू कहलाता है।
(क) और
(ख) परंतु
(ग) इसलिए

15. तुम कहाँ जा रही हो इस वाक्य के आखिरी में .................. चिह्न आएगा।
(क) ?
(ख) !
(ग) ।


- **नीचे लिखे अंश को ध्यान से पढ़ो। उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# क्रिकेट क्लब





**सब कक्षाओं के साथियों का स्वागत है**

**आइए, क्रिकेट खेलना सीखें!**

प्रति रविवार को खेल के मैदान में

**समय**

लड़कियों के लिए प्रातः 9.00–10.00 बजे तक
लड़कों के लिए प्रातः 10.30–12.00 बजे तक

**सदानन्द प्राइमरी विद्यालय**
**महात्मा गाँधी मार्ग**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

1. ऊपर दिया गया अंश है?
   (क) सूचना
   (ख) कहानी
   (ग) आदेश
   (घ) निबंध
2. क्रिकेट क्लब किनके लिए है?
   (क) केवल लड़कों के लिए
   (ख) केवल लड़कियों के लिए

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



(ग) सभी साथियों के लिए

(घ) इसमें से किसी के लिए नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन–सा सही है?

(क) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से पहले होगा।

(ख) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से ज्यादा लम्बा होगा।

(ग) लड़के–लड़कियों के अभ्यास अलग–अलग दिनों में होंगे।

(घ) लड़कों का अभ्यास रविवार दोपहर को होगा।

4. लड़कों को कितनी देर क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा?

(क) तीस मिनट

(ख) डेढ़ घंटे

(ग) दो घंटे

(घ) तीन घंटे

5. यह क्रिकेट क्लब किस नगर में है?

(क) सदानंद

(ख) महात्मा गांधी

(ग) रायपुर

(घ) उत्तर प्रदेश

- **यदि तुम्हें अपने स्कूल में चीजों को मनपसंद तरीके से बदलते की छूट मिले तो तुम उसमें कौन–कौन से बदलाव करना पसंद करोगे?**
- **अगर तुम्हें पक्षियों को रंगने का अधिकार मिल जाए तो तुम किन–किन पक्षियों को क्या–क्या रंग दोगे?**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# पुष्पाणि


| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| कुमुदम् | – | कुमुदिनी |  |
| सूर्यकान्तिः | – | सूर्यमुखी |  |
| चम्पकः | – | चम्पा |  |
| पाटलम् (स्थलम्) | – | गुलाब |  |
| कमलम् | – | कमल |  |

34EQH1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| मन्दारम् | – | आक |  |
| सेवन्तिका | – | सेवन्ती |  |
| जपापुष्पम् | – | गुड़हल |  |
| मल्लिका | – | मोंगरा |  |
| वैजयन्ती | – | वैजन्ती |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वाहनानि

3FSYXK

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| लोकयानम् (लोकवाहनम्) | – | बस |  |
| विमानम् | – | विमान |  |
| कारयानम् | – | कार |  |
| नौका | – | नाव |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| रेलयानम् | – | रेल |  |
| सायकलयानम् | – | सायकल |  |
| स्कूटरयानम् | – | आटो |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com



3G2UZ8

## वर्णाः

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| श्वेतः (शुभ्रः, धवलः) | – | सफेद | |
| रक्तः | – | लाल | |
| नीलः | – | नीला | |
| कृष्णः | – | काला | |
| पीतः | – | पीला | |
| हरितः | – | हरा | |
| पाटलः | – | गुलाबी | |
| केसरः | – | केसरिया | |
| कपिशः | – | कत्था | |



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# वृत्तिनां नामानि

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| शिक्षकः (अध्यापकः) | – | शिक्षक |  |
| वैद्यः | – | चिकित्सक |  |
| कुम्भकारः | – | कुम्हार |  |
| स्वर्णकारः | – | सुनार |  |
| वणिक् | – | व्यापारी |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| आपणिकः | – | दुकानदार |  |
| लेखकः | – | लेखक |  |
| गायकः | – | गायक |  |
| नर्तकी | – | नर्तकी |  |
| वंशीवादकः | – | बांसुरीवादक |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# पारिवारिक सम्बन्धः

| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| जननी (माता) | | माता |
| जनकः (पिता) | – | पिता |
| भ्राता | – | भाई |
| भगिनी | – | बहन |
| पितामहः | – | दादा |
| पितामही | – | दादी |
| मातुलः | – | मामा |

3GKM3I

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | हिंदी |
|---|---|---|
| मातामह | – | नाना |
| मातामही | – | नानी |
| श्वशुरः | – | ससुर |
| श्वश्रूः | – | सास |
| श्यालः | – | साला |
| पुत्रः (सुतः, तनयः) | – | पुत्र |
| पुत्री (सुता, तनया ) | – | पुत्री |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



# दिनचर्या


3GUI56

| संस्कृत | चित्र |
|---|---|
| अहं जागर्मि। – |  |
| अहं दन्तधावनं करोमि। – |  |
| अहं स्नानं करोमि। – |  |
| अहं केशं संवाहयामि – |  |
| अहं भोजनं करोमि। – |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| संस्कृत | | चित्र |
|---|---|---|
| अहं विद्यालयं गच्छामि । | |  |
| अहं विद्यालये अध्ययनं करोमि । | |  |
| अहं विद्यालयात् आगच्छामि । | |  |
| अहं क्रीडनकेन खेलामि । | |  |
| अहं पुस्तकं पठामि । | |  |
| अहं शयनं करोमि । | |  |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com